तुलसीसतसई सटीक

श्रीरामसतसई सटीक

महात्मा श्रीगोस्वामि तुलसीदासजी रचित

जिसमें

नानाप्रकारके नीतिशास्त्र ग्रन्थों से छांटकर अतीव
मनोहर सातसौ दोहाओं में धर्मनीति वर्णित है

जिसको

ज़िला बारावंकी मौज़े मानपुर निवासि परमभक्त बैजनाथकुर्मी ने
भागवतादि पुराणों के प्रमाणों से युक्त अत्यन्त
परिश्रम से भाषा टीका किया है

चौथी बार

लखनऊ

सुपरिंटेंडेंट बाबू मनोहरलाल भार्गव बी. ए., के प्रबन्ध से

मुंशी नवलकिशोर सी. आई. ई., के छापेख़ाने में छपी
सन् १९१४ ई०

३० जुज़ ६ वर्क़

श्रीजानकीवल्लभो जयतितराम्

भूमिका ॥

दोहा ॥

नौमि नौमि श्रीगुरुचरण, रजनिज नैनन लाय।
बिमल दृष्टिको हेत यह, तम अज्ञान मिटाय १
श्रीरघुनन्दन जानकी, चरण कमल उर धारि।
जासु कृपाते होत है, गोपद सम भव बारि २
बन्दौं श्रीतुलसी चरण, जाबानी पटरानि।
लही बड़ाई संग ज्यहि, दासी ह्वै मम बानि ३
काव्यकलानयनिपुणकर, सुमतिबोध भ्रमहीन।
कर्म ज्ञान दृढ़ भक्ति पथ, सतसैया रचिदीन ४
भूपनभसि तमसत्यमिति, अङ्क राम नव चन्द।
नौमि सप्तशतिकाभ्रबच, प्रकटत भावसबन्द ५

बार्तिक यथा ॥ या ग्रन्थमें प्रथमसर्गमें प्रेमभक्ति अनन्यता है द्वितीयमें पराभक्ति उपासना तृतीयमें सांकेतिक बक्रोक्ति चतुर्थमें आत्मबोध पञ्चममें कर्मसिद्धान्त षष्ठमें ज्ञानसिद्धान्त सप्तममें राजनीतिप्रस्ताव १ इति प्रथमप्रेमभक्ति बर्णन है सो भक्ति क्या वस्तु है ? कैसा बृत्तान्त है तहां वेद सूत्रनकरि यह निश्चय होत कि भगवत्में परम प्रेम अनुराग होना सोई भक्ति है यथा शाण्डिल्यसूत्र में है "अथातो भक्तिजिज्ञासा सापरानुरक्तिरीश्वरे" (पुनः) नारद जी अपने सूत्रनमें लिखे (यथा) "अथातो भक्तिं व्याख्या-

स्यामः, सा कस्मै परमप्रेमरूपा २ अमृतस्वरूपा च ३ यल्लब्ध्वा पुमान्सिद्धो भवत्यमृतो भवति तृप्तो भवति ४ यत्प्राप्य न किंचिद्वाञ्छति न शोचति न द्वेष्टि न रमते नोत्साहो भवति" ५ इत्यादि अब निश्चय भया कि ईश्वरमें परमप्रेम वा परम अनुराग होना भक्ति है और हर्ष शोककी सुधि भी न होना तहां अब यह जानना चाहिये कि प्रेम अनुराग क्या बस्तु है? तहां प्रेमानुरागादि सब प्रीतिके अङ्गहैं (यथा) "प्रणयप्रेम आसक्ति पुनि, लगन लाग अनुराग। नेह सहित सब प्रीतिके, जानब अङ्गविभाग॥ मम तव तव मम प्रणय यह, सौम्यदृष्टि तिहि होइ। प्रीति उमग सो प्रेम है, विह्वल दृष्टी सोइ॥ चित असक्त आसक्ति सोइ, यकटक दृष्टी ताहि। बनीरहै सुधि लगनकी, उत्कण्ठा दृग माहि॥ जाके रस में लीन चित, चोप दृष्टि सोइ लाग। जासु प्रीतिमें चित रँगो, मत्त दृष्टि अनुराग॥ मिलनि हँसनि बोलनि भली, ललित दृष्टि सो नेह। प्रीति होय सर्वाङ्ग उर, दृष्टि अधीन सदेह" तहां प्रणय अरु आसक्ति ये दोऊ अहंकारके विषय हैं प्रेम और लगन मनका बिषय है लाग और अनुराग चित्तका विषय है नेह और प्रीति बुद्धि का विषय है इत्यादि अहंकार, मन, चित्त, बुद्धि द्वारा सब विषय अनुकूल ह्वै जेहि रसको अत्यन्त भोगी है सर्वाङ्गपरिपूर्ण ह्वैजाय ताको प्रीति कही (यथा भगवद्गुणदर्पणे) "अत्यन्तभोग्यता बुद्धिरानुकूल्यादिशालिनी। अपरिपूर्णरूपा या सा स्यात्प्रीतिरनुत्तमा॥ ददाति प्रतिगृह्णाति गुह्यं वक्ति च पृच्छति। भुङ्क्ते भोजयते चैव षड्विधं प्रीतिलक्षणम्॥" इत्यादि प्रेम अनुराग शोभा पाय चढ़त है सो शोभा भगवतके रूपमें अपार है शोभा अङ्ग (यथा) द्युति लावण्य स्वरूप पुनि, सुन्दरता रमनीय। कान्ति मधुर

मृदुता बहुरि,सुकुमारता गनीय ॥ शरद चन्द्रकी झलक सम, द्युति तनमाहिं लखाइ । मुक्ता पानी सम गनौ, लावण्यता सुभाइ ॥ बिन भूषण भूषित जुतनु, रूप अनूपम गौर । सबअङ्ग सुभग सुठौर शुचि, सुन्दरता शिरमौर ॥ देखी अनदेखी मनौ, रमनी अवनी सोइ । कान्ति अङ्गकी ज्योतिसम, भूमि स्वर्णसी होइ ॥ देखत तृप्ति न मानिये, तेहि माधुरी बखान । परसे परस न जानिये, सोई मृदुता जान ॥ कमल दलन सों सेजरचि, कोमल बसन डसाइ । नाक चढ़त बैठत तहां, सुकुमारता सुभाइ ॥ इत्यादि शोभा भगवत् के अङ्ग में अपार है तामें आसक्त होना सो भक्ति है सो प्रेम दुइभांति सों उत्पन्न होता है एक श्रीरघुनाथजीकी कृपाते (यथा) जनक पुरबासी और दूसरा भाव ते प्रभुगुण सुने प्रेम होइ सो दुइ भांति एक भगवद्दासनकी कृपाते (यथा) नारदजी ध्रुवको प्रेमासक्त करदिये दूसरा साधनद्वारा (यथा) बाल्मीकिसों प्रेम एक संयोग एक वियोग सो भक्तिके पांच रस हैं प्रथम शृङ्गार, सख्य, बात्सल्य, दास, शान्त तिन रसन में चारि अङ्ग होत बिभव, अनुभव, संचारी, स्थायी सबको प्रयोजन यह कि प्रभुके अनूपरूप की माधुरी अवलोकनमें प्रेमासक्त बेसुधि रहना सो भक्ति है सो प्रेम अनन्यता प्रथमसर्ग में वर्णन है इष्टवन्दनात्मकमङ्गलाचरण है ॥

इति भूमिका समाप्ता ॥

श्रीगणेशाय नमः ॥

श्रीमते रामानुजाय नमः ॥

अथ तुलसीसतसई ॥

दोहा ॥

जय रघुवर जय जानकी, जय गुरुकृपा अपार ।
सतसैयार्थ समुद्र ते, वेगि कीजिये पार ॥
नमो नमो श्रीराम प्रभु, परमातम परधाम
ज्यहिसुमिरतसिधिहोतहै, तुलसी जनमनकाम १

अथ तिलकप्रारम्भः ॥ श्रीराम श्रीरघुनाथजी को नमो नमो कहे वारम्वार नमस्कार है कैसे श्रीरघुनाथजी प्रभु हैं अर्थात् सर्वोपरि स्वामी हैं पुनः कैसे हैं परमातम पराजगत्कारणतयोत्कृष्ट मा कहे मायाशक्ति जिहिके वश सब है ऐसी अचिन्त्यानन्तशक्ति है जाके ताको परमातम कही वा षड्भागयुक्त (यथा महारामायणे) ऐश्वर्येण च धर्मेण यशसा च श्रियैव च । वैराग्यमोक्षषट्कोणैः संजातो भगवान् हरिः ॥ इत्यादि षड्भागानियुतरूपनते परे रूप ताते परमातम कही वा कार्य कारण विलक्षण नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्तस्वभाव तिहिका परमातम कही परधाम कहे यावत् धाम हैं तिनते परे धाम है जिहिका (यथा सदाशिवसंहितायाम्) तदूर्ध्वं तु स्वयंभातो गोलोकं प्रकृतेः परम् ॥ वाङ्मनोगोचरातीतो

ज्योतीरूपस्सनातनः १ तत्रास्ते भगवान् रामः सर्वदेवशिरोमणिः॥ इत्यादि ताते परधाम कहे गोसाईंजी कहत कि ज्ञानी जिज्ञासु आर्त अर्थार्थी आदि जो भक्तजन हैं ते जो जहाँ प्रभुको सुमिरन करत तिनको तुरतही मनकाम सिद्ध होत (यथा नृसिंहपुराणे प्रह्लादवाक्यम्) रामनाम जपतां कुतो भयं सर्वतापशमनैकभेषजम् । पश्य तात मम गात्रसन्निधौ पावकोऽपि सलिलायतेऽधुना ॥ यहि दोहा में अड़तिस वर्ण हैं याको नाम बानर है ॥ १ ॥

दोहा ॥

राम बाम दिशि जानकी, लषण दाहिनी ओर ।
ध्यान सकल कल्याणकर, तुलसी सुरतरु तोर २

श्रीरघुनाथजी के बाम दिशि श्रीजानकीजी अरु दाहिनी दिशि श्रीलषणलाल या प्रकार तीनिउ रूप प्रसन्नमन विराजमान हैं गोसाईंजी आपने मनते कहत कि बासनारहित प्रेमभावते हृदयकमल में सदा आसीन राखु या प्रकार को ध्यान कल्पबृक्ष सम तोको कल्याण कहे मङ्गल अर्थात् बाह्यउत्सव मोदमन में आनन्दभावभवफंदते अभय इत्यादि कल्याणको दायक कल्प-बृक्ष है या प्रकारको ध्यान नैमित्यलीला चित्रकूट में संभावित होत (यथा अध्यात्मे) बाल्मीकिना नित्यसुपूजितोऽयं रामःस-सीता सह लक्ष्मणेन ॥ इत्यादि अरु श्रीअयोध्यामध्य में जहां ध्यान है तहां श्रीरामजानकी रत्नसिंहासनासीन हैं भरतादि अनुज छत्र चमर लिये (यथा सदाशिवसंहितायाम्) तत्रास्ते भगवान् रामः सर्वदेवशिरोमणिः । सीतालिङ्गितवामाङ्गे कामरूपं रसोत्सुकम् १ लक्ष्मणं पश्चिमे भागे धृतच्छत्रं सचामरम् । उभौ

भरतशत्रुघ्नौ तालवृन्तकरावुभौ २ (सनत्कुमारसंहितायाम्) वैदेहीसहितं सुरद्रुमतले हैमे महामण्डपे मध्ये पुष्पकमासने मणिमये वीरासने संस्थितम्। अग्रे वाचयति प्रभंजनसुते तत्त्वं च सद्भिः परम् व्याख्यातं भरतादिभिः परिवृतं रामं भजे श्यामलम् ३ छत्तिसवर्ण पयोधर दोहा है ॥ २ ॥

दोहा ॥

परम पुरुष परधामबर, जापर अपर न आन।
तुलसी सो समुझत सुनत, राम सोइ निर्बान ३

परमपुरुष कहे श्रीरामरूप परात्पर है जापर अपररूप नहीं अयोध्याधाम वर कहे श्रेष्ठ परात्पर है जिनपर श्रेष्ठ धाम आन नहीं तिनकी लीला परात्परवेद रामायणादि में सुनत श्रीगुरुकृपाबल ते तुलसी समुझत है जिनको श्रीराम ऐसो नाम परात्पर है सोई श्रीरघुनाथजी निर्वाण कहे मुक्तरूप सर्वप्रेरक परात्पर है यामें नामरूप लीलाधाम चारहू सर्वोपरि वर्णन करे (यथा) परमपुरुष सर्वोपरि श्रीरामरूप है जापर अपररूप नहीं धाम श्रीअयोध्या वर कहे श्रेष्ठ है जापर श्रेष्ठ आनधाम नहीं वेद पुराणादि में सुनत ताको तुलसी समुझत जाको राम ऐसो नाम परमश्रेष्ठ सोई श्रीरघुनाथजी निर्वाण मुक्तरूप हैं इत्यादि लीला परात्परधामरूप को प्रमाण। (सदाशिवसंहितायाम्) तदूर्ध्वं तु स्वयंभान्तो गोलोकः प्रकृतेः परः। वाङ्मनोगोचरातीतो ज्योतिरूपःसनातनः १ तस्मिन्मध्ये पुरं दिव्यं साकेतमिति संज्ञकः। तत्रास्ते भगवान् रामः सर्वदेवशिरोमणिः २ तेजसा महताश्लिष्टमानन्दैकाश्रमन्दिरम्। यदंशेन समुद्भूता ब्रह्माविष्णुमहेश्वराः ॥ उद्भवन्ति विन-

श्यन्ति कालज्ञानविडम्बनैः ३ (नाम यथा केदारखण्डे शिववाक्यम्) रामनामसमं तत्त्वं नास्ति वेदान्तगोचरम् । यत्प्रसादात्परां सिद्धिं संप्राप्ता मुनयोऽमलाम् ॥ (लीलाभागवते नवमे शुकवाक्यम्) यस्यामलं नृपसदस्सु यशोऽधुनापि गायंत्यघघ्नमृषयो दिग्भेदपट्टम् । तन्नाकपालवसुपालकिरीटजुष्टं पादाम्बुजं रघुपतेः शरणं प्रपद्ये ॥ उन्तालीस वर्ण त्रिकल दोहा है ॥ ३ ॥

दोहा ॥

सकल सुखदगुण जासुसो, राम कामनाहीन ।
सकल कामप्रद सर्बहित, तुलसी कहहिं प्रबीन ४

जा श्रीरघुनाथजी के सौशील्य बात्सल्य करुणा दया उदार शरणपाल भक्तबात्सल्यादि यावत् गुण हैं ते सकल जीवन के सुखदायक हैं सकल कामप्रद कहे सबकी कामना के देनहार हैं अरु सब जीवमात्र के हितकर्ता हैं अरु आपु कामनाहीन हैं काहू ते कछु चाहत नहीं केवल शुद्ध शरणागत भये सब सुख देत गोसाईंजी कहत कि इत्यादि प्रभु को यश शिव, ब्रह्मा, शेष, सनकादि, नारद, बाल्मीक्यादि यावत् प्रवीण कहे तत्त्वज्ञाता हैं ते सब कहत हैं (यथा) कोसलपाल कृपाल कल्पतरु द्रवत सकृत शिरनाये (प्रमाण बाल्मीकीये) सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम १ (पुनः) मित्रभावेन संप्राप्तं न त्यजेयं कथंचन । दोषो यद्यपि तस्य स्यात्सतामेतदगर्हितम् २ (पद्मे यथा) सकृदुच्चारयेद्यस्तु रामनाम परात्परम् । शुद्धाऽन्तःकरणो भूत्वा निर्वाणमधिगच्छति ३ सैंतिसवर्ण यद्द्वल दोहा है ॥ ४ ॥

दोहा ॥

जाके रोम रोम प्रति, अमित अमितब्रह्मण्ड ।
सो देखत तुलसी प्रकट, अमलसुअचलप्रचण्ड ५
जगत जननि श्रीजानकी, जनक राम शुभरूप ।
जासुकृपाअतिअघहरणि, करनि बिवेक अनूप ६

जाके जिन श्रीरघुनाथजी के रोमनप्रति अनेकन ब्रह्मा हैं भाव उत्पत्ति पालन संहारादि जिनकी इच्छा ते ब्रह्मादि रचना करत श्रीरघुनाथजी सर्वोपरि स्वतन्त्र हैं (यथा सदाशिवसंहितायाम्) ब्रह्माण्डानामसंख्यानां ब्रह्मविष्णुहरात्मनाम् । उद्भवे प्रलये हेतुः राम एव इति श्रुतिः ॥ पुनः कैसे हैं अमल जिनमें कोई विकार नहीं पुनः कैसेहैं अचल जो काहू करिकै चलायमान नहीं पुनः कैसे हैं प्रचण्ड अर्थात् सबल जिनके कोपको रक्षक कोऊ नहीं (यथा हनुमन्नाटके) ब्रह्मा स्वयम्भूश्चतुराननो वा इन्द्रो महेन्द्रो सुरना-यको वा । रुद्रस्त्रिनेत्रस्त्रिपुरान्तको वा त्रातुं न शक्ता युधि राम-वध्यम् ॥ सो देखत तुलसी प्रकटभाव भक्तन के आधीन ह्वै लोक में प्रसिद्ध भये (यथा अध्यात्मे) को वा दयालुस्मृतकामधेनुरन्यो जगत्यां रघुनायकादहो । स्मृतो मया नित्यमनन्यभाजा ज्ञात्वा-मृता मे स्वयमेव यातः १ सैंतिसबर्ण बल दोहा है ५ जगत् की जननि कहे माता श्रीजानकीजी हैं अरु पिता श्रीरघुनाथजी हैं कैसे हैं दोऊ शुभ कहे कल्याणरूप भाव जगत् पुत्र पै सदा क-ल्याण चाहत यह सोभाविक मातापिता की रीति है जासु कहे जिन श्रीजनकनन्दिनी रघुनन्दन की कृपा अतिअघ कहे महा-पापन की हरणहारी है अरु अनूप विवेक को करनहारी है तहां कृपागुण का यह लक्षण है प्रभु में कि हम सदैव सब लोकनके

रक्षक हैं दूसरा कोऊ कबहूं नहीं है अथवा जीवमात्र को बन्ध मोक्षादि समूहकार्य अपने आधीन जानना इत्यादि कृपागुण प्रभुको बेदमें प्रसिद्ध है कृप् सामर्थ्यार्थ में धातु है याते परम समर्थ-बाचक कृपा यह पद सिद्ध है स्वर्ग नरक अपवर्गादिक सब तदाधीन हैं यह कृपा गुण है (यथा भगवद्गुणदर्पणे) "रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परो विभुः। इति सामर्थसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी १ (यद्वा) स्वसामर्थ्यानुसंधानाधीनकालुष्यनाशनः। हार्द्दो भावविशेषो यः कृपा सा जगदीश्वरी २" कृप् सामर्थ्य इति सम्पन्नत्वात् कृपा उन्तालीस वर्ण त्रिकल दोहा है कृपा गुण है॥६॥

दोहा॥

तात मातु पर जासु के, तासु न लेश कलेश।
ते तुलसी तजि जात किमि, तजि घरतर परदेश ७

तात मातु पर तहां जो केवल माते होइ तौ बालक को पालन पोषण होइ ताहूपर जासुके पिताहू है ताबालक को लेशमात्रहू क्लेश नहीं होत गोसाईंजी कहत कि ते बालक घरतर कहे श्रेष्ठ घर तजि किमि परदेश जात भाव दूसरेकी आश काहे को राखैं इहां पितु मातु श्रीराम जानकी श्रेष्ठघर शरणागती बालक तुलसी परदेश और की आशभरोस (यथा महाभारते) "भोजनाच्छादने चिन्तां वृथा कुर्वन्ति वैष्णवाः। योऽसौ विश्वम्भरो देवो स भक्तान्किमुपेक्षते"॥ सैंतिसवर्ण बल दोहा है॥ ७॥

दोहा॥

पिता विवेक निधानवर, मातु दयायुत नेह।
तासु सुवन किमि पाय है, अनतअटनतजिगेह ८

सुगति तासु तिनकी कृपा, तुलसी वदहि विचार ११
शशि रवि सीताराम नभ, तुलसी उरसि प्रमान ।
उदित सदा अथवत न सो, कुवलिततमकरहान १२

संसार को उद्भव उत्पत्ति वर कहे श्रेष्ठ विभवपालन संहारादि जिनते कहे जा प्रभु की इच्छाते ब्रह्मादि करत हैं अथवा ब्रह्मादि यावत् संसार है ताकी उत्पत्ति पालनादि जिनते भयो है तिनहीं श्रीसीताराम की कृपा ते तासु कहे ता संसार की सुगति कहे मुक्ति होत है ऐसा विचारिकै तुलसी वदहि कहे कहत है वा विचारवान् वाल्मीक्यादि ऐसा कहत हैं कि जाने संसार उपजायो पाल्यो ताही के आधीन सुगति भी है वानर दोहा है ११ शशि चन्द्रमा शीतल तापहारक आनन्ददायक प्रकाश सो श्रीजानकी जी सौलभ्य क्षमा दयादि गुणनसों भरी रवि सूर्य प्रतापवान् तमनाशक सो श्रीरघुनाथजी प्रतापवान् मोहतमनाशक तुलसी उरसि कहे हृदय प्रमाण कहे सांचो नभसि कहे आकाश है ता विषे सदा उदय रहत काहू समय अथवत नहीं ताते कुवलित कहे कुवेष्टित भाव कुरीति ते हृदय में लपेटा मोहान्धकार ताकी हान कहे नाश होत तब उरमें विज्ञान प्रकाश होत तब बुद्धि श्रीराम सुयश वर्णन करत इति शेषः चालिसवर्ण कल दोहा है ॥ १२ ॥

दोहा ॥

तुलसी कहत बिचारि गुरु, राम सरिस नहिं आन ।
जासु कृपा शुचि होति रुचि, बिशद बिवेक प्रमान १३
रा रसरूप अनूप अल, हरत सकल मल मूल ।
तुलसी मम हिय योगलहि, उपजत सुख अनुकूल १४

श्रीगुरुरूप जो श्रीराम हैं तिन सरिस आन पदार्थ नहीं है यह बात तुलसी बेद शास्त्रादिते सुनि निजमनते बिचारिकै कहत है काहेते जासु कहे जिन श्रीगुरुकृपाते श्रीरामभक्ति की शुचि कहे पवित्र रुचि होतहै अरु बिशद कहे उज्ज्वल निर्मल प्रमाण कहे सांचो बिबेक होत भाव श्रीगुरुकृपाते शुद्ध बिबेक होत तब स्वस्वरूप जानै तब श्रीरामभक्तिकी पवित्र रुचि होत उनतालिस बर्ण त्रिकल दोहाहै १३ अब नामको निरूपण करैंगे याते प्रथम दोऊ बर्ण सबकी उत्पन्न के आदि कारण कहत श्री रामनामके जो दोऊ बर्ण हैं तामें प्रथम दीर्घ राकार है ताको कहत कि रा रसकहे जलरूप अनूप कहे जाकी उपमा को दूसरा नहीं है अल कहे समर्थ वा परिपूर्ण है भाव ऐश्वर्य बीजरूप है जो मलमूल पाप वा मोहान्धकारादि तिन सबको हरत हृदयको निर्मल करत पुनः गोसाईंजी कहत कि सोई रा रूप जल मकार रूप महि पृथ्वीको योग लहि कहे प्राप्तभये यथा भूमिमें जल बरषे सर्ब पदार्थ पैदाहोत तथा श्रीराम ऐसा शब्द उच्चारण करतेही जीव के अनुकूल जो सुख है ब्रह्मानन्द प्रेमानन्दादि सुख उपजत है यामें राकार जलबीजरूप समर्थ सबको कारण है (यथा पुलह-संहितायाम्) "बीजे यथा स्थितो वृक्षः शाखापल्लवसंयुतः। तथैव सर्ववेदा हि रकारेषु व्यवस्थिताः १" सो राकार जल बीजरूप मकार पृथ्वी में मिले सबकी उत्पत्ति भई (यथा हारीते) "रकार-मैश्वर्यबीजं तु मकारस्तेन संयुतः। अवधारणयोगेन रामो य-स्मान्मनुःस्मृतः" चालिस बर्ण कच्छ दोहा है ॥ १४ ॥

दोहा ॥

रेफ रमित परमातमा, सह अकार सियरूप।

दीरघमिलि विधिजीव इव, तुलसी अमल अनूप १५
अनुस्वार कारण जगत, श्रीकर करण अकार।
मिलत अकार मकार मो, तुलसी हरदातार १६

अब दुइ दोहन का अन्वय एकमें करि श्रीरामनाम विषे षट् वस्तुनिरूपण करत हैं यथा रेफरमित परमातमा रेफ परब्रह्मरूप है जो सबमें रमित कहे व्याप्त है अरु सह अकार सोई रेफ अकार सहित कहे जब रकार भई तब सियरूप कहे श्रीजानकीजी सहित सगुणरूप है भाव ऐश्वर्य प्रताप माधुर्यरूप करुणा दयादि गुणन के जलधि हैं (यथा रामानुजमन्त्रार्थे) " रकारार्थो रामः सगुणपरमैश्वर्यजलधिः" याते सगुण कहे गोसाईंजी कहत कि जो दीर्घ आकार है विधि कहे ब्रह्माको कारण है पुनः कौनभांति रकार मों दीर्घ आकार मिली यथा अमल अनूप नित्यमुक्त जीव परमेश्वर के समीपी होत उनतालिस वर्ण त्रिकल दोहा है १५ पुनः मकार की जो अनुस्वार है सो जगत्को कारण भाव ओंकार को हेतु है जो त्रिदेवन की शक्ति है मकार में जो अकार है सो श्रीकर करण कहे लोकनकी रचना यावत् जीवकोटि हैं सोई अनुस्वार अकार में मिले मकार सो हरदातार कहे महाशम्भुको कारण है इत्यादि श्रीरामनामते षट्वस्तु कहे यथा रेफ रकारकी अकार दीर्घ अकार अनुस्वार मकारकी अकार मकार इति षट्वस्तु (यथा महारामायणे) " रामनाममहाविद्ये षड्भिर्वस्तुभिरावृतम् । ब्रह्मजीवमहानादैस्त्रिभिरन्यद्ददामि ते॥ स्वरेण विन्दुना चैव दिव्यया माययाऽपि च" तहां रेफ परब्रह्म है मकारकी अकार जीव है रकारकी अकार महानाद है दीर्घ अकार सब स्वरनको कारण है अनुस्वार प्रणव को कारण है (यथा महारामायणे) " परब्रह्ममयो रेफो जीवो-

कारश्च मश्च यः । रस्याकारोमयोनादः शयादीर्घस्वरामयः ॥ मकारे व्यञ्जनं बिन्दुर्हेतुः प्रणवमाययोः" पुनः रेफ परब्रह्मरूप कोटि सूर्यवत् प्रकाशमान श्रीरघुनाथजीके नेत्रनको तेजहै (यथा महारामायणे) "तेजोरूपमयो रेफो श्रीरामाम्बककञ्जयोः । कोटिसूर्यप्रकाशश्च परब्रह्म स उच्यते" पुनः रेफकी अकार वासुदेवको कारन है कोटि कामसम शोभायमान सो श्रीरघुनाथजीके मुखको तेज है (यथा) "रामास्यमण्डलस्यैव तेजोरूपं वरानने । कोटिकन्दर्पशोभाढ्यं रेफाकारो हि विद्धि च ॥ अकारः सोपि रूपश्च वासुदेवः स कथ्यते" पुनः मध्यअकार बलबीर्यवान् महाबिष्णु को कारण है सो श्रीरघुनाथजीके बक्षस्थल को तेज है (यथा) "मध्याकारो महारूपः श्रीरामस्यैव वक्षसः । सोप्याकारो महाविष्णुर्बलं वीर्यस्य कथ्यते" पुनः मकारकी जो अकार है सो महाशम्भुको कारण है सो श्रीरघुनाथजीके कटिजानुनी को तेज है (यथा) "मस्याकारो भवेद्रूपः श्रीरामकटिजानुनी । सोप्यकारो महाशम्भुरुच्यते यो जगद्गुरुः" पुनः मकारको व्यञ्जन सो सामूल प्रकृति महामाया को कारण सो श्रीरघुनाथजीकी इच्छाभूत है (यथा) "इच्छाभूतश्च रामस्य मकारं व्यञ्जनं च यत् । सा मूलप्रकृतिर्ज्ञेया महामायास्वरूपिणी" इत्यादि ३७ बर्ण बल दोहा है ॥ १६ ॥

दोहा ॥

ज्ञान बिराग भक्ति सह, मूरति तुलसी पेखि ।
बरणतगतिमतिअनुहरत, महिमाबिशदबिशेखि १७

ज्ञान बैराग्य भक्तिसहित श्रीरामनामकी जो मूर्ति है तिहिको पेखि कहे देखिकै जहांतक मेरी मतिकी गति है तहांतक बिशद

कहे उज्ज्वल महिमा विशेष करिकै वर्णन करतहौं यामें रकार, अकार, मकार तीनि वर्ण स्थापित करे तिनते वैराग्य ज्ञान भक्ति इत्यादिको कारण कहत तहां रकार परम वैराग्यको हेतु है काहेते कर्म वासनादि काठको भस्म करिबेको रकार अग्निरूप है (पुनः) अकार ज्ञानको हेतु है काहेते मोहान्धकार नाश सूर्यरूपहै (पुनः) मकार भक्तिको हेतु है काहेते जीवकी ताप मिटायवेको शीतल चन्द्रमारूप है यथा (महारामायणे) " रकारोनलवीजः स्याद्ये सर्वे वाडवादयः । कृत्वा मनोमलं सर्वं भस्मकर्मशुभाशुभम् ॥ अकारो भानुवीजं स्याद्वेदशास्त्रप्रकाशकम् । नाशयत्येव सद्दीप्त्या या विद्या हृदये तमः ॥ मकारश्चन्द्रवीजं च सदन्योपरिपूरणम् । त्रि- तापं हरते नित्यं शीतलत्वं करोति च ॥ रकारहेतुवैराग्यं परमं यच्च कथ्यते । अकारो ज्ञानहेतुश्च मकारो भक्तिहेतुकम् " उन्तालिस वर्ण त्रिकल दोहा है ॥ १७ ॥

दोहा ॥

नाम मनोहर जानि जिय, तुलसी करि परमान ।
वर्ण विपर्यय भेद ते, कहौं सकल शुभजान १८

श्रीरामनाम मनोहर है ऐसा अपने जियमें जानिकै तुलसी परमान करे निश्चय करे कि शुभ करनेहार यावत् वीजमन्त्रन केहैं ते सव श्रीरामनाम ते उत्पन्नहैं सो कहतहौं कौनभांति वर्ण- विपर्ययभेदते तहां विपर्यय आगम नाश विकार इति चारि रीति व्याकरण में प्रसिद्ध है (यथा सारस्वते) " वर्णागमो वर्णविप- र्ययश्च द्वौ चापरौ वर्णविकारनाशौ " तहां कौन कौन मन्त्रबीज है प्रथम प्रणव जा विना कोई मन्त्रादि हई नहीं दूसरा षडक्षर को बीज 'रामिति' जो वैष्णवनको सर्वस्वधन है तीसरा सोहं

सौभाविक जीवको मन्त्र है व ज्ञानमार्ग को प्रकाशकहै इत्यादि मुख्य है और इनके पीछे है सोभी कहैंगे अब जा भांति रामनाम ते सब बीज उत्पन्न भयेहैं सो कहतहौं प्रथम प्रणव यथा "राम" इति स्थिते वर्णविपर्ययः इति सूत्र करिकै अकार आदि आई रकार मध्यगई 'अरम' अस भयो "सोर्विसर्गः" सकाररेफयो- र्विसर्जनीयादेशो भवति इति रकारकी विसर्गभई 'अः म' अस भयो "अतोत्युः" अकारात्परस्य विसर्जनीयस्य उकारो भवति अउम अस भयो "उओ" अवर्ण उवर्णे परेसह ओकारो भवति (ओम्) अस भयो मोनुस्वारः मकारस्यानुस्वारो भवति ओंइति प्रणवसिद्धिः सोहं (यथा महारामायणे) सशब्देन हकारेण सोहमुक्तं तथैव च। राम इति स्थिते राकारस्य सुद्हगागमौ भवतः ट्त्विवादादौ कित्त्वादन्ते इति सराहम इतिस्थिते "सोर्विसर्गः" इति रकार की विसर्ग भई (सः अहम्) अस भयो "अतोत्युः" इति उकारभई सउअहम् अस भयो "उओ" इति उकार की ओकार भई सो अहम् भयो "एदोतोतः" इति अकार लोप भई "मोनुस्वारः" सोहं इति सिद्धिः बीज (यथा) रामइतिस्थिते "मोनुस्वारः" रामिति बीजसिद्धिः अरु श्रीं ह्रीं क्लीं अं यं क्षौं हुं इत्यादि यावत् बीजहैं सब रेफ अनुस्वारते सिद्ध हैं॥ सैंतीस वर्ण बल दोहा है॥ १८॥

दोहा॥

तुलसी शुभकारण समुझि, गहत रामरस नाम।
अशुभहरणशुचिशुभकरण,भक्तिज्ञानगुणधाम १९

यथा कलङ्क पारदरस धातुनमें शुभकारन है भावता वामेंपरे सोना करिदेत धातुकी बेकार अशुभहै ताको हरिलेत तथा यावत्

वर्णरूप धातु है तिनको शुभकारन कलङ्क परासम श्रीरामनाम जा वर्णमें मिलो ताको सिद्धिदायक करिदियो (पुनः) जो पारदरस को ग्रहण करै भाव सेवन करै ताके अनेक रोग मिटाय देह पुष्ट करि देइ इत्यादि गुण हैं श्रीरामनामरूप रस कैसोहै जीवके यावत् अशुभ हैं जन्म मरण व कामादि वेकार को हरणहार है शुभ जो मङ्गल मोद ताको करनहार है (पुनः) भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, शान्ति, सन्तोषादि गुणन को धाम है जो कोऊ धारण करै ताके सब गुण आपही प्राप्तहोत या भांति अशुभको हरणहार अरु शुचि शुभकरणहार समुझि तुलसी श्रीरामनामरूपरस ग्रहण करत दृढ़ हृदय में धारण करत इकतालीस वर्ण मच्छ दोहा है ॥ १६ ॥

दोहा ॥

तुलसी राम समान वर, सपनेहुँ अपर न आन ।
तासुभजनरतिहीनअति, चाहसि गति परमान २०

श्रीरामसम नाम श्रीरामरूपसमरूप वर कहे श्रेष्ठ अपर कहे दूसरा और नहीं है काहेते नारायण विष्णु कृष्णादि यावत् नामहैं ते सब ते शुद्ध उच्चार नहीं होत श्रीरामनाम सबते शुद्धउच्चार होत यामें अशुद्धता हुई नहीं दूसरे श्रीरामनाम में कोई विघ्न नहीं भावाभाव कैसहु जपे सिद्धिदायक है (यथा रहस्यनाटके) मधुरमधुरमेतन्मङ्गलं मङ्गलानां सकलनिगमवल्लीसत्फलं चित्स्वरूपम् । सकृदपि परिगीतं श्रद्धया हेलया वा स भवति भवपारं रामनामानुभावात् (पुनः) श्रीरामरूपसम श्रेष्ठ दूसरा रूप नहीं जे वानरनते सख्यता निवाहे अरु गीधकी कृपा कीन्हीं ऐसे सुलभ दानी शिरोमणि कैसे जाको दीने ताको पूरण करिदिये तासु

कहे ताके भजन कीरति कहे प्रीति हीन परमान कहे सांची गति मुक्ति चाहसि सो कैसे होई (यथा सत्योपाख्याने) " विना भक्तिं न मुक्तिश्च भुजमुत्थाय चोच्यते । यूयं धन्या महाभागा येषां प्रीतिश्च राघवे " चालीस वर्ण कच्छ दोहा है ॥ २० ॥

दोहा ॥

अहिरसना थन धेनुरस, गणपतिद्विज गुरुबार ।
माधवसितसियजन्मतिथि, सतसैया अवतार २१
भरनहरणअतिअमितबिधि, तत्त्वअर्थ कबिरीति ।
संकेतिक सिद्धान्त मत, तुलसीबदनबिनीति २२

अहि सर्प ताकी रसना कहे जीभै दुइ धेनु गऊ ताके थन चारि रस कहे छः गणपतिं गणेश ताके द्विज दांत एक अङ्कस्य वामतो गतिः वामागती धरेते १६४२ संवत् गुरु बृहस्पति दिन माधव बैशाख सित शुक्लपक्ष सियजन्म तिथि नवमी अर्थात् सोलहसौ बयालीस संवत् बैशाख शुक्ल नवमी बृहस्पति को सतसैया को प्रारम्भ भयो चालीस वर्ण कच्छ दोहा है २१ भरन कहे ग्रहण हरण कहे त्याग इत्यादि अमित बिधिहै (यथा) वर्ण मैत्री, शब्द शुद्ध गण बिचार, छन्दप्रबन्ध, पदार्थ, भूषणमूल रसाङ्ग, पराङ्ग, ध्वनिवाक्यादि अलंकार गुणचित्रतु कान्ति दूषणन के भूषण इत्यादि ग्रहण इनते बिपरीति को त्याग अरु तत्त्व कहे सारांश बस्तु ताको अर्थ युक्ति उक्ति चोज दरशावना कबिरीति कबिनकी परिपाटी सांकेतिक कहे जो पदनते अर्थ परिश्रम ते जानोजाय सिद्धान्त कहे बस्तु को प्रसिद्ध निरूपण करना (यथा) कर्मसिद्धान्त, ज्ञानसिद्धान्त, भक्तिसिद्धान्त तुलसीबदन बिनीति

नम्रता सहित भाव कविरीति में प्रौढ़ोक्त्यादि त्यागि दैन्यतापूर्वक कविनकी रीति कहतहौं ॥ उन्तालीसवर्ण त्रिकल दोहा है ॥ २२ ॥

दोहा ॥

बिमलबोधकारणसुमति, सतसैया सुखधाम ।
गुरुमुख पढ़ि गतिपाइहै, बिरतिभक्तिअभिराम २३
मनभयजरसत लागयुत, प्रकट छन्दयुत होय ।
सो घटना सुखदा सदा, कहतसुकविसबकोय २४

सुन्दरमतिवाले जे सुजन हैं तिनको यह सतसैया सुखको धामहै भाव पठत में मनमें आनन्द होइगो (पुनः) बिमल कहे निर्मल बोधको कारण है भाव याके पढ़े बिमल ज्ञान उत्पन्न होइगो (पुनः) जे गुरुमुखकी शरणागत हैं ते जो पढ़िहैं तिनको अभिराम कहे आनन्दमयी बिरति जो वैराग्य अरु पवित्र भक्ति श्रीरामजानकी में प्रीति (पुनः) गति कहे मुक्ति पाइहैं इत्याशीर्वाद है त्रिकल दोहा है २३ अब लघु गुरुगणादि भेद कहत एक मात्रा को लघु कही द्विमात्रा को गुरु कही दुइवर्णतक लघुगुरु संज्ञाहै तीनिवर्ण होयँ ताको गण कही (यथा) तीनोंगुरु मगण याको देवता भूमि लक्ष्मी की दाता तीनों लघु नगण याको देवता शेष सुखको दाता आदिगुरु द्वैलघु ताको भगण कही याको देवता चन्द्रमा कीर्ति को दाता आदि लघु द्वै गुरु यगण ताको देवता जल यशको दाता इति चारि शुभगण आद्यन्त लघु मध्य गुरु जगण याको देवता सूर्य रोगके दाता आद्यन्त गुरुमध्यलघु रगण याके देवता अग्नि दाहके दाता आदि द्वै लघु अन्त गुरु सगण याको देवता काल सो मृत्यु को दाता आदि द्वै

गुरु अन्त लघु तगण याको देवता पवन भ्रमण को दाता इति चारि अशुभ गणहैं तहां प्रथम दूजे आदि चरण में शुभगण देइ अरु अशुभगण न देइ अरु (ल) कहे लघु जानी (ग) कहे गुरु जानी इत्यादि करिकै युत छन्दन में यत कहे जहां गुरु चाही तहां गुरु जहां लघु चाही तहां लघु देई जहां जौन गण चाही तहां सो गण देई इन बिचारन सहित पिङ्गल रीतिसों छन्द प्रकट होइ सो रीति घटै न पावै सो शुभदा मङ्गलदायक सदा है सब सुकबि ऐसा कहते हैं॥ चालिस वर्ण कच्छ दोहा है॥ २४॥

दोहा॥

जत समान तत जान लघु, अपर वेद गुरु मान।
संयोगादि विकल्प पुनि, पदन अन्तकहु जान २५
दीरघ लघु करि तहँ पढ़ब, जहँ मुख लह बिश्राम।
प्राकृत प्रकट प्रभाव यह, जानितबुधाबुधग्राम २६

अब लघु गुरुको बिचार कहत यथा यततत इत्यादि यावत् वर्ण हैं अरु समान कहे "अइउऋऌसमानाः" इत्यादि पञ्चस्वर समान हैं इन सबको लघु जानी अपर और वेद कहे चारि भांति ते गुरु होत प्रथम दीर्घमात्रा सहित यथा सीता द्वितीय अनुस्वार सहित यथा 'रामं' तृतीय विसर्गसहित यथा "रामः" चतुर्थ संयोगी वर्ण चे आदि सो विकल्प है कहों होत यथा भस्म भकार गुरु भई कहों नाहीं होत यथा राम श्याम इहां मकार लघु रही इत्यादि चारि भांति गुरु जानिये अरु पदके अन्तमें कहों लघुको गुरु मानतहैं इत्यादि॥ अड़तिस वर्ण बानर दोहाहै २५ गुरुको लघु यथा कहों दीरघ भी लघुकरि पढ़ो जात है कहां जहां कवि-

तादि पढ़तमें पदमें विश्राम पायो जाय यथा कवितावली में ॥ "अवधेशके द्वार सकार गई सुत गोदकै भूपति लै निकसे ।" यह दुमिला सवैया आठ सगन चाहिये तहां अवधेशके ककार लघु चाहिये सो गुरु है विश्रामते लघु पढ़ियत है सुत गोदकै ककार या भी वैसही जानना यह प्रभाव प्राकृतभाषा करिकै जनित कहे उत्पन्न है सो बुद्धिमानन में प्रकट है भाव जे काव्यमें प्रवीण हैं ते जानतहैं अरु जे अबुध हैं ते वाम हैं भाव जे काव्यते विमुख हैं ते नहीं जानत हैं तहां छः भाषा मिले भाषा कहावत है (यथा संस्कृतं प्राकृतं चैव सूरसेनं च मागधीम् । फारसीमपभ्रंशं च भाषायां लक्षणानि षट्) तहां संस्कृत देवभाषा यथा सूपोदन सुरभी सरपि प्राकृत नागभाषा यथा लषन लक्ष सूरसेन व्रजभाषा यथा मेरो मन मागधी मगह काशी यथा याविधि लेसै दीप फ़ारसी करि प्रणाम कछु कहनलिय अपभ्रंश संस्कृत भङ्ग गृह को घर ह्वै गयो इत्यादि ॥ एकचालिस वर्ण मच्छ दोहा है ॥ २६ ॥

दोहा ॥

दुइ गुरु सीता सार गन, राम सो गुरु लघु होइ ।
लहु गुरु रमाप्रतच्छगन, युगलहु हरगन सोइ २७

श्रीसीता सबमें सारांशहै तहां सीताशब्द द्विगुरुगन भाव द्वै गुरु जानना अरु रामशब्द गुरुलघु जानना अरु रमाशब्द प्रतच्छ लघु गुरु जानना हर शब्द द्वैलघु जानना इति लघु गुरुज्ञान ॥ चालिस वर्ण कच्छ दोहा है ॥ २७ ॥

दोहा ॥

सहसनाम मुनि भनित सुनि, तुलसी बल्लभ नाम ।

सकुचतिहियहँसिनिरखिसिय,धरमधुरंधरराम२८

या दोहा में चारिभांति नायकत्व श्रीरघुनाथजी में सूचित करत तहां श्रीरघुनाथजी अनुकूल नायक हैं ऐसा सौभाविक सब कहत यथा "एकनारिव्रतोरामो" अरु इहां दक्षिणादि नायकत्व सूचित करत यथा श्रीरघुनाथजी के सहस्र नाम जो मुनिजन वर्णन करे तिनमें जहां तुलसीवल्लभ ऐसा नाम निसरो ताको सुनि श्रीजानकीजी बिचारती हैं कि श्रीरघुनाथजी तौ धर्मधुरीण हैं अरु आपनी अनुकूल हम सदा जानती हैं तहां यथा जानकीवल्लभ तथा तुलसीवल्लभ तो हमारेबिषे अरु तुलसी बिषे समान प्रीति भई तौ अनुकूल काहेको है ये तौ दक्षिण नायक है याते सकुचती हैं पुनः श्रीरघुनाथजीकी दिशि निरखती हैं निरखबेको यह भाव कि बचन तौ हमारी अनुकूल सदा मीठे बोलते हैं अरु तुलसीवल्लभ जो भये तौ हमते दुजागी करतेहैं तातें शठ नायक है पुनः हृदय में हँसती हैं हँसबेको यह भाव कि हमारे वल्लभ हमारे अनुकूल कहावते तहां तुलसीवल्लभनाम सुनि लाज नहीं आवती है क्योंकि मुनिन को मने क्यों न करैं कि हमको तुलसीवल्लभ न कहो ताते लज्जारहित धृष्ट है यह गोप्य उक्ति श्रीगोसाइंजीकी सो यह बचनकी रचना हास्यवर्धक कबिनकी चोजें हैं॥ बयालिस वर्ण शार्दूल दोहा है॥ २८॥

दोहा॥

दम्पति रस रसना दशन, परिजन बदन सुगेह।
तुलसी हरहित बरन शिशु, संपति सरल सनेह २९

अब सूक्ष्मरीतिसों रस वर्णन करत तहां रस आठ हैं तिन में मुख शृङ्गार है सो दम्पति करिकै होत दम्पति कहे स्त्री पुरुष सो

दम्पति कैसे होइ (यथा) रसना कहे जिह्वा जाको सिवाय रस-भोग दूसरी फिकिर न हो अरु वाके परिजन कहे परिवार कैसा होय यथा दशन कहे दांत जो जिह्वाके हेत में लागे रहत अरु गेह कहे घर कैसा होइ (यथा) मुख जहां सब सुपास अरु हरबरन को हितलिहे शिशु कहे बालक जानि सब सरल सनेह राखें अरु संपति परिपूर्ण होइ तब शृङ्गाररस भोगी दम्पति होय यह केवल श्रीरघुनाथजी में संभवित है अथवा रकार मकार को बालक सम उत्पत्ति वर्णन करत तहां बालक दम्पति सों उत्पत्ति होत दम्पति स्त्रीपुरुषको कहत इहां रस पुरुष रसना स्त्री सो दम्पति है तहां रसयुत भगवत् यश पढ़िबो विहार है प्रेम होना गर्भ है तब श्रीरामनाम को उच्चार सोई बालक है दशन जो दांत तेई परिजन कहे परिवार हैं मुख गेह है गोसाईंजी कहत कि हर जो महादेव तिनके हित वर्ण जो रकार मकार तेई शिशुसम उत्पन्न होत जहां घरमें संपति चाहिये सो नाम उच्चारण में जो सरल सहज सनेह सोई संपतिहै अर्थात् संपति भये बालकन को पालन पोषण होत ताते शीघ्र बालक वर्धमान होत तथा सनेहते भजन बढ़त ॥ शार्दूल दोहा है ॥ २९ ॥

दोहा ॥

हिय निर्गुण नैननसगुण, रसना राम सो नाम ।
मनहुँ पुरटसंपुट लसत, तुलसी ललितललाम ३०

यामें ऐश्वर्य माधुर्यमिश्रित वर्णन करत (यथा) हिय निर्गुण कहे जो भगवत् की ऐश्वर्य यथा "रोम रोम प्रति राजै कोटि कोटि ब्रह्मण्ड" ऐसा भाव दृढ़ हृदय में धारण करै अरु नैनन करिकै जो शील शोभादि अनेकन गुणनसों भरा रूप (यथा)

"नीलसरोरुह नीलमणि, नील नीरधर श्याम । लाजहिं तन शोभा निरखि, कोटि कोटि शतकाम" (पुनः) "मथि माखन सियरामसवारे सकल भुवन छबि मनहुं महीरी । ऐसी श्याम गौर मनोहर जोरी जाकी माधुरी अवलोकन में नेत्र पलक रहित होत सो रूप नयन में अरु रसना जिह्वा करिके श्रीरामनाम को सदा स्मरण तहां हियेमें निर्गुण जो ऐश्वर्य दृढ़ अरु नेत्रन में श्याम गौररूपकी माधुरीको अवलोकन और रसना करिके श्रीरामनाम का स्मरण ताकी उत्प्रेक्षा करत कि मानों पुट कहे सोनेके सम्पुटमें ललित कहे सुन्दर ललाम कहे रत्न शोभित है निर्गुण ज्ञान सगुण भक्ति सोनेको सम्पुट नाम रत्न है यह उत्तम भक्तनको लक्षण है (यथा महारामायणे) "श्रीरामनामरसनां प्रपठन्ति भक्त्या प्रेम्णा च गद्गदगिरोऽप्यथ हृष्टलोमाः । सीतायुतं रघुपतिं च विशोकमूर्तिं पश्यन्त्यहर्निशमुदापरमेण रम्यम् ॥ भूमौ जले नभसि देवनरासुरेषु भूतेषु देवि सकलेषु चराचरेषु । पश्यन्ति शुद्धमनसा खलु रामरूपं रामस्य ते भुवितले समुपासकाश्च" कच्छ दोहा है ॥ ३० ॥

दोहा ॥

प्रभु गुणगण भूषण बसन, बचन बिशेषि सुदेश ।
राम सुकीरति कामिनी, तुलसी करतब केश ३१

अब सूक्ष्मरीतिसों नायिका को शृङ्गार कहत (यथा) श्री रघुनाथजीकी जो कीरति वर्णन है सोई कामिनी कहे नायिकाहै और श्रीरघुनाथजी के जो गुणन के गणहैं तेई कीरति नायिका के भूषण बसनादि शृङ्गार हैं काव्य में जो विशेष वचननकी रचना है सोई भूषणादि सुदेश पहिरावना है जो गोसाईंजी की

नवीन उक्ति है सोई केश कहे बार हैं ते सुरीतिते मांगसी गुही है शृङ्गारगुण (यथा) प्रभुकी प्रसन्नता कीरति को उपटन है शुद्धता मज्जन स्वच्छता वसन सुख माया वक्रदीप्ति मांग उज्ज्वलता सेंदुर सुन्दरता चन्दन माधुरी मेंहदीरूप अरगजा सुगन्धता सुगन्ध सुकुमारता फूलहार सुवेश मीसी लावण्यता पान नौवै अञ्जन शीलवेसरि प्रभुकी चातुर्यता कीरति की चातुरी इति सोरहशृङ्गार भूषण (यथा) सौहार्द चूड़ामणि करुना बन्दी कृपा दया कर्ण-फूल सुशीलता वेसरि सौशील्यकण्ठी सर्वज्ञत्व उरवसी क्षमा वात्स-ल्यता बाजूबन्द उदारता चूरी अनुकम्पा रसना कांची कृतज्ञता अरसी गाम्भीर्य पायजेव सौर्य बिछिया ॥ त्रिकल दोहाहै ॥ ३१ ॥

दोहा ॥

रघुवर कीरति तिय वदन, इव कहै तुलसीदास ।
शरदप्रकाश अकाशछवि,चारुचिबुक तिलजास ३२
तुलसीशोभितनखतगण, शरद सुधाकर साथ ।
मुक्ता झालरि झलक जनु,रामसुयशशिशुहाथ ३३

श्रीरघुनाथजीकी कीरतिरूप तियाको वदन जो मुख इव कहे या भांति तुलसीदास कहते हैं कौन प्रकार (यथा) शरदऋतु में आकाश में प्रकाशमान पूर्ण चन्द्रमा सी छवि है तहां गोसाईंजी की जो उक्ति है सो कैसी शोभित होत (यथा) चारु कहे सुन्दर चिबुक कहे दाढ़ी के तिल सम अर्थात् शरच्चन्द्रसम कीरति का-मिनी को मुख तामें दाढ़ी के तिलसम तुलसी की उक्ति है प्रथम दोहा में केश सम आपनी उक्ति कहे अब दाढ़ी के तिलसम क-हत तहां बार तिल दोऊ श्याम तैसे मेरी बाणी श्याम (यथा)

तिया तनमें बार अरु तिल शोभायमान तैसे प्रभुकीरति पाय मेरी बाणी शोभित है॥ इकतालिस वर्ण कच्छ दोहा है ३२ श्रीरघुनाथ जीको सुयश शरदऋतु को चन्द्रमा सम शोभित ताके साथ तुलसी की उक्ति नखतसम शोभित होत (पुनः) कौनभांति शोभित तहां श्रीरघुनाथजी को सुयश सोई बालक है ताके हाथमें मुक्ता कहे मोतिनकी ऐसी झालरि मानों झलकत है (भाव) श्री रघुनाथजी के सुयश को साथ पाय मेरी बाणी भी प्रकाशित भई॥ उन्तालिस वर्ण त्रिकल दोहा है॥ ३३॥

दोहा॥

आतम बोध बिबेक बिनु, राम भजत अलसात।
लोकसहित परलोककी, अवशि बिनाशी बात ३४
बरु मराल मानस तजै, चन्द्र शीत रबि घाम।
मोर मदादिक जो तजै, तुलसी तजै न राम ३५

"आत्मा सत्यस्तदन्यतसर्वं मिथ्येति आत्मबोधः नित्यवस्त्वेकं ब्रह्म तद्व्यतिरिक्तं सर्वमनित्यमयमेव नित्यानित्यवस्तुविवेकः" आत्मा सत्य तिहिते बिलग यावत् बस्तु सो सब मिथ्या यह आत्मबोध है ब्रह्म सत्य नित्य ताते अलग सो सब अनित्य यह बिवेक है सो बिना आत्मबोध बिना बिवेक अज्ञान दशा में परे ताते श्रीरघुनाथजी के भजन करत अलसाते हैं ते अपने हाथ अवशि कही निश्चय करिकै लोकसहित परलोक की बात बिनाशी नाशकरी भाव लोक में तीनों ताप में तप्त परलोक में यम सांसति यामें अभिप्राय को जब बिबेक होइ तब जीव भक्ति करिबे योग्य होय॥ सैंतिस वर्ण बल दोहा है ३४ अब आपनी

दृढ़ता अनन्यता कहत मराल जो हंस ते वरु मानसर तजैं चन्द्रमा वरु शीतलता तजै सूर्य वरु घाम तजै अरु मोरमदादि मोर को घन चकोरको चन्द्रमा चातकको स्वाती मृगको राग मीन को जल इत्यादिकनके ये मद हैं सो वरु तजैं परन्तु तुलसी श्रीरघुनाथजीको न तजैं वा तुलसीको श्रीरघुनाथजी न तजैं काहेते शरणपाल हैं (यथा वाल्मीकीये) "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम" पैंतिस वर्ण मदकल दोहा है ॥ ३५ ॥

दोहा ॥

आसन दृढ़ आहार दृढ़, सुमति ज्ञान दृढ़ होय ।
तुलसी बिना उपासना, बिन दुलहे की जोय ३६
रामचरण अवलम्ब बिन, परमारथ की आश ।
चाहत बारिद बुन्दगहि, तुलसी चढ़त अकाश ३७

आसनदृढ़ अर्थात् स्थिरचित्त हैं आहारदृढ़ अर्थात् संतोषी हैं सुमतिदृढ़ अर्थात् समचित्त हैं ज्ञानदृढ़ अर्थात् सारासार जानते हैं इत्यादि सब गुणभये अरु उपासना कहे दृढ़ भक्ति एकरूप सबमें व्याप्त हमारेही इष्ट है ऐसा नहीं मानते ते कैसे हैं (यथा) बिनपतिकी नारी परकीया वा गणिका जाही सों प्रयोजन भयो ताही को इष्ट माने पीछे कछु कार्य नहीं ते कैसे हैं (यथा) काक बक उपासक कैसे हैं (यथा) चातक चकोर छत्तीस वर्ण पयोधर दोहा है ३६ श्रीरघुनाथजी के चरणरूप जहाज जो भवसिन्धु पारकर्ता तिनकी अवलम्ब अर्थात् बिना चरणन में दृढ़ प्रीति किये जे जन परमारथ कहे परलोककी आश करत ते कैसे

अजानहैं जैसे कोऊ बारिद जो मेघ ताके बुन्दगहिं आकाश चढ़ाचाहत है आकाश ब्रह्महै झूंठा ब्रह्मज्ञान है सो बुन्द है झूंठही अहंब्रह्म कहि ब्रह्मलीन होन चाहत है सो दुर्घट है (यथा महारामायणे) "यो ब्रह्मास्मीति नित्यं वदति हृदि विना रामचन्द्राङ्घ्रिपद्मं ते बुद्धास्त्यक्तपोतास्तृणपरिनिचये सिन्धुमुग्रं तरन्ति" अड़तीस वर्ण वानर दोहा है ॥ ३७ ॥

दोहा ॥

रामनाम तरु मूलरस, अष्टपत्र फल एक।
युगलसन्त शुभचारि जग, बर्णत निगम अनेक ३८
राम कामतरु परिहरत, सेवत कलितरु ठूंठ।
स्वारथ परमारथ चहत, सकल मनोरथ झूंठ ३९

श्रीरामचरितरूप सुन्दर बृक्ष है सो कैसो है जगमें शुभ कहे मङ्गल मोददायक एकरस चारिहू युगनमें लसन्त कहे बिराजमान है या बातको चारहू बेद अरु अनेकन आचार्य बर्णन करते हैं सो कैसा बृक्ष है श्रीरामनाम जामें जर है श्रीरामरूप पेड़ है धाम जामें स्कन्ध हैं लीला जामें शाखा हैं अरु रस (यथा) शृङ्गार, हास्य, करुणा, बीर, रौद्र, भयानक, बीभत्स, अद्भुत इति आठौरसन में भगवत्यश को प्रचार तेई जाबृक्ष के पत्र हैं ज्ञानादि फूल भक्ति एक फल है माधुरी को अवलोकन रस है त्रिकल दोहा है ३८ श्रीरामरूप जो कल्पबृक्ष है ताको जे परिहरत अर्थात् भगवत् शरणागत ते विमुख हैं अरु कलितरु बहेरा (यथा) "नाक्षस्तुषः कर्षफलो भूतावासः कलिद्रुम इत्यमरः" सो बहेरा ठूंठको सेवत हैं प्रयोजन यह कि तन्त्रन में जहां प्रेतादि सिद्ध

करिबेको लिखाहै सो बबूर बहेरा तर लिखाहै ता हेतु कहत कि भूतादिकन के सिद्ध करिबे हेतु बहेरा को ठूंठ सेवत जो त्रिकाल में झूंठ तामें मन लगाये हैं तामें स्वारथ लोकसुख परमारथ मुक्ति सो सब मनोरथ झूंठे हैं कच्छ दोहा है ॥ ३९ ॥

दोहा ॥

तुलसी केवल कामतरु, राम चरित आराम।
निश्चरकलिकरिनिहततरु, मोहिकहतबिधिबाम ४०
स्वारथ परमारथ सकल, सुलभ एकही ओर।
द्वार दूसरे दीनता, उचित न तुलसी तोर ४१

गोसाईंजी कहत कि; श्रीरामचरितरूप जो कामतरु है एक ताही में जीवको आराम कहे सुख है तेहिको कलियुग जो निशाचर है भगवद्भक्ति को विरोधी सोई कलियुग करि कहे जो हाथीरूप है रामचरित कामतरु को निहत कहे उचारि डारत है भाव एक तो श्रीरामचरित में काहूको मन लागते नहीं कदाचित् संयोग वश सत्संग में आये तौ कलियुग अनेक विघ्न लगाय ताते मन उबिकै छांड़िदिये तब अनेक दुःख के भाजन भये जब दैविकादि तापनमें तपे तब मोहिकै मोहवश है कहत कि हमते विधाता बाम है यह कहना वृथा है जैसा बवोगे वैसाही लूनोगे कच्छ दोहा है ४० गोसाईंजी कहत आपने मनते कि स्वारथ जो लोकसुख परमारथ जो परलोकसुख ते सकल तोको एक श्रीरघुनाथजीकी ओर सम्मुख रहे सब सुलभ हैं ताते दूसरे द्वार अर्थात् देवतादिकनते आपनी दीनता सुनावना अब तोको उचित नहीं है भाव दृढ़ अनन्य ह्वै श्रीरघुनाथजीको भजु और

आश भरोसा तजु श्रीरघुनाथजी सों अधिक दानी कौन है (यथा हनुमन्नाटके) " या विभूतिर्दशग्रीवे शिरश्छेदेऽपि शङ्करात् । दर्शनाद्रामदेवस्य सा विभूतिर्विभीषणे " पयोधर दोहा है ॥ ४१॥

दोहा ॥

हितसनाहितरति रामसन, रिपुसन बैर बिहाव।
उदासीन संसार सन, तुलसी सहज सुभाव ४२
तिलपर राखे सकलजग, बिदित बिलोकत लोग।
तुलसी महिमा रामकी, को जग जानन योग ४३
जहां राम तहँ काम नहिं, जहां काम नहिं राम।
तुलसी कबहीं होत नहिं, रबिरजनी इकठाम ४४

हित कहे मित्र मानि काहूसों मित्रता रिपु कहे शत्रु मानि काहूसन बैर इत्यादि रागद्वेष बिहाय कहे छांड़िकै सहज स्वभाव सब संसार सन उदासीनता मानि हे तुलसी ! श्रीरघुनाथजी सों रति कहे दृढ़ अनुराग करु याही में तेरो भला है त्रिकल दोहा है बिहाय शब्द हिताहित में है ताते तुल्य योग्यतालङ्कार है ४२ जो प्रभु ऐसा समर्थ है कि आपनी माया से एक तिलमात्र पर सब जग को राखे है वा स्वनेत्र के तिल अर्थात् कटाक्षमात्र जगत्की रचना है व देहधारिन के नेत्रन के तिलपर सब जग राखे है भाव जा तिलते सब लोग जगको बिदित कहे प्रसिद्ध देखत हैं ऐसी शक्ति नेत्रन के तिलमें दिहे है ऐसी महिमा श्रीरघुनाथजी की है ताको कौन जगमें जाननहार है बल दोहा है ४३ जहां श्रीरघुनाथजी के रूप को प्रकाश है तहां काम नहीं है क्योंकि जबतक जीव न निर्मल होइगो तबतक भक्ति काहे को होयगी अरु जहां काम है

तहां श्रीराम नहीं क्योंकि चित्त तो कामासक्त है ईश्वर के सम्मुख काहेको सो याको दृष्टान्त देखावत हैं गोसाईंजी कहत कि कौन भांति काम और श्रीराम इकट्ठा नहीं होत (यथा) सूर्य अरु रात्रि नहीं एकठौर होत तहां काम जीवको अन्ध करत क्योंकि यावत् लोक में कामासक्त हैं तिनको लोकलाज धर्मकी क्या परी आपने प्राणन को तृणसम त्याग करत अरु ईश्वररूप जीव के अन्तर प्रकाश करत है सो ये दो कैसे इकट्ठा होइँ वा काम ईश्वरको समर्थ पुत्र है याते परस्पर संकोच राखते हैं ॥ व्रज दोहा है ॥४४॥

दोहा ॥

राम दूरि माया प्रबल, घटत जानि मनमाहिं।
बढ़ति भूरि रवि दूरि लखि, शिरपर पगतरछाहिं४५
सम्पति सकल जगत्र की, श्वासा सम नहिं होय।
श्वास स्नई तजि रामपद, तुलसीअलगनखोय४६

राम दूर कहे जाको मन श्रीरघुनाथजी सों विमुख है ताके मायाकृत प्रपञ्च देहको झूठा व्यवहार सो सब बढ़त जात अरु घटतजानि मनमाहिं जाके मनमें श्रीरामरूप नामादि का प्रकाश है यह जानि माया प्रपञ्चघटत जात कौन भांति (यथा) सूर्य को दूरि देखि छाहीं बढ़ि जात अरु जब सूर्य शीशपर होत तब छाहीं पाँयँनतर ह्वै जात भाव प्रभु में प्रीति करो माया दासी है॥ त्रिकल दोहा है ४५ राजश्री आदि यावत् सम्पत्ति जगत् की है सो सब श्वासासम नहीं है क्योंकि जब श्वासा नहीं तब सम्पत्ति वृथा है ताते श्वासा तनमें सारांश है सो विना रघुनाथजी के चरणनमें प्रीति श्वासा वृथा न खोउ भाव हरिभक्तिमें जीवको

कल्पा ताको बिहाय झूठी बातमें मन लगाय जीवन बृथा न गवांउ (यथा भागवते) " रायः कलत्रं पशवः सुतादयो गृहामही-कुञ्जरकोषभूतयः। सर्वेर्थकामाः क्षणभङ्गुरायुषः कुर्वन्ति मर्त्यस्य कियत् प्रियं चलाः " बल दोहा है ॥ ४६ ॥

दोहा ॥

तुलसी सो अति चतुरता, रामचरण लौलीन।
परमन परधन हरण कहँ, गणिकापरमप्रबीन४७

गोसाईंजी कहत कि; अतिचतुरता नबै भली है जब श्रीरामचरण सेवन में लवलीन होइ कौन भांति प्रथम प्रभुको स्वामी अपनाको सेवक मानि सन्ध्या तर्पणादि नित्य नैमित्त्य करै सो श्रीरामप्रीत्यर्थ करै पुनः जो अर्चारूप को पूजा करै तौ कूर्मचक्रादि भूमि शोधि बेदिका चौकी रचि तापै दशाबरण यन्त्रराजपर अङ्ग देवन सहित श्रीराम जानकी स्थापित करि जैसा रामतापिनी सुन्दरी तन्त्रादि पद्धतिन में आचार्यलोग लिखे हैं ताबिधि सों पूजा करै जो ऐसा न ह्वैसकै तो प्रेमते लाड़ दुलार सहित षोड़शोपचार पूजन करै (यथा) " आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम्। मधुपर्काचमनं स्नानं वस्त्रं चाभरणानि च ॥ सुगन्धं सुमनो धूपं दीपं नैवेद्यवन्दनमित्यादि" जो करै सो प्रेम लाड़ संहित करै (यथा) ऋतु अनुकूल बस्त्र भोजन उष्णकाल में खस बँगलाटट्टी छिरिकि शयन करावना शीतकाल में तपावना भोजन बस्त्रादि में आपनी इच्छा न मानना भगवत् इच्छा मानि निवेदित करि ग्रहण करना भगवत्लीला का उत्सव यथाशक्ति करना राग भोगसहित बिद्याध्ययन भगवत् यश अवलोकन हेत है लोक व्यवहार भगवत् राग भोग हेत है आठ पहर भगवत्

स्मरण के सिवाय दूसरी बात में मन न लगावना इत्यादि जो मानसी करै तौ आठोपहर पूर्व रीति मन में करना जो अनुभव उठै तौ श्रीरामयश की रचना करै या भांति मन तन कर्म बचन की लैसों श्रीरामचरणनमें लीन होइ सो तौ अतिचतुरता है नाहीं तौ कोऊ वर्ण व आश्रम शैव, शाक्त, वैष्णव, स्मार्तादि यावत् हैं बेद पढ़े व शास्त्री भये व वैयाकरणी व पौराणिक व कवि व तन्त्री व ज्योतिषी व बैदकी व सामुद्रिक व कोकसार व गान नृत्य व सभाचातुरी आदि जो कुछ पढ़े उक्तियुक्ति अनेक कला देखाय लोक रिझाय द्रव्यादि लेते हैं ते आपनी चातुरीते अपना को श्रेष्ठ मानते हैं सो बृथा है काहेते इन सबनते बढ़िके गणिका परम प्रवीण है जो आपनी सूरतिमात्र ते परारे मन सहित धन हरिलेती है तौ सबते श्रेष्ठहै यामें सूक्ष्मरीति ते गणिका नायिका के लक्षण वर्णन करे तहां जो उपासक है एक इष्ट में अनुराग ते स्वकीया नायिकाहै जे उपासक नहीं बहुरूपन को इष्ट माने ते परकीयासम हैं अरु जे आपने प्रयोजन सिद्ध जासों करिपाये ताही देवादि को सेवतेहैं ते गणिका समान हैं ॥ चालिस वर्ण कच्छ दोहाहै ॥ ४७॥

दोहा ॥

चतुराई चूल्हे परै, यम गहि ज्ञानहिं खाय।
तुलसी प्रेम न रामपद, सब जरमूल नशाय ४८

चतुराई कर्मकाण्ड मीमांसावाले याके आचार्य जैमिनिमुनि धमई विषय है धर्मज्ञानही प्रयोजन है यथोक्त कर्मके अनुष्ठान ते परमपुरुपार्थ लाभ होत है यथोक्त यथा ऋणी धनी सिद्ध साध्य सुसिद्ध अरि बिचारि कूर्मचक्रते भूमि शोधि आसन शुभ मुहूर्त छिन्न-रुद्धादि निवारणार्थ जनन जीवन ताड़नादि संस्कारकरि पुरश्चर-

णादि कर्मचातुरी है सो भगवत् प्रीत्यर्थ करी तौ भली है नाहीं तौ बासनारूप चूल्हे में जरी सुखमें सुकृत नाश भई यथा पुण्ये क्षीणे मृत्युलोके। ज्ञान अर्थात् वेदान्तवाले याके आचार्य वेदव्यास हैं जीवब्रह्मैक्य शुद्ध चैतन्य बिषय है अज्ञान निबृत्त आनन्दप्राप्त प्रयोजन है बैराग्य, बिबेक, मुमुक्षुता, शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा, समाधानादि साधनकरि शान्तचित्त जितेन्द्रिय असार को त्यागि सारको ग्रहण माया आवरण त्यागि ब्रह्ममें लीन होना इत्यादि जो प्राप्तभयो तौ भगवत् प्रेममें लगे तौ भलो नाहीं जो चूके तौ पतित भये यथा एक राजा ते गोबध होगई राजाने कहे जो गायमें सो ब्रह्म मोमें दोष कौनको है हत्याने राजाकी पुत्री को बौरायदई वह राजासों रति मांगी कि जो तुम में सो ब्रह्म मोमें ताको राजा इन्कार कियो तैसे हत्या राजाको ऐसा पटकी जामें चूर ह्वै गये इत्यादि कर्तव्यता की तौ छीट नहीं बचनमात्र ज्ञान है (यथा शंकराचार्येणोक्तं) "वाक्योच्चार्यसमुत्साहात्तत्कर्म कर्तुमक्षमाः। कलौ वेदान्तिनो भान्ति फाल्गुने बालका इव" या भांति झूठे ज्ञानते कर्म कैसे नाश होइ याते झूठा ज्ञान यम-राज पकरिकै खाइजाते हैं भाव सांसति देते हैं गोसाईंजी कहत कि जिनको प्रेम श्रीरघुनाथजी के चरणारबिन्दन में नहीं तिन के यावत् जप तपादि हैं ते सब जरमूल ते नाश होत (यथा रुद्रयामले) "ये नराधमलोकेषु रामभक्तिपराङ्मुखाः। जपं तपं दयाशौचं शास्त्राणामवगाहनम् ॥ सर्वं वृथा विना येन शृणु त्वं पार्वति प्रिये" पयोधर दोहा है ॥ ४८ ॥

दोहा ॥

प्रेम शरीर प्रपञ्च रुज, उपजी बड़ी उपाधि।

तुलसी भली सु बैदई, बेगि बांधई व्याधि ४६

प्रेम यथा भगवत्नाम व धामको प्रभाव व लीलास्वरूप की माधुरी छटा श्रवण नेत्रादि में परी तौ बिष सी तनमें प्रवेश है रोम रोम पुलकित करि दियो (पुनः) उमंग सब इन्द्रिन को स्थित कियो यथा नेत्रन में आंसु कण्ठावरोधकरि मनको मोहित करिदियो इति प्रेम शरीर है तामें प्रपञ्च रोग भयो कुपथ पाय बड़ी व्याधि उपजी (यथा) "मोह सकल व्याधिनकर मूला। ज्यहिते पुनि उपजे वहुशूला॥ काम बात कफ लोभ अपारा। क्रोध पित्त नित छाती जारा॥ प्रीति करैं जो तीनों भाई। उपजे सन्निपात दुखदाई॥ युग बिधि ज्वर मत्सर अबिबेका। कहँलगि कहौं कुरोग अनेका" इत्यादि रोग नाशिबे हेत गोसाईंजी कहत कि सोई बैदई भली है जाते जल्दी व्याधि बाधई कहे रोग नाश होइ बैदई (यथा) "सद्गुरु बैद्य बचन बिश्वासा। संजय यह न बिषय की आसा॥ रघुपति भक्ति सजीवनि मूरी। अनूपान श्रद्धा मतिरूरी" या भांति बैदई होइ तौ सहजै रोग नाश होइ॥ चौंतिस वर्ण मराल दोहा है॥ ४६॥

दोहा॥

राम बिटपतरु बिशदबर, महिमा अगम अपार।
जाकहँ जहँलग पहुँचहै, ताकहँ तहँलग डार ५०

श्रीरामरूप एक कल्पवृक्ष है सो अगम है जामें काहू की गमि नहीं (पुनः) अपार है जाको कोऊ पार नहीं पाइ सकत ताके तरजावे की बिशद कहे उजरि वर कहे श्रेष्ठ महिमा है जाकी जहांतक पहुँच है ताकी तहांतक डार है तहां श्रेष्ठ महिमा

है जाकी ऐसी जो भक्ति तामें जो मन लगावना सोई वृक्षतरे को जानाहै जा भांति को भाव जाको भावत है सोई पहुँच है सोई भक्ति वाकी डार है यथा (नारदसूत्रन में लिखा है) "पूजादिष्वनुराग इति पाराशर्यः, कथादिष्विति गर्गः, आत्मरत्यविरोधेनेति शाण्डिल्यः, नारदस्तु तदर्पिताखिलाचारतातद्विस्मरणे परमव्याकुलतेति अस्त्येवमेवम्" कोऊ सत्संग, कोऊ कथाश्रवण, कोऊ गुरुसेवा, कोऊ हरियशगान, कोऊ मन्त्रजाप, कोऊ साधुसेवा, कोऊ प्रेमभाव इत्यादि जो जैसा भाव करि ईश्वर को भजत ताको तैसेही ईश्वर की प्राप्ति होत सोई ताकी डार है अन्त कोऊ नहीं पावत है॥ यकतालिस बर्ण मच्छ दोहा है॥ ५०॥

दोहा॥

तुलसी कोसलराज भजु, जनि चितवै कहुँओर।
पूरण राम मयङ्क मुख, करु निज नैन चकोर ५१
ऊँचे नीचे कहुँ मिलै, हरिपद परम पियूख।
तुलसी काम मयूखते, लागै कौनेउ रूख ५२

अब दुइ दोहन में श्रीराम पूरणचन्द्रकिरण पान करिबे को आपने नेत्र चकोर सम स्थापित करत (यथा) हे तुलसी! कोसलराज को भजु और काहूकी ओर जनि चितवै कौन भांति कि श्रीरघुनाथजीको जो मुख है सो शरत्पूरण चन्द्रमा है ताके अवलोकन हेत आपने नेत्र चकोर करु भाव पलक विक्षेप न करु उन्तालीस बर्ण त्रिकल दोहा है ५१ ऊँचे नीचे चाहे ऊँचे होइ चाहे नीचे होइ जाके सत्संग करिकै हरिपद परमपियूष कहे श्रीरघुनाथजी के चरणारबिन्दन को प्रेम अमृत मिलै ताही को सत्संग करी तांको दृष्टान्त देखावत कि जब चन्द्रमा को चकोर

निहारत ताके सम्मुख जो वृक्षादि परत ताको बिचार कुछ नहीं करत काहेते वाको तौ प्रयोजन चन्द्रमा की मयूख जो किरणें हैं तिनहींते है चाहे काहू वृक्ष ह्वैकै किरणैं चकोरके नेत्रनमें लागें व रूखको विचार नहीं कि बबूर है व चन्दन है ताहीभांति श्रीरामचन्द्र प्रेमरूप मयूख जो किरण जाके सम्मुख भये मिलै ताकी संगति करी नीच ऊँच बिचारते कुछ प्रयोजन नहीं (यथा श्रुतिः) "यश्चाण्डालोऽपि रामेति वाचं वदेत् तेन सह संवसेत् तेन सह संवदेत् तेन सह संभुञ्जीत" मराल दोहा है ॥ ५२ ॥

दोहा ॥

स्वामी होनो सहज है, दुर्लभ होनो दास।
गाड़र लाये ऊन को, लागी चरै कपास ५३
चलब नीति मग रामपद, प्रेम निबाहब नीक।
तुलसी पहिरिय सो बसन, जो न पखारत फीक ५४

आज्ञा देवे को अधिकार जामें सो स्वामी आज्ञा पालिबे को अधिकार जामें सो सेवक तहां स्वामी होना सहज है काहेते सिद्ध देश स्वतन्त्र आज्ञा देनाही कर्महै अरु दास होनो दुर्लभ है काहेते साधनदेश परतन्त्र आज्ञा पालनो कर्म है यह दुर्घटहै कि स्वतन्त्र रहनो जीव को सौभाविक स्वभाव है सो स्वभावते प्रतिकूल (पुनः) श्रद्धा समेत परिश्रम करना यह दुर्लभ है यामें व्यंग्य उपदेश है कि ईश्वरने आपने दास होवे अर्थ जीवको उत्पन्न करो है ताकी सुधि नहीं कोऊ लोकनायक कोऊ दिक्पाल कोऊ महिपाल कोऊ आचार्य कोऊ पिता कोऊ गुरु इत्यादि अनेक भांतिते स्वामी बने आपने पुजाइबे में तत्पर हैं (यथा) कोऊ

गाड़र जो भेंड़ी ताको लायो ऊनके हेत ऊन बीचै रहा वाके खेत में कपास रहै ताहीको चरनलगी तथा जीवको हरिभक्ति बीचै रही आपनी भक्ति करावने लगे ॥ तीस बर्ण मण्डूक दोहाहै ५३ अब दासनके लक्षण अर्थात् षद् शरणागती (यथा) हरिअनुकूलग्रहण सो प्रेम निबाहना है हरिप्रतिकूलको त्याग सो नीति मग चलना है नीति (यथा) "मद कुसंग परदारधन, द्रोह मान जनि भूल। धर्म राम प्रतिकूल ये, अमी त्यागि बिषतूल" इत्यादिको त्यागकरै अरु श्रीरामपदप्रेम (यथा) "नामरूप लीला सुरति, धामबास सतसङ्ग। स्वातिसलिल श्रीराममन, चातकप्रीति अभङ्ग" इत्यादि जगत् के यावत् नेहनाता आश भरोसा छांड़ि श्रीरघुनाथजीमें मन लगावना ऐसा प्रेम श्रीरघुनाथजीके चरणन में सदा निबाहना यही श्रीरामदासनको नीक है भाव बाहर भीतर कोई बिकार न होय ताको गुसाईंजी कहत कि बसन जो कपड़ा ऐसा पहिरिये जो रङ्गपखारत कहे धोये पर रङ्ग फीका न परै भाव देखाव में सज्जन भीतर छली ऐसी रीति न चलिये बाहर भीतर एकरस पकारङ्ग होइ ॥ अड़तिस बर्ण बानर दोहा है ॥ ५४ ॥

दोहा ॥

तुलसी रामकृपालु ते, कहि सुनाव गुन दोष।
होउ दूबरी दीनता, परम पीन सन्तोष ५५

कृपा, दया, करुणा, उदारता, सुशीलादि प्रभुके गुण विचारना यह गोमृत्वता शरणागती है (यथा) "केवट कपि कृत सख्यता, शबरी गीध पषान। सुगति दीन रघुनाथ तजि, कृपासिन्धु को आन" ताको श्रीगोसाइंजी कहत कि श्रीरघुनाथजी कृपाके स्थान हैं हे मन ! ऐसा विचारि तिनते आपने गुण दोष

कहिकै सुनाव यह कार्पण्यता शरणागती है (यथा) "कायर क्रूर कुपूत खल, लम्पट मन्द लवार। नीच अघी अतिमूढ़ मैं, कीजै नाथ उवार" ताको कहत कि दीनता करि मनते दुर्बलता होउ मनते मोटाईको त्याग करु अरु सन्तोष करिकै परमपीन कहे मोटा हो भाव दूसरेते दीनता न सुनाउ ॥ मराल दोहा है ॥५५॥

दोहा ॥

सुमिरन सेवन रामपद, रामचरण पहिंचानि।
ऐसहु लाभ न ललक मन, तौतुलसीहितहानि ५६
सब संगी बाधक भये, साधक भये न कोइ।
तुलसी रामकृपालु ते, भली होय सो होइ ५७

रामपद कहे शब्द अर्थात् श्रीरामनाम स्मरण कीन्हे पुनः रामपद सेवन कीन्हे रामचरण की पहिंचान कहे श्रीरामरूपकी प्राप्ति होती है जैसे अम्बरीषादिकी रक्षा करे ऐसो लाभ विचारि मन में ललक होना यह रक्षा में बिश्वास शरणागती है (यथा) "अम्बरीष प्रह्लाद ध्रुव, गज द्रौपदि कपिनाथ। भे रक्षक अब मेरहू, करिहैं श्रीरघुनाथ" ऐसो लाभ बिचारि जाके मनमें ललक न आई अर्थात् श्रीरघुनाथजीके स्मरण सेवनादि में मन न लगायो ताको लोक परलोक को यावत् हित है ताकी विशेष हानि होइगी भाव दूसरा कौन रक्षक है उन्तालिस वर्ण त्रिकल दोहा है ५६ मोहादि जे बाधक हैं ते सब संगी भये भाव क्षणमात्र जीवते बिलग नहीं होतेहैं अरु विवेक आदि जे साधक हैं ते कोई संगी न भये भाव ये भूलिहू कै नहीं आवते हैं अथवा जाति, विद्या, महत्त्व, रूप, यौबनादि जे संगी हैं ते एकहू भक्तिके साधक न भये सब बाधक

भये ये काहेते मान के मूलहैं ताते भक्ति के कण्टकहैं (यथा पञ्च-रात्रे) " जातिविद्यामहत्त्वं च रूपयौवनमेव च । यत्नेन परिवर्ज्याः स्युः पञ्चैते भक्तिकण्टकाः " ताते अब और कुछ बनि न परैगो भाव यावत् धर्म कर्म हैं तिन सहित आत्मा प्रभु पर वारनहै यह आत्मनिक्षेप शरणागती है (यथा) " दान दया दम तीर्थ व्रत, संयम नेम अचार । मन बच कायक कर्म सह, आत्म रामपदवार" सो गोसाईंजी कहत कि श्रीरामकृपालु ते जो कुछ भली होइ सोई भली है और भरोस नहीं ॥ तेंतिस बर्ण नर दोहा है ॥ ५७ ॥

दोहा ॥

तुलसी मिटै न कल्पना, गये कल्पतरु छाह ।
जबलगि द्रवैं न करि कृपा, जनकसुताको नाह ५८

जबलौं सीतापति कृपा करिकै न द्रवैं न प्रसन्न होइँ तबतक जो कल्पबृक्ष की छाहँ में जाय तबहूं वा जीवकी कल्पना कहे चाह वा दुःख न मिटै अर्थात् पूर्व दोहा में आत्मनिक्षेप कहे हैं ताको पुष्ट करत कि जप, यज्ञ, तीर्थ, व्रत, शम, दम, दया, सत्य, शौच, दानादि यावत् सुकर्म हैं तिनको सवासनिक करि स्वर्ग लोककी प्राप्ति होतहै ते आवागमनते रहित नहीं होतेहैं (यथा) " पुण्ये क्षीणे मृत्युलोके " जब पुण्य क्षीण भई तब फिरि मृत्युलोक को आये तौ जीवकी कल्पना कहां मिटी ताते जो सुकर्मादि कीजै सो श्रीरामप्रीत्यर्थ कीजै काहेते जबलौं श्रीजानकीनाथ कृपाकरि प्रसन्न नहीं होते तबतक जीवको कल्याण नहीं होत ताते बिना हरिभक्ति सब साधन बृथा हैं (यथा) " पठितसकलवेदशास्त्र-पारंगतो वा यमनियमपरो वा धर्मशास्त्रार्थकृद्वा । अटितसकल-

तीर्थ श्राजको वाहिताग्निर्नहि हृदि यदि रामः सर्वमेतद्वृथा स्यात्" पयोधर दोहा है॥ ५८॥

दोहा॥

बिमलबिलगसुखनिकटदुख, जीवनसमै सुरीति।
रहित राखिये राम की, तजेतेउचितअनीति ५९
जाय कहब करतूति बिन, जाय योगबिन क्षेम।
तुलसी जाय उपाय सब, बिना राम पद प्रेम ६०

जगमें जे जीवनने जासमै सुरीति कहे सुकर्म सहित रीति जो प्रीति श्रीरामकी रहित है तिनको अनीति उचित है काहेते हरि विमुखनको अनीति ही अच्छी लागत ताको परिणाम फल यह कि विमल जो निर्मल सुख उनते बिलग कहे अलगहै अरु दुःख निकट है भाव त्रिताप वा जन्म मरण नरक वा चौरासी भोगना इत्यादि सदैव हैं (पुनः) जा समय जे जीवनने सुरीति सुन्दर प्रीति श्रीरामकी राखिये अर्थात् श्रीराम प्रीति राखे हैं तिनको अनीति तजेते उचित है काहेते हरिभक्त अनीति की ओर देखतही नहीं हैं तिनको परिणामफल का है कि विमल सुख जो सदा स्वतन्त्र परमानन्द सो निकट है अरु दुःख बिलग है॥ त्रिकल दोहा है ५९ जाय कहब अर्थात् वेदान्तशास्त्रवाले अनेक वचन कहते हैं (यथा) वैराग्य, विवेक, मुमुक्षुता, शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा, समाधानादि साधनादि कहते हैं ताकी कर्तव्यता में समर्थ नहीं हैं तो उनको कहब जाय कहे वृथा है (यथा) फागुनमें बालक सब ग्रामनारिन के साथ जवानीसंग भोग करि लेते हैं स्वाद कुछ नहीं (पुनः) योग यथा यम, नियम, आसन,

प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि इत्यादि अष्टाङ्ग-योग करनेवालेन को बिन क्षेम बिन निर्विघ्न निबहे जाय कहे बृथा है (यथा) काहू ने बृक्ष लगावा फल न लागै पाये बृक्ष उ-चरिगयो (पुनः) जप, यज्ञ, तीर्थ, ब्रत, दया, सत्य, शौच, तप, दानादि कर्मकाण्ड के यावत् उपाय हैं तिनको गोसाईजी कहत कि बिना श्रीजानकीनाथ के चरणारबिन्दन में प्रेम भये यावत् उपाय हैं ते सब जाय कहे बृथा हैं काहेते सुखभोग में नाश होइ जायँगे (यथा) बिना सोतको पानी ॥ बल दोहा है ॥ ६० ॥

दोहा ॥

तुलसी रामहिं परिहरैं, निपटहानि सुनुमोद।
जिमिसुरसरिगतसलिलबर, सुरासरिसगङ्गोद ६१

श्रीराम प्रेम दृढ़ता हेतु जीवनको शिक्षा है कि, जे श्रीरामप्रेम में मग्न हैं तिनके जे बिघ्नकर्ता हैं तेऊ मङ्गलकर्ता ह्वै जाते हैं भाव एकहू बिघ्न नहीं ब्यापते हैं (यथा नृसिंहपुराणे प्रह्लाद-वाक्यं) रामनाम जपतां कुतो भयं सर्वतापशमनैकभेषजम्। पश्य तात मम गात्रसन्निधौ पावकोऽपि सलिलायतेऽधुना ॥ अरु कैसहू पतित अपावन होइ श्रीरामशरण जातही महापावन होत (यथा) अपावन जल गङ्गाजी में गये वर कहे श्रेष्ठ ह्वैजात ऐसी लोकपावन करनहारी जो प्रभुकी भक्ति है ताको जे त्याग करैं तिनको गोसाईजी कहत कि जे श्रीरघुनाथजी को परिहरैं कहे त्याग करते हैं ताको फल सुनु उनको मोद जो परमसुख है सोभी निपटहानि होती है (यथा पाद्मे) "येषां न मानसं रामे लग्नं नेह मनोरमे। वञ्चिता विधिना पापास्ते वै क्रूरतरा मताः"

पवित्र भी अपावन ह्वैजाते हैं जैसे गङ्गाजीको छड़ान जल मदिरा सम होत ॥ कच्छ दोहा है ॥ ६१ ॥

दोहा ॥

हरे चरहिं तापहिं बरे, फरे पसारहिं हाथ।
तुलसी स्वारथ मीत जग, परमारथ रघुनाथ ६२

वृक्ष वेलि तृण अन्नादि वनस्पतिन को नर, पशु, पक्षी, कीटादि यावत् जङ्गम हैं ते आहार द्वारा वा ओषधी द्वारा भाजी आदि सब हरी बनस्पतिन को चरते हैं (पुनः) भूखे अग्निमें परि बरे पर सब तापते हैं पुनि फल लागेपर सब हाथ पसारत फल पाइबे हेत यह दृष्टान्तहै अब दार्ष्टान्त (यथा) हरे चरैं जवलों अन्न धन परिपूर्ण है तबलग सब खानेहेत लपटाते हैं जब बिगरिगयो तब दुःख ताप में बरते देखि सब तापते भाव खुशीते सब तमाशा देखते हैं दैवयोग फिरि धनरूप फल भये तब फिरि सब हाथ पसारत आसरेवन्द होत ताते गोसाइंजी कहत कि सब संसार स्वार्थही को साथी है परमार्थ जीवको दुःख निवारणहेतु एक श्रीरघुनाथैजी हैं ॥ चल दोहा है ॥ ६२ ॥

दोहा ॥

तुलसी खोटे दासकर, राखत रघुवर मान।
ज्यों मूरुख पुरोहितहि, देत दान यजमान ६३

जो पूर्व कहे कि परमार्थ के साथी श्रीरघुनाथजी हैं तापै कोऊ संदेह करै कि जो सांची प्रीति नहीं तौ प्रभु साथी कैसे होयँगे तापै श्रीगोसाइंजी कहत कि जो खोटा अर्थात् ऊपरते वनावट शरणागतकी करै है तो श्रीरामनाम व भगवत् अर्चा यश श्रव-

णादि कछु करी सो (यथा) विषयीनायक मुग्धानायकनके गुणै देखत अवगुण देखतही नहीं तथा श्रीरघुनाथजी मुग्धभक्तन के गुणै देखे अवगुण नहीं देखे (यथा बाल्मीकीये) सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम ॥ खोटेभी भक्तको मान राखत कौन भांति (यथा) अपढ़ पुरोहित कर्मकाण्ड नहीं कराइ सकत ते खोटे आचार्य हैं परन्तु यजमान आपनो पुरोहित मानि वाहीको दान देता है ताकी पुष्टता अजामील यवनादिकी कथा पुराणन में प्रसिद्ध है ॥ मदकल दोहा है ॥ ६३ ॥

दोहा ॥

ज्यों जग बैरी मीनको, आपु सहित परिवार।
त्यों तुलसी रघुनाथ बिन, आपनिदशा बिचार ६४
तुलसी रामभरोस शिर, लिये पाप धरि मोट।
ज्यों व्यभिचारीनारिकहँ, बड़ीखसमकी ओट ६५

जाभांति मीन जो मछरी ताको सब बैरी है कि आपने खाने हेत मारि डारते (पुनः) आपहू अपने जीवकी बैरी है कि ऊंचे चढ़िजाती कि सहजही लोग पकरिलेते हैं वा बंसीआदि में आपही फँसिजाती है (पुनः) परिवार भी बैरी कि बड़ी मीन छोटीको खाइ जाती है जीवन सों गोसाईंजी कहते हैं कि विना श्रीरामसनेह आपनी भी दशा ताही भांति जानो कि सब जग स्वार्थहेत भवसागर की राह बतावत (पुनः) विषय चाराहेत काम बंसी में आपु फँसो वा जाति महत्त्वादि अभिमान चढ़ि भव में परो तथा परिवार आपने खाने हेत भक्तिविरोधी है ॥ मदकल

दोहा है ६४ गोसाईंजी कहत कि जे श्रीरघुनाथजीके शरणागत के भरोसे हैं अरु जग में कदाचित् पाप भी करें कि बटुरिकै गठरी होगई वाको शीश पर धारण करे हैं भाव सब जगमें प्रसिद्धहैं तौ भी उनको भगवत् शरण भरोसे मन अभय रहत कि जो अधम उधारता पतितपावनता दीनदयालुता दिवानाकी लाज भगवत् करैंगे तो (यथा) यवन अजामीलादिको उबारे तैसे मोको भी उबारैंगे सो कौन भांतिको भरोसा है कि (यथा) व्यभिचारी जो परपतिरत स्त्री है वाको आपने खसम की बड़ी ओट है कि जो किसी करिकै गर्भ रहिजायगा तौ जो मेरा पति बना है तौ कौन मोको दोष लगाइ सक्ता है ये दोऊ रीतें लोकबेद में प्रसिद्ध हैं (यथा) युधिष्ठिरादि अरु असंख्य स्त्री बर्तमान में ठहरैंगी अरु भगवत् को तौ जेतनी सामर्थ्य उद्धार करिबेको है तेतरा पाप करिबे को जीवको गति है नयनहीं॥ मदकल दोहा है॥ ६५॥

दोहा॥

स्वामी सीतानाथ जी, तुम लग मेरी दौर।
तुलसी काक जहाज़ को, सूझत और न ठौर ६६

अब पुष्ट शरणागती को लक्षण देखावत हे स्वामी, सीतानाथजी! और आधार नहीं मोको आश भरोसा एक आपही तक गति है कौन भांति (यथा) जहाज़ पर को काकपक्षी सिवाय जहाज़ के और जहां दृष्टि करत तहां समुद्रै देखात दूसरा ठौर नहीं देखात जहां जाय तैसे मैं जहां दृष्टि करत तहां भवसागरै देखात ताते जहाजरूप आपकी शरणागती के भरोसे हों ताते मेरा उद्धार आपही के हाथ है जानकीजी विशेष दयालु हैं (यथा) बालक पै माता ताते सीतानाथ कहे (यथा मन्त्रार्थे)

जानक्या सह आवेशो रघुनाथो जगद्गुरुः। रक्षकः सर्वसिद्धान्त- वेदान्तेषु प्रगीयते॥ बत्तिस बर्ण करभ दोहा है॥ ६६॥

दोहा॥

तुलसी सब छल छांड़िकै, कीजै राम सनेह।
अन्तर पतिसे है कहा, जिन देखी सब देह ६७

(छल यथा) देखावमें उपासक अरु उपासना विरुद्ध धर्म मनमें देखावमें कथा श्रवण अरु परअवगुण दुष्टनके चरित्र में मन देखावमें भगवत्कीर्तन अरु मिथ्या बात चुगली क्रोधबचन निन्दामें मन देखावमें कण्ठी तिलकादि बेष आभूषण बसनादि में मन देखाव में गुरुमुख अरु चोर जुवांरी कपटी धूर्तादि के उपदेश में मन देखाव में पूजा भगवत् की करते अरु बेश्या पर- स्त्रीसेवन में मन देखाव में दयावन्त अरु हिंसा कपट परहानि क्रोध में मन देखाव में भगवत् प्रसाद पावत अरु सत् असत् वि- चार रहित स्वादमें मन देखावमें सज्जनन को सत्संग अरु नाच गान तमाशा स्त्रिनकी बार्तामें मन देखावमें साधुसेवा अरु साधु अवगुण निन्दामें मन देखाव में ज्ञान बैराग्य अरु मोह लोभ में मन देखाव में रामदास अरु कामसेवा में मन देखावमें प्रेमी मन कठोर इत्यादि छल छांड़ि बिकार त्यागि अर्थात् असत् में मन खुशी ते न जान दीजै भूलिकै चलाजाय तौ धिकार दै रोंकि भगवत् में लगाइये असत् को कारण बराये रहिये (यथा) बा- लकनको अभ्यास ते बिद्यादि परिपक्व होत तैसे लागे लागे मन भगवत् में लागिजात जो भूलिकै चलाजाय ताको खैंचि भगवत् से सुनाय क्षमा मांगै काहेते अन्तर्यामी भीतर सब देखत तासों छल बृथा है कौन भांति कि नारी ते पतिते क्या परदा है जाते

सब अङ्ग अङ्ग देह देखी ॥ चौंतिस वर्ण मराल दोहा है ॥ ६७ ॥

दोहा ॥

सबही को परखे लखे, बहुत कहे का होय।
तुलसी तेरो राम तजि, हितजगऔर न कोय ६८
तुलसी हमसों रामसों, भलो बनो है सूत।
छांड़े बनै न संग्रहे, जो घर माहँ कुपूत ६९

ब्रह्मा शिव इन्द्रादि यावत् देवता हैं तिन सबहिन को परखिकै लखे कहे देखिलिये कि सबमें खोटाई है (यथा) ब्रह्माजीके आशीर्वाद ते हिरण्यकशिपु अचल ह्वैगयो रहै ताभक्त द्रोहते नृसिंह जीने नाश करिदियो ब्रह्मा शिवने रावणको अजीत करिदियो ताको रघुनाथजीने नाश करिदियो इन्द्रने आशीर्वाद दै बालिको अजीत करिदिया ताको श्रीरघुनाथजी नाश करिदियो इत्यादि सबको जानिलिया तौ बहुत कहे क्या होत ताते हे तुलसी ! तेरो हित श्रीरघुनाथजी त्यागि दूसरा नहीं है जो तेरे जीवको कल्याण करै ऐसा जानि सब त्यागि दृढ़ श्रीरामशरण गहु ॥ मदकल दोहा है ६८ जो कोई संदेहकरै कि जब जीव विकार त्यागि निर्मल ह्वै सांची प्रीति करै तब प्रभु शरण में राखते हैं जो तुम निर्मल न हो तौ कैसे प्रभुशरणमें राखैंगे तापै कहत कि यद्यपि हमारे सब विकार भरे परन्तु सबको त्यागिकै श्रीरामशरण भरोसे रहें तौ हमसों श्रीरघुनाथजी सों भलो सूत कहे नाता बनिपरो है (अथवा) यथा अरझा सूत लालचते त्यागत नहीं बनत अरझेते संग्रहे कहे राखत नहीं बनत तौ यही बनत कि याको अरझा छुँड़ाय डारिये तौ काम आवेगा या भांति मेराभी जीव विकार में अरझा

श्रीरामशरण तौ अरभा प्रभुछँड़ावैंगे अर्थात् बिकार मिटाय शरण में राखैंगे (यथा) घरमें कुपूत है ताको पिता यही उपाय करत कि जामें वाके ऐब मिटिजायँ वाको त्यागत नहीं॥ करम दोहाहै॥६९॥

दोहा॥

कोटिबिघ्न संकट बिकट, कोटि शत्रु जो साथ।
तुलसी बल नहिं करिसकैं, जो सुदृष्टि रघुनाथ ७०
लग्न मुहूरत योग बल, तुलसी गनत न काहि।
राम भये जेहि दाहिने, सबै दाहिने ताहि ७१

बिघ्न कहे हितकार्य में हानिकर्ता अरु संकट कहे जामें जीव व्याकुल होय (यथा) धर्मसंकट हरिश्चन्द्र को युद्धसंकट सुग्रीवको भयो तब बालिको प्रभु मारे (यथा) गजलाज संकट द्रौपदी दरिद्र-संकट सुदामा (पुनः) शत्रु जो सदा प्राण को गाहक इत्यादि जो करोरिन साथही होइँ ताको गोसाईंजी कहत कि जो श्रीरघुनाथ जी की सुदृष्टि बनी है तौ कोऊ बल नहीं करिसकते हैं (यथा) प्रह्लाद अम्बरीषादि प्रसिद्ध हैं॥ बल दोहा ७० मेषादि जो द्वादश लग्नै हैं जा राशिपै सूर्य सो लग्न प्रभात यही क्रम ते सब आठ याममें व्यतीत होती हैं अरु सूर्यादि नवग्रह सब राशिनपर बिचरते हैं सो जौन लग्न जा कामको शुभ है ता लग्न के शुभ स्थान में सब लग्न ह्वै पावैं तौ वा लग्न में कार्य किहे बिशेष उत्तम होत विपरीतते विपरीत (पुनः) मुहूर्त कहे तिथि, बार, नक्षत्र, योग, करण, लग्न, ग्रह, ताराआदि सब कार्य के अनुकूल जा मुहूर्त में मिलैं तासमय कार्य कीन्हे उत्तम विपरीत ते विपरीत योग कहे तिथि, बार, नक्षत्रादि मिले कोई योग बधिजाता (यथा)

गोविन्दद्वादशी महावारुणी वा यमघण्टादि अपर आनन्दादि जो सदा बनिजाते हैं इत्यादि शुभाशुभ तुलसी एकहू नहीं गनत कि का आहिं भाव क्या करिसक्ते हैं काहेते जेहिके श्रीरघुनाथजी दाहिने भये भाव जो सब त्यागि प्रभुमें मन लगायो ताके लग्नादि सब दाहिने कहे शुभ कर्ता बली होजाते हैं (यथा महोदधौ) तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव । विद्याबलं दैवबलं तदेव सीतापतेर्नाम यदा स्मरामि ॥ पयोधर दोहा है ॥ ७१ ॥

दोहा ॥

प्रभु प्रभुता जाकहँ दई, बोल सहित गहि बांह ।
तुलसी ते गाजत फिरहिं, रामछत्र की छांह ७२

प्रभु श्रीरघुनाथ बोलसहित बांह गहि जाको प्रभुता कहे ऐश्वर्य बड़ाई दिये (यथा) विभीषण को भक्ति मुक्ति सहित अचलराज्य दिये (यथा अध्यात्म्ये) " तस्मात्त्वं सर्वदा शान्तः सर्वकल्मषवर्जितः । मां ध्यात्वा मोक्ष्यसे नित्यं घोरसंसारसागरात् ॥ यावच्चन्द्रश्च सूर्यश्च यावत्तिष्ठति मेदिनी । यावन्मम कथा लोके तावद्राज्यं करोत्यसौ " इत्यादि हनुमान्, काकभुशुण्ड्यादि कहांतक कहिये प्रभुकी यही प्रतिज्ञा है (यथा) " सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम " अभिप्राय कि जे प्रभुके शरण हैं तिनहींके अर्थ इत्यादि बचन हैं तिनहींकी बांह गहे हैं तिनहींको प्रभुता दिये हैं तीनिउँ काल में ताको गोसाईंजी कहत कि जे प्रभुकी शरणागती के भरोसे हैं ते सदा गाजत निर्भय फिरते हैं कौनिउ ताप नहीं व्यापतीहै काहेते श्री रामकृपारूप छत्र के छाहँ में रहते हैं ॥ पयोधर दोहा है ॥ ७२ ॥

दोहा॥

साधन साँसति सब सहत, सुमन सुखद फल लाहु।
तुलसी चातक जलदकी, रीझि बूझि बुध काहु ७३

सन्मार्गरूप एक वृक्ष है यथा श्रद्धा क्षेत्र है गुरुमन्त्र बीज है गुरुकृपा जल है सत्संग मूल है सन्मार्ग में चित्त की प्रवृत्ति वृक्ष-शाखा है हर्ष पत्ता है सत्कर्म अर्थात् पूजा जप, तप, क्रिया, आचारादि फूल हैं बिबेक, बैराग्य, मुमुक्षुता, शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा, समाधानादि साधन करि आपने शुद्धस्वरूपको चीन्हना अर्थात् ज्ञान फल है नवधा प्रेमापराआदि अर्थात् भक्ति उपासना सो फलको रस है तहां सुखद कहे सुखदेनहार सुमन कहे फूल अर्थात् भगवत् प्रेमरहित सवासिककर्म सुख फल लाभ हेत करते हैं ताके साधन में अनेक साँसति सहते हैं या रीतिमें बहुत लगे हैं अथवा फल जो ज्ञान ताके लाभ हेत वैराग्यादि साधनकी साँसति सहते हैं ऐसे बहुत हैं सोऊ बिना भगवत् प्रेम बृथा हैं गोसाईंजी कहत कि जैसी चातककी रीझि बूझि स्वाती के जलदकी है ऐसी प्रेमासक्ती श्रीरामरूप में रीझि बूझि काहू २ बुधजन को है जो श्रीरघुनाथजीकी माधुरी में नेत्रासक्त और जानतही नहीं॥ त्रिकल दोहा है॥ ७३॥

दोहा॥

चातक जीवत जलद कहँ, जानत समय सुरीति।
लखत लखत लखि परत है, तुलसी प्रेमप्रतीति ७४

जो कोऊ कहे कि बिना कर्म ज्ञानादि साधन जीवकी शुद्धता ईश्वरकी पहिंचान कैसे एकीएका प्रेम होइगा ताके हेत कहत कि

जो जौनी मार्ग में चलत ताकी रीति अरु समय जाननहारनते पूछि सौभाविक आपु जानि लेता है (यथा) चातक आपने प्रियजलद मेघनकी समय अर्थात् शरद्ऋतु कार्त्तिकमास में स्वाती लागती है ताकी सुरीति अर्थात् ऊर्ध्वमुखकरि बुन्द मुख में लेना यह सब बात पुराने चातकनको देखत २ बचाभी सीख जाते हैं गोसाईंजी कहत कि ताही भांति जे प्रेमीजन हैं तिनके सत्संग में उनकी रीति लखत कहे देखत २ श्रीरामप्रेम की प्रतीति लखि परत तहां भक्ति शरदऋतु है भगवत्लीला कार्त्तिक है नामस्मरण स्वाती है रूप मेघ है माधुरी शोभा जल है प्रेमीजन चातक हैं निमेषहीन अवलोकन बुन्दकी प्राप्ति है लीलाश्रवण कीर्तनादि में जो प्रेम उमंग वर्षने को समय है ॥ कच्छ दोहा है ॥ ७४ ॥

दोहा ॥

जीव चराचर जहँ लगे, है सबको प्रिय मेह ।
तुलसी चातक मन बसो, घनसों सहज सनेह ७५

जग में चर व अचर यावत् जीव हैं सबको मेघ अत्यन्त प्रिय हैं काहेते बिना जल बर्षे काहूको जीवन नहीं रहि सकत याते जीवको रक्षा करनहार एक मेघही है परन्तु सब छांड़ि एक मेघही आधार और काहू जीवको नहीं है गोसाईंजी कहत कि घनसो सहजही में दृढ़ सनेह एक चातकही के मनमें बसो यह दृष्टान्त है दार्ष्टान्त यथा जगमें यावत् चर अचर हैं सबको पालन पोषणादि रक्षक एक भगवतै है ताते साधारणरीति सबको भगवत्प्रिया भी है परन्तु चातक सम अनन्य प्रेमीभक्त कोऊ कोऊ है जाकी चित्त की अखण्डवृत्ति तैलधारवत् एक रघुनाथै जी में प्रेमासक्ति है ॥ मत्त दोहा है ॥ ७५ ॥

दोहा ॥

डोलत बिपुल बिहंग बन, पियत पोखरी बारि ।
सुयश धवल चातकनवल, तोर भुवन दशचारि ७६

बिहंग जो पक्षी बिपुल कहे बहुत बनमें डोलत फिरते पोखरी कहे तड़ागन में जल पीते हैं तिन काहू पक्षी को यश बिशेषि नहीं बिदित है अरु हे चातक! तेरा सुयश धवल कहे उज्ज्वल नवल नित्यनवीन चौदहौं भुवन में बिदित है तैसे संसार बन में अनेकनसाधु पक्षीरूप घूमते हैं शास्त्रस्मृतिरूप पोखरी में पूजा जपरूप जल पीते हैं तिनको भी बिशेषि यश नहीं अरु जे अनन्य हैं (यथा) कबि बाल्मीकिजीने सौ करोरि रामचरित निर्माण किया सिवाय रामचरित और एक अक्षर नहीं कहा तिनको धवल नवल सुयश श्रीरामचरित सम्बन्धते चौदहौं भुवन में बिदित है भविष्य रामचरित बरने यह धवलता है कथाश्रवण कीर्तन सदैव याते नवल है ॥ स्वच्छ दोहा है ॥ ७६ ॥

दोहा ॥

मुख मीठे मानस मलिन, कोकिल मोर चकोर ।
सुयशललितचातकबलित, रहोभुवनभरितोर ७७
मांगत डोलत है नहीं, तजिघर अनत न जात ।
तुलसी चातक भक्तको, उपमा देत लजात ७८

तीनि पक्षी और भी किञ्चित् आशक्त हैं (यथा) कोकिल बसन्त में आनन्दित शब्द करत (यथा) आरतभक्त दुःख गये भगवत् में प्रेमकरत (पुनः) मोर घन दामिनि देखि नाचत (यथा) अर्थार्थी प्रयोजन पाय हरिमें प्रेमकरि कीर्तनकरत (पुनः)

चकोर चन्द्रमाको हेरत (यथा) जिज्ञासु भक्त भगवत्रूप को हेरत इत्यादि की ऐसी प्रीति नहीं कि इष्टकी अप्राप्ति में और दृष्टि न करै ताते गोसाईंजी कहत कि कोकिल मोर चकोरादि को वेष भी सुन्दर मुखते भी मीठेकी शब्द मधुर बोलते हैं परन्तु मानस मलिनहै कि और भी बासना राखते हैं हिंसारत है अरु हे चातक! तेरो सुयश ललित सुन्दर निर्मल भुवन भरेमें बलित कहे फैलि रहाहै॥ त्रिकल दोहा है ७७ कैसा चातक दृढ़ प्रेमी है जो काहू से कछु मांगत नहीं डोलत फिरत आपनो घर त्यागि अनत जात नहीं केवल एक स्वातीबुन्द के आसरे निराधार रहत ऐसा चातक भक्त है कि वाकी उपमा दूसरे के देने में लाज लागत वाजे चातक सम हरिभक्त हैं तिनकीभी चातककी उपमा देत लाज होत कि भक्तन में कोई अङ्ग खण्डित न ठहरै॥ पयोधर दोहाहै॥७८॥

दोहा॥

तुलसी तीनों लोक महँ, चातकही को माथ।
सुनियत जासु न दीनता, किये दूसरे नाथ ७९

गोसाईंजी कहत कि तीनों लोक में सब सबसों ऊंचा एक चातकहीको माथ है काहेते यह सुनियत है कि जासु चातकने आपने नाथ स्वाती को सिवाय और दूसरे नाथ सों दीनता नहीं कियो भाव दूसरे को माथ नहीं नवाये ऐसी गति हरिभक्तन में कम देखात॥ नर दोहा है॥ ७९॥

दोहा॥

प्रीति पपीहा पयद की, प्रकट नई पहिंचानि।
याचक जगत अधीन इन, किये कनोड़ो दानि ८०

ऊंची जाति पपीहरा, नीचो पियत न नीर।
कै याचै घन श्याम सों, कै दुख सहै शरीर ८१

पपीहाकी अरु पयद कहे मेघकी जो प्रीति है सो प्रसिद्धमें एक नई रीति पहिंचानि कहे जानिपरतहै काहेते तीनों लोककी यह रीतिहै कि यावत् जगत् में याचकहैं ते सब दानीसों आधीन रहते इन चातकने दानी को कनौड़ो कियो ताको भेद आगे कहत॥ पयोधर दोहा है ८० पपिहरा ऊंची जाति है काहेते सरिता तड़ागादि में नीचो जल नहीं पियत कैतौ घनश्याम स्वाती में घनसों याचै कैतौ पियाससे शरीरपै दुःख सहै और जल न पीवै ताही भांति हरिभक्त ऊंचीजाति है (यथा शिवसंहितायाम्) " रामादन्यः परोध्येयो नास्तीति जगतां प्रभुः । तस्माद्रामस्य ये भक्तास्ते नमस्याः शुभार्थिभिः"॥ इत्यादि श्रीरामभक्त ऊँचे हैं तौ नीचे जल भी नहीं पीवते हैं अर्थात् नीचेके धर्मनपर मन नहीं देते हैं कैतौ घनश्याम श्रीरघुनाथजी सों याचनाकरै यह आरत अर्थार्थी भक्तन को लक्षणहै कै दुःख सहै शरीरभाव जो दुःखपरै सो सहिलेइ प्रभु सोंभी न याचनाकरै प्रेमीभक्तनको ऐसा चही॥ करभ दोहा॥८१॥

दोहा॥

कै बरषै घनसमय शिर, कै भरि जनम निराश।
तुलसी चातक याचकहि, तऊ तिहारी आश ८२
चढ़तनचातकचितकबहुँ, पिय पयोद के दोष।
याते प्रेम पयोधिबर, तुलसी योग न दोष ८३

लोकमें यह रीति है कि जो याचक एक दो वार याचना करी दानीने न दई तब वाको आसरा छोंड़ि और को याचता है अरु

हे घन! तुम स्वातीसमय चातक के शिरपर बरषैके जन्मभरि नि-राश रहै अर्थात् चहै जन्मभरि न बरषै गोसाईंजी कहत कि ताहूपर चातक याचकको हे घन! तुम्हारीही आश है सोई रीति अनन्य भक्तन की श्रीरघुनाथजीसों है॥ बल दोहा है ८२ प्रिया प्यारा पयोद जो मेघ है ताके न बरषेको दोष चातकके चित्त में कबहूं भूलिहूकै नहीं चढ़त जो आपने प्यारेके औगुणनपर दृष्टि नहीं देत याते बर कहे श्रेष्ठ प्रेमको पयोधि कहे समुद्र है अर्थात् अथाह प्रेम है ताते गोसाइंजी कहत कि चातक दोष लगावने योग्य नहीं है काहेते जो एक प्रेममें मगन वाको दूसरे के प्रेमते व माहात्म्यते क्या प्रयोजन है ताहीभांति जे अनन्यभक्त हैं ते श्रीरामप्रेम में मगन और को नहीं जानते तेभी अदोष हैं (यथा) सुतीक्ष्ण श्रीरामरूपमें मगन रहे चतुर्भुजरूप मन में न भायो ताको कुछ दोष नहीं॥ त्रिकल दोहा है॥ ८३॥

दोहा॥

तुलसी चातक मांगनो, एक एक घनदानि।
देत सो भूभाजन भरत, लेत घूंटभरि पानि ८४
ह्वै अधीन याचत नहीं, शीश नाय नहिं लेय।
ऐसे मानी मांगनहिं, को वारिद बिन देय ८५

गोसाइंजी कहत कि मांगनो कहे याचक चातक एकही है वाकी समताको दूसरा नहीं है काहेते सिवाय एक घन के दूसरे को नहीं याचत अरु दानीघन कहे मेघ भी एकही है काहेते ऐसा दानरूप जल बरषत जो भू कहे भूमि रूप पात्र जल सों परिपूर्ण ह्वै जात और याचक ऐसा संतोषी कि एक घूंटभरि पानी

लेत और अन्न मुक्तादि लोक के अनेक कार्य होत तैसे अनन्य भक्तभी एक श्रीरघुनाथैजी सों याचत तैसे श्रीरघुनाथजी दानी जो भक्तन पर कृपा करते हैं ताते जगको भला होत (यथा) मनु महाराजके पुत्र ह्वै सब संसार को भला कीन्हे मनु महाराज को दर्शनते प्रयोजन ॥ मदकल दोहा है ८४ कैसा चातक है कि आधीन अर्थात् दीनता सुनाय याचत कहे मांगत नहीं अरु दान पाये परभी शीश नवायके जलको लेता नहीं ऐसे मानी याचक को बारिद जो घन तिहि बिना और कौन देसक्ता है भाव बारिद निरहेत महादानी है ताही भांति प्रेमी अनन्य भक्त हैं कि प्रभुसों भी आधीन ह्वै कछु नहीं मांगते अरु देव तीर्थादिकनमें शीशनायके कुछ नहीं लेते हैं ऐसे अनन्य मानी भक्तनको बिना श्रीरघुनाथ जी दूसरा कौन देसक्ता है ॥ तेंतिस बर्ण नर दोहा है ॥ ८५ ॥

दोहा ॥

पविपाहन दामिनिगरज, अतिझकोर खरखीझि।
दोष न प्रीतम रोषलखि, तुलसी रागहि रीझि ८६

पवि वज्रपात घिरी गाजादि आसमानी पाहन पत्थर दामिनि चमक गरजनि अत्यन्त पानी पवनकी झकोर इत्यादि खर कहे तीक्ष्ण कैसेहू होय इत्यादि प्रीतम जो घन ताको रोष रिस देखि दोष नहीं मानत न आपने मनमें खीझै तैसे किरात गानकरि मृगको मोहित करि बाण मारत ताको दोष नहीं मानत मृगा एक रागहीं पर रीझि मानत तथा अनन्य प्रेमी भक्तभी आपनो दुःख सुख नहीं मानत प्रभुमें प्रेम दृढ़राखत ॥ बानर दोहा है ॥ ८६ ॥

दोहा ॥

को न जिआये जगतमहँ, जीवनदायक पानि।

भयो कनौड़ो चातकहि,पयद प्रेम पहिंचानि ८७

जीवन को राखनहार जो पानी ताको दैकै वर्षिकै मेघ जगमें काको नहीं जियावत भाव जल वर्षै सबकी जीविका होत परन्तु पयद जो मेघ सो अखण्ड प्रेम पहिंचानि चातकहीके कनौड़ो भयो ताहीभांति श्रीरघुनाथजी सब जगके जीवनदाता हैं तऊ भक्तन के कनौड़े हैं (यथा) हनुमान्‌जीके प्रेमपर विकाइगये॥ पयोधर दोहा है ॥ ८७ ॥

दोहा ॥

मान राखिबो मांगिबो, प्रिय सों सहज सनेह।
तुलसी तीनौं तब फबैं, जब चातक मत लेह ८८

आपनो मान राखना अर्थात् आधीनह्वै गर्जन सुनावना अरु मांगना तौ ऐसी रीतिसों मांगना जामें मांगनो सूचित न होय (यथा) " चातकरटत कि पीवकहा " यामें जल मांगनो नहीं सूचित होत प्यारे घनको प्रेमही सूचित होत (पुनः) पीव सों सहज सनेह अर्थात् दुःख सुखमें एकरस बनारहै गोसाईंजी कहत कि जो ये तीनों पूर्व कहे हैं ते सब तबहीं फबैं कहे शोभित होइँ जब चातक को मतलेहु कौन मतहै कि बिना स्वाती बुन्द गङ्गादि सब जल धूरिसम है (पुनः) स्वातीसों भी आधीन ह्वै याचना नहीं स्वामी सों सदा सनेह निवाहना यही रीति अनन्य भक्तन को चाही (यथा) " जलद जन्मभरि सुरति बिसारै। याचत जल पवि पाहनडारै ॥ चातकरटनि घटन घटि जाई। बढ़ै स्वामिपद प्रेम सवाई " (पुनः) " अर्थ धर्म कामादिरुचि, गति न चहौं निर्वान । जन्म जन्म रति रामपद, यह वरदान न आन " (यथा अध्यात्म्ये) धर्माधर्मान्परित्यज्य त्वामेव भजतेनिशम् ॥

निर्द्वन्द्वोनिःस्पृहस्तस्य हृदयं ते सुमन्दिरम् (भगवद्गीतायां) सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रजेति (महारामायणे) अन्ये विहाय सकलं सदसच्च कार्यं श्रीरामपङ्कजपदं सततं स्मरन्ति ॥ मदकल दोहा है ॥ ८८ ॥

दोहा ॥

तुलसी चातकही फबै, मान राखिबो प्रेम ।
बक्रबुन्द लखिस्वाति को, निदरिनिबाहत नेम ८९
उपल बरषि गर्जत तरजि, डारत कुलिश कठोर ।
चितवकिचातकजलदतजि, कबहुँ आनकीओर ९०

जो पूर्वदोहा में कहे हैं कि मानराखि मांगना पियसों सहज सनेह चातकही में है ताको अब देखावत हैं कि मानको राखिबो और प्यारेसों प्रेमनिबाहिबो इत्यादि चातकही को फबत कहे शोभित होत काहेते स्वातीको बुन्द जो सीधे मुखमें परै ताहीको पीवत है अरु बक्र कहे टेढ़ो जो मुखके निकट निसरिजात ताको निदरि त्यागि आपनो नेम निर्बाहत भाव सीधे मुखमें जो परत सोई ग्रहण करत यह नेम है तैसे अनन्यभक्तन को चाही जो स्वाभाविक प्राप्त होइ सो भी प्रयोजनमात्र ग्रहण करना कुछ उपाय व दूसरे को भरोसा न करना ॥ मराल दोहा है ८९ मेघ गरजिकै उपल कहे आसमानी पत्थर बरषै (पुनः) तरजि कहे तड़पिकै कठोर कुलिश कहे वज्रपात अर्थात् चिरी गाजआदि डारत इत्यादि ताड़ना कैसेहू करै ताहूपै चातक ऐसा प्रेमी है कि जलद जो मेघ ताको तजि कबहूं कि औरकी ओर चितवै भाव और दिशि न चितवै तैसे अनन्य भक्तनको चाही कि कैसेहु विघ्न

व दुःख परै ताहूपर सिवाय भगवत की ओर दूसरी दिशि मनु न देइ यह स्वाभाविकचाही॥ बयालीस वर्ण शार्दूल दोहा है॥६०॥

दोहा॥

बरषि परुष पाहन जलद, पक्ष करै टुक टूक।
तुलसी तदपि न चाहिये, चतुर चातकहि चूक ६१
रटत रटत रसना लटी, तृषा सूखिगो अङ्ग।
तुलसी चातक के हिये, नित नूतनहि तरङ्ग ६२

जलद जो मेघ सो परुष कहे कठोर पाहन कहे पत्थर बरषिकै पक्ष जो पखना तिनको तोरि टूक टूक करै गोसाईंजी कहत कि ताहूपर चतुरचातक को चूकना न चाहिये भाव आपनो नेम प्रेम न छांड़ै तैसेही प्रेमी भक्तन को चाहिये कि प्रारब्ध वश कैसेहू दुःख परै परन्तु भगवत् प्रेम नेम में न चूक परै भाव दुःख सुख देहको भाव है मनु श्रीरघुनाथजी में लगा रहै॥ त्रिकल दोहा है ६१ पीव कहा इत्यादि रटतरटत रसना जो जीभ सो लटी भाव थकिगई अरु तृषा कहे पियासते कण्ठआदि अङ्ग सूखि गयो गोसाईजी कहत कि ताहूपर हित जो स्वाती घन ताके प्रेमको रङ्ग चातक के हिय में नित नूतन कहे सदा नवीन बढ़तजात तैसे अनन्य प्रेमीभक्तन पै कैसेहू दुःख परै ताको कुछ न मानै अरु श्रीरघुनाथजीके विषे प्रेम बढ़त जाय यह उनको लक्षणै है (यथा) "राम प्रेम भाजन भरत, बड़ी न यह करतूति। चातक हंस सराहियत, टेक विवेकविभूति॥ देह दिनहिंदिन दूबरिहोई। घटन तेज बल मुखछवि सोई॥ नितनव राम प्रेम प्रण पीना। बढ़त धर्मदल मन न मलीना" पयोधर दोहा है॥ ६२॥

दोहा ॥

गङ्गा यमुना सरस्वती, सात सिन्धु भरिपूरि।
तुलसी चातक के मते, बिन स्वाती सबधूरि ६३

गङ्गा अरु यमुना अरु सरस्वती इत्यादि प्रयागजी में एक ठौर हैं जाके मज्जनते चारिहू फल प्राप्त होतहै इन आदि सब नदी अरु सातहू समुद्र जलसों भरिपूरि हैं सब संसार जल पीवत गोसाईंजी कहत कि चातक के मत ते बिना स्वाती और यावत् गङ्गादि जल है सो जल नहीं सब धूरिहैं यह उत्तम पतिव्रतन को लक्षण है (यथा) " उत्तम के अस बस मन माहीं। सपनेहु आन पुरुष जग नाहीं " तैसे अनन्य भक्तनको भी धर्म है कि सिवाय श्रीरामजानकी और रूपमें मन नं जाय (यथा) "भूप रूप तब राम दुरावा। हृदय चतुर्भुज रूप देखावा॥ मुनि अकुलायउठा तब कैसे। बिकल हीन मणि फणिवर जैसे " सो यह धर्मवालेनको किसीके माहात्म्य भङ्गको दोषभी नहीं (यथा पार्वतीजी कहे) " महादेव औगुण भवन, बिष्णुसकलगुणधाम। जाकर मन रत जाहिसों, ताहि ताहिसन काम " ताते रामानन्य दूसरोरूप नहीं मानत (यथा शिवसंहितायाम्) " मधुरे भोजने पुंसो विषवद्भोजनेमलम्। मलं स्यादन्यदेवानां सेवनं फलवाञ्छया॥ तस्मादनन्यसेवीसन्सर्वकामपराङ्मुखः। जितेन्द्रियमनः कोपो रामं ध्यायेदनन्यधीः " (यथा) स्त्री को पति तथा उपासक को अपना इष्ट मानना किसीसों दुर्भाव न करै॥ मराल दोहा है॥ ६३॥

दोहा ॥

तुलसी चातक के मते, स्वाती पियत न पानि।

प्रेम तृषा बढ़ती भली, घटे घटैगी कानि ६४
सर सरिता चातक तजे, स्वाती सुधि नहिं लेइ।
तुलसी सेवकबश कहा, जो साहब नहिं देइ ६५

गोसाईंजी कहत कि पुनः चातक को मत कैसाहै कि स्वाती
ो भी पानी इच्छाभरि नहीं पीवत काहेते जो ऊर्ध्वमुखकरि जो
ीधेमुखमें बुन्द परिगया सोई पीवत कछु उपाय नहीं करत तामें
्णेता कहाँहोत याको प्रयोजन कि जब तृषा अर्थात् प्यास बढ़ी
ब प्रेमबढ़ी जो इच्छाभरि पीजाई तब पियास घटिजाई तब कानि
हे दबाव अर्थात् प्रेम कम परिजाई भाव संतोषी सेवकको दबाव
वामी राखत जो २ इच्छाभरि मांगिलियो तब स्वामी छुट्टी पाय
ायो (तथा भक्तनको भी मत) कि स्वामी सों कछु न मांगना का-
ते जो मांगे मनोरथ पूर्णभयो तब सुखमें परि प्रेम घटिगयो उधर
ालिक छुट्टी पायगयो जो प्यास बनीरहैगी तो प्रेमबढ़ैगो॥ नर
ोहा है ६४ सर तड़ाग सरिता नदी आदिको जल चातक तज
प्रर्थात् नहीं पीवत अरु जो स्वातीभी न सुधि लेइ भाव न बरसै
ब काकरे ताको गोसाईंजी कहत कि सेवककी क्या बश है जो
वामी नहीं देवै याते मांगने से क्या होता संतोषही भला है यह
मुक्ति प्रेमीभक्त अचाह रहते हैं ताते भगवत् आपु उनके बश
हत अरु सर्वोपरि बड़ाई देत॥ पयोधर दोहा है॥ ६५॥

दोहा॥

आश पपीहा पयद की, सुनु हो तुलसीदास।
जो अचवै जल स्वाति को, परिहरि बारहमास ६६
चातक घन तजि दूसरे, जियत न नाई नारि।

मरत न मांगे अर्धजल, सुरसरिहू को बारि ९७

गोसाईंजी आपने मनते कहत कि पयद जो मेघ ताकी आश जैसी पपीहा की है ताको सुनु अर्थात् धारण करु कि बारह महीनन में मेघहू बरषत ता जलको परिहरि कहे त्यागिकै जो अचवै कहे पीवै तौ जो स्वाती में बरषै ताही जलको पीवै सो शरदृऋतु कार्त्तिकमासमें स्वाती होत तासमय जो मेघबर्षै सो जलको बुन्द ऊर्ध्व किहे जो मुख में परिजाइ ताको पीवत तहां भक्ति शरदृऋतु है सगुन माधुर्य लीला कार्त्तिक है नाम स्मरण स्वाती है भगवत् रूप मेघ है लीलावलोकन श्रवण कीर्त्तनादि को समय में उमंग होना बरषनेको समय है माधुरी शोभा जल है प्रेमीजन चातकहैं निमेष हीन ऊर्ध्वमुखहै अवलोकन बुन्द प्राप्ती है अपररूपन लीला अन्यमास हैं ॥ मदकल दोहा है ९६ तीनि दोहन का अन्वय एक में है सिवाय एक स्वांतीके मेघको और दूसरे जलको आपने जीवत लौं चातकने नारि कहे ग्रीवा नहीं नवाई ताको हेत कहत कि एकसमय बधिक के मारे अधमरी गङ्गाजी में गिरी अर्धजल कहे आधी बूड़ी उतरात बही सो मरत कितौ पियास गङ्गाजल में परी ताहू जलको न मांगी चोंच न बोरी ॥ पयोधर दोहा है॥९७॥

दोहा ॥

ब्याधा बधो पपीहरा, परो गङ्ग जल जाय।
चोंच मूंदि पीवै नहीं, धिकपीवनप्रणजाय ९८
बधिकबधो परि पुण्यजल, उपर उठाई चोंच।
तुलसी चातक प्रेमपट, मरत न लाई खोंच ९९

पपीहरा को ब्याधाने बधो कहे मारो अधमरा गङ्गा जीके

मध्य जल में जायपरो गिरतेही चोंच मूंदि लियो जामें जल मुख में न चलाजाय काहेते ऐसे जल पीवे की धिक्कार है जाके पीने से हमारो भण छूटिजाइ॥ नर दोहा है ६८ बधिक के मारे घायल ह्वै पुण्यजल गङ्गाजी में परो कैसा जलहै जाके स्पर्शमात्रते महा-पातकी भगवद्धामपावत ता जलको त्याग हेत चोंच ऊपर को उठाय लई गोसाईंजी कहत कि चातक ऐसा अनन्य प्रेमी है कि मरतसमय आपने प्रेमरूप पटमें खोंच न लगाई भाव प्रेमपट फाटने न पायो यहां स्वाती घन जलंधर दैत्य है वाकी नारी बृन्दा पति-व्रता चातक है वधिक महादेवने जलंधर को मारा तहां पतिको मरना पतिव्रतन को आधामरन है जो भगवत्ने छलकरि बृन्दा सों संभोग किया सो भगवत्रूप की प्राप्ति पुण्यजल गङ्गाजी में परना है आपने पतिव्रत को दृढ़करि भगवत् को शाप दै मुख फेरिलेना सो चोंच उठावना है इत्यादि आपने पतिव्रता दृढ़ता हेत भगवत् को निरादर किया ताको लोक वेद में कौन दूषण लगाइसक्ता है अरु वाके व्रतभङ्ग करिबे की कानिमानिकै भगवत तुलसीरूप बृन्दा को सदा शीशपर राखत (पुनः लोकरीति यथा) "नव यौवन गौर स्वरूपभरी मृगनैन गती गजकी निदरै। मुखचन्द सदा रसहास लिये मृदुबोलन सों जनु फूल झरै॥ हि[illegible] लाजभरी गुरुलोगनसों पति सेवन सों नहिं नेकु टरै। रति औ[illegible] पती लखि बैजनाथ गुनानँवती पति प्राण हरै" (पुनः) "ग[illegible] यौवनरूप कुरूप विना जनु बोलत बैन पषान दरै। अति[illegible] मलिनी रुजगात भरी कलही नित फूहर सोयधरै॥ दवि[illegible] हिताहित कौनगनै गुरुलोगन पै जनु आगिबरै। इन औगुण[illegible] तजि बैजनाथ पतिव्रत पै पति प्यार करै" वल दोहा है॥६[illegible]

दोहा ॥

चातक सुतहि सिखावनित, आन नीर जनि लेहु ।
यह हमरे कुलको धरम, एकस्वातिसों नेहु १००

चातक आपने सुत कहे पुत्रको सदा सिखावत कि आन नदी तड़ागादिको नीर जनि लेहु अर्थात् न पीवहु काहेते कि हमारे कुलको यह धर्म है कि एक स्वातीसों नेह करना भाव स्वाती बर्षै ताही बुन्दको ऊर्ध्वमुख पीना तैसेही अनन्यभक्त आपने शिष्यन को सिखावत कि हमारे कुलको यह धर्म है कि और देवादिकन की ओर मन न देना एक श्रीरघुनाथजीसों प्रेम करना सोऊ अथाह है शरण में रहना तहां आचार्यन के बचन सोई सिखावना है (यथा हारीते) दास्यमेव परं धर्मं दास्यमेव परं हितम् । दास्येनैव भवेन्मुक्तिरन्यथा निरयं व्रजेत्॥ पयोधर दोहा है॥ १००॥

दोहा ॥

दरशन परसन आनजल, बिन स्वाती सुनु तात ।
सुनत चेंचुवा चितचुभो, सुनत नीति बरबात १०१
तुलसी सुत से कहत है, चातक बारम्बारि ।
तात न तर्पण कीजियो, बिना बारिधर बारि १०२

(पुनः) चातक आपने पुत्रसों सिखावत कि हे तात ! बिना स्वाती और जलको दर्शन भाव आंखिसों न देखना परसन देह सें न लगावना ऐसी नीति की वर कहे श्रेष्ठ बात सुनतही चेंचुआ जो चातक को बचा ताके चित्त में ये वचन चुभिगये भाव चित्त में पुष्ट धारण करिलियो तैसेही आचार्यन के उपदेश शिष्यनप्रति हैं (यथा शिवसंहितायाम्) " मधुरे भोजने पुंसो विषवद्भोजने

मलम् । मलं स्यादन्यदेवानां सेवनं फलवाञ्छया ॥ तस्मादनन्य-सेवीसन् सर्वकामपराङ्मुखः । जितेन्द्रियमनःकोपो रामं ध्यायेद-नन्यधीः" ऐसे शास्त्रप्रमाण नीति के वचन वर कहे श्रेष्ठ समुझिकै शिष्यन के चित्त में चुभिजात ताते वैभी अनन्य है प्रभुको भजत ॥ त्रिकल दोहा है १०१ गोसाईंजी कहत कि चातक आपने पुत्र सों बारम्वार कहत कि वारिधर मेघ अर्थात् विना स्वाती में वरसे जल और जलसों तर्पण न कीजियो और जल सों तिलाञ्जलि न दीजियो यही उपदेश भगवत् अनन्य आपने बा-लकन सों करत कि ऊर्ध्वपुण्ड्रादि संस्कारकरि भगवतको स्मरण सहित श्राद्ध तर्पणादिक करना सो आचार्यनके द्वारा वेद में प्रसिद्ध है (पाराशरे) श्राद्धेदाने च यज्ञे च धारयेदूर्ध्वपुण्ड्रकम् । सन्ध्याकाले जपे होमे स्वाध्याये पितृतर्पणे" ॥ (पुनःआगमे) तावद्भ्रमन्ति संसारे पितरःपिण्डतत्पराः । यावद्वंशे सुतो रामभक्ति-युक्तो न जायते" इत्यादि मदकल दोहा है ॥ १०२ ॥

दोहा ॥

बाजचञ्चुगतचातकहि, भई प्रेम की पीर ।
तुलसीपरवशहाड़मम, परिहै पुहुमी नीर १०३
अण्डफोरिकियचेंचुवा, तुषपरो नीर निहारि ।
गहिचंगुल चातकचतुर, डार्यो बाहर वारि १०४

काहूसमय चातकको बाजने पकरिलियो जब वाके चंगुल में परो तब जीवकी पीर न भई गोसाईंजी कहत कि स्वामीके प्रेम की पीर भई कि मैं परवश हौं मेरा मांस खाय हाड़ डारिदेइगा तौ कहूं भूमि नीरमें न परिजाय तैसे कालरूप बाज के चोंच में

परे अनन्यभक्तन को यह पीर होत कि हमारा मृतक भी शरीर भगवत् धाम ते बाहेर न जाय॥ पयोधर दोहा है १०३ चातक ने आपने अण्ड फोरि चेंचुवा कहे बच्चा प्रकट करे जो अण्ड के तुष कहे फोकला जाय नीर में परे देखिकै ताके उठायबे हेत चातक चतुरने चोंच न बोरी चंगुलसों पकरि पानीसों बाहेर भूमिमें डारि दई तथा अनन्यभक्त जापर दयाकरि अण्डरूप स्थूलदेह सों शुद्ध-स्वरूप की चैतन्यता कराई तब तुष सरीखे स्थूल देह कुसंगरूप जल में परत देखि शास्त्ररूप बचन पञ्जनसों गहि कुसंगरूप जल को त्याग कराये॥ पयोधर दोहा है॥ १०४॥

दोहा॥

होय न चातक पातकी, जीवन दानि न मूढ़।
तुलसी गति प्रह्लादकी, समुझि प्रेम पद गूढ़ १०५

कोऊ कहै कि एक स्वाती के प्रेम ते गङ्गा यमुनादि महा-पावन जलको निरादर किया तौ चातक पातकी है ताहेत कहत कि चातक पातकी नहीं होय है काहेते जामें प्रेम लगाये है अर्थात् जीवन जल ताको दानि मेघ सो मूढ़ नहीं है कि सबको त्यागि वाहीमें प्रेम लगाई ता सेवकको कोऊ पातक लगाय वाको बिघ्न कीन चाहै तौ स्वामी के अख्त्यारभरि बिघ्न न होने पावैगो ताही भांति जो सबको त्यागि भगवत् में प्रेम लगायो वा भक्त को कोऊ दोष लगाय दण्डदीन चाहै तौ भगवत् मूर्ख नहीं है देखो अम्बरीष के हेत दुर्वासाऋषि की कैसी दशा भई कि जब अम्बरीष की शरण आये तब प्राण बचे सो गोसाईजी कहत कि प्रह्लादकी गति देखो कि याने किसी को कहा न माना सि-वाय श्रीरामनामकी दूसरी बात मुखते न कहे तापै हिरण्यकशिपु

ने अनेक बाधा करी कुछ न व्यापा जब प्रह्लादजी के मारने की इच्छा करी तब खम्भ फोरि प्रकट है श्रीनृसिंहजी तुरत हिरण्यकशिपु को मारिडारा ऐसा एकांगी प्रेमको पद गूढ़ है ताको समुझिले अर्थात् ऐसे भक्तन के भगवत् आधीन है (यथा भागवते) "अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतन्त्र इवद्विजः। साधुभिर्ग्रस्तहृदयो भक्तैर्भक्तजनप्रियः" पयोधर दोहा है ॥ १०५ ॥

दोहा ॥

तुलसी के मत चातकहि, केवल प्रेम पियास।
पियतस्वातिजलजानजग, तावतबारहमास १०६
एक भरोसो एक बल, एक आश विश्वास।
स्वाति सलिल रघुनाथबर, चातकतुलसीदास १०७

गोसाईंजी कहत कि हमारे मत ते केवल शुद्ध प्रेमकी पियास एक चातकही को है काहेते यह बात प्रसिद्ध सब जग जानत है कि बारहमासन में तावत कहे पियासन मरत एक स्वाती के वर्षे जलको पीवत अर्थात् स्वाती कार्त्तिक में लागत ता समय जो वर्षे न तौ कार्त्तिकमें भी पियासन मरै याते बारहमास कहे सोई चातक की रीति गोसाईंजी आपनी आगे कहत ॥ बल दोहा है १०६ एक भरोसो अर्थात् दूसरे को कुछ भरोसा नहीं है एक श्रीरघुनाथजीकी शरणागतको भरोसा है कि प्रभुको वचन है कि ॥ कोटि विप्र अघ लागै जेही। आये शरण तजों नहिं तेही (यथा वाल्मीकीये) "सकृदेवप्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम" (पुनः) एक बल भाव दूसरे को बल नहीं एक श्रीरघुनाथजी भक्तवत्सल ताको बल है (यथा)

"सुनु मुनि तोहिं कहौं सहरोसा। भजै मोहिं तजि सकलभरोसा॥ सदा करौं ताकी रखवारी। जस बालक राखै महतारी" (यथा अध्यात्म्ये) "मित्रभावेन सम्प्राप्तं न त्यजेयं कथंचन। दोषो यद्यपि तस्य स्यात्सतामेतदगर्हितम्" (पुनः) एक आश भाव दूसरेकी आश नहीं सब आशा छांड़ि एक श्रीरघुनाथजीकी आशाहै (यथा) राम मातु पितु बन्धु, सुजन गुरु पूज्यपरम हित। साहेब सखा सहाय, नेह नाते पुनीत चित॥ देश कोष कुल कर्म, धर्म धनधाम धरणिगति। जातिपांति सबभांति, लागि रामहिं हमारिपति॥ परमारथस्वारथ सुयश, सुलभ रामते सकलफल। कह तुलसिदास अब जब, कबहुं एकराम ते मोर भल (यथा शिवसंहितायाम्) "लौकिकावैदिकाधर्मा उक्ता ये गृहवासिनाम्। त्यागस्तेषां तु पातित्यं सिद्धौ कामविरोधिता" (पुनः) बिश्वास एक अर्थात् सबकी बिश्वास त्यागि एक श्रीरामनाम की बिश्वास है (यथा कवित्त) "सब अङ्गहीन सब साधनबिहीन मन, बचन मलीन हीन कुल करतूति हौं। बुद्धि बलहीन भाव भगति बिहीन दीन, गुणज्ञानहीन हीन भागहू बिभूतिहौं॥ तुलसी गरीबकी गई बहोरि रामनाम, जाहि जपि जीह रामहूको बैठो धूतिहौं। प्रीति रामनाम सों प्रतीति रामनाम की, प्रसाद रामनाम के पसारि पायँ सूतिहौं" (यथा केदारखण्डे शिववाक्यं) "रामनामसमं तत्त्वं नास्ति वेदान्तगोचरम्। यत्प्रसादात्परां सिद्धिं सम्प्राप्ता मुनयोमलाम्" (अध्यात्म्ये) "अहं भवन्नामगृणन्कृतार्थो वसामि काश्यामनिशं भवान्या। मुमूर्षमानस्य विमुक्तयेहं दिशामि मन्त्रं तव रामनाम" (ब्राह्मये ब्रह्मवाक्यम्) "प्रमादादपि संस्पृष्टो यथानलकणो दहेत्। तथौष्ठपुटसंस्पृष्टं रामनाम दहेदघम्" (आदिपुराणे

कृष्ण वाक्यम्) " श्रद्धया हेलया नाम वदन्ति मनुजा भुवि । तेषां नास्ति भयं पार्थ रामनामप्रसादतः " (ऋग्वेदे) " परंब्रह्मज्योतिर्मयं नाम उपास्यं मुमुक्षुभिः " (यजुर्वेदे) रामनाम जपेनैवदेवतादर्शनंकरोतिकलौनान्येषाम्" (सामवेदे) "रामनामजपादेव मुक्तिर्भवति " (अथर्वणि) " यश्चाण्डालोपि श्रीरामेतिवाचंवदेत् तेन सहसंवसेत् तेन सह संवदेत् तेन सह संभुञ्जीत " अरु स्वाती को सलिल कहे जल श्रीरघुनाथजी हैं वरकहे श्रेष्ठ हैं तहां सब मासन में जल वर्षत सो सामान्य है अरु स्वाती को जल उत्तम है काहेते जा जल ते मुक्ता कर्पूरादि अनेक पदार्थ पैदा होते हैं तथा श्रीरघुनाथजी सबरूपनमें श्रेष्ठहैं काहेते जिनको नाम सुलभ लोकपावन है अरु रूप में बल, प्रताप, यश, कीरति, उदारता, सौलभ्यता, सुशीलता, सौहार्दता, वत्सलता, माधुरी आदि रूपमें अनेक गुण सेवकनके सुखदायक हैं ताते स्वातीको जल है तिनहीं की एक आश भरोस विश्वास है ताते श्रीगोसाईं जी चातक हैं भाव केवल श्रीरामरूप में प्रेमासक्त हैं और दिशि मन नहीं जान देत ऐसे अनन्य हैं ॥ मदकल दोहा है ॥ १०७ ॥

दोहा ॥

आलबालमुक्ताहलनि, हिय सनेह तरुमूल ।
हेरुहेरु चितचातकहि, स्वातिसलिलअनुकूल १०८

यामें प्रथम सनेहरूप वृक्ष वर्णनकरत ताको प्रथम आलबाल अर्थात् थाल्हा चाहिये सो कहत कि हिय हृदयरूप आलबाल करु कैसा होय मुक्ताहलनि अर्थात् हृदय मुक्तनसम निर्मल हल कहे सघन तहां हल कहे स्वररहित वर्ण संयोगी होत भाव एक में मिलि रहत तथा विवेक, वैराग्य, शम, दम, क्षमा, शान्ति,

सन्तोषादिगुण निर्मल सघन सोई मुक्ताहलनि करि हृदयरूप आलबाल है ता बिषे सनेह कहे श्रीराम प्रीतिरूप तरु ताकी मूलको हेरु भाव मूलके सेवनते बृक्ष हरित रहत सो आपने चित्तते गोसाईंजी कहत कि श्रीराम प्रीतिकी जो मूल है ताको सेवनकरु प्रीतिकी मूल का है सो (यथा भगवद्गुणदर्पणे) " ददाति प्रतिगृह्णाति गुह्यं वक्ति च पृच्छति। भुङ्क्ते भोजयते चैव षड्विधं प्रीतिलक्षणम् " सो दिहे लिहे गुप्त पूछे कहे खाये खवाये इत्यादि षड्विधि प्रीति की मूल हैं इहां आत्मसमर्पण देनो है भगवत् की दया को लेना आपने अवगुण कहनो प्रतिक्षण सेवा सो पूछना है भोग लगावना प्रसाद खाना इत्यादि पर सदा दृष्टि बनी रहै तब प्रीतितरु नित्यनवीन रहै सो प्रीतिको सांगबर्णन करतहौं (यथा) " प्रणयप्रेम आसक्त पुनि, लगन लाग अनुराग। नेह सहित सब प्रीति के, जानब अङ्ग बिभाग " इत्यादि तुम हमारे हम तुम्हारे यह प्रणय है याकी सौम्यदृष्टि है यामें आसक्त होना सो आसक्ती है याकी यकटक दृष्टिहै ये दोऊ अहंकार के बिषय हैं (पुनः) प्रीति उमँगि नेत्र कण्ठ भरिजायँ ताको प्रेम कही याकी बिह्वल दृष्टि है प्रतिक्षण सुधि होना यह लगनहै याकी उत्कण्ठा दृष्टि है ये प्रेम लगन दोऊ मन के बिषयहैं चित्तकी जो चाह सो लागहै याकी चोप दृष्टि है जाके रङ्ग में चित्त रँगारहै ताको अनुराग कही याकी मत्त दृष्टि है ये लाग अनुराग दोऊ चित्त के बिषय हैं मिलनि बोलनि हँसनि सो प्रसन्नता सो स्नेह है याकी ललित दृष्टि है चिक्कणता शोभा सहित सर्वाङ्ग व्यवहार सो प्रीति याकी आधीन दृष्टिहै इत्यादि अहंकार मन चित्त बुद्धि द्वारा सब बिषय अनुकूलह्वै ज्यहि रसको अत्यन्त भोगी ह्वै सर्वाङ्ग परिपूर्णह्वै

जाइ ताको प्रीति कही (यथा भगवद्गुणदर्पणे) अत्यन्तभोग्यता बुद्धिरनुकूलादिशालिनी । अप्रपूर्णस्वरूपा या सा स्य त्प्रीतिरनुत्तमा ॥ ऐसी श्रीरामप्रीति अर्थात् स्नेहरूप वृक्ष हरित रहने हेतु याकी मूल जो प्रथम कहि आये हैं ताको सदा सेवा पूर्वक हेरत रहु यह प्रेमकी पुष्टता करि (पुनः) कहत हे चित्त ! जा भांति स्वाती को सलिल अर्थात् जल ताकी अनुकूल चातक है भाव दूसरी ओर मन नहीं लगावत तैसे तू सदा श्रीरघुनाथजी के अनुकूलरहु भाव श्रीरघुनाथजीको छांड़ि दूसरी दिशि मन न लागै यामें अनन्यता पुष्ट है या दोहा में प्रेम अरु अनन्यता दोऊ पुष्ट वर्णन करे ॥ बल दोहा है ॥ १०८ ॥

दोहा ॥

राम प्रेम बिन दूबरे, राम प्रेम सह पीन ।
बिशदसलिलसरबरबरण,जनतुलसीमनमीन १०६
आप बधिक बर बेषधरि, कुहै कुरङ्गम राग ।
तुलसी जो मृगमनमुरै, परै प्रेमपट दाग ११०

इति श्रीमद्गोस्वामितुलसीदासविरचितायांसप्तशतिकायां प्रेमभक्तिनिर्देशःप्रथमस्सर्गः ॥ १ ॥

(यथा) तड़ागादि अगाधजलमें मीन मछली पीन कहे पुष्ट रहत बिन जल दूबरी अर्थात् मृतकप्राय होत तथा जन तुलसी को हृदय सरवर बर्ण कहे तड़ागरूपहै तामें श्रीरामप्रेमरूप बिशद कहे सुन्दर निर्मल सलिल कहे जलरूप है तामें तुलसी को मन मीनरूप सदा मग्न रहत सो श्रीरामप्रेम बिनदूबरे अर्थात् या समय कुसंगरूप ग्रीष्म मासभयो श्रीराम प्रेमरूपजल सोकि गयो तब मन

रूप मीनदूबरे अर्थात् दुःखित भयो या समय श्रीरामलीला श्रवण कीर्तनआदि सत्संग रूप बर्षा भयो तब श्रीराम प्रेमरूप जल अगाध भयो तब मनरूप मीन पीन कहे पुष्ट अर्थात् आनन्द रहत भाव बिना श्रीरामप्रेम हमारो मन आनन्द नहीं रहत ॥ त्रिकल दोहा है १०६ कदापि मित्र वा स्वामी करिकै कछु दुःख भी प्राप्त होइ तबहूं प्रेम नवीन बना रहै ताते मृगकी प्रीति रागमें कहत कि आपु बधिक आपनी देह में बरबेष कहे पहिरावादि श्रेष्ठ धारण काहेते व्याधबेष मृगचीन्हि लेते हैं सो वाके देखतही भागि जाय ताते मनोहर बेष बनाये शीश पर दीपकबारि धरि कुरङ्गराग जो मृगन को मनमोहन राग ताको कहैं बीणादि बाजा में राग आलापत ताको सुन्दर बेष देखि राग सुनि मृग मग्न ह्वै बेसुधि ह्वै जात तब बाणादि ते मारत इत्यादि चरित्र देखि अपर मृग क्यों नहीं भागिजात तापै गोसाईंजी कहत कि जो मृग को मन मुरिजाय भाव बिमुख होय तौ प्रेमरुपट कहे बसन में दाग लागै भाव फिरि मृगा प्रेमिनमें न गनाजाय काहेते प्रेम को स्वरूप ऐसा है कि जाके प्रेम उमगत ताकी सुधि बुधि भूलिजात तैसे आपु श्रीकोसलकिशोर चित्तचोर स्वाभाविक सुबेष धारण किहे बधिक हैं अरु अहल्या, गुह, कोल, जटायु, शबरी आदिकन पै दया सौलभ्यता पतितपावनतादि गुण मोहन रागको आलाप है ताको सुनि तुलसीको मनरूप मृग मोहित भयो ता समय कुटिल भृकुटी धनुष कटाक्षबाण माधुरी छटारूप बिष सों बोरे बाण ते ऐसा मारा कि चौरासीरूप तनुते प्राण निसरिगये यह प्रेमकी दशा सांची जनकपुर में बिवाह समय जनकपुर स्त्रियों पर व्यतीत भई (यथापद) अद्भुत गति रघुनन्द करी री ॥ सखि समाज

तजि लाजे अवश ह्वै अवलोकत नहिं पलक परी री। नेह नवाय कुटिल भृकुटीधनु सजि कटाक्ष बिष प्रेम भरी री॥ नैनबाण ज्यहि लाग सखी उर तरफरात बिन होश परी री। मृदुमुसक्यानि कृपान म्यान मुख द्विजप्रकाश खरसान धरी री॥ घायल गात दिखात घाव नहिं काटि हियो दुइटूक करी री। शीलस्सील प्रकाश निशित अति तारिसहित गहि चाह फरी री॥ लागत वचन कटार सखी उर विरह पीर बुधि ज्ञान हरी री। बिन अपराध व्याध कोसलसुत सखिसमाज कुलि कतलकरी री॥ बैजनाथ परि क्यों उबरै तिय प्रेम गांठि गर फाँसपरी री॥ ११०॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणवैजनाथ
विरचितेसप्तशतिकाभावप्रकाशिकायां प्रेमभक्ति
अनन्यताप्रकाशःप्रथमप्रभा समाप्ता॥ १॥

दोहा॥

जगारन्य घन गूढ़ इन, दुर्गम सुधी कल्लान।
बद्धजनार्था नौमिशुण, गुणनिधि प्रणयाल्लान १
सियास्याब्जमधुव्रत्तहरि, मुखशशिसीयचकोरि।
प्रणयामलवन मनसरहि, सुखद कुमुदधी मोरि २

यहि सर्ग विषे पराभक्ति अरु उपासना वर्णन है तहां उपासना को कैसा स्वरूप है सो (यथा) "उपासनन्नाम तैलधारावद विच्छिन्नतया समानप्रत्ययप्रवाहः" (यथा) तैलकी धार ऊर्ध्वते गिरती अविच्छिन्न कहे टूटती नहीं तेही समान जो प्रत्यय परतीति आत्मा परमात्मा की एकता प्रवाह धारारूप ताको उपासना

कही (अथवा) उपसमीपे आस्यते उपविश्यते मायाधीशोऽनयां॥ समीप के बिषे प्राप्त होइ सगुण ब्रह्म जेही करिकै ताको नाम उपासना (पुनः) परा भक्ति काको कही (यथा) शाण्डिल्य सूत्र में है। सापरानुरक्तिरीश्वरे ईश्वरे अनुरक्तिः सा पराभक्तिः ईश्वर बिषे जो अखण्ड अनुराग ताको पराभक्ति कही अरु ईश्वर के गुण सुनि अथवा रूप देखि रोमाञ्च कण्ठावरोध आंसू आदि मनकी उमंग ताको प्रेमाभक्ति कही तहां प्रेम की द्वादश दशा हैं तामें अन्त दशा को नाम अनुराग सो है सब दशा क्रमते लिखी जाती हैं प्रथम दशा को नाम उत्त है (यथा) "प्रियगुण सुनि वा रूपलखि, तेहि तजि और न चाहि। बागमध्य सियरामइव, उत्त दशा सो आहि १" दूसरी यत्तदशा (यथा) "सुनि बियोग संदेशवा, निकटहु अगम जु प्रीय। मिथिलागम हरिपुर तिया, यत्त दशा गोपीय २" तीसरी ललित दशा (यथा) "ललित दशा गुरुलाज तजि, प्रिय देखनकी आस। रङ्गभूमि रघुनाथ कित, जनकललीं दृग प्यास ३" चौथी दलित (यथा) "प्रिया बियोग दुखार्त में, ध्यान उमग दृग नीर। दलित दशा सिय लङ्क में, बिवरन भयो शरीर ४" पँचई मिलितदशा (यथा) "प्रिया बियोग मनोर्थ जो, प्राप्त होत सुख हीय। मिलितदशा जब लङ्क में, राम मिलतभो सीय ५" छठई कलित (यथा) "ध्यान मिलन अथवा प्रकट, रहस्य मिलित सुख होइ। रामब्याह पुरतिय मगन, कलित दशा है सोइ ६" सतईं छिलितदशा (यथा) "हित स्नेह अतिहीय सुख, सरुप कहै कैरोइ। भरतागमबन लषण जिमि, छिलितदशा है सोइ ७" आठईं चलितदशा (यथा) "तनु त्यागत प्रियचरणरति, जन्म जन्म चहि जौन। सती शम्भु हरि बालि

ज्यों, चलितदशा है तौन ८" नवईं क्रान्त १ विक्रान्त २ संक्रान्त ३ भेदक्रमते (यथा) " देहभूलि सुख ध्यान प्रिय, दशाक्रान्त की बाढ़ि। बैठ सुतीक्षण अचलमग, राम जगावत ठाढ़ि १ द्वितिय भेद विक्रान्तमिलि, इष्ट हर्ष सरसात। यथा सुतीक्षण राम लखि, भाग्य सराहतजात २ तृतियभेद संक्रान्त जब, तन मन सुखहि समाप। द्विरागमन इव लोकमें, दम्पति प्रथम मिलाप ३। ६" दशईं संहृत विहृतदशा (यथा) कलह मान जब इष्टसों, संहृतदशा बखान। पुनि पीछे पछिताय तब, विहृत ताहि में जान १० गेरहीं गलित (यथा) " गुण गावत नाचत बिसुधि, गलित दशा दरशात। मगन सुतीक्षण राम के, मिलन राह में जात ११" बारहीं संतृप्त दशा अनुरागको पूर्णरूप (यथा) "साधन शून्यलिये शरणागत नैन रँगे अनुराग नसा है। पावक व्योम जलानिल भूतल बाहर भीतर रूप बसा है॥ चिन्तवना हम बुद्धिमयी मधु ज्योंमखिया मनजाहि फँसा है। बैजसुनाथ सदारस एकहि याविधिसों संतृप्त दशा है १२" "पाल जानकी जानकी, निरय जानकीबार। जैति रामकी रामकी, कृपा रामकी सार" (अथार्थ) जिनके मन भगवत्के अनुराग में रँगे और कुछ नहीं जानते हैं ऐसे जे अनुरागी भक्त हैं तिनके रक्षक श्रीराम जानकी को भक्त वत्सलता गुण देखावत॥

दोहा॥

खेलत बालक व्यालसँग, पावक मेलत हाथ।
तुलसी शिशुपितु मातुइव, राखतसिय रघुनाथ १

लोक में बालक व्याल जो सर्प ताके साथ खेलत (पुनः)

पावक जो अग्नि तामें हाथ मेलत कहे पकरिलेबेकी इच्छा करत काहेते सर्प अरु अग्नि के बिकारको नहीं जानत परन्तु पितु मातु के अनुराग में रत रहत ताहीते माता पिता की दृष्टि सदा बालकही पर रहत अग्नि सर्पादि भयते सदा रक्षा करत, इति दृष्टान्त ॥ अब दार्ष्टान्त कहत कि याही भांति ये सदा भगवत् अनुराग में मग्न हैं और सब बातते अजान बालसम ते बिषय रूप सर्पके संग खेलते हैं भाव स्त्री पुत्र धन धाम राज्यादि के संग रहत (यथा) अम्बरीष प्रह्लादादि (पुनः) पावक में हाथ मेलत भाव काम क्रोध लोभ मोहादि को संग राखत (यथा) सुग्रीव बिभीषण कामवश भाव जामें रत भये ध्रुव क्रोधबश कुबेर पै चढ़े बलि लोभबश देवनकी राज्य छीने पुत्रके मोहबश अर्जुन अधीर भये इत्यादि बिषयरूप सर्प क्रोधादि अग्नि इनकी बाधा निवारण हेतु श्रीराम जानकी माता पिता की समान भक्त रूप बालकन को सदा रक्षा करत वाको बिकार छुइ नहीं जाने पावत कैसे कि भगवतभक्ति का यह प्रभाव है कि देह ते चहे सो करे मन काहू बात में आसक्त होतही नहीं मन भगवतमें रहत ताते बिषय आदि बाधा करी नहीं सकत जो कदापि काहू बातमें मन लागि गयो तब ऐसा दुःख ह्वै गयो जामें ऊबिकै आपही मन हटि आयो यही भगवत् की रक्षा है ॥ अड़तिस बर्ण बानर दोहा है ॥१॥

दोहा ॥

तुलसी केवल राम पद, लागै सरल सनेह।
तौ घर घट बन बाटमहँ, कतहुँरहै किन देह २

गोसाईंजी कहत कि सत् असत् कार्य त्यागि हर्ष शोक रहित सबकी आश भरोसा छांड़ि केवल एक श्रीरघुनाथजी के पद-

कमलन में सरल कहे सहज में एकरस सदा सनेह बना रहै कौन भांति यथा स्त्री, पुत्र, धन, धामादि में विना यत्न कीन्हे सहजही में मन मग्न रहत ताही भांति श्रीरामरूप स्नेहको नसा ऐसो सदा नेत्रनमें चढ़ा रहै यही अनुराग पराभक्तिको लक्षण है (यथा महारामायणे) "अन्ये विहाय सकलं सदसच्चकार्यं श्रीरामपङ्कजपदं सततं स्मरन्ति। श्रीरामनामरसनां प्रपठन्ति भक्त्या प्रेम्णा च गद्गदगिरोप्यथ हृष्टलोमाः॥ सीतायुतं रघुपतिं च विशोकमूर्तिं पश्यन्ति नित्यमनघाः परयामुदातम्" जो ऐसा स्नेह बना रहै तो घरमें औघट कहे नदीके औघट घाटमें वनमें बाट कहे राहमें इत्यादिमें कतहूं किन कहे काहे न देह रहै अर्थात् लोक परलोककी कुछ भय नहीं है तहां लोक घरमें मोहादि नहीं बाधा करत परलोक घरमें स्वर्ग नरकादि नहीं बाधा करत लोकमें नदिन के घाट परलोकमें भवसागर दोऊ विघ्नबाधक नहीं होत लोकवन में व्याघ्रादि परलोकवनमें कामादि सोऊ नहीं बाधक होत लोक मार्ग में ठग परलोकमें यमगण सोऊ बाधक नहीं काहेते श्रीरघुनाथजी सदा रक्षा करत (यथा) रामरक्षासु॥ आत्तसज्यधनुषा विपुस्पृशा वक्षपाशुगनिषङ्गसंगिनौ। रक्षणाय मम रामलक्ष्मणावग्रतः पथि सदैव गच्छताम्॥ बानर दोहा है॥ २॥

दोहा॥

कै ममता करु राम पद, कै ममता करु हेल।
तुलसी दोमहँ एक अब, खेलछांड़ि छलखेल ३
कै तोहिं लागहिं रामप्रिय, कैतुराम प्रिय होहि।
दुइमहँ उचित सुगम समुझि, तुलसी करतब तोहि४

यह हमारो पुत्र हम याके पिता ऐसा अपनपौ मानि मनको लागना यही ममता है सो कहत कि कैतौ ममता श्रीरघुनाथजी के चरणनमें करु भाव सर्व्वव्यापक परब्रह्म श्रीरघुनाथजी हमारे स्वामी अरु हम श्रीरघुनाथजी के सेवक इत्यादि भावकरि प्रभुमें अचलमन को लगाउ तौ देहके नेहनाते कोऊ बाधक नहीं है यह उपासना देश है अरु कै ममता करु हेल अर्थात् जो दृढ़सनेह प्रभु में नहीं है तौ सब देहके नेह नाते तिन्हें हेल कहे त्यागकरि उदासीन ह्वै कर्म ज्ञानादि के साधन करिकै मनको शुद्ध करु तब आप श्रीराम पदमें सनेह प्रकट होइगो इत्यादि दो बातन में जो भावै सो अब छलछांड़ि सांचे मनते एक खेलको खेल भाव यातौ प्रभुमें सहज सनेह करु नातौ सबसों सनेह त्यागि प्रभुके सनेहको उपाय करु॥ पयोधर दोहाहै २ कैतौ तोको श्रीरघुनाथजी प्रिय लागैं अर्थात् जो सहजमें सनेह प्रभुमें बनारहै तौ जप यज्ञ संयमादि बिना किहे जीव को कल्याण ह्वै जाय (यथा) "जो बिन योग यज्ञ व्रत संयम गा चाहौ भवपारहि। तौ जनि तुलसिदास निशिबासर हरिपद कमल बिसारहि॥" (यथा) कोलभीलादि सुगम परमपद के अधिकारी ह्वैगये अरु कैतौ तोहीं श्रीरघुनाथजी को प्रिय होइ अर्थात् सब साधन करि मन शुद्ध करु तब तू श्रीरघुनाथजीको प्रिय होइ (यथा) चौ० शम दम नियम नीति नहिं डोलहिं। परुष बचन कबहूं नहिं बोलहिं॥ "दो० निन्दा अस्तुति उभय सम, ममता ममपदकञ्ज। ते सज्जन मम प्राणप्रिय, गुण मन्दिर सुखपुञ्ज॥" इत्यादि गोसाईजी अपने मनते कहत कि जो पूर्व कहे तिन दो बातन में एक जो तोको सुगम समुझिपरै सो करतब करिबो तोको उचितहै काहेते श्रीरामदास कहावत है॥ चालिस वर्ण मच्छ दोहा है॥४॥

दोहा॥

रावणारि के दाससँग, कायर चलहिं कुचाल।
खर दूषण मारीच सम, मूढ़भये बश काल ५

रावण ऐसा शूर जो अनेकन बार शिरकटे ताहू पर रणभूमितें मन मुरो नहीं सोऊ श्रीजानकीजी सों कुचालको मनोरथ कीन्हों ताको बंशसहित नाश कीन्हें सोई रावणके अरि श्रीरघुनाथजी तिनके दासन के साथ कायर कादर दुष्ट कुचाल चलत भाव मर्यादा बिगारा चाहत श्रीरामभक्तन की ते मूढ़ कालबश भये भाव मरजायँगे कौनभाँति (यथा) खर दूषण मारीच भाव इनहीं कुचालके आदि कारण हैं तेऊ एकक्षण में सेनासहित नाशभये मारीच कपटमृग बनो सो एकही बाण में नाशभयो तैसे भक्तन के विरोधी नाश होयँगे॥ छत्तिस वर्ण पयोधर दोहा है॥ ५॥

दोहा॥

तुलसी पतिदरबार महँ, कमी बस्तु कछु नाहिं।
कर्महीन कलपत फिरत, चूक चाकरी माहिं ६
राम गरीब निवाज हैं, राजदेत जन जानि।
तुलसीमनपरिहरतनाहिं, घुरबिनिया की बानि ७

पूर्व दोहा पर कोऊ संदेह करै कि फिरि भक्तनको अनेक क्लेश क्यों होते हैं तापर गोसाईंजी कहत कि भक्तनके पति जो श्रीरघुनाथजी तिनके दरबारमें अर्थ, धर्म, काम, मोक्षादि कछु बस्तु कमी नहीं है भक्तन के इच्छा करतही ऋद्धि सिद्धि सब प्राप्त होती हैं परन्तु मन प्रभुही में लागरहै तौ भला है कदापि काहू और बातमें मन लागि गयो तौ चाकरी में चूक परी ताते कर्महीन

भयो ताको फल दुःख तामें दुःखी ह्वै कलपत फिरत भाव सुखद तौ त्यागे सुख कैसे होई ॥ बल दोहा है ६ श्रीरघुनाथजी तो गरीबनिवाज हैं आपनो जन जानि राज कहे लोक परलोक को पूर्ण सुख देते हैं लोक में अर्थ, धर्म, काम, परलोक में मुक्ति भाव, धन, धाम, स्त्री, पुत्र, राज्य, ऋद्धि, सिद्धि, इच्छा करतही सब प्राप्त होत तब उचित तौ यह है कि जा प्रभु की शरणागत ते यह सब ऐश्वर्य आपही प्राप्त होत ता प्रभु में दृढ़करि मन लगावा चाहिये सो तौ करते नाहीं का करता है सो गोसांईंजी कहत कि घुरविनियाकी बानि जो स्वभाव ताको मन छांड़ते नहीं भाव लोक बस्तुनकी चाह नहीं छांड़त याते कङ्गालता बनी रहत याते यहौ गई वहौ गई याते सन्तोष सहित प्रभु सनेह चाहिये दोहा पूर्वही को है ॥ ७ ॥

दोहा ॥

घर कीन्हे घर होत है, घर छांड़े घर जाय।
तुलसी घर बन बीचही, रहो प्रेम पुर छाय ८
रामनाम रटिबो भलो, तुलसी खता न खाय।
लरिकाई ते पैरबो, धोखे बूड़ि न जाय ९

प्रभुकृपाते सब बस्तु प्राप्त भये पर भी बासना न गई ताही ते शोकको पात्र भायो ताके हेतु कहत कि घर कीन्हे घर होतहै जब तक जीवत रहे तबतक घरही में आसक्त रहे जब मरे जामें बासना लागि रही ताही में पैदा भये (पुनः) घरछांड़े घरजाय घरछांड़ि बनमा बसे लोकबासना न गई तौ परलोक भी न बना इधर घर भी गया ताते घर बन दोऊके बीच अर्थात् देहव्यवहारमात्र घर

में रहै लोकवासना त्याग रुपयन में रहै तिन दोउन के बीच प्रेमपुर श्रीराम प्रेमकी दशनमें मन सदा मगन रहे (अथवा) घर कर्मकाण्ड ताके किहे घर जो नरक स्वर्ग सोई होत भाव ब- न्धन ते नहीं छूटत और घरछांड़े जो कर्म छांड़िदीजै तौ घरजाय भाव वेद आज्ञा भङ्ग ते पतित नास्तिक होइ ताते घर वन दोऊके बीच प्रेमपुर में छाइये भाव फल की वासना त्यागि कर्म करिये आत्मशुद्धि हेतु ज्ञान करिये दोऊ के बीच प्रेम सहित मन श्री: रामरूप में बसा रहै यह उपासना है ॥ पैंतिस वर्ण मदकल दोहा है ८ जो घरमें आसक्त हैं अरु श्रीरामनाम रटत तिनको कैसा होइगा तापै कहत कि विषयासक्तन को भी राम राम रटिबो भला है काहेते जब मृत्युसमय आई तबहूं पूर्वाभ्यास ते श्रीरामनाम उच्चारण बनिपरा तौ भवसागर ते पार ह्वै गये काहेते यवनादिकी कथा पुराणन में प्रसिद्ध है कि मृत्युसमय बिना जाने रामनाम कहे मुक्त भये अरु जो सदा राम राम कहतरहैं कुछ काल में सब पाप नाश होइँगे तब आप शुद्ध ह्वै जाइगो ताते राम राम रटिबो बृथा नहीं जात कौन भांति (यथा) लरिकाईते जे जलमें पैरते हैं ते इत्तिफ़ाक़ परे पर अगाध जल में परे पर भी धोखे सों बूड़ि नहीं सके हैं तैसे राम राम रटै तौ खता न खाइ ॥ बत्तिस वर्ण क- रभ दोहा है ॥ ६ ॥

दोहा ॥

तुलसी बिलँब न कीजिये, भजि लीजे रघुबीर ।
तन तरकस ते जात है, श्वास सारसो तीर १०
रामनाम सुमिरत सुयश, भाजन भये कुजाति ।

कुतरु कुसरु पुरराजबन, लहतभुवनबिख्याति ११

कामादि शत्रुन करिकै घेरमें परो है ताते उबारको उपाय गोसाईंजी कहत अब बिलम्ब न कीजे भजि कहे भजन करिकै श्रीरघुबीर की शरण लीजै कौन भांति सो कहत कि तनुरूप तरकसमें श्वास सारांश है ते बाण सम बृथा जात ताते श्रीरामनाम रूप मन्त्र मन्त्रित करि भाव नाम स्मरण सहित श्वासरूप बाण छांड़िये तब लोकशत्रुते बीच पाइ श्रीरघुबीरकी शरण में प्राप्त हो तब अभय हो भाव जब तक श्रीरघुनाथजीमें मन लागरही तब तक लोकशत्रु बाधा न करिसकी ॥ पैंतिस बर्ण मदकल दोहा है १० श्रीरामनामको सुमिरत सन्ते कुजातिभी सुयशके भाजन भये सुयश काको कही (यथा) "होत जो स्तुति दानते, कीरति कहिये सोइ। होत बाहुबल ते सुयश, धर्म नीतिसह होइ" ताते बाहुबल करिकै सुन्दर यश होइ ताको सुयश कही सो कौन को भया है जा समय चित्रकूट को भरतजी जात रहैं ता समय निषादराजने भरतजी सों युद्धकी तैयारी करी ताते जगमें यश भयो (पुनः) गृध्रराज रावणते युद्ध करो ताको यश भयो (पुनः) राजबन कहे दण्डकबन शुक्राचार्य के शापते राजा दण्डक की राज्यभरि भस्म होगई रहै ता दण्डकबन में कुतरु जे कुत्सितवृक्ष रहे कुसर कुत्सित ताल आदि पुर ग्रामादि सब जासमय श्री रघुनाथजीके पदकमल प्राप्त भये ताही समय सब मङ्गलके मूल ह्वै गये (यथा) 'मङ्गलमूल भयो बन तबते। कीन निवास रमापति जबते" याही ते लहत भुवन बिख्याति सब भुवन में जाकी बड़ाई प्रकट भई (यथा) जेहि तरुतर प्रभु बैठहिं जाई। करहिं कल्पतरु तासु बड़ाई ॥ इति कुतरु भी बड़ाई पाये। जे सर सरित राम अव-

गाहहिं। तिन्हहिं देव सुर सरित सराहहिं॥ इत्यादि चालिस वर्ण कच्छ दोहा है॥ ११॥

दोहा॥

नाम महातम साखि सुनु, नरकी केतिक बात।
सरवरपर गिरिवर तरे, ज्यों तरुवर को पात १२
ज्ञान गरीबी गुण धरम, नरम वचन निरमोष।
तुलसी कबहुँ न छांड़िये, शील सत्य संतोष १३

श्रीरामनामको मांहात्म्य वेद पुराणनमें वर्णन है ताको साक्षी प्रसिद्ध है सो सुनु सरवर समुद्रमें गिरिवर पर्वततरे कौन भांति (यथा) तरुवर वृक्षको पाता तैसे पर्वत उतराने जा समय सेतु बाँधतरहें तब एकमें रकार एकमें मकार लिखि जलमें छांड़िदेहूँ ताते एकमें मिले उतरान करैं तौ पहाड़ जे जड़ हैं तेऊ तरे तौ नरके तरिबे की केतनी बात है काहेते चैतन्य है जो मृत्युसमय भूलिकै नाम निसरिगयो तेऊ भवसागर तरे (यथा) यवनादि को चरित प्रसिद्ध है॥ त्रिकल दोहा है १२ जो पट्शरणागति में कहे कि अनुकूलको ग्रहण प्रतिकूल को त्याग ताको गोसाई जी कहत कि ज्ञानादिको कबहूं न छांड़िये इनते विपरीत को त्यागिये (यथा) ज्ञान कहे नित्यानित्य को विवेक सो न छांड़िये अज्ञान छांड़िये (पुनः) गरीबी अर्थात् जाति विद्या महत्त्वरूप यौवनादि को मद त्यागि दीनता बनी रहै (पुनः) रजोगुण, तमोगुण त्यागि सतोगुण न छांड़िये (पुनः) सब आश त्यागि निश्छल प्रभुमें प्रीति ऐसा धर्म न छांड़िये अधर्म छांड़िये (पुनः) नरम वचन न छांड़िये कठोर वचन छांड़िये (पुनः) निर्मोष

कहे अमान रहिये मान त्यागिये (पुनः) शील न छांड़िये कुशीलता त्यागिये (पुनः) सत्य कहे सांचे आचरणसों रहिये झूंठे त्यागिये (पुनः) संतोष न छांड़िये असन्तोष त्यागिये॥ सैंतिस बर्ण बल दोहा है॥ १३॥

दोहा॥

असन बसन सुत नारि सुख, पापिहुके घर होय।
सन्त समागम रामधन, तुलसी दुर्लभ दोय १४
तुलसी तीरहि के बसे, अवशि पाइये थाह।
बेगहि जाइ न पाइये, सरसरिता अवगाह १५

अशन सुअन्नादि भोजन बसन दुशाला आदि पुत्र नारी इत्यादि यावत् सुख तेतौ पापिनहूं के घरमें होत काहेते सुकृत उदय भयो तौ इनते सुख भयो जो पाप उदय भयो तौ येई दुःख-दायी होत (यथा) आत्मदेवकी स्त्री धुन्धुली पुत्र धुन्धकारी ताते लोक सुख में न भूलो गोसाईंजी कहत कि सन्तन को समागम सत्संग और रामधन कहे श्रीरामभक्तिरूप धन ई दुइ बातें लोकमें दुर्लभ हैं बड़ी भाग्य होइ तौ प्राप्त होइँ जामें सिवाय सुख दुःख हई नहीं॥ अड़तिस बर्ण बानर दोहा है १४॥ सर ताल सरिता नदी आदि अवगाह पैठिकै बेगि पार जावा चहैं तौ न बनि परै काहेते अथाह जलमें परै बूड़िजाइ ताते गोसाईंजी कहत कि जो कछु काल तीरमें बास करै तौ जानत २ अवशिकै थाह जानि लेइ तौ सुगम से पार उतरि जाय ताते सत्संगमें बना रहै तौ देखत सुनत साधुन की कृपाते मन लागत २ श्रीरामभक्तिमें मन लागि जाइ भक्त ह्वै जाइ अथवा यथा सर सरिता को बेगि पार

जावा चहै तौ थाह न पावै बूड़िजाय तथा लोक समुद्र बेगि पार जावा चहै तौ थाह न पावै बूड़िजाय भाव बासना तौ गई नहीं लोक त्याग दिये जब बासना जागी फिरि संसार में परे ताको गोसाईंजी कहत कि लोकसिन्धु के तीरबसेते भाव संसार में रहै मन किनारे किहे भजन करै तौ लोककी थाह पाइये भाव लोक में जीव पचिमरत हाथ कछु नहीं लांगत इत्यादि जीवनके दुःख देखि थाह मिलि गई कि लोकव्यवहार सब झूठा है ऐसा जानि मन खैंचि भगवत् सांचे जानि भक्ति में मन लागि गयो लोक सिन्धु ते पार ह्वै गयो पैंतिस वर्ण मदकल दोहा है ॥ १५ ॥

दोहा ॥

डगअन्तर मग अगमजल, जलनिधि जलसंचार ।
तुलसी करिया कर्म वश, बूड़त तरत न बार १६

परलोककी मार्ग में डग कहे पगके अन्तर अगम जल है कैसा अगम है जलनिधि जो समुद्र तद्वत् जलसंचार "चर गतिभक्षणयोः" धातु ते संचार होत अर्थात् सम्पूर्ण अथाह भये लहरिन करिकै चलिरहा है यहां प्रसिद्ध जलनिधि नहीं कहे जलनिधि जल संचार याते कहे कि जब लोकसिन्धु को त्यागि कर्म ज्ञान उपासनादि परलोक मार्ग पै आरूढ़ भयो तब डग जो पग जीव को पग श्वास है श्वास के अन्तर अगम जल लोक आशारूप नदी मनोरथरूप जल लोकसिन्धुही के तुल्य है तृष्णारूप तरङ्गन सों चलै है नरदेहरूप नाव है गुरुबचन केवट है याभांति तरत समय गोसाईंजी कहत कि कर्मरूप करियाके वशते बूड़त बार नहीं लागत तहां प्रारब्ध कर्म करिया है जो देहरूप नावके पाछे लाग है क्रियमाण कर्म करिया को थांभने वाला है जो शुभकर्म

करै तौ प्रारब्ध को परलोककी ओर फेरिदिये जो अशुभ कियो तौ प्रारब्धको लोककी ओर फेरिदिये आशारूप नदी ह्वै लोकसिन्धु में परि बूड़िगयो ॥ चालिस वर्ण कच्छ दोहा है ॥ १६ ॥

दोहा ॥

तुलसी हरि अपमानते, होत अकाज समाज।
राजकरत रजमिलिगयो, सदलसकुलकुरुराज १७
तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुँओर।
बशीकरण यह मन्त्र है, परिहरु बचनकठोर १८

भगवान्की जो आज्ञा है ताको जे नहीं करत तेई आज्ञाभङ्ग रूप भगवान् को अपमान करत ताको गोसाईंजी कहत कि हरि को अपमान कीन्हेते समाजसहित अकाज कहे नाश होत कौन भांति (यथा) कुरुराज जो दुर्योधन भगवान् को कहा न माने ते राज करत में कुल और सेना सहित रज जो धूरि तामें मिलि गये भाव नाश ह्वैगये ताते भगवान् की आज्ञा करनो उचित है कौन आज्ञा है (यथा) "नरतन भवबारिधि कह बेरा ॥ सम्मुख मरुत अनुग्रह मेरा" (भागवते एकादशे) "नृदेहमाद्यं सुलभं सुदुर्लभं प्लवं सुकल्पं गुरुकर्णधारम् । मयानुकूलेन नभस्वतेरितं पुमान्भवाब्धिं न तरेत्स आत्महा ॥" त्रिकल दोहा है १७ प्रथम कहि आये कि संसार के निकट रहिकै भजन करिये तापै कोऊ संदेह करै कि संसार के निकटरहै तौ काहू ते प्रीति काहू ते बैर तहां निर्बाह की रीति गोसाईंजी कहत कि मीठे बचन बोलिबेते भूमिपै चारहू दिशि सुख उपजत काहे ते यह मीठा बचन एक बशीकरण मन्त्र है ताते कठोर बचन परिहरु कहे त्याग करु सब जगत् तेरो मित्र है ॥ उन्तालिस वर्ण त्रिकल दोहा है ॥ १८ ॥

दोहा॥

राम कृपा ते होत सुख, राम कृपा बिन जात।
जानत रघुबर भजन ते, तुलसीशठअलसात १९
सम्मुख ह्वै रघुनाथ के, देहु सकल जग पीठि।
तजे केंचुरी उरग कहँ,होतअधिकअतिदीठि२०

जीवको सुख कौनप्रकार होत श्रीरामकृपा ते (यथा) सुग्रीव बिभीषण अरु बिना श्रीरामकृपा सुख जात यथा वालि रावणको सो कृपा कौनभांति होत श्रीरघुबर के भजन कीन्हेते कृपा होत जाके भये दुःखद वस्तु सुखदायक होत (यथा महोदधौ) "तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव। विद्याबलं दैवबलं तदेव सीतापतेर्नाम यदा स्मरामि" (यथा) अम्बरीष पै प्रभुकी कृपा न होती तौ दुर्वासाके शापते कैसे बचते ऐसा जानत ताहू पै हे शठ, तुलसी! श्रीरामभजन में आलस करत तौ कैसे सुख होई (यथा) चौ० ॥ कह हनुमन्त विपति प्रभु सोई। जब तब सुमिरन भजन न होई ॥ (भागवते) "तावद्भयं द्रविणगेहसुहृन्निमित्तं शोकः स्पृहापरिभवोविपुलश्च लोभः। तावन्ममेत्य सदवग्रहआर्तिमूलं यावन्नतेऽङ्घ्रिमभयं प्रवृणीत लोकः॥" सैंतिसवर्ण बल दोहा है १९॥ जब श्रीरघुनाथजी की दिशि मन सम्मुख ह्वै जाइ तब सब जगकी दिशि पीठिदेहु भाव लोकवासना मनमें न आवै काहेते हृदयकी दृष्टि को मैल करनेवाली है कौन भांति (यथा) उरग कहे सर्प के जब भीतर त्वचा पुष्ट ह्वैगई तबते जब लग केंचुरि नहीं छांड़त तब तक नेत्रनते साफ नहीं देखात जब केंचुरि छांड़िदियो तब आंखिनको भी पटल उतरि गयो ताते

दृष्टि अधिक साफ़ ह्वैगे तैसे हरिदासन के लोकबासना त्यागे उरग के नेत्र निर्मल होत॥ बल दोहा है॥ २०॥

दोहा॥

मर्यादा दूरहि रहे, तुलसी किये बिचारि।
निकट निरादर होतहै, जिमिसुरसरिबरबारि २१

गोसाईंजी कहत कि हम बिचारि करि लिये हैं तब कहते हैं कि लोकते दूरि रहेते मर्यादा रहत सदा निकट रहे मर्यादा नहीं रहत और निरादर ह्वै जात कौन भांति (यथा) सुरसरि गङ्गाजी को बर कहे श्रेष्ठ बारि कहे जल जो देवतन करिकै पूज्य जाको शिवजी शीशपर धारणकिहे जामें परे महापापी गति पावत ताके निकट बासी मलमूत्र करत ताते दूरि रहनो उचित है॥ सैंतिस बर्ण बल दोहा है॥ २१॥

दोहा॥

रामकृपानिधिस्वामिमम, सब बिधि पूरणकाम।
परमारथ परधाम बर, सन्तसुखदबलधाम २२
रामहिं जानहिं रामरट, भजु रामहिं तजु काम।
तुलसीराम अजान नर, किमिपावहिंपरधाम२३

जो लोकते अलग रहै जो कुछ भय होय तौ कौन रक्षा करै व पालन पोषण कैसे होइ तापै कहत कि हमारे स्वामी जे श्री रघुनाथजी हैं ते कृपासिन्धु हैं जे लोक को पालन पोषण करत ते आपने दास को कैसे न पालन करैंगे (यथा भारते) "भोजने छादने चिन्तां वृथा कुर्वन्ति वैष्णवाः। योऽसौ विश्वंभरो देवः स भक्तान्किमुपेक्षते॥" (पुनः) कैसे प्रभु हैं पूरणकाम हैं कुछ

बलि पूजा चाहत नहीं केवल एक प्रेमते प्रसन्न होत (पुनः) परमार्थ कहे मुक्तिदायक हैं (पुनः) सर्वोपरि बर कहे श्रेष्ठ है धाम जिनको (यथा श्रुतिः) "याऽयोध्यापुरी सा सर्ववैकुण्ठाना-मेव मूलाधारा (मूलप्रकृतेः परात्सत्) ब्रह्ममया विरजोत्तरा दिव्य-रत्नकोशाढ्यस्तस्यां नित्यमेव सीतारामयोर्विहारस्थलमस्तीति" (इत्यथर्वणि उत्तरार्द्धे पुनः) सन्तनके सुखदायक हैं अरु बलके धाम हैं जापै क्रोध करैं ताको कोऊ रक्षक नहीं (यथा हनुमन्नाट-के) ब्रह्मा स्वयंभूश्चतुराननो वा इन्द्रो महेन्द्रः सुरनायको वा। रुद्रस्त्रिनेत्रस्त्रिपुरान्तको वा त्रातुं न शक्ता युधि रामवध्यम्॥ अड़-तिस वर्ण त्रिकल दोहा है २२ पूर्व दोहाका अभिप्राय लैकै यह दोहा है (यथा) रामहिं जानहिं कौन भांति कि श्रीरघुनाथ जी कृपानिधि हैं तौ मेरे भी ऊपर कृपा करहिंगे ऐसा श्रीरघुनाथ जीको जानहिं (पुनः) रामरट कौन भांति अर्थात् पूरणकाम हैं कुछ बलि पूजा नहीं चाहत केवल एक प्रेम चाहत ताते प्रेमसमेत श्रीरामनाम रट (पुनः) भजु रामहिं कैसे कि सन्तनके सुखदा-यक हैं याते अभय ह्वै श्रीरघुनाथजीको भजु कहे सेवा करु कैसे सेवा करु तजि काम (यथा) जहां काम तहँ राम नहिं, जहां राम नहिं काम। तुलसी दोनहुँ नहिं मिलैं, रवि रजनी यकठाम॥ ताते जे कामको नहीं तजे ते श्रीरामको कैसे जानहिं ताको गोसाइंजी कहत कि जे अपनाको सेवक करि श्रीरघुनाथजीको स्वामी करिकै नहीं जानत ते कैसे परधाम पावहिं भाव न पावहिं अड़तीस वर्ण वानर दोहा है॥ २३॥

दोहा॥

तुलसी पति रति अङ्कसम, सकल साधना सून।

अङ्करहित कछु हाथ नहिं, सहित अङ्कदशगून २४
तुलसी अपने राम कहँ, भजन करहु इक अङ्क।
आदि अन्त निरबाहिबो, जैसे नवको अङ्क २५

गोसाईंजी कहत कि आप सेवक ह्वै पति श्रीरघुनाथजी में रति प्रीति अर्थात् भक्ति सों एकादि अङ्क सम हैं अरु शून्यब्रह्म के प्राप्त्यर्थ बैराग्यादि सकल साधन शून्य सम है सो भक्तिरूप अङ्क रहित साधनरूप शून्य करि कछु हाथ नहीं भाव निराकार की प्राप्ति दुर्घट है अरु भक्तिरूप अङ्कसहित बिबेकादि साधनरूप शून्य दीन्हे ते दशगुणा बढ़त जात (यथा) "सोह न राम प्रेम बिन ज्ञानू। कर्णधार बिन जस जलयानू॥" (महारामायणे) ये रामभक्तिममलां सुविहाय रम्यां ज्ञानेरताः प्रतिदिनं परिक्लिष्टमार्गे। आरान्महेन्द्रसुरभीं परित्यक्तमूर्खा अर्कं भजन्ति सुभगे सुखदुग्ध-हेतुम्॥ त्रिकल दोहा है २४ शुद्ध सतोगुणी जीव एक अङ्क है प्रकृति मिले द्वै बुद्धि मिले तीनि अहंकार मिले चारि शब्द मिले पांच स्पर्श मिले छः रूप मिले सात रस मिले आठ गन्ध मिले नव इति एकशुद्ध सतोगुणी जीव आठआवरणकरि नवभूमिकाहै तामें सात भूमिका लौं ज्ञानरहत तबलौं जीव बिरक्त है आठईंभूमिका में बिमुख भयो नवईं में जीव बिषयी भयो याहेतु नवधा भक्ति है (यथा) बिषयी जीव सन्तन की संगति करै तौ बिषय ते बिरक्त होय भूतत्त्व गन्ध आवरण को जीतै (पुनः) बिमुख जीव हरि यश सुनै तब भगवत् के सम्मुख होइ तब जलतत्त्व रस आवरण जीतै (पुनः) अमान ह्वै गुरुकी सेवाकरै तब अग्नितत्त्वरूप आवरण जीतै (पुनः) कपट तजि हरियश गानकरै तब पवन तत्त्व स्पर्श आवरण जीतै (पुनः) मन्त्रजाप अर्थात् भजन करै

तव आकाश तत्त्व शब्द आवरण जीतै (पुनः) दम शील विरति शुभकर्मादि सज्जनता करि अहंकार आवरण जीतै (पुनः) ईश्वर-मय जगत्जानि अविरोध ह्वै सन्तनको अधिक जानै तब बुद्धि आवरण जीतै (पुनः) यथा लाभ तथा सन्तोष काहूको दोष न देखै तव प्रकृति आवरणको जीतै (पुनः) हर्षशोकहीन सबसों सरल छलरहित ईश्वर को भरोसा सतोगुणी शुद्धजीव प्रेमसहित ईश्वर को भजै गोसाईंजी कहत कि आपने स्वामी श्रीरघुनाथजी को एक अङ्क है शुद्ध प्रेमसहित भजनकरौ कौन भांति आदि अन्तलौं निर्वाह करौ जैसे एकते लैकै नवको अङ्क है तैसे नवधा भक्ति करि पूर्व जो कहि आये ताही क्रमते नव आदि दै एकाङ्क पर्यन्त पहुँचि शुद्ध ह्वै प्रेमसहित प्रभुको भजनकरै सो उत्तम भक्त है विन जीव शुद्ध भये भक्ति नहीं होत (यथा महारामायणे) ये कल्पकोटि सततं जपहोमयोगैर्ध्यानैस्समाधिभिरहोरतब्रह्मज्ञानाः। ते देवि धन्यमनुजा हृदि बाह्यशुद्धा भक्तिस्तदा भवति तेष्वपि राम-पादौ ॥ छत्तिस वर्ण पयोधर दोहा है ॥ २५ ॥

दोहा ॥

दुगुने तिगुने चौगुने, पञ्च षष्ठ औ सात।
आठौ ते पुनि नौ गुने, नौके नौ रहिजात २६
नवके नव रहिजात हैं, तुलसी किये विचार।
रमो राम इमि जगतमें, नहीं हैत बिस्तार २७
तुलसी राम सनेह करु, त्यागु सकल उपचार।
जैसे घटत न अङ्कनव, नवकर लिखत पहार २८

प्रथम एक अङ्क है दुगुन कहे द्वै भये याही क्रम तीनि चारि

पांच छः सात आठ नवगुन किहें नव भये (पुनः) नव के नवै रहि गये याही भांति नवै अङ्कनको बिस्तारहै याको भेद आगेके दोहन में कहब ॥ यकतिस बर्ण मर्कट दोहाहै २६ (यथा) एक अङ्कते नवतक भये (पुनः) नवके नवै रहि गये ताको गोसाईंजी बिचार करि कहत कि याहीभांति जगतमें एक रघुनाथजी रमेहैं (यथा) एकते नवतक अङ्कनको बिस्तार (तथा) सूनस्थाने श्रीरघुनाथ जी परब्रह्म विद्यामाया करि शुद्ध जीवभयो प्रकृति, बुद्धि, अहंकार, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि आवरण मिल नवई भूमिका उतरि बिषयी जीव ह्वैगयो या भांति जगत् को बिस्तार भयो तामें द्वैत कहा है दूसरा नहीं है (यथा) सेरभरे दूध में आठसेर पानी मिले नव सेरको बिस्तार भयो जब पानीको अभाव होइ तब दूध एकही सेर रहै ॥ मराल दोहा है २७ बद्ध जीवन के भवरोगनाशक कर्मज्ञानोपासनादि तीनि उपचारहैं (यथा) काथबटी चूर्ण अवलेहादि ओषधी सो कर्म है (पुनः) धातु उपधातुआदि रस सो ज्ञानहै अर्क शरबत मुरब्बादि उपासना है तहां पांच भूमिका कर्म है (यथा) श्रद्धा १ दीक्षा संस्कार २ जपपूजादि ३ मानसी पूजा जपादि ४ भगवत् में मन लगाना ५ (पुनः) " सात भूमिका ज्ञान (यथा) सात्त्विक श्रद्धाधेनु सुहाई । परमधर्ममय पय दुहि भाई ॥ अवटै अनल अकाम बनाई " इत्यादि (पुनः) नवभूमिकाभक्ति की (यथा) " प्रथमभक्ति सन्तनकर संगा । " इत्यादि तहां कर्म ज्ञान तौ उत्तम जीव ताहूमें उत्तम जातिको अधिकार है तौ नीच पतित विषयी जीवनको उद्धार कर्मज्ञान कैसे करिसकत अरु भक्ति सबको उद्धार करिसकत काहेते प्रथमभूमिका सन्तन को सत्संग सो सब को सुलभ सो सत्संग करि बिषयते विमुख भयो दूसरी

भूमिका हरियशश्रवण सोऊ सुगम हरियश सुने मन हरिसम्मुख भयो तब गुरुमुख संस्कार पाय श्रीरामनाम उच्चारण करि पतित भी महापावन ह्वै गयो (यथा) राम राम कहि जे जमुहाहीं । तिनहिं न पापपुञ्ज समुहाहीं ॥ (वाराहपुराणे) दैवाच्छूकरशावकेन निहतो म्लेच्छो जराजर्जरो हा रामेति हतोस्मि भूमिपतितो जल्पंस्तनुं त्यक्तवान् । तीर्णो गोष्पदवद्भवार्णवमहो नाम्नःप्रभावात्पुनः किं चित्रं यदि रामनामरसिकास्ते यान्ति रामास्पदम् ॥ (अथर्वणे श्रुतिः) " यश्चाण्डालोऽपि रामेति वाचं वदेत् तेन सह संवसेत् तेन सह संवदेत् तेन सह सम्भुञ्जीत " इत्यादि जब उत्तम ह्वैगये तब कपट छांड़ि हरियश गान करनेलगो पतित पावनादि गुण सुमिरि बिश्वास आई भजन करनेलगो (यथा) सतयुग में दासीपुत्र नारद सत्संग करि उत्तम ह्वैगये (तथा) वाल्मीकि (पुनः) त्रेता में शबरी द्वापर में श्वपच कलियुग में सधन रैदास और गोसाईं बैरागी नीचनको शिष्यसंस्कार करिउत्तम बनाय देते हैं यह भक्ति की प्रथमभूमिका सत्संग को प्रभाव है (तथा) कर्म ज्ञानादि पतित बिषयिनको उत्तम नहीं करिसकत ताते गोसाईंजी कहत कि, सब उपचार त्याग श्रीरामसनेह करु कर्मज्ञानादि करि बिषयी जीव मुक्त नहीं ह्वै सकत कैसे जैसे नवको पहार लिखत में नवको अङ्क नहीं मिटत तहां एक जीव आठ प्रकृति आवरण में परि बिषयी जीवन के अङ्क सम भयो जो कर्म ज्ञानादि साधन करनेलगो प्रथम आवरण विषय जीतबे हेतु बैराग्य कीन्ह्यो सो मानो जीवकी प्रकाश दूनी भई (यथा) नवको दून अठारह तहां गन्ध आवरण जीते एकघटे नवते आठ रहे सो अठारह में ऊपर देखात परन्तु बासना भीतर बनी है सो अठारह में एक को

अङ्क है जब आठ में एक मिलावो (पुनः) नव होत (पुनः) दूसरी भूमिका बिबेककरि असार त्यागि सार ग्रहण करे सो जीव तिगुनी प्रकाश भई (यथा) नवतिगुन सत्ताइस तहां गन्ध रस द्वै आवरण जीते नव में द्वै कम परे सात रहे सो सत्ताइस में सात ऊपर देसात जो बासना बनी रही सो द्वै को अङ्क तरे है जब सात अरु द्वै मिलावै (पुनः) नव भये (पुनः) छत्तिस में छः तीनि नव है याभांति ज्ञानकी भूमिका चढ़त बिषय आवरण नाँघत ब्रह्म प्राप्तितक जो बिषय बासना बनी तौ (यथा) नवदहाँ नब्बे शून्य ब्रह्म तक प्राप्त (पुनः) नव बने हैं भाव बिषयी बनेरहे मुक्त न भये तैसे सबासना कर्म है॥ उनतालिस बर्ण त्रिकल दोहा है॥ २८॥

दोहा॥

अङ्क अगुन आखर सगुन, सामुझ उभय प्रकार।
खोये राखे आपु भल, तुलसी चारु बिचार २९

एक आदि १ नव ९ पर्यन्त जो अङ्कहैं ते निर्गुणहैं अरु अकार आदि खकार जो पर्यन्त आखर बरन है इति सामुझ उभय कहे दुई प्रकारकी है ताको आदि कारण श्रीराम नाम है तामें षट्बस्तु हैं रेफ सो परब्रह्महै मकार की अकार जीवहै रकार की अकार महानाद है राकारकी दीर्घ आकार स्वर है मकार व्यञ्जन दिव्य माया है अनुस्वार बिन्दुहै (पुनः) तीनि गुन मिले नव भये तब ओंकार उत्पन्न भई (यथा) 'राम' अस पद स्थित भयो तहां रकार और अकारको बर्ण बिपर्यय भयो 'अरम' अस भयो 'खर्विसर्गः' सकार रेफयोर्विसर्जनीयादेशोभवति 'अःम' असभयो 'हवे' अकारात्परस्य विसर्जनीयस्य उकारो भवति हवेपरे॥ 'अउम' असभयो॥ 'उओ' अवर्णउवर्णे परे सह ओ भवति॥ 'ओम' असभयो

'मोनुस्वारः' मकारस्यानुस्वारो भवति, ओं सिद्ध भयो तामें अकार सतोगुण सो विष्णु है उकार रजोगुण सो ब्रह्मा है मकार तमोगुण सो महादेव ताते चराचर तीनि गुणमय है (यथा महारामायणे) "रामनाम महाविद्ये षड्भिर्वस्तुभिरावृतम्। ब्रह्मजीवमहानादैस्त्रिभिरन्यद्वदामि ते॥ स्वरेण बिन्दुना चैव दिव्यया मायया‌ऽपि च पृथक्त्वेन विभागेन सांप्रतं शृणु पार्वति॥ परब्रह्ममयो रेफो जीवोऽकारश्च मश्च यः। रस्याकारो मयोनादो रायादीर्घस्वरामयाः॥ मकारंव्यञ्जनं बिन्दुर्हेतुः प्रणवमाययोः। अर्धमात्रादुकारः स्यादकारान्नादरूपिणः॥ रकारगुरुराकारस्तथा वर्णविपर्ययः। मकारव्यञ्जनं चैव प्रणवं चाभिधीयते॥ रामनाम्नः समुत्पन्नः प्रणवो मोक्षदायकः। रूपं तत्त्वमसेश्चासौ वेदतत्त्वाधिकारिणः॥ अकारः प्रणवे सत्त्वमुकारश्च रजोगुणः। तमोहलमकारः स्यात्त्रयोहंकारसुद्भवे॥ त्रिये भगवतो रूपे त्रिविधो जायतेऽपि च। विष्णुर्विधिरहं चैव त्रयो गुणविधारिणः॥" इति सगुण वर्णरूप प्रणव अगुणरूप (यथा) जो नव बस्तु पूर्व कहे ताहीते नव अङ्क प्रकटे (यथा) रेफ को रूप नाद अकार को रूप। दीर्घाकार॥ स्वर इति राकार विन्दु ० दिव्यमाया जीवकी अकार। इति मकार (पुनः) सतोगुणरूप रजोगुणरूप तमोगुणरूप इनहीं ते नव अङ्क (यथा) बिन्दु में जीवकी अकार सतोगुण लागे १ एकभयो तामें रजोगुण लागे २ द्वै भये तामें तमोगुण लागें ३ तीनभये पुनः बिंदु में दिव्यमाया लागे ४ चार भये मायाजीव मिले ५ पाँच भये तमबिन्दु माया मिले ६ छः भये बिन्दुमें तमोगुण मिले ७ सातभये रजोगुण माया मिले ८ आठभये माया तमोगुण मिले ९ नव भये इनहीं नवो अङ्क ओं या प्रणव में प्रसिद्ध हैं विचारिकै देखिलेव यह अवगुण

रूप प्रणव है अब आखरन की उत्पत्ति रामशब्दते (यथा) जीव के ज्ञान ते सोहं हंसः ऐसा शब्द उच्चारणकरो तब रेफादि षट् मात्रा तीनिगुण सकार हकार करि सब वर्ण प्रकटे (यथा) नाद अकार सतोगुण मिले इकारभई रेफविसर्ग है उकार भई रेफ इकार मिले ऋकार विकल्पकरि लृकार भई 'अइए' 'एऐऐ' 'उओ' 'ओऔऔ' 'अइ' मिले 'ए' भई 'अए' मिले 'ऐ' भई 'अउ' मिले 'ओ' भई 'अओ' मिले 'औ' भई 'इअ' मिले 'य' भई 'ऋअ' मिले 'रकार' 'लृअ' मिले 'लकार' 'उअ' मिले 'व' भई स्थान भेदते 'स श ष' भई (पुनः) अकार बिन्दु मिले गकार प्रकटी गह मिले घह भई 'वावसाने' इति घकार को क भई कह मिले ख भई 'कुहोश्चुः' इति कवर्ग को चवर्गभयो चवर्गते तवर्ग तवर्गते टवर्ग भयो व विकल्प ब भई वह मिलि भ "वावसाने" इति 'प' भई पह मिले 'फ' भई (पुनः) बिन्दु अकार मिलि कण्ठ में उच्चारे ङकार प्रकटमें 'ञ' तालूमें 'न' मूर्ध्नि नासिका में 'ण' दन्त में 'न' ओष्ठमें 'म' भई 'कषसंयोगे क्षः' 'जञोर्ज्ञः' तर-संयोगे 'त्र' इत्यादि याभांति प्रकटे तैसे लोप भये 'राम' ऐसा शब्द शेष रहो ताहीभांति शुद्धजीव प्रकृति आदि आवरणकरि बिमुख विषयी हैगयो (यथा) दूध में जल मिलिगयो ताको गोसाईंजी कहत कि खोये राखे अपभल बिषय जलको खोये शुद्ध आपनो रूप राखेते भला काहे जीवको कल्याण है कौन भांति चारु कहे सुन्दर बिचार करिकै सो (यथा) अङ्क सौ अगुण सो ज्ञानमार्ग आखर सगुण सो उपासना मार्ग ॥ छत्तिस बर्ण पयोधर दोहा है ॥२६॥

दोहा ॥

यहि बिधिते सब राममय, समुझहु सुमति निधान ।

याते सकल बिरोध तजु, भजुसबसमुझुनश्रान ३०

पूर्व दोहनकी अभिप्राय लैकै गोसाईंजी कहतहैं कि भगवत् तत्त्व जाननेवाली सुन्दरि बुद्धिहै जिनके तिनते कहत कि; हे सुमतिनिधान! जो पूर्व कहेहैं यहि विधिते सब चराचर श्रीराममय समुझउ आन कहे दूसरा न समुझउ याते जीवमात्र सकल में बिरोध तजु सबमें व्यापक मानि श्रीरामको भजु (यथा) "चौ० सिया राममय सब जगजानी। करौं प्रणाम जोरि युगपानी" (पुनः महारामायणे) "भूमौ जले नभसि देवनरासुरेषु भूतेषु देवसकलेषु चराचरेषु। पश्यन्ति शुद्धमनसा खलु रामरूपं रामस्य ते क्षितितले समुपासकाश्च" ॥ एकतालिस वर्ण मच्छ दोहा है ॥ ३० ॥

दोहा ॥

राम कामना हीन पुनि, सकल काम करतार।
याही ते परमातमा, अव्यय अमलउदार ३१

श्रीरघुनाथजी कैसे हैं कामनाहीन भाव काहूते कछु चाहत नहीं (पुनः) कैसे हैं सकल कहे सबके कामनाके पूरणकरणहार हैं याही ते परमातमा कहे परब्रह्म अव्यय कहे अविनाशी हैं कबहूं नाश नहीं होत (पुनः) कैसे अमल जामें कछु मल नहीं (पुनः) कैसे उदार दानी जाको देत ताको अचाह करिदेत (यथा) ध्रुवादि पैंतिस वर्ण मदकल दोहा है ॥ ३१ ॥

दोहा ॥

जो कछु चाहत सो करत, हरत भरत गत भेद।
काहु सुखद काहू दुखद, जानत हैं बुधवेद ३२

सन्तकमल मधुमास कर, तुलसी वरण बिचार।
जगसरबर तर भरनकर, जानहु जलदातार ३२

जो कछु चाहत सोई करत भाव स्वतन्त्र हैं (पुनः) कैसे हैं हरत भरत काहू को सर्बस हरत काहूको सर्बस भरत याहीते काहू को सुखद हैं सुखदेत काहूको दुःखद दुःख देत यह समुझनो अज्ञानदशा है काहेते जीवको सुख दुःख प्रारब्धाधीन है सो प्रारब्ध क्रियमाणते बनी ताते बेद अनुकूल कर्म कीन्हे सुख बेद प्रतिकूल कीन्हे दुःख यह वात बेद करिकै बिदित है सो बुद्धिमान् जानत ताते ईश्वर भेदगत है भेदरहित सबको एकरस सबको जानत दूसरी दृष्टि नहीं काहेते जाड़ घाम मांदगी सबको एकही भांति होत अधिकी कमती कर्माधीनहै॥ पैंतिस बर्ण बानर दोहा है ३२ जे सब आशा भरोस छांड़ि भगवत्सनेह में मग्न हैं तिन के रक्षक हैं कौन भांति (यथा) मधु कहे चैतमास में जब घाम करि पानी सूखन लगो तब कमल सुखाने लगे जब दैवयोग मेघ बरषि दिये फिरि ताल भरि गये कमल सुखी भये सो कहत कि सन्तजन मधु कहे चैतमास के कमल हैं लोक सर विषे दुःख तापते सुखरूप जल सूखनलगो तिनके रक्षाहेतु श्रीराम ऐसे जो द्वै वर्ण हैं तिनको गोसाईंजी कहत कि विचार करिकै दोऊ वर्ण जलदातार कहे मेघसम जानहु ये सुखरूप जल बरषि जगरूप सर कहे ताल वर कहे श्रेष्ठ तिनको भरन कहे भरिदेत (यथा) गज सुग्रीवादिकन के आरतमिटाये तब सन्तरूप कमल हरित ह्वै प्रफुल्लित भये (यथा आदिपुराणे) श्रीकृष्णवाक्यम्॥ "श्रद्धया हेलया नाम वदन्ति मनुजा भुवि। तेषां नास्ति भयं पार्थ! रामनामप्रसादतः"॥ मच्छ दोहा है॥ ३२॥

दोहा ॥

एकसृष्टि महँ जाहिविधि, प्रकट तीनितर भेद ।
सात्त्विक राजस तमसहित, जानत हैं बुधवेद ३४
ता विधि रघुवर नाम महँ, वर्त्तमान गुण तीन ।
चन्द्रभानुअपिअनलविधि, हरिहरकहहिंप्रवीन ३५
अनल रकार अकार रवि; जानु मकार मयङ्क ।
हरि अकार ररकार विधि, मम महेश निःशङ्क ३६
बन अज्ञान कह दहनकर, अनल प्रचण्ड रकार ।
हरि अकार हरमोहतम, तुलसीकहहिंविचार ३७

जा भांति एक सृष्टिमें तर कहे अत्यन्तकरिकै तीनिभेद प्रकट हैं कौन सतोगुण रजोगुण (यथा) भगवान् शक्ति को ग्रहण कीन तब महातत्त्व प्रकटो ताते अहंतत्त्व प्रकटो सो तीनि प्रकार सतोगुण अहंकार ते इन्द्रिन के अधिष्ठाता दिशादि देवता प्रकटे रजोगुणी अहंकार ते इन्द्रिय प्रकटीं तमोगुणी अहंकार ते सूक्ष्मभूत ताते ब्रह्माण्ड इत्यादि वेदन करिकै बुद्धिमान् जानत ॥ अड़तिस वर्ण वानर दोहा है ३४ ताहीभांति रघुवर के श्रीरामनाम में बर्त-मान तीनिउ गुणहैं ब्रह्मा, विष्णु, शिवादि तीनिउ देव और अग्नि, भानु, चन्द्रमा तीनिउ कारण हैं इत्यादि जे श्रीरामतत्त्व जानवेमें प्रवीण हैं ते कहतहैं ॥ चालिस वर्ण कच्छ दोहा है ३५ अनल कहे अग्नि सो रकार है रवि सूर्य सो अकार है मयङ्क चन्द्रमा सो मकार जानु (पुनः) अकारको हरि जानु रकारको ब्रह्मा जानु मकार को महादेव जानु यामें शङ्का नहीं ॥ उन्तालिस वर्ण त्रि-कल दोहा है ३६ अज्ञानरूप बन ताको भस्म करिबे हेतु रकार

प्रचण्ड अग्नि है (पुनः) मोहरूप तम अन्धकार हरिबेहेतु अकार हरि कहे सूर्य है इत्यादि बेद में बिचारिकै गोसाईंजी कहत॥ मदकल दोहा है ॥ ३७ ॥

दोहा ॥

त्रिबिध ताप हर शशि सतर, जानहु मम मकार।
बिधि हरि हर गुण तीनिको, तुलसीनामअधार ३८

अब मकार को चन्द्रमा करि कहत तामें द्वैभेद एकतो दैहिक, दैविक, भौतिकादि तीनों तापन के सतर कहे शीघ्रही हरिबेहेतु मरम कहे कठिन है अरु शीतल आह्लाद करिबेहेतु अत्यन्त सुन्दर है शीतल है याते सतर कहे सत्त्व तम रजादि तीनिउ गुण औ ब्रह्मा, विष्णु, शिवादिकनको आधार श्रीरामनाम है (यथा महारामायणे) "रकारोनलबीजं स्याद्ये सर्वे बाडवादयः। कृत्वा मनोमलं सर्व कर्म भस्म शुभाशुभम् ॥ अकारो भानुबीजं स्याद्वेदशास्त्रप्रकाशकम् । नाशयत्येव सद्दीप्त्या या विद्या हृदये तमः ॥ मकारश्चन्द्रबीजं च सदन्योपरिपूरणम् । त्रितापं हरते नित्यं शीतलत्वं करोति च ॥ रामनाम्नः समुत्पन्नः प्रणवो मोक्षदायकः । अकारः प्रणवे सत्त्वमुकारश्च रजोगुणः ॥ तमोहलमकारः स्यात्त्रयोहंकारसुद्भवे । प्रिये भगवतोरूपे त्रिविधो जायतेऽपि च ॥ विष्णुर्विधिरहं चैव त्रयो गुणविधारिणः । चराचरसमुत्पन्नो गुणत्रयविभावतः । अतःप्रिये रमुक्रीडारामनाम्नैव वर्त्तते" ॥ चालिसवर्ण कच्छ दोहा है ॥३८॥

दोहा ॥

भानु कृशानु मयङ्कको, कारण रघुवर नाम।
बिधिहरिशम्भुशिरोमणि, प्रणतसकलसुखधाम ३९

अगुण अनूपम सगुणनिधि, तुलसी जानत राम।
कर्ता सकल जगतको, भरता सब मनकाम ४०

भानु सूर्य कृशानु अग्नि मयङ्क चन्द्रमा इत्यादिको कारण श्रीरामनाम है (पुनः) श्रीरामनामही के आधार ब्रह्मा, विष्णु, शिवादि देवनमें शिरोमणि हैं जे प्रणत शरणागतन के सकल सुखके धाम कहे सुखदेनहार हैं ॥ वानर दोहा है ३९ (पुनः) कैसा श्रीरामनाम है अगुण है भाव तीनिउ गुणन ते पर है अनूपम जाकी उपमाको दूसरा तत्त्व नहीं है (केदारखण्डे शिववाक्यम्) "रामनामसमं तत्त्वं नास्ति वेदान्तगोचरम्। यत्प्रसादात्परां सिद्धिं संप्राप्ता मुनयोऽमलाम् (पुनः) सगुणनिधि दिव्य गुणन को धाम है गोसाईंजी कहत ता नामको प्रभाव एक श्री रघुनाथजी जानत दूसरा नहीं (यथा महारामायणे शिववाक्यम्) "वेदाःसर्वे तथा शास्त्रं मुनयो निर्जरर्षभाः। नाम्नःप्रभावमत्युग्रं ते न जानन्ति सुव्रते॥ राम एवाभिजानाति कृत्स्नं नामार्थमद्भुतम्" (पुनः) कैसाहै श्रीरामनाम सकल जगको कर्ता और सब के मनोरथको भर्ता पालनहारहै त्रिकल दोहा है॥ ४०॥

दोहा॥

छत्रमुकुटसम विद्धि अल, तुलसी युगलहलन्त।
सकलवरन शिरपररहत, महिमाअमलअनन्त ४१
रामानुज सतगुण विमल, श्याम राम अनुहार।
भरता भरतसो जगतको, तुलसी लसत अकार ४२

श्रीरामनामके जे दोऊ वर्ण हैं ते छत्रमुकुट की समान विद्धि कही जानहु कौन भांति ते युगल हलन्त स्वररहित रेफ अनु-

स्वार तहां छत्रमुकुट तौ राजनके शीशपर रहत इहां सकल बर्ण जो अक्षर तिनके शीशपर रेफ छत्रसम अनुस्वार सुन्न सो मुकुट सम रहत छत्रमुकुट करि श्रेष्ठता देखात इहां रेफ अनुस्वारकरि बर्ण गुरुता पावत (यथा धर्म) इहां धकार सेवक सम रेफ छत्र सम लगाये सो भी गुरुता पाये औ मकार के शीशपर छत्र मुकुट दोऊ सो गुरुस्वामी की जगह है (पुनः) कैसे हैं दोऊ बर्ण अल कहे समर्थ जाकी महिमा अमल है जाको बेदादि अन्त नहीं पावत (यथा महारामायणे) "वेदाः सर्वे तथा शास्त्रं मुनयो निर्जरर्षभाः। नाम्नः प्रभावमत्युग्रं ते न जानन्ति सुव्रते॥ निर्वर्ण समनामेदं केवलं च स्वराधिपम्। मुकुटच्छत्रे सर्वेषां मकारो रेफव्यञ्जनम्"॥ बयालिस बर्ण शार्दूल दोहा है ४१ अब तीनिउँ देव तीनिउँ भाइनको रामनाम में देखावत (यथा) श्रीराम के अनुज कहे छोटे भाई कौन जे रामही की अनुहार श्याम सतोगुणरूप बिमल जो भरत ते जगके भर्ता पालनहार बिष्णु हैं तिनको गोसाईजी कहत कि अकारहै॥ उन्तालीसबर्ण त्रिकल दोहा है॥४२॥

दोहा॥

राजत राजसता अनुज, बरद धरणिधर धीर।
बिधिबिहरतअतिआशुकरि, तुलसी जनगनपीर४३
हरण करन संकट सतर, समर धीर बलधाम।
मनमहेश अरिदवन बर, लषणअनुजअरिकाम४४
राम सदा सम शीलधर, सुखसागर परधाम।
अज कारन अद्वैत नित, समतर पद अभिराम४५

ता भरतके अनुज छोटे भाई ते राजस रजोगुणरूप राजत

कैसे हैं वरदायक भूमि के धरणहार धीरज के धरणहार जे लक्ष्मण जी ते विधि कहे ब्रह्मारूप हैं उत्पत्तिकर्ता गोसाईंजी कहत कि हरिजनन के गण जो समूह तिनकी भवसागर की व तीनिउँ तापन की जो पीर ताको शीघ्रही हरिलेत भाव रामभक्ति के आचार्य हैं ॥ एकतांलिस वर्ण मच्छ दोहा है ४३ सतर कहे शीघ्र ही संकट ताके हरणहार हैं दुष्ट शत्रु तिनके हरण कहे नाश करिबे हेतु समरमें धैर्यवान् बल के धाम अरिदवन जे शत्रुहन श्रेष्ठ लक्ष्मणजी के अनुज ते महेश हैं कौन कामके अरि सो मकार है अहिवर दोहा है ४४ श्रीराम कैसे हैं शत्रु मित्र रहित सम कहे एकरस सब जीवमात्र पै शील धारण किहे हैं पुनः सुख के समुद्र हैं सर्वोपरि धाम है जिनको पुनः अज हैं जिनको कवहूं जन्म नहीं पुनः अद्वैत कहे एक आपही हैं दूसरा नहीं सबके आदि कारण हैं जिनके पद कमल नितही समतर हैं भाव सेवा करिबे में सदा सुगम हैं अभिराम कहे आनन्ददायक हैं व जिन को नाम स्मरण करिबेमें नित समतर पद है भाव कुछ विषमता नहीं स्वाभाविक स्मरणमात्र सो अभिराम आनन्दपद को देन-हार है ॥ उन्तालिस वर्ण त्रिकल दोहा है ॥ ४५ ॥

दोहा ॥

होनहार सहजान सब, बिभव बीच नहिं होत।
गगन गिरह करिबो कबै, तुलसी पढ़त कपोत॥४६
तुलसी होत सिखे नहीं, तन गुण दूषन धाम।
भषनशिखिनिकबनेकह्यो, प्रकटबिलोकहुकाम॥४७
गिरत अण्ड संपुट अरुण, जमत पक्ष अन्यास।

अललसुवनउपदेशकेहि, जातसुउलटिअकाश४८

जो कुछ होनहार होत सो सब सह कहे साथही जीव के है ऐसा जानना चाहिये ताते काहू भांतिको बिभव कहे ऐश्वर्य वीच में नहीं है सकत कौन भांति (यथा) कपोत कबूतर को गगन आकाश में गिरह करिबो भाव उड़त में कलाखायबो कब पढ़त भाव वाके कुलको स्वाभाविक धर्म है तैसे सज्जनतारूप कुल में प्रकट होतही सत् बस्तु में मन लागत (यथा) ध्रुव प्रह्लाद जन्मतही भक्ति पर आरूढ़ भये (पुनः) काकभुशुण्डि (यथा) "खेलहुँ खेल बालकन मीला। करहुँ सदा रघुनायक लीला"॥ वानर दोहा है ४६ तन जो देह सो गुणन को धाम व दूषणन को धाम भाव गुणी अवगुणी इत्यादि सिखे नहीं होत गोसाईं जी कहत कि प्रसिद्ध देखो शिखिनि मयूरी ताको कामको खायबो कौन सिखावत जा समय मयूर नाचत पीछे मुख द्वारा काम पतित होत ताको मयूरी खात ताते गर्भ रहत यह प्रसिद्ध है॥ वानर दोहा है ४७ अलल नाम पक्षी सदा आकाशही में उड़त रहत कहूं बैठत नहीं जासमय अण्डदेत जब नीचें को चलो आधेही दूरि में अण्ड फूटि ताके संपुट लालरङ्ग के भूमि में गिरे वा बच्चाके अनायास बिना सेवा कीन्हें सहजही पङ्ख जामि आये उलटि पुनः आकाश को उड़िजात ऐसा जो अलल पक्षी को सुवन बच्चा ताको कौन उपदेश करत कि तू ऊपर को उड़िजा॥ मच्छ दोहा है॥ ४८॥

दोहा॥

बिबिधचित्र जलपात्रबिच, अधिकन्यून समसूर।
कब कौने तुलसी रचे, केहिविधि पक्ष मयूर४९

काकसुता ग्रहना करे, यह अचरज बड़ वाय ।
तुलसी केहि उपदेश सुनि, जनितपिताघरजाय ५०
सुपथ कुपथ लीन्हे जनित, स्वस्वभाव अनुसार ।
तुलसी सिखवतनाहिंशिशु, मूषक हनन मजार ५१

जलपात्र सरिता तड़ागादिकन में पवन प्रसंग करि सूर जो सूर्य तिनकी प्रतिविम्ब की चित्रसारी जल बीच में कहीं अधिक कहीं न्यून कहे कम कहीं सम कहे बराबरि इत्यादि विविधभांति की देखात तिनको कौन बनावत गोसाईंजी कहत ताही भांति मयूरन के पक्षन में अनेक रङ्ग के चित्र हैं तिनको केहि विधिते कौन ने बनायो है ॥ वानर दोहा है ४६ काकसुता काकपाली अर्थात् कैली ग्रहण करे आपने घरमें अण्ड नहीं सेवत जहां काक के अण्ड देखत उन्हें गिराय आपने अण्डे धरिदेत आपने जानि काक सेवाकरि तैयार कीन्हे जब उड़े कैली के पास ह्वैरह्यो गोसाईंजी कहत बड़ो आश्चर्य है वाय कहे वाहि बचा को कौन ने उपदेश दियो जाको सुनि जनित जासे उत्पन्न ताही पिता के घर को गयो ॥ त्रिकल दोहा है ५० स्वनाम अपने कुलके स्वभाव के अनुसार सुपथ सुमार्गी कुपथ कुमार्गी रीति लीन्हे जनित नाम उत्पन्न होत गोसाईंजी कहत कि मूषक मूसा ताके हनन मारने को आपने शिशु पुत्रको मंजार बिलाई नहीं सिखावत वह कुल स्वभाव ते सहजही मूसा मारत ॥ त्रिकल दोहा है ॥ ५१ ॥

दोहा ॥

तुलसी जानत है सकल, चेतन मिलत अचेत ।
कीटजातउड़ितियनिकट, बिनहिं पढ़े रतिदेत ५२

होनहार सब आपते, बृथा शोचकर जौन ।
कञ्ज शृङ्ग तुलसी मृगन, कहहु अमेठत कौन५३

सुख चाहत सुख में बसत, है सुखरूप बिशाल ।
संतत जाबिधि मानसर, कबहुँ न तजत मराल५४

गोसाईंजी कहत कि सकल जीव आपने कुलकी रीति जानते हैं काहेते जे चेतन अचेत के पास जात सोऊ भाव जानि जात आपही मिलत कौन भांति यथा कीट पतङ्गादि जे चेतन भाव जानिकै स्वजाति की तिया के पास को उड़िकै जात वह अजान है परन्तु कामवेग ते बासना उठि आवत बिना पढ़े बिना रतिकला जानेही रतिदान देत ॥ त्रिकल दोहा है ५२ जो कुछ होनहार है सो आपही होत जौन कोऊ शोच करत सो बृथा है कौन भांति यथा कञ्ज कमल दिन में फूले राति में संपुटित कौन करत अरु मृगन के शृङ्ग ऐंठेही जामत गोसाईंजी कहत कि उन को कौन अमेठत ताते जो होनहार होत सो आपही होत इत्यादि वैशेषिक शास्त्र को मत है ॥ पयोधर दोहा है ५३ सुख को रूप लघु नहीं है जो कोऊ न देखै काहे ते सुखको रूप बिशाल नाम बड़ा है सब कोऊ देखत भाव सुमारग करिकै सुख होत सो सब जानत ताते जे सुखको चाहत ते सुख में कहे सुखदस्थान में बसत अर्थात् कर्म ज्ञान उपासनादि सुख के स्थान हैं तिनमें सदा बसत कबहूं तजत नहीं कौन बिधि जा बिधि मराल जो हंस ते सन्तत कहे सदा मानसरही में बास करत कबहूं नहीं तजत ॥ त्रिकल दोहा है ॥ ५४ ॥

दोहा ॥

नीतिप्रीतियशअयशगति, सबकहं शुभ पहिंचान ।

वस्ती हस्ती हस्तिनी, देत न पति रतिदान ५५
तुलसी अपने दुःख ते, को कहु रहत अजान।
कीश कुन्त अंकुर वनहिं, उपजतकरत निदान५६

नीति अनीति अर्थात् उचित करावना अनुचित रोकना (यथा) श्वान चोर देखि शब्द करत प्रीति वैर (यथा) "मुनि जन निकट विहँग मृग जाहीं। बाधक बधिक विलोकि पराहीं" (यथा) गुणनकी प्रशंसा सो यश है अवगुणन की निन्दा सो अयश (यथा) श्वान बावर भये परभी स्वामी को नहीं काटत गति कहे पहुँच (यथा) पशुभी पालनहार सों भूख जनावत शुभाशुभ आपनो भल अनभल इत्यादि सब पहिंचानत अथवा नीति प्रीति यश अयश की गति शुभ कहे नीकी भांति सब जानत देखो लाज वश ते वस्तिन विषे हस्तिनी हस्ती पतिको रतिदान नहीं देत इत्यादि भलाई बुराई सब जानत परन्तु काल कर्म स्वभाववश जो होनहार होत सोई करत विचार नहीं राखत॥ बल दोहा है ५५ जो कोऊ कहै कि बिना जाने बुरेकाम करत ताहेत गोसाईंजी कहत कि आपने दुःखद कहे दुःख देनहारते कहो कौन अजान रहत भाव नर पशु पक्षी आदि सब जानत देखो वन में कीश जो वानर जहां रहते हैं तहां कुन्त गड़िजाने की वस्तु कांटादि तिनको उपजतही निदान कहे नाश करिदेते हैं कि हमारे गड़ैंगे॥ त्रिकल दोहा है॥ ५६॥

दोहा॥

यथा धरणि सब बीजमय, नखत निवास अंकाश।
तथा राम सब धर्ममय, जानत तुलसीदास ५७

पुहुमी पानी पावकहु, पवनहुँ माहँ समात।
ताकहँजानतरामअपि, बिनुगुरुकिमिलखिजात ५८

सब प्रकार के बीज भूमि में आपही जामत सो (यथा) धरणी सब बीजमय है (यथा) आकाश में जहां देखो तहां नक्षत्र ही देखात ताही भांति श्रीरघुनाथजी सब धर्ममय हैं ताको गोसाईंजी कहत कि भगवतदास जानत काहेते गुण अवगुण को हाल सेवक नीकी भांति जानत तहां बीरता जो गुण है ताके अन्तर धर्मादि अनेक दिव्यगुण हैं सो पञ्चप्रकार बीरता परिपूर्ण श्रीरघुबीर में है (यथा भगवद्गुणदर्पणे) "त्यागवीरो दयावीरो विद्यावीरो विचक्षणः। पराक्रममहावीरो धर्मवीरः सदा स्वतः॥ पञ्च वीराः समाख्याता रामएव सपञ्चधा। रघुवीर इति ख्यातः सर्ववीरोपलक्षणः" ॥ इति मिश्रितऐश्वर्यार्थः (यथा) बेद शास्त्रादिकन में यावत् धर्म हैं तिनके आधार श्रीरघुनाथजी हैं (यथा पाद्मे) "सर्वेषां वेदसाराणां रहस्यान्ते प्रकाशितम्। एको देवो रामचन्द्रो व्रतमन्यन्न तत्समम्" ॥ बानर दोहा है ५७ पुहुमी भूमि पानी पावक अग्नि पवन इत्यादि सब जड़ हैं ताते परस्पर बिरोध है तिन एक में मिलाइ तामें आप समात तब चैतन्य होत ता अन्तरात्मा ताको जानत बिचार करि जानि तौ अपि कहे निश्चय करिकै श्रीरामही हैं (यथा महेश्वरतन्त्रे) " इति रामो विग्रहवान् स्वयं ब्रह्म सनातनः। आत्मारामश्चिदानन्दो भक्तानुग्रहकारकः" ॥ परन्तु बिना गुरु के उपदेश कैसे देखिपरै ॥ बानर दोहा है ॥ ५८ ॥

दोहा ॥

अगुण ब्रह्म तुलसी सोई, सगुण बिलोकत सोइ।

दुख सुख नानाभांतिको, तेहि विरोध ते होइ ५९
शूर यथा गण जीति अरि, पलटि आव चलिगेह ।
तिमि गति जानहिं रामकी, तुलसी सन्त सनेह ६०
परमातम पद राम पुनि, तीजे सन्त सुजान ।
जे जगमहँ बिचरहिं धरे, देहबिगत अभिमान ६१

तीनों गुणन ते रहित निर्गुण ब्रह्म तेऊ सोई रघुनाथजी हैं (पुनः) गोसाईंजी कहत कि जब भक्तवत्सलतादि गुण धारण करि भक्तन के हेत प्रकट विलोकत कहे देखि परत जो सगुण वहौ सोई है (यथा) खम्भ ते नृसिंह प्रकट भये ताके विरोध कहे विमुख भये शुभाशुभ कर्मबश ते अनेक प्रकार को दुःख सुख होत और जो प्रभुके सम्मुख है ताको न दुःख है न सुख है ॥ पयोधर दोहा है ५९ अरि जो शत्रु तिनके गणसमूह तिनके जीतबे हेत मित्रनसहित स्वसैन्य सजि निःशङ्क है उत्साहसहित युद्ध करि शत्रुन को जीति जय सहित आपनो देश पाय यथा शूरवीर पलटि घरको चला आवे गोसाईंजी कहत ताही भांति सन्त सनेह रूप मित्रनकी सैन्य ज्ञानादि स्वसैन्य सजि मोहादिशत्रुन को जीति हरिसनेहरूप जय पाय स्वदेश श्रीरामकी गति जानहिं ॥ बल दोहा है ६० परमातमपद अर्थात् अन्तरात्मा सर्वव्यास निर्गुण रूप भाव ज्ञान मार्ग दूसरा दिव्यगुणन को धाम दशरथनन्दन श्रीरामरूप भाव भक्तिमार्ग तीसरे सन्त जे ज्ञानभक्ति में सुजान जे अभिमान त्यागे नरदेह धारण किहे मुक्तरूप आनन्दते जगमें विचरत हैं अर्थात् जे ज्ञान भक्ति दोऊ मार्ग देखाइ सकत ये तीनिहूं भवतारक हैं इनकी शरण होना चाहिये ॥ वानर दोहा है ॥६१॥

दोहा ॥

चौथी संज्ञा जीवकी, सदा रहत रत काम।
ब्राह्मण से तनरामपद, निशिबासर बशबाम ६२
सुख पाये हर्षत हँसत, खीझत लहे बिषाद।
प्रकटत दुरत निरय परत, केवल रत बिष स्वाद ६३
नानाबिधि की कल्पना, नानाबिधि को शोग।
सूक्षम अरु अस्थूल तन, कबहुँ तजत नहिं रोग ६४

चौथी संज्ञा जीवकी जो हरिबिमुख बिषयी जे आपनो शुद्ध स्वरूप बिसारि सदा कामही के बश हैं काहेते सब बस्तुको अधिकारी साधनको धाम मुक्तिको द्वारा चारि बर्ण में उत्तम ब्राह्मण ऐसी देह पाय जो रामही पद है भाव जाको पूजि और भी मुक्ति पावत सो ब्राह्मण ह्वैकै मुक्तिकी मार्ग त्यागि दिनरात्रि बाम कहे स्त्रीके बश जाको नामहीं बाम है भाव निरयमार्ग लखावनहारी है ॥ मदकल दोहा है ६२ अब जीवकी चेष्टा देखावत कि जब सुख पाये तब हर्षत कहे खुशी होत हँसत जब बिषाद कहे दुःख लहे दुःख पाये तब खीझत रोदन करत ताते सुखहेत बिषयरूपी बिषके स्वादमें रत रहत ताको फल यह कि लोक में प्रकटत कहे जन्मत (पुनः) दुरत कहे मरत तब निरय कहे नरकमें परत अनेक भांति की सांसति सहत ॥ मच्छ दोहा है ६३ पांच तत्त्व चारि अन्तःकरण नवतत्त्वको स्थूलशरीर है औ दशेन्द्रिय पञ्च प्राण मन बुद्धि इन सत्रह तत्त्वन को सूक्ष्मशरीर है ये दोऊ शरीर रोग को नहीं तजत भाव सदा रोगी रहत कौन भांति स्थूल तन में ज्वरादि अनेक रोगन करिकै शोग कहे दुःख बनारहतहै (पुनः)

सूक्ष्मतन में अनेकभांति को कल्पना भाव काम क्रोध लोभादि चाहकी तर्कणा ताको कबहूं नहीं तजत भाव सदा मानसी रोग बनारहत (यथा) "काम वात कफ लोभ अपारा । क्रोध पित्त नित छाती जारा" ॥ इत्यादि मदकूल दोहा है ॥ ६४ ॥

दोहा ॥

जैसे कुष्ठी को सदा, गलित रहत दोउ देह।
बिन्दहुकी गति तैसिये, अन्तरहू गति येह ६५
त्रिधा देहगति एकबिधि, कबहूं नागति आन।
बिबिध कष्ट पावत सदा, निरखहिं सन्त सुजान ६६

जैसे कुष्ठरोगी की स्थूल सूक्ष्म दोऊ देह कुष्ठरोग करिकै गलित रहत कौन भांति कि बिन्दु कहे बीजकी गति अर्थात् कुष्ठी को पुत्र भी कुष्ठी होत यह स्थूलको भावहै (पुनः) तैसेही भांति अन्तरहू गति यह कही ऐसेही जानिये पूर्वजन्म पापन करि कुष्ठ होत जबतक भोग नहीं ह्वै जात तबतक प्रति जन्म बनारहत यह लोक में प्रसिद्ध है (उक्तं च मिताक्षरायाम्) "नोऽभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि । अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्" ॥ मराल दोहा है ६५ त्रिधा कहे तीनि जन्म देहकी गति एकही भांति है अर्थात् पूर्वजन्म में जैसा कर्म करत रहा तैसेही स्वभाव पूर्व कर्मन को फल या जन्म में है अबको स्वभाव कर्मन को फल आगे प्राप्त होइगो ताते आन भांति की गति कबहूं न होइगी (भाव) पापी ते पुण्य सुकृती ते पाप न होई अथवा स्थूल सूक्ष्म कारणादि देह त्रिधा कहे तीनि भांति तिनकी गति एकही भांति की है काहू देहकी गति आनभांति की नहीं काहे ते कारण देह

आकारहीन है औ सूक्ष्म देह इन्द्रिय प्राण मन बुद्ध्यादि सत्रह तत्त्वको है स्थूल याके आधीन है सो सूक्ष्महो वासनायुत कर्म करत ताको फल बिबिधभांति को दुःख सदा पावतहै सो तमाशा सुजान सन्त देखते हैं ताते शुभाशुभको करता भोक्ता सूक्ष्महो शरीर है (यथा भागवते) "अनेन पुरुषो देहानुपादत्ते विमुञ्चति। हर्षं शोकं भयं दुःखं सुखं चानेन विन्दति॥ यथा तृणजलौकेयं न प्रयात्यपयाति च। न त्यजेन्म्रियमाणोऽपि प्राग्देहाभिमतिं जनः"॥ ६६॥

दोहा॥

रामहिं जाने सन्तवर, सन्तहि राम प्रमान।
सन्तन केवल राम प्रभु, रामहिं सन्त न आन ६७
ताते सन्त दयाल बर, देहि राम धन रीति।
तुलसीयहजियजानिके,करियबिहठिअतिप्रीति६८
तुलसी सन्त सुअम्बतरु, फूलि फरहिं परहेत।
इतते वे पाहन हनैं, उतते वे फल देत ६९

शुभाशुभ कर्मको फल दुःख सुख देखि श्रेष्ठ सन्तजन सब त्यागि श्रीरामही को जानैं ताते श्रीरामहू सन्तनहीं को प्रमाण नाम सांचे आपने करि माने ताते सन्तन के केवल एक श्रीराम ही स्वामी हैं दूसरा नहीं है याहीते श्रीरामहू के सन्तही प्यारे हैं दूसरा नहीं है (यथा भागवते) "अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतन्त्र इव द्विजः। साधुभिर्ग्रस्तहृदयो भक्तैर्भक्तजनप्रियः"॥ मदकल दोहा है ६७॥ श्रीराम दयासिन्धु हैं तेई हैं धन जिनके ताते सन्त दयालु हैं याहीते श्रेष्ठ हैं सो जापर दया करत ताको रामधन को

श्रीरामभक्ति रूप धन देत यह उनकी रीति है व रामधन होनेकी रीति गोसाईंजी कहत कि ऐसा जानिकै सन्तनते अत्यन्त प्रीति बिशेष हठि करिकै करिये भाव जो सन्त अनादर करैं तवहूं उनसों प्रीतिही करिये कबहूं कृपा करिवैकरैंगे वल दोहा है ६८॥ गोसाईंजी कहत कि सन्तजन आंवके वृक्षसम हैं जे परारे हितके हेत फूलिकै फलत भाव आनन्द सहित परहित करत कौन भांति कि इतते नीचेते वे लोग पाहन पत्थर मारत उतते वृक्ष फल डारत भाव नीचजन सन्तन को कुवचनरूप पत्थर मारत सन्तजन सब फलदायक भक्ति देत॥ पयोधर दोहा है॥ ६९॥

दोहा॥

दुख सुख दोनों एक सम, सन्तन के मन माहिं।
मेरु उदधिगत मुकुर जिमि, भार भीजिबो नाहिं ७०
तुलसी राम सुजान को, राम जनावै सोइ।
रामहिं जानै रामजन, आन कबहुँ नहिं होइ ७१
सो गुरु राम सुजान सम, नहीं बिषमता लेश।
ताकी कृपा कटाक्ष ते, रहे न कठिन कलेश ७२

सन्तनके मनमें दुःख सुख दोऊ एक सम हैं भाव न दुःख में दुःखी न सुख में सुखी काहेते उनको मन श्रीराम प्रेममें मग्न दुःख सुख कौनको व्यापै कौन भांति (यथा) मुकुर कहे दर्पण तामें गत कहे प्राप्त है बिम्बरूप मेरु कहे पर्वत ताको कुछ भार नहीं (पुनः) उदधि जो समुद्र सोऊ मुकुरमें देखात परन्तु वह जल करिकै भीजत नहीं ताही भांति सन्तन को दुःख सुख और के देखनमात्र है उनको कछु नहीं॥ वल दोहा है ७० गोसाईंजी

कहत कि श्रीराम सुजान हैं याते इनको कोऊ जानि नहीं सकत व श्रीरामको जानिबेमें सुजान को है जाको श्रीरघुनाथजी जनावैं अरु जो श्रीरामको जानै सोई रामजन कहे श्रीरामदास होइ आन कहे औरको जन न होइ व जे श्रीरामको जानत तिनको सेवाय और श्रीरामदास नहीं ह्वै सकत ॥ चौंतिस बर्ण मराल दोहा है ॥ ७१ ॥ सो गुरुभी श्रीराम सुजान की सम हैं यामें विषमतालेश नहीं भाव तनको भेद नहीं है काहेते ताकी तिन गुरु की कृपाकटाक्ष ते कठिन क्लेश जो जन्म मरणादि भवरोग सो नहीं रहे ताते सुखी भये ॥ मदकल दोहा है ॥ ७२ ॥

दोहा ॥

गुरु कहतब समुझै सुनै, निज करतबकर भोग ।
कहतब गुरु करतब करै, मिटै सकल भवशोग ७३
शरणागत तेहिं राम के, जिन्ह दिय धी सियरूप ।
जापती घर उदय भय, नाशै भ्रम तम कूप ७४

गुरु कहतब गुरु को उपदेश मन लगायकै सुनै ताको समुझै बिचारकरि ग्रहणकरै अरु निज कहे आपने करतब शुभाशुभ कर्मन को फल ताको जो भोगहै दुःख सुख ताको उपाय कहत कि गुरुको कहतब जो गुरु को उपदेश ताको करतब जो भगवत् आराधन सो करै तौ सकल प्रकारको भवशोग जो दुःख सो सब मिटिजाय आनन्दरूप ह्वैजाय ॥ शार्दूल दोहा है ७३ गुरु के उपदेश ते काकरौ तेहि श्रीरघुनाथजीकी शरणागत होउ जाने धी जो है बुद्धि ताको सियरूप करिदिये भाव बुद्धि को भक्तिरूप करि दिये कैसी है भक्ति जो श्रीरघुनाथजीकी प्रिया पत्नी है जिन

भक्ति महारानी के उदय भये ते हृदयरूप घर में भ्रम को तम अन्धकारकूप अर्थात् महामोह ताको नाश होत विवेकस्वरूप प्रकाश होत तब हरिरूप देखात ॥ वल दोहा है ॥ ७४ ॥

दोहा ॥

जा पद पाये पाइये, आनँद पद उपदेश ।
संशय मनन नशाय सब, पावै पुनि न कलेश ७५
मेधा सीता सम समुझु, गुरु विवेक सम राम ।
तुलसीसियसम सो सदा, भयो बिगत मगवाम ७६
आदिमध्यअवसानगति, तुलसी एक समान ।
तेई सन्त स्वरूप शुभ, जे अनीत गत आन ७७

जिन हरिके पदकमल पाये ते आनन्दपद मुक्तिधाम प्राप्त होवे को उपदेश होत व गुरुके उपदेश ते श्रीरामपद प्राप्त होत जाके पायेते आनन्दपद पाइये भाव भगवत् धाम की प्राप्ति होत ताते शमन जो यमराज तिनकी सांसति आदि सब भांति का संशय सो नशाय जात (पुनः) फिरि काहूभांति को क्लेश नहीं पावत भाव जाके नाम स्मरणमात्र ते सब क्लेश नाश होत (यथा ब्रह्मवैवर्ते) आधयो व्याधयो यस्य स्मरणान्नामकीर्त्तनात् । शीघ्रं वै नाशमायान्ति तं वन्दे जानकीपतिम् ७५ मेधा बुद्धिही को नाम है तामें यह भेद है कि निश्चयात्मक बुद्धि है धारणात्मक मेधा है सो मेधा कहे भक्तिकी धारणा भाव अचलभक्तिमय जो बुद्धि है सोई सीतासम समुझु अरु विवेकमय विवेक देनहार जो गुरु है तिनको राम सम जानु गोसाईंजी कहत कि सो भक्त जन सियसम भाव भक्तिहीं की समान है कौन जो मग वाम कहे

हरि बिमुख मार्ग ताते बिगत कहे त्यागि दिये भाव जे बिषय ते बिमुख हरिसनेह में मग्न ऐसे जे भक्त तिनते अरु भक्तिते अन्तर नहीं (यथा) " भक्ति भक्त भगवन्त गुरु, चतुर्नाम बपु एक "॥ बल दोहा है ७६ कैसे सन्त जे आदि बाल अवस्था में क्रीड़ा में आसक्त न भये युवावस्था मध्यमें कामासक्त न भये अवसान बृद्धावस्था में चिन्तामें न परे तीनों अवस्था में एक समान गतिहै भाव एकरस भगवत् में सनेह बनारहत गोसाईंजी कहत कि तेई सन्तन के स्वरूप शुभ कहे मङ्गल मूर्ति हैं भाव जिनके दर्शन ते मङ्गल होत कैसे सन्त जे श्रीराम सनेहबर्द्धक मार्ग छांड़ि आन कहे और भगवत् बिरोधी अनीति ते गत कहे छूटिगये हैं जे ऐसे सन्त मङ्गलमूर्ति हैं ॥ मदकल दोहा है ॥ ७७ ॥

दोहा ॥

येई शुद्ध उपासना, परा भक्ति की रीति।
तुलसी यहि मग पगुधरे, रहै रामपद प्रीति ७८
तुलसी बिन गुरुदेव के, किमि जानै कहु कोय।
जहँ ते जो आयो सो है, जाय जहां है सोय ७९

जो पूर्व कह आये हैं येई कहे सोई शुद्ध उपासना और पराभक्ति की रीति है गोसाईंजी कहत कि थे जन्म पर्यन्त अनीति तजि भगवत् सनेह करना यहि मग बिषे पगधरे श्रीरामपद कमलन में प्रीति सदा बनी रहत प्रयोजन भगवत् सनेह अनुकूल को ग्रहण प्रतिकूल को त्याग याते ग़ाफ़िल न रहै ॥ मराल दोहा है ७८ जहां ते जो आयो सोई है भाव दूसरा नहीं ह्वैगयो अरु जहां जाय तहीं सोई है (यथा) मेघन द्वारा समुद्रते आकाशते

बरस्यो सोई है जब भूमिपै परो जहां जहां गयो तहां सोई जल है जो भूमिमें सोखि पाताल गयो तहौं सोई है जो नदी आदिकन है तहां सोई है तामें भूम्यादिसंगदोषते मलिनता तुच्छ तड़ागनमें थँभि अल्पता देखात परन्तु है नहीं क्योंकि जब समूह जल बर्षा ताको सत्संग पाय सरितादिकन में परि (पुनः) सिन्धु में गयो फिरि वही है ताही भांति पूरण परमानन्दरूप प्रकृति आदि कुसंग पाय अल्पज्ञ देखात जब सत्संग में परो ज्ञानभक्ति आदि सरितनमें परि (पुनः) परमानन्दरूपको प्राप्तभयो इत्यादि गोसाईजी कहत कि विना श्रीगुरुदेव की कृपा कोऊ कैसे जानि पावै॥ नर दोहा है॥ ७६ ॥

दोहा॥

अपगत खे सोई अवनि, सो पुनि प्रकट पताल।
कहाजन्मअपिमरणअपि,समुझहिंसुमतिरसाल८०
संग दोष ते भेद अस, मधु मदिरा मकरन्द।
गुरु गमते देखहिं प्रकट, पूरण परमानन्द ८१

रसाल जो है जल सो खे कहे आकाशते अपगत कहे अव्याप्त अर्थात् बर्षत में आकाश ते छूटे सोई जल है (पुनः) अवनि भूमि पै आयो तबहूं सोई है (पुनः) भूमि में गुप्तभये जब उपाय करि वा स्वाभाविक पाताल ते प्रकट भयो तहौं सोई जल है अर्थात् नादिन में स्वाभाविक बहि गयो वा पहार भूम्यादि सों तनते प्रकट है नादिन में ह्वै समुद्र में गयो सो भी पातालही ते सम्बन्ध है अरु जो भूमिमें सोखिगयो सो जब कूपादि खोदौ तहां भी सोई जल प्रकट होतहै ताही भांति पूरण परमानन्द पद आकाश

ते प्रकृति भूमि पै आयो तबहूं सोई है प्रकृतिसंग दोषते मलिनता अल्पज्ञता देखनमात्र है औ है नहीं काहेते पञ्चतत्त्वमय देहरूप भूमिमें गुप्त सूक्ष्मभूत पाताल में जलरूप अन्तरात्मा व्याप्त है सत्संग गुरु कृपा करि ज्ञान भक्ति आदि कूप खनेते अन्तरात्मा रूप निर्मल जल (पुनः) प्राप्त होत ताको सुन्दरि है मति जिन के ऐसे जे सुमति ते बिचारिकै देखो अपि कहे निश्चय करिकै कहां जन्म है और निश्चय करिकै कहां मरण है काहेते जब सृष्टि उत्पत्ति भई तब जैसा आवा (पुनः) लोकनमें जो देहमें चैतन्य है तब वैसेही है नाहीं तौ जब महाप्रलय भई तब वाही पदको वैसही प्राप्त भयो तौ बीचकी बात देखनमात्र है यथार्थ नहीं है स्वप्नवत् है॥ मञ्छ दोहा है ८० तामें संगदोष ते ऐसा भेद भयो (यथा) मकरन्द कहे फूलनको वा ईखादि ओषधिन को रस सो मक्खिन की संगति पाय मधु भयो ईखादि को रस अग्नि संग ते मिठाई भई सो जल में मिलि कारण पाय मदिरा ह्वै गयो सो भी जब समूह जलमें परिजाय (पुनः) सोई पावन जल ह्वै जाय ताही भांति प्रकृति आदि आठ आवरण में गुप्त आत्मतत्त्व सो गुरुगम कहे गुरुके उपदेशते चैतन्य भये देखवेकी गमि भई तब पूरण परमानन्द रूप आत्मतत्त्व प्रकट देखते हैं (यथा) बाल्मीक्यादि प्रसिद्ध हैं बल दोहा है॥ ८१॥

दोहा॥

ढाबर सागर कूप गत, भेद देखाई देत।
है एकै दूजो नहीं, द्वैत आन क हेत ८२
गुणगत नानाभांति तेहि, प्रकटत कालहि पाय।
जानजाय गुरुज्ञान ते, विन जाने भरमाय ८३

ढाबर खँदका अल्पताल सागर बड़ाताल कूप कुवां बावली इत्यादि में गत व्याप्त जो जल तामें भेद देखाई देत कहीं समल कहीं अमल इत्यादि द्वैतभेद आनके देखबे के हेतु है परन्तु जल सब एकही है दूसरा नहीं तैसेही प्रकृतिसंगते शुभाशुभकर्मते भेद देखात अन्तरात्मा एकही है मर्कट दोहाहै ८२ गुणगत कहे प्राप्त भये अर्थात् सतोगुणी रजोगुणी तमोगुणी इत्यादि अनेक भांति के भेद देखात ताहीमें काल पायकै (पुनः) अमल आत्मा प्रकट होत सो गुरुकृपा उपदेश ज्ञान करिकै जानाजात है अरु बिना जाने भ्रमते भेद देखात है पयोधर दोहा है ॥ ८३ ॥

दोहा ॥

तुलसी तरु फूलत फलत, जाबिधि कालहि पाय।
तैसेही गुण दोष ते, प्रकटत समय सुभाय ८४
दोषहु गुणकी रीति यह, जानु अनल गति देखि।
तुलसी जानत सो सदा, जेहि बिबेक सुबिशेखि ८५
गुरुते आवत ज्ञान उर, नाशत सकल बिकार।
यथा निलयगतिदीपकै, मिटतसकलअँधिआर ८६

गोसाईंजी कहत कि जाभांति समय काल पायकै तरु जे हैं वृक्ष ते फूलत फलत तैसेही शुभसमय पाय दोषहू ते गुण प्रकट होत जाभांति मलादि अशुद्धसंग्रह स्थान घूरादि में कुबास दोषते कोऊ समीप नहीं जात सोई खेतनमें परे अन्नसमूह होत यह गुण प्रकटत तैसे कामादि दोषनते मूंदी आत्मा सुसंग काल पाय शुद्ध रूप प्रकटत है ॥ पयोधर दोहा है ८४ ॥ दोषहू बिषे गुणकी रीति यहि भांति है कि अनल जो अग्नि ताकी गति देखिकै जानिलेउ

कि छुये अङ्ग जरत ग्राम में लागै सर्बस जरिजाय इति दोष तामें गुण (यथा) अनाज को पकावना दीपादि प्रकाश शीत का रक्षक गोसाईंजी कहत कि जिनके सुन्दर बिबेक बिशेष करिकै है ते गुण दोष की गति जानते हैं अज्ञानी कैसे जानै ॥ बल दोहाहै ८५ गुरुकृपा उपदेश ते उरअन्तर में ज्ञान कहे सत् असत् को बिबेक आवत तब हृदय में प्रकाश होत अरु अबिद्या को बिकार सकल भांति को महामोहादि अन्धकार सो सब नाश होत यथा निलय जो मन्दिर तामें दीपकी गति दीप बरेपर घरको अँधि-यार मिटत सब बस्तु देखात तैसे हृदयरूप घरमें ज्ञानरूप दीपक के प्रकाशते आत्मतत्त्व देखात है ॥ त्रिकल दोहा है ॥ ८६ ॥

दोहा ॥

यद्यपि अवनि अनेक सुख, तोय तामरस ताल ।
संतत तुलसी मानसर, तदपिनतजहिंमराल८७
तुलसी तोरत तीर तरु, मानस हंस बिडार ।
बिगतनलिनअलिमलिनजल,सुरसरिहूबाढ़िआर८८

अब सत्संग स्थान को सुखद देखावत यद्यपि अवनि कहे भूमिपै अनेकन सुख हैं कौन ताल है तिनमें तोय कहे जल भरा तिनमें तामरस कहे कमल फूले हैं भाव हंस के योग्य अनतहू है गोसाईंजी कहत कि तदपि मराल हंस संतत कहे हमेशह मान-सरही में बासकरत कबहूं तजत नहीं कि औरहू तालको जायँ यामें बिशेषता यह कि एकान्तस्थान मुक्ता भोजन कमलनपर आसन हंस ही सबसंगी तैसे हरिदासन को अयोध्यादि हैं महा-प्रसाद भोजन पावनस्थान सन्तन को संग यह बिशेषता है ॥

त्रिकल दोहा है ८७ भगवत् स्थानन में वास करे पर जो विघ्न होइ तबहूं न तजिये कैसे (यथा) गोसाईंजी कहत कि मानसर तीर शाखामृगादि तीर के तरु बृक्ष तोरत शब्द करि हंसन को बिडारत कहे उड़ावत परन्तु कहीं जात नहीं घूमिकै (पुनः) मानसरही में बसत ताही भांति अलि जो भ्रमर तिनको नलिन कमल बिना जो गङ्गाजी तिनहूंको बड़िआर कहे श्रेष्ठ पावन अमल जल सोऊ मलिन जल सम है भाव भौंरन को तौ कमलकी चाहसों नहीं तौ अमल भी जल समल देखात भाव वाके लग नहीं जात तैसेही इष्ट सनेह बर्धक सत्संग बिना पावनभी थल अपावन लागत (यथा पद्मपुराणे) " स्थानं भयस्थानमरामकीर्ति रामेति नामामृतशून्यमास्यम् । सर्पालयं प्रेतगृहं गृहं तद्यत्रार्च्यते नैवमहेन्द्रपूजा " ॥ कच्छ दोहा है ॥ ८८ ॥

दोहा ॥

जो जल जीवन जगतको, परशत पावन जौन ।
तुलसी सो नीचे ढरत, ताहि नेवारत कौन ८९
जो करता है करमको, सो भोगत नहिं आन ।
बवनहार लुनिहै सोई, देनी लहै निदान ९०
रावण रावणको हन्यो, दोष रामकह नाहिं ।
निजहितअनहितदेखुकिन, तुलसीआपहिमाहिं ९१

जो जल जगको जीवन कहे जियावनहार है (पुनः) जाके परशत कहे छुवतही सब पावन होत ऐसा उत्तम जल है जौन सोई जल नीचेको ढरत कहे बहत सो गोसाईंजी कहत कि ता जलको कौन नेवारत भाव को मनेकरै कि तुम उत्तम हौ नीचेको

न बहौ तैसे परमानन्दरूप लोकको जियावनहार है जाके नाम लेत सब पावन होत सोई नीचे ढरत भाव प्रकृति आदि आवरण में परि स्वस्वरूप भूलि जीव कहावत ताको कौन कहै कि तुम आपनो नाम न धरावो ॥ पयोधर दोहा है ८९ शुभाशुभ कर्मन को जो करता है सोई दुःख सुख भोगतहै वाकी बदि कोऊ आन नहीं भोगत कौन भांति (यथा) खेतादि में अन्नादि ववनहारही लूनैगो (पुनः) देनी कहे जो जौन देत ताहीको निदान कहे अन्त में लहत नाम पावत यह बेद बिदित है (उक्तं च भागवते दशमस्कन्धे कंसवाक्यं देवकीवसुदेवौ प्रति) "मा शोचतम्महाभागौ स्वात्मजान् स्वकृतं भुजः। जन्तवो न सदैकत्र दैवाधीनाः सहासते"॥ इति मराल दोहाहै ९० रावणको कर्महीं रावण को हन्यो मास्यो काहे ते जो हठि बैर न करतो तौ प्रभु कैसे मारते जो बैरमें युद्धकरि मारे तामें रघुनाथजीको कौन दोष है सो गोसाईंजी कहत कि निज कहे आपनो हित अनहित आपही माहिं आपने मनही में किन देखु काहेते भलाई करौ जासो सोई हित देखाय बुराई करौ जासो सोई अनहित देखात यह पशु पक्षी भी जानते हैं॥ बल दोहाहै॥ ९१॥

दोहा॥

सुमिरुराम भजु रामपद, देखु राम सुनु राम।
तुलसी समुझहु रामकह, अहनिशियहतवकाम ९२
रजअपअनलअनिलनभ, जड़ जानत सबकोइ।
यह चैतन्य सदा समुझु, कारज रत दुख होइ ९३
निजकृत विलसतसोसदा, बिन पाये उपदेश।

गुरु पगपाय सुमग धरै, तुलसी हरै कलेश ६४

गोसाइंजी आपने मनते कहत कि निशिदिन श्रीरामही को समुझौ तुम्हारे करने योग्य एक यही काम है कौन भांति कि सुमिरु राम मन बचन करि श्रीरामनामको स्मरण करु पुनः भजु रामपद मन कर्म करिकै श्रीरामपद कमलनकी सेवा करु पुनः देखु रामनेत्रनकरि श्रीरामरूप की माधुरी अवलोकन करु पुनः सुनु राम कानन करि श्रीरामयश श्रवण करु इनके सिवाय दूसरा काम न करु ॥ कच्छ दोहा है ६२ रज भूमि अप जल अनल अग्नि अनिल पवन नभ आकाशादि पांचौ तत्त्व जड़ हैं यह सब कोऊ जानत काहेते ये सब तमोगुणते हैं तामें व्याप्त जीवात्मा सो सदा चैतन्यहै ऐसा समुझु कि जो समुझाये समुझिजाय सोई चैतन्यहै जो आपनो स्वरूप सँभारे रहै तौ कुछ दुःख सुख नहीं जब भूलिकै कारज करतभयो भाव शुभाशुभ कर्म में फँस्यो तबहीं दुःख सुख को भोगी भयो ॥ कच्छ दोहा है ६३ जा कर्मन में फँस्यो तब सोई जीवात्मा निज कृत्य कहे आपने शुभाशुभ कर्मन के फलन में सदा बिलसत कहे भोग करत काहेते बिना गुरुके उपदेश भूला है सोई जब गुरुको उपदेश पाये तब सुमग कहे हरिशरण पथ पर पाँवधरै हरिशरण गहै ताको गोसाईंजी कहत कि आपने जन्म मरणादि सब क्लेशहरै कृतार्थ ह्वैजाय ॥ वानर दोहाहै ॥६४॥

दोहा ॥

सलिलशुक्रशोणितसमुझु, पल अरु अस्थिसमेत ।
बाल कुमार युवाजरा, है सुसमुझु करु चेत ६५

सलिल जल सोई शुक्र कहे बीजरूप रतिसमय स्त्रीके शोणित

कहे रक्तमें मिल सातधातुमय पिण्डभयो तामें पल कहे मांस व रुधिर व त्वचा व बार ई चारि रुधिरते भई (पुनः) अस्थि नसैं मज्जा ई तीनि बीज ते भई याको समुझु (यथा अवधविलासे) चौ०। "पञ्चतत्त्वकी है सब देहा। कीटपतङ्ग प्रमादिक जेहा॥ जीव प्रथम आवत जलमाहीं। पुनि जलते अनमांहिं समाहीं॥ जहँ जाको चाहिय अवतारा। सोइ अनाज नर करै अहारा॥ अन्नते रस रस शुक्र उपावा। तब वह जीव गर्भमहिं आवा॥ तीनिधातु बीरजते होई। मज्जा अस्थि नसा सन सोई॥ तैसे रज भयो चारि प्रकारा। त्वचा मांस लोहू अरु बारा॥ धातु जो तीनि पिता की कहिये। चारि धातु माता की लहिये॥ ऐसे सप्त धातु ये होइ। ताकी देह जानु सब कोइ"॥ इत्यादि जब गर्भ ते प्रकट भयो कुछदिन बाल रहो (पुनः) कुछ काल कुमार रहो पुनः युवा भयो पुनः जरावस्था प्राप्त भई काल पाय मरो नरक स्वर्गादि भोगि पुनः जन्म भयो इत्यादि को समुझु दुःख सुख बिचारि चेतकरु भाव भगवत् की शरणागति ग्रहण करु जामें जन्म मरण दुःख ते छूटो॥ बानर दोहा है॥ ९५॥

दोहा॥

ऐसिहि गति अवसान की, तुलसी जानत हेत।
ताते यह गति जानिजिय, अविरलहरिचितचेत ९६
जानै रामस्वरूप जब, तब पावै पद सन्त।
जन्म मरण पदते रहित, सुषमाअमलअनन्त ९७

गर्भादि मरण पर्यन्त जो पूर्व कहि आये हैं अवसान की कहे अन्त समय की ऐसेही गति है भाव मरेपर पुनः जन्म होना इत्यादि हेत कहे कारण अर्थात् जबतक लोकबासना तबतक

जन्म मरण ताको तुलसी जानत ताही ते आपनी भी गति याही भांति की जीव में जानिकै हरि श्रीरघुनाथजी तिनको अबिरल कहे तैलवत्धार प्रेमानुराग ते चित करिकै चेत कहे चिन्तवन करतहौं दिनौराति (यथा महारामायणे) "अन्ये विहाय सकलं सदसच्च कार्यं श्रीरामपङ्कजपदं सततं स्मरन्ति" ॥ इति ॥ बानर दोहा है ९६ जब निर्वासनिक कर्मकरि पाप नाश होइ ज्ञानकरि आपनो शुद्धस्वरूप जानै तब प्रेमाभक्ति होइ (यथा महारामायणे) "ये कल्पकोटि सततं जपहोमयोगैर्ध्यानैः समाधिभिरहोरतब्रह्मज्ञानात्। ते देवि धन्यमनुजा हृदि बाह्यशुद्धा भक्तिस्तदा भवति तेष्वपि रामपादौ" ॥ जब प्रेमाभक्ति होइ तव श्रीरघुनाथ जी को स्वरूप जानै भाव स्वरूप हृदय में प्राप्त होइ तब सन्तपद पावै कैसो सन्तपद जो जन्म मरण ते रहित दिव्य स्वरूप जामें अमल सुषमा कहे शोभा अनन्त है (यथा महारामायणे शिववाक्यम्) "अहं विधातागरुडध्वजश्च रामस्य बाले समुपासकानाम्। गुणाननन्तान् कथितुं न शक्ताः सर्वेषु भूतेष्वपि पावनास्ते" ॥ बल दोहा है ॥ ९७ ॥

दोहा ॥

दुखदायक जाने भले, सुखदायक भजि राम।
अब हमको संसार को, सब बिधि पूरणकाम ९८
आपुहिमदको पानकरि, आपुहि होत अचेत।
तुलसीविबिध प्रकारको, दुख उतपति यहि हेत ९९
जासों करत बिरोध हठि, कहु तुलसी को आन।
सोतैं सम नहिं आन तब, नाहक होत मलान १००

दुःखदायक लोक सुखादि असत् व सत् बासना ताको भली प्रकार जाने भाव सुत बित्त नारि आदिकन में मन लगाय जानि लिये कि सब दुःखै है ताते हे मन ! सुखदेनहार श्रीरघुनाथजी को भजि अब हमको संसार को यावत् सुख है तेहिते मन बचन कर्मादि सब प्रकार ते पूरणकाम हैं हमको कछु न चाहिये ॥ पयोधर दोहा है ९८ जा भांति चैतन्यनर आपनी खुशी ते मद्को पानकरि तेहि नशाकरि आपही अचेत होत आपनी सुधि भूलि जात सब मर्यादहीन चेष्टा करत (यथा) बसन त्यागि मल मूत्र में लोटत हास्य रोदन गान उन्मादादि अनेक दुःख होत ताही भाँति गोसाईंजी कहत कि चैतन्य आत्मा स्वइच्छित बिषयरूप मद्पान करि महामोहरूप नशा के बश यहि हेतुते बिबिध प्रकार के जो दुःख (यथा) संयोग बियोग हिताहित पापपुण्य जन्म मरण दुःख सुख स्वर्ग नरकादि अनेक उत्पन्न भये ॥ बानर दोहा है ९९ हे तुलसी ! जासों हठि करि भाव अकारण में कारण बांधि बैर बिरोध करत ताको कहु आन को आइ सो कहे उहु अरु तैं सम कहे एकही हौ तैं कुछु आन नहीं है ताते काहू सों नहक को मलान होत भाव बिरोध काहू सों न करु सब में सम दृष्टि राखु ॥ पयोधर दोहा है ॥ १०० ॥

दोहा ॥

चाहसि सुख जेहि मारि कै, सो तौ मारि न जाय।
कौन लाभ बिषते बदलि, तैंतुलसीबिषखाय१०१
कोह द्रोह अघमूल है, जानत को कहु नाहिं।
दया धर्म कारण समुझि, कोदुखपावतताहिं१०२

बनो बनायो है सदा, समुझरहितनहिंशूल।
अरुण बरण केहि कामको, बिना बासको फूल१०३

इति श्रीमद्गोस्वामितुलसीदासविरचितायांसप्तशतिकाया-
मुपासनपराभक्तिनिर्देशोनामद्वितीयस्सर्गः ॥ २ ॥

लोभ क्रोध ईर्षा वश ते जेहिको मारिकै आपनो सुख चाहसि । कैसे होइगो उहु तेरे मारे न मरिजाइगो यह मनोरथ बृथा है काहे ते जीवतौ कबहूं मरतही नहीं एक देह छांड़ि दूसरी में प्रवेश होइगो केवल अपराधही हासिल है ताते बिषते बदलि बिष खाना है अर्थात् जाको तू मारैगो वही तोको मारैगो यामें तो अधिक लाभ कौन है ताते सब जीवमात्र को दया करनो उचित है ॥ मदकल दोहा है १०१ काहू सों क्रोध बैर न करना चाहिये काहेते कोह द्रोह दोऊ अघ जो पाप ताकी मूल कहे जर हैं याही ते पापबृद्ध होत ताही ते दुःख होत यह कहो को नहीं जानते सब जानत हैं ताही भाँति दया सों धर्मको कारण है भाव दया ते धर्मबृद्ध होत ताते सुख होत ऐसा समुझि जे दया धारण करत तिनमें को दुःख पावत भाव दयावान् कोऊ नहीं दुःख पावत ॥ मदकल दोहा है १०२ बनो कहे जब ज्ञान उदय होय तब शुद्ध आपनो रूप सदा स्वाभाविक बनो है अरु बनायो कहे जब भगवत् में अनुरागमय भक्ति आवै तब श्रीरघुनाथजी को बनायो श्रीरामदास है सदा ध्रुव, प्रह्लाद, अम्बरीष, भुशुण्डि जिनको यश भगवत्यश को शृङ्गार है ताते समुझ करिकै रहित नहीं को शूल कहे दुःख है भाव जिनके आपने शुद्ध स्वरूप की समुझ नहीं हरिभक्ति की समुझ नहीं पशु की भाँति विषय भोग में परे हिंसारत तिनको जन्मादि रोगहानि वियोग दण्डादि मरण पर्यन्त

अनेक शूल होत पाछे नरक में अनेक सांसति होत ताते बिना भगवत्सनेह लोक के सब सुख बृथा हैं कौनभांति यथा अरुण कहे लाल बर्ण को बासरहित बिना सुगन्ध को फूल देखने में सुन्दर कौने काम को (यथा) "कामसे रूप प्रताप दिनेश से सोम से शील गनेश से माने। हरिचन्द से सांचे बड़े बिधि से मघवा से महीप बिषै सुखसाने॥ शुक से मुनि शारद से बकता चिरजीवन लोमश से अधिकाने। ऐसे भये तौ कहा तुलसी जो पै राजिवलोचन राम न जाने"॥ उक्तंच॥ "पठितसकलवेदःशास्त्रपारंगतो वा यमनियमपरो वा धर्मशास्त्रार्थकृद्वा॥ अटितसकलतीर्थव्राजको वा हुताग्निर्नहि हृदि यदि रामः सर्वमेतद्वृथा स्यात्"॥ कैसे हैं श्रीरघुनाथजी (यथापद) "जय राम सनातन ब्रह्म परे। सत चेतन आनँदरूप हरे॥ बिधि जान न शंकर ध्यान धरे। शुक शारद नारद नाम ररे॥ निगमागमगावत नेति करे। स्वइ रोवत सूपहि भूप घरे १ नहिं पावत योगि समाधि करे। मुनि ध्यावतहीं नहिं नेम टरे॥ गुन गावत व्यास पुराननरे। तिनको जननी हँसि गोद भरे २ बयबालभजें सनकादिकरे। यश आदिकबी शत कोटिकरे॥ बरकाग अजातरिजा बलरे। स्वइ लोटत आंगन भूतलरे ३ ऋषिनारि तरी छुइ जा पगरे। परसे बन दण्डक होत हरे॥ बलजाभय भक्त मही बिचरे। धरु बैजसुनाथ हिये बिचरे॥१०३॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणबैजनाथविरचितायांसप्तशतिकाभावप्रकाशिकायामुपासनापराभक्तिप्रकाशोनामद्वितीयप्रभासमाप्ता॥ २॥

सीता सीतासी गिरा, मोमासीता दासि। ता सीता पातांघ्रि हीं, भवति नास भवफांसि १ काशीगीता धरागमः सुखद अन्त

पद सेव । कागगीधताआदि तजु, शुद्धरूप मनदेव २ यहि सर्ग बिषे सांकेत बर्णन है जाको कूट कहत अर्थात् छलकरि जो बात छपी कौन भांति (यथा) सीढ़िन सीढ़िन चढ़े ऊपरको स्थान मिलत तैसे प्रतिशब्द बिचारत कठिनताते अर्थ जानो जात है तहां मुख्य तौ श्रीरामभजन करिबेको प्रयोजन कहे सो सांकेत पदन में क्यों बर्णनकरे तहां प्रथम तो काव्यकी एकरीति है दूसरे याही भांति मायाकूट में गुप्त भगवत तत्त्व है ताको मिलिबो दुर्घट है ताके पायबे हेतु श्रवणादिक नवभक्तिन को करना याही भांति चढ़त चढ़त भगवत् की प्राप्ति होत याके हेतु यह सांकेतिक रीति देखावते हैं अथवा जाभांति गुप्त अर्थ है ताहीभांति गुप्त हृदय में भजन करनाचाहिये इति भूमिका समाप्त ॥

दोहा ॥

जनकसुता दशयान सुत, उरगईश अम जौरि ।
तुलसिदास दशपदपरखि, भवसागर गये पौरि १

दो० अहनिशि सुमिरो शुद्धमन, भवसागर तरनाय । श्रीसीतायायांतनम, रमादौ रामाय ॥ अथ तिलक ॥ जनकसुता श्रीजानकीजी (पुनः) दशयानसुत यान कहे रथ दश मिले भयो दशरथ तिनकेसुत श्रीरघुनाथजी (पुनः) उरग कहे सर्प तिनके ईश स्वामी शेष अर्थात् लक्ष्मणजी (पुनः) अकार भरतजी हैं काहेते दूसरेसर्ग बयालिस के दोहा में है (यथा) भरताभरत सो जक्त को तुलसी लसत अकार (पुनः) मकार शत्रुहन है चवालिस दोहा में (यथा) ममहेश अरिदवन वर इत्यादि सीता, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन इन पांचोंरूपन के दुगुनजोरे दश

पद भये तिनको परखि कहे चित्त लगाय अवलोकन करि व इनको यश सुनि परखि लिये कि जे निषादादि तारे ऐसा जानि इनहींकी आधार गहि तुलसीदास भवसागर को पौरि पैरि पार गये जन्म मरणते रहित भये प्रथम श्रीजानकीजी को नाम कहिबे को यह भाव कि बिषयबद्ध जीव तिनपै जब महारानीजी कृपा करैं तब बिषयते सावकाश पावै तब श्रीरामरूप जानबे को ज्ञान होइ (यथा अगस्त्यसंहितायां शंकरवाक्यम्) " यावन्नते सरसिजद्युतिहारिपादे न स्याद्रतिस्तरुनवांकुरखण्डिताशे । तावत् कथंतरुणिमौलिमणेजनानां ज्ञानं दृढं भवति भामिनि रामरूपे " (पुनः) शेषजी आचार्य हैं जब कृपा करें तब त्रिगुणात्म बिषयबासनारूप हृदयकी ग्रन्थि खण्डनकरे (यथा भागवतेपञ्चमे) "यएषएवमनुश्रुतो ध्यायमानो मुमुक्षूणामनादिकालकर्मवासनाग्रथितमविद्यामयं हृदयग्रन्थि सत्त्वरजस्तमोमयमन्तर्हृदयंगत आशु निर्भिनत्ति " (पुनः) भरतजी के नाम स्मरणमात्र ते श्रीराम प्रेमाभक्ति हृदय में आवत (यथा) ' तुमतौ भरत मोरमत एहू । धरे देह जनु राम सनेहू' ॥ (पुनः) शत्रुहनके नामस्मरण कीन्हे कामादिशत्रु नाश होत तब अकण्टक श्रीरामभक्ति होत ॥ १ ॥

दोहा ॥

तुलसी तेरो राग धर, तात मात गुरु देव।
ताते तोहिं न उचित अब, रुचित आनपद सेव २

राग रागिनी अनेकहैं तिनमें एकको नाम सारँगहे शार्ङ्गनाम श्रीरघुनाथजी के धनुषको है ताके धर अर्थात् शार्ङ्गधर गोसाईंजी आपने मनते कहत कि हे तुलसी ! जगमें यावत् नाता नेह है

सो सब तेरो एक श्रीरघुनाथहीजी हैं कौन नाता तात कहे पिता भाई पुत्रादि के पक्षके यावत् नाता के नेहहैं (पुनः) माता कहे अर्थात् ननेवरे पक्षके यावत् नाते नेह हैं गुरु कहे मन्त्रोपदेशी पुरोहित विद्यादायक श्वशुर हितोपदेशी (पुनः) ब्रह्मा शिवादि यावत् देवमात्र हैं इत्यादि सर्व भावकरि एक श्रीरघुनाथहीजी को भजु (यथा) चौ० ॥ "जननी जनक बन्धु सुतदारा। तन धन गेह सुहृद परिवारा ॥ सबकी ममता ताग बटोरी। मम पद मनहिं बांधि बरडोरी" (प्रमाणं शिवसंहितायां हनुमद्वाक्यम्) "पुत्रवत्पितृवद्रामो मातृवन्मम सर्वदा ॥ श्यालवद्रामवद्रामः श्वश्रूवच्छ्वशुरादिवत् १ पुत्रीवत्पौत्रवद्रामो भागिनेयादिवन्मम ॥ सखीवत्सखिवद्रामः पत्नीवदनुजादिवत् २ राजवत्स्वामिवद्रामो भ्रातृवद्बन्धुवत्सदा ॥ धर्मवदर्थवद्रामः काममोक्षादिवन्मम ३ व्रतवत्तीर्थवद्रामः सांख्ययोगादिवत्सदा ॥ दानवज्जपवद्रामो यागवन्मन्त्रवद्बलम् ४ राज्यवत्सिद्धिवद्रामो यशोवत्कीर्तिवन्मम ॥ घृतादिरसवद्रामो भक्ष्यभोज्यादिवत्सदा ५" ॥ इत्यादि सर्व भावकरि श्री रघुनाथजीको भजिबो उचित है ताते हे मन! तोंको ऐसा उचित नहीं है कि रुचित कहे रुचिसहित और काहूके पद सेवन करो भाव लोकहू परलोक में पालनहार माता पिता गुरु देवसम श्रीराम हैं तौ दूसरे को नाम सुनिवो उचित नहीं (यथा शिवसंहितायाम्) रामादन्यं परं श्रेष्ठं यो वै पाण्डित्यमात्रतः ॥ संतसहृदयस्तस्य जिह्वां छिन्द्यामहं मुने ॥ २ ॥

दोहा ॥

तर्क विशेष निषेधपति, उर मानस सुपुनीत।
बसत मराल रहितकरि, तेहि भजुपलटिबिनीत ३

शुक्लादिहि कलदेहु इक, अन्त सहित सुखधाम।
दे कमलाकल अन्तको, मध्य सकल अभिराम ४

(तर्कविशेष यथा) उबितर्कं बिकहे बिशेष तर्क बिषे उकार उपसर्ग (व्याकरणे निषेध यथा) "अमानोनाप्रतिषेधे" ताते मा अव्यय है निषेध अर्थ में होत ताते तर्कबिशेषते अर्थ उकार भयो निषेधते अर्थ माकार भयो दोऊ मिले उमाभयो उमापति शिव तिनको उर सोई सुन्दर पवित्र मानस सर है तामें श्रीरामरूप मराल बसत तेहि मराल शब्द ते अन्त की लकार रहित कीन्हे ते 'मरा' भयो ताको पलटेते 'राम' भयो तिन श्रीराम को भजौ कौन भांति बिनीत अर्थात् मान त्यागि नम्रता सहित यह कार्पण्यता शरणागति है (यथा) " कायर कूर कपूत खल, लम्पट मन्द लबार। नीच अघी अति मूढ़ मैं, कीजै नाथ उबार " ॥ तौने श्रीरामको भजु जाको शिव ऐसे महान् तेऊ आपने उर में बसाये हैं ऐसा परात्पर श्रीरामरूप है ताको भजौ ३ शुक्लश्वेतपर्यायते सित लेना तामें आदि बर्ण में एककला इकार मिलाये दीर्घ सी भई अन्त तकार में एककला अकार मिलाये दीर्घ ता भई दोऊ मिले सीताभयो सो श्रीजानकीजी सम्पूर्ण सुखकी धाम हैं भाव बिना भक्ति मुक्ति नहीं होत (यथा सत्योपाख्याने) " विना भक्तिं न मुक्तिश्च भुजमुत्थाय चोच्यते। यूयं धन्या महाभागा येषां प्रीतिश्च राघवे"॥ सो रामभक्ति बिना श्रीजानकीजी की कृपा नहीं ह्वै सकत (यथा अगस्त्यसंहितायाम्) "यावन्नते सरसिजद्युतिहारिपादे न स्याद्रतिस्तरुनवांकुरखण्डिताशे। तावत्कथं तरुणिमौलिमणेजनानां ज्ञानं दृढं भवति भामिनि रामरूपे "(पुनः) कमला लक्ष्मी पर्याय ते 'रमा' ताको अन्त को कला आकार सो मध्य 'रमा'

के देने से 'राम' भयो सो श्रीराम अभिराम कहे आनन्ददाता हैं भाव जीवके आनन्द देनहार एक श्रीरामही हैं (यथा सनत्कुमारसंहितायाम्) सत्यसंधं जितक्रोधं शरणागतवत्सलम् । सर्वक्लेशापहरणं विभीषणवरप्रदम् ॥ ४ ॥

दोहा ॥

बीज धनंजय रविसहित, तुलसी सहित मयङ्क ।
प्रकट तहां नाहिं तमतमी, समचित रहत अशङ्क ५

धनंजय अग्नि ताको बीज रकार रवि सूर्य को बीज अकार सहित कीन्हे रा भई तथा मयङ्क कहे चन्द्रमा ताको बीज मकार मिलायेते राम भयो (यथा महारामायणे) रकारोनलबीजंस्याद्येसर्वे वाडवादयः । कृत्वा मनोमलं सर्वं कर्म भस्म शुभाशुभम् ॥ अकारो भानुबीजंस्याद्वेदशास्त्रप्रकाशकम् । नाशयत्येवसद्दीप्त्या या विद्या हृदयेतमः ॥ मकारश्चन्द्रबीजं च सदन्योपरिपूरणम् । त्रितापं हरते नित्यं शीतलत्वं करोति च ॥ ऐसे प्रतापवान् तीनि बीज जाके नाममें हैं सोई श्रीरघुनाथजी जाके उरमें प्रकट वास करत तहां मोहादि तम कहे अन्धकार अरु तमी कहे विषय रात्री इत्यादि एकहू नहीं हैं सदा एकरस प्रकाश है याही ते शत्रु मित्र हर्ष शोकरहित सदा समचित्त रहत (पुनः) कामादि हृदयके शत्रु भूत व्याघ्र चौरादि परलोक में यमदूतादि ते अशङ्क रहत भाव श्रीरामनामजपे काहूकी भय नहीं रहत (यथा रामरक्षायाम्) पातालभूतलव्योमचारिणश्छद्मकारिणः । न द्रष्टुमपिशक्तास्ते रक्षितं रामनामभिः ॥ ५ ॥

दोहा ॥

रञ्जन कानन कोकनद, वंश विमल अवतंस ।

गञ्जन पुरुहुतअरि सदल, जगहित मानसहंस ६

कोकनद कमल कानन बन भाव कमल को बन ताके रञ्जन कहे आनन्दकर्ता सूर्य तिनको बंश सो सूर्यबंश कैसा है बिमल भाव यावत् सूर्यबंशी होत आये सब सत्यबादी धर्मात्मा इन्द्रियजित् उदार बीर जिनको यश बिमल यथा भगीरथ गङ्गाजी लाये तेहि सूर्यबंशके अवतंस कहे शिरोमणि श्रीरघुनाथजी हैं भाव जापै कृपा करत ताको लोक परलोक की कुछ बात बाकी नहीं राखते जो दूसरी याचनाको करै (पुनः) सबलबीर कैसे हैं सो कहत पुरुहूत इन्द्र ताके अरि रावण अर्थात् इन्द्रादि यावत् दिक्पाल हैं तिनको जीतनहार तेहि रावण को सहितसेना बंशभरेको नाश करे ऐसे सबलबीर हैं ते कैसी जगहपर बास करते हैं सो कहत जग जो संसार ताके हितकर्ता हरिभक्त भाव जे बैर बिरोध रहित शान्तचित्त समभाव जगहित हेतु देह धरे ऐसे सन्तन के मन अमलमानससर हैं तामें श्रीरामहंस बसत इहां रबिबंशशिरोमणि कहिबे ते महादानी कहे (यथा बाल्मीकीये) "सकृदेवप्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम"। रावण के नाशकर्ता कहिबे को यह भाव कि जिनके शत्रुको कोऊ रक्षक नहीं (प्रमाणं हनुमन्नाटके) "ब्रह्मास्वयंभूश्चतुराननो वा इन्द्रो महेन्द्रो सुरनायको वा । रुद्रस्त्रिनेत्रस्त्रिपुरान्तको व त्रातुं न शक्ता युधि रामवध्यम्" ॥ तिनको जो कोऊ आपने उ में बसावा चाहै तौ हरिभक्तन कैसो मन अमल करै (यथा महा रामायणे) "ये कल्पकोटिसततं जपहोमयोगैर्ध्यानैःसमाधिभिर होरतब्रह्मज्ञानात् । ते देवि धन्यमनुजा हृदि बाह्यशुद्धा भक्तिस्तद भवति तेष्वपि रामपादौ ॥ ६ ॥

दोहा॥

जगते रहु छत्तीस है, राम चरण छातीन।
तुलसी देखु बिचारि हिय, है यह मतो प्रबीन ७

सन्तनको ऐसो अमल मन कौनतना होइ सो उपाय कहत कि जगत्ते छत्तिसह्वैरहु भाव छत्तिस के अङ्क में छा में तीनि पीठि दिहे तैसे काम क्रोध लोभ मोह मद अहंकारादि जगत् छाको अङ्क है तेहिते आपु तीनिको अङ्क ह्वै पीठि दे कौन तीनि तन करि मनकरि बचनकरि जगसों विमुख होना योग्य है (पुनः) श्रीरामचरणकी दिशिछातीनि तिरसठि के अङ्क सम सम्मुख हो भाव प्रभुकी शरणागति छा प्रकारकी सोई छाको अङ्क है ताकी सम्मुख आपु तीनिहो भाव तन, मन, बचनादि तीनोंकरि शरण होना योग्य है षद् शरणागति हैं तामें प्रथम प्रतिकूल को त्याग (यथा) दो०। "मदकुसंग परदारधन, द्रोहमानजनि भूल। धर्मरामप्रतिकूलये, अमीत्यागि बिषतूल"॥ दूसरी अनुकूलको ग्रहण (यथा) दो०। "नामरूप लीला सुरति, धाम नाम सतसङ्ग। स्वाति सलिल श्रीराममन, चातक प्रीति अभङ्ग"॥ तीसरी प्रभुके सुशीलता प्रभु के गुण विचारना यह गोप्तृत्व शरणागति है (यथा) दो०। "केवट कपिकृत सख्यता, शबरी गीध पपान। सुगति दीन्ह रघुनाथ तजि, कृपासिन्धु को आन"॥ चौथी आपने गुणदोष सुनावना यह कार्पण्यता है (यथा) दो०। "कायर कूर कपूत खल, लम्पट मन्द लवार। नीच अघी अतिमूढ़ मैं, कीजे नाथ उबार॥ पचईं रक्षा में बिश्वास शरणागति है (यथा) दो०। "अम्बरीप प्रह्लाद ध्रुव, गज द्रौपदि कपिनाथ।

में रक्षक अब मेरेहू, करि हैं श्रीरघुनाथ"॥ छठईं आत्मनिक्षेप है (यथा) "दानदया दमतीर्थव्रत, संयमनेमअचार। मनबचकाया कर्मसह, आत्म रामपदवार"॥ इत्यादि षट् शरणागति धारण करु गोसाईंजी कहत कि जे भक्ति में प्रवीण हैं तिनको यह मत है सो आपने हृदय में बिचारु धारु॥ ७॥

दोहा॥

कन्दिकदून नक्षत्रहनि, गनी अनुज तेहि कीन।
जेहिहरिकरमनिमानहनि, तुलसी तेहिपदलीन ८

कं नाम शीश दिग्नाम दश भाव दशशीश ताके दूने बीस नक्षत्रनाम हस्त भाव बीस भुज जो रावण ऐसा बली ताको हनि अर्थात् परिवार सहित नाश करे ऐसे सबल श्रीरघुनाथजी हैं (पुनः) ताको अनुज बिभीषण रावणको त्यागि दीन्हों ऐसो दीन शरण आयो ता बिभीषण को गनी कहे गनतीवारो महाराज करे ऐसे शरणपाल हैं प्रभु (पुनः) जेहि श्रीरघुनाथजीने हरि जो बानर तिनके कर कहे हाथनसों मणिनको मान हनि कहे नाशकीन्हें (यथा) "मणिमुख मेलिडारिकपिदेहीं"। अथवा राजतिलकसमय प्रभुके गरे में महारत्नको माला देखि सब कोऊ इच्छाकीन तिनको नहीं दीन अनिच्छित जानि हनुमान् जीको दीन्हें तिन सब मणी फोरिडारे काहेते जाके भीतर राम नाम नहीं तौ सुन्दररूप बृथा है ऐसे समर्थ शरणपाल पूरणकाम श्रीरघुनाथजी हैं गोसाईंजी आपने मनते कहत कि ऐसे श्रीरघुनाथ जी हैं तिनके चरणन में लीन होउ लोक आश त्यागो॥ ८॥

दोहा॥

शिला शापमोचक चरण, हरण सकल जञ्जाल।

भरण करन सुखसिद्धितर, तुलसी परमकृपाल ९

कैसे चरण हैं शिलाशापमोचक भाव पतिशाप ते अहल्या शिला ह्वैगई रही जा चरणरेणु लागे पुनीत ह्वै पति को मिली (पुनः) कैसे हैं चरण लोक में यावत् जञ्जाल हैं ताके हरणहार हैं (यथा) केवट पावँ धोय पानकरि परिवार सहित भवपार भयो (पुनः) सवभांति को सुख व अणिमादिक सिद्धियां तिनके तर कहे अत्यन्त सुख सिद्धिन के भरणहार हैं (यथा) बिभीषण को लोकहू परलोक को अचल सुखदिये (पुनः) काकभुशुण्डि को सब सिद्धि बालकेलिही में दैदीन्हें यामें शापमोचक कहिवे को यह भाव कि शरणागतपै कोऊ शाप देइ ताको छोड़ाइदेत (यथा) अम्बरीष पै दुर्वासा जञ्जाल हरिवेको भाव कि कैसहू पापी शरण आवै सब पाप नाशकरि शरण राखत (यथा रामायणे) "मित्रभावेन सम्प्राप्तं न त्यजेयं कथञ्चन। दोषो यद्यपि तस्य स्यात्सतामेतदगर्हितम्" (पुनः) स्वभक्तनको सुखसिद्धि परिपूर्ण करि देत (यथा) "कागभुशुण्डि मांगु बर, अतिप्रसन्न मोहिं जानि। अणिमादिक सिद्धी अपर, मोक्ष सकल सुखखानि" ॥ ९ ॥

दोहा ॥

मरनबिपतिहरधुरधरन, धरा धरण बलधाम।
शरणतासुतुलसी चहत, बरण अखिलअभिराम १०

मर कहे मृत्यु न कहे नहीं है जिनके ऐसे अमर जो देवता तिन की बिपत्ति रावणादि राक्षस तिनके हरण नाशकर्ता श्रीरघुनाथ जी कैसे हैं धर्मकी जो धुरीहै सत्य शौच तप वा दया दानादि तामें धुरीन ही हैं (पुनः) धरा पृथ्वी ताके धरण कहे पालन

करिबेमें बलधाम हैं (यथा) "त्यागवीरो दयावीरो विद्यावीरो विचक्षणः । पराक्रममहावीरो धर्मवीरः सदा स्वतः ॥ पञ्चवीराः समाख्याता राम एव स पञ्चधा । रघुवीर इति ख्यातः सर्ववीरोपलक्षणः " ॥ (पुनः) कैसे हैं ब्राह्मणादि अखिल सकलबर्ण भाव जीवमात्रके अभिराम कहे आनन्दके दाता हैं तासु श्रीरघुनाथजी के शरणागत तुलसी चाहत है अथवा मरण समय की बिपत्ति के हरणहार भाव मरणसमय भूलिहू कै जाको नाम स्मरणकरै तौ यमदण्ड की भय हरिलेत ऐसे श्रीरघुनाथजी हैं (यथा भगवद्गुणदर्पणे) "अगणितपापानस्मरान्भगवदेवशरणानप्रियमो दण्डयिष्यतीतिनिवृत्तिभगवदैश्वर्याद्यपरपर्यायशौर्यगुणानुसंधानं फलम्" ॥ अरु धर्मकी धुरी के धरणहार भरतजी अरु धरा जो भूमि ताके धरणहार शेषरूप लक्ष्मणजी बलधाम शत्रुहनजी (पुनः) अखिल बर्ण की अभिराम आनन्द देनहारी श्रीजानकीजी तासु कहे तिनकी शरण तुलसी चाहत अथवा अखिलसंसार के अभिराम आनन्ददायक श्रीरामनाम के दोऊ बर्ण तासु शरण तुलसी चाहत कैसे हैं बर्ण धर्मधुरीननकी जो धरा है परमार्थ ताके धरणहार बलधाम हैं ॥ १० ॥

दोहा ॥

बिहँग बीच रैयत त्रितय, पति पति तुलसी तोर।
तासुबिमुखसुखअतिबिषम, सपनेहुँहोसिनभोर ११

बिहंगपक्षी पर्याय ते शकुन तामें मध्य को बर्ण कु (पुनः) रैयत कहे प्रजा ताको त्रितय कहे तीसरा वर्ण जा दोऊ जोड़े ते कुजा भयो कु भूमि ताकी जा कुजा श्रीजानकीजी तिनके पति हे तुलसी ! तेरेहू पति हैं भाव श्रीजानकीजी सहित श्रीरघुनाथजी

को ध्यान जपादि करु कैसे हैं श्रीजानकीनाथ कि कैसहू पातकी होय जिनको नाम स्मरणमात्रही से मुक्ति पावत (यथा ब्रह्मवैवर्त्ते) " आधयो व्याधयो यस्य स्मरणान्नामकीर्तनात् । शीघ्रं वै नाशमायान्ति तं वन्दे जानकीपतिम् " (आदिपुराणे श्रीकृष्णवाक्यम्) " श्रद्धया हेलया नाम वदन्ति मनुजा भुवि । तेषां नास्ति भयं पार्थ रामनामप्रसादतः " ॥ ऐसे श्रीरघुनाथजी हैं तिनको नाम रूपमें सदा मनको राखु सपनेहू में भोर कहे भूलु ना काहे ते जिन के विमुख भये यावत् सुख हैं सो सब विषम कहे उलटे भाव दुःख ह्वै जायँगे (यथा भविष्योत्तरे नारायणलक्ष्मीं प्रति) " जीवाः कलियुगे घोरा मत्पादविमुखास्सदा । भविष्यन्ति प्रिये सत्यं रामनामविनिन्दकाः ॥ गमिष्यन्ति दुराचारा निरये नात्र संशयः " ॥ ११ ॥

दोहा ॥

द्वितियकोल राजिव प्रथम, वाहन निश्चय माहि ।
आदि एक कल दै भजहु, वेद विदितगुणजाहि १२
वसत जहां राघव जलज, तेहिमिति गोजेहिसङ्ग ।
भजु तुलसीतेहिअरिसुपद, करिउरप्रेम अभङ्ग १३

कोल कहे वाराह ताको द्वितीय वर्ण र (पुनः) राजिव कमल पर्यायते मकरन्द ताको प्रथम मकार दोऊ जोड़े 'राम' भयो (पुनः) वाहन कहे जान और निश्चय कहे किल ताके आदि वर्ण में एककला इकार मिलाये दीर्घ की तामें जान मिलाये जानकी भयो सो राम जानकी कैसे हैं परब्रह्मरूप हैं काहेते जिनके सौशील्य वात्सल्यतादि अनेक दिव्यगुण वेद में विदित हैं (यथा रामतापिन्याम्) "रमन्ते योगिनोऽनन्ते सत्यानन्दे चिदात्मनि ।

इति रामपदेनासौ परब्रह्माभिधीयते" (पुनः) "सीतारामौ तन्मया च प्रपूज्यौ जातान्याभ्यां भुवनानि द्विससस्थितानि च प्रहृता-न्येव तेषु ततो रामो मानवामाययाधात्" ॥ ऐसे श्रीराम जानकी को भजहु १२ जल में उत्पन्न ताको कही जलज जलजन्तु राघव नामें मच्छ जहां बसत ऐसा अगाध समुद्र ताकी मिति कहे म-र्यादा गो नाम गई है जाके संग ते भाव दुष्ट रावण के परोस ते नाहक को समुद्र बांधो गयो तेहि रावण के अरि नाशकर्ता श्री-रघुनाथजी तिनके सुन्दर पदकमल तिनको तुलसी भजु कौन भांति उर में अभङ्ग प्रेम करिकै (यथा) श्रीजानकीजी सहित रामरूप हृदय में धारण सजल नेत्र गद्गद बाणी रसना करि श्री-रामनामस्मरण अहर्निशि सरिताप्रवाहवत् करना (यथा महा-रामायणे) "श्रीरामनाम रसनां प्रपठन्ति भक्त्या प्रेम्णा च गद्गद-गिरोप्यथ हृष्टलोमाः । सीतायुतं रघुपतिं च विशोकमूर्तिं पश्यन्ति नित्यमनघाः परया मुदा तम्" ॥ १३ ॥

दोहा ॥

भजहुतरणिअरि आदिकहँ, तुलसी आत्मजअन्त।
पञ्चानन लहि पदुममथि, गहेबिमलमनसन्त १४

तरणि सूर्य तिनके अरि राहु ताके आदि रा (पुनः) आत्मज कहे काम ताके अन्त में मकार दोऊ मिले राम भयो सो श्रीरामनाम को भजहु कैसा है रामनाम जाको पदुम कहे सौ करोरि बेदन को सारांश श्रीरामचरित बाल्मीकि ने निर्माण कीन्हें (यथा) "रामायण द्रुम मोक्षफल, गायत्री गुनबीज। राम सुरक्षा अंकुरित, बेदमूल शुभ चीज ॥ बेदबेद्य परपुरुषभो, दशरथ सुत यह धार । बालमीकिते बेदभो, रामायण अवतार" ॥ (अगस्त्यसंहितायाम्)

"वेदवेद्ये परे पुंसि जाते दशरथात्मजे। वेदः प्राचेतसादासीत्साक्षाद्रामायणात्मनः"॥ तेहि रामायण को मथि सारांश राम ताको पञ्चानन जो शिवजी तिन लहे पाये भाव रामनाम ग्रहण करि लिये (यथा मनुस्मृतौ) "सप्तकोटिमहामन्त्राश्चित्तविभ्रमकारकाः। एक एव परो मन्त्रो राम इत्यक्षरद्वयम्"॥ ऐसा श्रीरामनाम ताको हे तुलसी! भजहु जाको विमलमनवाले सन्त नारदादि गहे हैं अथवा जाके गहे ते विमल मनवालो सन्त होत विकार सब नाश होत॥ १४॥

दोहा॥

बनिता शैल सुतासकी, तासु जनम को ठाम।
तेहिभजु तुलसीदासहित, प्रणतसकलसुखधाम १५
भजु पतङ्गसुतआदि कहँ, मृत्युञ्जय अरिअन्त।
तुलसी पुष्कर यज्ञकर, चरणपांशुमिच्छन्त १६

शैल हिमाचल ताको सुत मैनाक ताको आसस्थान समुद्र ताकी वनिता नदी श्रीगङ्गाजी तिनके जन्म को ठाम श्रीरामपद भाव लोक पावन करणहारी जिनको शिवजी शीशपर धरें ऐसी श्रीगङ्गाजी जिन पाँवन ते प्रकट भईं तिन पदकमलन को हे तुलसीदास! भजु कैसे हैं पदपङ्कज कि प्रणत जो शरणागत ताके हित हैं कौन हित करते हैं लोक परलोकादि जो सकल प्रकार को सुख ताके धाम हैं भाव सुखद ठौर एक श्रीराम पदै है (यथा अध्यात्म्ये) "को वा दयालुस्मृतकामधेनुरन्यो जगत्यां रघुनायकादहो। स्मृतो मया नित्यमनन्यभाजा ज्ञात्वामृता मे स्वयमेव यातः" १५ पतङ्ग सूर्य तिनके सुत करण तिनको नाम

राधेय ताको आदि वर्ण र (पुनः) मृत्युंजय शिव ताके अरि काम ताको अन्तबर्ण म दोऊ मिले 'राम' भयो (पुनः) पुष्कर तीर्थ में यज्ञकर्ता ब्रह्मा ते जिनके चरणन की पांशुनाम धूरि ताकी इच्छा करत भाव जिनके चरण रेणु की इच्छा ब्रह्मादिक करत (यथा वशिष्ठसंहितायाम्) "जय मत्स्याद्यसंख्येयावतारोद्भवकारण। ब्रह्मविष्णुमहेशाद्यसंसेव्यचरणाम्बुज"॥ ऐसे श्रीरघुनाथ जी हैं तिन्हें हे तुलसी! भजु ॥ १६ ॥

दोहा ॥

उलटे तासी तासुपति, सौ हजार मनसत्थ।
एकशूनरथ तनयकह, भजसि न मन समरत्थ १७
द्वितियतृतियहरकासनहिं, तेहि भज तुलसीदास।
काकासन आसन किये, शासन लहे उपास १८

तासी शब्द उलटेते सीताभयो तासुपति श्रीरघुनाथजी (पुनः) सौहज़ारको भयो लक्ष तामें मन मिलाय लक्ष्मण भयो सोहै जिन के साथ (पुनः) एक में शून्य दिहे दश भयो तामें रथ मिलाये दशरथ भयो तिनके तनय पुत्र भरत शत्रुहन इत्यादि पांचहू मङ्गलरूप सुखद भजिबे में सुगम तिनको हे मन! तैं समर्थ ह्वैके भजसि नहीं अर्थात् भजु मनको समर्थ कहिबेको यह भाव कि पांच भूत दशेन्द्रिय देवता जीवसहित सब मन के अधीन हैं जो मन करै सोई सब करैं १७ हर जो महादेवजी तिनको आसन काशी पर्याय बाराणसी ताको द्वितीय बर्ण रा (पुनः) हरको आसन चर्म ताको तृतीयबर्ण मकार दोऊ मिलाये 'राम' भयो हे तुलसीदास! तेहि श्रीरामको भजहु जो ना भजहु तौ कासन

कहे कुश कासन के आसनादि पर रहे का है कुछ नहीं है (पुनः) उपास कहे व्रतादि कीन्हें ते शासन कहे क्लेशमात्र लहे भाव दुःखही हासिल है (यथा) "पठितसकलवेदश्शास्त्रपारंगतो वा यमनियमपरो वा धर्मशास्त्रार्थकृद्धा । अटितसकलतीर्थव्राजको वाहुताग्निर्नहि हृदि यदि रामः सर्वमेतद्वृथा स्यात्" ॥ १८ ॥

दोहा ॥

आदि द्वितिय औतार कहँ, भज तुलसीनृपअन्त।
कमल प्रथम अरुमध्यसह, वेदविदित मतसन्त १९
जेहि न गन्योकछुमानसहु, सुरपति अरिमौआस।
जेहिपदसुचिताअवधिभव, तेहिभजतुलसीदास २०

द्वितीय अवतार कच्छप पर्याय कूर्म ताको आदि वर्ण कु (पुनः) नृप कहे राजा ताको अन्त वर्ण जा दोऊ मिले कुजा भयो कु नाम पृथ्वी ताकी जा पुत्री 'कुजा' श्रीजानकीजी (पुनः) कमल को नाम राजीव ताको प्रथम वर्ण रा (पुनः) मध्य कमलको म दोऊ मिले 'राम' भयो तिनको हे तुलसी! भजु कैसे हैं श्रीरामजानकी जिनको भजनकरिवो सन्तनको मत है सो मत कैसा है वेद में विदित है भाव जाको यश वेदपुराण गावत (यथा याज्ञवल्क्यसंहितायाम्) "कृष्णेति वासुदेवेति सन्ति नामान्यनेकशः। तेभ्यो रामेति यन्नाम प्राहुर्वेदाः परं मुने॥ रामनाम्नः परं किंचित्तत्त्वं वेदे स्मृतिष्वपि। संहितासु पुराणेषु नैव तन्त्रेषु विद्यते" १९ सुरपति इन्द्र ताको अरि रावण ताको मवास-स्थान लङ्का ऐसो दुर्घट कोट ताको जेहि रघुनाथजीने मानसहु कहे मनहूमें कछु न गने कि लङ्का दुर्घट है यामें युद्धवीरता

देखाये अथवा जाको ऐश्वर्य कुछ न गिने लोभ न कीन्हें यामें त्यागबीरता देखाये अथवा बिभीषण को देनेमें कुछ न गने तृण सम दैदीन्हे ऐसे सबल अकाम उदार (पुनः) जेहि पावनते भवनाम उत्पन्न भई श्रीगङ्गाजी जो पवित्रताकी अवधि कहे मर्यादा हैं ऐसे श्रीरघुनाथजीको हे तुलसीदास ! भजु ॥ २० ॥

दोहा ॥

नैन करण गुण धरन बर, ताबर बरण बिचार ।
चरणसतरतुलसी चहसि, उबरणसरणअधार २१
भजुहरिआदिहिबाटिका, भरिता राजिव अन्त ।
करितापद बिश्वास भव, सरितातरसितुरन्त २२

करणकहे कान ताको गुण शब्दको सुनिबो ताको नयनन में धारणहार भाव नेत्रन ते सुनते हैं सर्प तिनमें बर कहे श्रेष्ठ शेष श्रीलक्ष्मणजी तासों बर श्रीराम ये जो दोऊ वर्ण हैं तिनको वेद पुराण में सत्सङ्गमें बिचारि जानिले हे तुलसी ! सतर कहे शीघ्र ही भवसागर ते उबरन चाहसि तौ श्रीरघुनाथजी के चरणशरण की आधार रहु भाव शीघ्र पारकर्ता दयालुरूप येई हैं (यथा वाल्मीकीये) सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्व भूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतम्मम २१ बाटिका बाग पर्याय आराम तामें आदि आकार हरि कहे निकारिये तब राम भयो (पुनः) राजीव चन्द्रमा पर्याय ससीताके अन्तमें ताकार भरिबेते ससीता भयो स कहे सहित सीताराम के पादारबिन्दन में बिश्वासकरि भजु तौ भवसरिता तुरतही तरसि भाव तुच्छ नदीसम भवसागर को तुरत ही तरिजासि सहित जानकी कहबेको यह भाव कि श्रीजानकी जी परमदयालु हैं (वाल्मीकीये) "प्रणिपातप्रपन्ना हि मैथिली

जनकात्मजा । अलमेषा परित्रातुं राक्षस्यो महतो भयात्" ॥ ऐसी दयालु जो नमस्कारहीमात्रसे प्रसन्नहोत तिन सहित भजु ॥२२॥

दोहा ॥

जड़ मोहन वर रागकह, सह चञ्चल धित चेत ।
भजु तुलसीसंसारअहि, नहिंगहि करतअचेत २३
मरणअधिपबारनवरण, दूसर अन्त अगार ।
तुलसी इषुसह रागधर, तारण तरण अधार २४

मालकौश गाये पत्थर पघिलत स्वाभाविक राग सुनि मृग जड़ पशु मोहत ताते जड़ मोहन राग ताको आदिवर्ण रा (पुनः) आदि वर्ण चञ्चलमन ताकी आदिमकार दोऊ मिले 'राम' भयो तिनको भजु हे तुलसी ! मोह मदिरा सों मातु न चितसों चैतन्य होनाही तौ संसाररूप अहि सर्प गहि कहे पकरि विषयरूप विष सों अचेतकरि देइ भाव नरदेह मुक्तिको द्वारहै ताको पाय (पुनः) विषयमें मन दीन्हें ते शोचिवे योग्य है (भागवते प्रह्लादवाक्यम्) "नैवोद्विजे परदुरत्ययवैतरण्यास्त्वद्वीर्यगायनमहामृतमग्न चित्तः । शोचेततो विमुखचेतसइन्द्रियार्थमायासुखायभरमुद्वहतो विमूढान्" २३ नमर अमर देवता तिनके अधिप राजा इन्द्र ताके वाहन जो हाथी ऐरावत ताको दूसर वर्ण रा (पुनः) अगार कहे धाम ताको अन्त वर्ण मकार दोऊ मिले 'राम' भयो (पुनः) इषु कहे बाण रागशार्ङ्ग धनुष भाव बाणसहित धनुषधारी जो श्री रघुनाथजी हैं तिनकी जो आधार रहत ताको गोसाईंजी कहत कि भक्त आपु तरण है और को तारणहार (यथा) ध्रुव प्रह्लादादि को चरित भवतारक है जाको सुनि औरहू भक्त होतहैं ॥ २४ ॥

दोहा ॥

जौउरविनचाहसिफ्फटित, तौ करि घटितउपाय।
सुमनसअरिअरिबरचरण, सेवनसरल सुभाय २५
द्वितिय पयोधर परमधन, बाग अन्त युत सोय।
भजु तुलसी संसारहित, यातेअधिक न कोय२६

उर्विनाम भूमि तासों ज नाम उत्पत्ति मगर फ्फटित नाम शीघ्र घटित नाम योग्य भाव शीघ्रही मङ्गल अर्थात् कल्याण प्राप्त होने योग्य उपाय करु कौन उपाय सुमनस जो देवता तिनके अरि रावणादि राक्षस तिनके अरि श्रीरघुनाथजी तिनके बर जो श्रेष्ठ चरण हैं तिनको सरल कहे सहजस्वभाव ते सेवनकरु (भाव) स्वाभाविक मनु लागरहे तौ शीघ्रही कल्याण होय (यथा ब्रह्म-वैवर्त्ते) "आधयो व्याधयो यस्य स्मरणान्नामकीर्तनात्। शीघ्रं वै नाशमायान्ति तं वन्दे जानकीपतिम्" २५ पयोधर मेघ पर्याय धाराधर ताको द्वितीय वर्ण र (पुनः) बागको नाम आराम ताको अन्त वर्ण मकार युत कहे मिलाये 'राम' भयो सो यह श्रीरामनाम परमधन है भाव काहूभांति चुकत नहीं ताको हे तुलसी! भजु काहेते संसार में हितकरत या श्रीरामनाम ते अधिकी कोई दूसरा पदार्थ नहीं है (यथा केदारखण्डे शिववाक्यम्) "रामनामसमं तत्त्वं नास्ति वेदान्तगोचरम्। यत्प्रसादात्परां सिद्धिं सम्प्राप्ता मुनयोऽमलाम्" (पुनः अध्यात्म्ये) "अहोभवन्नामगृणन्कृतार्थो वसामि काश्यामनिशम्भवान्या। मुमूर्षमाणस्य विमुक्तयेऽहं दशामि मन्त्रं तव रामनाम" ॥ २६ ॥

दोहा ॥

पति पयोधि पावनपवन, तुलसी करहु बिचार।

आदिद्वितिय अरु अन्तयुत, तामततवनिरधार २७
हंसकपट रससहित गुण, अन्त आदि प्रथमन्त।
भज्जु तुलसी तजिवामगति, जेहिपदरतभगवन्त २८

पति को नाम भर्ता (पुनः) पावन पयोधि कहे क्षीरसागर पवन जो मरुत तहां भर्ता को आदिवर्ण भ (पुनः) क्षीरसागर को द्वितीय वर्ण र (पुनः) मरुत को अन्तवर्ण त तीनिहू एक में युत कीन्हे 'भरत' भयो तिनको मत श्रीरघुनाथजी विषे प्रेमा भक्ति ताको हे तुलसी! विचार करहु सोई मत अर्थात् भगवत स्नेह कीन्हें तेरो भवसागर ते निरधार है भाव बिना श्रीरामभक्ति मुक्ति नहीं होत (यथा सत्योपाख्याने सूतवाक्यम्) "विना भक्तिं न मुक्तिश्च भुजमुत्थाय चोच्यंते। यूयं धन्या महाभागा येषां प्रीतिश्च राघवे" २७ हंस कहे मराल ताके अन्तमें लकार (पुनः) कपट कहे छल ताकी आदि में छकार (पुनः) रस कहे मकरन्द तामें प्रथम मकार (पुनः) गुण कहे तीन ताके अन्त णकार चारिहु वर्ण मिलाये ते लक्ष्मण भयो सो कैसे हैं शेषरूप भगवन्त हैं सो श्रीलक्ष्मणजी जिनके पादारविन्दन में रत कहे सदा सेवन करत ऐसे श्रीरघुनाथजी को हे तुलसी! भजु कौन भांति वाम गति तजि कै भाव लोक विषयवासनादि छल छांड़ि शुद्ध मन प्रेम सहित गद्गदवाणी ते श्रीरामनाम को उचारण सदा कीनकरु प्रभु को रूप उर में धरु॥ २८॥

दोहा॥

कना समुझि कवरन हरहु, अन्त आदि युतसार।
श्रीकर तम हर वर्णवर, तुलसीशरणउवार २९

अङ्क दशा रस आदि युत, पाण्डुसूनु सहअन्त।
जानि सूनु सेवक सतर, करिहै कृपापरन्त ३०
झटितसखाहिबिचारिहिय, आदि बर्ण हरिएक।
अन्तप्रथम स्वर दै भजहु, जा उर तत्त्वबिबेक३१

कना कहे मकरा ताको समुझि मध्यवर्ण जो ककार ताको हरहु तब मरा अस पदभयो तामें अन्त की जो है राकार ताकी मकार को आदि युत कीन्हें ते 'राम' भयो ताको गोसाईंजी कहत कि कैसे दोऊ श्रेष्ठ वर्णहैं कि जिज्ञासु जो साधक भक्त हैं तिन को सिद्धिदायक बेदादि के सार हैं तत्त्वरूप (पुनः) अर्थार्थी भक्तन को श्री कहे ऐश्वर्य शोभादिक करनहार है (पुनः) आरत जो शरण आवै तिनको क्लेशते उबारणहार है (पुनः) बासनाहीन जे ज्ञानी हैं तिनके उर में प्रकाशकरि मोहादि तम के हरणहार हैं २६ दश के जे दोऊ अङ्क हैं दश (पुनः) रसको आदिवर्ण रकार सो दश में युत कीन्हें ते दशर भयो (पुनः) पाण्डुसूनु कहे पुत्र पारथ ताके अन्त की थकार दशर में सह कहे सहित कीन्हें ते 'दशरथ' भयो ते दशरथ महाराज आपने सूनु पुत्र श्रीरघुनाथजी को सेवक जानिकै परन्त कहे बिशेषिकै सतर कहे शीघ्रही कृपा करिहैं काहेते लोकहू की यह रीति है कि पुत्र को सेवकौ पुत्रही सम प्रिय होत है ३० झटित कहे शीघ्र पर्याय आसु (पुनः) सखा कहे मित्र दोऊ मिले आसु मित्र भयो यह हिये ते बिचारि आदि को एक बर्ण आकार हरिबे ते सुमित्र भयो तामें आदिस्वर जो आकार सो अन्त देबेते सुमित्रा भयो तिनको भजो कैसी हैं सुमित्रा जिनके उरमें श्रीराम तत्त्व को बिबेक है प्रथम दोहा में दशरथजी को कहे यामें सुमित्राजी को कहे भाव

श्रीरघुनाथजी के माता पिता हैं तामें कौसल्याजी को क्यों नहीं कहे तहां दशरथजी वेद है कैकेयीजी कर्मशक्ति है कौसल्या ज्ञान शक्ति है सुमित्राजी उपासना शक्ति है (यथा शिवसंहितायाम्) "तासां क्रिया तु कैकेयी सुमित्रोपासनात्मिका। ज्ञानशक्तिश्च कौसल्या वेदो दशरथो नृपः"॥ सो भक्तन को उपासना आधारहै याते सुमित्राजीको भाव वेदयुत उपासनाकरि प्रभुको भजौ॥२१॥

दोहा॥

आदि चन्द चञ्चल सहित, भजु तुलसी तजुकाम॥
अघगञ्जन रञ्जन सुजन, भवभञ्जन सुखधाम२२
विगत देह तनुजा सपति, पदरति सहित सनेम।
यदिअतिमतिचाहसिसुगति,तदितुलसीकरुप्रेम२३

चन्द को नाम राजिव ताकी आदि रा (पुनः) चञ्चल मन ताकी आदि म तिहि सहित कीन्हें 'राम' भयो ताको भजु हे तुलसी! काम कहे यावत् कामना हैं तिनको तजु कैसा है श्रीराम नाम पापन को नाशकर्ता सुजनन को रञ्जन कहे आनन्ददाता है भवफन्दन को तूरनहार लोकहू परलोक के सुखको धाम कहे स्थान है २२ विगत देह कहे विदेह तिनकी तनुजा श्रीजानकीजी तिनको सपति सहित पति भाव श्रीराम जानकी के पादारविन्दन में रति कहे प्रीति सहित रहु कैसी प्रीति नेम सहित शुभाशुभ सब त्याग यह नेम लिहे शुद्ध हृदय प्रेमभावते निरन्तर उसी के आधीन रहिबो प्रीति है ताते यदि कहे जो जन्म पर्यन्त अति अमल मति कहे बुद्धि चाहसि औ अन्तसमय सुन्दरि गति चाहसि तौ हे तुलसी! श्रीरघुनाथजी के पांवन में प्रेम करु॥२३॥

दोहा ॥

करताशुचि सुरसरसुता, शशि सारँगमहिजान।
आदिअन्तसहप्रथमयुत, तुलसी समुझु न आन ३४
गिरिजापतिकलआदिइक, हरिनक्षत्रयुधि जान।
आदिअन्तभजुअन्तपुनि, तुलसीशुचिमनमान ३५

सुर देवता तिनको सर मानसर ताकी सुता सरयू शशिनाम चन्द्रमा ताको कही राकापति ताकी आदि रा (पुनः) सारँग नाम पपीहा ताको नाम बिहंगम ताके अन्तमें मकार दोऊ मिले 'राम' भयो (पुनः) महिजा आन महिजान महिभूमि ताकी जा पुत्री जानकीजी प्रथम जो 'सरयू' तिनयुत अर्थात् सरयू राम जानकी इनको आन कहे दूसरारूप न समुझु हे तुलसी ! एकही रूपकरि उर में आनु कैसे हैं शुचिकर्ता हैं भाव कैसहू पतित होय जिनको नाम लेतही पावन होत ३४ गिरिजा पार्वती ताके पति शिव ताके आदि वर्ण में एक कला दीन्हें दीर्घ भई सी (पुनः) हरिनाम सूर्य ताको नाम सबिता ताके अन्त की ता दोऊ मिले सीता भयो (पुनः) नक्षत्र नाम तारा ताके अन्त रा (पुनः) युधि कहे संग्राम ताके अन्त में दोऊ मिले 'राम' भयो सो सीता राम को भजु तौ मनको शुचि कहे पवित्र मानु नाहीं तो अपावन है॥ ३५ ॥

दोहा ॥

ऋतुपतिपदपुनि पडिकयुत, प्रथमआदि हरि लेहु।
अन्तहरण पद द्वितियमहँ, मध्यवरणसहनेहु ३६
बाहन शेष सुमधुप रव, भरतनगर युत जान।

हरिभरिसहित बिपर्यकरि, आदिमध्यअवसान ३७

ऋतुपति कहे बसन्त ताको आदिवर्ण बकार हरिवेते सन्तरहे पदमिले सन्तपद भयो (पुनः) पडिक कहे चांदी ताको नाम रजत ताकी अन्त तकार हरिबे ते रज रहो तहां आदिपदकी वकार हरे अन्तपदकी तकार हरे मध्यवर्ण रहे सन्तपदरज तामें नेह कहे प्रीति करौ तौ तुरतही श्रीरामभक्तिकी प्राप्ति करिदेइँगे (यथा भागवते) "रहूगणैतत्तपसा न याति न चेज्यया निर्वपणाद्गृहाद्वा । न छन्दसा नैव जलाग्निसूर्यैर्विनामहत्पादरजोभिषेकम्" ३६ शेषजी कच्छपके ऊपरहैं याते शेषके बाहन कूर्म (पुनः) मधुप भँवर ताको सुन्दर रव कहे गुञ्जार तहां कूर्म की आदि कू गुञ्जारके मध्य जा दोऊ हरिकहे निकारि सहित कहे दोऊ एक में भरिबे ते 'कुजा' भयो कु पृथ्वी ताकी जा कहे पुत्री श्रीजानकी (पुनः) भरतनगर कहे मथुरा ताको विपर्यय करि अन्तकी राकार आदि देबेते रामथु भयो ताकी अन्त थकार हरिबेते रहो राम सो सीता रामही को आपन हित करिकै जानु काहेते आदि कहे गर्भवास में रक्षा कीन्हें (पुनः) मध्य कहे जन्म पर्यन्त रक्षक हैं (पुनः) अवसान कहे अन्तकाल मृत्यु के समय यमदूतन करिकै सीता रामही दयाल रक्षाकरिबे योग्य हैं याते शरणागत रहनो उचित है ॥ ३७ ॥

दोहा ॥

तुलसी उडगणको बरण, बनजसहित दोउअन्त ।
ताकहँ भजु संशयशमन, रहित एककल अन्त ३८
वारिज बारिज बरणबर, बरणत तुलसीदास ।

आदिआदि भजु आदिपद, पाये परम प्रकास ३९
भजुतुलसीकुलिशान्तकह, सह अगारतजि काम।
सुखसागर नागर ललित, बली अली परधाम ४०

उडुगण कहे तारा ताको अन्त वर्ण रा (पुनः) बन कहे जल ताते ज नाम उत्पन्न समुद्र ते चन्द्रमा ताको अन्त वर्ण मा दोऊ मिले भयो 'रामा' तामें अन्त को एक कला निकारे ते 'राम' भयो सो रामनाम कैसा है जन्म मरणादिकी जो संशय है ताको नाशकर्ता है ताते हे तुलसी! श्रीरामनाम को भजु तौ अभयपद मिलैगो ३८ बारिज कमल ताको नाम राजिव ताको आदि वर्ण रा (पुनः) बारिज नाम मकरन्दी ताकी आदि मकार दोऊ मिलाये 'राम' भयो सो कैसे दोऊ वर्ण हैं जिनको तुलसीदास वर कहे श्रेष्ठ करिकै वर्णन करत हैं भाव यावत् मन्त्रादि वीज वर्ण हैं तिनको आदि कारण है सो श्रीराम नामको भजु तौ आदि पद मुक्ति अथवा आदिपद जीव को सहज शुद्धरूप की प्राप्ति होइगी ताके पाये उर में परमप्रकाश होइगो तब श्रीरामरूप प्राप्त होइगो ३९ कुलिश कहे हीरा ताको अन्तवर्ण रा (पुनः) अगार कहे धाम ताके अन्त मकार सह कहे दोऊ मिलाये ते 'राम' भयो तिनको हे तुलसी! भजौ कौन भांति काम सब कामना तजिकै शुद्धरूप ह्वैकै कैसे हैं श्रीरघुनाथजी सुखसागर (यथा) आनन्दजलपूर्ण उत्सव तरङ्ग क्रीड़ा जलजन्तु शोभा सौकुमार्य रत्न भक्ति तट सज्जन भक्त अधिकारी (पुनः) नागर कहे बुद्धिमान् विद्यावान् सब भाषा में निपुण हैं यह चातुर्यता गुण है (भगवद्गुणदर्पणे) "महाशाकुनिको रामः समुद्रागमपारगः। ग्रामारण्यपशूनां च भाषाभिर्व्यवहारकृत्" (पुनः) ललित कहे

अत्यन्तस्वरूप सुन्दर है (यथावाल्मीकीये) " रामः कमलपत्राक्षः सर्वसत्त्वमनोहरः। रूपयौवनसम्पन्नः प्रसूतो जनकात्मजे" (पुनः) वली कहे अत्यन्त सबल वीर हैं (यथा) "ब्रह्मरुद्रेन्द्रसंज्ञैश्च त्रैलोक्यप्रभुभिस्त्रिभिः । रामवध्यो न शक्यः स्याद्रक्षितुं सुरसत्तमैः " (पुनः) अली कहे सखी फ़ारसी में सखी कहे सखावत करने वाला अर्थात् उदार दानी है (पुनः) सबते परे साकेत धाम है जिनको ॥ ४० ॥

दोहा ॥

चञ्चल सहितरु चञ्चला, अन्त अन्त युत जान।
सन्तशास्त्रसम्मत समुझि, तुलसी करु परमान ४१

चञ्चल पारा तामें अन्त र पुनः चञ्चला स्त्री ताको नाम वाम ताके अन्त मकार दोऊ वर्णयुत कीन्हेंते 'राम' भयो ते श्रीराम सर्वोपरि सब के सारांश हैं ऐसा जानु कौन भांति शान्त रस के अधिकारी विज्ञानी जे सन्त (यथा) चौ० । " शुक सनकादि शम्भु मुनि नारद । जे मुनिवर विज्ञान बिशारद ॥ सबकर मत खगनायक येहू । करिय रामपद पङ्कज नेहू ॥" तिन सन्तन के कीन्हें जे शास्त्र हैं संहिता आदि तिनको सम्मत सम्पूर्ण मत समुझि तब हे तुलसी ! प्रमाण करु भाव परब्रह्म जानि श्रीरामको भजु (यथा सनत्कुमारसंहितायां व्यासनारदसम्मतवाक्यम्) " यत्परं यद्गुणातीतं यज्ज्योतिरमलं शिवम् । तदेव परमं तत्त्वं कैवल्यपदकारणम् ॥ श्रीरामेति परं जाप्यं तारकं ब्रह्मसंज्ञकम् । ब्रह्महत्यादिपापघ्नमिति वेदविदो विदुः ॥ श्रीरामरामेति जना ये जपन्ति च नित्यदा । तेषां भुक्तिश्च मुक्तिश्च भविष्यति न संशयः (शुकसंहितायाम्) आकृष्टःकृतचेतसां सुमहतामुच्चाटनं चांहसा-

माचाण्डालमनुष्यलोकसुलभोवश्यं च मुक्तिश्रियाः। नो दीक्षां नच दक्षिणां नच पुरश्चर्यां मनागीक्षते मन्त्रोयं रसनास्पृगेव फलति श्रीरामनामात्मकः" (केदारखण्डे शिववाक्यम्) "रामनामसमं तत्त्वं नास्तिवेदान्तगोचरम्। यत्प्रसादात्परां सिद्धिं संप्राप्ता मुनयोऽमलाम्" ॥ ४१ ॥

दोहा ॥

आदि बसन्त इकार दै, आशै तासु विचार।
तुलसी तासु शरणपरे, कासु न भयो उबार ४२
धरा धराधर बरण युग, शरण हरण भव भार।
करण सतर तर परमपद, तुलसी धर्माधार ४३

बसन्त शब्द के आदिवर्ण जो बकार तामें इकार लगाय देने ते बिसन्त भयो ताका आशय बिचारेते भयो बिशेष सन्त भाव जिनके दूसरा कार्य नहीं सदा भजन में रत यथा नारदादि गोसाईंजी कहत कि तासु कहे तिन सन्तनकी शरण परेरहे तिनकी कृपा सत्संग पाय किसका भवसागरते उबार नहीं भयो भाव सत्संग पाय को नहीं हरिभक्त भयो (यथा) बाल्मीक्यादि ४२ धरा शब्द के अन्तरा (पुनः) धराधर कहे महीधर ताकी आदि मकार दोऊ मिलाये 'राम' भयो ते दोऊ बर्ण कैसे हैं जिनकी शरण गये जन्म मरणादि जो भवको भार ताके हरणहार हैं (पुनः) सतर कहे शीघ्रतर कहे अतिशीघ्र परमपद जो मुक्ति ताके करणहार हैं (पुनः) धर्म के आधारहैं धर्म के बीज हैं (यथा हनुमन्नाटके) "कल्याणानां निधानं कलिमलमथनं पावनं पावनानां पाथेयं यन्मुमुक्षोस्सपदि परपदप्राप्तये प्रस्थितस्य। विश्रामस्थानमेकं

कविवरवचनाज्जीवनानां सुगम्यं वीजं धर्मद्रुमस्य प्रभवतु भवतां भूतये रामनाम" ॥ ४३ ॥

दोहा ॥

बरण धनंजय सूनुपति, चरण शरण रति नाहिं ।
तुलसी जगबञ्चक बिहटि, किये बिधाता ताहिं ४४
तुलसी रजनी पूर्णिमा, हार सहित लखि लेहु ।
आदि अन्त युत जानि करु, तासों सरल सनेहु ४५

धनंजय नाम के वर्ण मारुत ताके सूनु पुत्र हनुमान् जी ताके पति श्रीरघुनाथजी तिनके चरणारबिन्दन के शरणागत नहीं हैं जे (पुनः) रति कहे प्रीति नहीं किये हैं जे ताको गोसाईंजी कहत कि तिनको विधाताने विशेष हठ करिकै जगमें वञ्चक कहे छली पैदाकिये हैं वा जगके छलिबे योग्य बनाये भाव जगने उनहीं को छलि लियो लोकही में आसक्तरहे ४४ पूर्णमासी की राति को नाम राका ताकी आदि रा (पुनः) हारको नाम दाम ताकी अन्त मकार दोऊ वर्णयुत करिबे ते 'राम' भयो सो श्रीराम को आपनो हित जानिकै तिनसों सहजही में सनेह करु भाव सहजही मन लाग रहै और बात मनमें न आवै ॥ ४५ ॥

दोहा ॥

भानुगोत्र तम्मि तासु पति, कारण अति हित जाहि ।
ज्ञानसुगति युत सुखसदन, तुलसी मानत ताहि ४६
भजु तुलसी ओघादि कह, सहित तत्त्व युत अन्त ।
भव आयुर्जय जासुबल, मनचलअचलकरन्त ४७
देत कहा नृप काजपर, लेत कहा इतराज ।

अन्तआदियुत सहितभजु, जो चाहसि शुभकाज ४८
चन्द्ररवनिभजुगुणसहित, समुझि अन्त अनुराग।
तुलसी जो यह बनिपरै, तौ तव पूरण भाग ४९

भानु सूर्य गोत्र अग्नि तमी रात्रि ताको पति चन्द्रमा इत्यादि को कारण कहे (यथा) अकार भानु को कारण रकार अग्नि को कारण मकार चन्द्रमा को कारण है ऐसे तीनि कारण हैं जाहिमें ऐसा श्रीरामनाम ताहि तुलसी अतिहित करिकै मानत है काहेते ज्ञान सुगति सहित सुखको धाम है भाव अकार ज्ञान धाम रकार मुक्तिधाम मकार सुखधाम ४६ ओघ कहे समूह ताको नाम राशि ताकी आदि र (पुनः) तत्त्व कहे आकाश ताको नाम व्योम ताके अन्त मकार दोऊ मिले राम भयो सो श्रीराम नाम कैसाहै जाके बलते भव जो महादेव ते आयुर्बल जीते अमरहैं (पुनः) चञ्चल जो मन ताको अचल कीन्हे सदा जपत अथवा मनचल बद्ध जीव तिन को काशीजी में रमनाम सुनाय अचल कहे मुक्त करत ४७ नृप राजा काज परेपर का देत बीरा ताके अन्त रा (पुनः) इतराज कहे नाराजभये पर का लेत मर्याद ताकी आदि मकार दोऊ मिले 'राम' भयो सो जो शुभकार्य कल्याण चाहौ तौ श्रीरामको भजु नाहीं शुभहू अशुभ होइगो ४८ चन्द्रमा की रमणी स्त्री नक्षत्र तामें अनुराधा गुण कहे तीनि तीसरा वर्ण अनुराधा में रा तेहि सहित (पुनः) अनुराग कहे प्रेम ताके अन्त मकार दोऊ मिले 'राम' भयो तिनको भजु हे तुलसी! जो यह भजन बनिपरै तौ तेरे पूर्ण भाग्य उदयभये सब सुलभहै ॥ ४९ ॥

दोहा ॥

जिनके हरिबाहन नहीं, दधिसुत सुत जेहि नाहिं ।

तुलसी ते नर तुच्छ हैं, बिना समीर उड़ाहिं ५०
रबि चञ्चल अरु ब्रह्मद्रव, बीच सवास बिचारि।
तुलसिदास आसन करे, जनकसुता उरधारि ५१

हरिबाहन गरुड़ सो गरोइ जिनके नहीं है (पुनः) दधि समुद्र ताको सुत चन्द्रमा ताको सुत बुद्ध सो बुद्धि जिनके नहीं ते नर तुच्छ ऐसे हलके हैं जे बिना पवन उड़ात भाव तुच्छ बुद्धि अकारण मारे मारे फिरत गरोईते आदर होत बुद्धिते अनादर नहीं होत ५० चञ्चल को नाम लोल रबिको नाम अर्क दोऊ मिले लोलार्क भयो सो काशीजीमें लोलार्कघाटहै (पुनः) ब्रह्मद्रव गङ्गाजी तिन दोऊ के बीच में सुन्दर बासस्थान बिचारिकै तुलसीदास आसन करे हैं का बिचारिकै जहां महामहाचञ्चल स्थिर होत भाव मुक्त होत ऐसी काशीपुरी (पुनः) गङ्गा स्वाभाविक हलके जीवनको गुरुतादेत तिनको बीच यह बिचारिकै इहां आसन करे (पुनः) श्रीजानकीजी को उरमें धारे तिनहींके भरोसे ते हौं भाव कैसहू निर्बुद्धि बालक होत ताहू को माता पालन करत याते निर्बुद्धि हौं मातु जानकी के भरोसे हौं जो भक्तन के अपराध देखती नहीं नमस्कारमात्रही से प्रसन्न होती हैं (रामायणे त्रिजटावाक्यम्) "प्रणिपातप्रसन्नाहि मैथिली जनकात्मजा। अलमेषा परित्रातुं राक्षस्यो महतो भयात्" ॥ ५१ ॥

दोहा ॥

वन वनिता दृगकोपमा, युतकरु सहितबिवेक।
अन्तआदि तुलसी भजहु, परिहरि मनकरटेक५२
उर्वी अन्तहु आदियुत, कुल शोभा कमलादि।

कै बिपर्य ऐसेहि भजहु, तुलसी शमन बिषाद५३
तौ तोहि कहँ सबको सुखद, करहि कहा तव पांच।
हरब तृतिय बारिजबरन, तजब तीनि सुनुसाँच५४

बन कहे जल ताको नाम नारा ताके अन्तरा (पुनः) बनिता नारी ताके दृगनकी उपमा मत्स्य ताकी आदि मकार युत कहे मिलाये ते 'राम' भयो सो हे तुलसी! बिबेक सहित श्रीरघुनाथजी को भजहु कौन भांति मनकी टेक जो बिमुख ताकी हठ छांड़िके प्रभु में सहज सनेह करु ५२ उर्बी भूमि ताको नाम धरा ताके अन्त रा (पुनः) उर्बी नाम मही ताकी आदि 'म' दोऊ मिले 'राम' भयो (पुनः) कुलकी शोभाशील ताकी आदि सी (पुनः) कमल नाम तामरस ताकी आदि ता दोऊ मिलाये 'सीता' भयो दोऊ नाम एकत्र भये राम सीता भयो बिपर्यय कहे उलटेते 'सीताराम' भयो तिनको ऐसे ही साधारण घरही में रहे भजौ तौ गोसाईंजी कहत कि तुम्हारे बिषाद जो दुःख सो सब शमन कहे नाश होहिं ५३ बारिजको नाम तामरस ताको तीसरा बर्ण रकार हरिबे ते रहे तीनि बर्ण तामस सो तमोगुण ताते सब इन्द्रिय हैं तिन इन्द्रिनका स्वाद त्यागि दे तौ पाँचों जो हैं शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि पाँचों व काम, क्रोध, लोभ, मोह, मदादि पाँचों ये तेरो का करिसकते हैं (पुनः) तोको सब जग सुख-दायक है कोऊ दुःखद नहीं है ॥ ५४ ॥

दोहा ॥

तजहु सदा शुभ आश अरि, भजु सुमनस अरिकाल।
सजु मतईश अवन्तिका, तुलसी बिमलबिशाल५५

एतबंश बर बरन युत, सेत जगत सरिजान ।
चेतसहित सुमिरनकरत, हरत सकल अघखान ५६
मैत्रीवरन यकार को, सह स्वर आदि विचार ।
पञ्च पबर्गहि युत सहित, तुलसी ताहि सँभार ५७

शुभ जो कल्याण ताकी आश अर्थात् मुक्तिकी आश ताके अरि जो कामादि तिनको तजु सुमनस जो देवता तिनको अरि रावण ताके काल श्रीरघुनाथजी तिनको भजु कौन भाँति अवन्तिका जो उज्जयिनी ताके ईश महादेव ताको मत श्रीरामभक्ति ताको सजु धारणकरु कैसा मत है अमल जामें कुछ मैल नहीं (पुनः) कैसा है विशाल सब मतनते उत्तम है (यथा शिवसंहितायाम्) रामादन्यः परो ध्येयो नास्तीति जगतां प्रभुः । तस्माद्रामस्य ये भक्तास्ते नमस्याः शुभार्थिभिः" ५५ एत सूर्य ताको वंश सूर्यवंश तामें बर श्रेष्ठ श्रीराम तिनके नामके युग कहे दोऊ वर्ण कैसे हैं जगत् सरिभव सरिता ताके सेतु हैं ऐसा जानि मोह आलस्य तजि चैतन्य ह्वै सनेह सहित भजतसन्ते अघखानि सब पाप नाश होत है जीव शुद्ध होत ५६ "य र ल व" में जो यकार ताको मैत्री दूसरा वर्ण रकार तामें आदि स्वर जो अकार तासहित बिचारेते रा भई (पुनः) पवर्ग कहे " प फ ब भ म " तामें पाँचवां वर्ण मकार सहित कीन्हेंते 'राम' भयो तेहि को हे तुलसी! हिये में सँभार श्रीरामको भरोसा राखेरहु और को भरोसा त्यागु ॥ ५७ ॥

दोहा ॥

हल त्रम मध्यसमानयुत, याते अधिक न आन ।
तुलसी ताहि बिसारि शठ, भरमत फिरत भुलान ५८

कौनजाति सीता सती, को दुखदा कटुबाम।
कोकहिये शशिकरदुखद, सुखदायक को राम ५९

हल कहे 'हयवरल' तामें रकार (पुनः) अम कहे 'अणनङम', तामें मकार दोऊमिले 'रम' भयो ताके मध्यमें समान कहे 'अइउऋलृसमानाः' सो समानते लीन अकार सो रम के मध्य दीन्हेंते 'राम' भयो सो रामनामते अधिक भुक्ति मुक्तिदायक दूसरा पदार्थ नहीं है (यथा केदारखण्डे शिववाक्यम्) "रामनामसमं तत्त्वं नास्ति वेदान्तगोचरम्। यत्प्रसादात्परां सिद्धिं संप्राप्ता मुनयोऽमलाम्" ॥ ताते जो लोकहू परलोक को सुख चाहौ तौ श्रीरामनाम प्रीतिसहित जपौ तौ सहजही सुखदायक है ऐसा श्रीरामनाम ताहि बिसारि जे और मतन में भुलाने तिनको गोसाईंजी कहत कि वे शठ अनेक योनिन में दुःखित भरमत फिरत हैं ५८ यामें प्रश्नहीमें उत्तर कढ़त (यथा) सीता सती कौन जाति इति प्रश्न सीता सती जातिमात्र पतिव्रत प्रश्न कटु कहे करू बाम कहे स्त्री दुःख देनहारी कौन है उत्तर करू बचन बोलनहारी बाम दुःख देनहारी है प्रश्न शशि कर कहे चन्द्रकिरण जाको दुःखद ऐसा को है ताको कहिये उत्तर कोक कहिये 'चक्रवाक' ताके हियको दुःखद चन्द्रकिरण है प्रश्न परशुराम बलराम रमणाद्रामादि में जीव को सुखदायक कौन 'राम' है उत्तर जाको शुद्ध रामही ऐसा नाम भाव रघुबंशनायकही दयासिन्धु सहजही सब जीवनके सुख देनहारहैं (यथा अध्यात्म्ये) "को वा दयालुस्स्मृतकामधेनुरन्यो जगत्यां रघुनायकादहो। स्मृतो मया नित्यमनन्यभाजा ज्ञात्वास्मृतामे स्वयमेव जातः"॥ यह चित्रोत्तर है (यथा काव्यनिर्णये) दो० "जेई अक्षर प्रश्न के उत्तर ताही माहँ। चित्रोत्तर तासों कहै सकल कबिन के नाहँ"॥ ५९॥

दोहा॥

को शंकर गुरु बागबर, शिवहर को अभिमान।
करताको अज जगतको, भरताको अज जान ६०
स्वरश्रेयस राजीवगुन, करुतेहि दिठ पहिंचान।
पञ्चपबर्गहि युतसहित, तुलसी ताहि समान ६१

शं कहे कल्याण कर कहे करता को कल्याण करता है उत्तर गुरुके बाग कहे बचन वर कहे श्रेष्ठ भाव भगवत् सनेह उपदेशक बचन कल्याण करता है (पुनः) शिव कहे कल्याण ताको हरनहार को है अभिमान है (पुनः) जगत् को करता को है अज कहे ब्रह्मा है पुनः जगको भरता पालक कोहै हरिको जानौ ६० राजीव कमल ताको नाम तामरस ताको गुण कहे तीसरा वर्ण रकार तामें श्रेयस कहे कल्याणकरता स्वर जो अकार तेहि सहित करु तब राकार भई (पुनः) पवर्ग 'पफबभम' ताको पञ्चम वर्ण मकारयुत कीन्हे 'राम' भयो तिनते दिठपहिंचान कहे सांची प्रीति करु काहेते हे तुलसी! ताही श्रीरामको आपनो हितकरता मानु और सब त्यागु॥ ६१॥

दोहा॥

होत हरषका पाय धन, बिपति तजे का धाम।
दुखदाकुमतिकुनारितर, अति सुखदायक राम६२
वीर कौन सह मदनशर, धीर क्वन रतराम।
क्वनक्रूर हरिपद बिमुख, को कामी वशवाम ६३
कारण को कंजीव को, खं गुण कह सब कोय।

जानत को तुलसी कहत, सो पुनि अवर न होय ६४

हरष खुशी का पाये होत उत्तर धन पाये पुनः का तजे बिपत्ति होत धाम कहे घर छोड़े (पुनः) तर कहे अत्यन्त दुखदा को है कुमतिबली कुमार्गी नारि अतिदुःखदायक है अत्यन्त सुखदायक जीवको को है श्रीराम है दूसरा नहीं है ६२ लोक में बीर कौन है काम के बाण जो सहे चोट न आवै सो बीर है पुनः धैर्यवान् को है जो श्रीराम में रत कहे प्रीति कीन्हे है सो धैर्यवान् है पुनः कूर कहे कुटिल को है जो हरिपदारबिन्दन ते बिमुख है सो कूर है पुनः कामी को है जो बाम कहे नारि के बश है सोई कामी पुरुष है ६३ ॥ जीव होनेको कारण को है कं कहे काम कौन भांति प्रथम अमल भगवत् समरूप सोई कामनाकरि बिषयबद्ध जीव भयो (यथा) कोऊ आपनी इच्छाते मद्पान करि आपही मतवार भयो तथा चैतन्य बिषय की कामना करि जीव भयो पुनः खं कहे आकाश ताको गुण अखण्ड व्याप्त तथा जीवात्मा व्याप्त यह साधारण सब कोऊ कहत है ता व्याप्तरूप को जानत को है गोसाईंजी कहत कि जो जानत सो (पुनः) आन न होय वह जीव नहीं है भाव जो जानत सो वही रूप ह्वै जात (यथा) जानत तुमहिं तुमहिं ह्वै जाई ॥ ६४ ॥

दोहा ॥

तुलसी बरण बिकल्पको, औ चप तृतिय समेत।
अनसमुझे जड़सरिस नर, समुझै साधु सचेत ६५
जासु आसु सरदेव को, अरु आसन हरिवाम।
सकलदुखदतुलसी तजहु, मध्य तासु सुखधाम ६६

चञ्चलतियभजुप्रथमहरि, जो चाहसि परधाम।
तुलसीकहहि सुजन सुनहु, यही सयानप काम ६७

बाइति विकल्पे विकल्प को वरण कहे वा (पुनः) चपकहे 'चटतकप' ताको तृतीय वरण तकार तेहि संहित कीन्हेते वात भयो ताको गोसाईंजी कहत कि वेदपुराण को सम्मत गुरुमुखकी कही बात भाव जगकी आश झूंठी हरिशरण सांची इत्यादिको अनकहे विना समुझे नरदेह चैतन्य तेऊ जड़ कहे पशुकी समान हैं (पुनः) जो समुझै भाव वेद पुराण गुरुवचन में यथार्थबोध होइ जिनको तेई सचेत साधु हैं ६५॥ देवनको सर मानसर सोई आसु कहे स्थान है जासु कहे जिनका सो कौन है मराल ताके मध्य रा (पुनः) हरि की वाम लक्ष्मी ताको आसन कमल ताके मध्य में मकार दोऊ मध्य वर्ण मिले 'राम' भयो सोई अकारण हितकार जीव के सुखधाम श्रीराम हैं तिनको भजौ (पुनः) मराल की 'राकार' निकारे रहो मल सो पाप को नाम है सो तमोगुण ते होत (पुनः) कमल की मकार निकारे रहो 'कल' कल सुन्दरे को कही सुन्दरे की चाह रजोगुणते होत सो तमोगुण रजोगुणादि सकल दुःख देनहार हैं तिनको तुलसी तजो सतोगुण ते श्रीराम को भजहु ६६॥ चञ्चल पारा ताको आदि वर्ण हरिनेते रही रा (पुनः) तिय कहे वाम ताको आदि वर्ण हरेते रही मकार दोऊ मिले 'राम' भयो गोसाईंजी कहत हे सुजन! सुनहु जो सर्वोपरि साकेत धाम की प्राप्ति चाहौ तौ श्रीरामको भजौ जीव को सयानप काम एक यही है और सब अज्ञानता है॥ ६७॥

दोहा॥

कुलिशधर्म युग अन्तयुत, भजु तुलसी युतकाम।

अशुभहरण संशयशमन, सकलकलागुणधाम ६८
श्रीकरको रघुनाथ हर, अनयश कह सबकोय।
सुखदाको जानतसुमति, तुलसी समता दोय ६९
बैर मूल हित हर बचन, प्रेम मूल उपकार।
दोहा सरल सनेहमय, तुलसी करे बिचार ७०

कुलिश बज्र ताको नाम हीरा ताकी अन्त श (पुनः) धर्म के अन्त मकार युग कहे दोऊ युत कीन्हे 'राम' भयो हे तुलसी! सबकाम तजि श्रीरामको भजौ कैसे हैं श्रीराम कि हितबस्तुकी हानि आदि जो अशुभ ताके हरणहार हैं (पुनः) संशय जो कुतर्क ताके शमन कहे नाशकर्ता हैं पुनः मायाकृत उत्पत्ति पालन संहारादि अनेकन कलाके धाम हैं अरु दयाशीलादि दिव्यगुणन के धाम कहे स्थान हैं ६८॥ श्री कहे लक्ष्मी ताको करनहार (पुनः) अनयश कहे बिपत्ति ताके हरणहारे को हैं एक श्रीरघुनाथैजी हैं ऐसा प्रसिद्ध सब जानत कहत हैं (पुनः) सुख देनहार को है गोसाईंजी कहत कि सबसों सुमति सहज प्रीति राखना समता कहे सबको एकदृष्टि देखना ये दोऊ सुखद हैं तिनको जानहु धारण करहु ६९॥ बैर काहेते होत जो परारे हितके हरणहार बचन कहना सोई बैरकी मूल कहे जर है (पुनः) प्रीति काहेते होत जो काहूको उपकार कहे हित सहाय करना सोई प्रेम होने की जर है ताते प्रीति बैर दो कहे दोऊ हा कहे नाश करिकै भाव न काहूते प्रीति न काहूते बैर यह तुलसी बिचारिकै कहत कि सब जगते एकरस सहज स्वभाव ते रहना योग्य है॥ ७०॥

दोहा ॥

प्रागकवन गुरु लघुजगत, तुलसी अवर न आन ।
श्रेष्ठाको हरिभक्त सम, को लघु लोभ समान ७१
वरन निरय नाशक निरय, तुलसी अन्त रसाल ।
भजहु सकलश्रीकरसदन, जनपालकखलसाल ७२
चपश्रेयसस्वरसहित गुनि, यम युत दुखद न आन ।
तुलसी हलयुतते कुशल, अन्तकार सहजान ७३

प्रागकहे बड़ा गुरुते कौनहै कोऊ नहीं काहेते श्रेष्ठा कहे श्रेष्ठ पद देनहारी हरिभक्ति सम कोहै कोऊ नहीं तेहि भक्तिके देनहार गुरु हैं ताते गुरुते और बड़ा आन कुछ नहीं है गोसाईंजी कहत कि जगते लघु कोहै कोऊ नहीं काहेते लोभसम लघुता देनहार को है कोऊ नहीं तेहि लोभको उपजावनहार है जग तातें जगते और लघु कुछ नहीं है ७१ निरय नरकके नाशकर्ता नारायण ताको द्वितीय वरण रा (पुनः) रसाल कहे आम ताके अन्त मकार दोऊ मिले ' राम ' भयो तिनको भजहु कैसे ह ' श्रीराम ' सकल प्रकारकी श्री जो ऐश्वर्य ताके सदन कहे घर हैं अरु जन दास प्रह्लादादिके पालनहार अरु खल जो भक्तविरोधी तिनके नाशकर्ता हैं ७२ चप कहे ' चटतकप ' तिहि ते लीन ककार (पुनः) श्रेयस कल्याणकर्ता स्वर अकार सहित कीन्हेते काम भयो अम कहे ' अणनङम ' ताको मकार मिलायवेते " काम " भयो सो कामते दुःख देनहार आन कुछ नहीं है ताते काम त्यागिवो उचित है (पुनः) " रलयोस्सावर्ण्यं वा वक्तव्यम् " रकार लकारकी सावर्ण्यता कीन्हेंते हल शब्दको हर भयो ताके अन्त

रकारको इकारयुत कीन्हें ते हरि भयो सो हरि सनेहयुत रहेते आपनी कुशल जान यह बिचारि हरिभक्ति करना उचित है॥७३॥

दोहा॥

तुलसिजमगनबोध बिन, कहुकिमि मिटै कलेश।
तातें सतगुरु शरण गहु, यातें पद उपदेश ७४
भगणजगणकासों करसि, राम अपर नहिं कोय।
तुलसी पतिपहिंचानबिन, कोउतुलकबहुँनहोय७५

जम औ गन दोऊ शब्दनते आदि वर्ण लै मिलायेते 'जग' भयो अन्त वर्ण मिलाये 'मन' भयो सो गोसाईंजी कहत कि जगकी बासना में मन फँसा ताते दुःखित है सो बिना ज्ञान बोध भये कहौ कलेश कैसे मिटै ताते सद्गुरुकी शरण गहु तब ज्ञान पदको उपदेश देइ तब स्वस्वरूपकी पहिंचान होइ तब हरिरूपकी प्राप्ति होइ कलेश मिटै ७४ भगनादि गुरु सो तामसमें होत जगन मध्यगुरु सो बिरोधहै भाव तमोगुण करि बिरोध कासों करत हसि अथवा भगण सुखद सों प्रीति है जगण दुःखद सों बिरोध है सो प्रीति बिरोध कासों करसि अथवा भगण दासगण जगण उदास गण सो दासता उदासता कासों करसि सब जग सों एकरस रहिबो उचित है काहेते सर्बभूतात्मा में ब्याप्त श्रीरामही हैं कोऊ अपर नहीं है सो गोसाईंजी कहत कि जीव के पति रघुपति की पहिंचान बिना भये कोऊ जीव तुल कहे शुद्ध नहीं होत चञ्चलता नहीं जात युवती पति पहिंचान होतही शुद्ध ह्वै जाती तथा जीव हरि प्राप्ति भये पर समता आवत॥७५॥

दोहा॥

तुलसी तगण बिहीन नर, सदा नगण के बीच।

सगणसुभाय समुझितजौ, भजे न दूषण कोय ८०
शृङ्गज अशन सयुक्तयू, विहरत तीर सुधीर ।
यज्ञ पापमय त्राणपद, राजत श्रीरघुवीर ८१

(यथा) यगण है ताही भांति भगणभी भक्तिकर कहे दास गण है ताहू को भ्रम तजिकै दीजे 'मनभय' ये चारिहू गणन में भ्रम नहीं दोऊ पदादि चहे तौन परे निस्सन्देह दीजे अब चारि गण बाक़ी हैं ताको कहत कि तगण सगणही की विधि होत है भाव तगण जगण यद्यपि उदास गण है सगण रगण शत्रुगण है सो उदास भी शत्रुगण की विधि फलदायक है ताते एक सगण को फल समुझिकै भाव मृत्यु को दायक है यह जानि सुभाय कहे सहजही ये चारिहू गण त्यागकरौ अरु मगणादि पूर्व के भजे नाम ग्रहण कीन्हें फिरि कुछ दूषण नहीं है ८० शृङ्गज कहे धनुष ताको अशन भोजन सर तामें यू संयुक्त कीन्हें ते 'सरयू' भयो ताके तीर धैर्यवान् श्रीरघुवीर विहरत हैं कौनभांति यज्ञ कहे मख पाप कहे मल भाव मखमलमय पदत्राण पनहींमात्र पावन में राजत सोऊ कोमल मखमल को यह भाव कि यज्ञकर्ता पाप-कर्ता पांवन की शरण आये दोऊ बरोबरि पद पावत हैं धीरवीर हैं ताते पनहींमात्र पहिरे और कोऊ संग नहीं है ॥ ८१ ॥

दोहा ॥

बाणसयुत यूतट निकट, बिहरत राम सुजान ।
तुलसीकरकमलनललित, लसतशरासनबान ८२
मृदु मेचक शिररुह रुचिर, शीशतिलक भ्रूबङ्क ।
धनुशरगहिजनुतड़ितयुत, तुलसीलसतमयङ्क ८३

हंसकमलबिच बरणयुग, तुलसीअतिप्रियजाहि।
तीनि लोक महँ जो भजे, लहे तासु फल ताहि ८४

बाणको नाम सर ताके आगे यू संयुत कीन्हेंते 'सरयू' भयो ताके तट किनारे के निकट श्रीराम सुजान बिहार करत हैं सो गोसाईंजी कहत कौनी भांति शरासन जो धनुष अरु बाण ललित कहे सुन्दर करकमलन में लसत कहे सोहत है ८२ (मुखशोभा वर्णन यथा) मृदु कहे कोमल मेचक कहे श्याम शिररुह जो बार रुचिर रसीले चमकदार शोभित शीश पै केसर को तिलक भ्रू भौंहैं बङ्कनाम टेढ़ी हैं सो कैसी शोभा है गोसाईंजी कहत जनु धनुबाण गहे बिजलीसहित सुन्दर चन्द्रमा बिराजमान है इह भौंह धनु तिलक बाण अलक झलक बिजली श्यामता मेघमुख चन्द्रमा यामें उत्प्रेक्षालंकार है ८३ हंसनाम मराल ताके बीच में 'रा' कमलके बीचमें 'म' दोऊ मिले 'राम' भयो ये जो दोऊ वर्ण हैं श्रीरामनाम सो जाको अतिप्रियहै ताको गोसाईंजी कहत कि तीनों लोकों में बैदिक तान्त्रिक पुरश्चरणादि यावत् रीतियां हैं तिन करिकै कौनौ मन्त्रादिते जो कोऊ भजे ताको फल जौन फल लहे प्राप्त भये तासु कहे ताही फल की प्राप्ति जाकी प्रीति श्रीराम नाम में है ताहि सुमिरणमात्रही प्राप्त होत है (यथा पद्मपुराणे) "ये ये प्रयोगास्तन्त्रेषु तैस्तैर्यत्साध्यते फलम् । तत्सर्वं सिध्यति क्षिप्रं रामनाम्नैव कीर्तनात्" ॥ ८४ ॥

दोहा ॥

आदि म है अन्तहु म है, मध्य र है सो जान।
अनजाने जड़जीव सब, समुझैं सन्त सुजान ८५
आदि द है मध्ये र है, अन्त द है सो बात।

राम बिमुख के होत है,राम भजन ते जात ८६
ललितबरणकटिकरललित,लसतललितबनमाल।
ललितचिबुकद्विजअधरसह,लोचनललितबिशाल८७

आदि-मकार मध्य रकार अन्त मकार ताको भयो 'मरम' सो श्रीरामनाम को मरम जान भाव मरमी ह्वै सत्संग करु जब 'मरम' जानि जायगो तब मन में समुझिकै सुजान सन्त ह्वैजायगो अरु अनकहे बिना मरम जाने सब जीव जड़ हैं पशुसम ८५ आदि दकार मध्य रकार अन्त दकार सो बात भई दरद सो 'दरद' श्रीराम बिमुखनके होतहै (पुनः) श्रीरामभजनते 'दरद' जात (यथा भविष्योत्तरे) "गमिष्यन्ति दुराचारा निरये नात्र संशयः। कथं सुखं भवेद्देवि! रामनामबहिर्मुखाः"॥ (पुनः नृसिंहपुराणे प्रह्लादवाक्यम्) "रामनाम जपतां कुतो भयं सर्वतापशमनैकभेषजम्। पश्य तात मम गात्रसन्निधौ पावकोऽपि सलिलायतेऽधुना" ८६ अरुण कोमल कमलसम ललित चरणन में दिव्य पदत्राण सजत सिंहसम ललित कटिमें पीताम्बर दिव्य तरकस शोभित ललित कर कमलन में सुन्दर धनुर्बाण शोभित ग्रीव हृदय उदर नाभिजानुपर्यन्त ललित बनमाल कहे तुलसी, कुन्द, मन्दार, पारिजात, कमलादि फूलनको माल शोभित चिबुक दाढ़ी ओठपल्लव सहित कुन्दकलीसम दांत सहित लोचन भाव मुखमण्डल ललित बिशाल भाल पर तिलक मुकुट शोभित इति नखशिख सुन्दर रूप ध्यान करु॥८७॥

दोहा॥

भरण हरण अव्यय अमल, सहित बिकल्पबिचार।
कह तुलसी मति अनुहरत, दोहा अर्थ अपार ८८
वशिष्ठादि लंकार महँ, संकेतादि सुरीत।

कहे बहुरि आगे कहब, समुझब सुमति बिनीत ८९
कोष अलंकृत सन्धि गति, मैत्री बरण बिचार ।
हरणभरण सुबिभक्तिबल, कबिहिंअर्थ निरधार ९०

भरण कहे ग्रहण (यथा) बरणमैत्री शब्दशुद्धगणबिचार छन्दप्रबन्ध पदार्थ भूषणमूल रसाङ्ग पराङ्ग ध्वनि वाक्यादि अलंकार गुणचित्रतुकान्त दूषणके भूषण इत्यादि भरण इनते विपरीतको त्याग सो हरण है (पुनः) 'च वा ह एव एवम्' इत्यादि अव्यय (पुनः) अकार मकार कहे निषेध लकार कहे लघु ताको सहित बिकल्प भाव लघुको गुरु गुरुको लघु मानना इत्यादिको बिचार सहित दोहा को अर्थ अपार है गोसाईंजी कहत कि आपनी मतिकी अनुहार ते समुझो ८८ साहित्यबिद्या सो बशिष्ठालंकार के भेदमें सांकेतादि कूटरीति आदि सुन्दर कहे (पुनः) आगे कहब ताको बिशेष नीतिमान् सुन्दर मतिवाले समुझैंगे ८९ कोष जामें सबके नाम जानेजात (यथा) स्वर्गको स्वः (पुनः) बाचकधर्मोपमानोपमेयादि सबसों पूर्णोपमालंकृत है (यथा) अरुण अम्बुजसम चरण (पुनः) संधिगति कहे 'इ अ' मिले 'य' 'उ अ' मिले 'व' 'अ इ' मिले 'ए' इत्यादि बर्ण दूसरे को चपकि जायँ सो बर्णमैत्री (यथा) राम इत्यादिको बिचार (पुनः) हरण कहे बर्णको लोप (यथा) ते+अत्र । तेऽत्र (पुनः) भरण कहे बर्णको आगम (यथा) गो+इन्द्रः । गवेन्द्रः (पुनः) शब्द बिभक्ति को पाय अर्थ बदलिजात सो सात प्रकार (यथा) "[1]रामो मेऽभिहितं करोतु सततं रामं भजे सादरं रामेणापहृतं

---

१ रामो राजमणिः सदा विजयते रामं रमेशं भजे रामेणाभिहता निशाचरचमू रामाय तस्मै नमः । रामान्नास्ति परायणं परतरं रामस्य दासोऽस्म्यहं रामे चित्तलयः सदा भवतु मे हे राम मामुद्धर ॥

समस्तह्रुरितं रामाय दत्तं धनुः । रामान्मुक्तिरभीप्सिता सरभसं रामस्य दासोस्म्यहं रामे रजतु मे मनः करुणया हे राम मामुद्धर" ॥ इत्यादि बिभक्तिबल ते कबिजन अर्थ को निर्द्धार कहे प्रकट करत हैं ॥ ९० ॥

दोहा ॥

देश काल करता करम, बुधि बिद्या गति हीन ।
ते सुरतरु तर दारदी, सुरसरितीर मलीन ९१
देश काल गतिहीन जे, करता करम न ज्ञान ।
तेपि अर्थ मग पगधरहिं, तुलसी श्वानसमान ९२

देश कहे जैसा देशबर्णन तैसा शब्दको अर्थ करिबो उचित (यथा) "ब्रजमें बाजी बांसुरी, मगमें बाजी घोर । बाजी बाजी बात सुनि, होत चकित चित मोर" ॥ काल कहे जैसा समय होय तैसा शब्दको अर्थ (यथा) "भोर उदय सो सूर्य है, निशा उदय सो चन्द । सुखमोदय सो पुण्य है, दुखमोदय अघमन्द" ॥ कर्ता, कर्म, क्रिया (यथा) देवदत्तः ओदनं पचति, देवदत्तः कर्ता ओदनं (भातु) कर्म पचति (चुरवत) क्रिया है बुधि कहे बचन सुनतही भाव समुझिजाय बिद्याव्याकरण सा० यादिकी गति करि जे हीन हैं ते सुरतरुरूप हरि यश ग्रन्थ ताके तर कहे सदा सुनत वाको अर्थ रूप फल बिना पाये भव शोक करि दारदी है (पुनः) वाणीरूप सुरसरिके तीर है बिना समुझरूप मज्जन कीन्हें अज्ञान करि मलिन है ९१ जे देशकाल की गति करिकै हीन हैं (पुनः) कर्ता कर्म को ज्ञान नहीं है ते अपि कहे निश्चय करिकै अर्थ की मगपर पगधरत अर्थ कहत तिनको गोसाइंजी कहत तिनको कहनो श्वानसम भूकनो है (यथा)

एक को भूकत सुनि सब बिना बिचारही भूकत हैं ॥ ९२ ॥

दोहा ॥

अधिकारी सब ओसरी, भलो जानिबो मन्द।
सुधासदन बसु बारहौं, चौथे अथवा चन्द ९३
नरबर नभ सरबर सलिल, बिनै बनज बिज्ञान।
सुमति शुक्तिका शारदा, स्वाती कहहि सुजान ९४

समुझदारी की दृष्टान्त देखावत ओसरी कहे औसर पाय सब सबवस्तु के अधिकारी होते हैं भाव जे बुरे स्वभावके हैं तेऊ समय पायके भलाईके अधिकारी होते हैं (यथा) शनि सदैव बुराईके कर्ता प्रसिद्ध हैं भाव जिनको नामही मन्द है तेऊ तिसरें पँचयें छठयें नवयें गेरहें इन स्थाननमें मन्द जो शनैश्चर सोऊ भलो जानिबो (पुनः) चन्द्रमा सदा सुखद है जाको नामही सुधासदन है सोऊ अवसर पाय बुराई करत (यथा) बसु कहे आठयें बारहें चौथे इन स्थानन में हानि करत (पुनः) अथ कहें जन्मको चन्द्र युद्धमें घातक (पुनः) वा कहे बिकल्पे जन्मको चन्द्रमा व्याहादि में शुभ इत्यादि सब बातें बिद्याबुद्धिकरि जानी जात तैसें सब प्रकारके अर्थमें बिचार समुझौ ९३ अब कवित्तरूप मोती की उत्पत्ति सुजनमनमानसरते यथा श्रेष्ठ नरहरिभक्त कवि तिनके सुन्दर चित्त व्योम हैं चिन्तन मेघ हैं शारदा स्वाती नक्षत्र है सुबिद्या जल है अमलमन मानसर है बिनय कहे नम्रता और बिज्ञान कमल प्रफुल्लित है सुन्दरमति सुबुद्धि सीपी है बिद्या में सुन्दरबिचार सुन्दर जलको बर्षना है कबित्त मुक्ता है ऐसा सुजनजन कहतहैं ॥ ९४ ॥

दोहा ॥

शम दम समता दीनता, दान दयादिक रीति ।
दोषदुरितहर दरदरद, उरबर बिमल बिनीत ९५
धरमधुरीण सुधीर धर, धारण बर परपीर ।
धराधराधरसम अचल, बचननबिचल सुधीर ९६
चौंतिस के प्रस्तार में, अर्थ भेद परमान ।
कहहुसुजनतुलसीकहहि, यहिबिधितेपहिंचान ९७

शम कहे मन आदि वासना त्याग दम कहे इन्द्रिनकी वि-षय त्याग समता सब भूतमात्र में एकदृष्टि देखना दीनता अमान रहना दानदयादि कहे सत्य शौच दान, दयादिकी रीतिपर रहना इन करिकै का होत है दोष जो कामादि अवगुण दुरित जो पाप तिनको हर कहे नाश करत (पुनः) दैहिकादि तापनकी 'दरद' ताको दर कहे दलि डारत तब उर बिमल होत सुभाव बिनीत कहे नम्रता आवत सोई श्रेष्ठजन भक्तिको पात्र है ९५ (पुनः) सुजन काको कही जे धरम की धुरी के भार धारण करिबे में सुन्दर धैर्यको धरे हैं भाव धर्म को कैसहू भार परे तामें धैर्य न छांड़ैं (पुनः) पराई पीर को आपने ऊपर धरिलेने में बर कहे श्रेष्ठ भाव परदुःख देखि दुःखी होना यह करुणागुणहै (पुनः) धराभूमि धराधर पहार तिन सम अचल कैसे धैर्यवान् जिनको बचन कबहू बिचलत नहीं जो कहत सोई करत तेई भक्तिके पात्र हैं ९६ कखगादि सह क्ष अन्त चौंतिस अक्षर को प्रस्तारहै तामें बरणगनती अङ्कते भेद समुझौ (यथा) क १ क्ष ३४ यहि बिधि प्रतिअक्षर गनती अङ्क पहिं-चानकरि सुजन अर्थ कहौ यह बात तुलसी बताये देत हैं ॥ ९७॥

दोहा ॥

बेद बिषम कबरन सतर, सुतर राम की रीति।
तुलसी भरत न भरिहरत, भूलिहरहुजनिप्रीति ९८
बाते गुन कह जानिये, ताते दिग द्वि द तीन।
तुलसीयहजियसमुझिकरि,जगजितसन्तप्रबीन ९९

कबरण जो ककार ताते बेदनाम चौथा बरण (यथा) 'क ख ग घ' घकार लेना (पुनः) ककार ते बीसवां बरण नकार लेना दोऊ मिले घन भयो (पुनः) सुतरु कहे कल्पबृक्ष जैसे ये दोऊ निर्हेतु उदार दानी तत्काल फल देत भरिकै (पुनः) हरत नहीं तैसे श्रीरघुनाथजी की रीति है कि सतर नाम शीघ्रही सब फल देत दैकै (पुनः) लेते नहीं भाव शरणागत को (पुनः) काहूकी भय नहीं राखत (यथा) मम प्रण शरणागत भयहारी (बाल्मीकीये) "सकृदेवप्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम" ॥ ताते गोसाईंजी कहत कि श्रीरघुनाथजीकी प्रीति सदा बनाये रहौ भूलिहूकै न हरो काहेते ऐसा स्वभाव और को नहीं है ९८ ब ते कहे बकार ते गुणनाम तीसरा बरण (यथा) ब, भ, म मकारलेना (पुनः) ताते तकारते दिग द्वि दिग दश दुइ बारह भये तकारते बारहों बरण रकार लेना (पुनः) द तीन दकार ते तीसरो बरण नकार सब मिलि भयो मरण सो गोसाईंजी कहत कि संसार में एक दिन मरण निश्चय है यह आपने जीव में समुझि जे प्रवीण सन्त हैं ते जगको जीति लीन्हें जन्म मरणते रहित भये कि जो एक दिन मरना है तो लोकसुख सब बृथा (भागवते) " रायः कलत्रं पशवः सुतादयो गृहा मही-

कुञ्जरकोपभूतयः। सर्वेर्थकामाः क्षणभङ्गुरायुपः कुर्वन्ति मर्त्यस्य कियत्प्रियंचलाः" ॥ ६६ ॥

दोहा ॥

चन्द्र अनल नहिं हैं कहूं, झूठो बिना बिबेक।
तुलसी ते नर समुझिहैं, जिनहिं ज्ञानरस एक १००
सतसैया तुलसी सतर, तम हर परपद देत।
तुरित अबिद्याजनदुरित, बरतुलसमकरिलेत १०१

इति श्रीमद्गोस्वामितुलसीदासविरचितायांसांकेतवक्रोक्तिराम-रसवर्णनस्तृतीयस्सर्गः ॥ ३ ॥

अब जगको सुख दुख सब झूंठा देखावत (यथा) चन्द्रमा शीतल सुखद है अग्निदाहक दुखद है सो सुखद दुखद कहीं कुछ नहीं हैं सुख दुख सब झूंठा है बिना बिवेक अर्थात् अज्ञान दशा में सुख दुख माने हैं ताते जगको व्यवहार सब झूंठा है गोसाईंजी कहत कि जिनको ज्ञान एकरस है सदा ते नर यहि बात को समुझिहैं अज्ञानी तौ संसारही को सांचा माने हैं १०० गोसाईंजी कहत कि यह सतसैया कैसी है कि जे सज्ञान जीव हैं ते यामें मन लगावैं तौ सतर कहे शीघ्रही मोह तम हरिलेत अरु सर्वोपरि पद साकेतधाम की प्राप्ति करिदेत अरु अविद्या जन जे बिषयी हैं ते यामें मन लगावैं तिनको दुरित जो पाप ताकी विष-मता नाशकरि तुरतही बर कहे श्रेष्ठजन की तुल्यसम चितकरि लेत भाव यामें मन लगाये विषयी जन साधु ह्वैजात ॥ १०१ ॥

पद ॥ एकभरोस जानकी बरको। वसिप्रभुधामनाम भजिमुख करि लीलादृग उर शारङ्गधरको १ श्रवणकथा शिरनाय स्वामि

पद कारज राम जहां लागि कर को। भालतिलक भुज अङ्क बाण धनु तुलसीदाम विभूषण गरको २ करमयोग बेदान्त सांख्यमत तत्त्वबिचार निरक्षर क्षरको। ज्ञान बिराग त्याग तप संयम सब फल सार भजन रघुबर को ३ नवनिधि आठ सिद्धि नाना सुख त्यागि आश बिश्वास अपर को। बैजनाथ बलिजाउँ सुयश सुनि सुरतरु कर रघुनाथकुँवर को॥ ४॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणबैजनाथ-
विरचितेसप्तशतिकाभावप्रकाशिकायां सांकेतवक्रोक्ति-
प्रकाशो नाम तृतीयप्रभासमाप्तम्॥

दो०॥ श्रीरामादि नमान्त भजु, सीतायै रामाय। उर प्रभु पङ्कज रूप नित, भवसागर तरनाय १ बिषयन साथ अनाथ फिर, लागत हाथ न पाथ। जबलग नवत न माथ पद, सीता सीतानाथ २ चौ०॥ उपमादिक लंकृत पढ़िजाही। कबि गुरुमुख बिन सूझत नाही॥ मीनादिक रेखा नहिं पायो। सामुद्रिक पढ़ि गुरू चिन्हायो॥ देखत फिरत नरतनहिं आयो। गुरू कलाँउत आनि सिखायो॥ अतिपशु अश्व कहां गुण पावत। ह्वै सवार गुरु तुरंत सिखावत॥ दम्पति पशुवत रमि नहिं आवत। गुरुमुख कोक कला सुख पावत॥ पद पढ़ि छन्द भेद नहिं पावत। पिङ्गल पढ़ि गुरु भेद बतावत॥ सिन्धु अपार पार किमि जावत। प्लव आदिक गुरुयुक्ति बतावत॥ धनुषबाण कर धरि नहिं आवत। गुरु मुख सिखि स्वइफूल उड़ावत॥ दो०॥ कर्मक्रिया कर्ता करण, तद्धित सन्धि समास। कारक कृत्त बिभक्ति दिय, गुरु व्याकरण बिलास॥ चौ०॥ लग्न योग भा दिन तिथि करणा। गुरुमुख ज्योतिष पढ़ि फल बरणा॥ कर्म धर्म कोउ जानि न पावै। बेद पढ़ाय गुरू समु-

झावै ॥ राग ताल स्वर भेद न पायो । गुरु सांगीत पढ़ाय सिखायो ॥ स्वर्ण रूपरस रचि किमि आवत । गुरु रसायन क्रिया सिखावत ॥ आतमचेतन शुद्ध स्वरूपा । निर्विकार आनन्द अ· नूपा ॥ विषय स्वइच्छित मदकरि पाना । ह्वै मदान्ध निजरूप भुलाना ॥ भरमत फिरत जगत दुखमाहीं । कालस्वभाव कर्मगुण ताहीं ॥ प्राची दिशि को जावनहारा । भूलि दिशा पश्चिम पगु धारा ॥ दो० ॥ अग भेषज जग ज्ञान गुण, सुगम अगम विन नाम । समुझि परत गुरु ज्ञानते, त्यों अग जग में राम ॥ पास लिहे जिमि वस्तुको, ढूंढ़त फिरत भुलान । तिमि निज रूप भुलान जग, समुझि परत गुरु ज्ञान ॥

इति भूमिका समाप्ता ॥

दोहा ॥

त्रिविधिभांतिको शब्दवर, विघटन लटपरमान । कारनअविरलअलपियत, तुलसी अविधभुलान १

नमस्कार श्रीरामपद, गुरुपद रज धरि शीश । सिय करुणा वलतरि चहत, आतम बोध नदीश (यथा) अब चैतन्यरूप बद्ध जीव होनेको कारण कहत प्रथम वासना ते सतोगुण भयो याते इन्द्रिनके देवता भये तहांतक ज्ञान बुद्धि निर्मल रहत (पुनः) रजोगुण भयो ताते इन्द्रिन की विषय भई तब लोभ लिये व्यवहार करनलगो (पुनः) तमोगुण भयो ताते सब इन्द्रिय भई तब मोह वश ते आलस्य निद्रा विकलता भई तब शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध इन पाँचौं विषयनके वश ह्वै जीव बद्ध भयो सो प्रथम शब्द में भुलाने को कारण कहत सो शब्द तीनि भांति को प्रथम ध्वन्या·

त्मक जो सहनाई बीणादि बाजा ते प्रकट होत दूसरा बर्णात्मक जो मुखते पुष्टाक्षर उच्चारण होत तीसरा श्रवणात्मक जो नित्य व्योम व्याप्त सा शब्द बर कहे श्रेष्ठ अर्थात् प्रतिपादन (पुनः) बिघटन कहे खण्डन भाव ग्रहणयोग्य त्यागयोग्य दोऊ कैसे उरझे लटपरमान (यथा) खण्डित अखण्डित केश जूट में लपटे रहत निर्बार दुर्घट तैसे सत् असत् बचन अविरल कहे सघन अल कहे परिपूर्ण लोक में है तिनको पियत श्रवणपुट पानकरत सन्ते गोसाईं जी कहत कि अविध शब्दन में जीव भुलायगयो भाव दोऊ सुनत तामें बिधितौ भूले निषेध ग्रहण करि जीव बद्ध भयो ॥ १ ॥

दोहा ॥

दिगभ्रम जा बिधि होत है, कौन भुलावत ताहि ।
जान्यिपरत गुरु ज्ञानते, सब जग संशय माहि २
कारण चारि बिचारुबर, बर्णन अपर न आन ।
सदा सोऊ गुणदोषमय, लखिन परत बिन ज्ञान ३

कौनभांति भुलान्यो जाबिधि काहूको दिशाभ्रम भयो ताहि कौन भुलावत अर्थात् पूर्बको जावा चाहत भ्रमबश पूर्बमाने पश्चिम को चलाजात साइति काहू चैतन्य पुरुष ते पूछो वाने बताइ दियो कि पूर्बदिशा यह है सो मानि वैसही चलो जातजात कबहूं पहुँचिजायगो तैसेही जगमें सब जीव पूर्बस्वरूप भूलि विषयरूप पश्चिम दिशिको जात साइति हरिभक्तादि चैतन्यते पूछो उसने उपदेशरूप यथार्थ दिशा बताय दिये इत्यादि गुरुकृपा ज्ञानभये ते काहू काहूको आपनो पूर्बस्वरूप प्राप्त होत नाहीं तौ सब जग संशय में परा है २ शब्द में भुलावे के श्रेष्ठ चारि कारण हैं (यथा)

जाति १ यदृच्छा २ गुण ३ क्रिया ४ इत्यादि चारि विचार इनते अपर आन नहीं है ये जो चारि हैं सोऊ सदा गुणदोषमय हैं (यथा) जातिको गुण कि हम ब्राह्मण है धर्म कर्म न करें तौ नीच तुल्य हैं दोष (यथा) स्वकर्म तौ जानतै नहीं अधर्ममें रत अभिमान बोलत (यथा) हम उत्तम ब्राह्मण हैं हम उत्तम क्षत्री हैं यदृच्छा स्वामी आदि महत्त्वताको गुण कि हमको सब महाराज कहत जो हरिभजन न कीन तौ महाअधमहैं दोष (यथा) झूठा पाखण्ड बनाये अभिमान बोलत कि हम साधु हम गुरु हम महात्मा हैं (पुनः) गुणरूपादि (यथा) तामें गुण कि हम सुन्दर स्वरूप पावा भजन किया चाहिये नाहीं चौरासी को जायँगे दोष (यथा) हमारो श्यामरूप हमारो सुन्दर गौररूप (पुनः) क्रिया विद्यादि (यथा) तामें गुण हम वेद पढ़ा तत्त्ववस्तु न जाना तौ हमते भले पशु हैं दोष (यथा) विद्याको फल तौ पाये नहीं अभिमान ते कहत हम पण्डित गुणी कवि हैं इत्यादि में मूल विना ज्ञान आपनो रूप लखि नहीं परत कि हम को हैं ॥ ३ ॥

दोहा ॥

यह करतब सब ताहिको, यहिते यह परमान।
तुलसी मरम न पाइहौ, बिन सद्गुरु बरदान ४
दिग्भ्रम कारण चारिते, जानहिं सन्त सुजान।
ते कैसे लखिपाइ हैं, जे वहि विषम भुलान ५

यह जीव जाको अंश है ताही श्रीरघुनाथजी को यह शब्दादि विषय को करतब है ताही ते यहभी परमान कहे सांची देखात याहीते अगम है ताते बर जो सर्वोपरिश्रेष्ठ श्रीरघुनाथजी तिनके

बिना दया दान दीन्हें बिन सद्गुरु के लखाये हे तुलसी ! बिषय को मरम कहे गुप्तहाल न पाइहौ ताते सद्गुरुते उपदेश लैके श्रीरघुनाथजीकी शरण गहौ ते जब कृपा करिहैं तब छूटिहौ ४ जाति महत्त्व बिद्या रूपादि को मान इति चारि कारणते जीव को दिग्भ्रम भयो पूर्वरूप भूलि जाति आदि अपनाको मानि लियो ताको सुजान सन्त जानत हैं अरु जे बिषयकी बिषमता में भूले हैं ते कैसे लखिपाइहैं वैतो भूलेन हैं ॥ ५ ॥

दोहा ॥

सुखदुख कारण सो भयो, रसना को सुतबीर ।
तुलसी सो तब लखि परै, करै कृपा बरधीर ६
अपने खोदे कूपमहँ, गिरे यथा दुख होइ ।
तुलसी सुखद समुझिये, रचत जगत सबकोइ ७
ताबिधि ते अपनो बिभव, दुख सुख दे करतार ।
तुलसीकोउ कोउ सन्तवर, कीन्हे बिरति बिचार ८
रसनाहीं के सतउपर, करत करन तर प्रीति ।
तेहि पाछे जग सब लगे, समझ न रीति अरीति ९

रसना जिह्वा ताको सुत शब्द कैसाहै बीर सब जीवन को जीते है ताके चारि कारण हैं कौन जाति महत्त्व बिद्या स्वरूप ताही मानमें जीव भुलान हैं ताते पाप पुण्यकरत दुःख सुख भोगत सो गोसाईंजी कहत कि वर श्रेष्ठ धीरवान् जो श्रीरघुनाथ जी तेई जब दया करहिं तब बिषय बिकारके भेद लखिपरैं और उपाय नहीं है ताते दयासागर श्रीरघुनाथजी की शरण रहना योग्य है ६ (यथा) आपनेही खोदे कूप में गिरे दुःख होत है

सो कोऊ नहीं समुझत गोसाईंजी कहत कि जलखानि सुखदाता जानि सब जग कूप रचत भाव स्वाभाविक तौ कूप सुखदातै है वामें गिरेते दुःख है तैसे शब्दभी हरियश आदि सुनना सदैव सुखदहै जब आपही शब्द में भूला तबहीं दुःख है ऐसा समुझे रहै कबहूं दुःख नहीं है ७ जाविधि आपने खोदे कूप में गिरेते दुःख होत ताही भांति अपने विभव कहे ऐश्वर्य में भूलि शुभाशुभ कर्म करत ताही को फल दुःख सुख कर्तार ईश्वर देत यह समुझिकै गोसाईंजी कहत कि कोऊ नर कहे श्रेष्ठ सन्तजन विरति विचार कीन्हे विरति कहे वैराग्य अर्थात् विषय विभवते आपनो मन खैंचि आपने पूर्वरूप को विचार कीन्हे भाव विषय ते विमुख ह्वै हरिशरण गहे ८ सब जग कैसा है रसना जो जिह्वा ताको सुतशब्द ताही के ऊपर करन जो कान ते तर कहे अत्यन्त प्रीति करत भाव शब्द सुनबे में कान अति प्रीति करत ताते रीति कहे करिबे योग्य अरीति कहे त्याग योग्य यह समुझ नहीं है कि का ग्रहण करिबे को चहीं का त्यागिबे योग्य है तेही शब्द के पाछे लाग सब जग भूला फिरत ॥ ९ ॥

दोहा ॥

माया मन जिव ईश भनि, ब्रह्मा विष्णु महेश ।
सुर देवी औ ब्रह्मलौं, रसना सुत उपदेश १०
वर्णधार बारिधि अगम, को गम करै अपार ।
जन तुलसी सतसंग बल, पाये बिशद बिचार ११

ईश्वर को अंश जीव माया को अंश मन ताके संग दोष ते जीव भूला ऐसा भनि कहे वेदादि में कहा है ता जीवके चैतन्य

करिबे हेतु ब्रह्मा, बिष्णु, महेश, देवता, देवी इति सगुण (पुनः) ब्रह्म जो अगुण व्यास इत्यादि सबको उपदेशरूप शब्द बेदादि में प्रसिद्ध है तामें प्रवृत्ति निवृत्ति दोऊ बचन मिश्रित अपार जल धार है १० तहां बेद संहिता, शास्त्र, रहस्य, नाटक, पुराण, तन्त्रादि वर्ण धारबारिधि समुद्र अगम कहे अथाह है तामें को गम करै को थाह पावै अपार है को पार पावै कर्म लोक किनारा है ज्ञान मध्य धार है उपासना हरिकी दिशि को किनारा है गोसाईंजी कहत कि वर्णधारको बिशद कहे सुन्दर बिचार सो हरिजन सत्सङ्ग बलते पाय समुझि लिये भाव कर्मधार में परे लोकतट जाना उपासना धारमें परे भगवत् के तट जाना ज्ञानधार में परे ब्रह्मानन्द सिन्धु में जाना परन्तु मध्यधारा कहर होत बूड़िबेते बचिबो मुश्किल है अर्थात् ज्ञानके साधन कठिन हैं तामें चूकना बूड़िजाना है याते उपासना गहिबो उचित है (यथा गीतायाम्) "क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति। कौन्तेय प्रति जानीहि न मद्भक्तः प्रणश्यति" ॥ ११ ॥

दोहा ॥

गहि सुबेल बिरले समुझि, बहिगे अपरहजार।
कोटिन बूड़े खबरि नहिं, तुलसी कहहि बिचार १२

जीवको उद्धार हरिभक्तिमें है ऐसा समुझि बिरले कोऊ उपासनारूप सुबेल कहे सुन्दर किनारा गहि भाव सत् असत् सब त्यागि एक किनारे ह्वै हरिशरण गहि बचे अपर हजारन कर्मधार में परि बहे ते संसार जन्म मरण में गये अरु जे ज्ञानरूप कहरधार में परे अरु बैराग्य, बिवेक, शम, दम, उपराम, तितिक्षा, श्रद्धा,

समाधानादि पद संपत्ति मुमक्षुतादि साधनरूप जहाज पुष्ट नहीं भाव साधन न ह्वै सके ते करोरिन विषयरूप जलमें बूड़े ते न मालूम कहां को गये काहेते ज्ञानी ह्वै चूकेते विशेष दण्ड के पात्र भये इत्यादि वार्ता भलीविधि ते विचारिकै तुलसी कहत ताते और उपाय में कल्याण नहीं शुद्ध हरिशरण गहो तव पार पैहो (यथा गीतायाम्) "सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि माशुच" (पुनः बाल्मीकीये) "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम॥ यज्ञदानतपोभिर्वा वेदाध्ययनकर्मभिः। नैव द्रष्टुमहं शक्यो मद्भक्तिविमुखैः सदा" (अध्यात्म्ये) "मद्भक्तमादरैर्यस्तु मनःस्पर्शनभाषणैः। तं हितं मयि पश्यामि वशिष्ठमहतामिव" (भागवते) "श्रेयःश्रुतिं भक्तिमुदस्य ते विभो क्लिश्यन्ति ये केवल बोधलब्धये। तेषामसौ क्लेशलएव शिष्यते नान्यद्यथा स्थूलतुषावघातिनाम्"॥ १२॥

दोहा॥

श्रवण सुनत देखत नयन, तुलत न बिबिधबिरोध।
कहहु कही केहि मानिये, केहिविधिकरियप्रबोध १३
श्रवणात्मक ध्वन्यात्मक, वर्णात्मक बिधि तीन।
त्रिबिधशब्दअनुभवआगम, तुलसीकहहिप्रवीन १४

श्रवण तौ सुनत कि चराचर में व्याप्त अन्तरात्मा ब्रह्म एकही है (यथा) "अयमात्मा ब्रह्मेत्यथर्वणस्य" महावाक्य है "अहं ब्रह्मास्मीति यजुर्वेदस्य" महावाक्य है ऐसा सुनि परत (पुनः) नयन देखत कि चराचर एक एकन ते बिबिध भांतिको विरोध है

(यथा) अग्नि जल ते पवन माटी ते पारा गन्धक ते इति अचर (पुनः) गज सिंहादि पशु (पुनः) देव राक्षसादि नित्य बिरोध (पुनः) खरारि, मुरारि, कामारि, तमारि, पाकारि इत्यादि शब्द प्रसिद्ध हैं (पुनः) मत मतान्त हित हानि इन्द्रिनके स्वादादि कारणते जो बिरोध तिहते लोक परिपूर्ण है तौ सुनतमें एक आत्मा देखिबे में बिरोध ताते कहौ केहिकी कही बाणी मानिये केहि बिधि चित्तको प्रबोध करिये भाव आपनो मत पुष्टकरि और को खण्डन सब करत १३ श्रवणात्मक सदा व्याप्त ध्वन्यात्मक जो बाजाते प्रकटत वर्णात्मक जो जिह्वाते प्रकटत ई तीनि बिधि हैं सोई तीनि भांति को शब्द है तिनका अनुभव कहे यथार्थज्ञान सो अ-गम है काहूकी गति नहीं जो यथार्थ जानिसकै ऐसा प्रवीण जो शेषादि ते कहत भाव एक शब्द ते प्रवीण आचार्य अनुभवते आ-पने मतिके अनुकूल अर्थ कल्पित करत परन्तु थाह कोऊ नहीं पावत ऐसा अपार शब्दसागर है (यथा सारस्वतप्रसादे) "यदा वाचस्पत्यादयो वक्तारो दिव्यवर्षसहस्रादिश्च समयस्तथापि प्रति-पदपाठेनापि पारागमनं दुस्तरम्" ॥ १४ ॥

दोहा ॥

कहत सुनत आदिहि बरण, देखत वर्ण बिहीन।
दृष्टिमान चर अचरगण, एकहि एक न लीन १५

पञ्चभेद चरगण बिपुल, तुलसी कहहि बिचार।
नरपशुस्वेदज खगकूर्मी, बुधजनमति निरधार १६

अतिविरोधतिनमहँप्रबल, प्रकट परत पहिंचान।
अस्थावर गतिअपर नाहिं, तुलसी कहहि प्रमान १७

कहत सुनत में तौ आदि वर्ण है भाव वेदन की महावाक्य (यथा) " अहंब्रह्मास्मि " अर्थात् अन्तरात्मा व्यास ब्रह्म एकही है अरु देखत में वर्णविहीन अर्थात् विषमता देखात (यथा) ब्रह्मा मोहभ्रमवश ब्रजमें बालवत्स हरे ब्रह्मवेत्ता सनकादि क्रोधवश जय विजय को शाप दिये शिव मोहनी पै कामासक्त भये और देवादि विषयासक्तनकी को कहै इत्यादि चरगण दृष्टिमान् प्रसिद्ध सब देखत (यथा) योग्य सबमें ज्ञानरूप नेत्र हैं (यथा) मुनिजन निकट बिहँग मृग जाहीं। बाधक बधिक बिलोकि पराहीं (पुनः) अचरगण ये हैं तेऊ एकहि एक में लीन कहे मिलिकै नहीं रहत (यथा) तृणादि वृद्ध ह्वै अन्नको क्षीण करत ताते कहत में एक देखे में भेद १५ तहां चरगण में पञ्च भेद हैं । नर देवादि पशु सिंहादि स्वेदज केशकृमि आदि खग पक्षी कृमि कीटादि तिन में अनेकन जीव हैं तिनकी कर्तव्यता विचारिकै आगे तुलसी कहत ताको बुद्धिमान् जन आपनी मतिते निरधार कहे जानि लेहैं १६ तिन चराचर जीवन महँ अत्यन्त विरोध प्रकट पहिंचानि परत सबको देखि परत (यथा) नर में विरोध की संख्या नहीं पशुन में सिंह व्याघ्रादि अपर जीवन को मारि खाते हैं तथा औरहू हैं बली अबलको मारत इत्यादि ऐसा प्रबल विरोध है जो काहू के मिटायबे योग्य नहीं (पुनः) स्थावरन में भी और भांति नहीं ऐसेही विरोध है (यथा) बड़े बृक्ष की छाया में छोटा बृक्ष बाढ़त नहीं इत्यादि प्रमाण कहे सांची बात तुलसी कहतहै॥१७॥

दोहा॥

रोम रोम ब्रह्माण्ड बहु, देखत तुलसीदास।

बिन देखे कैसे कोऊ, सुनि माने बिश्वास १८
बेद कहत जहँलग जगत, तेहिते अलग न आन ।
तेहि अधारऽव्यवहरतलखु, तुलसी परम प्रमान १६

अब रूपाबिषय की व्याख्या कहत. प्रथम श्रीरामरूप कैसा है जाके एक एक रोम में बहुत से ब्रह्माण्ड हैं भाव सब के आदि कारण हैं (यथा पुलहसंहितायाम्) " यथैव बटबीजस्थः प्राकृतश्च महाद्रुमः । तथैव रामबीजस्थं जगदेतच्चराचरम्" ॥ ऐसा आदिकारणरूप तुलसीदास देखत भाव हरिभक्त देखते हैं (यथा) " देखरावा निज मातहिं, अद्भुतरूप अखण्ड । रोमरोम प्रति राजहिं, कोटि कोटि ब्रह्मण्ड ॥ (सदाशिवसंहितायाम्) "ब्रह्माण्डानामसंख्यानां ब्रह्मविष्णुहरात्मनाम् । उद्भवे प्रलये हेतू रामएव इति श्रुतिः " ॥ अरु जे हरिभक्ति रहित हैं तिनको श्रीरामरूप नहीं देखि परत सो बिना देखे सुनिके कोऊ कैसे बिश्वास करै १८ बेद सर्बदा ऐसा कहत कि स्वर्ग पाताल पर्यन्त जहांलगि सब जग है सो सब भगवत् को बिराट्रूप है तेहिते अलग आन कछु नहीं ताही बिराट्रूप के आधार सब जग व्यवहरत कहे सब कार्य होत ताको लखु उत्पत्ति पालन संहारादि सब हरिके आधार है यह परमप्रमाण बात तुलसी कहत बेद बिदित है (यथा) " चन्द्रमामनसोजातश्चक्षोः सूर्योअजायत " इत्यादि ॥ १६ ॥

दोहा ॥

सर्षप सूझत जासु कहँ, ताहि सुमेरु असूझ ।
कहेउ न समुझत सो अबुध, तुलसीबिगतबिसूझ २०
कहत अवर समुझत अवर, गहत तजत कछु और ।

कहेउ सुनै समुझत नहीं, तुलसीअतिमतिबौर२१

अतिलघु सरसों को जो देखत सो महाभारी सुमेरु पर्वत को नहीं देखत इहां अन्तरात्मा सरसों सम अति लघु तैलमात्र गुण सोऊ कोल्हू में पेरे प्रकटत तैसे महाक्लेश ते आत्मब्रह्म अनुभव होत ताको सब देखत भाव व्यापरूप को सब बखानत अरु श्री रघुनाथजी सुमेरु सम उन्नत अचलकान्तिमान् जाके निकट गये दारिद्ररूप पाप दोष दूरि होत सौशील्यादि अनेक गुणधाम श्रीरामरूप सो काहूको नहीं सूझत जाकी शरणमात्र जीव अभय पद पावत (यथा वाल्मीकीये) "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम" ऐसा वेद पुराणादि कहत ताहू पर गोसाइंजी कहत कि सब जग बिसूझ विशेषदृष्टि हृदय की विगतनाम विशेष जाति रही है ताते वेदादि के कहेउ ते नहीं समुझत हैं काहेते अबुध कहे अज्ञानी हैं २० कहत कुछ और समुझत कुछ और कहत तौ यह कि संसार सब झूठा जीबे को ठेकाना नहीं अरु समुझत सब जग को व्यवहार सांचा व कल्पान्त न जीवेंगे अरु काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, स्त्री, पुत्र, धन, धामादि को पोढ़े गहत अरु विवेक वैराग्य शान्ति सन्तोष दया हरिशरणागती इत्यादि को तजत भूलिहू के मन में नहीं लावत (पुनः) वेद पुराणादि के वचन सन्तजन कहत ताको सुनतहू सन्ते नहीं समुझत गोसाईं जी कहत कि ऐसे मति के बाउरि हैं ॥ २१ ॥

दोहा ॥

देखो करै अदेख इव, अनदेखो बिश्वास१

कठिन प्रबलता मोहकी, जलकहँ परमपियास २२
सोइ सेमर सोई सुवा, सेवत पाय बसन्त।
तुलसी महिमा मोहकी, विदित बखानत सन्त २३

अब रूप बिषय करि जीव को निजस्वरूप भूलि जाना बर्णन है सो रूप काको कही (यथा) बिन भूषण भूषित युत न रूप अनूपम गौर सोई रूप में जब जब दृष्टिपरत तब तब या भांति नेत्र चपकत (यथा) अदेख इव जैसे कबहूं याको देखबै नाहीं भये निश्चय यहै बिश्वास रहत कि यहिको कबहूं देखा नहीं यही रूप बिषय में जीवको आपनो रूप भूलिजानो यही मोह है सो मोह की प्रबलता जबरई ऐसी कठिन है कि जलही को जल पीने की परमापियास लगी रहत भाव आनन्दसिन्धु आपनो रूप भूलि बिषय मृगतृष्णा हेत धावत २२ सोई सेमर सोई सुवा प्रति संवत् संवत् पाय फूलो देखि फल की अभिलाषसे सेवत फल देखि पछितात फिरि भूलि जात बसन्त पाय पुनः सेवत यह दृष्टान्त है अब दार्ष्टान्त (यथा) सेमरस्थाने सुन्दर रूप सुवास्थाने नेत्र बसन्त स्थाने शृङ्गारादि भूषण बसन सजे देखि आसक्त है पीछे परत ताके फल में रसरूप सुखतौ मिला नहीं लोक उपहासरूप घुवा उड़ोदेखि पछिताने फिरि भूलिगये (पुनः) समय पाय वैसेही संग लागत पूर्व अपमान की सुधि नहीं इसी भांति रूपविषय में भूले हैं गोसाईंजी कहत कि ऐसी अपार मोह की महिमा विदित है जाको कोऊ पार नहीं पावत ऐसा सन्तजन बखानत हैं॥२३॥

दोहा॥

सुन्यो श्रवण देख्यो नयन, संशय शमन समान।

तुलसी समता असमभो, कहत आनकहँआन२४
बसही भव अरिहितअहित, सोपि न समुझतहीन।
तुलसी दीन मलीन मति, मानत परम प्रवीन २५

सुने श्रवण जैसे काहूने कह्यो कि वा ग्राम में एक स्त्री बहुत स्वरूपवती है ऐसी मोहनी बार्ता कान ने सुनी तबहीं देखने की चाह भई जब जाय देखे तब मिलनेकी चाह भई यह कौन भांति मिले इत्यादि से कहे सोई संशय मन में समानी सो समतारूप निरवासनिक मन तामें बिषमता आई भाव वासना उठी जब विषमता आई तब आन बस्तुको आन कहन लगे भाव लोक दुःख को सुख कहत (यथा) "पान पुराना घी नवा, औ कुलवन्ती नारि। चौथी पीठि तुरंगकी, स्वर्ग निशानी चारि"॥ इत्यादि झूठे सुख को सांचा कहत अरु हरिशरण में सुख तामें दुःख कहन लगे कि भाई भक्ति करना बड़ी कठिन बात है केहिते है संकत इतनीही बात कहि छुट्टी पाये २४ काहेते ही जो हृदय सोतौ भव कहे संसाररूप अरिके बश भयो ताते हितकर्ता हरिभक्त प्रह्लादादि के चरित्रनते विदित है (पुनः) अहित लोक विषयसुख में भूलना यहौ विदित है सोऊ अपि कहे निश्चय करिकै नहीं समुझत काहे ते गोसाईंजी कहत कि; मोहवश उरमें तौ अन्धकार है ताते मति के हीन विषयफन्दमें बँधे दीन मलीन भये तौ कैसे हित अहित सूझै हृदय की दृष्टि में विषयरूप माड़ा छावा है ताते अज्ञानके बश परे परन्तु अपनाको परमप्रवीण ज्ञानी माने हैं बातन के जमाखर्चेते हृदयमें कुछ नहीं॥ २५॥

दोहा॥

भटकत पद अद्वैतता, अटकत ज्ञान गुमान।

सटकत बितरनते बिहठि, फटकत तुष अभिमान २६

अब त्वचा इन्द्रिय करि स्पर्श विषयमें भूलनेको कारण कहत (यथा) " एकं ब्रह्म द्वितीयन्नास्ति " ॥ इत्यादि अद्वैतता पदमें भटके भुलाने मनतौ विषय भोगमें आसक्त विद्या करि एक द्वै उपनिषद् बेदान्त के पढ़िलीन्हें ताही गुमान में अटके मुखते झूठा ज्ञान कथत कि अन्तरात्मा मेरा स्वरूप परब्रह्म है (यथा) दादूपन्थी निश्चलदास बिचारसागर में लिखे ॥ " अब्धि अपार स्वरूप मम, लहरी बिष्णु महेश। बिधि रबि चन्दा बरुण यम, शक्ति धनेश गनेश " ॥ तहां तुम्हारो स्वरूप सामुद्र तौ बिष्णुलहरी तौ अद्वैतता कैसे भई भाव बिष्णु अज्ञानी हम ज्ञानवान् यही ज्ञान गुमान को अटकना है (पुनः) बितरन कहे बिशेषि भव तारनहारी हरिभक्ति जो पतित जीवनको पार करनहारी है (यथा गीतायाम्) " मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः। स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम् " ॥ ऐसी भगवत् शरणागती तेहिते सटकत नाम भागत कौनभांति बिहठि बिशेषि हठि करिकै भाव जो कोऊ हरिशरणको नाम लेत ताको बेदान्त सांख्य सूत्रन करिकै खण्डनकरि अद्वैतपक्ष पुष्ट करत कि आत्मसार देहधारी सब अवतारादि मायाकृत हैं कहत तौ ऐसा हैं अरु आपु हैं कैसे कि फटकत तुष अभिमान तुष कहे खाल ताको अभिमान है व हम स्वरूपवान् व हम उत्तमजाति हैं याके हम अधिकारी हैं तौ जो देहादि झूठी तौ तुम्हारी उत्तमता कैसे है जो देहको व्यवहार साँचो तौ अद्वैतता कैसे भई ताते बिषयासक्त झूठा ज्ञानको अभिमान करत (यथा शंकरेणोक्तम्) " वाक्योच्चार्यसमुत्साहात्तत्कर्म कर्तुमक्षमाः। कलौ वेदान्तिनो भान्ति फाल्गुने बालका इव " ॥ २६ ॥

दोहा ॥

जो चाहत तेहि बिन दुखित, सुखितरहित ते होइ ।
तुलसी सो अतिशय अगम, सुगम रामते सोइ २७
मात पिता निज बालकहि, करहिं इष्ट उपदेश ।
सुनि माने बिधि आप जेहि, निजशिरसहेकलेश २८

प्रथम प्रशंसा सुनि देखने की चाह जब देखे तब मिलनेकी चाह भई जो स्त्री आदिकन के स्पर्शको चाहत वह नहीं मिलत ताके मिले बिना बियोग दुःखमें दुःखी आठ पहर चित्त वायमण्ड रहत तेहि स्पर्श चाहते जब मन रहित होइ तबतौ जीव सुखित होइ गोसाईंजी कहत कि सो सुख होना अगम है सुगम रामते होइ जब श्रीरघुनाथजी की शरण गहौ तिनकी कृपाते विषय छूटै तब सहज ही सुख प्राप्त होइ (यथा अध्यात्म्ये परशुरामवाक्यं श्रीरामं प्रति) "यावत्त्वत्पादभक्तानां संगसौख्यं न विन्दति । तावत्संसारदुःखौघान्न निवर्तेन्नरः सदा" २७ लोक की यह रीति है कि माता पिता आपने बालक को इष्ट उपदेश करत जामें विशेष प्रयोजन सोई व्यापार सिखावत (यथा) आप कहे जल में क-मल पै जेहि पिता विष्णुको उपदेश सुनि मानि ब्रह्मा विधि जो ब्रह्मा निज शिर कलेश सहे भाव प्रलयान्त हरिनाभिकमल पै ब्रह्माजी सो भगवान् कहे कि सृष्टि करौ सो मानि सृष्टिकी रचना में परे तबते मरणपर्यन्त ब्रह्माजी सृष्टि के भार ते न छुट्टी पावैंगे स्वतन्त्र ह्वै भजन कैसे करें तौ लोकको कौन कहै कि माता पिता को उपदेश मानि भला होइगो ॥ २८ ॥

दोहा ॥

सबसों भलो मनाइबो, भलो होन की आस।
करत गगनको गेंडुवा, सो शठ तुलसीदास २९
बलि मिसु देखत देवता, करनी समता देव।
मुये मार अविचार रत, स्वारथ साधक एव ३०

यावत् देवता हैं तिनकी पूजा स्तुति आदि करि भला मनाइबो भाव जहांतक कर्मकरि आपनो भलो होनो जीवके सुख की आश करत सो कैसे कोऊ देवादि भलो करि सकत प्रभु की माया ऐसी प्रबल है कि सबको पेरे डारत ताते देवता आपही सुखी नहीं तौ और को सुखी कैसे करिसकत तिनते जो आपना भलो होनो चाहत तिनको गोसाईंजी कहत कि सो शठ है काहेते जाको कोऊ अन्त नहीं पावत ऐसा अपार गगन जो आकाश ताको गेंडुवा कीन चाहत भाव हाथ में गहिलीन चाहत सो कैसे होइ सकत २९ ते देवता कैसे हैं कि बलि पूजा के मिष कहे बहाने ते प्रसन्न दृष्टि देखत भाव बलि पूजा पाय प्रसन्न होत ताकी करनी के समान फल देत अधकी नहीं देत अरु जीवकी करनी कैसी है कि एव कहे निश्चय करिकै सब स्वारथही के साधक हैं कौनप्रकार अविचार बिनविचार व मारणादि षट् प्रयोगन में रत कहे प्रीति किहे हैं ताते मुये जीव खसी भेंड़ादि आपने अधीन तिनको मारत तौ कैसे भला होइ हिंसा सब पापमें श्रेष्ठ है जो स्वारथरत न होइ ईश्वर सर्वव्यापक मानि निर्वासिक सबदेवनकी पूजा उत्तम रीति ते करै फल की चाह मनमें न राखै तौ भगवत् उनको भी भला करै जो स्वारथमें रतभये याहीते भला नहीं होत (गीतायाम्) " अहं

हि सर्वयज्ञानां भोक्ता च प्रभुरेव च। न तु मामभिजानन्ति तत्त्वेनातश्च्यवन्ति ते" ॥ ३० ॥

दोहा ॥

बिनहिं बीज तरु एक भव, शाखा दल फल फूल।
को बरणै अतिशय अमित, सब बिधि अकल अतूल ३१
शुकपिकमुनिगणबुधबिबुध, फलआश्रितअतिदीन।
तुलसी ते सब बिधिरहित, सो तरु तासु अधीन ३२

अब रस औ गन्ध दोनों विषय करि भूलिबे को कारण कहत (यथा) विन बीज को भवरूपी एक तरु कहे बृक्ष है जैसे कलमी तैसे ईश्वर माया दोऊको अंशमिलि संसाररूप बृक्ष भयो मनयुत पाँचों तत्त्व षद् स्कन्ध हैं पचीसौ प्रकृति शाखा हैं नित नवीन ममता हरित दल है चारि त्वचा (यथा) तमोगुण श्याम ऊपर को त्वचा है रजोगुण अरुण भीतर को त्वचा है सतोगुण ताके भीतर को श्वेत त्वचा ॐकार लकड़ी से मिला महीन त्वचा लकड़ी जीवहै ब्रह्मरस है शुभाशुभ कर्म द्वै बौर वासना फूल दुःख सुख द्वै भांति फल दुःख माया के अंशते करू सुख ईश्वर के अंश ते मीठा सो संसार बृक्ष अतूल कहे जाकी तुल्य दूसरा नहीं है अकल कहे कला जो कारीगरी तिस करिकै जानों नहीं जात काहेते याकी मूल ऊंचे है फुनगी नीचे है क्योंकि फुनगीही में फल लागत जो कोऊ फलकी आश करत सो नीचे को जात जो मूलकी आश करत सो ज्ञानबल करि ऊंचे जात (पुनः) फलकी कांक्षा होतही नीचे गिरत याते अतिशय अमित है ताको कोऊ कैसे वर्णन करि सकत है ३१ बृक्ष पै पक्षी फल के आसरे

आवत इहां मुनिन के गण समूह बुध ज्ञानवान् बिबुध देवतादि तेई शुक कहे सुवा पुनः पिक कोयल इत्यादि पक्षी संसाररूप बृक्षके फलके आश्रित आशा करि सदैव अतिदुःखित रहत भाव सुख फल मीठेकी चाह करत दुःख फल करू आपही मिलत याहीते दुःखित रहत हैं गोसाईंजी कहत कि ते सब मुनि सुरादि ता बृक्ष भेद जानबेके बिद कहे ज्ञानकरि रहित हैं ताहीते आसरा में बँधे दुःखित हैं जो बिचार करि देखो तो सो लोक बृक्ष तासु कहे तिनहीं मुनि सुरादि के अधीनहैं भाव दुःखको सुखमानि आपही बँधे हैं जो आप त्यागकरै तौ लोक काहू को नहीं बाँधेहै (यथा) खाजु के खजुवाने को सुख पीछे दुःख तैसे लोक में कामादि सुख हैं (यथा भागवते प्रह्लादवाक्यम्) "यन्मैथुनादि गृहमेधि सुखं हि तुच्छं कण्डूयनेन करयोरिव दुःखदुःखम् ॥ तृप्यन्ति नेह कृपणा बहुदुःखभाजः कण्डूतिवन्मनसिजं विषहेत धीरः"॥ कहौं ऐसो पाठ है कि तुलसी ते सब बिरद हित तहां ऐसा अर्थ है कि ते जो सुरादि हैं तिनके हित करिबे बिरद जो बाना है जिनको ऐसे श्रीरघुनाथजी तिनके अधीन सो बृक्ष है ताते प्रभुकी शरण गहो तो कुछ बिघ्न न होइगो (यथा नारदीयपुराणे) श्रीरामस्मरणाच्छीघ्रं समस्तक्लेशसंक्षयः । मुक्तिं प्रयाति विप्रेन्द्र तस्य विघ्नो न बाधते ॥ ३२ ॥

दोहा ॥

को नहिं सेवत आय भव, को न सेय पछिताय।
तुलसी बादिहि पचत है, आपहि आप नशाय३३

सुर मुनि नर नागादि लोक सुख के अर्थको नहीं आय भव-

रूपी बृक्षको सेवत है ताको सेय दुःख पाय (पुनः) को नहीं पछितात है तिनको गोसाईंजी कहत कि वे बादि ही पचत हैं भाव जो आपनेही हाथते दुःख होइ तौ काहे को वह बात करै जो पाछे पछिताय (यथा) रोगी कुपथ करि मांदगी बढ़ाय दुःख पाय पछितात (पुनः) कुपथ करत जो समुझै तौ कुपथ काहे को करै॥ ३३॥

दोहा॥

कहतबिबिधफल बिमलतेहि, बहत न एक प्रमान।
भरम प्रतिष्ठा मानि मन,तुलसीकथतभुलान३४
मृगजलघटभरिबिबिधबिधि, सींचत नभतरुमूल।
तुलसी मन हरषित रहत, बिनहिं लहेफलफूल३५

पूजा कथाश्रवण स्तोत्रपाठ मन्त्रजापादि के माहात्म्य करि बिबिध भांति के फल विमल मुक्तिदायक कहत तौ अनेक हैं तेहि बिषे एकहू सांची प्रमाण मानि बहत कहे ताकी राह पर नहीं चलत भाव कहत तौ अनेकन करत एकहू नहीं यह बिश्वास नहीं कि पूजादि ते फल मिलै इत्यादि भरम प्रतिष्ठा कहे सांचा भरम मन में माने ताही में भुलाने परे तिनको गोसाईंजी कहत कि झूठही सब माहात्म्य मुखते कहत हैं ३४ मृगजल जो घामे की लहरी दुपहरी में देखो भाव झूठा जल तैसे चाटक नाटक भूत पिशाच तुच्छदेवन की सिद्धाई अबिचारादि झूठा जलसम घट कहे हृदय में भरे भाव मन तौ इनमें लाग बिविध भांति के झूठे बचन रूप जल ते नभतरु निर्गुणमत ताकी मूलव्यापक ब्रह्म ताको सींचत भाव झूठही ज्ञानकथि अद्वैतपक्ष पुष्टकरत ता बृक्ष के फूल

विवेक, वैराग्य, शम, दम, उपराम, श्रद्धा, समाधान, मुमुक्षुतादि साधन है (पुनः) ज्ञानफल है इत्यादि फल फूल बिनहि लहे भाव ज्ञान बैराग्यादि बिना प्राप्त भयेही गोसाईंजी कहत कि झूठही ज्ञानकथि मनमें हर्षित रहत कि हम बड़े ज्ञानी हैं मन मलिन क्रिया में है ॥ ३५ ॥

दोहा ॥

सोपिकहहिंहमकहलह्यो, नभतरु को फलफूल।
ते तुलसी तिनते बिमल, सुनि मानहिं मुदमूल ३६
तेपि तिन्हैंयाचहिंबिनय, करि करि बार हजार।
तुलसी गाड़र की ढरन, जाने जगत बिचार ३७

मन तो लोकफल के रसकी बासना में फँसा मुख ते झूठा ज्ञान कथत सो अपि कहे निश्चय करिकै कहत कि नभतरु जो अगुण मत ताको फलफूल हमको लह्यो अर्थात् ज्ञान बैराग्यादि हमको प्राप्त भयो तापै गोसाईंजी कहत कि वे कहनेवाले तो मनके मैले हैं नये हैं जे उनकी बाणी सुनिकै मुद कहे मनकी आनन्द की मूल सत्संग माने हैं ते उनते बिमल हैं अर्थात् उनते मैले हैं यह व्यङ्ग्य है व बिशेष मैले हैं जिनको झूठी बाणी में बिश्वास आवत उनकी करनी नहीं देखत कि का बात करत का कहत यह कैसे समुझै जो अमल हृदय होय तौतो समुझै मनके मैले कैसे समुझैं ३६ ते सुननेवाले अपि कहे निश्चय करिकै तिन्हैं कहने वालेन ते हजारनबार बिनय करि करि याचत हैं कि वहीं बार्त्ता हमसों फिरि कहो इत्यादि सब बारबार कहत ताको गोसाईंजी कहत कि जग को बिचार कैसा है (यथा) गाड़र कहे भेड़ी की

दशनि अर्थात् संसार भेड़ियाधसान है जहां एक भेड़ी गिरै तहां सब गिरिपरैं कौनिउँ बिचार नहीं करत कि सब कहां जाती हैं वामें दुःख सुख नहीं बिचारत एक एकको देखि सब फांदत तैसे ही संसार में मनई एकको शिष्य होत देखि दश भये दश को-देखि सैकरन चेला ह्वै गये बिचारत कोऊ नहीं यह संसार की शोभा विपरीत है॥ ३७॥

दोहा॥

शशिकर स्रग रचना किये, कत शोभा सरसात।
स्वर्ग सुमतअवतंस खलु, चाहतअचरजबात ३८
तुलसी बोलन बूझई, देखत देख न जोय।
तिन शठको उपदेश का, करब सयाने कोय३९

मन चञ्चल झूठे शून्यवादी ते खलु कहे निश्चय करिकै अच-रज बात कीन चाहत का कीन चाहत अवतंस कहे झूठे भूषण सों भूषित करि शोभा वढ़ावा चाहत कौनभूषण स्वर्ग के सुमनन को शशि की कर नाम किरणन में स्रग् नाम माला की रचना कीन चाहत भाव चन्द्रकिरणरूप धागा में आकाश के फूलन की माला गुहि अवतंस कहे भूषित करि शोभा वढ़ावा चाहत तेहि करिकै कैसे शोभा सरसात कहे वढ़त इहां चन्द्रमा मन ताकी किरणैं चञ्चलता तेहिके साथ आकाश के फूल शून्यवाद को पक्ष रूप माल करि जीव को भूषित करि शोभा वढ़ावत सो कैसे वढ़ि सकत भाव जीव शुद्धगति को कैसे पाय सकत एक तो चञ्चल मन ताको शून्य में लगावत सो कैसे थिर ह्वै सकत जो जीव शुभ गति पावै ताते जो भगवत् सनेह में मन लगावै तो नाम स्मरण

के प्रभाव व लीला स्वरूप की माधुरी छटा देखि गुण सुनि व धामबास प्रभाव करि प्रेम आवै तौ मन थिर होइ स्वाभाविक जीव शुद्ध होइ ३८ हरिशरणागति आदि हित उपदेश को बोलाये नहीं समुझि २ बूझते हैं अरु भगवत् की भक्तबत्सलता ध्रुव, प्रह्लाद, अम्बरीषादि के चरित बिदित प्रकट देखतहू नहीं देखत भाव वापै दृष्टि नहीं करत ते महामोहान्धकार ते हृदय के नेत्रन ते अन्धे बिचाररहित ऐसे जे हैं तिनको गोसाईंजी कहत कि तिन शठन को उपदेश कोऊ सयाने जन का करब भाव उन अभागिन को उत्तम उपदेश नहीं लागि सकत यथा ऊषर को बीज ॥ ३९ ॥

दोहा ॥

जो न सुनै तेहिका कहिय, कहा सुनाइय ताहि।
तुलसी तेहि उपदेशही, तासुसरिसमतिजाहि ४०
कहत सकलघटराममय, तौ खोजत केहि काज।
तुलसीकहयहकुमतिसुनि, उरआवत अतिलाज ४१

जो आपनो कहा न सुनै तेहिको का कहिये कुछ न कहिये (पुनः) ताहि कथा आदि का सुनाइये कथादि को अनादर करि मल संचय में डारिये ताते कुछ न सुनाइये (पुनः) उनको मन्त्र उपदेश भी न करै काहे ते गोसाईंजी कहत कि तेहि मति-मन्दन को सोई उपदेश करै तासु कहे तिनहीं की सारिस जाहि की मति होइ भाव उनहीं की समान मतिमन्द होइ सो उनको उपदेश दै आपनो इष्ट मन्त्रको घूर में बहावै अभिप्राय यह कि अश्रद्धावाले को श्रीरामनाम उपदेश करना महाऽपराध है पद्म-पुराण में लिखाहै ४० मुखते तौ ऐसा कहते हैं कि चराचर व्याप्त अन्तरात्मा राम सब घटमय हैं मय नाम परिपूर्णहै तौ केहि काज

ढूंढ़ते हैं भाव अन्तरात्मा ब्रह्म तो हर्ष विषाद मानापमानरहित सदा एकरस आनन्दस्वरूप है ताकी तौ छींटौ नहीं शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि में इन्द्रिय आसक्त कामादिते पीड़ित कालकर्म के स्वभाव के बश परे दुःखित देह सुखके आशाकरि अनेक उपायके हेतु ध्यावत यह कर्तव्यता वह कहनूति भाव गुलामीकरि राजा बनत ऐसी कुमति सुनि तुलसीके उरमें लाज आवत कि आपही आपनो अपमान करावते हैं ॥ ४१ ॥

दोहा ॥

अलखकहहिंदेखनचहहिं, ऐसे परम प्रवीन।
तुलसी जग उपदेशहीं, बनिबुधअबुधमलीन ४२
हहरत हारत रहितबिद, रहत धरे अभिमान।
ते तुलसी गुरुआ बनहिं, कहि इतिहास पुरान ४३

कहते तौ हैं कि अलख हैं निरञ्जन हैं निराकार हैं पुनः ताही को देखाचाहत अर्थात् सबके देखवेको ध्यान लगावत ऐसे देखने को परम प्रबीण हैं कि ध्यानी ज्ञानी बने भीतर मन काम लोभादि अनेक बासना में परा गोता खात ऐसे मनके मैले बुद्धिरहित अज्ञानी तेई बाहरते बुध कहे ज्ञानवान् बने जगको उपदेश देत फिरत भाव आपु अज्ञानी औरनको ज्ञान सिखावत ४२ विषय में लागेते मनमलिन ताते बुद्धि मन्द भई मनकी मलिनता बुद्धि की हीनता बिदनाम ज्ञानरहित हैं ताते विद्या भी प्रकाश नहीं करत याते पद पदार्थ बिचारत जब समुझ में नहीं आवत तब हहरत हायकरि मन हारिजात तहां भक्ति ज्ञानादि तत्त्व जानने की कौन बात जो सुगम पुराण इतिहासादि सोभी नहीं कहि

आवत ताहू पर मनमें अभिमान धरे रहत कि हम महात्मा हैं ज्ञानवान् हैं गोसाईंजी कहत कि ऐसे तो लोकमें गुरु हैं पुजावने हेतु गुरु बने शिष्यकरत घूमत तिनते यह नहीं कहत कि दुइ माला गुरुमन्त्र जपाकरो अपनाको उत्तम भोजन देइ पूजा देइ याहीते काम शिष्य चहै गाईं माराकरै ताहूको न मनेकरैं तौ गुरुके पीछे शिष्यनको कल्याण कहां शिष्यनके पाप ते गुरुभी खराब होयँगे ॥ ४३ ॥

दोहा ॥

निज नैनन दीखत नहीं, गही आँधरे बांह।
कहत मोहबश तेहि अधम, परम हमारे नाह ४४
गगन बाटिका सींचहीं, भरिभरि सिन्धु तरङ्ग।
तुलसी मानहिं मोद मन, ऐसे अधम अभङ्ग ४५

(यथा) सांझ समय निशांध रतौंधीवाला कोऊ आइ कह्यो कि शुभग्राम में अभयपद के मन्दिर में जो कोऊ हमें पठै आवै ताको एक मुद्रा देइँगे ताके लोभवश अभ्यास बलते एक आंधरे ने बांह गही कि हम पठै आवहिंगे तब उसने कहा कि तुम हमारे परमहितूहौ ऐसा कहि वाके पीछे चला राह में किसी ने कूप खोदा रहै उसी में गिरे दोऊ बूड़िमरे तैसे विषरात्रि में जग जीव पथिक मोह रात्र्यन्धवश परलोक शुभग्राम अभय हरि ताको मुक्ति धाम प्राप्त होनेहेतु सेवकाई रूप मुद्रा देने को कहा तेहि लोभवश संगति कथादि सुने अभ्यास बलते विराग ज्ञान रूप नेत्र रहित आंधरे गुरुने उपदेशरूप बाहँ गही ते अधम दुर्बुद्धी मोह रतौंधी वश देखते तो हैं नहीं गुरु की वार्त्तारूप मुक्तिधाम की राह चलते जानि तिन गुरु को कहत कि हमारे परमनाह मुक्ति देनहार

स्वामी हैं ऐसा जानि उनके पीछे चले गुरुन के बिबेकरूप नेत्र तौ हैं नहीं जो राह देखि चलैं आगे भवरूप कूप में गिरे मरे चौरासी को गये ४४ संसार सिन्धु है शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि जल आशा तृष्णादि तरङ्ग इन्द्रियरूप पात्रन में भरिभरि मनरूप माली बचनरूप धारा सो गगनबाटिका शून्यबाद ताको सींचत अद्वैतमत पुष्ट देखावत ताको सुनि अधम आनन्द मानत ऐसे दुर्बुद्धि हैं जिन की अधमता अभङ्ग है काहेते हरिशरण बार्त्ता उनको काहे को सोहाइ जो मन शुद्ध होइ भूंठाही शून्यबाद में परे रहि हैं मन विषयमें आसक्त बनारही (पुनः) संसार ही में रहैंगे॥ ४५॥

दोहा॥

दृषद करत रचना बिहरि, रङ्गरूप सम तूल।
बिहँग बदन बिष्ठा करे, ताते भयो न तूल ४६

भक्त बिमुख विषयी आदि सब जीवमात्र को उद्धार करनहारी हरिभक्ति है काहेते प्रभु सब पै दयादृष्टि एक रस किये हैं जो जैसा भाव करत ताको तैसाही देखात (यथा) दृषद जो पाषाण ताको बिहरि कहे फोरिकै हरि के रूप रङ्गसम रचना करत भाव भक्तन के पूजन हेतु हरिप्रतिमा बनावत सो तामें बहुत रूप स्वयंव्यक्त है (यथा) रङ्गनाथ कावेरीतट काशीजी में बिन्दुमाधव नरनारायण जगन्नाथजी नरहरि सिंहाद्री में व्यङ्कटनाथ व्यङ्कटाद्रि में श्रीबाराह पुष्करजी में (पुनः) बाराहक्षेत्र में बेणीमाधव प्रयाग में श्रीगोबिन्ददेव ब्रज में आदिकूर्म बरदराज कांची में आदि केशव पापहरणि गङ्गातट श्रीमुख तोताद्री में इति स्वयंव्यक्त और हरिभक्तन के स्थापित कीन्हें बहुत हैं ग्रामादिकन में अनेक हैं

तिनके प्रसिद्ध होने की द्वै बिधी हैं एक तौ सांचे प्रेम करि प्रकट होत (यथा) जानराय ठकुर बिना प्रतिष्ठा कीन्हें ही भक्त को प्रेम देखि न जायसके दूसरे अग्निपुराणादिकन की रीति ते निर्माणकरि बेदबिधि प्रतिष्ठा कीन्हें प्रसिद्ध होत तब भगवत्‌रूप ही की तुल्य भक्तन को मनोरथ पूरण करत तहां शून्य समय पाय पक्षी चले जाते हैं ते मूर्ति के शीशपर बैठि बिष्ठा करि देते हैं इत्यादि अज्ञ जीवनको अपराध बिचारि तूल कहे कोप नहीं करते हैं अरु जे बिमुख बिरोध भावते शत्रु देखते हैं उनको शत्रु ह्वै बिमुखता में देहनाशकरि दयादृष्टि ते मुक्ति देते हैं याते भगवत् तौ एकरस दया राखते जीव जैसा भाव करत ताको तैसेही प्राप्त (यथा) जेहि बिधि रहा जाहि जस भाऊ। तेहिं तस देखे कोशलराऊ॥ (गीतायाम्) "ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्"॥ (पुनःश्रुतिः) तद्यथा "यथोपास्ते तथातथातद्भवति"॥ ४६॥

दोहा॥

चाह तेहारो आपुते, मान न आन न आन।
तुलसी करु पहिंचानपति, याते अधिकन आन ४७

हे जीव! तू आनन्दरूप सिंहसम सबल निश्शङ्क काहू सों हारिबे योग्य नहींहै सो सिंहभी मैथुनादि स्नेहवश आपु स्त्री पुरुष परस्पर हारिजात तथा जीव आपुहीते आपु हारो है कौनभांति शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, स्त्री, पुत्र, धन, धामादि की मन की चाहते आपु आपुहीते हारोहै ताते न आन (पुनः) न आन मानभाव और सो न मान न मानकी मैं और काहूसों हारो है आपने मनकी चाहते आपुही ते हारो है ताते गोसाईंजी कहत कि जीवको जो पति है चराचर को आदिकारण (यथा पुलह-

संहितायाम्) " यथैववटबीजस्थः प्राकृतश्चमहाद्रुमः । तथैव राम-बीजस्थं जगदेतच्चराचरम् " ॥ ताते जीवनके पति श्रीरघुनाथजी तिनते पहिंचान कहे सदा एकरस प्रीति करु तब तेरो कल्याण होइगो यहि ते अधिक मुक्तिदायक आन दूसरो पदार्थ नहीं है एक श्रीराम भक्तिही है (यथा सत्योपाख्याने सूतवाक्यम्) " विना भक्तिं न मुक्तिश्च भुजमुत्थाय चोच्यते । यूयं धन्या महाभागा येषां प्रीतिस्तु राघवे " ॥ ताते सब लोक की आशा त्यागि श्रीरघुनाथजी में सनेह करु ॥ ४७ ॥

दोहा ॥

आतम बोध बिचार यह, तुलसी करु उपकार।
कोउ कोउ रामप्रसाद ते, पावत परमत पार ४८
जहां तोष तहँ राम है, राम तोष नहिं भेद।
तुलसी देखी गहत नहिं, सहत बिबिधबिधिखेद ४९

जो आपुहीते भूला आपुही सुधिकरि चैतन्य होय यह आत्मबोध विचार है ताको तुलसी उपकार करु जगमें प्रचारकरु जाको सुनि कोऊ कोऊ जीव चैतन्य ह्वै परमत जोहै भक्ति ताको गहै तौ श्रीरामप्रसाद कहे प्रसन्नताते भवसागर पार पावै और उपाय नहीं (यथा) वारि मथे बरु होय घृत, सिकताते बरु तेल। बिन हरिभक्ति न भव तरिय, यह सिद्धान्त अपेल ॥ (पुनः रुद्रयामले) "ये नराधमलोकेषु रामभक्तिपराङ्मुखाः। जपं तपं दयां शौचं शास्त्राणामवगाहनम् ॥ सर्वं वृथा विना येन शृणत्वं पार्वति प्रिये " ४८ जब सबको आसरा छांड़ै तब संतोष आवै काहेते जहां संतोष है तहां श्रीरघुनाथजी हैं ताते संतोषते श्रीरघुनाथजी ते भेद नहीं है

अरु श्रीरघुनाथजी की बिना प्राप्ति संतोष होतही नहीं सो ध्रुव प्रह्लादादि अनेकभक्तन के चरित्र पुराणन में प्रसिद्ध हैं अरु बर्त्तमान में भक्त बहुत से भये अरु हैं सब संतोषयुक्त हैं यह प्रसिद्ध देखात है ताको गोसाईंजी कहत कि जो देखी बात है कि जो संतोष करि हरिशरणगहा सोई सुखी भा इत्यादि देखत ताको गहत नहीं हरिविमुख ह्वै लोक आश में परे ताते बिबिध बिधिके खेद जो दुःख ताको सहत (तथा) बाल में माता के बिछुरे महादुःख होत पौगण्ड में बिना खेले दुःखी युवा भये स्त्री परपुरुषादिशि देखतही देह में आगिलगी परस्त्री देखि आपु कामाग्नि में जरत पुत्रादि बिछुरे व मरे व धन धामादि कुछ हानिभई मानो जीवै निकरि गयो तन में कुछ रोग भयो तौ जीवन बृथा माने जरामें पूर्ण दुःखभयो मरे चौरासीको गये इत्यादि देखतहूपर नहीं सूझत॥४९॥

दोहा॥

गोधन गजधन बाजि धन, और रतन धन खान।
जब आवै सन्तोष धन, सब धन धूरिसमान ५०
कथिरतिअटतविमूढ़लट, घट उदघटत न ज्ञान।
तुलसीरटतहटतनहीं, अतिशयगतिअभिमान ५१

गोकहे गऊ बृषभादिसमूह गज कहे हाथीसमूह बाजि कहे घोड़ासमूह और सोना चांदी आदि समूह रत्न हीरा मोती पन्नादि की खानि इत्यादि लोक में धन जहांतक है चहै तेतना पावै मन की चाह नहीं जात ताते मन धनी नहीं होत जब संतोषरूप धन भयो विषय की चाह मिटी तब सब धूरि समान मानि त्यागिदियो तब मन धनी भयो तब मन हरिके सम्मुख भयो गोसाईंजी कहत

कि सब धनादिकी आशा त्यागि श्रीरघुनाथजी में मनलगावो तब भवबन्धन ते छूटै ५० जबतक संतोष नहीं तबतक विषय चाह में परे स्त्री पुत्र धन धामादिकी रति कहे प्रीति में बँधे कथि कहे उनहीं की बातैं बारंबार करत ताही ममताते शोक ताते लटकहे दुर्बल अटत कहे लोक में घूमत अरु घट जो हृदय तामें ज्ञान उद्घटत कहे उदय कबहूं नहीं होत तिनको गोसाईंजी कहत कि ते मूढ़ ज्ञानादि की बार्त्ता सुवा सम मुखसे रटत रहत परन्तु अतिशय अभिमानकी गति उरते हटत नहीं भाव ऊपरते ज्ञानादि कहत कि लोक झूंठा भीतर ते सांचा माने ताके अभिमानते मन भ्रम के बश है ॥ ५१ ॥

दोहा ॥

भू भुवंग गत दामभव, कामन बिबिध बिधान।
तो तन में बर्त्तमान यत, तत् तुलसी परमान ५२
भोउरशुक्तिबिभवपडिक, मन गत प्रकट लखात।
मनभो उरअपिशुक्तिते,बिलग बिजानब तात ५३

कौन प्रकार को भ्रम है (यथा) भूकहे भूमि में दाम जो रसरी परी देखि तामें भुवंग नाम सर्प गत नाम प्राप्त देखत भाव अँधेरे में रसरी परी तामें सर्पका भ्रम तैसे भव जो संसार तामें बिबिध बिधान की जे कामना हैं लोक बिषय सुखकी चाह सोई तो कहे तेरे तनरूप भूमि में बर्तमान यत् कहे जहां जहां चाह है ताको गोसाईंजी कहत कि तत् कहे तहां तहांपर मान कहे सांचो देखात है भाव झूंठा संसार बिषय चाहते सांचेकी भ्रम है अचाह में सबझूंठा है ५२ जैसे सीपी में चांदी का भ्रम तैसे उर में देखावत (यथा) उर अभ्यन्तर सोई शुक्ति कहे सीपी है अरु बिभव कहे

सब भांति को ऐश्वर्य सोई पडिकनाम चांदी सम झूंठी झलक ताही में मनगत कहे प्रासभयो भव उरके बिभव में मन आसक्त भयो ताही ते झूंठा ऐश्वर्य प्रकट सांचा देखात (पुनः) सोई उररूपी शुक्ति ते अपि नाम निश्चय करिकै मन बिलगभयो भाव बिभवकी बासना मनमें न रही सोई हे तात ! बिशेष झूंठी सांची को जानब है भाव मन में बैराग्य आवतही जानि गयो कि झूंठ ही सब बिभव सीपी की ऐसी चांदी झलकत सांची त्रिकाल में नहीं ऐसा जानि सब बासना त्यागि प्रभु में प्रीति करो ॥ ५३ ॥

दोहा ॥

रामचरण पहिंचान बिनु, मिटी न मनकी दौर ।
जन्म गँवाये बादिहीं, रटत पराये पौर ५४
सुनै बरण मानै बरण, बरण बिलग नहिं ज्ञान ।
तुलसी गुरुप्रसाद बल, परत बरण पहिंचान ५५

रामचरण श्रीरघुनाथजी के चरणारबिन्दन में पहिंचान कहे सांची प्रीति बिना कीन्हें मनकी दौर नहीं मिटत भाव लोग सुख के आसरे लोभबश दौरि २ फिरत ता बश ते परपौर कहे सब के द्वारद्वार अनेक खुशामद के बैन वा जग रिझाय पुजायबे हेतु कथादि रटत कहत आप कुछ भी नहीं समझत याही भांति बादि ही बृथा जन्म बितायदिये कबहूं श्रीरघुनाथजी में मन न लगाये मरे (पुनः) चौरासी को गये ५४ बरण जो अक्षर तिन बिना कोई बार्त्ता मुखते उच्चारण नहीं होत सो बेद पुराणादिकन के अनेकप्रकार के बचन सुनै (पुनः) बार्त्ता सुनि मानै प्रमाण करै (पुनः) बरण ते बिलग कहे अलग ज्ञानभी नहीं अर्थात् गुरुमुख

वर्ण सुनि अथवा शास्त्रपढ़ि वा सुज्ञान आवत अथवा एक प्रवृत्त वचन जो लोक बढ़ावत एक निवृत्त वचन जो लोक छुड़ावत इत्यादि वेद में सब मिले हैं तामें सत् असत् वचन बिलग करिवे को ज्ञान नहीं (यथा) चराचर व्याप्त हरिरूप जानि काहू देवादि को पूजा करै सब भगवत् अर्पण करै वासना न राखै सो मुक्तिदायक है (पुनः) सोई वासना सहित देवता मानि करै सो लोक सुख फलदायक है इत्यादि के समुझवे को ज्ञान नहीं ताको गोसाईंजी कहत कि गुरु के प्रसाद कृपा उपदेश बल ते सत् असत् वचनको पहिंचान होत तव सत् ग्रहण करै असत् त्याग करै॥ ५५॥

दोहा॥

विटप बेलि गन बागके, मालाकार न जान।
तुलसी ताविधि विदबिना, कर्तारामसुजान ५६
कर्तबही सो कर्म है, कह तुलसी परमान।
करनहार कर्तार सो, भोगै कर्म निदान ५७

जाभाँति बागके मध्यमें विटप वृक्ष वेली लता इत्यादि को मालाकार जो माली आपुही बोवत बिलग लगावत कलमकरत सदा सेवत परन्तु वाकी गति नहीं जानत भाव भूमिजल पवनादि दोषगुणते वा कारीगरी के गुणदोष ते फलफूलादि छोटेको बड़ा बड़े को छोटा मीठेको खट्टा खट्टे को मीठा होत यह प्रसिद्ध है ताते यथार्थ हाल माली भी नहीं जानत ताहीविधि गोसाईंजी कहत कि कर्ता राम सोऊ विद कहे ज्ञान बिना राम कहे जो सब में रमत है भगवत् को अंश सोई विषयवश अल्पज्ञ है कर्मन को अभिमानी आपु कर्ता मानि जीव भयो शुभाशुभ कर्म करत

ताही में भुलाइगयो भाव यह नहीं जानत कि कौन कर्म के बश कहां जाय कौन दुःख सुख भोगैंगे ५६ कर्तव (यथा) यज्ञ, दान, तप, तीर्थ, ब्रत, जप, पूजा, परोपकारादि शुभ है हिंसा चोरी बेश्या परस्त्रीरत जुआं परहानि आदि अशुभ इत्यादि कर्तव्यता कीन्हें ते शुभाशुभ कर्म भयो इत्यादि प्रमाण साँची तुलसी कहत सोई कर्म को करनहार जीव कर्तार जो ईश्वर तासों आपने कर्मनको फल दुःख सुख सो निदान कहे अन्त में भोगत है जैसा कर्म करत तैसही स्वभाव परिजात ताते भला बुरा जानत है ताहूपर वही कर्म करत याहीते कर्मफन्द में बँधा है ॥ ५७ ॥

दोहा ॥

तुलसी लटपदते मटक, अटक अपित नहिं ज्ञान।
ताते गुरुउपदेश बिनु, भरमतफिरत भुलान ५८
ज्यों बरदा बनिजार के, फिरत घनेरे देश।
खांड़भरे भुस खात हैं, बिनु गुरु के उपदेश ५९

यथा धनी अभाग्यबश व्यापारादिते धन बृद्धि न भई खरचा होतहोत धन चुकिगयो कंगाल ह्वै दुःखित भयो तथा सुकृत तौ भई न सुखभोग में परेते जो सुकृति रही सो सब चुकिगई सुकृति ते कंगाल भये अशुभकर्म तो स्वाभाविक होतही है ताकी प्रबलताते जीव अल्पज्ञभयो ताको गोसाईजी कहत कि लटपद कहे अशुभ कर्म की जोरावरीते शोक बश जीव क्षीण भयो ताते मटक कहे स्थिरतारहित भयो अनेक बासना में मन चलायमान ताही में अटकि गयो ताते अपि कहे निश्चय करिकै इत कहे एकवस्तु को ज्ञान न रहा अज्ञानी भयो यथा पूर्वको जानेवाला दिशा भ्रमवश

भुलान भरमत फिरत जो काहूते पूछै वह वताय देय तौ राह पावै तैसे विना गुरु के उपदेश अज्ञानता में भूला अनेक योनिनमें जीव भरमत फिरतहै अर्थात् आपनो आनन्दरूप भूलि दुःखरूप वना भरमत कौनभांति (यथा) अज्ञदशा में लैगयो, केहरिसुत जाबाल। मेषझुण्ड में सोपरा, क्यों जानै निज हाल ५८ ज्यों कहे जाभांति वनिजारनके वरद पीठिपर खांड़ लादे अरु भूसा खाते हैं पीठिपर खांड़को जानत नहीं इसीभांति घनेरे कहे वहुतेरे देशन में घूमत फिरत ताहीभांति विना गुरु के उपदेश अज्ञानवश खांड़ सम परमानन्दमय आपनोरूप ताको नहीं जानत विषयरूप भूसा खात शुभाशुभ कर्मरस्सी में बँधे अनेकन योनिरूप देशन में जीव भरमत फिरत है ॥ ५९ ॥

दोहा ॥

वुद्ध्या वारत अनयपद, श्वपिन पदारथ लीन।
तुलसी ते रासभसरिस, निजमन गहहिं प्रवीन ६०
कहत विविध देखे विना, गहत अनेकन एक।
ते तुलसी सोनहासरिस, वाणी वदहिं अनेक ६१

अनय कहे अनीति पदने वुद्ध्या कहे वुद्धि करके वारत नाम दूरि करत जीवको भाव अनीति आये जीव वुद्धिरहित भयो जव निर्वुद्धि भयो ताते शुकहे शुभ पदार्थ जो भगवत् सनेह है तासों अपि कहे निश्चय करिकै लीन नहींहै जे हरिसनेह में लीन नहीं हैं तिनको गोसाइंजी कहत कि वे कैसेहैं रासभ सरिस हैं भाव गदहासम संसारभारवाहक हैं शून्यवाद मुखते करि आपने मन ते आपुको प्रवीन नाम ज्ञानी माने हैं इहां वुद्धिशब्द को वुद्ध्या

तृतीयैकबचनांत है शुअपि उवंसूत्र लागेते श्वपि ह्वै गया ६० भीतर बिषय की आशते लोभादि बश मन तौ सौ प्रबन्ध बांधत मुँह ते ब्रह्मजीव मायाबिराग-बिबेक षट्चक्रादि बिबिध प्रकार की बातैं बिना देखी कहत भाव उनकी दिशि भूलिहूकै मन नहीं जात (पुनः) अनेक देवमन्त्रादिकनको मन दौरत एक को छांड़त एक गहत बिश्वास काहू में नहीं जो एक बात गहै जामें कुछ फल लागै ते कैसे हैं गोसाईंजी कहत कि सोनहा सरिस यथा स्वर्णकार भूषणादि बनावत समय सोना हरिलेने हेतु आपनी बोली में परस्पर अनेक बार्ता करत (यथा) खारीसिंगोहि देउ भाव दागु मिलाय देउ स्यांक उतावौ भाव चोरावो चिर्रांहु बीदत भाव हुशियार है देखत इत्यादि अनेक बार्ताकरि लोगन को बहँकाय सबके सामने सोना हरि लेते हैं ताही भांति हरियश सत्संगादि लोकभूषण बनावत समय छली पुजायबे हेतु ऊपर पाखण्ड बनाये सत्संग कथा हरिनाम सन्त ब्राह्मण दान दयादि के माहात्म्य अनेक बाणिन में कहत जामें लोगन के मन राजी होयँ हमारो सत्कार करैं॥ ६१॥

दोहा॥

बिन पाये परतीति अति, करै यथारथ हेत।
तुलसी अबुध अकाश इव, भरिभरि मूठी लेत ६२
बसन बारि बांधत बिहठि, तुलसी कीन बिचार।
हानि लाभ बिधि बोधबिन, होत नहीं निरधार ६३

जो नेकहू तहदिल भयो तौ इन्द्रिन के सुख हेतु अनेक ठौर मन दौरत ता कारण काम क्रोध लोभादि प्रचण्ड परत ताको

फल तीनिहूं तापन में जरत तेहि सुख के हेतु अनेक बातन में मन दौरावत (यथा) देवी गणेश सूर्य शिवादि देवनको पूजा व स्तोत्र व मन्त्र जप आदि करी तौ सुख होइ औ सांचा बिश्वास काहू में नहीं काहे ते मन तौ स्थिर रहते नहीं इत्यादि सब बातन ते यथारथ हेत कहे प्रयोजन बिना पायेही अति परतीति करते हैं होत कुछ भी नहीं तिनको गोसाईंजी कहत कि वे अबुध कहे बुद्धिहीन तिनके सब मनोरथ कैसे झूठे हैं इव कहे जा भांति समग्र आकाश भरि कोऊ मूठी में भरि लेत सो बृथा है तैसे विषयासक्तन को मन्त्र जपादि मनोरथ बृथा हैं ६२ जो मन्त्रादि करते भी हैं ताकी बिधि तौ जानते नहीं हठबश अविधि करते हैं ताको परिश्रम व्यर्थ होत कौन भांति (यथा) विहठि कहे बिशेषि हठबशते कोऊ बसन जो कपरा तामें बारि कहे जल बांधत सो गोसाईंजी कहत कि यह कौन बिचार की बात है कि कपरामें कहौ जलथँभत तैसे तन्त्रनमें जो मन्त्रादिकी बिधिहैं ताको बोध कहे यथार्थविधि सहित बिना कीन्हें हानि लाभ कुछ नहीं होत मन्त्रादिकन की बिधि भूतडामरस तंत्रसारादिकन में निरधार नाम लिखी है (यथा) प्रथम ऋणी धनी दूजे बर्ग राशि सबल निबल तीजे मास पक्ष तिथि नक्षत्र वार चन्द्र योगिनी कार्यानुकूल चौथे स्थान शोधि कूर्म चक्रके शिरपर आसन पांचवें दिनकी दिशा शोधै छठे सिद्ध साध्य ससिद्धि अरि इति मन्त्रकी प्रकृति बिचारै सातवें उत्कीलन आठवें जागरण नवें संस्कार १० यथा जन्म १ जीवन २ ताड़न ३ बोधन ४ अवशेष ५ बिमलीकरण ६ आप्यायन ७ तर्पण ८ दीपन ६ गोपन १० इत्यादि बिधिसहित जपै तौ शीघ्रही मन्त्रादि सिद्धि होइ ॥ ६३ ॥

दोहा॥

काम क्रोध मद लोभकी, जब लगि मनमें खान।
का पण्डित का मूरखे, दोनों एक समान ६४
इत कुलकी करनी तजे, उत न भजे भगवान।
तुलसी अधवर के भये, ज्यों बघूर को पान ६५

खानि कही जहां बस्तु पैदा होत तहां कामकी खानि युवा स्त्रिनकी संगति क्रोधकी खानि सबसों ईर्षा मदकी खानि जाति बिद्या महत्त्व रूप यौबन ऐश्वर्यादि रङ्ग मनमें आवना लोभकी खानि लाभमें मनदेना इत्यादिकनकी खानि मनमें बनी है तब लग का पण्डित अरु का मूर्ख दोऊ एक समान हैं भाव कामादि की खानि मन ते न त्यागै कारण न बचाये तौ पण्डित है कौन श्रेष्ठ काम कीन्हें तहां पण्डित को यह चाही कि धीरज सों काम को कारण बचावै धर्म सों क्रोध को कारण बचावै लज्जा सों मद बचावै बिचार सों लोभको हटावै तौ तौ पण्डित श्रेष्ठ नाहीं तौ पण्डित मूर्ख की समान है ६४ जे केवल पुजायबे खाबे हेत बेषमें मिले तिनको कहत कि इत तौ कुल की करणी यथा माता पिता ज्येष्ठ भ्राता अभ्यागत भिक्षा तर्पण पिण्डदान बिप्रभोजन कन्यादानादि कुलके सब कर्म त्यागे उत जौने बेषमें गये तहां भगवद्भजन करने को चाहिये सोऊ न किये तौ दोऊदिशि के धर्म कर्मनते गये तिनको गोसाईंजी कहत कि वे कैसे भये ज्यों बघूरकहे बौंड़र पवनकी गांठिमें परे पान जो पत्ताते अधवर के भये भाव न भूमि में रहे न आकाश को गये बीचहीमें घूमत रहे तैसेही कामना पवन की गांठि जो भ्रमचक्र तामें परे घूमत हैं न लोक बना न परलोक॥ ६५॥

दोहा॥

कीर सरिस बाणी पढ़त, चाखन चाहत खाँड़।
मन राखत बैराग महँ, घरमहँ राखत राँड़ ६६

भगवद्भक्तिकी द्वैमर्यादे हैं एकतो जा कुल में जन्म भयो ताके अनुकूल देहके व्यवहार उत्तमरीति सब भगवत्को मानि देहसों करना सब सों खैंचि मन भगवत् में लगावना (यथा) प्रह्लाद अम्बरीषादि लोक व्यवहारही में भक्तशिरोमणि भये दूसरे तन मन सों लोक त्यागि हरिभक्ति करना (यथा) नारद शुकदेव तीसरे जो दोऊ मर्यादे छांड़े (यथा) घरमें परिश्रम न ह्वैसका धनहीन भोजन हेतु बेषमें मिले व देखी देखा व पुजायबे हेतु बेष बनाये ते कैसे हैं वे कहे निश्चय करिकै राग कहे लोक विषयस्नेह में मन राखत काहेते घरमें राँड़ स्त्री राखत याते कामवश (पुनः) कीतौ लोभवश रस की जग रिझायबेकी बाणी कीतौ क्रोधवश रिसकी बाणी पढ़त (पुनः) खाँड़ अर्थात् लड्डू कचौरी माल पुवादि चाखन चाहे अथवा कीर कहे शुककी ऐसी बाणी पढ़त भाव जो कुछ सुनत सोई सिखि गये वहै पढ़त वाको भाव ज्ञान विराग भक्ति आदि हृदय में कुछ नहीं है अरु खाँड़ अर्थात् लड्डू माल पुवादि चाखन कहे खाने की चाह सदा मन में बनी रहत जब उत्तम पदार्थ खाये तब काम प्रचण्ड परो तब कोऊ व्यभिचारिणी स्त्री घर में राखि लिये ते कैसे हैं मन तौ बैराग्य में राखत भाव मन में गुमान कीन्हें कि हम वैराग्यवान् साधु हैं सब के पूज्य हैं अरु आपु घर में राँड़ को पूजत उसीको इष्टसम माने राँड़ कहिबे को यह भाव कि परस्त्री ग्रहण कीन्हें स्वस्त्री कुल त्यागे ये दोऊ दूषण हैं कुलस्त्री में कुछ दूषण नहीं है॥ ६६॥

दोहा ॥

रामचरण परचै नहीं, बिन साधन पद नेह।
मूड़ मुड़ायो बादिही, भांड़ भये तजि गेह ६७

श्रीरघुनाथजीके चरणारबिन्दनते परचय जो नवधा प्रेमापरादि भक्ति एकहू नहीं अरु बिवेक बैराग्य शम दम उपराम तितिक्षा श्रद्धा समाधानादि षट् सम्पत्ति मुमुक्षुतादि साधन पद जो ज्ञान तामें बिना नेह भाव न भक्तिमें मन दीन्हें न ज्ञानमें मन दीन्हें अथवा श्रीरघुनाथजी के चरणन में साँची प्रीति नहीं जो साँची प्रीति नहीं तौ जामें हरिपदनेह होइ सो साधन करना चाहिये (यथा) सन्तन की संगति हरियश श्रवण गान नामस्मरणादि ताको कहत कि हरिपदनेह के जो साधन तिनको बिना कीन्हें तौ बादिही मूड़मुड़ाये काहे ते गेह जो घर ताको तजि बेष बनाय भाँड़ भये (यथा) द्रव्य पाइबेहेतु भाँड़ लज्जा छांड़ि अनेक स्वांग बनि लोक रिझावते हैं तैसे जो बेष बनाये ताके साधन में मन एकहू क्षण नहीं देते पुजायबे हेतु धनके लोभबश बेष बनाये अनेक प्रकार की बातें बनाय २ कहिके लोक रिझाय पुजावत फिरत जो बेष कीन्हें ताकी लज्जा नहीं याही ते भांड़सम कहे॥ ६७॥

दोहा ॥

काह भयो बनबन फिरे, जो बनि आयो नाहिं।
बनते बनते बनि गयो, तुलसी घरही माहिं ६८
जो गति जानै बरणकी, तनगति सो अनुमान।
बरण बिन्दुकारण यथा, तथा जानु नहिं आन ६९

जो घर छांड़ि बेष में मिले ताहूपर जो बनि न आयो भाव

भगवत् सनेहमें मनु न लागौ तौ बेष बनाय बनवन फिरे काह हासिल भयो कुछ नहीं इधरौ ते गये उधरौ ते गये काहे ते जब बेष धारण कीन्हें तब मालिक के पक्के नौकर बने नौकरी में हाजिर न रहे तब गुनागारी में परे अरु विषय में मन दीन्हें तब महा-अपराध में गने गये याही भांति बिगरत बिगरत बिगरत बिगरि गई तथा गोसाईंजी कहत कि घरही माहिं रहे गुरु की दया ते सत्संग कीन्हें ते हरियश श्रवण ते विषय ते मन खैंचि हरिसनेह जामें भजन करने लगो हरिसनेह बढ़त २ सांचो भक्त ह्वैगयो यथा भक्तमाल में बहुत लिखे हैं ६८ एक देह कौन कारण ते बनिजात कौन कारण ते बिगरि जात ताको कारण कहत कि बरण जो अक्षर ताकी जो गति सोई तनुकी अनुमान कहे बि-चारिले कौन भांति यथा वर्ण जो अक्षर तामें बिंदु कारणहै अर्थात् फ़ारसी के अक्षरन में बिंदु लागे दूसरावर्ण ह्वै जात ताही भांति देहौ की गति जानु आन भांति नहीं है देहरूप वर्ण में बासना-रूप बिंदु है जैसी बासना आई तैसी ही देह ह्वैगई यथा विषय की बासनाते विषयी ज्ञानवासना ते ज्ञानी भक्तिवासना ते भक्त निश्चय ऐसही सब जानना चाहिये आन भांति नहीं है ॥६६॥

दोहा ॥

वर्ण योग भवनाम जग, जानु भरम को मूल।
तुलसी करता है तुही, जानमान जनिभूल ७०
नाम जगतसम समुझजग, वस्तुनकरि चितवैन।
बिन्दुगये जिमिगैन ते, रहत ऐन को ऐन ७१

यथा बिन्दु योग ते वर्ण को दूसरा नाम भयो ताही भांति

जगमें बासनारूप बिन्दुयोगते देहको दूसरा नाम होत भाव जस बासना उठी तैसेही कर्तव्यता कीन्हें सोई नाम संसार में प्रसिद्ध भयो यथा ज्ञानी, अज्ञानी, त्यागी, रागी, योगी, भोगी इत्यादि नाम सब भरमकी मूल है काहेते गोसाईंजी कहत कि हे मन! सब प्रकारके नामन को कर्त्ता तुही है काहेते जैसी जैसी कर्तव्यता करत गयो तैसेही नाम प्रसिद्ध होतगयो ताते सबको कर्ता आपुही को जानु निश्चय करिकै यही मानु अरु जो कृपाकृत लोक में नाम प्रसिद्ध तिनमें जनि भूल कि मैं पण्डित व ज्ञानी व साधू हूं यह झूठही भरम है ७० नाम जगत् समजानु अर्थात् यथा जगत् बृथा ताहीसम जगमें जो नाम कहे जात सोऊ बृथा है ताते राज्य धन बिद्यादि जो जो बस्तुवें जगमें हैं तिन करिकै जो नाम प्रकट होत (यथा) राज्य करि राजा धन करि धनी इत्यादि की ओर न चितवै भाव इनमें सचई न मानु केवल मनकी भरम है कौन भांति (यथा) फ़ारसी में ऐन अक्षर के शीश पर बिन्दु लगायेते गैन ह्वैजात (पुनः) बिन्दुरहित करो तौ ऐन की ऐन ही रहत तहां मुसलमानी तन्त्रन में ऐन शुभाक्षर सबसों प्रीति बढ़ावत ताही ऐन के शीश पर बिन्दुलगेते गैन अक्षर भयो सो अशुभाक्षर है बिरोध उच्चाटन करत तहां ऐन मङ्गलीकमें अमङ्गलकर एक बिन्दुही कारण है बिन्दुगये ऐन मङ्गलीक रहगई तैसे तेरो स्वरूप तौ अखण्ड सदा एकरस आनन्दरूप सबको प्रिय है सोई बिषय बासनारूप बिन्दु तेरे शीशपर लागेते अमङ्गल सबको दुःखद दुःखस्वरूप भये जब बासनारहित हो (पुनः) आनन्दरूप है॥ ७१ ॥

दोहा ॥

आपुहि ऐनबिचार बिधि, सिद्धिबिमल मतिमान।

आन बासना बिन्दुसम, तुलसी परम प्रमान ७२
धनधन कहे न होतकोउ, समुझि देखु धनवान।
होतधनिकतुलसी कहत, दुखितनरहतजहान ७३

अब जीव को शिक्षा देत कि आपुहि आपनो शुद्धरूप ऐन अक्षरकरि विचारु कैसा है विधि जो उत्तम काम ताको जाननहार सिद्धिरूप विमल मतिमान् अथवा सिद्धिहोन की विधि को जाननहार अमल बुद्धिमान् तू शुद्धरूप है (यथा) ऐन वस्न सम तामें आन वासना विन्दुसम मिले सो अविधि को करने-वाला दुःखको पात्र अमङ्गलरूप ह्वैगये यह बात परमप्रमान तुलसी कहत है सन्तनको अरु वेदको सम्मत है ७२ इन्द्रिय सब विषयमें आसक्त काम क्रोध लोभादि में मन बँधा याते जीव कं-गाल ह्वैगयो ते मुखते विवेक वैराग्यादि कहिकै सुखी होन चाहत कि धन धन कहेते कोऊ धनवान् नहीं होत काहेते जब सुकृत व्यापार दोऊ करौ ता परिश्रम की अनुकूल धन होत सो गोसाईं जी कहत कि मनते समुझि देखु जो धन धन कहेते धनिक होत तौ जहानमें कोऊ दुःखित न रहत सब धनी होजाते तैसे वि-वेकादि वार्त्ता मुखते कीन्हे जीव में शुद्धता आवती तौ संसार में बद्धजीव रही न जाते ॥ ७३ ॥

दोहा ॥

हिम की मूरति के हिये, लगी नीर की प्यास।
लगतशब्द गुरुतर निकर, सोमै रही न आस ७४
जाके उर वर बासना, भई भास कछु आन।
तुलसी ताहि विडम्बना, केहिबिधिकथहिप्रमान ७५

प्रथम शुद्धजल चन्द्रकिरण आदि किसी कारण ते जामिकै बरफ़ ह्वैगयो सो ऊपर देखने को शीतल परन्तु वाको अन्तर गरम होत काहेते जो बरफ़ खाय तौ वाकी गरमी ते शीत नहीं लागत अरु पियास लागत तैसे शुद्धजीव आनन्दरूप सोई विषय आश करि बृद्ध ह्वै दुःखी भयो ताको कहत कि हिमकी मूरति अर्थात् सुख सिन्धु जीव बिषयबश करि दुःखित ताते सुखकी चाह करत तहां जा भांति हिमके ऊपर सूर्यनकी किरण परे बरफ़ गलि पानी हो बहि समुद्रको जात तैसे गुरु तरणि जो सूर्य उपदेश शब्दरूप किरण परे बिषयरूप बरफ़ गलि जलसम शुद्धजीव ह्वैगयो तब सोम चन्द्रमा जो हिमको करनहार तथा बिषय करि जीव बद्ध होत सो कहत सोमै रही न आश भाव बिषय की आश न रही ७४ जा जीव के उरमें केवल एक बासना भगवत् सनेहकी रहै सो सहज आनन्दरूप श्रेष्ठ है ताके बर कहे श्रेष्ठ उरमें जब कुछ आन कहे शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि काम लोभादिकन की बासना भासकहे प्रकाश भई तब आपनो आनन्दरूप भूलि बिषयन हेतु अनेक नीच ऊंच काम करत ताहीते कुनाम होत तिनको गोसाईंजी कहत कि ताहि जीव की जो बिडंबना अपमान लोक में जैसा होत तैसा प्रमान कहे सांचा कोऊ कौनी बिधिते कथय बखान करै भाव जैसो अपमान होत तैसो कोऊ कहि नहीं सकत ताते बिषय की बासना जीव की ख़राबी है बासना रहित आनन्द है ॥ ७५ ॥

दोहा ॥

रुजतनभव परचै बिना, भेषज कर किमि कोय ।
जान परै भेषज करै, सहज नाश रुज होय ७६

चित्तभ्रम उन्मादादि कौनौ रुजनाम रोग तनमें भव नाम उत्पन्न भयो अथवा भव जो संसार सोई रोगभयो ताकी परचै कहे चीन्हे बिना भेषज जो ओषधि ताको कोऊ कैसे करै अर्थात् उसी रोगके अधीन मन ह्वैजात ताते वाको जानिही नहीं परत कि मेरे यह रोग है तौ ओषधि किमि करै जो रोग जानि परै तौ वाकी ओषधि करै तौ सहजहिं रोग नाश होय (इति दृष्टान्त) अब (दार्ष्टान्त यथा) ताही भांति विषय की कुवासनारूप रोग भयो ताको जानते नहीं वाही भ्रममें मन धावत फिरत जब जानिसि कि विषय वासनारूप यह मेरे रोग है तब सद्गुरुरूप वैद्यको वचनरूप औषध करै विषय संग कारणादि परहेज करै सहजही भवरूप रोग जो जन्म मरण है सो नाश होय जीव आनन्दरूप ह्वै जाय ॥ ७६ ॥

दोहा ॥

मानस व्याधि कुचाह तब, सद्गुरु बैद्य समान
जासुबचन अलबल अवश, होत सकल रुजहान ७७
रुचि बाढ़े सतसंग महँ, नीति क्षुधा अधिकाय।
होतज्ञान बलपीनअल, वृजिनबिपतिमिटिजाय७८

मानसव्याधि मानसी रोग (यथा) " मोह सकल व्याधिन कर मूला। तेहिते पुनि उपजै बहुशूला ॥ काम वात कफ लोभ अपारा। पित्त क्रोध नित छाती जारा ॥ प्रीति करहिं जो तीनिहुं भाई। उपजै सन्निपात दुखदाई ॥ विषयमनोरथ दुर्गम नाना। ते सब शूलनामको जाना ॥ ममता दद्रु कण्डु इर्षाई। कुष्ट दुष्ट तामस कुटिलाई ॥ अहंकार जो दुखद डमरुवा। दम्भ कपट मद मान नहरुवा ॥ तृष्णा उदर वृद्धि अति भारी। त्रिविध ईषणा तरुण

तिजारी ॥ युग बिधि ज्वरमत्सर अबिबेका । कहँ लगि कहौं कुरोग अनेका "॥ इत्यादि जो रोग हैं सो हे मन ! तेरी बिषय की कुबासनाते हैं तिन रोगन के मिटबे को उपाय कहत सद्गुरु सोई बैद्यसम है जासु कहे जिनके बचनरूप औषध अलनाम समर्थहै ताके बलते सकल रुज जो रोग तिनकी हानि होत कैसे हैं रोग जाके बशते जीव अबश होत स्वबश नहीं रहत सो सब मिटि जात जीव सुखी होत ७७ जब जीव स्वबशतारूप निरुज भयो तब नीतिरूप क्षुधा अधिकानी ताते सत्संगरूप भोजन में रुचि बढ़ी हरियश श्रवण नाम स्मरणादि सुअन्न खानेते ज्ञानरूप बल भयो हरि सनेहरूप देहमें पीननाम पुष्टता अलनाम पूर्णभई ॥ ७८ ॥

दोहा ॥

शुक्लपक्ष शशि स्वच्छभो, कृष्णपक्ष द्युतिहीन ।
बढ़त घटतबिधिभांतिबिबि,तुलसीकहहिप्रबीन ७९
सतसंगति सितपक्ष सम,असित असन्त प्रसङ्ग ।
जान आपकहँ चन्द्र सम,तुलसीबदत अभङ्ग ८०

शशि जो चन्द्रमा शुक्लपक्ष पाय प्रतिदिन एक कला बढ़तगयो पूर्णिमा को स्वच्छ कहे अमल पूर्ण प्रकाशमान भयो अरु सोई चन्द्रमा कृष्णपक्ष पाय प्रतिदिन एक कला घटतगयो त्यों २ प्रकाश क्षीण होत होत अमाको सर्वाङ्ग द्युतिहीन भयो इत्यादि घटबे बढ़बे की बिधी बिबि कहे द्वैभांतिकी हैं ताको गोसाईंजी कहत कि प्रवीणजन बेदतत्त्व जाननेवाले भगवद्दास हैं तिनको सम्मत है सोई बिधि जीवकी जानिये कि बिबेकपक्ष में जीव की कला बढ़त भक्ति पूर्णिमा को पूर्ण होत अबिबेक पक्षमें जीवकी

कला घटत मोह अमा में प्रकाशहीन होत ७६ ताते हे जीव! आयु कहे चन्द्रसम जानु अरु सज्जन जो भगवद्दास तिनकी संगति सित कहे शुक्लपक्षसम जानु भाव जीवको प्रकाश बढ़त अरु असन्त जो विषयी बिमुखनको प्रसंग लगबैठना सो असित कहे कृष्णपक्ष सम जानु भाव जीवको प्रकाश हीन करत यह बात अभङ्ग कहे कबहूँ झूंठी नहीं है जाको तुलसी बदत नाम क-हत तहां चन्द्रमामें सोरहकला हैं (यथा शारदातिलकतन्त्रे) "अमृतां मानदां तुष्टिम्पुष्टिम्प्रीतिं रतिं तथा । लज्जां श्रियं स्वधां रात्रिं ज्योत्स्नां हंसवतीं ततः ॥ छायां च पूरणीं वामाममाचन्द्र-कला इमा "॥ इत्यादि षोड़शकलायुत पूर्णचन्द्रमा पूर्णमासी को रहत तथा निराशा आदि षोड़शकला करि भक्तिरूप पूर्णमासी को जीव पूर्ण प्रकाशमान रहत सोई कुसंगरूप कृष्णपक्ष पाय विषय आश परेवा को निराशता कला हीन भई असपरधा द्वि-तीया को सत्वासना कलाहीन भई अपकीरति तृतीयाको कीरति कलाहीन भई अविद्या चतुर्थीको जिज्ञासा कलाहीन भई चिन्ता पञ्चमीको करुणा कलाहीन भई भूल षष्ठी को मुदिता कलाहीन भई लोलुपा सप्तमीको थिरता कलाहीन भई ममता अष्टमीको असंग कलाहीन भई ईर्षा नौमीको उदासीनता कलाहीन भई अश्रद्धा दशमीको श्रद्धा कलाहीन भई आशा एकादशीको लज्जा कलाहीन भई निन्दा द्वादशी को साधुता कलाहीन भई तृष्णा त्रयोदशीको तृप्ति कला हीनभई हिंसा चतुर्दशी को क्षमा कला हीन भई मिथ्यादृष्टि अमावस को विद्या कलाहीन भई केवल एक प्रेम कला रही सोऊ क्षीण ह्वै अविवेक सूर्यन के संग परि अस्त ह्वै गई (पुनः) जब सत्संग रूप शुक्लपक्षी मिल्यो अभ्यास

जन्मरात्रि को निराशा प्रकटी प्रकाश द्वितीया को सत्वासना कला प्रकटी सुयश तृतीया को कीरति कला प्रकटी निष्कपट चौथि को जिज्ञासा प्रकटी आनन्द पञ्चमीको करुणाकला प्रकटी आर्यव षष्ठीको मुदिताकला प्रकटी त्याग सप्तमी को थिरताकला प्रकटी ज्ञान अष्टमी को असंग कला प्रकटी बैराग्य नौमीको उदासीनता कला प्रकटी धर्म दशमीको श्रद्धाकला प्रकटी शील एकादशी को लज्जाकला प्रकटी सत्यद्वादशीको साधताकला प्रकटी संतोष त्रयोदशीको तृप्तिकला प्रकटी धैर्य चतुर्दशी को क्षमा कला प्रकटी भक्तिपूर्णमासी को विवेक विद्या कला प्रकटी तब प्रेमा मिलि षोड़श कला पूर्ण जीव भयो ॥ ८० ॥

दोहा ॥

तीरथ पति सतसंग सम, भक्ति देवसरि जान।
बिधि उलटीगति रामकी, तरनिसुता अनुमान ८१

सत्संग कहे जहां कर्म ज्ञान भक्ति हरियश वर्णन ऐसी जो सन्तनकी समाज ताको तीरथपति जो प्रयाग ताकी सम जानिये तहां श्रीगङ्गाजी चाहिये सो कहत कि भक्ति (यथा भागवते प्रह्लादवाक्यम्) "श्रवणं कीर्त्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् ॥ अर्चनं वंदनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनमिति नवधा" (पुनः नारदसूत्रे) "अथातो भक्तिं व्याख्यास्यामः सा कस्मै परमप्रेमरूपा इति प्रेमा" (पुनः शाण्डिल्यसूत्रे) "अथातो भक्तिजिज्ञासा सा परानुरक्तिरीश्वरे । इति पराभक्तिः" ॥ इत्यादि जो भक्ति सर्वोपरि श्रेष्ठ सो देवसरि गङ्गाजीको जानौ पुनः विधि जो हरि अनुकूल कर्म (यथा) "नामरूप लीलासुरति, धामवास सतसङ्ग । स्वाति सलिल श्रीराममन, चातक प्रीति अभङ्ग" ॥ इति ग्रहणकरिबे

योग्य पुनः श्रीरामप्रीतिकी जो उलटी गति हरिप्रतिकूलकर्म (यथा) " मदकुसङ्गपरदारधन, द्रोहमानजनिभूल । धर्मरामप्रतिकूल ये, प्रीत्यागि विषतूल " ॥ इति त्याग करिवेयोग्य कर्म है इत्यादि विधिनिषेधमय जो कर्म तिनको तरनि जो सूर्य ताकी सुता यमुनाजी को अनुमान करौ यथा गङ्गाजी सर्वथा नरकनिकन्दनी तथा भक्ति सदा अधमउद्धारनी सतोगुणमय भक्ति श्वेत तथा गङ्गाजी श्वेत पुनः यमुनाजी केवल मथुराजी में नरकनिवारणी हैं तैसे कर्म भी हरि सम्बन्ध पाय जीवनको उद्धार करत (पुनः) यमुनाजी श्याम हैं तथा सवासनिक कर्म भी तमोगुण मिले श्याम है ॥ ८१ ॥

दोहा ॥

वर मेधा मानहु गिरा, धीर धर्म निग्रोध ।
मिलन त्रिवेणीमलहरणि, तुलसी तजहु विरोध ८२

वर कहे श्रेष्ठ मेधा बुद्धि को भेद है (यथा) निश्चयात्मक जो पदार्थ को निश्चय करै ताको बुद्धि कही व धारणात्मक जो वस्तुको धारण करै ताको मेधा कही श्रेष्ठ याते कहे कि ज्ञानको धारण करनेवाली मेधा (यथा गीतायाम्) " प्रजहाति यदा कामान् सर्वान् पार्थ मनोगतान् । आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते॥दुःखेष्वनुद्विग्नमनाःसुखेषु विगतस्पृहः। वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते ॥ यः सर्वत्रानभिस्नेहस्तत्तत्प्राप्य शुभाशुभम्। नाभिनन्दति न द्वेष्टि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता"॥ इत्यादि धारनेवाली जो बुद्धि सो गिरा नाम सरस्वती हैं पुनः धीरज सहित जो अचल धर्म है सो निग्रोध कहे अक्षयवट है सो भक्ति ज्ञान कर्म तीनिहुंको जो मिलन है अर्थात् जबतक देहको व्यवहार

तबतक निर्वासनिक कर्मकरि भगवत् को अर्पण करै ज्ञान करि स्वस्वरूप चीन्हैं भक्तिकरि भगवत् में प्रेम बढ़ावै इन तीनिउ मिलि त्रिबेणी सम है सो कैसी अनेकन जन्म के मल जो पाप ताकी हरनेवाली है याते उत्तम जानिकै हे तुलसी! इनमें बिरोध न करो तीनिहूं को ग्रहण करो ॥ ८२ ॥

दोहा ॥

समुझबसम मज्जन बिशद, मल अनीति गइधोय।
अवशि मिलन संशय नहीं, सहजराम पद होय ८३
क्षमा बिमल बाराणसी, सुर अपगासम भक्ति।
ज्ञानबिश्वेश्वर अतिबिशद, लसत दयासहशक्ति ८४

वहां प्रयाग त्रिबेणी जल में देहकरि स्नान होत इहां सत्संग प्रयागमें कर्म ज्ञान भक्ति मिलि त्रिबेणी में जो मन लगायकै जो समुझब मनमें धारण करना सोई मज्जन है तेहिते मन बिशद कहे उज्ज्वल अमल होत मल जो अनीति सत्य को असत्य असत्य को सत्य मानना सो अनीति धोय गई भाव नाश भई जब मन रूप देह अमल भई तब चारिफल चाहिये सो कहत कि सहजही में श्रीरामपदवी मिलनि अवशि करिकै होय जामें सब फल सुगम है यामें संशय नहीं है तहां जिज्ञासु भक्त को धर्म फल अर्थी को अर्थ आरत को काम ज्ञानी को मुक्ति ८३ क्षमा कहे कैसहू कोऊ आपनो अपराध करै यद्यपि आपु समर्थ है ताहूपर कोप निवारण करि पाप सहिलेना वाको तिरस्कार न करना तहां बिमल कहे जा क्षमा में आपने ऊपर दोष न आवै ताते खास आपने अपराध को सहिजाना ऐसी जो बिमल क्षमा सोई बाराणसी कहे

काशी है सुर आपगा श्रीगङ्गाजी ताकी सम भक्ति है जा काशी गङ्गा तहां विश्वेश्वरनाथ वही सो कहत कि विशद कहे उज्ज्वल सुन्दर ज्ञान सोई विश्वेश्वरनाथ है तहां शक्ति चाहिये सो बेप्रयोजन सब जीवनको दुःख निवारण ऐसी जो दया सोई शक्ति कहे पार्वती तिन सहित लसत कहे विराजमान हैं (यथा) सब गुण खानि काशी मुक्तिदायक तथा दया ज्ञान भक्ति सहित क्षमा स्वाभाविक मुक्तिदायक है ॥ ८४ ॥

दोहा ॥

वसत क्षमागृह जासुमन, बाराणसी न दूरि ।
बिलसतिसुरसरिभक्तिजहँ, तुलसीनयकृतभूरि ८५
सितकाशी मगहर असित, लोभ मोह मद काम ।
हानि लाभ तुलसी समुझि, बासकरहु वसुयाम ८६

क्षमागृह क्षमा के मध्य में जासुको मन वसतहै ताको बाराणसी काशी दूर नहीं है भाव तेरे पासही है जहां गङ्गाजीकी समभक्तिहै गोसाइंजी कहत कि कैसी है भक्ति नय कहे नीतिमय कृत जो कर्म तिनको भूरिनाम बहुतन को प्रकट करनहारी है भक्ति ८५ इहां दयाशक्ति ज्ञान विश्वनाथ भक्ति गङ्गादि युक्त क्षमारूप काशी सित कहे शुक्लपक्षसम जीवरूप चन्द्रमा को बढ़ावनहारी है (पुनः) लोभ मोह मद कामादि कुवासना सोई मगह है सो असित कहे कृष्णपक्ष सम जीवरूप चन्द्र को घटावनहारी है ताते दोऊकी हानि लाभ बिचारिकै भाव कुवासना में हानि विचारि गोसाइंजी कहत भक्ति ज्ञान दया क्षमादि में वसु याम कहे आठोंपहर इनहीमें बासकरौ भाव मन लगाओ कुवासा त्यागौ तौ सुखी होउगे ॥ ८६ ॥

दोहा ॥

गये पलटि आवे नहीं, है सो करु पहिंचान।
आजु जेई सोइ काल्हि है, तुलसी भर्म न मान ८७
बर्त्तमान आधीन दोउ, भावी भूत बिचार।
तुलसी संशय मनन करु, जो है सो निरवार ८८

काहेते जो दिन बीतिगये सो (पुनः) पलटिकै आवेंगे नहीं जो अवस्था गई सोतौ गई जो अब बाक़ीरही तामें तो हरिरूप की पहिंचान करु अथवा जो आपनो रूप भूला रहा ताकी पहिंचान करु हरि सनेहमें लागु काहेते जो कुछ आजु है तैसेही काल्हिहू है काल्हि कुछ और न होइगो ताते आजु काल्हि न करु क्यों एक दिन और बृथा खोवत ताते गोसाईंजी कहत कि भरम न मान सब भरम छांड़ि श्रीराम शरण गहु कि (यथा) अहल्या केवटको उद्धारे तैसे दीनबन्धु मोकोभी उबारैंगे ऐसा दृढ़ भरोसा करि प्रभु को भजु ८७ बर्तमानमें जो जो कर्म जीव करत ताको बटुरि संचित होय (यथा) खेतनको अनाज बखारिन में भरे ताहीते जो देहके साथ आयो सो प्रारब्ध है (यथा) रसोई को भोजन तामें भावी कहे जो आगे होनहारहै अरु भूत कहे जो पूर्व ह्वैचुके ताको बिचारि देखु ये दोऊ बर्तमानही के अधीन हैं भाव बर्तमानै ते प्रकट भये हैं अथवा भावी भूत दोऊ कर्मसंगते बढ़ि घटिजात (यथा) अजामिल के पूर्वकृत पातक अन्त यमसाँसति ये दोऊ जब बर्तमान हरिनाम के प्रभावते नाश भये सो ऐसा बिचार गोसाईंजी कहत कि पूर्व पर काहू बातकी संशय न करु जो संसार कुचाह में मन उरझाहै ताको निरवारु भाव सबसों मन खैंचि

श्रीरघुनाथपदारविन्दन में मन लगावो तौ भूत भविष्य प्रारब्ध संचितादि सब सों छूटि सुखस्थान पावेगो ॥ ८८ ॥

दोहा ॥

मानस उरवर सम मधुर, राम सुयश शुचि नीर।
हटेउ ब्रजिन बुधि विमल भइ, बुध नहिं अगम सुथीर ॥ ८९ ॥

जब कुवासना रहित भयो ऐसा अमल उर वर कहे श्रेष्ठ सोई मानसर सम है तामें श्रीरामसुयश (यथा) " होतजु अस्तुति दानते, कीरति कहिये सोइ। होत बाहुबलते सुयश, धर्मनीति सह होइ " ॥ इत्यादि श्रीरघुनाथजीको अमलयश सोई शुचि कहे पवित्र जल करि परिपूर्ण है अर्थात् भक्ति वत्सलता, करुणा, दया, सुशीलता, उदारता, शरणपालतादि अनेक दिव्य गुणनयुत सगुणरूपकी माधुरी छटा को वर्णन ऐसा श्रीरामयशरूप जो थीर जल है सो सबको सुगम नहीं है परन्तु जे श्रीरामानुरागी बुध जन हैं तिनको अगम नहींहै काहेते भगवत्में प्रीतिसत्संगमें रुचि है सो जब श्रीरामयशरूप अमल जल में मज्जन कीन्हे भाव श्रवण कीर्तनादिकरि प्रेममें मनमग्न भयो तब बृजिन जो दुःख सो मैल सम हटेउ छूटिगयो तब बुद्धि बिमल भई श्रीरामचरित्र वर्णन करिबेकी अधिकारी भई ॥ ८९ ॥

दोहा ॥

अलंकार कवि रीतियुत, भूषण दूषण रीति।
वारिजात बरणन विविध, तुलसी बिमल बिनीति ॥ ९० ॥

अलंकार यथा अनुप्रासादि शब्दालंकार उपमादि अर्थालंकार इनमें अनेक भेद हैं (पुनः) कवि रीति कहे लोककी कहनूति

ते कुछ न्यूनाधिक कहना तेहि कवि-रीति युक्त अलंकार जैसे अत्युक्ति अर्थात् जहां उदारता शूरता त्यागता यश प्रतापादि वरणन तहां काहू को बढ़ावन काहूको घटावन (यथा) चौ० । " तव रिपुनारि रुदन जल धारा। भरो बहोरि भयो तेहि खारा "॥ सुनि अत्युक्ति पवनसुत केरी । इति अत्युक्ति को लक्षण (यथा भाषाभूषणे) दो० । " अलंकार अत्युक्ति वह, बर्णत अतिशय रूप। याचक तेरे दानते, भये कल्पतरुभूप " ॥ (प्रमाणं चन्द्रावलोके) " अत्युक्तिरद्भुतातथ्यं शौर्यौदार्यादिवर्णनम् । अर्थदातरि राजेन्द्र ! याचकाः कल्पशाखिनः " ॥ अथवा वस्तु में कुछ चीज़ निकारिदेना यथा प्रतिषेधालंकार (यथा पद्माभरणे) " छूटी न गाँठि जु रामते, तियन कह्यो तिहिठाहिं। सियकङ्कणको छोरिबो, धनुष तोरिबो नाहिं ॥ अथवा प्रतापादि बढ़ावना यथा प्रौढ़ोक्ति (यथा) " जिनके यश प्रतापके आगे । शशि मलीन रविशीतल लागे " ॥ इत्यादि अनेकहैं (पुनः) दूषण भूषणकी रीति (यथा) प्रथम दूषण (यथा छप्पय) " श्रुति कटुभाषा हीन अप्रयुक्तो असमर्थहि । निहितारथ अनुचितार्थ, पुनि निरर्थकैकहि ॥ आवाचका श्लीलग्राम्य संदिग्ध न कीजै । अप्रतीतनैयार्थ क्लिष्ट को नाम न लीजै " ॥ अविमृष्ट बिधे (यथा) बिरुद्धमातिकृत छन्द दुष्टदु कहूं कहुंशब्द समासहि के मिले कहूं एक द्वै अक्षरहु दो० । " काननको कटु जो लगै, दाससो श्रुति कटु सृष्टि। त्रिया अलक चक्षुश्रवा, असत परत है दृष्टि " ॥ बार्त्तिक चक्षुश्रवा औ दृष्टि ये द्वौ शब्द दुष्ट हैं दाससो श्रुतीनि सकार एक ठांते बाक्य दुष्ट त्रिया में रकार दुष्ट ताते तीनिउँ भांति श्रुति कटु है (पुनः) शब्द में बरण घटिबढ़ि सो भाषाहीन यथा कान्ह को कान इत्यादि

शब्द दोष है (पुनः) बाक्यदोष (यथा) टवर्ग बीरमें चाही सो शृङ्गार में कहै ताको प्रतिकूलाक्षर दोष कही (पुनः) छन्द भङ्ग न्यून अधिक पद संधिरहित कथित पद पतत्प्रकर्षसमाप्तपुनरातादि अनेक वाक्य दोष हैं (पुनः) अर्थदोष (यथा) दुइशब्द कहे अर्थ बनै तौ चारिशब्द कहे व्यर्थ सो इवं शब्दार्थ दोष है (यथा) "उयोअति बड़ेगगनमें, उज्ज्वल चारु मयङ्क।" इहां गगन में मयङ्क उयो ऐसेही में अर्थ बनत और व्यर्थ है तथा कष्टार्थ व्याहत पुनरुक्त दुक्रम ग्राम्य संदिग्धनिरहेतादि अनेक हैं इति दोषसंक्षेप ॥ पुनः भूषण कहे दूषणोद्धार (यथा) दो० ॥ "कहूं शब्द भूषण कहूं, छन्द कहूं तुकहेत। कहुं प्रकरणबश दोषहू, गनै अदोष सचेत ॥ जैसे तुकांतहेत निरर्थ छन्द हेत अधिक न्यून पद प्रस्तावग्राममें ग्रामीन बार्त्तादि में बहुत दूषण भूषण होत इत्यादिकन को जो तुलसीके बदन करिके बिनीत्त कहे नम्रतासहित वरणन है सो यहि काव्यरूपी मानसर में बारिजात जो कमल सो बिबिध रङ्गके शोभित हैं ॥ ६० ॥

दोहा ॥

बिनय बिचार सुहृदता, सो पराग रस गन्ध।
कामादिक तेहि सर लसत, तुलसी घाटप्रबन्ध ॥ ६१ ॥

यहां अलंकार कबिरीति आदि कमल कहे तामें पराग चाहिये अर्थात् पीतरङ्गकी धूरि तेहिकरि कमल शोभायमान देखात इहाँ बिनय जो नम्रता बरणं (यथा) "तुलसी रामकृपालुते, कहि सुनाव गुणदोष। होउदूबरी दीनता, परमपीन संतोष" ॥ इत्यादि दीनताकरि काव्य शोभित होत सोई पराग है जो प्रसिद्ध देखात (पुनः) कमल के अन्तरव्याप्त रस रहत जाको मकरन्द कहत जेहि

करिकै ललित लागत अर्थात् कमल को सारांश है इहां सत् असत् को जो बिचार बरणन (यथा) " ज्यों जगबैरी मीन को, आपु सहित परिवार। त्यों तुलसी रघुनाथ बिन, आपनि दशा बि- चार "॥ इत्यादि बिचार सो काव्य कमल को सारांश रसहै (पुनः) कमलमें गन्धरहत जो दूरिही ते सुगन्ध आवत इहां सुहृदता जो सबसों सहज मित्रता बरणन (यथा) " तुलसी मीठे बचनसों, सुख उपजत चहुँ ओर। बशीकरण यह मन्त्र है, परिहरु बचन कठोर "॥ इत्यादि सुहृदता काव्य कमलकी सुगन्ध है उहां मान- सर में घाट अरु सोपान है इहां कामादिक कहे अर्थ, धर्म, काम, मोक्षादि चारिफल तिनकी चारि क्रिया (यथा) " अर्थचातुरी सों मिलै, धर्म सुश्रद्धाजान। काम मित्रताते मिलै, मोक्ष भक्तिते मान "॥ इत्यादिको बरणन ते इहां चारि घाट हैं गोसाईजी कहत कि प्रेम अनन्यतादि जो सात प्रबन्ध अर्थात् सातौ सर्ग तेई सुभग यामें सात सोपान सीढ़ी हैं॥ ९१॥

दोहा॥

प्रेम उमँग कबितावली, चली सरित शुचिधार।
रामबराबरि मिलनहित, तुलसी हर्ष अपार ९२
तरल तरङ्ग सुछन्दवर, हरत द्वैत तरुमूल।
बैदिकलौकिकबिधिबिमल, लसतबिशदबरकूल ९३

वहां मानसरमें जल उमँगो बाहर बहो सोई सरयूजी लोक में बिख्यात भई इहां श्रेष्ठ उररूप मानसरते श्रीराम सुयशरूप जल बाढ़ो तब प्रेम उमँगि कबितावलीरूप सरित सरयू शुचि कहे प- वित्रधार बहिचली कैसे प्रेमानन्दते (यथा) सुतीक्ष्णादि प्रेमीभक्त

श्रीरघुनाथजी के मिलनहित चलत जैसी हर्ष होत ताही बराबरि श्रीरामचरित्र वरणन करिबे में तुलसीके अपार हर्ष होतहै ६२ जब नदी उमँगि बहत तब महातरङ्गें उठत तेहि वेगते किनारेके वृक्ष उचरि परत इहां काव्यरूप सरयू में सुकहे सुन्दरी छन्दैं श्रवण रोचक बरनाम श्रेष्ठ जिनमें शुभगन हैं तेई छन्दै इहां तरल कहे चञ्चल तरङ्गें हैं तिनको जो वेग है सो द्वैतरूप तीरके वृक्ष ताकी मूल हरत भाव प्रेमप्रवाह द्वैत वृक्ष को जरते उचारि डारत (पुनः) सरयू में द्वैकिनारा हैं इहां वैदिकविधि वेदरीति वर्णाश्रम के धर्म पर चलना अरु लौकिकविधि जो लोकरीति पर चलना इत्यादि दोऊ रीति विमल कहे निर्दोषित तेई दोऊ विसद कहे उज्ज्वल वर नाम श्रेष्ठ कूल नाम किनारा लसत कहे शोभित हैं तहां वैदिक दक्षिण किनारा सो ऊंचा है लौकिक उत्तर किनारा सो नीचा है ॥९३॥

दोहा ॥

सन्तसभा बिमला नगरि, सिगरि सुमङ्गल खान।
तुलसी उर सुरसरसुता, लसत सुथल अनुमान ९४
मुक्त मुमुक्षू वर विषय, श्रोता त्रिविध प्रकार।
ग्राम नगर पुरयुग सुतट, तुलसी कहहि विचार ९५

वहां श्रीअयोध्याजीको सुन्दरथल विचारि ताके निकट श्री सरयूजी वही तहां विशेष माहात्म्य है इहां सन्तनकी सभा सोई बिमला नगरी श्रीअयोध्याजी कैसी है सिगरि कहे सब प्रकारकी सुन्दर मङ्गल जो उत्सव ताकी खानि है तहां तुलसीको उररूप सुरसर कहे मानससर ताकी सुता काव्यरूप 'सरयू' सो सत्संगरूप श्रीअयोध्याजी को सुन्दर थल अनुमान करि ताके निकट लसत

नाम बिराजमान है तहां यथा अवध निकट सरयूजी का बिशेष माहात्म्य है तथा सन्तसभा में तुलसी की काव्य को बिशेष माहात्म्य है ९४ वहां सरयूजी के किनारे दोऊ दिशि पुर ग्राम नगर बसे हैं चारि घरते ऊपर पुर सोलह घरते ऊपर ग्राम सौ घर के ऊपर नगर इहां काव्यरूप सरयूके युग कहे दोऊ सुन्दर तट पर तीनि बिधि के जो श्रोता हैं तेई नगर ग्राम पुर हैं कौन तीनि भांति प्रथम मुक्त जे शुद्धचित्त एकरस मनलगायकै कथा श्रवण करत तेई इहां नगर सम हैं दूसरे मुमुक्षु जे मुक्ति के साधन में लगे हैं तिनके कथा श्रवण की श्रद्धा है परन्तु मन एक रस नहीं काहे ते लयबिक्षेप कषाय रसास्वादादि बिघ्न लागि बाधा होत ते ग्राम सम हैं ये दोऊ बर कहे श्रेष्ठ हैं (पुनः) बिषयी जे विषय में आसक्त हैं किंचित् श्रद्धा कथाश्रवण में भी है ते पुरकी समान हैं इत्यादि गोसाईंजी बिचारिकै कहत हैं ॥ ९५ ॥

दोहा ॥

बाराणसी बिराग नहिं, शैलसुता मन होय।
तिमिअवधहिसरयुनतजै, कहतसुकबिसबकोय ९६
कहब सुनब समुझब पुनः, सुनि समुझायब आन।
श्रमहर घाट प्रबन्ध बर, तुलसी परमप्रमान ९७

शैल हिमाचल ताकी सुता श्रीपार्वतीजी तिनके मन में जा भांति बाराणसी जो श्रीकाशीजी तावे बिराग नहीं होत भाव काशीजी को कबहूं नहीं त्यागत तिमि कहे ताही भांति अवधहि श्रीअयोध्याजीको सरयूजी नहीं तजत सदा समीपही रहत तैसे गोसाईंजी की काव्य सन्तन की समाज के सदा निकट रहत

ऐसा सुकवि सब कोऊ कहत हैं ९६ श्रीरामयश जल परिपूर्ण वर हृदय मानससर में श्रीगोसाईंजीके रचित कीन्हें परम प्रमाण जो सातौ सर्ग हैं अर्थात् प्रेमाभक्ति अनन्यता १ उपासनापराभक्ति २ संकेतवक्रोक्ति ३ आत्मबोध ४ कर्मसिद्धान्त ५ ज्ञानसिद्धान्त ६ राजनीतिप्रस्ताव ७ इति सातप्रबन्ध सातौ सोपान हैं अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारि घाट हैं तिनकी चारि क्रिया चारि मार्गं हैं यथा सेवाक्रिया करि अर्थ प्राप्त होत इहां श्रीरामयश को कहब सब को सुनावब सोई सेवा क्रिया मार्ग है अर्थ घाटकी प्राप्ति होत (पुनः) श्रद्धाक्रिया करि धर्मफल की प्राप्ति होत इहां श्रीरामयश सुनिबे की श्रद्धारूप मार्ग करि धर्मघाटकी प्राप्ति होत (पुनः) तपक्रिया करि काम फल की प्राप्ति होत इहां श्रीरामयश सुनि समुझि चित्त में धारणकरि तीर्थ व्रत जप पूजादि कीन्हें ते सुख प्राप्त भये पर सन्तोष ह्वै गयो उसी में रहे सोई तप क्रिया मार्ग है कामघाटकी प्राप्ति होत (पुनः) भक्ति क्रियाकरि मुक्तिफल की प्राप्ति होत इहां श्रीरामयशसुनि आपु समुझिकै मन भगवत् शरण में लगाये ज्ञान करि चैतन्यहै ताते आनको भी समुझावते हैं इत्यादि भक्ति क्रिया मार्गकरि मुक्ति घाटकी प्राप्ति है तहां विषयनको अर्थ काम को अधिकार मुमुक्षुनको धर्मका अधिकार मुक्तनको मुक्तिका अधिकार इत्यादि श्रीरामयशको श्रवण कीर्तनादि सोई अवगाहन है सो कैसाहै जीवन को जो अनेक भांति को जरा जन्म मरण व तीनों तापैं व कामादि करि पीड़ा इत्यादि श्रम को हरणहार है॥ ९७॥

(पद) सुगमउपाय पायनरतनु मनहरिपदकिन अनुरागतरे। जगबनघोर मोहरजनीतमकामादिकठगलागतरे १ त्रिविधमनोर्थ चूर्णशकरघृतमोदकरचित्वहिं आगतरे। शब्दस्पर्शरूपरसगन्धहु

बिषयबिषमबिषपागतरे २ संगतिपायखवायतोहिंशठबौरावत अंतागतरे। सहज अनन्दरूपतेरोधनलूटितदपि नहिंत्यागतरे ३ गुरुमुखपन्थसाथसज्जनकेधामअभयदिशिबागतरे। प्रणतकामतरु रामनामसुनि सभयशत्रुगणभागतरे ४ कागभुशुण्डिशम्भुसनका-दिकनारदहूजिहिरागतरे। बैजनाथरघुनाथशरणकोबेदाबिदित यशजागतरे॥ ५ । १॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथ-
विरचितायांसप्तशतिकाभावप्रकाशिकायामात्मबोध-
प्रकाशोनामचतुर्थप्रभासमाप्त॥ ४॥

दो०। नामसियासियबरबरण, नरन नरकनिरधार। धारण करिकरि मनमनज, जरत करत सुखसार १ बन्दौं सीतानाथ गुरु, दयादृष्टि करधार। जगत कीच बिच बृजिन चय, बिछलत लेहु सँभार २ या सर्ग बिषे कर्म सिद्धान्त बर्णन है सो कर्म सबको आदि कारण है सो कर्म शुभाशुभ द्वै सो जीवरूपपक्षी के पक्ष हैं जिनके आधार जीवकी सदा गति है अरु शुभाशुभकर्म जीवते स्वाभाविक होतही रहत हैं शुभ (यथा) प्यासेको पानी, भूखे को दानी, भूलेको राह, तपेको छाया बताय देना इत्यादि बेपरि-श्रम शुभ होते हैं अरु अशुभ तौ पैग प्रति असंख्य होते हैं (पुनः) यावत् कर्तव्यता है सो सब कर्म है (यथा) शम, दम, उपराम, तितिक्षा, श्रद्धा, समाधानादि षट्संपत्ति, बैराग्य, मुमुक्षुतादि ज्ञान के साधन सो सब कर्मही है (पुनः) श्रवण, कीर्तन, वन्दन, अर्चनादि भक्ति सोऊ कर्मही है (पुनः) बर्णाश्रमादि के बिना कर्म कीन्हें कोऊ उत्तम नहीं होत ताते नरक, स्वर्ग, मुक्तिधाम पर्यन्त कर्मबृक्ष की शाखा फैली हैं तिनकी आधार चहैं जहां जाय

तहां सवासिक कर्मकरि कर्मही के आश्रित रहना सो जीवको बन्धन है (पुनः) निर्वासिक कर्मकरि हरिप्रीत्यर्थ भगवत् को अर्पण करै सो कर्म बन्धन नहीं है भक्ति मुक्तिदायक है, दोऊ के कर्ता (यथा) निर्वासिक यज्ञकरि पृथु हरिभक्त भये सवासिक यज्ञ कर्ता दक्षकी दुर्दशा भई निर्वासिक तप करि ध्रुव भक्त भये सवासिक तपकरि रावण नाश भया निर्वासिक क्रिया करि अम्बरीष भक्त सवासिक में कर्ण निर्वासिक धर्म में युधिष्ठिर सवासिक में जरासन्ध ताते सवासिक कर्माश्रित करि स्वर्ग प्राप्ति (पुनः) "पुण्ये क्षीणे मृत्युलोके" ऐसा विचारि हरिभक्ति हेतु शुभकर्म करनो उचित है ॥ इति भूमिका समाप्ता ॥ दोहा ॥ सिन्धु कर्म सिद्धान्त यह, सब विधि अगम अपार । गुरुपद नौका पाइ त्यहि, सुगम पाइये पार ॥ १ ॥

दोहा ॥

यज्ञ अनूपम जासु बर, सकल कला गुणधाम ।
अविनाशी अब यह अमल, भो यह तनुधरि राम १

अथ तिलक ॥ कला चौंसठि चौदहों विद्याओंके अङ्ग हैं (यथा शैवतन्त्रोक्ते) प्रथम गीत १ वाद्य २ नृत्य ३ नाट्य नटन को नाच ४ आलेख्य ५ विशेषच्छेद्य हीरादिवेधन ६ तण्डुलकुसुमावलिविकारः मांसादिके रंग निकालना ७ पुष्पस्तरण ८ दशनवसनाङ्गराग ९ मणिभूमिका कर्म १० शयनरचना ११ उदक वाद्य जलतरङ्ग बजावना १२ उदकघात जलताड़न १३ चित्रयोग १४ माल्यग्रन्थन १५ शेखरापीड़योजन मुकुट चन्द्रिकादि विधान १६ नेपथ्ययोगः शृङ्गारोपाय १७ कर्णपत्रभङ्ग श्रवण

भूषणरचना १८ गन्धयुक्ति अतरादिबनाना १६ भूषण योजना २० इन्द्रजाल २१ कौचुमारयोग बहुरूपी २२ हस्तलाघव पटेबाजी २३ भोज्यबिकारसूपकारी २४ पानकरसरागासवयोजन केवड़ा मद्यादि २५ सूचीबाण कर्म सियब बाण चलावना २६ सूत्र क्रीड़ा डोरा में खेल चकई लट्टू आदि २७ बीणाडमरू बजाना २८ पहेलिका २६ प्रतिमाला जीवोंकीसी बोली बोले ३० दुर्बच्चक योग छलबिद्या ३१ पुस्तकबांचना ३२ नाटिकाख्यायिकादर्शन हाव भावादि देखावना ३३ काव्यसमस्यापूरण ३४ पट्टिकावेत्र बान बिकल्प नेवार बेतरज्जुपर्यङ्कादि ३५ तर्क ३६ तक्षण बढ़ई कर्म ३७ बास्तुबिद्या थवई ३८ स्वर्णरत्न परीक्षा ३६ धातुबाद सोनारी ४० मणिरागाकारज्ञान जवाहिरी ४१ बृक्षायुर्वेदयोग माली ४२ मेषकुक्कुटादियुद्धकुशल ४३ शुकसारिकाप्रलापक ४४ उत्सादन शत्रुउच्चाटन ४५ केशमार्जनकौशल ४६ अक्षरमुष्टिका कथन मूकप्रश्न ४७ म्लेच्छितबिकल्प ४८ देशानांभाषाज्ञान ४६ पुष्पशकटिकानिमित्त ज्ञान फूलों से रथादि बनावे ५० यन्त्रमात्रिका कठपुतरी नचावे ५१ धारणमात्रिकासंवाच्य मन स्थिरबचन प्रवीण ५२ मानसीकाव्यक्रिया ५३ अभिधानकोष ५४ पिङ्गलज्ञान ५५ क्रियाबिकल्प कार्यसिद्धकरनो ५६ छलितकयोग छलजानिलेना ५७ बस्त्रगोपनानि ऊनरेशमी बस्त्रकी रक्षा ५८ द्यूतबिशेष पांसादिखेल ५६ आकर्ष क्रीड़ाखेल अपनी ओर खैंचना ६० बालक्रीड़न कानि ६१ बैनायकीनां सभाचातुरी ६२ बैजयिकीनां जयदेन वाले बशकी बशबिद्या ६३ बैयासिकीनां च विद्याज्ञानं पुराणादि में प्रवीण ६४ इति कला वा ईश्वररूप में यावत् कला हैं गुण (यथा बाल्मीकीये) "इक्ष्वाकुवंशप्रभवो रामो

नामजनैः श्रुतः। नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान्धृतिमान् वशी १ बुद्धिमान्नीतिमान्वाग्मी श्रीमाञ्छत्रुनिवर्हणः। विपुलांसो महाबाहुः कम्बुग्रीवो महाहनुः २ महोरस्को महेष्वासो गूढजत्रुररिन्दमः। आजानुबाहुः सुशिराः सुललाटः सुविक्रमः ३ समः समविभक्ताङ्गः स्निग्धवर्णः प्रतापवान्। पीनवक्षा विशालाक्षो लक्ष्मीवाञ्छुभलक्षणः ४ धर्मज्ञः सत्यसन्धश्च प्रजानां च हिते रतः। यशस्वी ज्ञानसंपन्नः शुचिर्वश्यः समाधिमान् ५ प्रजापतिसमः श्रीमान् धाता रिपुनिषूदनः। रक्षिता जीवलोकस्य धर्मस्य परिरक्षिता ६ रक्षिता स्वस्य धर्मस्य स्वजनस्य च रक्षिता। वेदवेदाङ्गतत्त्वज्ञो धनुर्वेदे च निष्ठितः ७ सर्वशास्त्रार्थतत्त्वज्ञः स्मृतिमान् प्रतिभानवान् ८ सर्वदाभिगतः सद्भिः समुद्र इव सिन्धुभिः। आर्यः सर्वसमश्चैव सदैव प्रियदर्शनः ९ स च सर्वगुणोपेतः कौसल्यानन्दवर्द्धनः। समुद्र इव गाम्भीर्ये धैर्येण हिमवानिव १० विष्णुना सदृशो वीर्ये सोमवत्प्रियदर्शनः। कालाग्निसदृशः क्रोधे क्षमया पृथिवीसमः ११ धनदेन समस्त्यागे सत्ये धर्म इवापरः। त्वमेव गुणसंपन्नो रामः सत्यपराक्रमः १२" इत्यादि गुणन के धाम (पुनः) माधुर्य लीला में चौंसठि कलन के धाम हैं ऐश्वर्यलीला में भगवत्रूप में यावत कला हैं ताके पूर्णधाम हैं (पुनः) अविनाशी जाका कबहूं नाश नहीं ऐसो सनातन परब्रह्म रूप है (पुनः) अब अवतारधारण जो यह श्रीदशरथनन्दनरूप है ते भी कामादि दूषणरूप मलरहित ताते अमलरूप ऐसे राम श्रीरघुनाथजी लोकजीवन के उद्धार हेतु दयाकरि यह नरतनु सबको सुलभ प्राप्त हेतु प्रकट भये तिन को नाम स्मरण लीला श्रवण कीर्तनरूप अर्चन बन्दनं पादसेवन धामवास प्रेमापरादि जो करना सो बर कहे श्रेष्ठ अनुपम यत्न है

याके सम दूसरा यत्न नहीं है ऐसा बिचार इनमें मन लगावे तो सुगम जीवको उद्धार होइगो ॥ १ ॥

दोहा ॥

सदा प्रकाश स्वरूप बर, अस्त न अपर न आन।
अप्रमेय अद्वैत अज, याते दुरत न ज्ञान २

श्रीरघुनाथजीको कैसा स्वरूप है बर कहे सर्वोपरि श्रेष्ठ सदा एकरस प्रकाशमान जो काहूकाल में अस्त नहीं होत अखण्ड आदि सनातन परब्रह्मरूप सोई है अपर दूसरा आन कहे और कोऊ नहीं है (यथा स्कन्दपुराणे) "ब्रह्मविष्णुमहेशाद्या यस्यांशे लोकसाधकाः। तमादिदेवं श्रीरामं विशुद्धम्परमम्भजे" (पुनः) कैसे हैं अप्रमेय कहे अखण्ड हैं अर्थात् कबहूं काहू अङ्ग करि बिभवहीन नहीं होत सदा पूर्ण है अद्वैत कहे जाकी समता को दूसरा नहीं है अज कहे जाको कबहूं जन्म नहीं याही ते जिनको ज्ञान भी एकही रस रहत सदा कबहूं दुरत नाम लोप नहीं होत (यथा) ज्ञान अखण्ड एक सीताबर ॥ २ ॥

दोहा ॥

जानहिं हंस रसाल कहँ, तुलसी सन्त न आन।
जाकी कृपा कटाक्ष ते, पाये पद निर्बान ३
तजत सलिल अपि पुनि गहत, घटत बढ़त नहिं रीति।
तुलसी यह गति उर निरखि, करिय रामपद प्रीति ४

रसाल कहे जल ताकहँ हंस जो सूर्य (यथा) जानहिं भाव गोसाईंजी कहत कि जाकमंते सूर्यको अरु जलको सम्बन्ध है सोई सम्बन्ध भगवत् को अरु सन्तन को है आनभांति नहीं है

जाभांति रविकिरणते जल मेघद्वारा प्रकट है भूमिपै आवत (पुनः) रविकिरण करि बहुत जल सोखिलेत कुछ ताल, नदी, सिन्धु, पातालादि में रहिंभी जात तैसे हरिइच्छारूप किरण करि प्रकृति द्वारा जीव प्रकट होत जग में आवत हरिकृपा कटाक्षरूप किरण करि सन्तजन निर्वाण कहे मुक्तिपद पाये सो तौ सोखि जाना है जो जीव जगमें रहिगये तेई तालादिकन केसे जलजीव शब्द स्पर्शादि कामादि बासना कर्म मैल मिले भ्रमत हैं ३ कौनरीति जल सूर्यन की है कि तजत नाम वर्षत भूमि में आवत (पुनः) अपि कहे निश्चय करिकै सलिल जो जल ताको गहत किरणनकरि सोखिलेत यह रीति कबहूं घटत बढ़त नहीं तैसेही श्री रघुनाथजी की रीति जीवनपै सदा एकरस है दयादृष्टि गोसाईंजी कहत कि यह रीति उरमें निरखि विचार करिकै श्रीरघुनाथजी के पदारविन्दनमें प्रीति करिये तब जीवको उद्धार सुगम होइगो॥४॥

दोहा॥

चुम्बकआहनरीतिजिमि, सन्तनहरि सुखधाम।
जान तिरीक्षरसमसफरि, तुलसी जानत राम ५

प्रभु प्रीतिनिर्बाह की कौन रीति है यथा आहन जो लोह ताके सम्मुख होतही चुम्बक पत्थर आपनी दिशि खैंचि लेत तैसे सन्तन के हेत हरि सुखधाम हैं भाव लोहा को कैसहू महीन चूर्ण धूरिआदि काहू वस्तु में मिला होइ सोऊ चुम्बक देखतही सब वस्तु त्यागि वाकी दिशि चलत अरु चुम्बक खैंचि आपुमें लगाइ लेत तैसेही सन्त जन कैसेहू कुसंग में होइ परन्तु नामरूप लीलाधामादि की सुरति आवतही सब त्यागि मन हरि सम्मुख होत

अरु प्रभु उनको खैंचि अपनामें लगाइलेत ऐसो परस्पर सम्बन्ध है (पुनः) प्रभुकी प्राप्ति कैसी दुर्घट है यथा प्रबल जलधार में काहूकी गति नहीं होत परन्तु वाही की प्रेमी है ताते सफरी जो मछरी सो जलके तिरीक्षर कहे तरिबेकी सम नाम बराबरि गति जानत है कि कैसेहू अगमधारा होइ तामें सम्मुखही चली जात तैसेही तुलसी जानत राम भाव प्रभुकी प्राप्ति अगम धारा है परन्तु सन्तजन प्रेमी प्रभुकी प्राप्ति की गति जानत हैं ताते सुगमही प्रभुको प्राप्त होत यथा॥ कुं०॥ "भगवतश्यामाश्यामको, पावक रूप बिहार। नहिं समर्थ खगराजकी, करत चकोर अहार॥ करत चकोर अहार, किलकिला जलचर लावै। स्याह शीष मृगराज, बदन ते आमिषपावै॥ ऐसे रसिक अनन्य, और सब जानहु खगवत। तजहु परारीसेन, भजहु बितसाक्षिक भगवत"॥ ५॥

दोहा॥

भरत हरत दरशात सबहि, पुनिअदरशसबकाहु।
तुलसी सुगुरु प्रसाद बर, होत परमपद लाहु ६

(यथा) सूर्य,जलको भरत अर्थात् मेघद्वारा बर्षि भूमि में परिपूर्ण करिदेत ताको सबकोऊ प्रसिद्ध दरशात भाव देखत कि जल बरषत है (पुनः) हरत कहे सूर्य आपनी किरणन करि सब जल सोखिलेत सो सबकाहू को अदरश है भाव काहू को देखात नहीं कि कब जल सोखिगयो ताहीभांति जगत् में जीवन को श्री रघुनाथजी प्रकृतिद्वारा सब चराचर को उत्पन्न करत ताको प्रसिद्ध सब कोऊ देखत कि अब पैदाभये (पुनः) जब हरत अर्थात् जब लोकमें जो जीव मरत तब कोऊ नहीं देखत कि कौन जीव कहां कौनलोक कौनी गति को गया गोसाईंजी कहत कि तिन

जीवन में कोऊ कोऊ वर कहे श्रेष्ठ जीवन को सुगुरु कहे श्रीरामानुरागी सज्जन हरि सनेह मार्ग लखावनेवाले सद्गुरु हैं तिनके प्रसाद ते भाव कृपाउपदेशते काहूको परमपद लाभ होत अर्थात् भगवत्पद मुक्ति धाम पावत ॥ ६ ॥

दोहा ॥

यथा प्रतक्ष स्वरूप बहु, जानत हैं सब कोय।
तथाहिलयगतिको लखब, असमञ्जस अतिसोय ७

(यथा) प्रत्यक्षस्वरूप बहु कहे ईश्वरमायाजीवादि के बहुत भांति के स्वरूप हैं प्रथम ईश्वररूप (यथा) परब्रह्मरूप चतुर्व्यूह रूप अन्तर्यामी अर्चाविराट् अवतारादि अनन्तरूप हैं (पुनः) माया पञ्चप्रकार (यथा) अविद्या जीवको भुलावत १ विद्या जीव को चैतन्य करत २ सन्धिनी जीव ईश्वर की सन्धि मिलावत ३ सन्दीपिनी जीवके अन्तर ईश्वर की दीप्ति प्रकाशत ४ आह्लादिनी जीवके अन्तर परब्रह्मकी आनन्द प्रकाशत ५ (पुनः) अविद्याते तीनि गुण पांचों महाभूत हैं (पुनः) जीव (यथा) ब्रह्मा ताके मनु मरीचि आदि तिनते सब सृष्टि ताके पञ्चभेद (यथा अर्थपञ्चके) "बद्धो मुमुक्षुः कैवल्यो मुक्तो नित्य इति क्रमात्" ॥ (पुनः) सतोगुणते रजोगुण रजोगुणते तमोगुण ताते आकाश ताते बायु ताते अग्नि ताते जल ताते भूमि इत्यादि सब मिलि चराचर उत्पन्न होत ते बहुत स्वरूप प्रत्यक्ष हैं तिनको वेद पुराणादिद्वारा सब जानत हैं सो जाभांति प्रथम उत्पन्न होनेकी जो गति है तथा कहे ताही भांति हि कहे निश्चय करिकै लय होनेकी गति लखब नाम देखब भाव जब काल आवत तब जीव निसरिजात भूम्यादि पांचोंतत्त्व पाचों तत्त्वनमें लय ह्वैजात यह सदा होतही रहत

(पुनः) महाप्रलयमें भूमि जलमें लय होत जल अग्निमें अग्नि पवन में पवन व्योम में व्योम तमोगुण में तम रजमें रज सत में याही क्रम सब ईश्वर में लय ह्वै जात (पुनः) समय पाय वाही क्रमते सब उत्पन्न होत तब लय होना साँचा कहाँ सिद्ध भयो सोई अति असमञ्जस है कि जौने रूपते जामें लय भयो ताही रूपते (पुनः) प्रकट भये तौ एक कैसे भये ताते जीव ब्रह्म की ऐक्यता नहीं ह्वै सकत जीव सदा ईश्वर के अधीन है ताते हरि-शरणागती मुख्य है ॥ ७ ॥

दोहा ॥

यथा सकल अपिजात अप, रबिमण्डलके माहिं।
मिलत तथा जिवरामपद, होत तहां लैनाहिं ८
कर्म कोष संग लेगयो, तुलसी अपनी बानि।
जहाँ जाय बिलसै तहाँ, परै कहाँ पहिंचानि ९

यथा कहे जौनी प्रकार करिकै भूमि बिशेष सरिता तड़ागादिकनको सबप्रकारको अप जो जल सो अपि कहे निश्चय करिकै रबिकिरण करिकै सोखि रबिमण्डल के माहिं जाताहै परन्तु रबिरूप में मिलि नहीं जात तथा कहे ताहीभांति जीव श्रीरामपद में मिलत परन्तु श्रीराम रूपमें लय कहे मिलि नहीं जात जैसा मिलत तैसेही (पुनः) प्रकट होत तौ मिलना कहां सिद्ध है ८ काहेते ईश्वर अकर्म जीव सकर्म है सो गोसाईंजी कहत कि सब जीव आपनी बानि कहे स्वभावते कर्मन को कोष जो खजाना जहां को गये तहां संगही लैगये तहां चाही तौ अस की कुत्सित कर्म न करै जे अनजाने होत तिनके नाश हेतु निर्वासनिक सत्-

कर्मकरै सो भगवत्को अर्पणकरै अरु हरिशरण गहै ताको कर्म-
बन्धन नहीं है अरु जो सवासनिक कर्म कीन्हें ताकी वासना
मनमें बनी है सोई कोप संगमें लीन्हें है अरु जैसे कर्म करिरहे
तैसेही स्वभाव परिगयो ताते जहां जाय तहां विलसै भाव दुःख
सुख भोगै (पुनः) स्वभाव ते वैसही कर्म करत ते कहां पहिंचानि
परैं कि कौन जीव कहांते आयो अथवा कर्मनमें भुलाने तिनको
आपनो रूप कहां पहिंचानि परै ॥ ९ ॥

दोहा ॥

ज्यों धरणी महँ हेतु सब, रहत यथा धरि देह ।
त्यों तुलसी लै राममहँ, मिलतकबहुंनहिं येह १०

ज्यों कहे जौनीभांति जगकी जो बस्तुइ हैं तिन सबको हेतु
कहे कारण सो सब धरणी जो भूमि ताही में हैं काहेते जब राजा
पृथु भूमि दोहनकरे तव अनेक बस्तु प्रकट भईं अरु यावत् जीव
हैं ते कुछ भूमि के आधार प्रकट होत वहुत जीव भूमिहींते प्रकट
होत (पुनः) यावत् मूलवृक्षादि हैं सब भूमिहीं ते प्रकट होत हैं
(पुनः) धातु रत्न सोनादि सब भूमिहींते प्रकट होत ताते सबको
कारण भूमिहीं है (पुनः) यावत् देहधारी हैं ते सब जाभांति भूमि
हीं पर रहत इत्यादि सबको कारणभूमि है परन्तु कुछबस्तु भूमि
में मिली नहीं जात काहेते जो वस्तु प्रकटत सो शुद्धरूप प्रकटत
ताही भांति गोसाईंजी कहत कि येहकहे ये सबजीव श्रीरघुनाथ
जी में लय होत परन्तु मिलत नहीं जारूपते मिलत तैसेही प्रक-
टत ताते मिलना नहीं है ॥ १० ॥

दोहा ॥

शोषक पोषक सम्भुशुचि, रामप्रकाश स्वरूप ।

यथा तथा बिभु देखिये, जिमिआदरशअनूप११
कर्म मिटाये मिटत नहिं, तुलसी किये बिचार।
करतबही को फेर है, याबिधि सार असार१२

प्रकाशस्वरूप जो सूर्य जाभांति जगमें जलको पोषत नाम जलकरि भूमि परिपूरण करिदेत तब सब कोऊ देखत (पुनः) जब सोखिलेत तब कोऊ नहीं देखत यहै शुचि कहे पावनरीति सदा एकरस है (यथा) ताही भांति सबजीवन को समान सदा एकरस पावनरीति सो शोषक पोषक कहे उत्पत्ति पालन नाश-करणहार श्रीरघुनाथजी बिभु कहें समर्थ प्रकाशरूप हैं देखिये कौन भांति (यथा) अनूप उपमा रहित आदरश कहे शीशा जामें सबकी प्रतिमा एकरस देखात काहूको लघु दीर्घ नहीं करत अरु सबसों न्यारा रहत भाव जल अग्नि आदि सब वाके भीतर ही देखात अरु न भीजै न तप्त होइ तथा श्रीरघुनाथजीमें सबजीव लय होत प्रभु सबसों न्यारे रहत भाव अकर्म है ११ काहेते जीव ईश्वर में नहीं मिलत सो कहत कि जीवन के जो शुभाशुभ कर्म हैं ते मिटाये ते मिटत नहीं ताते जीव सकर्म सो मलिन अरु ईश्वर अकर्म ताते अमल सो अमल समल कैसे एक में मिलै यह बात गोसाईंजी बिचारिकै कहत कि यामें करतबही को फेर है (यथा) मेला आदिकन में स्वाभाविक स्त्री के अङ्गस्पर्श होत सो दोष नहीं अरु जानिकै करै तौ दोष है याही भांति ईश्वर कर्मरहित ताते सार है अरु जीव कर्मसहित ताते असार है यथा जैसी होइ तैसेही कहे तौ सार है अरु कहनेवाला गुनागार नहीं अरु जो वामें कुछ मिलायकै कहे तौ असार कहनेवाला गुनागारहै॥१२॥

दोहा ॥

एक किये होय दूसरो, बहुरि तीसरो अङ्ग ।
तुलसी कैसेहु ना नशै, अतिशै कर्म तरङ्ग १३
इन दोउन्ह ते रहितभो, कोउन राम तजि आन ।
तुलसी यह गति जानिहै, कोउकोउ सन्तसुजान १४

क्रियमाण, संचित, प्रारब्ध तीनिभांति के कर्म हैं तिनको कहत कि एक क्रियमाण कर्म जो वर्तमान में होते हैं तिनके कीन्हें ते दूसरो होत अर्थात् संचित कर्म जो अनेक जन्म के कीन्हे जमा हैं ताहीते बहुरि तीसरो अर्थात् प्रारब्ध जो अङ्ग कहे देह के संग ही आवत सो भयो याही भांति प्रति जन्म कर्म करत गयो सोई बाढ़त गयो यथा पवन प्रसंग पाये जल में तरङ्गैं बाढ़त तथा वासना प्रसंग ते कर्मन की तरङ्गैं बाढ़त ताको गोसाईंजी कहत कि कैसेहू कहे काहू उपाय ते अतिशय जो कर्मन की तरङ्गैं हैं ते नाश नहीं होती हैं १३ कर्म तौ तीनि हैं अब दुइ कहत तहां क्रियमाणही बटुरिकै संचित होते हैं ताते क्रियमाण संचित दोऊ एकही हैं प्रारब्ध दूसरा है अथवा शुभाशुभ द्वैहैं ते दोऊ कर्मन ते रहित एक श्रीरघुनाथजी हैं सेवाय श्रीरघुनाथजी और आन कोऊ कर्मन ते रहित नाहीं है भाव और सब कर्माधीन हैं गोसाईंजी कहत कि यह जो कर्मन के विषे भूलने की गति है ताको कोऊ कोऊ सन्त जे सुजान हैं तेई जानि हैं कैसे सुजान सन्त जे शुभाशुभ कर्मन को आश भरोसा छांड़ि शुद्ध मनते श्रीरघुनाथजी के चरणारविन्दन को निरन्तर स्मरण करते हैं अरु बुद्धि अमल ज्ञानवान् परमार्थ वेदतत्त्व को जानैं तेई सुजान सन्त हैं ते कर्मन में नहीं भूलते हैं ॥ १४ ॥

दोहा॥

सन्तन कोलय अमिसदन, समुझहिं सुगतिप्रबीन।
कर्म बिपर्यय कबहुं नहिं, सदा रामरस लीन १५

पूर्व जो कहें ऐसे जे सन्त हैं तिनको लय कहे अन्तकाल प्राप्ति कहां होत अमीसदन अमृतधाम जहां जाय कै पुनः लौटत नहीं अर्थात् साकेत श्रीरामधाम तामें सन्तजन प्राप्त होते हैं यह बात वोई पुरुष समुझत हैं जे सुगति में प्रबीण हैं भाव मुक्तिमार्ग को भली प्रकार ते जानतेहैं ताते सब सों पीठि दीन्हें श्रीरघुनाथ जी के सम्मुख हैं ते कर्मनकरि बिपर्यय कबहूं नहीं हैं अर्थात् प्रभु की दिशिते घूमि मन लोक सुख की दिशि कबहूं नहीं आवत तहां लोकरस तौ ऐसा बलिष्ठ है जाके सुख के हेत सुर नर मुनि सब ध्यावत हैं अरु सन्तनको मन जो याकी दिशि नहीं आवत सो कौन कारण है ताको कहत कि सन्तनको मन श्रीरामरस अनपावनी भक्ति सब सुख की खानि तामें लीन रहत तहां लोक सुख तुच्छ जानत हैं॥ १५॥

दोहा॥

सदा एकरस सन्तसिय, निश्चय निशिकरजान।
रामदिवाकर दुख हरन, तुलसी शीलनिधान १६

जे सबको आशभरोसा छांड़ि प्रेमावेश सदा एकरस श्रीराम जानकी में मन लगाये हैं ऐसे जे सन्त तिनको प्रभु कैसे पालन करत जैसे लोकजीवन को रात्रिको निशाकर दिनको दिवाकर सुखद है इहां अबिद्या रात्रि है मोह तम है शब्दस्पर्शादि बुद्धि दृष्टिकी मन्दता है कामादि चोर हैं इत्यादि दुःख हैं तामें

श्रीजानकीजी निश्चय करिकै निशाकर कहे चन्द्रमा जाना चाहिये सो सन्तनको सुखद हैं कौनभांति तहां क्षमा गुण शीतलता करि ताप हरत दया गुण प्रकाश करि मोहतम हरि बुद्धि दृष्टि अमल करत (पुनः) अनुग्रह अमृतकिरण करि पोषण करत ताते भक्ति चांदनी करि विषयरात्रि सुखद है (यथा) प्रह्लाद, ध्रुव, बलि, अम्बरीपादि लोक व्यवहारही में रहे अरु भक्तशिरोमणि ह्वै भगवत् को प्राप्तभये (पुनः) ज्ञान दिन है तामें विवेक, वैराग्य, शम, दम, उपराम, तितिक्षा, श्रद्धा, समाधानादि षट्संपत्ति, मुमुक्षुतादि साधन कठिन क्रिया सो घामादि दुःख हैं अरु श्रीरघुनाथजी दिनकर कहे सूर्य हैं वे सूर्य तापकारक हैं इहां सन्तन के दुःख हरने में गोसाईजी कहत कि श्रीरघुनाथजी सूर्य शीलनिधान हैं शीतल हैं भाव श्रीरघुनाथजी के शरण भये ते विना साधन क्लेश किये आपही ज्ञानादि सबगुण उदय होत जन्म मरणादि दुःख मिटत ॥ १६ ॥

दोहा ॥

सन्तनकी गति उर्विजा, जानहु शशि परमान।
रमितरहत रसमय सदा, तुलसी रति नहिं आन १७

गोसाईंजी कहत कि सन्तन के आनकहे और काहूमें रति नाम प्रीति नहीं है एकगति कहे आश भरोसा उर्विजा जो श्रीजानकीजी तिनहीं की है याते सन्तजन सदा श्रीजानकीजी के भक्तिरस में रमित रहत (भाव) प्रेम सहित मन श्रीजानकीजी के चरणकमलन में भृङ्गवत् लागरहत ताहीते श्रीजानकीजीको शशि कहे चन्द्रमा करिकै जानहु परमान कहे सांच सांच यामें सन्देह नहीं है तहां चन्द्रमा शीतल है इहां श्रीजानकीजी क्षमा

गुणकरि ऐसी शीतल हैं जो कैसहू अपराध कोऊ करै ताको क्षमा करत ताते तापनाशकरि सन्तन को सदा शीतल राखत (पुनः) चन्द्रमा प्रकाशमान है इहां श्रीजानकीजी दया गुणकरि भक्तन के उरमें प्रकाशकरि मोहादि तम नाश करत चन्द्रमा अमृत किरण ते जग जीवनको पोषत इहां श्रीजानकीजी अनुग्रह किरण करुणा अमृतकरि सन्तन को पालन पोषण करत तहां जा भांति जग में अतिलघुबालक के और आशभरोसा नहीं एकमाताही की गति रहत ताको कौनभाँति पालत तैसे जे सन्त श्रीजानकीजीके भरोसे रहत तिनको श्रीजानकीजी सबभांति ते रक्षाकरत ताते एकहू बाधा नहीं लागने पावत ॥ १७ ॥

दोहा ॥

जातरूपजिमिअनलमिलि, ललित होततनताय।
सन्त शीतकर सीय तिमि, लसहिरामपदपाय १८
आपुहि बाँधत आपु हठि, कौन छुड़ावत ताहि।
सुखदायक देखत सुनत, तदपिसुमानतनाहि १९

जातरूप जो सोना स्वाभाविक मलिन देखात सोऊ अनल जो अग्नि तामें मिलि तायेते जिमि ललित कहे सुन्दर कान्तिमान् वाको तनहोत तैसेही सोनेसम जिनको मन ऐसे जे सन्त तेऊ शीतकर जो चन्द्रमा ता सम शीतल क्षमावान् स्वभाव है जिनका ऐसी सीय जो श्रीजानकीजी तिनसहित श्रीरघुनाथजी के पद पाय तिनमें प्रेम सहित मन लगाये ते सन्तजन लसत कहे शोभा पावत भाव जाभांति दाहकता गुणकरि तपाये ते सोने को मैल अग्नि भस्मकरत तैसे क्षमा, दया, करुणा, भक्तवत्सल-

तादि गुणनकरि शरणागत सन्तनको मैल श्रीराम जानकी भस्म करत हैं १८ (यथा) मधुमें माखी आपुही फँसत तैसे अमल स्वतन्त्र आनन्दरूप जीव मायासे प्रीति करि मन चित्त बुद्धि अहंकारादि के बश भयो मनादि इन्द्रिनके बश भयो इन्द्रिय शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि विषय के बश भई विषय कामादि के बश काम लोभादि कर्म फन्दनमें बांधि चौरासीलक्ष योनिरूप कारागार में बन्दकरे ताको कहत कि आपुहीको जो आपु हठि करिके बांधत ताहि कौन छुड़ावत भाव संसारदुःख में आनन्द ते पराहै अरु सुखदायक श्रीरामजानकी की शरणागती ताको प्रसिद्ध देखत कि जो कोऊ श्रीरघुनाथजी की शरण है सो सुखी है अरु प्रह्लाद अम्बरीषादि के चरित पुराणनमें विदित हैं तिनको सुनत ताहू पर नहीं मानत कि विषय आश त्यागि श्रीरघुनाथजीकी शरणागत है तौ स्वार्थ परमारथ दोऊ बनैं ॥ १९ ॥

दोहा ॥

जौन तारते अधम गति, ऊर्ध्व तौन गति जात ।
तुलसी मकरी तन्तु इव, कर्म न कबहुं नशात २०
जहाँ रहत तहँ सह सदा, तुलसी तेरी बानि ।
सुधरै बिधिबश होइ जब, सतसंगति पहिंचान २१

जौन तारते कहे जौने सनेहते विषयमें मन लगावै तौ अधम गति कहे चौरासी भोग यमसाँसति आदि दुःख भोगत (पुनः) सोई सनेह श्रीरघुनाथजी में लगावै तौ ऊर्ध्वगति कहे भगवद्धाम की प्राप्ति होइ कौन भांति गोसाईंजी कहत कि (यथा) मकरी को तन्तु नाम तार जैसे ऊपरको लैजात तैसे नीचेको लैजात

तार टूटत नहीं तैसे जीवको स्वभावबश जहां सनेह लागत तैसे ही कर्म करत ताहीगति को प्राप्तहोत कर्म कबहूं नहीं नाश होत २० मन प्रति गोसाईंजी कहत कि तेरी बानि कहे स्वभाव अर्थात् जैसा कर्म करत तैसेही स्वभाव परिजात ताते जहां जात तहां सहकहे साथही रहत सदा ताही स्वभावते (पुनः) वैसेही कर्म करत तैसे फल भोगत सो कैसे सुधरै ताको कहत कि जो बिधि-बश दैवयोग सत्संगति की पहिचान होइ भाव सन्तन की संगति में रुचि होइ तिनकी कृपा उपदेश ते भगवत्में मन लागै कुसंग त्यागै बिषय ते बिराग आवै तब सुधरै और उपाय नहीं है ॥ २१ ॥

दोहा ॥

रबि रजनीश धरा तथा, यह अस्थिर अस्थूल।
सूक्षम गुणको जीवकर, तुलसी सो तनमूल २२
आवत अप रबिते यथा, जात तथा रबि माहि।
जहँते प्रकटतहीं दुरत, तुलसी जानत ताहि २३

धरा जो भूमि तामें चराचर जीव तिनको जाभांति रबि कहे सूर्य रजनीश चन्द्रमा पालन पोषण करत तथा भूमि सम स्थिर यह स्थूल शरीर पञ्चतत्त्वमय देह है तामें सूक्ष्म शरीर जो गुणको अर्थात् सत्रह अवयवको (यथा) "पञ्चप्राणमनोबुद्धिदशेन्द्रियसमन्वितम्। अपञ्चीकृतमस्थूलं सूक्ष्माङ्गं भोगसाधनम्"॥ ताको गोसाईंजी कहत कि सो जो सूक्ष्मशरीर है सो जीवकर मूल है भाव इसीकी बासनाते स्थूलशरीर जीव धारण करत अरु स्वर्ग नरकादि सुख दुःखको भोगता है तहां स्थूल शरीर भूमि सम तामें सूक्ष्मशरीर जीवन सम जानो तिनके पालन पोषण करता सूर्य सम

श्रीरघुनाथजी चन्द्रमा सम श्रीजानकीजी हैं ऐसा जानि प्रभु में सनेह करना जीवको उचित है २२ अप जो जल सो यथा रवि ते प्रकट ह्वै भूमिपै आवत अर्थात् जब सूर्यकिरण मेघन में परत ताहीते जल प्रकट होत सोई भूमिपै वर्षत तथा (पुनः) रविकिरण करि जल शोषि रविमें लीन होत जाइ तैसे ईश्वरकी प्रकाश प्रकृति में परेते जीव प्रकट ह्वै देहरूपी भूमि में आवत (पुनः) अन्तकाल ईश्वर को ग्रासहोत ताते जहांते प्रकट भयो ताही में दुरत कहे लय होत अर्थात् प्रलयकाल में सबजीव ईश्वरही में मिलत सोई उत्पत्ति पालन लयकर्ता ताहि श्रीरघुनाथजी को तुलसी आपनो स्वामी करि जानत भाव शरणागत है ॥ २३ ॥

दोहा ॥

प्रकटभये देखत सकल, दुरत लखत कोइ कोय ।
तुलसीयहअतिशयअधम, बिनगुरुसुगमनहोय २४
या जग जे नयहीन नर, बरबश दुखमग जाहि ।
प्रकटत दुरत महादुखी, कहँलग कहियत ताहि २५

जा समय देह धारणकरि जीव प्रकट भयो (यथा) वर्षत समयँ जल ताको सकल संसार देखत कि अमुक जीव प्रकटभया (पुनः) जैसे जलको शोषब कोऊ नहीं जानत तैसे जब जीव मृत्युवश जात ताको कोऊ कोऊ लखत भाव जे परमार्थ हेतु लोकसुख त्यागि श्रीरामशरण हैं तेई परलोकमार्ग देखत और सब नहीं देखत काहेते यह जो जग जीवहै सो बिषयबश है ताते अतिशय कहें महाअधम अर्थात् बुद्धिविचार रहित अरु तमोगुणी बिषय वश तिनको बिना गुरु के उपदेश परलोक को मार्ग हरि-

शरणागती सुगम नहीं है २४ या जगमें जे नर नय कहे नीति-
मार्ग हीन हैं अनीतिरत बिषयबश ते सबै कर्म पापमय करत ताते
हठि करिकै नरक चौरासीके मार्ग में जातेहैं तेई अनेक योनिन
में प्रकटत दुरत कहे जन्मत मरत अनेक दुःखनमें दुःखी हैं ज्यों
ज्यों बुरे कर्म करत त्यों त्यों दुःख के पात्र होत जात ताहि कहां
तक कहिये अमित है ॥ २५ ॥

दोहा ॥

सुखदुख मग अपने गहे, मगकेहु लगत न धाय ।
तुलसी रामप्रसाद बिन, सो किमि जानो जाय २६
महिते रबिरबि ते अवनि, सपनेहुँ सुखकहुँनाहि ।
तुलसीतबलगिदुखितअति, शशिमगलहतनताहि २७

(सुखदमग यथा) "शम दम नियम नीति नहिं डोलहिं । प-
रुप बचन कबहूं नहिं बोलहिं"॥ दो०॥ "निन्दा अस्तुति उभय सम,
ममता मम पदकञ्ज । ते सज्जन मम प्राण प्रिय, गुणमन्दिर सुख-
पुञ्ज" (दुःखदमग यथा) "काम क्रोध मद लोभ परायन । निर्दय
कपटी कुटिल मलायन"॥ "परद्रोही परदार रत, पर धन पर अप-
वाद । ते नर पामर पापमय, देहधरे मनुजाद" ॥ इत्यादि सुख
दुःखके द्वैमार्ग हैं ते आपने गहेते हैं भाव जाकी इच्छा होइ तापर
आरूढ़ होउ अरु मग काहूको धाइकै नहीं लागत जैसा कर्मकरौ
तैसा फल पावो कुछ आपुते कर्म नहीं लागत शुभाशुभ कर्म
कीन्हें ते लागत ताको गोसाईंजी कहत कि दुःख सुख मार्ग को
जो हाल भाव दुःखद त्यागिये (यथा) "मद कुसंग परदार धन,
द्रोह मान जनि भूल । धर्म रामप्रतिकूल ये, अमीत्यागि त्रिपतूल"॥

सुखदको ग्रहण कीजे (यथा) " नामरूपलीलासुरति, धामबास सतसङ्ग । स्वाति सलिल श्रीराम मन, चातक प्रीति अभङ्ग " ॥ इत्यादि विना श्रीरघुनाथजीकी प्रसन्नता कैसे जानी जाय (यथा) " सोइ जानै जेहि देहु जनाई " ॥ इत्यादि २६ जा भांति जल रवितें भूमिपै वर्षत सोखि पुनः रवि में जात पुनः भूमि में वर्षत तैसे जीवन को जन्म मरण बनारहत विना हरिभक्ति जीवको सुख स्वप्नेहू में कहीं नहीं है कबतक गोसाईंजी कहत कि शशिरूप श्रीजानकीजी तिनकी शरणागतीरूप जो मार्ग प्रभुके प्राप्तहोने को सुगम ताहि जबलग नहीं लहत नाम प्राप्तहोत तबलग जीव अतिशय दुःखी है भाव विना श्रीजानकीजीकी कृपा प्रभुकी प्राप्ति दुर्घट है (यथा अगस्त्यसंहितायाम्) " यावन्न ते सरसिजद्युति-हारिपादे न स्याद्रतिस्तरुनवांकुरखण्डिताशे । तावत्कथं तरुणि-मौलिमणे जनानां ज्ञानं दृढं भवति भामिनि रामरूपे " ॥ अरु विना प्रभुकीप्राप्ति जीवको दुःख मिटत नहीं (यथा सत्योपाख्याने सूतवाक्यम्) विना भक्तिं न मुक्तिश्च भुजमुत्थाय चोच्यते । यूयं धन्या महाभागा येषां प्रीतिस्तु राघवे ॥ २७ ॥

दोहा ॥

सन्तनकी गति शीतकर, लेश कलेश न होय ।
सो सियपद सुखदा सदा, जानु परम पद सोय २८

जगजीव जन्मत मरत ताते सदा दुःखित रहत अरु सन्तकी गति कहे आश भरोसा शीतकर चन्द्रमा अर्थात् शरणागती के भरोसे रहत ताते क्लेशको लेशहू नहीं होय है सो कौनकी शरणा-गती है सीय श्रीजानकीजी के पदकी है सो कैसी शरणागती है सदा सुखकी देनहारी है भाव क्षमा गुणते अपराध मुवाफ़ करत

करुणादया गुणते पालन करत अर्थात् प्रभुकी प्राप्ति करिदेती हैं सोई परमपद जानु यथा लघुबालक को पिता नहीं पालि सकत माता पालनकरि पिताके पदपर पहुँचाइ देत तैसे सन्त लघुबालक हैं श्रीजानकीजी माता हैं सन्तन को पालन करि पिता श्रीरघुनाथजी तिनके पद को प्राप्त करिदेती हैं ॥ २८ ॥

दोहा ॥

तजत अमिय शशि जान जग, तुलसी देखत रूप ।
गहत नहीं सब कहँ बिदित, अतिशय अमल अनूप २९
शशिकर सुखद सकल जग, को तेहि जानत नाहि ।
कोक कमल कहँ दुखद कर, यदपि दुखद नहिं ताहि ३०

यथा अमृतमय चन्द्रमा तथा क्षमा दया करुणादि गुणमय श्रीजानकीजी हैं इन दोऊको सब जग जानत है जानिके त्यागत काहेते मलरहित अमल अत्यन्त निर्मल अरु उपमारहित अनूपरूप हैं दोऊ सो चन्द्रमाको सब देखत हैं अरु श्रीजानकीजी वेद पुराणन करिके बिदित हैं सबकहँ सो गोसाईंजी कहत कि तिनकी शरणागती कोऊ गहत नहीं याहीते सब दुःखित हैं सुखी कैसे होइँ 'इति शेषः' २९ शशि जो चन्द्रमा ताकी कर कहे किरणैं ते सब जगत् को सुखद हैं भाव शीतलता करि ताप हरत प्रकाशते आनन्द करत अमृत करि पोषण करत ताको कौन नहीं जानत सब जग जानत है कि चन्द्रमा स्वाभाविक जगको सुखदाता है परन्तु कोक कमलको सोई दुःखद देखात यद्यपि ताहि चन्द्रकिरण दुःखद नहीं हैं वे आपनी ओरते दुःखद देखत भाव चक्रवाकीको पतिबियोग दुःखते सुखद चन्द्रमा दुःखद लागत कमलको रबिकिरण उष्णकी चाह चन्द्रकिरण शीतल यह बिप-

रीत ताते दुःखद मानत तथा दयादिगुणते चन्द्रवत् शीतल श्री जानकीजी सबको सुखदहैं तहां विषयीलोग सुख चाहत बिना हरिकृपा सुखको बियोग दुःखते भक्ति दुःखद देखात अरु रविकिरण सम रूक्ष ज्ञानकी चाह तिनको भक्ति शीतलता नहीं सुहातहै यद्यपि भक्ति दुःखद नहीं ये आप दुःखद माने हैं ॥ ३० ॥

दोहा ॥

बिन देखे समुझे सुने, सोउ भव मिथ्याबाद ।
तुलसी गुरुगमके लखै, सहजहि मिटै बिषाद ३१

चन्द्र दुःखद है यह वार्ता बिना देखे औरनसों सुने सोई समुझि लीन्हें कि चक्रवाक अरु कमल को चन्द्रमा सुखद नहीं है ताते यह मिथ्याबाद है बृथाही सब कहत चन्द्रमा काहूको दुःखद नहीं है आपही दुःखद माने हैं तथा श्रीजानकीजी अर्थात् भक्ति सब जीवमात्र को उद्धार करनेवाली है ताको विषयी विमुख मतान्तरवादी बिना बिचारे वृथा भक्ति को निरादर करते हैं ताको गोसाईंजी कहत कि यह बात जानिबेको गुरुनको गम है जिनकी वेद में आचार्य संज्ञाहै यथा ब्रह्मा शङ्कर शेष सनकादि इत्यादिकन के उपदेश वेद पुराण में विदितहैं तिनको लखै कहे विचारिकै देखिलेउ सहजैमें बिषाद जो मनकी तर्कणाको मिथ्याबाद सो सहजही में मिट जाइ (यथा ब्रह्माजीको उपदेश भागवते) "श्रेयः श्रुतिं भक्तिमुदस्य ते विभो क्लिश्यन्ति ये केवलबोधलब्धये । तेषामसौ क्लेशल एव शिष्यते नान्यद्यथा स्थूलतुषावघातिनाम्" ॥ (शिवजीको उपदेश महारामायणे) "ये रामभक्तिममलांसुविहायरम्यां ज्ञानेरताः प्रतिदिनं परिक्लिष्टमार्गे । आरान्महेन्द्रसुरभीं परिहृत्य मूर्खा अर्कं भजन्ति सुभगे सुखदुग्धहेतुम्" ॥ सनकु-

मारको उपदेश (सनत्कुमारसंहितायाम्) " मानसं वाचिकं पापं कर्मणा समुपार्जितम् । श्रीरामस्मरणेनैव तत्क्षणान्नश्यति ध्रुवम्"॥ शेषजी तो सदा सेवै में रहत यथा लक्ष्मणजी ॥ २१ ॥

दोहा ॥

बरषि बिश्व हर्षित करत, हरत ताप अघ प्यास ।
तुलसी दोष न जलदकर, जो जड़ जरत यवास २२
चन्द्रदेत अमि लेत बिष, देखहु मनहिं बिचार ।
तुलसी तिमि सियसन्तबर, महिमाबिशदअपार २३

मेघ भूमि पै जल बर्षिकै बिश्व जो संसार ताको हर्षित कहे चराचर को आनन्द करत काहे करिकै ताप अघ प्यास को हरत है तहां जलबर्षै की शीतलता करि स्वाभाविक ताप हरिजात अरु भूमि पै जलपरिपूर्णता ते सब जीवनको जलपीने को सुगम याते प्यास हरत अघ कहे पापं तहां बिना जल बर्षै सब देशमें अन्नादि नहीं होत ताते अकालपरत तब क्षुधार्त्तजीव अनेक पाप करत सो जलबर्षेते शान्तहोत इत्यादि सब जगको सुखद है ताको गोसाईं जी कहत कि जलबर्षेते जड़ यवासावृक्ष जरिजात सूखिजात तामें जलद जो मेघ ताको कौन दोष है भाव मेघनकी क्रिया सब के सुख हेतु है तैसे भक्ति सबको सुखद आपनी जड़ताते लोग दुःखद माने हैं २२ जाभांति चन्द्रमा जगजीवनको अमृत दै पालन करत अरु विष कहे तापादि उष्णता हरिलेत ताको विचार करि देखि लेउ लोकबिदित सांची वात है तैसो गोसाईंजी कहत कि श्रीजानकी जी क्षमाकरि दोषहरि दयाकरि सन्तन को बर कहे श्रेष्ठ करिदेती हैं जिनकी महिमा बिशद कहे उज्ज्वल अपार जाको ब्रह्मादिक

पार नहीं पावत (यथा महारामायणे शिववाक्यम्) " अहं विधाता गरुडध्वजश्च रामस्य बाले समुपासकानाम् । गुणाननन्तान् कथितुं न शक्ताः सर्वेषु भूतेष्वपि पावनास्ते ॥ ३३ ॥

दोहा ॥

रसम बिदित रबिरूप लखु, शीत शीतकर जान ।
लसत योग यशकारभव, तुलसी समुझ समान ३४
लेति अवनि रबि अंशु कहँ, देति अमिय अपसार ।
तुलसी सूक्षमको सदा, रबि रजनीश अधार ३५

रबि जो सूर्य तिनको रूप प्रसिद्ध लखु कहे देखु जाकी रसम जो किरणैं सो विदित सब जानत कि अत्यन्त तप्त हैं अरु शीतकर जो चन्द्रमा शीत कहे शीतल है ऐसा विचारिकै जानि ले ताही रवि चन्द्रकी किरणन को योग कहे एक वस्तु पर दोऊ को मिलान लसत कहे शोभित भये ते यशकार कहे यशको करने वाला भव नाम होत है कौन भांति यथा जठराग्नि करि भूख बढ़त तब अन्नादि स्वादिष्ठ लागत पुष्टता करत तैसे सब जग रबिकिरण करि दिनको तप्त होत सोई रात्रि को चन्द्रकिरण करि शीतल होत पुष्ट होत ताते दोऊमिलि सुखद हैं बिना दोऊ एक सुखद नहीं है ताको गोसाईंजी कहत कि दोऊ को समान समुझु तहां रबिरूप श्रीरघुनाथजी ज्ञान तप्त किरण हैं चन्द्रमा श्रीजानकी जी भक्ति शीतल किरण हैं ३४ रबिअंशु कहे सूर्यन को तेज तेहि करिकै अवनि जो भूमि सो तप्त ह्वैजात ताको रात्रि को चन्द्रमा अपनी किरणन करिकै हरिलेत (पुनः) अप कहे जल ताको सारांश अमिय जो अमृत ताको दैकै चराचर जीवन को

पोषत यथा भूमि स्थूल में सब जीव सूक्ष्मरूप तिनको सूर्य चन्द्रमा आधार है भाव इनहींकरि पालन होत तथा स्थूलदेहमें सूक्ष्मरूप जीव को सूर्यरूप श्रीरघुनाथजी ज्ञानरूप तप्तकिरण करि जीव को शुद्धकरत चन्द्रमारूप श्रीजानकीजी भक्ति शीतल किरणकरि ज्ञानकी जो ताप दुःख ताको हरि आनन्द करती हैं ॥ ३५ ॥

दोहा ॥

भूमि भानु अस्थूल अप, सकल चराचर रूप।
तुलसी बिन गुरु ना लहै, यह मत अमल अनूप ३६

(यथा) भूमि स्थूल शरीर है तामें जल सूक्ष्म शरीर जीव हैं तिनके आधार भानु हैं अर्थात् सूर्यन ते जल बर्षि भूमि परिपूर्ण होत (पुनः) क्रम क्रम सब सोखि सूर्यनमें लय होत ताहीभांति चराचर जीवन के स्थूल शरीर भूमिमें सूक्ष्मरूप जलसम सब जीव परिपूर्ण हैं तिनके आधार भानुरूप श्रीरघुनाथजी हैं अर्थात् सब जीव श्रीरघुनाथजी से उत्पन्न होत (पुनः) रघुनाथ जी में सब लय होत ताते जीवको उचित है कि सब आश भरोस छांड़ि एक श्रीरघुनाथजीको आपनो स्वामी जानि प्रेमभावते सदा भजन करै यह जो भक्तिमार्ग है सो कैसा है अमलहै काहेते कर्म ज्ञानादि पतित जीवन को अधिकार नहीं यह मैलताहै अरु भक्ति सबको उद्धार करत (यथा गीतायाम्) "मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः। स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेपि यान्ति परांगतिम्"॥ याते अमल है (पुनः) भक्तको नाश कबहूं नहीं होत (यथा गीतायाम्) "क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति। कौन्तेय प्रतिजानीहि न मद्भक्तः प्रणश्यति"॥ याते अनूप है ताको गोसाईंजी कहत कि सो भक्तिमार्ग विना गुरुकी

कृपा नहीं लहै नहीं प्राप्तहोइ भाव श्रेष्ठवस्तु सुगम नहीं मिलत (यथा महारामायणे) "ये कल्पकोटिसततं जपहोमयोगैर्ध्यानैः समाधिभिरहोरतब्रह्मज्ञानात्। ते देवि धन्यमनुजा हृदि बाह्यशुद्धा भक्तिस्तदा भवति तेष्वपि रामपादौ"॥ (सदाशिवसंहितायाम्) "कल्पकोटिसहस्राणि कल्पकोटिशतानि च। पञ्चाङ्गोपासनेनैव रामे भक्तिः प्रजायते"॥ ३६॥

दोहा॥

तुलसी जे नयलीन नर, ते निशिकर तमलीन।
अपर सकल रबिगतभये, महाकष्ट अतिदीन ३७

गोसाईंजी कहत कि जे नर नय कहे नीति में लीन हैं भाव विचार में प्रवीन हैं ते निशिकर जो चन्द्रमा अर्थात् श्रीजानकीजी तिनकी कर जो किरणैं अर्थात् नवधा प्रेमापरादि भक्ति ताके तन में लीनहैं भाव प्रेमानुराग ते नामरूप लीला धामादि में मन लगाये हैं तेई श्रीरामानुरागी सदा सुखी हैं अरु अपर जे विचार रहित हैं ते नर सकल रवि कहे अद्वैतादि रूक्ष मार्ग में गतनाम जातभये तामें महाकष्ट है (यथा) निराधार शून्यमें मन को राखना (पुनः) लोकसुख को त्यागना सो वैराग्य है वासना त्याग सो शम है इन्द्रियनको रोकना सो दम है विषयते विमुख होना सो उपराम है दुःखसुख सम जानना सो तितिक्षा है गुरु वेद वाक्यमें विश्वास सो श्रद्धा है चित्त एकाग्र सो समाधान है भवबन्धनते छूटबेको विश्वास सो मुमुक्षुताहै सारासार को विचार सो विवेक है इत्यादि साधन करिवेमें महाक्लेश है ताते अतिदीन दुःखीरहत ताहूमें अनेक बाधा मायाकरत (यथा) "छोरनग्रन्थि जान खगराया। विघ्न अनेक करै तहँ माया" (अरु) "भक्तिहि

सानुकूल रघुराया । ताते तेहि डरपत अतिमाया "॥ याते भक्ति निर्विघ्न है (यथा नारदीयपुराणे) " श्रीरामस्मरणाच्छीघ्रं समस्तक्लेशसंक्षयः । मुक्तिं प्रयाति विप्रेन्द्र! तस्य विघ्नो न बाधते " ॥३७॥

दोहा ॥

तुलसी कवनेहुँ योगते, सतसंगति जब होय।
रामामिलन संशय नहीं, कहहिं सुमति सबकोय३८

भक्ति कौन उपाय ते होत जाकरि श्रीरामरूप की प्राप्ति होती है ताको उपाय श्रीगोसाईंजी कहत कि मार्ग चलत मेलादि सरिता घाट तीर्थबास हरिउत्सव थल इत्यादि कौनहुँ योग पाय हरिभक्तन को सत्संग होइ तिनकी रीति रहस्य देखे भगवत्यश श्रवण ते हरिसनेह को बीज जामत तब सत्संग में प्रीति होत होते होते मन हरिकी दिशि सम्मुख भयो तब गुरुकी शरण भयो तिनकी कृपा उपदेशते श्रवण, कीर्तन, नामस्मरण, मन्त्र जापादि भजन करने लगो हरिकृपा बल पाय भगवदनुरागी ह्वै गयो बिषय आशा त्याग भई तब श्रीरघुनाथजीके मिलने में संशय नहीं निश्चय मिलन होइगो (यथा) " बालमीकि नारद घटयोनी । निज निज मुखन कही निज होनी ॥ सो जानब सतसंग प्रभाऊ । लोकहु बेद न आन उपाऊ "॥ इत्यादि सत्संग को माहात्म्य यावत् सुमतिजन हैं ते सब कोऊ कहत (यथा अध्यात्म्ये परशुरामवाक्यं श्रीरामं प्रति) " यावत्त्वत्पादभक्तानां संगसौख्यं न विन्दति । तावत्संसारदुःखौघान्न निवर्तेन्नरः सदा ॥ सत्संगलब्धया भक्त्या यदा त्वां समुपासते । तदा मायां न निर्यान्ति सा नवं प्रतिपद्यते "॥ ३८ ॥

दोहा ॥

सेवक पद सुखकर सदा, दुखद सेव्य पद जान।
यथा बिभीषण रावणहि, तुलसी समुझ प्रमान ३६

सेवक पद (यथा) "सीय राममय सब जग जानी। करौं प्रणाम सप्रेम सुबानी"॥ अर्थात् चराचर व्याप्त प्रभु स्वामी हैं मैं सेवक हौं ऐसा जानि काहूसों विरोध न करत प्रेम सहित हरिभक्ति करनी ऐसा सेवकपद सदा अर्थात् लोकहू परलोकके सुखको करनेवाला है तामें जे चैतन्य हैं सो तौ हरिशरण गहत जे विषयी हैं ते डेरात हैं याते यहि सेवक पदको कोऊ बिरोधी नहींहै (पुनः) सेव्य कहे स्वामी पद (यथा) "अब्धि अपार स्वरूप मम, लहरी विष्णु महेश" (पुनः) "अहं ब्रह्म द्वितीयं नास्ति" अर्थात् चराचर व्याप्त अन्तरात्मा ब्रह्म सोई मेरा रूप है यह स्वामी पद दुःखद है काहेते जे चैतन्य हैं ते शम दमादि साधन में क्लेशित पुनः मायाका भय सदा बनारहत जो चूकिगये तौ पतित भये ताते सुखी कहांहैं अरु जे विषयासक्तहैं ते विमुख हैं ताते भगवत् की निन्दा करत तिनको घोरगति होत ताको प्रमाण गोसाईं कहत सो समुझि लेउ (यथा) विभीषण सेवकपद ते अकण्टक राज्य पाये ताते लोकहूमें सुखी अन्तमें हरिधामकी प्राप्ति (पुनः) रावण स्वामी पदते अभिमानवश हरिधर्मविरोधी भयो सो वंश सहित नाशभयो जो कर्मनको भोग पावतो तौ कल्पान्तन नरक में रहतो जो मुक्तभयो सो भगवत् दया को प्रभाव है तहां मालिक को अख्त्यार होत चहै दण्ड देइ चहै मुआफ़ करै जो न मुआफ़ करै तौ क्या जवाब है याते डेराना उचितहै॥ ३६॥

दोहा ॥

शीत उष्णकर रूप युग, निशि दिनकर करतार।
तुलसी तिनकहँ एकनहिं, निरखहु करि निरधार ४०

शीत कहे जाड़ पाला जलादि उष्ण कहे गरमी आतप अग्न्यादि (पुनः) निशि रात्रि अरु दिन इत्यादिकन केर जो करतार युग कहे दुइरूप लोकमें बिदित हैं तहां शीत अरु निशिके करनहार चन्द्रमा अरु उष्ण अरु दिनके करनहार सूर्य ये बिदित हैं ताको गोसाईंजी कहत कि शीत उष्ण अथवा दिन राति तिन कर करनहार चन्द्र सूर्यादि एकहू नहीं है यहि बातको निरधार कहे बिचार करिकै सांची बात जानिकै निरखहु कहे देखि लेउ तहाँ आकाश, वायु, अग्नि, जल, भूम्यादि सृष्टि में प्रथमही भये तहाँ जल पवन मिलि शीत है अग्नि पवन मिलि उष्ण है तहां ब्रह्मा ते मरीचि तिनके कश्यप तब सूर्य भये ते उष्ण करता कैसे भये भगवत् ने इन रूप अग्निमय बनायो है सो लोक अन्धकार में जहाँजहाँ सूर्य जात तहां अग्निमय रूपका प्रकाश होत जात सोई दिन है ताके कर्ता सूर्य कैसे भये तथा अत्रिमुनि के पुत्र चन्द्रमा ये भी पीछे भये तौ शीतकर कैसे भये इनको भगवत् शीतमय रूप बनायो है ताही की शीतलता हैं अन्धकार स्वाभाविक जहां रबि प्रकाश नहीं तहां रात्रि है ताके कर्ता चन्द्रमा कैसे हैं ताते कर्ता दोऊ नहीं एक कर्म बँधा है ताही ते सब कहत हैं ॥ ४० ॥

दोहा ॥

नहिं नैनन काहू लख्यो, धरत नाम सबकोय।
ताते सांचो है समुझु, झूठ कबहुँ नहिं होय ४१

दिन अरु उष्णकर ते सूर्यन को (पुनः) रात्रि अरु शीतकर ते चन्द्रमा को काहू ने नैननते देख्यो नहीं या समय करते हैं काहेते ज्येष्ठादिमास में दिनका चन्द्रमा वर्तमान रहत न रात्रि करिसकै न शीत अरु पौषादिक में प्रभात रबि वर्तमान काश्मीरादि देशन में महाशीत बनीरहत अरु कबहूं आंधी आदि ते ऐसा अन्धकार होत कि सूर्य भी नहीं देखात (यथा) उनइससे चालिस संवत् बैशाख में पांच दण्ड दिन चढ़े ऐसा भयाहै अरु शीतकर निशाकर नाम चन्द्रमा को (पुनः) उष्णकर दिनकर नाम सूर्यन को नाम सब कोऊ धरत हैं सोई सुनि सब मानिलेत ताहींते सांचो है कबहूं झूंठ नहीं होत ऐसा समुझु कैसे (यथा) दिग्भ्रम भये पूर्बको पच्छू देखात तैसे सब लोकरचना को लोग मानेहैं अरु सब कर्तव्यता भगवत् स्वहस्त करी है और किसी को कुछ करने की सामर्थ्य नहीं है काहेते सब देवतन की शक्ति प्रवेश भई तबतक विराट्रूप न उठिसका जब भगवत् की शक्ति प्रवेश करी तब विराट् उठो ताते और सब भ्रममात्र है सबके कर्ता एक श्रीरघुनाथजी को मानना चाहिये (यथा) "सबकर परम प्रकाशक जोई। राम अनादि अवधपति सोई"॥ सो आगे चवालिस के दोहा में कहैंगे॥ ४१॥

दोहा॥

वेद कहत सबको विदित, तुलसी अमिय स्वभाव।
करतपान अपिरुज हरत, अविरलअमलप्रभाव ४२
गन्धशीत अपिउष्णता, सबहि विदित जगजान।
महिवनअनलसोअनिलगत, बिन देखे परमान ४३

गोसाईंजी कहत कि; अमिय जो अमृत ताको स्वभाव बेदहू कहत अरु सबको बिदित है सब जानत है कि पान करत अर्थात् अमृत पीवतही जरा मृत्यु आदि सब रुज कहे रोग ताको अपि कहे निश्चय करिकै हरत भाव अमर करिदेत ऐसा अमल कहे जामें कोई दूषणादि मल नहीं सो प्रभाव अबिरल कहे सदा एक रस सो बना रहै सोऊ हरिइच्छा अनुकूल है (यथा) लङ्का में अमृत बरषे पर भालु कपि जिये निशाचर नहीं जिये ४२ महि कहे भूमि तामें गन्ध है बन कहे जल तामें शीत कहे शीतलता है अनल अग्नि तामें उष्ण कहे गरमी है इत्यादि वार्ता अपि कहे निश्चय करिकै सबही को बिदित सब जग जानत है (पुनः) जो महीमें गन्ध है जल में शीतलता है अग्नि में उष्णता है सो सब अनिल जो है पवन तामें गत कहे व्यास होत है (यथा) गन्ध मिले पवन गन्धित ह्वैजात शीत मिले शीतल होत उष्णता मिले पवन गरम ह्वै जात तैसे भूमि अग्नि में तपे तप्त होत शीत मिले शीतल होत तथा जल अग्नि में मिले तप्त होत इत्यादि निश्चय एकहू नहीं बिना देखे बिना सांचा हाल जाने सब परमान कहे सांच माने हैं तहां ये सब जड़ हैं तामें गन्ध शीतल उष्णतादि करिवेकी गति नहीं है इनकी चैतन्यता आगे है॥४३॥

दोहा॥

इनमहँ चेतन अमलअल, बिलखत तुलसीदास।
सोपद गुरुउपदेश सुनि, सहज होत परकास ४४
यहि बिधि ते बरबोध यह, गुरुप्रसाद कोउ पाव।
हैते अल तिहुँकाल महँ, तुलसी सहज प्रभाव ४५

आकाश, पवन, अग्नि, जल, भूमि ये सब जड़ हैं (पुनः) परस्पर विरोधी हैं (यथा) अग्नि जल (पुनः) एकमें दूसरा मिले मलिन ह्वैजात (यथा) जल में मट्टी (पुनः) इनहिन ते लोक चराचर की रचना है तिन देहन में चैतन्यता है अरु अमलता अरु समर्थता है सो काहे ते है सो गोसाईंजी कहत कि इनमहँ इनके विषे अन्तरात्मा चैतन्यरूप अमल अरु अलकहे परिपूर्ण (पुनः) समर्थ है ताही के प्रभावते देहनमें चैतन्यता अमलता समर्थता है ता रूपके बिना जाने सब देहधारी बिलखत कहे दुःखित हैं अथवा सब नहीं देखत जे भगवद्दास हैं ते बि कहे बिशेषि लखत कहे देखत हैं काहेते भगवद्दास बिशेषि देखत कि गुरुकी शरणागत है ताते सोई पद स्वरूपकी पहिंचान श्रीगुरुके उपदेशते सहजही प्रकाश होतहै अर्थात् अन्तरात्मा सो शब्दादि विषय कामादि विकार में भूला है ताते दुःखित गुरुने कृपाकरि लखाय दियो ताको जानि आनन्द ह्वैगयो ४४ जो पूर्व कहि आये हैं यहिविधि ते वरबोध श्रेष्ठबोध आपने सहज आनन्दरूप की पहिंचान सो गुरु के प्रसाद कहे कृपा ते कोऊ एक पावत है काहेते ये सब आशभरोसा छांड़ि एक भगवत् की शरण गहे तब सुखी होइ ताको गोसाईंजी कहत कि, ता चैतन्यरूपको प्रभाव सहजही सुखद बनारहत ताते वे सज्जन तीनिहूं काल में अल कहे समर्थ बनेरहत ताते बिषय में नहीं परते हैं॥ ४५॥

दोहा॥

काकसुता सुत वा सुता, मिलत जननिपितु धाय।
आदिमध्य अवसानगत, चेतन सहजस्वभाय ४६
समता स्वारथ हीन ते, होत सुबिशद बिबेक।

तुलसी यह तिनहीं फबे, जिनहिं अनेकन एक ४७

काकसुता कोयलको कहत काहेते जहां कौवा अण्डा धरत वाके अण्डा गिराय कैली आपने अण्डा धरिदेति कौवा आपने जानि सेवत जब पंख जामें तब कौवा को त्यागि आपने माता पिता के ढिग चलेगये याहीते काकसुता कहावत ताको कहत कि काकसुता जो कोयल ताको सुत कहे पुत्र व पुत्री जब सयान भये पक्ष जामें पर उड़े तब काकको त्यागि आपनी माता पिता को धायकै मिलत हैं इहां काक बिषय बच्चाजीव बिबेक पक्ष जामें पर बिषय त्यागि कोयलरूप ईश्वर को धाय मिलत हैं ताते आदि मध्य अवसान कहे अन्त तीनिहूं काल में सहज स्वभाव चैतन्यरूप भगवत् अंश चराचरमें गत कहे व्याप्त है जबतक बिबेक नहीं तबैतक बिषय के बश है ४६ स्वारथ कहे लोक सुख के जो अङ्ग हैं (यथा) सुन्दरी बनिता १ अतरआदि सुगन्ध २ सुन्दर बसन ३ भूषण ४ गानतान ५ ताम्बूल ६ उत्तम भोजन ७ गजादि बाहन इत्यष्टौ अङ्ग लोकसुख के हैं सोई स्वारथ है तेहिते हीन कहे जब बिषय आश ते बिरक्त होइ तब समता आवै है अर्थात् शत्रु मित्रभाव त्यागि एकदृष्टि सबको देखत तब बिशद कहे उज्ज्वल बिबेक कहे सारासार को बिचार आवत ताको गोसाईंजी कहत कि यह असार लोक सुखको त्यागि सार हरिशरणागती सो तिनहीं को फबै कहे शोभित होइ जिन्हें अनेक आशभरोसा नहीं है एक श्रीरघुनाथही जी को आशभरोसा है तिनहीं को बिबेक शोभित है ॥ ४७ ॥

दोहा ॥

सब स्वारथ स्वारथ रटत, तुलसी घटत न एक ।

ज्ञानरहित अज्ञान रत, कठिन कुमनकर टेक ४८

अरु जे लोकही सुखमें रत हैं तिनको कहत कि सब स्वारथ स्वारथ रटत भाव हमको नीकि बनिता मिलै हमारे पुत्र धन धाम भोजन बसन वाहनादि अच्छे होवें इत्यादि स्वारथ को सब जग दिन रात्रि रटत ताको गोसाईंजी कहत कि सब स्वारथ की कौन कहै घटत न एक एकहू मनोरथ नहीं पूरा होत काहेते संसार असार को त्यागि सार हरिरूप को ग्रहण ऐसा जो ज्ञान तेहिते रहित अरु अज्ञान में रत कहे विषयासक्त हैं ताते कुमन की कठिन टेक है भाव हठकरि कुमार्गही में मन रहत ताते अशुभ कर्म करत ताको फल दुःख है तामें सुखद मनोरथ कैसे होइ (यथा भविष्योत्तरे) "गमिष्यन्ति दुराचारा निरये नात्र संशयः। कथं सुखम्भवेद्देवि रामनामबहिर्मुखे" ॥ ४८ ॥

दोहा ॥

स्वारथ सो जानहु सदा, जासों बिपति नशाय।
तुलसी गुरुउपदेश बिन, सो किमि जानोजाय ४९
कारज स्वारथ हित करै, कारण करै न होय।
मनवा ऊख विशेष ते, तुलसी समुझहु सोय ५०

स्त्री, पुत्र, धन, धाम, भोजन, वसन, वाहनादि ये सब स्वार्थ झूठे हैं सांचे सुखद नहीं हैं काहेते ये सब बनेरहत अरु जीवकी विपत्ति नहीं नशात अरु अन्तकाल एकहू साथ नहीं जात (यथा भागवते) "रायः कलत्रं पशवः सुतादयो गृहा मही कुञ्जरकोपभूतयः। सर्वेर्थकामाः क्षणभंगुरायुषः कुर्वन्ति मर्त्यस्य कियत्प्रियंचलाः" ॥ अरु सांचो स्वारथ सो जानो जासों जीवकी विपत्ति नाश होइ

अरु लोक परलोक में सदा बनारहै सो कौन वस्तु है (यथा) " स्वारथ सकलजीवकरु एहू । सकलसुकृतफलरामसनेहू "॥ (वाल्मीकीये) " सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम "॥ ताते जीवको स्वारथ श्रीरघुनाथ जीकी शरणागती है ताको गोसाईंजी कहत कि बिना गुरु के उपदेश कौन भांतिते जानी जाय ताते गुरु की शरण हो सत्संग में मन लगाव तब याकी मार्ग जानौगे ४६ स्वादिष्ठ भोजन विचित्र बसनादि स्वारथ है ताके प्राप्तिहेत कारज तौ करै अर्थात् शक्कर घृत मैदादि होइ तौ पकवान बनाइ भोजन करि अथवा चिकन मलमल तंजेबादि होइ तौ अच्छे बस्त्र वनाय पहिरी इत्यादि कारज करेते एकहू नहीं होत काहेते इन कारज होने के कारण तौ करे नहीं जाते कारज होइ सो कौन कारण है ताको गोसाईं जी कहत कि मनवा अरु ऊखते कारण बिशेषि है सोई समुझौ तहां भोजन बस्त्र मुख्य स्वारथ है तहां मनवा सब बस्त्रन को कारण है अरु ऊख सब मिठाई को कारण है तथा हरिसनेह युत सुकृति जीव के सुखको कारण है तहां ज्ञानमय हरिसनेह निरस सो मनवा है भक्तिमार्ग सरस सो ऊख है तिन दोऊके बोइबेको प्रथम खेत चाहिये सो सुमति है सत्संग बीज है उपदेश अंकुर है इहांतक दोऊ को एक क्रम है अब मनवा ज्ञान यथा यम नियमादि निरावना है निवृत्ति उपजना है वैराग्य खेत से रुई बीनना है बिवेक ओटनाहै दम धुनकना है शम कातना है (पुनः) उपराम वैनब है तितिक्षा नरी फेरना है श्रद्धा ताना तनब है (पुनः) समाधान बीनबहै मुमुक्षुता बस्त्रको धोवनाहै तब ज्ञानरूप बस्त्रको हरिसनेहरूप दरजी सीकै मुक्तिरूप बस्त्र जीवको पहिरावै इत्यादि

कारण तौ नहीं करत मुक्ति स्वारथ हेत ज्ञान कार्य चाहकी विना साधन किहे स्वाभाविक ज्ञान होइ मुक्तिपाई सो कैसे होइ (पुनः) भक्ति ऊख यथा उपदेश अंकुर ताको प्रथम लिखा है दीनता पांसि है श्रवण सींचना है सुधर्म ऊखको उपजना है बैराग्य कोल्हू में पेरे विषय सोई त्यागि हरिसनेह रस ग्रहण बिरह अग्नि में औटे सनेह गाढ़ परो सोई राब है स्मरण सोई राब को बांधना है ताते अचल सनेह घोवा है अर्चन बिछौवा में कीर्तन सेवार दीने ते हरि में लगनरूप पछनी भई (पुनः) दास्यता खासमें करि सेवनरूप बांधेते हरिमें आसक्तिरूप शुद्ध पछनी भई (पुनः) सख्य हरि बिश्वासरूप पाटा में आत्मनिवेदनरूप मलेते हरि अनुरागरूप शक्कर भई (पुनः) प्रेमरूप जलमें घोरि बिरहाग्नि औटे ते शुद्ध हरिमें प्रीतिरूप जलाव भयो भगवत् उत्सवरूप अनेक पकवान हैं आनन्दरूप स्वाद है इत्यादि कारण विना कीन्हे हरिप्राप्तिरूप स्वारथ हेत भक्तिकार्य चाहत कि भक्ति होय भगवत् को प्राप्त ह्वैजाय सो कैसे होय ॥ ५० ॥

दोहा ॥

कारण कारज जान तो, सब काहू परमान।
तुलसी कारण कार जो, सोतैं अपर न आन ५१
बिन करता कारज नहीं, जानत है सब कोइ।
गुरुमुखश्रवण सुनत नहीं, प्राप्तिकवनबिधिहोइ ५२

मनवा सब बस्त्रनको कारण अरु ऊख सब मिठाईको कारण इत्यादि तो लोकमें प्रसिद्धही प्रमाण है अरु वेद पुराणादि सुनेते सब काहूको परमान है ताते गोसाईंजी कहत कि कारण कहे ज्ञान

भक्तिके साधन (यथा) मनवा ऊखको बोवन (पुनः) कारज ज्ञान भक्ति (यथा) कपरा मिठाई इत्यादि को करनहार किसान तैं कहे तोही है अपर और आन कहे दूसरा नहीं है काहेते कारण कारज सब कर्ता के अधीन है ताते जैसे शुभाशुभकर्म करैगो तैसे दुःख सुख भोगैगो ५१ मुक्ति स्वारथको कारज जो भक्ति सो बिना कर्ता के कीन्हे नहीं होत (यथा) ध्रुव बाल्यावस्था ते सब त्यागि भक्ति करे प्रह्लाद अनेक दुःख सहि भक्ति करे इत्यादि अनेकन भये अब हैं आगे होइँगे सो सब कोई जानत यह छिपी बात नहीं है सो जानिके विषयमें रतरहत अरु गुरुमुखते उपदेश बचन श्रवण कहे काननते सुनतही नहीं तो साधन कौन करे? जाते ज्ञान भक्ति होय सोतौ है नहीं तो मुक्ति कौन बिधिते प्राप्त होय ॥ ५२ ॥

दोहा ॥

करता कारण कारजहु, तुलसी गुरु परमान।
लोपत करता मोहबश, ऐसो अबुध मलान ५३
अनिल सलिल बिनियोगते, यथा बीचि बहु होय।
करत करावत नहिं कछुक, करताकारणसोय ५४

कर्ता जो करनेवाला अरु कारण कहे साधन को करना कार्य कहे पदार्थ की सिद्धि इत्यादि गुरुके मुखते उपदेश सुनि कारण में परिश्रम करै तौ कारज पूरा होत यह बात लोक वेद दोऊ भांति ते प्रमाण है सब जानत हैं सो गोसाईंजी कहत कि ऐसो अबुध कहे निर्बुद्धि मलान कहे पापकर्मन में रत मोहबश ते सब लोपत भाव गुरुते उपदेश सुनतै नाहीं तौ कारण जो साधन तिनको कौन करै जाते ज्ञान भक्ति आदि कारज सिद्ध होइ जाते मुक्त होइ इत्यादि रहित बिषयमें रत ताते बन्धनमें परे हैं ५३ कोऊ

संदेह करै कि जो कर्ता के श्रद्धा नहीं तौ सतसंगते क्या होयगा क्या साधु गुरू क्या बरबस भक्ति करावैंगे तापै कहत कि नहीं सन्तनकी संगति को कारण पाय कर्ता आपही भक्ति करैलागत कौनभांति (यथा) अनिल जो पवन सलिल जो जल बिबि जो दोऊ के योग पाये अर्थात् जल में पवन लागे ते (यथा) बीची जो लहरी बहुती उठती हैं सो न तौ जल आपु ते लहरी करै अरु न पवन जलसों करावे पवन कारण पाय जलमें आपही लहरी उठती हैं सोई भांति कर्ता के श्रद्धा नहीं है अरु न सन्तजन बरबस करावै सत्संग कारण पाय उनकी रीति रहस्य देखि कर्ता आपही भक्ति की राह पकरत यह सत्संग को प्रभाव है (यथा) शठ सुधरहिं सतसंगति पाई । पारस परसि कुधातु सुहाई (अध्यात्म्ये परशुरामवाक्यम् श्रीरामंप्रति) "यावत्त्वत्पादभक्तानां संगसौख्यं न विन्दति । तावत्संसारदुःखौघान्न निवर्तेन्नरः सदा" ॥५४॥

दोहा ॥

क्षेम धरण कर्तार कर, तुलसी पति परधाम ।
सोबरतर तासम न कोउ, सब बिधि पूरण काम ५५

सत्संग काहे को करै भक्ति किहे का होत तापै गोसाईंजी कहत कि कर्तार कर्ता जीव ताकर क्षेम धरण कहे कुशल धारणता जीव को तबै है जब पति जो श्रीरघुनाथजी तिनको परधाम जो साकेतलोक तहां की प्राप्ति जब होइ तबै जीवकी कुशल जानिये काहे ते जिनको परधाम प्राप्त है ऐसे जे भक्त तिनका भक्ति के प्रभावते सब निद्धि सिद्धि ज्ञानादि सब गुण मुक्ति आदि सब सुख स्वाभाविक प्राप्त रहत ताते सबबिधि ते पूरणकाम रहत काहू बातकी कांक्षा नहीं रहत ताते सो श्रीरामभक्त कैसे हैं बरतर कहे श्रेष्ठन में

श्रेष्ठ हैं काहेते ताकी समान दूसरा कोऊ नहीं भाव सबके भक्तनते श्रीरामभक्त श्रेष्ठ हैं (यथा शिवसंहितायां) " इन्द्रादिदेवभक्तेभ्यो ब्रह्मभक्तोऽधिको गुणैः। शिवभक्ताधिको विष्णुर्भक्तः शास्त्रेषु गीयते॥ सर्वेभ्यो विष्णुभक्तेभ्यो रामभक्तो विशिष्यते। रामादन्यः परोध्येयो नास्तीति जगतां प्रभुः॥ तस्माद्रामस्य ये भक्तास्ते नमस्याः शुभार्थिभिः " ॥ ५५ ॥

दोहा ॥

कर्ता कारण सार पद, आवै अमल अभेद।
कर्मघटत अपि बढ़त है, तुलसी जानत बेद ५६
स्वेदज जौन प्रकार ते, आप करै कोउ नाहिं।
भये प्रकट तेहिके सुनौ, कौन बिलोकत ताहिं ५७

कर्ता अरु कारण अरु कार्य इत्यादि के बीच में कर्ता अरु कारण येई द्वैपद सारांश हैं काहेते जब कर्ताके श्रद्धा होइ तब सत्संगादि कारण के लगजाइ ताके प्रभावते मन हरि सम्मुख होइ तब श्रवण कीर्तन अर्चनादि साधन करे ते प्रेम उत्पन्न भयो ताते द्वैत-बुद्धि जो मल सो नाश भयो तब मन में अमल मलरहित अभेद बिबेक आवैगो तब शुद्धसनेहते भगवत् की प्राप्ति होइगी तैसेही जब कर्ता बिषयिन के संगमें बैठो तिनकी रीति रहस्य देखि पूरुब की कुछ शुद्धता रहै सोऊ नाशभई मन बिषयमें लागो पापकर्म बढ़े ते नरक चौरासी प्राप्त भई सो गोसाईंजी कहत कि संगति कारण पाइ अपि कहे निश्चय कर्म घटत अरु बढ़त ताते कर्मसार नहीं है कर्ता कारण सार है यह बेद जानत सो कहत (यथा) " सन्तसंग अपवर्गकर, कामी भवकर पन्थ " ॥ इत्यादि ५६ ॥

कारण पाय कर्म आपही प्रकटत कौन प्रकार जौनप्रकारते स्वेदज कहे जुवाँ लीख चिलुवादिकन को माता पितादि कोऊ पैदा नहीं करत वासन में पसीना कारण पाय जुवाँ लीख आपही पैदा होत तथा कपरन में पसीना कारण पाय चिलुवा आपही पैदा होत तथा वर्षा पाय भूमि में जल कारण पाय अनेक जीव आपही पैदा होत तिन जीवनको हाल सुनौ कि ताहि पैदा होते कौन विलोकत कहे देखत है कि या साइति पर ये जुवाँदि जीव पैदा भये (यथा) कारण पाय आपहीते ये सब जीव पैदा होते हैं तैसे कारण पायकर ताते शुभाशुभ कर्म पैदा होते हैं याते हरि अनुकूल को ग्रहण प्रतिकूलको त्यागा चाहिये ॥ ५७ ॥

दोहा ॥

भये विषमता कर्म महँ, समता किये न होय।
तुलसी समता समुझकर, सकलमानमदधोय ५८

जो हरि अनुकूलको त्यागकरि प्रतिकूल ग्रहण करे तौ विषयी जीवनको कुसंग कारण पाय सुभाव कुमार्गी ह्वैगयो भाव कामवश परस्त्री में रत भये क्रोधवश परद्रोह करनेलगे लोभवश परधन हेत चोरी ठगी पाखण्डी करत मानमदवश निन्दक भये ईर्षावश परसंपत्ति देखि जरत इत्यादि विषमता राग द्वेषता कर्मन में भये ते (पुनः) समता कहे शुद्धता कर्म नहीं होत भाव जीव कुमार्गी ह्वैगये सुमार्गी कीन्हेते नहीं होत ताते गोसाईंजी कहत कि दुखद समुझि काम, क्रोध, लोभ, मोह, मान, मदादि सकल प्रकार की विषमता धोय कहे त्यागि (पुनः) सुखद समुझि जीवमें समता करु भाव राग द्वेष त्यागि एकरस ह्वै हरिभक्ति की मारग धरु ॥ ५८ ॥

दोहा ॥

समहितसहितसमस्तजग, सुहृद जान सबकाहु ।
तुलसी यह मत धारुउर, दिनप्रतिअतिसुखलाहु ५९
यह मनमहँनिश्चय धरहु, है कोउ अपर न आन ।
कासन करत बिरोध हठि, तुलसी समुझप्रमान ६०

अनहित छांड़ि हित सहित शुद्ध स्वभाव सम कहे एक रस दृष्टिते समस्त जगमें चराचर सबकाहू को सुहृद कहे मित्र करिकै जानु भाव सबमें व्याप्त भगवत्‌रूप जानि काहूसों बैर न करु सहज सुभावते हितमानि सबसों सुहृदभाव राखु अरु भगवत् में सनेह करु इति बेदको सिद्धान्त यह जो मत है ताको गोसाईंजी कहत कि उरमें धारु तौ प्रतिदिन तोको अत्यन्त सुख लाभ होइगो भाव ज्यों ज्यों बिषयको त्याग त्यों त्यों हरिसनेहकी बृद्धि सोई प्रतिदिन सुखको अधिकलाभ ५९ जो पूर्बके दोहा में कहे कि समभावते हितसहित सबको मित्रकरि जानु यह बात कौनेहेत कहे ताको कहत कि आपने जीवके सुख हेत जौने प्रभुको भजतहौ सोई प्रभु सबघट व्याप्त है जो यह बात मनमें निश्चय करि धरहु तौ अपर कहे और कोऊ आन कहे दूसरा नहीं है अरु जो वही प्रभु सबमें है तौ हठि करिकै कासों बिरोध करत तहां हठि करि यासे कहे कि जो आपु बिरोध न करै तौ वाको बिरोधी कोऊ नहीं तातें बिरोध को करनहार आपही है सो सर्बत्र व्याप्त हरिरूप यह बेदप्रमाण है ताको समुझि गोसाईंजी कहत कि काहूसों बिरोध न करु ॥ ६० ॥

दोहा ॥

महिजलअनलसोअनिलनभ, तहां प्रकट तवरूप ।

जानिजाय बरबोधते, अतिशुभअमलअनूप ६१
जो पै आकस्मात ते, उपजै बुद्धि बिशाल।
ना तौ अतिछलहीन ह्वै, गुरुसेवन कछु काल ६२

जो कहे कि दूसरा नहीं है ताको प्रसिद्ध देखावत कि महि जो पृथ्वी जल अनल कहे अग्नि अनिल कहे पवन नभ कहे आकाश इनहीं पांचौ तत्त्वनसों सब ब्रह्माण्ड और शरीरनकी रचना है तहां ताही देह में तव कहे तेरा रूप जीवात्मा प्रकट है भाव सब जानत है (यथा गीतायां) "देही नित्यमवध्योऽयं देहे सर्वस्य भारत" (पुनः) "ईश्वर अंश जीव अबिनाशी। सत-चेतन घन आनँदराशी॥ सो मायावश भयो गोसाईं। बँध्यो कीर मर्कट की नाईं"॥ सोई अनूप कहे उपमारहित अमल कहे विकार-रूप मलरहित अतिशुभ कहे सदा मङ्गलमूर्ति सोई मायारूप मदपान करि आपनो रूप भूलि गयो सोई जब बर कहे श्रेष्ठबोध अर्थात् सारासार विवेकबुद्धि में आवे तब आपनो रूप जानोजाय ताते पञ्चतत्त्वमय देह सबही की तामें जीवात्मा सब में एक भगवत् को अंश है तामें दूसरा कौन है जासों विरोध करत ६१ सो बोधबुद्धि कैसे होइ सो कहत कि कथा श्रवणते व शास्त्र अवलोकनते व सत्संगते व आकस्मात् ते बिशाल कहे बड़ी बुद्धि उपजै तौ गुरु सों उपदेश लैके निवृत्ति मार्ग गहु कुछकाल में बोध होइगो ऐसा न होइ तौ अति छलहीन सब छल छांड़ि प्रेमसहित कुछ काल प्रथम श्रीगुरुपद सेवन करो तिनकी कृपाते बोध ह्वै जाइगो॥ ६२॥

दोहा॥

कारज युग जानहु हिये, नित्य अनित्य समान।

गुरुगमते देखत सुजन, कह तुलसी परमान ६३

कौन बस्तुको बोध होयगो ताको कहत कि एक नित्य कार्य एक अनित्य कार्य इत्यादि युग कहे दोऊ समान हैं ताको न्यूनाधिक बिलगात नहीं कौनभांति (यथा) ज्वरपीड़ित को चिरायता गुर्चादि दवा ताको जानत कि याही के पीनेते आराम होउँगो परन्तु करू स्वाद है (पुनः) दूध दही शक्करादि मिठाई पूरी आदि पकवान तिनको जानत कि इनके खानेते मरिजाउँगो परन्तु मीठी स्वाद है सो बिना बिचारे दोऊ समान हैं अर्थात् रोगनाशहेतु दवा करत स्वादहेतु कुपथ भोजन करत ताही भांति भवरोगपीड़ित जीवको प्रवृत्तमार्ग (यथा) स्त्री पुत्र धन धाम भोजन बसन बाहनादि देह सुखहेत बिषयकृत यावत् कार्य हैं सोई अनित्य भवरोगी के कुपथ हैं अरु निबृत्तमार्ग (यथा) सत्संग श्रवण कीर्त्तन अर्चन बन्दन आत्मनिवेदनादि परलोक सुख चाहके यावत् व्यापार हैं सो नित्य कार्य हैं सोई भवरोगकी औषध है ताको बिचार करिकै हिय में जानि लेहु भाव बिषय कुपथ में देह जीभही को स्वाद है अन्त दुखद है ताते याको त्यागना चाहिये अरु परमार्थ दवाकी स्वाद तौ करू है परन्तु अन्त सुखद है ताते याको ग्रहण कीन चाहिये ऐसा हिये में जानौ सो कौनभांति ते जानो जाय ताको गोसाईंजी कहत कि जिन को श्रीगुरुकृपा उपदेशते बिबेकादि नेत्रनसों देखनेकी गमहै ऐसे जे सुजन हैं ते देखतहैं इति बेद पुराण में प्रमाण है ॥ ६३ ॥

दोहा ॥

महिमयंक अहनाथ को, आदि ज्ञान भवभेद।
ता बिधि तेई जीवकहँ, होत समुझ बिनखेद ६४

परोफेर निज कर्ममहँ, भ्रमभवको यह हेत।
तुलसी कहत सुजन सुनहु, चेतन समुझ अचेत ६५

मोह अन्धकार में कौनभांतिते देखत ताको कहत कि जाभांति महि कहे पृथ्वीविषे स्वाभाविक अन्धकारहै कोऊ कछु देखि नहीं सकत तहां मयङ्क जो चन्द्रमा अरु अह कहे दिन ताके नाथ सूर्य इन दोउनको प्रकाश पाय आदि कहे प्रथम याहीते सबको ज्ञान भव कहे उत्पन्न होत ताते बन, सरिता, पहार, मार्ग, श्याम, श्वेतादि भेद विना परिश्रमही जानोजात ताहीभांति ते मोहान्धकार में इहि जीव कहँ भक्तिज्ञान उदयभयेते विवेक प्रकाश पाय बुद्धि ज्ञान नेत्रनसों सब देखत (यथा) संसार बनमें कामादि व्याघ्रादि हैं भव सरिता है जाति विद्या महत्त्वरूप यौवनादि पहार है प्रवृत्ति निवृत्तिमार्ग है कुसंग श्याम है सत्संग श्वेत है इत्यादि भेद स्वाभाविक देखातहै ताते जबतक बुद्धि में समुझ नहीं आवत तबैतक मोहान्धकार में जीवको खेद कहे दुःख है ६४ निज कहे आपने कीन्हे कर्मन में फेरपरो सो यही भ्रम को अरु भवसागर जाने को हेतु कहे कारण होतहै कैसे (यथा) राजा नृग सत्कर्मही करत रहे तामें फेरपरो कि एक गऊ द्वै ब्राह्मणनको संकल्पि दियो सोई भ्रम को हेतु भयो कि ब्राह्मण के शाप ते बहुत काल गिरगिटह्वै रहने को परा (पुनः) सतीजी को फेरपरो सो रामायण ते प्रसिद्ध है (पुनः) भानुप्रताप को फेरपरो ताको भवसागर जानेको हेतु भयो भाव राक्षस भये तथा अनेक हैं ताको गोसाईंजी कहत कि हे सुजन! सुनहु कि कर्मनके आश्रित रहनेसों फेर परिगये पर चेतनजन अचेत ह्वैजात ताते कर्मनमें बाधा समुझि शुभाशुभ कर्म त्यागि शुद्ध शरणागती के आश्रित ह्वै निरन्तर प्रेम समेत

श्रीरघुनाथजीको स्मरण करौ (यथा) "त्यागत कर्म शुभाशुभ दायक । भजत मोहिं सुरनर मुनिनायक (पुनः महारामायणे) "अन्ये विहाय सकलं सदसच्च कार्यं श्रीरामपङ्कजपदं सततं स्मरन्ति । श्रीरामनामरसनां प्रपठन्ति भक्त्या प्रेम्णा च गद्गदगिरोऽप्यथ हृष्टलोमाः" ॥ सो प्रभुकी शरणागती कैसी है जामें काहू भांतिकी बाधा नहीं व्यापत यथा प्रह्लाद अंबरीषादि अनेक भक्तन को चरित अरु भक्ति को प्रताप प्रसिद्ध है (यथा) जिमि हरि शरण न एकहु बाधा (पुनः वाल्मीकीये) "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम" (पुनः नारदीयपुराणे) "श्रीरामस्मरणाच्छीघ्रं समस्तक्लेशसंक्षयः । भक्तिं प्रयाति विप्रेन्द्र तस्य विघ्नो न बाधते" (रामरक्षायाम्) पातालभूतलव्योमचारिणश्छद्मचारिणः । न द्रष्टुमपि शक्तास्ते रक्षितं रामनामभिः" ॥ ६५ ॥

दोहा ॥

नामकार दूषण नहीं, तुलसी किये विचार ।
कर्मन की घटना समुझि, ऐसे बरण उचार ६६

जा भांति कर्मनमें फेर परि बाधा होत ताके निवारण का उपाय कहत तहां कर्म तीनिभांति ते होत एक मनते एक तनते एक बचन ते (यथा) बेदआज्ञा ते धर्म कर्म दानादि गुप्तकरत वाको फल हरिअर्पण करत सो शुद्धसतोगुणी कर्म मानसिक है यामें बाधा नहीं लागत (पुनः) जिनको फल की कांक्षा है अरु नाम होनो नहीं चाहत ते धर्म, कर्म, दानादि, श्रद्धाशक्ति अनुकूल प्रसिद्ध धर्म, कर्म, दानादि करत बचन काहूको नहीं देत सो रजो सतोगुणमिश्रित कायिक कर्म है यामें श्रद्धामात्र बाधा

है ज़्यादा नहीं (पुनः) जिनके फल की कांक्षा थोरी अरु नाम होनो बहुत चाहत ते श्रद्धाशक्ति ते बाहर धर्म कर्म दानादि करत काहेते वचनदान विशेष देत ताहीते बाधा होत काहेते ये आपने नाम की बड़ाई बहुत चाहत ताते नामकार कहे जगमें नामकरना सोई दूषण है काहे ते गोसाईंजी कहत कि ये विचार नहीं कीन्हे कि अब जो करते हैं तामें पीछे क्या होयगा ? यह विना विचारे नाम बढ़ावने के मानते वचनदान दै दीन्हे पीछे जब संकट परा तब पछिताने (यथा) दशरथ महाराज वर दैकै पीछे पछिताने इत्यादि आगे पीछे को विचार करि पहिलेही मनमें समुझिकै तब ऐसे वरण कहे अक्षर अर्थात् वचन उचारण करै (भाव) वचनदान देवै जामें पीछे कर्मनकी घटती न होवै जामें संकटपरै ऐसा विचारि करै ताको बाधा न होय ॥ ६६ ॥

दोहा ॥

सुजनकुजनमहिगतयथा, तथाभानु शशिमाहिं ।
तुलसी जानतही सुखी, होतसमुभविननाहिं ६७

विना विचारे काहूको वचनदान कबहूं न देय यह पूर्व कहि आये ताको कारण कहत (यथा) सुजन कहे साधु जन अरु कुजन कहे दुष्टजन महि कहे भूमि अर्थात् स्थान गत कहे प्राप्त (भाव) सुजन कुजन एकस्थान में प्राप्तभये ते दुष्ट आपनी दुष्टता ते साधुन की साधुता क्षीण करिदेते हैं काहेते दुष्टता प्रबल होत ताते यथा कहे जौनी प्रकार ते दुष्टनको संग पाय सुजन क्षीण होत तथा कहे ताही प्रकार भानु जो सूर्य ते चन्द्रमा माहिं गये अर्थात् एकराशि में प्राप्त भये चन्द्रमा क्षीण ह्वैजात तहां अमावस को चन्द्रमा सूर्य एक राशिपर आवत तब चन्द्रमा क्षीण ह्वैजात

(पुनः) द्वितीया ते ज्यों ज्यों दूर होतजात तैसे बढ़तजात पूर्णिमा को सतयें स्थान में जात तब विशेष संग छूटत काहेते जब सूर्य अस्त होत तब चन्द्रमा उदय होत ताते पूर्ण रहत तैसे दुष्टनको संग त्यागे सुजन प्रसन्न रहत यह जानतही सुजन सुखी होत सो गोसाईंजी कहत कि दुष्टन को संग दुःखद जानि त्यागे रहत तबै सुजन सुखी रहत अरु बिना समुझे जे संग किहे रहत ते सुखी नहीं रहत ताते दुष्टनको संगही दुःखद है जो उनको बचन दान दीन्हे तौ आपनको घातक बनाये (यथा) शिवजी भस्मासुर को बरदानदै आपनो काल बनाये ॥ ६७ ॥

दोहा ॥

मातुतात भवरीतिजिमि, तिमितुलसी गतितोरि।
मात न तात न जानतव, है तेहि समुझ बहोरि ६८

मातु माता तात पिता तिन दोऊकरि भवनाम उत्पन्न पुत्रादि होत अर्थात् दोऊ को योगपाय पिता को अंश बीज माता के उदर में जाय रज में मिलि पिण्ड ह्वै पुत्रादि भयो तहां कहने को तीनि हैं समुझे पर एकही है काहे ते पुरुष की इच्छा ते स्त्री है सोभी अर्द्धाङ्गहै तौ दूसरी कैसे भई तिनते पुत्र भयो सोऊ वही है ताते न माता न पिता न पुत्र भूलमात्रते तीनि हैं जिमि यह रीति है तिमि जीव सो गोसाईं कहत कि तेरी भी ऐसीही गति है अर्थात् ईश्वर मायायोग ते जीव भयो (यथा) माया ईश्वर की इच्छाशक्ति भई सो त्रिगुणात्मक है सो माया कारण कार्य द्वैरूप है तहां ईश्वर अंश आत्मबीजवत् कारण रूप रज में मिलि आत्मदृष्टि भूलि जीव भयो देहादि में अपनपौ मान्यो अरु कार्य रूप माया ने देहेन्द्रिय मन प्राण विमोहित करि हरिमुख भुलाइ

आपने सुखमें लगायो तावश कर्म करत सो पूर्वकृत जन्य संस्कार ते वासना प्रकृति वसन ये कर्म शुभाशुभ में बद्ध भयो तहां ईश्वर पिता सदैव है मातु कारण पाय तात नाम पुत्र भयो (भाव) मायाते जीव ताको कहत कि मात न तात न जानु माता पुत्र न जानु केवल पिता जानु (भाव) माया जीव न मानु केवल ईश्वरहीमय सबको जानु ऐसा जो जानै तब तेहि जीवको बहोरि समुझ जाना चाहिये (भाव) जीवको जब ज्ञान होत तब पूर्वरूप जानत सोई समुझ है ॥ ६८ ॥

दोहा ॥

सर्व सकल तैंहै सदा, विश्लेपित सब ठौर ।
तुलसी जानहिं सुहृद ये, तेअतिमति शिरमौर ६९
अलंकार घटना कनक, रूपनाम गुण तीन ।
तुलसी रामप्रसाद ते, परखहिं परम प्रवीन ७०

जब समुझ अर्थात् ज्ञान होय तब कौनीभांति ते जानै ताको कहत कि सबठौर सर्ववस्तु में एकरस सदा तैं व्याप्त है (पुनः) सकल वस्तुते विश्लेषित कहे विभाग अर्थात् सकल ते न्यारा है (भाव) तैं सबमें है अरु सबसों न्यारा है (यथा) जरी वसनादि में चांदी व्याप्त है फूंकि दीन्हे शुद्ध चांदी रहत तथा माया कृत पाञ्चभौतिक देहनमें आत्मा व्याप्त ज्ञानाग्नि करि दग्धभये शुद्ध आत्मा रहत सो आत्मतत्त्व सबमें एक ही है ऐसा जानि सबसों विरोध तजि सुहृद् कहे मित्र भाव सहजस्वभाव सबमें देखत तिनको गोसाईजी कहत कि वे कैसे हैं कि जे अतिमतिमान् हैं तिनमें शिरमौर हैं (भाव) अमल बुद्धिवालेन में श्रेष्ठ हैं ६९ अलंकार कहे भूषण अर्थात् कङ्कण, कुण्डल, कड़ा, माला आदि

अनेक भूषण बनत परन्तु कनक जो सोना तामें कुछ घटि नहीं गयो नाम सोना सोई है रूप शोभा सोई है गुण मोल सोई है इनतीनि में कुछ कम नहीं भयो तैसे माया कारण पाय देहन की रचना होत परन्तु आत्मतत्त्व में कुछ घटत नहीं सदा एकरस रहत ताको गोसाईंजी कहत कि जे भक्तजन कृपापात्र हैं तेई परखते हैं काहेते श्रीरघुनाथजीके प्रसाद कहे कृपाते सब तत्त्व जानबे में परमप्रबीण हैं तेई जानत और सब नहीं जानत (यथा) रत्नको पारखि जवाहिरी जानत ॥ ७० ॥

दोहा ॥

एक पदारथ बिबिध गुण, संज्ञा अगम अपार।
तुलसी सुगुरुप्रसाद ते, पाये पद निरधार ७१

पदार्थ एक यथा सोना तामें कारण पाय बिबिध प्रकारके गुण हैं (यथा) दान कीन्हें पुण्य कुमार्ग में लगायेते पाप वरक खानें सों पुष्ट मृगाङ्कादि रस बनाय खाने सों रुज हरत भूषणादि सों शोभा संचय कीन्हें मर्याद इत्यादि बहुत गुण हैं (पुनः) संज्ञा कहे नाम (यथा) अशरफ़ी कङ्कण कुण्डलादि नाम अगणित हैं काहूको गम्य नहीं कि भूषणादिकन को जानिसकै अरु गनिकै कोऊ पार नहीं पाइसकत ताते अपार हैं तिनमें बिचार करि जब निरधार करिये सब उपाधिमात्र है मुख्य एक सोनै है तैसे एक पदार्थ आत्मा माया उपाधि ते बिबिध गुण (यथा) सतोगुण करि क्षमा, शान्ति, करुणा, दयादि रजोगुणकरि तेज, प्रताप, बीरता, धीरता, स्वरूपतादि तमोगुण करि क्रोध, ईर्षा, मान, मद, हिंसादि बहुत हैं अरु संज्ञा तो अगम अपार चौरासीलक्ष योनि हैं तिनके नामनमें काकी गम्य है जो गनिकै पार पावै इत्यादि

जो मायाकृत व्यापार है ताहीमें सब भूलापरा है जो कोऊ जाना ताको गोसाईंजी कहत कि जिनपै सद्गुरुकी कृपा हैं तेई सद्गुरु के प्रसादते निरधारपद पाये (भाव) सो भिन्न करि आत्मा को रूप चीन्हि पाये कि सब मायाते उपाधिमात्र है विचारेते मुख्य एक आत्मा है सोई पद सुखरूप है ॥ ७१ ॥

दोहा ॥

गन्धन मूल उपाधि बहु, भूषण तन गणजान ।
शोभागुणतुलसीकहहिं,समुझहिंसुमतिनिधान७२

सोनारी बोली में गन्धन कहत सोना को ताते गन्धन जो सोना सोई मूल कहे जर है तामें सोनारी उपाधिकरि बहुत प्रकार के भूषणन के गण समूह तनमें भूषित होत तिनको जानो तहां भूषणसंज्ञा बारह हैं काहेते बारहस्थान तनमें हैं तहां एक एक स्थानपर बहुतभेद के भूषण होत याते बहुत भूषणनके गुण कहे (यथा) शीश में चूड़ामणि मांगफूल अर्द्ध चन्द्रादि माथमें टीका वेना बन्दी पटियादि श्रवण में तार्टंक कर्णफूलादि कण्ठमें कण्ठी पञ्चदामादि इत्यादि नासिका भुज कर मूल आंगुरी कटि पग घुटना अँगुरी आदिक सर्वाङ्ग भूषितभये ते द्युति, लावण्यता, स्वरूपता, सुन्दरता, रमणीकता, माधुरीआदि शोभा अरु मन मोहनादि गुण अनेक प्रकट होत ताही झूठे विभव में सब संसार भूला है तामें विचारेते सब उपाधिमात्र है मुख्य एक सोना है तैसे मूल एक आत्मा है माया उपाधि करि भूषणगणसम अनेक देहधारी विराट्तन में प्रसिद्ध देखात ताको जानो लोकमङ्गलादि शोभा रज सत तमादि अनेक गुण प्रसिद्ध ताही में सब भूले परे ताको गोसाईंजी कहत कि जे सुन्दरी मति के निधान कहे

सुबुद्धि के स्थान हैं ते समुझत कि सब संसार उपाधिमात्र है सबकी मूल आत्मा एकही है भूषण देह का नाश आत्मा सोना अविनाशी है ॥ ७२ ॥

दोहा ॥

जैसो जहां उपाधि तहँ, घटित पदारथ रूप।
तैसो तहां प्रभासमन, गुणगणसुमतिअनूप ७३
जान बस्तु अस्थिर सदा, मिटत मिटाये नाहि।
रूप नाम प्रकटत दुरत, समुझि बिलोकहु ताहि ७४

सोना आदि एक पदार्थ है तामें जहां स्वर्णकारी आदि जैसो उपाधिलगो तहां तैसोईरूप पदार्थको घटित भयो (यथा) भूषण पात्रादि अनन्त बस्तु बनत हैं जैसो जहां रूप भयो तैसोई तहां प्रभास कहे शोभा देखात तथा आत्मा माया उपाधि जहां जैसो भयो तहां तैसोई देव नर नाग पशु पक्षी कीटादिरूप घटित भयो तैसेही तामें शोभा देखात तहां भूषणादि मैल लागे ते मैले परत सो तपाये मैल जरिजात धोये मैल छूटिजात यही आत्मामें बिषय मैल है ज्ञान अग्नि है भक्ति जल है तहां कोऊ भूषण नग-जटित पाट में गुहे हैं ते फूंके नहीं जात वे मांजिकै धोये अमल होत तथा अम्बरीषादि गृहस्थाश्रमही में रहे हरिकैंकर्यता मज्जन भक्ति जल में धोय अमल भये इत्यादि के गुणनको यथार्थ मनमें गुणत कहे समुझत उनहींहैं जिनकी अनूप सुन्दरमतिहै (भाव) जे हरिकृपापात्र हैं तेई समुझते हैं ७३ क्या समुझनोहै ताको कहत कि बस्तु जो है आत्मरूप सोना ताको सदा एकरस स्थिर जानु काहेते वाकोरूप काहूके मिटाये कबहूं मिटत नहीं है सदा एकरस

रहत अरु वामें उपाधि ते देह भूषणादि ताके नाम देवता कुण्ड-
लादि होत सो कारण पाय प्रकटत (पुनः) काल पाय दुरतकहे
लोप होत (भाव) रूपनाम एकरस नहीं रहत अरु आत्मा सदा
एकरस रहत ऐसा समुझि विचार करि देखो सारको ग्रहणकरो
असार को त्यागकरो ॥ ७४ ॥

दोहा ॥

पेखि रूप संज्ञा कहब, गुण सुबिबेक बिचार ।
इतनोई उपदेश बर, तुलसी किये विचार ७५

चवालिस के दोहा ते इहांतक जीवको आपनोरूप पहिंचा-
निवे को कहे अब ईश्वरको रूप पहिंचानिवे को कहत तहां ईश्वर
के मुख्य पांचरूपहैं (यथा) अन्तर्यामी १ पर २ व्यूह ३ बिभव ४
अर्चा ५ तिनको रूप देखिकै प्रभाव अनुकूल संज्ञा अर्थात् नाम
कहव अरु तिनमें जो गुणहै सो विवेकसों विचारिकै कहव (यथा
सच्चिदानन्द सबमें व्याप्त सबके अन्तरकी जानत सबको देखै
वाको देखत कोऊ नहीं आकाररहित ताते निराकार संज्ञाहै ताके
द्वै तनु हैं एक चित् दूसरा अचित् तहां ईश्वर जीव गुण ज्ञानादि
चित् तनु है अरु अचित् में द्वै भेद प्राकृत दूसरा अप्राकृत तहां
मायाकृत ब्रह्माण्ड प्राकृत अचितरूप है अरु अप्राकृत में द्वैभेद एक
दण्डपलादि कालरूप दूजो साकेतधाम नित्य विभूतिहै इतनो वाको
नहीं देखत ताते निरञ्जनसंज्ञा गुणरहित याते निर्गुण विचारिये
(इति अन्तर्यामी) अथ पररूप (यथा) जो मनु शतरूपाके हेतु प्रकटे
सो श्रीसीताराम साकेतविहारी पररूप हैं सबसों परे ताते पररूप
संज्ञा है अरु गुण बिभव अवतार में प्रसिद्ध सो आगे कहब इति ॥
अथ बिभवरूप अवतार यथा मच्छ कच्छ वाराह नृसिंह इनको रूप

संज्ञा प्रसिद्धहै दया पालनादि ऐश्वर्य गुण बिशेष माधुर्य सौलभ्यता नहीं (पुनः) परशु चिह्नते परशुरामसंज्ञा तेजबीर्यादि गुण बिशेष सौलभ्यक्षमादि नहीं बामनरूपसंज्ञा प्रसिद्ध शरणपालतादि बिशेष स्वरूपता माधुरी सामान्य कृष्णजी में ऐश्वर्य माधुर्य बिशेष सत्य-संधता स्थैर्यता सामान्य बौद्ध में प्रणतपालता बिशेष सत्यता नहीं कल्कीमें ऐश्वर्यबिशेष माधुर्यता सामान्य श्रीरघुनाथजी सब को आपमें रमावत सबमें रमत ताते रामसंज्ञा अरु सब गुण परि-पूर्ण हैं सो आगे के दोहामें कहब इति बिभव॥ अथ अर्चारूप यथा पञ्चप्रकार एक स्वयंव्यक्त यथा श्रीरङ्गपद्मनाभ व्यङ्कटाद्रि बिन्दुमाधव द्वितीय देवन के प्रतिष्ठा कीन्हे यथा जगन्नाथ तृतीय सिद्धिन के स्थापित कीन्हे यथा पन्हरीनाथ चतुर्थ मनुष्यन के स्थापित कीन्हे जो ग्रामन में हरिमन्दिर हैं पञ्चम स्वयंप्रतिष्ठित शालिग्रामशिला (यथा अर्थपञ्चके) "परव्यूहौ च विभवो ह्यन्त-र्यामी ततः परम्। अर्चावतार इत्येवं पञ्चधा चेश्वरः स्मृतः॥ तत्र परः परिज्ञेयो नित्यो भवति भूतिमान्। षड्गुणैश्वर्यसम्पन्नो व्यूहा-दीनां तु कारणः॥ प्रद्युम्नश्चानिरुद्धश्च तथा संकर्षणादयः। वीर्यै-श्वर्यशक्तितेजोविद्याबलसमन्विताः॥ सृष्टिस्थित्यव्ययं चैव कर्तारो लोकरक्षकाः। एवं लोकहितार्थाय चतुर्व्यूहः स उच्यते॥ विभवस्तु चतुर्द्धा स्यान्मुख्यशक्त्यवतारकाः। आवेशो गौण इत्येवं चतुर्द्धा परिकीर्तितः॥ अन्तर्यामीति विज्ञेयः सशरीरोशरीरकः। तत्राशरीरो भगवाञ्ज्ञानानन्दैकरूपकः॥ श्रीरङ्गव्यङ्कटेशाद्याः स्वयंव्यक्तास्समी-रिताः। दिव्यं देवप्रतिष्ठानात् सैद्धं सिद्धैस्तु पूजितम्॥ मानुषैः स्थापितं तत्तु ग्रामगृहभिदाद्द्विधा। अर्चावतारसुलभः पद्माकरजलं यथा"॥ तहां लोकरक्षाके हेतु अर्चावतार सबते सुलभहै इत्यादि

रूपनको सेवन करने में गुण विचारि लेना चाहिये सो गोसाईंजी कहत कि गुण विवेक ते विचारे समुझिपरत ताको समुझना यही एक उपदेश है कि गुणविचारि रूपको सेवनकरो ॥ ७५ ॥

दोहा ॥

सदा सगुण सीता रमण, सुखसागर बलधाम।
जनतुलसी परखे परम, पाये पद विश्राम ७६

सब रूपन में अन्तर्यामी निर्गुण है और परव्यूह विभव अर्चा पर्यन्त सगुण है ते सुलभ है तिनमें एक श्रीरघुनाथजी को सर्वोपरि निरधार कीन्हे यथा सदा सगुण सीतारमण जो श्रीरघुनाथ जी सो सर्वोपरि रूप हैं सो सदा सगुण कहे सम्पूर्ण दिव्य गुणन सहित सदा परिपूर्ण हैं (पुनः) सुखसागर कहे माधुर्यगुणन करि अगाध हैं बलधाम कहे ऐश्वर्य गुणन के स्थान हैं माधुर्य गुण यथा रूप जो विना भूषणै भूषित है लावण्यता यथा मोती को पानी सौन्दर्यता सर्वाङ्गसुठौर माधुर्य देखनहार तृप्त न होइ सौकुमार्य सुकुमारता नवयौवन सौगन्धित अङ्गसौवेष भाग्यवान् ६ (पुनः) स्वच्छता, नैर्मल्यता, शुद्धता, सुषमा, दीप्ति, प्रसन्नता इति षडंग ॥ उज्ज्वलत्व उज्ज्वलता (पुनः) शीलता, वात्सल्यता, सौलभ्यता, गाम्भीर्यता, क्षमा, दया, करुणा, जनदुःखमें दुःखी मार्दव जनदुःख देखि द्रव उठै उदार आर्जव शरणपाल सौहार्द मित्रको अधिक मानै चातुर्यता, प्रीतिपाल, कृतज्ञ, ज्ञान, नीति, लोकप्रसिद्ध, कुलीन, अनुरागी इति माधुर्य ॥ अथ ऐश्वर्य (यथा) निवर्हणविजयी, ऐश्वर्य वीर्य तेजबली, प्रतापी, यशी, आदभ्र अनन्त, नियतात्मा प्रेरक, वशीकरण, वाग्मी, सहज परावाणी जाकी सर्वज्ञ संहनन अजीत थिरता धीरज वदान्य

सत्यबचन समता रमण सबमें व्यापक इत्यादि अनन्तगुण हैं (यथा वाल्मीकीये) "इक्ष्वाकुवंशप्रभवो रामोनाम जनैः श्रुतः॥ नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान्धृतिमान्वशी १ बुद्धिमान्नीतिमान् वाग्मी श्रीमाञ्छत्रुनिबर्हणः॥ विपुलांसो महाबाहुः कम्बुग्रीवो महाहनुः २ महोरस्को महेष्वासो गूढजत्रुररिन्दमः॥ आजानुबाहुसुशिरः सुललाटः सुविक्रमः ३ समः समविभक्ताङ्गः स्निग्धवर्णः प्रतापवान्॥ पीनवक्षा विशालाक्षो लक्ष्मीवाञ्छुभलक्षणः ४ धर्मज्ञः सत्यसंधश्च प्रजानां च हिते रतः॥ यशस्वी ज्ञानसंपन्नः शुचिर्वश्यः समाधिमान् ५ प्रजापतिसमः श्रीमान्धाता रिपुनिषूदनः॥ रक्षिता जीवलोकस्य धर्मस्य परिरक्षिता ६ रक्षिता स्वस्य धर्मस्य स्वजनस्य च रक्षिता॥ वेदवेदाङ्गतत्त्वज्ञो धनुर्वेदे च निष्ठितः ७ सर्वशास्त्रार्थतत्त्वज्ञः स्मृतिमान् प्रतिभानवान्॥ सर्वलोकस्य यः साधुरदीनात्मा विचक्षणः ८ सर्वदाभिगतः सद्भिः समुद्र इव सिन्धुभिः॥ आर्यः सर्वसमश्चैव सदैव प्रियदर्शनः ९ स च सर्वगुणोपेतः कौसल्यानन्दवर्द्धनः॥ समुद्र इव गाम्भीर्ये धैर्ये च हिमवानिव १० विष्णुना सदृशो वीर्ये सोमवत्प्रियदर्शनः॥ कालाग्निसदृशः क्रोधे क्षमया पृथिवीसमः ११ धनदेन समस्त्यागे सत्ये धर्म इवापरः॥ तमेव गुणसंपन्नं रामं सत्यपराक्रमम्" १२ गोसाईंजी कहत कि इत्यादि वेद पुराणन में सुनि बिचारिकै जे जन परखे (भाव) सबल प्रणतपाल सरल भक्तबत्सलादि गुणनते परिपूर्ण सिवाय श्रीरघुनाथ और दूसरा साहब नहीं ऐसा जानि सबको आश भरोसा त्यागि एक श्रीरघुनाथजीकी शरण गहे ते बिश्रामपद पाये आन न काहू की भय रही न काहू बस्तु की कांक्षा रही (यथा) काकभुशुण्डि हनुमान्जी वाल्मीक्यादि अनेकन हैं॥ ७९॥

दोहा ॥

सगुणपदारथ एकनित, निर्गुण अमित उपाधि ।
तुलसीकहहि विशेषते, समुभसुगतिसुठिसाधि ७७

रूप शील बलआदि अनन्त जो दिव्यगुण हैं तिन सहित होइ जो ताको कही सगुण अरु सम्पूर्ण सुखद जो वस्तु (यथा) अर्थ, धर्म, काम, मोक्षादि ताको कही पदार्थ तहां सम्पूर्ण गुण सहित सब सुखदायक ऐसे सगुण पदार्थ जो सीतारमण हैं तिनके प्राप्त होने हेतु उपाय नित कहे सदा एकही है अर्थात् सब आश भरोसा त्यागि एक शरणागत ह्वै श्रीरघुनाथजी को भजन करना याही में प्रभु प्रसन्न होत (यथा) "त्यागत कर्म शुभाशुभदायक । भजत मोहिं सुर नर मुनिनायक ॥ (गीतायाम्) सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज । अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच" (वाल्मीकीये) "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम" (महारामायणे) "अन्ये विहाय सकलं सदसच्च कार्य्यं श्रीरामपङ्कजपदं सततं स्मरन्ति" (पुनः) जो गुणन करिकै रहित ताको कही निर्गुण अर्थात् अन्तर्यामी ताको अनुभव जो रूक्ष ज्ञान ताके प्राप्त होने में मायाकृत कामादि अमित उपाधि कहे बाधा हैं काहेते स्वयं बल चाहिये वामें कोऊ रक्षक नहीं जो अन्तर्यामी है सो तो अगुण अकर्ता है (पुनः) विवेकादि जो वाके साधन हैं सो अतिकठिन हैं (यथा) "साधनचतुष्टयं किम् नित्यानित्यवस्तुविवेकः इहामुत्रार्थफलभोगविरागः शमदमादिषट्सम्पत्तिमुमुक्षुत्वं चेति तत्र विवेकः कः नित्यवस्त्वेकं ब्रह्म तद्व्यतिरिक्तं सर्वमनित्यमयमेव नित्याऽनित्यवस्तुविवेकः विरागः कः इह स्वर्गभोगेषु इच्छाराहित्यं षट्संपत्तिषु

शमः कः मनोनिग्रहः दमः कः चक्षुरादिबाह्येन्द्रियनिग्रहः तपः किम् स्वधर्मानुष्ठानमेव तितिक्षा का शीतोष्णसुखदुःखादिसहिष्णुत्वम् श्रद्धा कीदृशी गुरुवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा समाधानं किम् चित्तैकाग्रयम् मुमुक्षुत्वं किम् मोक्षो मे भूयादितीच्छा एतत्समाधान-चतुष्टयवतस्तत्त्वविवेकस्याऽधिकारिणो भवन्ति तत्त्वविवेकः आत्मा सत्यस्तदन्यत्सर्वं मिथ्येति आत्मा कः स्थूलसूक्ष्मकारणशरीराद्व्यतिरिक्तः पञ्चकोषातीतस्सन्नवस्थात्रयसाक्षी सच्चिदानन्दस्वरूपस्संस्तिष्ठति स आत्मा" इत्यादि साधन मायाकृत उपाधि अनेक है (पुनः) उत्तम सुकृतिन के योग्य बिषयी पतितन को अधिकार नहीं ताते निर्गुणमार्ग दुर्घट है अरु हरिशरणागति सुगम है (पुनः) बिषयी पतितादि सबको अधिकारहै ताते सुलभहै ताको गोसाईंजी कहत कि सगुणरूप बिशेष है ऐसा समुझि सुठि कहे अतिसुन्दर गति जो हरिशरणागति ताको साधौ शरण गहौ भाव ज्ञानते भक्ति बिशेष श्रेष्ठ है (यथा भागवते) "श्रेयः श्रुतिं भक्तिमुदस्य ते विभो क्लिश्यन्ति ये केवलबोधलब्धये। तेषामसौ क्लेशल एव शिष्यते नान्यद्यथा स्थूलतुषावघातिनाम्" ॥ ७७ ॥

दोहा ॥

यथा एकमहँ बेदगुण, तामहँ को कहु नाहि।
तुलसी बर्तत सकलहै, समुझतकोउकोउ ताहि ७८

यथा सगुण पदार्थ एक श्रीरघुनाथजी सुलभ हैं ताही भांति श्रीरघुनाथजीमें वेद कहे चारिभांति के गुण हैं तिनमें अनन्त भेद हैं अथ चारि में प्रथम एक तौ विश्वउद्भवस्थितिपालनार्थ है तामें आठभेद यथा ज्ञान शक्ति बल ऐश्वर्य तेज वीर्य इति षट्गुण तौ भगवान्मात्र सब रूपन में होत द्वै और हैं एकतौ कबहूं त्यागिबे

योग्य नहीं यह अहेयगुण दूजे विरोधरहित सबको एकरस देखत यह प्रत्यनीकत्वगुणहै ये आठगुण विश्वउद्भव पालनहेतुहैं (यथा भगवद्गुणदर्पणे) "ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः। तवानन्तगुणस्यापि षडेव प्रथमे गुणाः॥ हेयप्रत्यनीकत्वाशेषत्वाभ्यां सह गुणाष्टकमिदं जगदुत्पत्त्यादिव्यापारेषु प्रधानं करणम्"॥ द्वितीयगुणभजनोपयोगी है तामें आठभेद सत्य ज्ञान अनन्त एकत्व विभुत्व अमलत्व स्वातन्त्र्य आनन्द ये आठगुण वेदान्त सिद्धान्तमय हैं ज्ञानानन्दप्रद हैं (भगवद्गुणदर्पणे) "सत्यत्वज्ञानत्वानन्तत्वैकत्वविभुत्वामलत्वस्वातन्त्र्यानन्दत्वादयो ह्यनिरूपितस्वरूपनिरूपकाः स्वरूपाकारविशेषाः सर्वाविद्योपसंहार्याः"॥ ये ते विशिष्यभजनोपयोगिनस्तृतीयआश्रितशरणोपयोगी हैं तामें अठारह भेद (यथा) "दयाकृपाऽनुकम्पाऽनृशंस्यवात्सल्यसौशील्यसौलभ्यकारुण्यक्षमागाम्भीर्यौदार्यस्थैर्यधैर्यचातुर्यकृतित्वकृतज्ञत्वमार्दवार्जवसौहार्दप्रमुखा भगवतोन्तःकरणधर्मा विशिष्याश्रयणोपयुक्ताः"॥ इति शरणागतनके रक्षक पोषक प्रेमानन्दवर्द्धन हैं चतुर्थ सुन्दर स्वरूपतादि गुण सब जीवमात्र के उपयोगी हैं तामें नवभेद (यथा) "सौन्दर्यमाधुर्यसौगन्ध्यसौकुमार्यौज्ज्वल्यलावण्याभिरूपकान्तितारुण्यप्रभृतयो दिव्यमङ्गलविग्रहगुणानित्यमुक्तमुमुक्षुचेतनसाधारण्येन भगवदनुभवोपयोगिनो हृदयाकर्षकत्वात्"॥ इत्यादि चारि भांति के गुणन में जो अनेक भेद हैं तामहँ तिन गुणनके मध्य कहौ चराचर को नहीं है सब ब्रह्माण्ड इनहीं के भीतर है ताते सकल जग इनहीं में वर्तत हैं उत्पत्ति आदि इनहीं में होत ताको गोसाईंजी कहत कि श्रीरघुनाथजी के गुणन में सब संसार है परन्तु ताहि

कहे तिन गुणन को समुझत कोऊ कोऊ जे प्रभु कृपापात्र हैं ते समुझत और सब नहीं ॥ ७८ ॥

दोहा ॥

तुलसी जानत साधुजन, उदय अस्तगत भेद।
बिन जाने कैसे मिटै, बिबिध जनन मन खेद ७९
संशय शोक समूलरुज, देत अमित दुख ताहि।
अहिअनुगतसपनेबिबिध, जाहि परायन जाहि ८०

सूर्य उदय स्थल आदि अस्तपर्यन्त यावत् संसार है सो भगवत् लीलामात्र त्रिगुणात्म मायाकृत पांचभौतिक रचना सो सब सर्पवत् भ्रम रज सम झूठही है तामें भगवत् को अंश व्याप्त ताहीते सब सांचु से देखात ताही में सब सुर नर नागादि भूले हैं भाव जगत् झूठा ईश्वर सांचा यह जो भेद है ताको गोसाईंजी कहत कि जे हरिसनेही साधुजन हैं ते जगको भेद जानते हैं तेई सुखी रहत अरु जगत् के रजोगुणी तमोगुणी बिषयी बिमुखादि बिबिध प्रकार के जे जन हैं तिनके हानि, लाभ, राग, द्वेष, जन्म, जरा, मरणादि बिबिध मनोरथादि मनमें अनेक खेद जो दुःख हैं सो बिना जगत् को भेद जाने कैसे दुःख मिटै याही ते सब दुःखी हैं ७९ कौन भांति सब दुःखी हैं (यथा) कुछ कारण रूप मूल पाय रुज को अंकुर कुपथ जल पाय दुःख फल दै लोगन को दुःखित करत ताही भांति जग झूठेको सांचा भ्रम सोई मूल सहि शोक जो दुःख सोई रुज कहे रोग है सो कुसंग कुपथ्य पाय सबल है ताहिजग जनन को हानि लाभ जन्म जरा मरण नरकादि अमित दुःख देत है कौने जनन को जिनको जग

सपने केसे सांप बिबिध बिषयअनुगत नाम उनके मध्य में प्राप्त तिनको चाहि कहे देखिके पराय कहे भागि नहीं जाते हैं (भाव) बिषयते बिराग नहीं होते हैं तेई जन दुःखित हैं ॥ ८० ॥

दोहा ॥

तुलसी सांचो सांच है, जबलगि खुलैं न नैन
सो तबलगि जबलगि नहीं, सुनै सुगुरुवर बैन ८१
पूरण परमारथ दरश, परसत जौ लगि आश
तौलगि खन उप्पान नर, जबलगि जलनप्रकाश ८२

गोसाईंजी कहत कि स्वप्न में सर्प तबैतक सांच है जबलग नयन नहीं खुलत (भाव) स्वप्न को दुःख जागे विना नहीं जा इहां मोह निद्रा है जीव सोवनहार है जगत् व्यापार स्वप्न है ता बिषयरूप सर्प गांसे ते जीव बिकल है सो दुःख तबलग बना है जबलग सुगुरु के बर बैन नहीं सुनत अर्थात् जे सर्वतत्त्व के ज्ञाता श्रीरामानुरागी ऐसे सतगुरु के बर कहे श्रेष्ठ उपदेश वचन जबलग नहीं सुनत तबलग भगवत्सनेह नहीं होत तबलग जीव बिषया सक्त है ८१ जबलगि जीव बिषयकी आश परसत (भाव) शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, काम, लोभादि की चाह में बँधा है तबतक सुमार्गेहू गहे तबहूं परमारथ को दर्श नहीं पूरपरत (भाव) मुक्त नहीं होत अर्थात् जब ज्ञान आयो तब हरिकी दिशि मन गयो (पुनः) अज्ञान ते बिषयमें मन गयो इसी भांति हिंडोला कीसी पैंग इधर उधर मन बनारहा तबतक काल आय गयो न मालूम बासना कहांको लेगई ताते जबतक बिषय चाह बनी है तबतक परलोक पूर नहीं परत (यथा) वर्षाऋतु में कूपीकारी में जबलगि जल

को प्रकाश नहीं होत परिपूर्ण बर्षा नहीं तबतक कृषी सूखने की भय करि नर जो मनुष्य ते खन कहे क्षण क्षण प्रति उप्पान कहे सूखत जात (भाव) पूर्ण बर्षा बिना कृषी नाश होत तथा पूर्ण विराग विना परलोक नाश होत ॥ ८२ ॥

दोहा ॥

तबलगि हमते सब बड़ो, जबलगि है कछु चाह ।
चाहरहित कह को अधिक, पाय परमपद थाह ८३
कारण करता है अचल, अपि अनादि अजरूप ।
ताते कारज बिपुलतर, तुलसी अमल अनूप८४

जबलग बिषय की आश थोरिहु कुछ बात की बनी है तबलग हमते सब कोऊ बड़ो है अर्थात् आशावश सब जग के दास बने द्वार द्वार सबको बड़ा मानते हैं (यथा) "आशापाशस्य ये दासास्ते दासा जगतामपि । आशा दासी कृता येन तस्य दासायते जगत्" ॥ अरु जे जगको आसरा छांड़ि हरिशरण गहे ते परमपद जो मुक्ति ताकी थाह पाये कि भगवत् शरण भये जीव को मुक्त होनेमें संदेह नहीं (यथा नारदीयपुराणे) "श्रीरामस्मरणाच्छीघ्रं समस्तक्लेशसंक्षयः । मुक्तिं प्रयाति विप्रेन्द्र तस्य विघ्नो न बाधते" ॥ ताते हरिशरण है बिषय चाह ते रहित भये तिनकहँ जग में को अधिक (भाव) सब को समान मानत ८३ निवृत्तिमार्ग में कारण परमार्थ पथ के साधन सतसंग आदि प्रवृत्तिमार्ग में कारण भव के साधन कुसंगादि इत्यादि कारण हैं करता कहे जीव थे दोऊ अपि कहे निश्चय करिकै सदा अचल है कबहूं चलायमान नहीं होत (पुनः) अनादि है जिनकी आदि कोऊ नहीं जानत

कि कबते है (पुनः) अज कहे जन्मरहित है रूप जिनको सोई रूप सँभारिकै करता शुभ कारण में रत होई तौ ता जीवते बिपुल तर कहे अत्यन्त बहुत कारज कहे कर्म होत कैसे ताको गोसाई जी कहत कि अमल कहे विकारादि मलरहित कारज यथा अम्बरीषादिकन की क्रिया (पुनः) अनूप जाकी उपमाको दूसरा नहीं यथा ध्रुवादिकनकी तपस्या (पुनः) सोई करता आपनो रूप भूलि कुसंगादि कारण में रत भये ते आसुरीकर्म करि भव-सागर को जात सो तौ प्रसिद्धै सब संसार है ॥ ८४ ॥

दोहा ॥

करता जानि न परत है, बिन गुरुबर परसाद।
तुलसी निजसुख बिधिरहित, केहि बिधि मिटै बिषाद ८५

करता को आपनो रूप काहेते नहीं जानिपरत ताको कहत कि वर कहे श्रेष्ठ गुरु के बिना परसाद अर्थात् श्रीरामानुरागी तत्त्व-वेत्ता ऐसे सतगुरु के कृपा उपदेश बिना पाये करता जो जीव ताको अचल अनादि सहज सुख आपनो रूप सो नहीं जानि परत काहेते कुसंग सहायक शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि बिषय में इन्द्रिय आसक्त ताते कामबश परस्त्री में रत क्रोधवश बैर बुराई लोभवश छल कपट चोरी ठगी पाखण्डादि करत इत्यादि अनेककर्मकरि तामें बद्ध भयो ताको गोसाईंजी कहत कि जीव को निज सुख जो हरिभक्ति ताकी जो विधि सन्तनको संग, गुरु-सेवा, श्रवण, कीर्तन, अर्चन, प्रेमादिरहित, ता जीवन को बिषाद जो त्रिताप जन्म, जरा, मरण, नरकादि सांसति इत्यादि दुःख केहि विधिमिटै भाव बिना हरिभक्ति और काहू बिधिते न मिटी ॥ ८५ ॥

दोहा ॥

मृन्मय घट जानत जगत, बिन कुलाल नहिं होय।
तिमि तुलसी करता रहित, कर्म करै कहु कोय ८६
ताते करता ज्ञानकर, जाते कर्म प्रधान।
तुलसी ना लखि पाइहौ, किये अमितअनुमान८७

मृन्मय कहे माटीमय घट गगरी आदि यावत् पात्र हैं तिनको सब जग जानत कि बिना कुलाल नहीं होत अर्थात् माटी के पात्र कुम्हार के बिना नहीं बनि सकत तहां माटी कारण है सो बर्तमान परन्तु कुम्हार कर्ता बिना जिमि घटादि पात्र कर्म नहीं होत तिमि कहे ताही भांति गोसाईंजी कहत कि कर्तारहित कर्म को करै अर्थात् कारण सतसंग आदि बर्तमान है ताको कर्ता जीव कर्तृत्वहीन है (भाव) विषय में भूलापरा सो बिना जीव की चैतन्यता श्रवणकीर्तनादि भक्ति कर्म को करै ताते जीव चैतन्य सत्संगादि कारण में मन लगावना उचित सत् सन्तसंगके प्रभावते श्रवणादिक कर्म आपही होइँगे ८६ कर्मको करनेवाला कर्ता जीव है ताहीके कीन्हेते कर्म होत ते प्रधान कहे मुख्य कहावते हैं ते जीव के कीन्हे होत सो जीवसों कहत कि जो तेरे कीन्हेते कर्मभये तो कर्म नहीं प्रधान है तुही प्रधान है ताते हे कर्तः! तोको उचित है कि ज्ञान धारण करु अर्थात् जीव विषय में आसक्त आपनो रूप भूला है ता रूपको सँभारकरु अर्थात् सन्तन को संग गुरुकी सेवा करु तिनकी कृपा ते सत्संग प्रभाव ते विषय ते विराग होई तब आपनो रूप जानैगो तब श्रीरामरूप लखि पाइहो ताते आदि कारण जानि सतसंग करना उचित है नाहीं तो गोसाईंजी कहत कि

तपस्या जलशयन पञ्चाग्न्यादि तीर्थव्रत वेदपाठादि अमित अनु-मान करिहौ श्रीरामरूपको न लखि पाइहौ काहे ते विना सन्तन की कृपा विषय ते विराग नहीं विना विराग विवेक नहीं विना विवेक आपने रूप की पहिंचान नहीं विना आपनो रूप जाने हरिरूप जानिबो दुर्घट है ॥ ८७ ॥

दोहा ॥

अनूमान साक्षी रहित, होत नहीं परमान ।
कह तुलसी परत्यक्ष जो, सो कहु अपर को आन ८८

जो सत्संग न कीन्हे जाति विद्या महत्त्वादि अभिमानवश आपनेही मनते अनुमान करत कि जप पूजादि ऐसो उपायकरी जामें हरिरूप की प्राप्ति होइ सो आपने अनुमान को प्रमाण तव होत जव वाको कोऊ साक्षी होइ अरु जो साक्षीहीन है तो अनु-मान वातकी प्रमाण नहीं होत तहां जो कोऊ गुरुकृपा सत्संग रहित आपने मनते अनुमान करि कर्म करिकै हरिप्राप्ति चाहत या वात की लोक वेद में कोऊ साक्षी नहीं अरु गुरुकृपा सत्संग करि हरि प्राप्ति को सर्वथा प्रमाण है (यथा भागवते) "रहूगणै-तत्तपसा न याति न चेज्यया निर्वपणाद्गृहाद्वा । नच्छन्दसा नैव जलाग्निसूर्येर्विना महत्पादरजोभिषेकम्" ॥ ताते सत्संग के प्रभावते शीघ्रही आपनो रूप देखत सो गोसाईंजी कहत कि जो प्रत्यक्ष आपनो रूप देखत सो कहु अपर कहे और कोऊ आन कहे दूसरा को है जामें प्रमाण हेतु साक्षी ढूंढ़ै यह तो प्रत्यक्षही प्रमाण है ताते आपनो रूप जानेपर हरिरूप की प्राप्ति सुगम है जो आपनो रूप नहीं जानत ताको हरिरूप दुर्घट है ॥ ८८ ॥

दोहा ॥

तिमि कारण करता सहित, कारज किये अनेक ।
जो करता जानै नहीं, तो कहु कवन बिबेक ८९
स्वर्णकार करता कनक, कारण प्रकट लखाय ।
अलंकार कारज सुखद, गुण शोभा सरसाय ९०

तिमि कहे ताही भांति अर्थात् अनुमान सहित कर्ता जो जीव सो कारण जो साधन मिलि अनेक कारजनाम कर्म कीन्हें अरु कर्ता आपको नहीं जाने विषयबश अनेकन शुभाशुभकर्म करत ताहीमें बँधा रहत ताही बश संसारसागर में परा है तामें कौन बिबेक है भाव यही अज्ञानदशा है जो आपनो रूप जानै तो कर्म-बन्धनमें न परै भाव कर्मन की बासना न राखै जगत् सुख बृथा जानि त्यागै हरिरूप प्राप्ति को साधन करै सो बिबेक है ८९ स्वर्ण-कार सोनार सो तौ कर्ता है अरु कनक जो सोना सो कारण है सो प्रकट देखात भाव खरा है वा खोटा तेहि सोनाके अलंकार कहे किरीट, कुण्डल, माला, केयूरादि अनेक भूषण बनावत सोई सुखद कारज है तहां सोनार चतुर होइ तौ राजाकी भयकरि सोना में लालच न करै मनलगाय सुन्दर भूषण बनाय राजा को पहि-रावै ताकी शोभा सरसात नाम बढ़त सोई गुण है तब राजा प्रसन्न है सोनार को इनाम देत ताको पाइ सुखी होत अरु जो सोनार निर्बुद्धि लोभते सोना निकारि दाग मिलाइ भूषण बिगारि दिये ताको राजा दण्ड देत इति दृष्टान्त अथ दार्ष्टान्त (यथा) इहां सोनार कर्ता जीव है आपनेरूप की पहिचान वासना त्याग चतुरता है सत्संगादि समारग सोनारूप कारण है नवधा प्रेमा

परा आदि कारजरूप भूषणहै श्रीरघुनाथजी राजाहैं तिनको पहि- रायेते भक्तवत्सलतादि गुण प्रकटत सोई शोभा है भक्तनको अभय करि बड़ाई देना प्रभु की प्रसन्नता है (पुनः) जे जीव निर्बुद्धि विषयासक्त वासना सहित कर्मरूप भूषण दागी बनाये ताको संसाररूप दण्ड है ॥ ६० ॥

दोहा ॥

चामीकर भूषण अमित, कर्ता कह तब भेद।
तुलसी ये गुरुगम रहित,ताहि रमित अतिखेद ६१

चामीकर सोना सो कारण एकही है (यथा) क्रिया एक तामें कङ्कण कुण्डलादि भूषण अमित हैं सो कर्ता सोनारको कहत तब के भेद हैं भाव हैं सब सोना ताको जौन नाम कहत सोई विदित रहत तथा जीव कर्ता वासनासहित अनेक कर्म करत ता फलभोग की चाह ते सब कर्म साँचे मानत सोई ताको नाम धरना है तहां जे गुरुके कृपापात्र आपने रूप को जानते हैं ते कर्मन को नाम साँचा नहीं मानत वाकी वासना नहीं राखत हरिशरणको भरोसा राखे कर्म हरि अर्पण करत ते सदा आनन्द रहत अरु जे गुरुकी दीन्हीं स्वस्वरूप जानवे की गमि तिहि करिकै रहित हैं तिनको गोसाईंजी कहत कि ताहि कहे तिन जीवन को कर्मन में रमित रहे ताको फल भोगत ताते अतिखेद कहे महादुःख होतहै ॥ ६१ ॥

दोहा ॥

तन निमित्त जहँ जो भयो, तहाँ सोई परमान।
जिन जाने माने तहां,तुलसी कहहिं सुजान ६२
मृन्मयभाजनविविधविधि, करता मन भवरूप।

तुलसी जानेते सुखद, गुरुगम ज्ञान अनूप ९३

आनन्दमूर्ति सदा एकरस आत्मा सो मायाकारण पाय जीव है आपनो रूप भूलि जग बासना में परि पांचभौतिक अनेक तन धरत तिन तनके निमित्त स्वर्ग मृत्यु पातालादि लोकन में जहां पर देव, नर, नागादि जो कुछ भयो तहां सोई नाम प्रमाण कहे सब साँचु मानि लीन्हे ताको गोसाईंजी कहत कि सुजान जन ऐसा कहत कि देहादि लोकव्यवहार सो नट कैसो खेल देखनमात्र है काहेते हरिगुरुकृपाते जे जन आत्मतत्त्व जानते देव नर नागादि नाम सांचे नहीं मानत वे तहां साँचु मानत जहां आत्मा सदा एकरस आनन्दरूप है सो सार है देहादि असार है ९२ (यथा) कुम्हार कर्ता माटी कारण पाय ताके मृन्मय घटादि बिबिध भांति के भाजन जो पात्र ताकी रचना करत ताही भांति मनरूप कर्ता सोई भव कहे संसाररूप कारण पाय अनेक भांति की देहैं सोई मृन्मय बिबिध भांति के भाजन रचत है तहां आत्मा भगवत् को अंश सो तौ अकर्ता है तामें कारण माया को अंश मिला सो आत्मदृष्टि खैंचि लीन्हों ताते आपनो रूप भूलि जीव है सबासिक भयो (यथा) चैतन्यजीव नशा खाय बौराय तैसे माया मिली सोई मन है सो कर्ता भयो ताते आत्मा जीव नाम पायो अरु मट्टी में सब तत्त्व अन्तर्गत हैं ताते मृन्मय कहे सोई देहन को सांच माने सब भूले हैं ताहीते सबासिक कर्मन में बँधे सब दुःखित हैं जैसी मन की बासना तैसी देहधरत ताको गोसाईंजी कहत कि जिनको गुरु की कृपाते अनूप ज्ञान भास है अर्थात् देह को असार जानत ताको दुःख सुख झूठा मानत आत्मा को सार जानत तामें दुःख हई नहीं सदा आनन्दरूप है

ऐसा ज्ञान सुखद पदार्थ पाय ताते सदा सुखी रहत ॥ ६३ ॥

दोहा ॥

सबदेखत मृत भाजनहिं, कोइकोइ लखत कुलाल ।
जाके मनके रूप बहु, भाजन बिलघु बिशाल ६४

मृत कहे माटी ताके भाजन घटादिकन को तो सब कोऊ देखत अर्थात् कार्यरूप व्यवहार देहादि सब कोऊ साँचकरि मानत अरु कुलाल कहे कुम्हार कर्ता ताको ज्ञानवान् कोई कोई है सो देखत जाके कहे जा कुम्हार रूप जीवके मन के कहे मनोरथ के बश सुर, नर, नाग, पशु, पक्षी, कीट, पतङ्गादि देहरूप भाजन बहुत बने हैं तिनमों बि कहे बिशेष लघु कहे छोट बिशाल बड़ा तामें एक आत्मा सांचा है सो बिषयासक्त ह्वै आपनो रूप भूलि जीवभयो ताही के मनोरथ करि अनेक देहैं हैं सो सब झूठी हैं काहेते जो मनोरथ न करै तौ काहेको देह धरै ऐसा बिचारि लोकाशा त्यागि हरिशरण गहो ॥ ६४ ॥

दोहा ॥

एकै रूप कुलाल को, माटी एक अनूप ।
भाजनअमितबिशाललघु, सो कर्ता मनुरूप ६५
जहां रहत बर्तत तहां, तुलसी नित्य स्वरूप ।
भूत न भावी ताहि कह, अतिशैअमलअनूप ६६

कुलाल कहे कुम्हार अर्थात् कर्ता जो है जीव ताको एकहीरूप है (पुनः) माटी अर्थात् कारणरूप माया ताहूको एकही रूप है ये दोऊ अनूप हैं न जीवकी समान दूसरा है न मायासम दूसरा है इनको एकैएक रूप है अरु भाजन जो देहरूप पात्रहै ते विशाल

नाम बड़ा लघु नाम छोटा इत्यादि अमित कहे संख्याहीन हैं ते सब कर्ता जोहै जीव ताके मन के मनोरथ के रूपहैं (यथा) कुम्हार जैसा मनोरथ कीन्हें तैसे छोटे बड़े पात्र बनाये तथा जीवको जैसो मनोरथ भयो तैसी देह धारण कीन्हें ९५ गोसाईंजी कहत कि नित्य स्वरूप अमल आत्मा सो कारण माया के बश है बासना अधीन सुर नर नागादिरूप धरि स्वर्ग मृत्यु पातालादि लोकन में जहां रहत तहां बर्तत कहे कर्माधीन देहसम्बन्ध ते दुःख सुख भोगत सो बिना आपनो रूप जाने (यथा) सिंहशिशु भेड़िनमें परि आपनोरूप भूलि भेड़िन की संगतिते वैसाही स्वभाव परि गयो उनहीं संग चरत कदाचित् दूसरा सिंह देखानो ताके आचरण देखि जानि लियो कि मैंभी यही स्वरूप हौं यह समुझि बनको चला गयो निःशंक साउजनपै चोट करनेलगो तथा सत्गुरु पाय आपनो रूप संभाख्यो तब लोकबासना त्यागि बिबेकरूप बन में कामादि साउजन पर चोट करने लगो कैसा है स्वरूप जाको भूतकाल आदि नहीं कोऊ जानत कि कबते उत्पन्न भयो है अरु भावी कहे अन्त नहीं कोऊ जानत कि कबतक रहैगो पुनः अमल जामें कुछ बिकारादि मल नहीं है (पुनः) अनूप कहे जाकी सम दूसरा नहीं है ॥ ९६ ॥

दोहा ॥

श्वाससमीर प्रत्यक्षअप, स्वच्छादरश लखात।
तुलसी रामप्रसाद बिन, अबिगतिजानिनजात ९७

सो आत्मा इसी देहके अन्तर्गत है ताही के प्रताप ते जड़देह भी चैतन्य है सो स्थूलदेह पांचतत्त्व को है (यथा) आकाश, बायु, अग्नि, जल, पृथ्वी तहां आकाश अग्नि ये दोऊते मित्रता

है ताते पवन मुख्य अरु भूमिते मित्रता ताते जल मुख्य ताते जल अरु पवन ये दोऊ देह में प्रधान हैं सो कहत कि श्वाससमीर जो पवन सो प्रत्यक्ष सब देखत कि देह में जबतक श्वास चलत तबैतक देह चैतन्य श्वास बन्दभयेपर देह नाश होत अरु अप जो जल सो देह को आदिकारण है काहेते रज वीर्य जलै को रूप है ते दोऊ मिले देह उत्पन्न होत सोऊ सब कोऊ जानत ताही में आत्मा कैसा लखात (यथा) स्वच्छ आदरश अर्थात् उज्ज्वल शीशा जैसे अमल देखात यथा शीशा के सम्मुख भये नैमित्तरूप देखात तथा जीवात्माके सम्मुख भये नित्यरूप देखात ताको गोसाईंजी कहत कि वाको कोऊ जानाचाहै तौ विना श्रीरघुनाथके प्रसाद कहे प्रसन्नता जानी नहीं जात काहेते अविगति है काहूकी गति नहीं है सब यही सांच माने है कि जलसों देह उत्पन्न होत जबतक श्वास चलत तबैतक रहत अरु यह कोऊ नहीं विचारत कि जल पवनादि तौ जड़हैं इनमें चैतन्यता आत्मा की है यह विना प्रभुकृपा नहीं जानि परत ताते प्रभु की शरणागति की मार्ग गहो जब दया करैंगे तब सब सुगम होयगो ॥ ६७ ॥

दोहा ॥

तुलसी तुल रहिजात है, युगतनअचलउपाधि।
यहगतितेहिलखिपरतजेहि, भईसुमतिसुठिसाधि ६८

काहेते आत्मस्वरूप जानिबे में अविगति है कि आत्मा में आठ आवरण हैं (यथा) हांडी में गिलास तामें दीपशिखा ताको कोऊ नहीं मानत सब यही कहत हांडी का प्रकाश है तथा तीनि गुण पांचतन्मात्रा तेहि करिकै तीनि शरीर हैं प्रथम त्रिगुणात्मक

कारण शरीर पाय आत्मदृष्टि भूलि जीव भयो (पुनः) दश इ-न्द्रिय पञ्च प्राण मन बुद्धि सत्रह अवयव को सूक्ष्म शरीर भयो (पुनः) पुरुष प्रकृति ते बुद्धि भई बुद्धिते अहंकार तहां सात्त्विक अहंकारते दशेन्द्रिय मन भयो अरु तामस अहंकार ते शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, सूक्ष्मभूत ताते आकाश, बायु, अग्नि, जल, पृथ्वी आदि स्थूलभूत क्रमसों भयो इति पचीस तत्त्व को स्थूल शरीर है तहां मायामय जो कारण शरीर जो आदि आत्मत्व भुलाय जीवत्व बनायो सो आत्मा विषे अंचल उपाधि है ताको गोसाईंजी कहत कि अनेकन उपाय करि मिटावो परन्तु स्थूल सूक्ष्म ये युग कहे दोऊ तनमें तुल कहे कुछ थोड़ी उपाधि रहि जाती है सूक्ष्म बासना जीवते नहीं जात ताते आत्मतत्त्व जानबे को काहूको गति नहीं है (पुनः) लखि कौनभांतितें परत ताको कहत कि जे अनेकन जन्म बिराग सहित जप होम योग समाधि इत्यादि साधनको साधि जिनके उरमें सुठि कहे अत्यन्त सुमति भई तहां सुमति काको कही जा ग्राम में एक मालिक की आज्ञा-नुकूल सब जन सुराहपर चलत ताको सुमति कही सो इहां जीव मालिक की आज्ञा मानि मन, चित्त, बुद्धि, अहंकार अरु कर्ण, त्वचा, नेत्र, रसना, नासिकादि ज्ञानेन्द्रिय हाथ, पग, गुदा, शिश्न, मुखादि कर्मेन्द्रिय इत्यादि सुराह परमारथ पन्थ पर चलै कामादि कुमार्ग त्यागि देइ ऐसी सुमति जाके होइ तेहि कहँ आत्मतत्त्व जानबेकी गति लखि परत सो जीव को स्वाभाविक गति नहीं है जब श्रीरघुनाथजी कृपाकरैं तब होइसकत ताते श्रीरघुनाथजी की शरणागति में रहना उचित जानि और आशभरोसा त्यागि एक प्रभुको भरोसा राखौ कबहूं कृपा करबै करैंगे ॥ ६८ ॥

दोहा ॥

करता कारण कालके, योग करम मत जान।
पुनः काल करता दुरत, कारण रहत प्रमान ९९

करता (यथा) सोनार कुम्हार अर्थात जीव कारण (यथा) सोना माटी अर्थात् माया तामें अविद्या जीव को बाँधनेवाली ताको अधिकारी कुसंग है अरु विद्या जीवको छुटावनेवाली ताको अधिकारी सुसंग है सो कारण जो है सो काल जो समय ताके योगते शुभाशुभ कर्म करता करत ऐसा मत जानना चाहिये (यथा) जीव करता वही विद्या अविद्या माया कारण वही सो सतयुग सुसमय अर्थात् जामें धर्म चारिहू चरणते परिपूरण ताके योगते जीव सब शुद्ध सुमार्गी भगवत् को ध्यानकरि परलोक सुधारै त्रेता में कुछ अधर्म व्याप्यो ताते जीवमें शुद्धता पूर्ण न रही तब यज्ञादि कर्म करि फल हरि अर्पणकरि परलोक सुधारै जब द्वापर आवा तब अर्ध धर्म रहा तब भगवान्‌की पूजाकरि परलोक सुधारै जब कलियुग लाग तब धर्म नाममात्र रहिगा अधर्म की वृद्धि भई ता कलिकाल योगते सब अधर्मी होत भये धर्म कर्म एकहू नहीं होत एक श्रीरामनामके आश्रित जीवनको कल्याण होत सो जीव उनहीं माया वहै समय योगते कर्म आन आन भांतिके करत काहे ते धर्म अधर्म जासमय में जाकी वृद्धि होत ताहीसंगमें लोग उसीमार्ग पर बहुत आरूढ़ ह्वैजात (पुनः) जब काल दुरत अर्थात् अशुभकाल बदलि शुभकाल आयो (यथा) कलियुग गयो सतयुग आयो अथवा सतयुगादि जात जात कलियुग आयो इत्यादि ज्यों ज्यों काल दुरत अर्थात् बद- लत तथा समय योगपाय कर्ता जो जीव सोऊ दुरत भाव सुभाव

बदलत अर्थात् समय अनुकूल जीवभी ह्वैजात (यथा) स्वर्ण-कार जैसा समय देखत तैसे भूषण रचत ताते कालके दुरेते कर्ता भी दुरत अरु कारण एकरस रहत तहां सोना माटी आदि तो प्रत्यक्षही प्रमाण है कि सदैव एकहीरस रहत अरु माया (यथा) अविद्या कुसंग दुष्टता (पुनः) विद्या सतसंग सज्जनता इत्यादिकन को भी स्वरूप एकहीरस रहत सदा सतयुगमें ध्रुव प्रह्लादा-दिकनमें सज्जनता ताहीभांति हिरण्यकशिप्वादिकनमें असज्जनता त्रेतामें बिभीषणमें सज्जनता रावणमें असज्जनता द्वापरमें भीष्मा-दिकन में सज्जनता कंसादिकनमें असज्जनता ताहीबिधि कलियुग में रामानुजादि अनेक भक्तन में सज्जनता भक्तमाल में लिखी है अरु अबहूं है आगेहू बनीरहैगी अरु असज्जनता तो प्रसिद्धैहै कुछ कहिबे की आवश्यकता नहीं (पुनः) सतयुग में प्रचेता के पुत्र बाल्मीकि कुसंगमें परे व्याध भये (पुनः) सुसंग में परि महामुनि भये त्रेतामें कैकेयी पतिव्रता कुसंग में परि पतिप्राण लीन्हे शबरी नीच मतङ्गऋषि के संग ते भागवत भई इत्यादि कुसंग सुसंगको प्रभाव सदा एकरस है इति बचननते प्रमाण जानिये ॥ ६६ ॥

(पद यथा) रामसिया पदसेउ सदारे। आनभरोस आश तजिसारे॥ तन शुचि आदि शुद्धमन दीजे। युगल मन्त्र जपि ध्यानकरीजे॥ कनकसदनमणि अवध मँझारे। कल्पवृक्ष बेदिका तहांरे १ जगमगरत्न सिंहासनभ्राजे। अष्टकमलदल तामहिराजे॥ तापर लाललली सुखसारे। देखिरूप सुधि देह बिसारे २ अर्घ्य पाद्य अचमन मधुपरकै। पुनि अचमन अभ्यांग सुकरकै॥ शुद्धोदक स्नान सँभारे। उपबीतरु शुचि बसन सँवारे ३ तिलक मुकुटदिक भूषितकीजे। प्रतिअँग पुष्पांजलि पुनिदीजे॥ गन्ध पुष्प तुलसी-

दल धारै । धूप दीप प्रभु ऊपरवारै ४ विधि आसन अचमन करवावै । मुख सुपोंछि तांबूल खवावै ॥ छत्र चमर व्यंजन उपचारै । आरति राई लोन उतारै ५ नीरांजन परिकर्मा दीजै । सेज सुमनमय रचि पुनिलीजै ॥ जब प्रभु शैनशाल पग धारै । ऋतु अनुकूल करै उपचारै ६ जागे मुख प्रक्षालिगन्धादी । सरसखवाय मिष्ट मेवादी ॥ चढ़ि अश्वादि बाण धनुधारै । क्रीड़ा पुर बन बाग विहारै ७ सन्ध्या रति ब्यारू करवावै । बहुरि सुमनमय सेज डसावै ॥ शैनकराय आपु रहिद्वारै । बैजनाथ तन मन धनवारै ॥ ८ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागतबैजनाथविरचितायां सप्तशतिकाभावप्रकाशिकायां कर्म्मसिद्धान्तप्रकाशोनामपञ्चमप्रभासमाप्ता ॥ ५ ॥

दो० ॥ रमत सबन में जाहि में, रमत सकल सो राम । धाम रूप लीलाललित, सर्वोपरि ज्यहि नाम १ शीतलता सीता सहित, नौमि राम रवि सोह । उदित दिवस निशि नाश निशि, बिषय सुजन तममोह २ या सर्ग में ज्ञान सिद्धान्त है तहां आदि नित्य आनन्दस्वरूप आत्मा स्वइच्छा ते कारण माया को नशा सरीखे ग्रहणकरि मतवार ह्वै आपनो स्वरूप भूलि बिषयबासना बश जीव ह्वै देह धारण कीन्हो कार्य मायावश इन्द्रियनके सुखहेतु शुभाशुभ कर्म करि बद्ध भयो तहां सत, रज, तम ये तीनि गुण अरु शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ई पांच तन्मात्रा इति आठ आवरण आत्मा में ह्वैगये तिनको भेदी आत्मस्वरूप को जानना ताको ज्ञान कही तामें चारि साधन प्रथम बैराग्य लोकनको सुख तुच्छकरि जानै दूसरा विवेक सार आत्माको ग्रहण देहादि असारको त्याग तीसरा षट्संपत्ति (यथा) वासना त्याग सम है इन्द्रियन का

बिषय रोकना दमहै बिषयमें पीठिदेना उपराम है दुःख,सुख, शम, तितिक्षा है गुरु बेदान्त बाक्य में बिश्वास श्रद्धा है चित्त एकाग्र समाधान इति षद्संपत्ति है चतुर्थ मेरी मुक्ति निश्चय होगी यह मुमुक्षुतादि साधन करि ज्ञान को अधिकारी होत ता ज्ञानकरि आत्मरूप जानै कैसाहै तीनिउ देहन ते भिन्न पञ्चकोश ते अतीत तीनि अवस्था को साक्षी सच्चिदानन्दस्वरूप सों आत्मा इति भूमिका समाप्ता ॥

दोहा ॥

जल थल तन गत है सदा, ते तुलसी तिहुँकाल।
जन्म मरण समुझे बिना, भासतशमनबिशाल १

दो० ॥ सर्बयनीशा जा बिबश, नरा मरा ह्यमरेश। सदा ज्ञान यम खण्डित, तं बन्दे भूजेश ॥ अथ बार्तिक तहांई दोहा बिषे समानलोक शिक्षात्मक उपदेश है यथा राजादिकनको बालक आपनी रीति रहस्य त्यागि नीचन की संगति करि नीचकर्म करनलगो ताको कोऊ चतुर शिक्षा देइ कि तू आपनाको बिचारु कि मैं कौन हौं अरु क्या कर्म करता हौं ऐसा बिचारिये बुरे कर्म त्यागि आपनी पूर्ब परिपाटीपर चलु तौ तौ राजा तोकों आपने समान ऐश्वर्यदेइगो अरु जो नीचही कर्मन में रत रहैगा तो वही राजा तोको दण्डदाता होइगो न मालूम कौन दशा करैगा ताही भांति राजा श्रीरघुनाथजी तिनको अंश पुत्रवत् आत्मा आपनी सहज स्वरूप त्यागि बिषय संग में सवासनिक कर्मन में परो ता जीव प्रति गोसाईंजी कहत कि तैं कहे तेरा स्वरूप कैसा है कि अखण्ड सच्चिदानन्द अमल एकरस भूत भविष्यत् तीनिहू काल में सदा जल में अरु थल कहे भूम्यादिक सर्वत्र यावत् तन है

तिनमें गत कहे प्राप्त है अथवा तनगत कहे देहरहित सब में तें ही बसा है तेहि अविनाशी रूप को बिना समुझे देह व्यवहार में भूला है तामें अनेक दुःख अर्थात् जन्म मरणादि विशाल कहे बड़ाभारी शमन कहे नाश सो तोको भासत कहे देखिपरत ताते विषय सुख वासना त्यागि आपने रूपको सँभारु तौ सदा तू आनन्दरूप है ॥ १ ॥

दोहा ॥

तैं तुलसी कर्ता सदा, कारण शब्द न आन ।
कारण संज्ञा सुख दुखद, बिन गुरुतेहिकिमिजान २

कारण मायावश आत्मा जीव ह्वै देहधारण करि कार्य माया वश इन्द्रियन की विषय सुख हेतु शुभाशुभ कर्म करत सो वर्तमान है (यथा) किसानी को कार सोई बटुरि संचित भयो (यथा) घर में अनाज तामें ते जो दुःख सुख भोग हेतु देहके साथ आये सो प्रारब्धहै यथा रसोई इत्यादि में भूले जीव सो गोसाईंजी कहत कि कर्मन को करनहार कर्ता तेंही है अर्थात् क्रियमाण संचित प्रारब्धादि को करनहार कोऊ दूसरा नहीं है निश्चय तूही है (पुनः) कारण शब्द भी दूसरा नहीं है काहेते कारण संज्ञाभी उसीकी है जो देहके सुखहेतु दुःखद कर्मनको मनोरथ है सोई कारण है सोऊ जीवही के अधीन है काहेते जा फलकी चाह नहीं तौ वा बृक्षके लगाइबे के उपाय के लग क्यों जाय (प्रश्न) जो मेरे धाम में स्वाभाविक बृक्ष जमें तौ क्या मैं उनको लगावता हौं (उत्तर) जो तू आपने धाम में कहा तौ बृक्ष भी आपना मानि उसको रक्षादि करैगा तो स्वाभाविक क्यों कहा जो मैं उसकी रक्षादि न करौं तौ (उत्तर) जगमें घने बृक्ष लगे तामें

तेरा क्या भाव जो तू देहको आपनी मानै तौ वाके कर्म भी तेरे हैं जो तू देह को आपनी न मानै तौ कर्म भी बन्धन नहीं हैं (यथा) देह में सूक्ष्म रोम के न भये की खुशी न अनभये को शोच ते सुख दुःख कुछ नहीं देत अरु शीश केशन ते शोभाकी चाह ताते जुआं लीख खजुहटादि दुःखद हैं इत्यादि समुझ जब सद्गुरु दया करैं तब पूर्बरूप लखावैं तब जानि पावै बिना गुरु कैसे कोऊ जानि पावै ॥ २ ॥

दोहा ॥

कारज रत कर्त्ता समुझु, दुखसुख भोगत सोय।
तुलसी श्रीगुरुदेव बिन, दुखप्रद दूरि न होय ३

कर्मन को करनहार सो कर्त्ता अर्थात् जीव सो आपनो पूर्ब आतमरूप भूलि बिषयबश कारज जो कर्म तामें रत भयो अर्थात् इन्द्रिन के बिषय सुख हेत शुभाशुभ कर्मन में आसक्त भयो ऐसा समुझु सोय कहे ताही ते दुःख सुख भोगत तहां सवासनिक यज्ञ, तीर्थ, ब्रत, दानादि करि सुख भोगत सोऊ बन्धन है काहेते सुख भोगत अनेक अशुभ होत अरु पर अपबाद हानि हिंसादि करि दुःख भोगत ताते दोऊ बासनासहित दुःखद हैं सो वासनारहित जीव तब होय जब सद्गुरु कृपा करि पूर्बरूप लखावैं तब दुःखद जो जीव की बासना सो दूरिहोइ अरु नाहीं तौ गोसाईंजी कहत कि बिना श्रीगुरुदेव की कृपा दुःखप्रद दुःख देनहार इन्द्रिय सुख की बासना सो दूरि नहीं होत नित्य नवीन बढ़त जात ॥ ३ ॥

दोहा ॥

कारण शब्द स्वरूप मैं, संज्ञा गुण भव जान।
करता सुरगुरु ते सुखद, तुलसी अपर न आन ४

गन्धविभावरि नीररस, सलिल अनलगत ज्ञान।
बायुबेगकहँ बिन लखे, बुधजन कहहिं प्रमान ५

अमल आत्मस्वरूप में जो कारण शब्द है अर्थात् आत्ममें प्रकृति की चाह ताही ते रज सत् तमादि गुणन करि भव नाम उत्पत्ति देहादि धारण कीन्हो तब संज्ञा कहे सुर, नर, नागादि नाम भयो सोई सांचु मानि सवासनिक कर्मन में बँधो है सो कारण कार्य को कर्त्ता अर्थात् आत्मस्वरूप सो कैसा है सुरगुरु कहे देवादिकन में श्रेष्ठ है सब को सुखदाता तुही है गोसाईंजी कहत कि अपर कहे और कोऊ आन कहे दूसरा नहीं है ४ तीनि गुण पांच तत्त्व इन आठ आवरण में नवम आत्मा इति नवस्थान भये प्रथमात्मा तापै सतोगुण तापै रजोगुण तापै तमोगुण तापै आकाश तापै वायु तापै अग्नि ये छः आवरण अमल तामें आत्मा देखात (यथा) हण्डी गिलासादि के मध्य दीप देखात इहांतक जीवको ज्ञान है तापै जल आवरण सो मैल है ताते आत्मप्रकाश को आच्छादन करत काहेते याको विषय है रस ता रसस्वाद में परि जीव बिमुख ह्वैगयो (पुनः) तापै पृथिवी आवरण महामलिन है तामें परि आत्मप्रकाश लोप ह्वैगयो काहेते पृथिवी का बिषय है गन्ध तामें परि जीव बिषयी ह्वैगयो ताते गन्ध बिषय अरु रस बिषय इनमें जबलग जीव आसक्त है तबलग पृथिवी और जल इन आवरण में ज्ञान नहीं याते विषयी बिमुखनको ज्ञान सहायक नहीं है सो कहत कि गन्ध जो पृथिवी को सूक्ष्मरूप सो नासिका का विषय है सो विभावरि कहे रात्री है तामें मोह अन्धकार है तहां महाअज्ञान है (पुनः) नीर जो जल ताको सूक्ष्मरूप रसहै सो रसना का बिषय है तेहि षट् रस स्वाद में परि जीव तनपोषक

हरि बिमुख भयो सोऊ अज्ञान है आगे ज्ञान है (यथा) ये सुकृती जीव हैं सत्संगादि करि गन्धबिषय रात्रि को त्यागे तब पृथिवी जल में लय भई (पुनः) अनेक सत्कर्म करि जल को सूक्ष्मरूप रस अर्थात् स्वाद को त्यागे तब सलिल जो जल सो अनलमें प्राप्त भयो तब तिनके ज्ञानकी सात्त्विकी श्रद्धा भई तब संयम, नियम, जप, तप, आचारादि शुद्ध कर्म करि लोक ते निबृत्त ह्वै मन स्वाधीन भयो परमारथ में बिश्वास भयो तब रूप बिषयको जीतै तब अग्नितत्त्व पवन में लय भयो तब ज्ञान भयो अर्थात् ज्ञानकी प्रथम भूमिका भई अब इहि के आगे बायुतत्त्व अरु बेग कहे शब्द अर्थात् आकाशत्वादि तीनों गुणादि अबहीं बाक़ी हैं तिनको बिना लखे बिना देखे न ज्ञान ह्वै चुका काहे ते प्रथम भूमिका ज्ञान पर टिका तौ क्रम २ सातौं भूमिका नांघि कबहूँ अन्त को प्राप्त होयगो ऐसा बुद्धिमान् कहते हैं ताको प्रमाण माना चाहिये ॥ ५ ॥

दोहा ॥

अनुस्वार अक्षर रहित, जानत है सब कोय।
कहतुलसी जहँलगि बरण, तासु रहित नहिं होय ६
आदिहु अन्तहु है सोई, तुलसी और न आन।
बिन देखे समुझे बिना, किमि कोइ करै प्रमान ७

श्रीराम ये जो द्वै बर्ण हैं तामें षट्अङ्गहैं यथा रकार में रेफ रकारकी अकार दीर्घ आकार मकार में अनुस्वार हलमकार अकार इनको बिस्तार दूसरे सर्ग के चौबिस दोहाते उनतिस तकमें है याते इहां नहीं लिखा तहां मकार में जो बिन्दु है सो ब्रह्मरूप है

रेफ परब्रह्म है सो अनुस्वार जो बिन्दु है सो अक्षरन ते रहित है अर्थात् अक्षरन में नहीं गनेजात यह वर्णज्ञाता सबकोऊ जानत ताको गोसाईंजी कहत कि जहांलगि वर्ण ककारादि अक्षर हैं ते सब तासु कहे तेहि अनुस्वार रहित एकहू नहीं होत अर्थात अक्षर शब्द उच्चार करत में अक्षरन के शीशपर स्वाभाविक अनुस्वार आयजात यथा तंकिंयं अथवा अनुस्वार लागे वर्ण मन्त्रबीज होत तथा सब जानत कि आत्मा आकार रहित है परन्तु आत्म रहित कोऊ देह नहीं होत ६ जो आत्मा आदि में कारण मायावश आपनो रूप भूलि जीव ह्वै देह धारण कीन्हों (पुनः) कार्य मायावश शुभाशुभ कर्मनमें बद्ध भयो (पुनः) जब ज्ञान भक्ति आदि करि स्वरूप सँभाखो देहसुख बिषयबासना त्यागि दीन्हे तब सोई आत्मा अन्तहूमें है सो गोसाईंजी कहत कि सिवाय एक आत्मा के अवर कोऊ आन दूसरा नहीं है ताको बिना समुझे सारासार को विवेक बिना भये अरु ज्ञानदृष्टि करि बिना देखे बिषयी वा बिमुख जीव कोऊ कैसे प्रमाणकरै ॥ ७ ॥

दोहा ॥

रहित बिन्दु सब बरणते, रेफसहित सब जान।
तुलसी स्वर संयोगते, होत बरण पद मान ८

बिन्दु जो अनुस्वार सो सब वर्ण जो अक्षर तिन ते रहित है याकी गिनती अक्षरनमें नहीं है काहेते अनुस्वार बिसर्ग सूक्ष्मरूप ते वर्णको प्रकाश करते हैं आपु न्यारे रहत इसी भांति अगुण ब्रह्म अन्तरात्मा सब देहादिकनको प्रकाश करत अरु आप न्यारा है यथा हंडी गिलासादि को प्रकाशित करत दीप न्यारा है अरु रेफ स्वरसहित व्यञ्जन रकार को रूप है तेहि सहित सब वर्ण हैं यथा

तक्काम्रादि सब वर्णन में स्वस्वरूपते युक्त होत जो रेफ ऊर्ध्वभी रहत तौ आगे के वर्णको स्पर्श किहे रहति पूर्ववर्ण पै रहत तथा परब्रह्म रूप श्रीरघुनाथजी क्षमा दयादि दिव्यगुण धारणकरि जगरक्षा हेत अवतीर्ण होत अरु जो बिलग है तौ भी भक्तवत्सलता बश रक्षाहेत समीपही रहत यथा प्रह्लाद, अम्बरीष, गजादि को समीपही देखाने सो गोसाईंजी कहत कि ताहीभांति रेफस्वरनके संयोग ते अर्थात् अकारादिकन में मिलेते वर्ण पद होत यथा रेफ अकार में मिले रकार होत अरु पूर्वरूप को आभास नहीं जात यथा वर्त वरत वरात अरु अपर वर्णमें भी मिले वर्तमान देखात यथा प्रात क्रिया शक्र तक्काम्रादि अरु अनुस्वार भी स्वर पाइकै वर्ण पद होत 'स्वरेमः' अनुस्वार स्वरन में मिले मकार होत यथा तंअत्र तमत्र इत्यादि होत तौ है परंतु पूर्वरूप नहीं देखात सूक्ष्मरूप ते मकार के अन्तर्गत रहत अरु और भी वर्ण ह्वै जात यथा 'ञमा-यपेस्य वा' 'यवलपरे यवला वा' इत्यादि में अनुस्वार को सूक्ष्म ही रूप है स्थूल में नहीं देखात तथा देहन में अन्तरात्मा सूक्ष्म-रूप ते न्यारा रहत ॥ ८ ॥

दोहा ॥

अनुस्वार सूक्षम यथा, तथा वरण अस्थूल ।
जो सूक्षम अस्थूल सो, तुलसी कबहुँन भूल ९

या भांति अनुस्वार सूक्ष्मरूपते सब वर्ण जो अक्षर ताके अन्त-र्गत है ताही भांति सब वर्ण स्थूलरूप हैं ते सूक्ष्मही अनुस्वार करिकै प्रकाशित हैं ताही भांति देहादिकन में जो सूक्ष्मरूप अन्तरात्मा व्याप्त है सोई स्थूल शरीर को भी जानौ अर्थात् सूक्ष्मही के प्रकाश ते स्थूल प्रकाशमान है ताते सारपद उसीको मान देहा-

दिक व्यवहार में झूठा रचना है सो गोसाईंजी कहत कि लोक-
सुख में कबहूं न भूल कि यह सांचा है उसीकी सचाई है ॥ ९ ॥

दोहा ॥

**अनिलअनलपुनिसलिलरज, तनगततनवतहोय ।
बहुरिसोरजगतजलअनल, मरुतसहितरबिसोय १०**

अब लोक उत्पत्तिको कारण कहत यथा सहज आनन्द सदा
प्रकाशरूप अन्तरात्मा स्वइच्छित प्रकृतिवश भो ताते बुद्धि भई
ताते अहंकार भयो ताते शब्द भयो अर्थात् आकाश इहांतक
सूक्ष्मही है ताको छांड़ि स्थूल देह को कारण कहत कि आकाश
ते अनिल नाम पवन भयो ताते अनल नाम अग्नि भयो इहांतक
ज्ञान रहत (पुनः) अग्नि ते जल भयो ताके रस स्वाद में परि
जीव विमुख भयो जलते रज नाम पृथिवी भई तब जीव विषयी
ह्वै गयो अरु इन तत्त्वन के सूक्ष्मरूप जो हैं यथा पवन को स्पर्श
अग्निको रूप जलको रस भूमि को गन्ध इत्यादि सूक्ष्मरूप तौ
तनमें गत अर्थात् व्याप्त है स्पर्शरूप रस गन्ध अरु स्थूलरूप
तनवत् वर्तमान है अर्थात् श्वास पवनवत् है रूपता अग्निवत्
है रुधिर आदि जलवत् है अस्थि मांसादि भूमिवत् है इत्यादि जा
भांति भयो (पुनः) जब आपनो रूप सँभास्यो गन्धविषय जीत्यो
तब रज जो पृथिवी सो जल में गत नाम लय भई जब रसविषय
जीत्यो तब जल अनल में लय भयो जब रूपविषय जीत्यो तब
अग्नि पवन में लय भयो जब स्पर्श जीत्यो तब पवन आकाश
में लय भयो इसी भांति जाक्रमते उत्पन्न भयो ताही क्रमते
लय भयो तब सब विकार रहित रविसम प्रकाशरूप अमल

आत्मा सोई रहिगयो झूठा ब्यवहार सब नाश भयो ॥ १० ॥

दोहा ॥

और भेद सिद्धान्त यह, निरखु सुमति करु सोय।
तुलसी सुतभव योगबिन, पितु संज्ञा नहिं होय ११

इहां संदेह है कि आदि चैतन्य अन्तरात्मा सो काहेको प्रकृति आदि ग्रहण करि बद्ध ह्वै जीव कहाय हरि रूप सों भेद करो याको क्या हेतु है सो कहत कि ईश्वर अरु जीवको जो भेद है ताको और सिद्धान्त है ताको गोसाईंजी कहत कि सुत जो पुत्र ताको भव नाम उत्पन्न योग बिना भाव बिना पुत्र के प्रकट भये पितु संज्ञा नहीं होत सोई भांति यह जो ईश्वर जीव को भेद है ताके जानिबे हेत आपने उरमें सुमति करु तब या भेद को देखु तहां सुमति काको कही जहां एक मालिक की आज्ञा अनुकूल सब जन सुमारग चलैं ताको सुमति कही इहां जीव मालिक की आज्ञा मानि दशौ इन्द्रिय मन चित्त बुद्धि अहंकारादि सब एकमत ह्वै परमारथ पन्थ पर चलैं ऐसी सुमति उरमें करि तब अमलबुद्धि होइ तब ज्ञानदृष्टि ते बिचार करि देखु (यथा) लोक में बिना पुत्र पितापद नहीं होत ताहेत पुरुष स्त्रीन में रत होत सो पुरुषको बीर्य स्त्रीके उदरमें जाय रजमें मिलि पुत्र भयो यद्यपि वहहै पितैको अंश परन्तु पुत्र भये से पिता को सेवक भयो ताही भांति परमपुरुप आदि प्रकृति में रत भयो तहां भगवत् को अंश बीजवत् चैतन्य है माया को अंश रजवत् जड़ है दोऊ मिलि जीवरूप पुत्र ह्वै भगवत् को सेवक भयो याही ते जीवको मुख्य धर्म हरिभक्ति है अरु ज्ञान प्रौढ़ता है ॥ ११ ॥

दोहा ॥

संज्ञा कहतब गुण समुझ, सुनब शब्द परमान।
देखब रूप बिशेष है, तुलसी बेष बखान १२

संज्ञा जो नाम हैं (यथा) पिता पुत्र मातादि अर्थात् ब्रह्म जीव मायादि सो सब कहतब मात्र है अरु तिनमें गुण जो हैं प्रथम ब्रह्मके (यथा) सहज सुख एकरस सदा प्रकाशमान हरष विषादरहित (पुनः) परब्रह्म श्रीरघुनाथजी के गुण यथा ऐश्वर्य बीर्य तेज प्रताप ज्ञान क्षमा दया उदार सौहृद भक्तवत्सलतादि अनेक दिव्यगुण हैं ते माया के प्रेरक जीव के स्वामी हैं (पुनः) माया के गुणन में भेद हैं प्रथम अविद्या के (यथा) जीवको भुलाय भ्रमावत हैं विद्या (यथा) जीवको बन्धन ते छुटावत संधिनी यथा जीव ब्रह्म की संधि मिलावत संदीपिनी यथा जीव के उरमें ब्रह्मको प्रकाश करत आह्लादिनी (यथा) जीवके उरमें परब्रह्म को प्रकाश करत (पुनः) जीवके गुण-ज्ञान, अज्ञान, राग, द्वेष, हर्ष, विषादादि सब समुझिबेमात्र हैं (पुनः) शब्द जो श्रवणेन्द्रियन की विषय सो सुनिबेमात्र है इत्यादिकन को प्रमाण कहे सब सांचु माने हैं अरु रूप जो नेत्रेन्द्रियनका विषयहै सो विशेष करिकै देखनमात्र है अरु रूपविषे बेष जो है बनावट सो गोसाईंजी कहत कि बखान करिबेमात्र है इत्यादि सब विचार कीन्हेपर एक भगवत् सांचेहैं तिनकृत यह लीला नटकैसो तमाशा है एक भगवत्की सत्यताते यह सब सांचुसे देखात ताते सब वृथा एक ईश्वर सांचा है ॥ १२ ॥

दोहा ॥

होत पिताते पुत्र जिमि, जानत को कहुनाहि।

जबलग सुत परसो नहीं, पितुपद लहै न ताहि १३

कौनभांति सब झूठा सांचु देखात जिमि पिताते पुत्रादिहोत ताको कौन नहीं जानत कि पुत्र पितैको अंशहै यामें दूसरा कौन है पितै पुत्र ह्वै दूसरा देखात तामें क्या प्रयोजन है? सो कहताकि जबलग सुत कहे पुत्रपदको परसत कहे ग्रहण नहीं करत तबतक ताहि कहे ताको पितुपद लहै नाम प्राप्त नहीं होत ताते जब पुत्र भयो तब आपु पिता कहाय स्वामी भयो अरु उसीको अंश पुत्र कहाय सेवक भयो सो बर्तमान सब पुत्र पिता सेवा करत वाकी आज्ञा करत अरु जे नहीं मानत ते अधर्मी कहावत अरु यमपुरमें दण्ड पावत ताहीभांति ईश्वरपद ते जीवपद धारण कीन्हों तब आपु ईश्वर कहाय स्वामी भयो उसीको अंश जीव कहाय सेवक भयो भक्ति करि ईश्वर के समीप होत बिमुख ह्वै चौरासी भोगत अरु बिना जीव ईश्वरता कापै होइ याहीते जीव बनायो (यथा) सून प्रजा बिन भूप बृथा है यमालय हीन महात्मन तारन। बद्ध बिना किमि मुक्त प्रशंस बिना तमहोत प्रकाश पसारन ॥ दास बिना किमि स्वामि सजैरु दरिद्र बिना किमि भागि अगारन। सोपि न शोभित जीव बिना परमेश्वर सृष्टि रच्यो यहि कारन ॥ १३ ॥

दोहा ॥

तिमि बरणन बरणन करैं, संज्ञा बरण संयोग।
तुलसीहोय न बरणकर, जबलागि बरण बियोग १४

जाभांति पुत्र भये पितापद होत ताही भांति वर्ण जो अक्षर तिनको बर्णन करै अर्थात् एकलगा बहुबर्ण उच्चारण करै तिन बर्णन को अर्थात् अक्षरनको संयोग भयो दुइ चारि अक्षर एक में

मिले तब संज्ञा कहे नाम भयो (यथा) रकार अकार मकार तीनों के संयोगते राम भयो ताते गोसाईंजी कहत कि तिनही अक्षरन को जबलग बियोग है एक एक वर्ण बिलग है तबलग वर्णे वर्ण बने रहिहैं कुछ वर्णको संज्ञा नहीं प्रकट होत ताही भांति अक्षरवत् एकही ब्रह्म बना सो संज्ञारहितहै जब प्रकृति को संयोग भयो तब ब्रह्मजीव माया इत्यादि संज्ञा भई यद्यपि शब्दनमें बिचारो तौ जो संज्ञा कहावत सो वामें है नहीं परन्तु सब शब्दनको सांचु मानेहै अक्षरन को नहीं (यथा) चन्दन, कर्पूर, केसर, सुगन्धादि को नाम लीन्हे सब प्रसन्न रहत अरु पूय, शोणित, मूत्र, बिष्ठादि को नाम लीन्हे सबके मनमें घृणा होत तहां बिचारे पर अक्षैरहै ताको कोऊ नहीं मानत उन शब्दनको सांचु मानि हर्ष विषाद करत सोई जीव की भूल है ॥ १४ ॥

दोहा ॥

तुलसी देखहु सकलकहँ, यहि बिधि सुत आधीन।
पितुपदपरखिसुदृढ़भयो, कोउकोउपरमप्रवीन १५

(यथा) सांचे अक्षरन को त्यागि झूंठे शब्दनको सब सांचु माने हैं यही बिधिते सकल जग को देखो सब सुत कहे पुत्रैपद के अधीन है पिता पद कोऊ नहीं मानत (भाव) चराचर में भगवतरूप व्याप्त है ताको कोऊ नहीं मानत सुर, नर, नाग, दुःख, सुखादि लौकिक व्यवहारही को सांचु माने कर्मनकी बासनामें बँधे सब चौरासी भोगत तेहि संसारसमूहमें ते कोऊ कोऊ अनेकन में एक कोऊ सद्गुरु की दयाते ये श्रीरामसनेह के पात्र हैं भगवत् तत्त्व जानबे में परमप्रबीण बिज्ञानधाम ते पितुपद जो सबमें व्याप्त भगवतरूप ताको परखि (भाव) लोक व्यवहार खोटा है

श्रीरामसनेह खरा है ऐसा जानि सुन्दरी प्रकारते भक्ति पथपर दृढ़ ह्वैकै आरूढ़भये (भाव) लोक सुखकी बासना त्यागि श्रीराम सनेह में मन लगाये (यथा) " त्यागत कर्म शुभाशुभदायक। भजत मोहिं सुर नर मुनिनायक." (पुनः महारामायणे) " अन्ये विहाय सकलं सदसच्चकार्यं श्रीरामपङ्कजपदं सततं स्मरन्ति " ॥ ऐसे पुरुष कोऊ कोऊ हैं (यथा महारामायणे) " मुग्धे शृणुष्व मनुजोऽपि सहस्रमध्ये धर्मव्रती भवति सर्वसमानशीलः। तेष्वेव कोटिषु भवेद्विषये विरक्तः सद्ज्ञानको भवति कोटि विरक्तमध्ये १ ज्ञानेषुकोटिषु नृजीवनकोपि मुक्तः कश्चित् सहस्रनरजीवनमुक्त मध्ये। विज्ञानरूपविमलोप्यथ ब्रह्मलीनस्तेष्वेवकोटिषु सकृत्खलु रामभक्तः " ॥ १५ ॥

दोहा ॥

जहँ देखो सुतपद सकल, भयो पितापद लोप।
तुलसी सो जानै सोई, जासु अमौलिक चोप १६

सुतपद जो सुर, नर, नाग, मुनि, चराचर, स्वर्ग, नरक, दुःख, सुखादि सकल संसार को सांचु करि जहां देख्यो तहां सब को आदि कारण सबको प्रकाशक सबमें व्यास भगवत्रूप ऐसा जो पितापद सो लोप होत अर्थात् भगवत् सांचे हैं यह भूलि सब लोक रचना को सांचु मानि याही में भूले भरमत हैं सो गोसाईंजी कहत कि सो पितापद आदि भगवत्रूप ताको सांचु करि सोई कोऊ एक जानत जाके उरते सब जगकी बासना जातरही एक श्रीरघुनाथजीकी चोप रही कैसी चोप अमौलिक जाको कुछ मोल नहीं जाके दीन्हें ते मिलै अर्थात् काहू उपायते चोप नहीं जब श्रीरघुनाथजीकी कृपा होय तब होत (यथा) " तुम्हरी कृपा

तुमहिं रघुनन्दन । जानहिं भक्त भक्ति उर चन्दन " ॥ सो चोप काको कही (यथा) रजोगुणी नरनको दिव्य खटाई देखि जिह्वा चाहतहै तैसेही भगवत्को रूप देखनेको नेत्रन में चाह होय ताको चोप कही तहां प्रीति के अङ्गन में जो लाग है ताकी दृष्टि को चोप कहत (यथा) " प्रणय प्रेम आसक्ति पुनि, लगन लाग अनुराग । नेहसहित सब प्रीति के, जानब अङ्ग विभाग १ मम तव तव मम प्रणय यह, सौम्य दृष्टि तेहि होइ । प्रीति उमँग सोइ प्रेमहै, विह्वल दृष्टी सोइ २ चित असक्त आसक्ति सोइ, यकटक दृष्टी ताहि । बनी रहै सुधि लगन की, उत्कण्ठा दृग माहि ३ जाके रसमें लीनचित, चोपदृष्टि सोइलाग । जासु प्रीति में दृग रँगे, मत्त दृष्टि अनुराग ४ मिलनि हँसनि बोलनि भली, ललित दृष्टि सों नेह । प्रीति होय व्यवहार शुभ, दृष्टि अधीन सनेह ५ " तहां श्रीरघुनाथजी के रूपको रस जो शोभा तामें चोपसहित जाको चित्त लीन ह्वै रहा है तेई श्रीरघुनाथजीको नीकीभांति जानते हैं ॥ १६ ॥

दोहा ॥

ख्यातसुवनतिहुँलोकमहँ, महाप्रबलअतिसोइ ।
जो कोइ तेहि पाछे करै, सो पर आगे होइ १७

सुवन जो पुत्र अर्थात् जीवन को प्रचार सुर, मुनि, नर, नाग, पशु, पक्षी, कीट, पतङ्गादि ब्रह्माण्ड रचना को व्यापार सो स्वर्ग मृत्यु पातालादि तीनहू लोकन में ख्यात नाम प्रसिद्ध है सब जानते हैं (यथा) जन्म, मरण, सम्पत्ति, विपत्ति, स्त्री, पुत्रादि परिवार, धन, धाम, राज्य, स्वर्ग, नरक, दुःख, सुख, पाप, पुण्यादि कर्मनके व्यापारादि को प्रचार है सोई अत्यन्त करिकै महाप्रबल कहे महाबलवान् है काहेते जो कोऊ कर्मन को पाछे करै

सो कहे सोऊ पर है के आगे होत (भाव) ये पाछे के संचित कर्म सो प्रारब्ध है बिधि के लिखे अङ्क शीशपर है आगे वाको फल भोग मिलत जो अब होत ते फिरि आगे फल मिली अथवा लीक ते मुख फेरि पीठि दै पीछे करै अर्थात् घर त्यागि तीर्थादिकनमें बैठे तिनको सो जो पूर्व त्यागि आये तिहिते ऊपर अर्थात् वाते अधिकी इहां आगे होइगो (यथा) अनेक चेला खजाना मन्दिर हाथी घोड़ादि अनेक ऐश्वर्य बटोरे सो आपनी माने ताते काहूभांति छूटत नहीं प्रतिदिन बृद्धि होत ॥ १७ ॥

दोहा ॥

तुलसी होत नहीं कछुक, रहित सुवन व्यवहार।
ताहीते अग्रज भयो, सबबिधि त्यहि परचार १८

सुवन कहे पुत्र अर्थात् जीव ताको व्यवहार मनादि की बासना शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि इन्द्रियन के बिषय (पुनः) काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, अहंकार, राग, द्वेष, सुख, दुःख, पाप, पुण्यादि यावत् जीवके ब्यवहार हैं तेहि करिकै रहित गोसाईंजी कहत कि संसार में कुछ नहीं होत (भाव) लोकरचना सब जीव के ब्यवहारही में है (यथा) भगवत् वाको प्राप्त भये तो देह धारण करि मिले (यथा) मनुमहाराज को दर्शन दै (पुनः) पुत्र है श्रीरघुनाथजी प्राप्त भये (पुनः) ध्रुव प्रह्लादादि परमभागवत तेऊ देह धारण कीन्हे रहे भगवत् को प्राप्त भये (पुनः) नारद सनकादि आचार्य तेऊ देह धारण कीन्हे जीवन्मुक्त हैं ताही ते जीवको ब्यवहार अग्रज कहे श्रेष्ठता पद पाये हैं ताते सब बिधि लोक में तेही को प्रचार है सो ताको कोऊ कैसे झूठ करि मानै याते सांचु देखात ॥ १८ ॥

दोहा॥

सुवन देखि भूले सकल, भय अति परमअधीन।
तुलसी ज्यहि समझाइये, सो मन करत मलीन १९
मानत सो सांचो हिये, सुनत सुनावत वादि।
तुलसीते समुझत नहीं, जो पद अमल अनादि २०

जो पूर्व कहे हैं सोई देखि सब जगसुख पुत्रपद अर्थात् जीव को व्यवहार देहादिकन में भूले हैं (भाव) सब संसारही को सांच माने हैं ताहीते अत्यन्त करिकै माया के परमअधीन भये (भाव) लोकसुखकी वासनामें परे शुभाशुभकर्मनके बन्धनते बद्ध भव-सागरमें पीड़ित हैं तिनको गोसाईंजी कहत कि जेहिको समुझा-इये कि संसार असार ताकी वासना त्यागि सारांशपद भगवत्रूप तामें मनलगाइबो सोई सांचो जीव को सुखद स्थान है अरु सं-सार असार में वृथा मन लगाये हो यामें कुछ है नहीं ऐसा उपदेश करि जाको समुझाइये सोई आपना मन हमसों मनमलिन करत मन में उदासीनता लावत कि धन, धामादि, स्त्री, पुत्र, भोजन, वासनादि सर्वसुख ताको झूठा बतावत जो प्रसिद्ध सुखदायक अरु परलोक की बातको देखा है १९ तहां धन धामादि जो संसार को सुख है सोई हिये ते सांचो मानत है अरु परमार्थ पथ की जो वार्त्ता सो सत्ग्रन्थादिकन में सुनत अरु आप भी सबको सुनावत कि संसारसुख झूठही है एक भगवत् सनेह सांचा है इत्यादि कहब सुनब सब वादिही कहे झूंठही है काहेते गोसाईंजी कहत कि जामें विकारादि कुछ मैल नहीं ऐसा अमल अरु जाकी कोऊ आदि नहीं जानत ऐसा अनादि पद जो परब्रह्म श्रीरघुनाथजी

तिनको सब लोग समुझते नहीं तौ कैसे चैतन्यता आवै सब लोकव्यवहार सांचु माने ताही में परे हैं ॥ २० ॥

दोहा ॥

जाहि कहतहैं सकल सो, जेहि कहतब सों ऐन।
तुलसी ताहि समुझिहिये, अजहुँ करहु चितचैन२१

जाहि कहे जिन श्रीरघुनाथको महत्त्व बेदसंहिता पुराणादिकन में देव, मुनि, शेष, शारदादि, निजमति अनुसार सकल कहते हैं थाह कोऊ नहीं पावत बेदादि यश गाइ (पुनः) नेति नेति करत (पुनः) जेहि बेदादि के कहतब सों ऐन कहे सब निश्चय करत कि यई श्रीरघुनाथजी परात्पर परब्रह्मरूप हैं (यथा) " जासु अंशते उपजहिं नाना। शम्भु बिरञ्चि बिष्णु भगवाना ॥ (बृहन्नाटके) " को महामोहभूतादिसृष्टिस्थितिध्वंसहेतुर्महाविष्णुरास्ते। रामस्तुतद्गीतपदाम्बुजातः परः कारणात्कार्यतोऽसौ परात्मा "॥ (वशिष्ठसंहितायाम्) " परान्नारायणाच्चैव कृष्णात्परतरादपि। यो वै परतमःश्रीमान्रामोदाशरथिस्स्वराट् "॥ (बाल्मीकीये) " परं ब्रह्म परं तत्त्वं परं ज्ञानं परं तपः। परं बीजं परं क्षेत्रं परं कारणकारणम् "॥ (पुनः श्रुतिः) " सश्रीरामः सवितारी सर्वेषामीश्वरोयमेवेशो वृणुते सपुमानस्तु यमवेदस्माद्भूर्भुवःस्वः त्रिगुणमयो बभूव इति यं नरहरिः स्तौति यं गन्धमादनः स्तौति यं यज्ञतनुः स्तौति यं महाविष्णुः स्तौति यं विष्णुः स्तौति यं महाशंभुः स्तौति यं द्वैतं मण्डलं तपति यत्पुरुषं दक्षिणस्थं मण्डलो वै मण्डलार्च्यः मण्डलस्थमिति सामवेदे तैत्तिरीयशाखायाम् " ॥ ऐसा परात्पररूप श्रीरघुनाथजीको है ताहि समुझि हियेमें निश्चय शरणागति धारणकरि सब आश भरोसा त्यागिदेउ ताको गोसाईं

जी कहत कि प्रभुकी कृपाते अजहूं चित्तसों चैन आनन्द करौ फिरि कोऊ बाधक नहीं है ॥ २१ ॥

दोहा ॥

तुलसी जोहै सो नहीं, कहत आन सब कोय।
यहिबिधि परमबिडम्बना, कहहु न काकहँहोय २२

गोसाईंजी कहत कि सबको आदि कारण सबको प्रेरक अनेकन ब्रह्माण्डन को स्वामी जो श्रीरघुनाथजी हैं सो श्रीरघुनाथ जीको कोऊ नहीं जानत सब कोऊ आन कहे औरहीको सर्वोपरि स्वामी करि कहत (यथा) शैव शिवैको परात्पर कहत शाक्त देवी को कहत सौर सूर्यन को कहत गणपति गणेशको कहत इसीभांति अनेकन को कहत यहि विधिते सब बीचही में आदि स्वामी बनाये हैं तौ कहौ बिडम्बना कहे अपमानसो परम अपमान काको न होइ (यथा) हिरण्यकशिपु, रावण, बाणासुर (पुनः) परशुराम तपस्याको बल राखे वालि इन्द्रके बरदानको बल ये सब की पराजय भई इत्यादि ॥ २२ ॥

दोहा ॥

गुरुकरिबो सिद्धान्त यह, होय यथारथबोध।
अनुचित उचित लखाय उर, तुलसी मिटै बिरोध २३
सतसङ्गतिको फल यही, संशय लहै न लेश।
ह्वै अस्थिर शुचि सरलचित, पावै पुनि न कलेश २४

गुरुकरिबो गुरुको उपदेश सुनि ताही मार्गपर चलिबो ताको यह सिद्धान्तहै कि यथार्थबोध होइ अर्थात् असार जानि त्यागै सार जानि ग्रहणकरै (यथा) कांच अरु मणिन की सूरति एक

अरु एकमें मिली तिनको साधारण कोऊ कैसे जानि पावै जब जवहिरी गुरु बतावै तब यथार्थबोध होइ कि यह कांचकी है एक पैसाकी है यह सांची मणि लाखनकी है जब यथार्थबोध भयो तब अनुचित अरु उचित लखाय कहे देखि परत अर्थात् लोक सुखमें मन लगावना अनुचित है काहेते यामें परे भवसागरको जाना है अरु हरिशरणागति उचित है काहेते यामें जीवको कल्याण है जब ऐसा समुझै ताको गोसाईंजी कहत कि जब भगवत् सनेह भयो सबमें व्याप्त हरिरूप जानि सबमें समता आई तब जीवनमें बिरोध आपही मिटिजायगो २३ सत्संग सन्तजनकी संगतिमें रहेको यही फल है कि संशय जो पदार्थमें निश्चय नहीं कि यह सांची है अथवा झूठी इत्यादि संशय को लेशहू न लहै भाव थोरिहू संशय न मनमें आवै अर्थात् जो संशय आवत ताको तुरत ही साधुजन मिटाय देते हैं सत्संग के प्रभाव ते हरिरूप में प्रीति भई ताके प्रभावते उरकी चञ्चलता नाश भई तब अभिमान मन में लयभयो मन में थिरता आई मन स्थिर ह्वै चित्तमें लय भयो तब चित्त में सरलता आई चराचरमें हरि व्याप्त मानि समता भई चित्त सरल ह्वै बुद्धि में लय भयो बिकार नाशभये ते बुद्धि शुचि कहे पावन ह्वै हरिरूप में लगी जन्म मरणादि क्लेश नाश भयो (पुनः) क्लेश नाहीं पावत बिषयसुख में नहीं परत तौ क्लेश काहे को होवै ताते सदा आनन्द रहत ॥ २४ ॥

॥ दोहा ॥

जो मरबो पद सबनको, जहँलगि साधु असाधु।
कवन हेतु उपदेश गुरु, सतसङ्गति भवबाध २५

अब बिषयी जीवनकी कुमति की कहनूति कहत कि कुमति

वशते ऐसा कहत कि जो मरणपद कहे मृत्यु जो साधुजन अरु असाधुजन सबनको एकदिन मरिजाना है तौ साधुनमें श्रेष्ठता कौन भई जो लोकसुख त्यागि वनमें संकटसहैं चराचर यावत् जीव साधु असाधु जहां लगि जगमें हैं एकदिन सबै मरिजाइँगे तौ साधु ह्वै का बनाइ लीन्हे कुछ नहीं जैसे साधु तैसे असाधु तो गुरुको उपदेश कौन हेतु है का श्रेष्ठता है गुरु कीन्हे और तकलीफ भले उठावत (पुनः) कवन हेतुते सत्संग भाव बाधक है जे सत्संग करत तिनमें कौन बात अधिकी है कुछ नहीं तकलीफें इनहूं को अधिकी दोऊ दुःख सुख पावत एक दिन दोऊ मरि जाइँगे तौ सत्संगकरि का अधिकी भयो ॥ २५ ॥

दोहा ॥

जो भावी कछु है नहीं, झूठो गुरु सतसंग।
ऐसि कुमतिते झूठगुरु, सन्तन को परसंग २६

(पुनः) जो वाकी भाग्यमें होई तौ गुरुमुखौ अरु सत्संगौ किहे होइ ऐसनौ होइजाई अरु जो भावी कहे भाग्य में कुछ है नहीं तौ गुरु करना सत्संग करना सब झूठा है बिना भाग्य कुछ न होइ देखो एक गुरु के सैकरन चेला होत जिहिकी भाग्य में होत सो महात्मा होत जाकी भाग्य में नहीं ते विषयिन ते ज़्यादा ह्वै जात काहेते विषयी वेद आज्ञा में भोगकरत साधुन को भोग वेदबाह्य है ऐसी ऐसी कुमति की बातें करि करि गुरुमुख होना अरु सन्तन को परसंग कहे सत्संग ताको दुष्ट झूठ करिदेते हैं यही विमुखता है काहेते ये सब वचन लोक व वेदरीति ते बाह्य हैं जो भाग्यको प्रधान करत सो भाग्य तौ पूर्व कर्मन को फल है

जैसा आगे करो है ताही को फल भाग्य है याते क्रियमाण श्रेष्ठ है जो क्रियमाण श्रेष्ठ तौ गुरुमुख होना सत्संग करना उचित है काहे ते चारिउयुग में गुरु सत्संग बिना कोई जीव सुधरा नहीं अरु जो दुःख सुख सब को होत तहां बिषयिन को दुःख परत तामें पचि मरत सत्संगी दुःख सुख सम जानत ताते सदा आनन्द रहत अरु दुष्ट मरत ते घोरगति को जात सत्संगी आनन्दपद को जात सो बेद पुराण में प्रमाण पुनः लोक में प्रशंसा होत ऐसा समुझि दुष्टन के बचन व्यर्थ हैं ॥ २६ ॥

दोहा ॥

जौ लगि लखि नाहीं परत, तुलसी परपद आप।
तौलगि मोह बिबश सकल, कहत पुत्र को बाप २७

परपद कहे ऊंचापद (यथा) शिष्यते पर गुरुपद पुत्रते परपद पिता इत्यादि गोसाईंजी कहत कि जबलगे जाको आप कहे अपना को परपद कहे ऊंचापद परब्रह्मरूप लखि कहे देखि नहीं परत जीवको व्यवहार देहादिकन को सांचु माने देवादिकन को ईश माने सवासनिक कर्म करत ताके फलमें बँधे चौरासी भोगत संसारही को सांचु माने ते बिषयबश ते परपद जो भगवत्रूप ताको नहीं जानत अथवा आप कहे आपनी आत्मरूप अरु परपद कहे परमात्मरूप श्रीरघुनाथजी तिनको यथार्थरूप जबलगि लखि नहीं परत अर्थात् ज्ञान भये आपनो रूप लखात भक्ति भये भगवत्रूप लखात सो जबलगि ज्ञान भक्ति नहीं होत तबलगि सब जग बिशेष मोह के बशते पुत्रही को पिता कहते हैं भाव जीव को व्यवहार लोकही सुख को सांचु मानत भगवत्रूप जानतही नहीं कि सब के आदिकारण हैं ताकी लीलामात्र में संसार है ॥ २७ ॥

दोहा॥

जहँलगि संज्ञाबरण भव, जासु कहेते होय।
तैं तुलसी सोहै सबल, आन कहा कहु होय२८
अपने नैनन देखि जे, चलहिं सुमति बरलोग।
तिनहिंन बिपतिबिषादरुज,तुलसीसुमतिसुयोग२९

बर्ण जो हैं अक्षर ककारादि तिनको संयोग भये अर्थात् दुइ तीनि बर्ण एकमें मिलाइ बर्णन किहे ते संज्ञा जो नाम व शब्द जहांतक भव कहे होत है (यथा) हकार रकार को योगभये हर संज्ञा भई हर शिवजी को नाम है इत्यादि अक्षरनते नाम जासु के कहेते होइ अर्थात् जाके कहेते बर्णते नाम होत भाव कर्त्ता जीव सो गोसाईंजी कहत जीव सों कि तेरे कीन्हे बर्ण ते संज्ञा होत ताते सबल कर्त्ता सोई तैंहै दूसरा कोऊ नहीं है भाव बर्णवत् आत्मशून्य है जीवको मनोरथ संयोगबश ते अनेकन संज्ञा अर्थात् देहैं धारण करत ताते कर्त्ता तुही है दूसरा कोऊ नहीं है अरु जो आन कोऊ होय ताको कहु कहां है जो कहो जीव ईश्वराधीन है तौ ईश्वर की दयादृष्टि एकरस जीवमात्र पर है ताते जैसा जीव करत तैसा भोग्य पावत २८ याही ते जीव कर्त्ताहै कि ये बर कहे श्रेष्ठ लोग हैं ते इन्द्रिनकी बिषय बासना त्यागि सुमति कहे अमल बुद्धि करिकै बिचाररूप आपने नैननते देखि दुःखद त्यागि सुखद मार्गमें चलहिं तेहि सुमति के सुयोगते तिनहिं तिन जननको न काहूभांति की बिपत्ति होइ न मनमें बिषाद होइ न रुज कहे रोग होइ (यथा) दशरथ महाराज बिना बिचारे बर दीन्हे तिनकी बिपत्ति प्रसिद्ध है (पुनः) बिना बिचारे कैकेयीजी हठ कीन्हे तिनको जन्म भरि बिषाद रहा तथा बिषमबस्तु खानेते

रोग होत अरु बिषय चाहते भवरोग होत ताते जो बिचारसहित काम करत ताको बाधा एकहू नहीं होत ॥ २९ ॥

दोहा ॥

मृगा गगनचर ज्ञान बिन, करत नहीं पहिंचान ।
परबश शठहठतजतसुख, तुलसी फिरत भुलान ३०

अब अज्ञानताको लौकिक दृष्टान्त देखावत कि देखो मृगा जे पशुमात्र यावत् हैं अरु गगनचर पक्षीमात्र यावत् हैं इत्यादि बिना ज्ञान आपना को पहिंचान नहीं करि सकत ते सब अज्ञानता ते शठ कहे मूर्ख परबश परे हैं अर्थात् उसीको अपनो स्वामी मानते हैं तिनको गोसाईंजी कहत कि वे हठ करिकै सुख तजत अज्ञान में भुलाने दुःखित फिरत हैं (यथा) हाथी, ऊंट, बाजी, रासभ, बृषभादि सब भार बहतमें महादुःख सहत कपि-ऋक्षादि अनेक नाच कला देखावत इत्यादि अनेकन पशु परबश परे दुःख सहत (पुनः) पक्षी शुकसारिकादि पिंजरन में परे बाणी पढ़त तीतर, बटेर, बुलबुलादि युद्ध करत बाज़ शिकार करत बयादि अनेक कर्तव्यता करत इसी भांति मनुष्य अज्ञानबश आपुको नहीं जानत विषयबश अनेक दुःख सहत ॥ ३० ॥

दोहा ॥

काह कहौं तेहि तोहिं को, ज्यहिं उपदेशेउ तात ।
तुलसी कहत सो दुखसहत, समुझ रहित हितबात ३१
बिन काटे तरुवर यथा, मिटै कवन बिधि छाहँ ।
त्यों तुलसी उपदेश बिन, निस्संशय कोउ नाहँ ३२

अब उपदेशकर्ता अरु उपदेशश्रोता दोऊ को खीझत तहां

साधु स्वभावते गोसाईंजी कहत कि हे तात ! तेहि उपदेशकर्ता को काह कहौं ज्यहिं तोको उपदेशेउ (भाव) तोहिं ऐसे मूर्खको उपदेश दीन्हेउ जिहिको आपनो हित अहित नहीं समुझि परत तिनते हितकी बात कहत सो तू सुनतही नहीं तौ अश्रद्धावाले को उपदेश करना यह भी शास्त्रमें अपराध है ताते नहक को उपदेश करत (पुनः) तोको काह कहिये कि विषयवश परा अनेक दुःख सहत ताहूपर ऐसा समुझरहित है कि जो कोऊ हित की बात कहत ताको सुनतही नहीं याहीते दुःखमों परा है ३१ जो कोऊ कहै कि फिरि उपदेश काहेको करतेहौ तापै कहत कि जे जानत हैं अरु आपने अभिमान ते नहीं सुनत (यथा) पाखण्डी तिनको न उपदेश करै अरु जे जानतही नहीं तिनको उपदेशकरै काहेते (यथा) तरुवर कहे भारीबृक्ष जबतक लागहै ताकी छाहँ कोऊ मिटावा चाहै सो बिना बृक्ष काटे छाहँ कौन बिधि ते मिटै अर्थात् नहीं मिटिसकत जब बृक्ष कटै तब छाहँ आपुही मिटिजाइ त्यों कहे ताहीभांति गोसाईंजी कहत कि बिना उपदेशके दीन्हे निस्संशय कहे संशयरहित कोऊ नहीं है सकत (भाव) जब लग अज्ञानरूप भारी बृक्ष लाग है ताहीकी छाहँरूप अनेक संशय हैं सो कैसे मिटै जब उपदेश सुने ताते ज्ञानभयो तब आपनो रूप चीन्हे तब अज्ञान नाशभयो तब संशय आपही मिटि गई ताते साधारण जीवन को उपदेश देना योग्य है अरु उनको सुनना भी योग्य है ॥ ३२ ॥

दोहा ॥

अपनो करतब आपलखि, सुनि गुनि आपु बिचार।
तौ तोहिं कहँ दुखदा कहा, सुखदा सुमति अधार ३३

यामें समान लोक शिक्षात्मक जीवमात्र पै उपदेश है ताको कहत कि सन्तन को उपदेश यही है कि आपनो करतब अर्थात् आपने कीन्हें शुभाशुभ कर्म तिनको जब करने को मनोरथ उठै तब पहिलेही आपु आपने मनते बिचारिकै लखि कहे देखिलेउ कि शुभ है व अशुभ है तब बेद पुराण प्रमाण बचन सन्तन ते सुनिलेउ कि शुभको फल का है सुख तामें सबासनिक को काहे देवलोकादि भोग सुख निर्बासनिक को काहे भगवत्पद सुख अ-शुभको फल का है लोकहू परलोकमें दुःख इत्यादि सुनि (पुनः) गुनिकै आपु आपने मन में बिचार करो कि अशुभ तौ सर्वथा त्यागिबे योग्य है शुभमें बासना त्यागि शुभकर्मकरि भगवत् को अर्पण करना यही ग्रहण करिबे योग्य जानि ग्रहण करौ ऐसी सुखदा कहे सुख देनेहारी सुमति के आधार चलौ तौ तोहिंकहँ दुःखदा दुःखदेनहार कोऊ कहां है लोक परलोकमें सदा सुखै है दुःख कहूं नहीं है ॥ ३३ ॥

दोहा ॥

ब्राह्मण बर बिद्या बिनय, सुरति बिबेक निधान।
पथरतिअनयअतीतमति, सहितदयाश्रुतिमान ३४

अब चारिउ वर्णके कर्म बर्णन करत तहां प्रथम ब्राह्मण कर्म (यथा) बिद्याकहे शास्त्र के अर्थ में बोध अर्थात् ज्ञानहोइ (पुनः) बिनय कहे सरल स्वभाव होइ अर्थात् आर्जव (पुनः) सुरति बिबेकनिधान होइ अर्थात् बिज्ञानमय अनुभव होइ (पुनः) पथ कहे सुमार्ग रति होइ अर्थात् तपस्यावान् (पुनः) इन्द्रिनके बिषयआदि में रतहोना ताको अनय नाम अनीति कही तिहिते मन खैंचना ताको दम कही सो अनयते अतीत कहे वासना

त्याग करै ताको शम कही (पुनः) मति कहे शुद्ध बुद्धि अर्थात् शौच (पुनः) दयासहित अर्थात शान्तस्वभाव रहै (पुनः) श्रुतिमान् कहे वेदवचन को प्रमाण करै अर्थात् परलोक सत्य जानै याको आस्तिक्य कही इत्यादि सब कर्म स्वाभाविक जा ब्राह्मण में होइँ सो ब्राह्मण बर कहे श्रेष्ठहै (यथा गीतायाम्) "शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च। ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्म-कर्म स्वभावजम्"॥ इत्यादि ब्राह्मणके कर्म हैं॥ ३४॥

दोहा॥

विनयछत्र शिर जासुके, प्रतिपद पर उपकार।
तुलसी सो क्षत्री सही, रहित सकल व्यभिचार ३५

अब क्षत्रियके कर्म यथा विशेपनय ताको कही विनय अर्थात नीति तामें द्वैभेद स्वाभाविक रक्षा अरु चौरादि आततायिन को दण्ड तहां रक्षाहेतु तेज चाहिये सो प्रागल्भता अर्थात् ढिठाई करि सबको हटकेरहै जामें काहू को कोऊ सतावै न (पुनः) दण्डहेतु शौर्य चाहिये अर्थात् पराक्रम करि आततायिन को दण्ड देवै इत्यादि नीतिको छत्र जाके शीशपर हो अर्थात् सदा नीति धारण राखै अर्थात् धैर्यवान् रहै याको धृति कही (पुनः) प्रतिपग कहे पगपग पर परार उपकार कहे परस्वार्थ हेतु मनमें हर्ष अर्थात् उदार दानी बनारहै (पुनः) ब्राह्मणजीविका हरण साधुन को सतावन असत्यवचन वेश्या परस्त्रीगमनादि सकल प्रकारके व्य-भिचारनते रहित होइ अर्थात् जो नियम धारणकरै ताके निबाहवे की शक्ति ताको ईश्वर भाव कही इत्यादिकर्म स्वाभाविक जा क्षत्रिय में होइँ ताको गोसाइंजी कहत कि वह सही कहे सांचा क्षत्रिय है भाव युद्ध में अचल अरु दक्ष है॥ इति क्षत्रियकर्म (यथा

गीतायाम्) शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम् । दान-मीश्वरभावश्च क्षात्रकर्मस्वभावजम् ॥ ३५ ॥

दोहा ॥

बैश्य बिनय मग पग धरै, हरै कटुक बरबैन ।
सदय सदा शुचिसरलता, हिय अचल सुखऐन ३६
शूद्र क्षुद्र पथ परिहरै, हृदय बिप्र पद मान ।
तुलसी मनसम तासुमति, सकलजीवसमजान ३७

बैश्यवर्णके कर्म (यथा) बिनय कहे बिशेष नय जो नीति ताही मगमें पग धरै अर्थात् असत्य अपावनता निर्दयता लोलुपतादि अधर्म अरु परद्रोह परदाररत होना परधन, लोभ, पर अपबाद, चोरी इत्यादि अनीति मग त्यागि सुन्दर धर्म नीतिमार्गमें चलै जो बेदकी आज्ञा है (पुनः) कटुक कहे जो सुनत में कडू लागै ऐसे बचन परिहरै कहे त्यागि देवै (पुनः) कैसे बचन बोलै जो सुनि सबको मीठे लगैं ऐसा बिचारिकै सांची कहै ऐसे बर श्रेष्ठ बैन बोलै (पुनः) सदय कहे सहित दया सदा रहै अर्थात् काहू को दुःखित देखै ताको निर्हेतु निवारण करै ऐसा स्वभाव सदा बनारहै (पुनः) शुचि कहे बाहर भीतरते पवित्र रहै सरलता कहे ईर्षा, द्वेष त्यागि सहज स्वभाव सबसों प्रीति राखै यहि रीतिते रहै ताको हीय उर अन्तर अचल सुखको ऐन कहे स्थान कहे उर में सदा आनन्दै रहे शोक कबहूं न आवै ३६ शूद्रवर्ण के कर्म (यथा) क्षुद्र पथ कहे नीचा स्वभाव अर्थात् थोरी द्रव्यादि पाइ मनमें मद आवत सो शूद्रनके स्वभाव को मसला लोकमें बिदित है कि " गगरीदाना शूद्र उताना " (यथा) " क्षुद्र नदी भरि चलि उतराई । जस थोरे धन खल बौराई " ॥ इत्यादि क्षुद्र पथ

परिहरै भाव नीचा स्वभावको शूद्र त्याग करै सूधा स्वभाव राखै अरु विप्रनके पदनको पूज्य मानि सेवा करिबेको हृदयमें श्रद्धा राखै (पुनः) विषमता त्यागि मनमें समता कहे सबको एकसम जानै (पुनः) गोसाईंजी कहत कि कुमति त्यागि सुमति कहे सुन्दरी बुद्धि ते सबसों मिला रहै सकल जीवनको सम जानै काहू सों विरोध न करै इत्यादि कर्म करै सो शूद्र श्रेष्ठ है ॥ ३७ ॥

दोहा ॥

हेतु बरनबर शुचिरहनि, रस निराश सुखसार।
चाहन काम सुरा नरम, तुलसी सुदृढ़ बिचार ३८

सब वर्णके श्रेष्ठ ताको हेतु कहत कि शुचि रहनि वर्ण के वर होबे को हेतु कहे कारण है भाव पवित्र स्वभावते रहना कोनौ वर्ण होइ सो श्रेष्ठ है (पुनः) सुखका हेतु कहत कि इंद्रिनकी जो स्वाद विषयादि जो रस है ताकी आशा त्यागि निराश ह्वैरहना यही सुखसारको हेतु है अर्थात् विषयते निराश भये स्वस्वरूपकी पहिंचान ज्ञान सोई सुख होत ताको सार पराभक्तिकी प्राप्ति होत सो निराशा कौनभांति ते होइ सो कहत कि चाहना काहू वस्तु की न करै लोभरहित होइ (पुनः) काम जो स्त्री आदिकन सों प्रीति व काहूभांति की कामना मन में न आवै (पुनः) सुरा कहे मदिरा अर्थात् तन धन बिद्यादिको मद न होने पावै सदा अमान रहै (पुनः) क्रोध निवारणकरि नरम कहे शान्तचित्त रहै गोसाईं जी कहत कि इत्यादि बिचार दृढ़ राखै कबहूं खण्डित न होइ सोई निराशा भक्ति को हेतु भक्तिभये सब वर्ण श्रेष्ठ हैं ॥ ३८ ॥

दोहा ॥

यथालाभ सन्तोषरत, गृह मग बन सम रीत।

ते तुलसी सुखमें सदा, जिन तनु बिभव बिनीत ३९

अब परमार्थपथगामिन की रीति कहत कि यथा लाभ तथा संतोष जो कुछ साधारण मिलिजाइ ताही में संतोष राखै लोभ न बढ़ावै गृहमें मगमें बनमें सम कहे बराबरिही रीति है (भाव) गृह कहे गृहस्थाश्रम में रहै जो जीविका बृत्ति करै सो देहसों सब कार्यकरै मन भगवत् में राखै जीविका बृत्ति ते जो लाभ होइ ताहीमें संतोष करै मग कहे ब्रह्मचर्य अथवा बानप्रस्थ में रहै तहां भिक्षादि में श्रद्धासहित जो कोऊ देइ सो लेइ ताहीमें संतोष करै बनमें अर्थात् त्यागी है बनमें रहै तहां प्रारब्धबश जो कुछ आइ जाइ ताही में संतोषकरै ताते सर्बत्र यथालाभ तथा संतोष में रत रहै (पुनः) जिनके तन में बिनय कहे बिशेष नीतिहीको बिभव है (यथा) शान्ति, समता, सुशीलता, क्षमा, दया, कोमल, अमल, बुद्धि, ज्ञान, बिज्ञानादि ऐश्वर्य जाके तन मन में परिपूर्ण है तिनको गोसाईजी कहत कि ते जन सदा सुखै में हैं उनको दुःख कबहूं नहीं॥ ३९ ॥

दोहा॥

रहै जहां बिचरै तहां, कमी कहूं कुछ नाहिं।
तुलसी तहँ आनंद सँग, जात यथा सँग छाहिं ४०
करत कर्म ज्यहिको सदा, सो मन दुख दातार।
तुलसी जो समुझै मनहिं, तौ तेहि तजै बिचार ४१

काहेते उनको दुःख कहूं नहीं है कि जहां स्थिर रहै वा पृथ्वी में जहां बिचरै तहां सर्बत्र कहीं कुछ कमी नहीं है काहेते जहां जात तहां आनन्द उनके संगही जात कौन भांति यथा छाहीं

देहके संगही जात तहां सूर्यन के सम्मुख चलो छाहीं पीछे लागि चली आवत अरु जब सूर्यनको पीठिदै छाहींकी दिशि मुखकरि चलो तौ आगे भागी चली जात इहां सूर्य श्रीरघुनाथजी के सम्मुख होतही आनन्द पाछे लागत अरु प्रभुको पीठिदै लोक सुख की दिशि मन करौ तौ आगे भागि चलीजात भाव आशा लागि कि अब सुखमिली अरु मिली कबहूं न आशा में जन्म पारहोई याते आशा त्यागि हरि सम्मुख होना सुखकी मूल है ४० जीवको उपदेश करत कि ज्यहिमनको हित मानि ताके मनोरथ अनुकूल जो सदा शुभाशुभकर्म करतहौ ताहीको फल दुःख सुख भोगतहौ सोई मने तोको दुःखदातार कहे दुःख देनहार है ताते याको हितकार करिकै न मानु अनहितकरि मानु तापै गोसाइंजी कहत कि जो तू मनहि अनहित करिकै समुझै कि यही हमको दुःख की राहको लैजातहै तौ बिचार करिकै जानिले कि कौन राह है दुःखद कौन सुखद है जो दुःखद राह जानेको कहै तौ तेहि मन को तजै भाव मनको कहा न करै काहेते याकी चाह सदा बिषय भोगहीमें रहत सोई तोको दुःखद है ताते बिषयको मनोरथ उठै ताको रोंकि बरबस भगवत् सनेह में लगाव तौ तेरो कल्याण है नाहीं तौ मन तोको दुःखै ढंग बाँधैगो ॥ ४१ ॥

दोहा ॥

कहतसुनतसमुझतलखत, तेहिते बिपति न जाय ।
तुलसी सबते बिलगहै, जब तैं नहिं ठहराय ४२

लोकसुखकी चाहहेतु जो मनको मनोरथ है तामें लागेते जीव को बिपत्ति होतहै यह लोक बेदमें बिदित है ताको आपहू कहत अरु औरनहूते सुनत है ताको समुझत अरु देखतौ है कि बिषय

आशमें परे संसारमें सब जीवन को महादुःख है परन्तु मनही के कहे बिषयमें पराहै ताहीते बिपत्ति नहीं जाय है अर्थात् बिपत्ति ही में पराहै सो जीवसों गोसाईंजी कहत कि यह तेरिही भूल है काहेते जो आपनो रूप सँभारिकै देखै अर्थात् बिबेक करि बिचारै तौ देह इन्द्रिय मनआदि सबते तू बिलग है कब ताको कहत कि देह इन्द्रिनका जो बिषय (यथा) शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि मनआदिके जो बिकार यथा काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, अहंकारादि इनके संग में जब तैं न ठहराय भाव मन आदि के बिकार इन्द्रियसुख में न परु तब तैं अमल सदा आनन्दरूप सब सों अलग है ॥ ४२ ॥

दोहा ॥

सुनत कोटि कोटिन कहत, कौड़ी हाथ न एक।
देखत सकल पुराणश्रुति, तापररहित बिबेक ४३

जबलगि मनआदिके कहे कामादि बिकार में अरु इन्द्रिय की बिषयनमें परा जीव आपनो रूप भूला है तबतक कोटिन बचन सबसों सुनत अरु आपहू कहत कि बिषय आश त्यागेते जीवको महासुख लाभ है अरु बिषय आश त्यागत नहीं (यथा) लोग परस्पर बार्त्ता करत कि खेती में बड़ी नफ़ा है काहेते एक मन बोये बीस मन होत ताते खेती करी (पुनः) बनिज में बड़ी नफ़ा है एक देशते लै दूसरे में बेंचिये शीघ्रही चौगुना होत नहीं इन दोउन में द्रव्य लागत ताते चाकरी में बड़ी नफ़ा राजालोगन के मुसाहेब बड़ा दर्महा पावत ताते नौकरी करिये इत्यादि अनेक व्यापार की बार्त्ता करत तामें कोटिन की नफ़ा सुनत अरु कहत परन्तु व्यापार बिना कीन्हें बातन ते एक कौड़ी हाथ नहीं

आवत (तथा) वेद पुराणन में ज्ञान उपासनादि की वार्त्ता लिखी हैं तिनको देखत अर्थात् पढ़त अरु अपरनको सुनावत सुनत परन्तु वाको व्यापार अर्थात् ज्ञान भक्ति के साधन नहीं करत विषय त्याग नहीं करत सारासारको विवेक नहीं करत शम दम आदि नहीं करत वा श्रवण कीर्तनादिमें मन नहीं देत ताते वेद पुराण देखतहू विवेकते रहित अर्थात् विषय में मन लगायेते सुख कैसे होय ॥ ४३ ॥

दोहा ॥

समुझतहै संतोष धन, याते अधिक न आन ।
गहत नहीं तुलसी कहत, ताते अबुध मलान ४४
कहा होत देखे कहे, सुनि समुझे सब रीति ।
तुलसी जबलगि होतनहिं, सुखद रामपदप्रीति ४५

चाहे जेतो धन होइ जबलग संतोष नहीं आवत तबलग कंगालै बना है काहेते जबलग चाह बनी तबलग धनी नहीं है जब संतोष आवै तबै धनी है यह लोकबिदित सब जानत हैं तातें सब समुझत कि संतोषही एक धन है जेहि संतोषते अधिक आन कुछ दूसरा धन नहीं है सो गोसाईंजी कहत कि तेहि संतोष को गहते नहीं सब लोक सुख कुचाहमें बँधे परेहैं ताहीते मन मलिन रहत जब मनमें मल भयो तब बुद्धि कहां याही ते अबुध है गये जो बुद्धि नहीं तौ परलोक कैसे सूझै याहीते सब जीव बासनारूप रस्सी में बँधा जन्म मरणादि दुःख भोगत है ४४ परमार्थ पथकी जो रीति है अर्थात् संसार दुःखरूप ताके सुख की बासना त्यागि सुखद भगवत् सनेह है इत्यादि वेद पुराण में लिखी है ताको देखे पढ़े अथवा औरनते सुनिकै समुझेते का होत काहेते सुखदेनहार

तौ श्रीरघुनाथजीकी शरणागति है सो गोसाईंजी कहत कि जीव को सुखद सुखदेनहार जबलग श्रीरघुनाथजी के पाँयन में प्रीति नहीं तबतक बेद पुराण बांचे सुने समुझेते का प्रयोजन भयो जब समुझै तब पछिताइकै यही कहैं कि भाई संसारते छूटना बड़ा कठिन है इतना कहि छुट्टी पाये फिरि बिषयमें आसक्त भये तौ दुःख कैसे छूटै ॥ ४५ ॥

दोहा ॥

कोटिन साधन के किये, अन्तर मल नहि जाय।
तुलसीजौलगिसकलगुण, सहितनकर्म नशाय ४६
चाह बनी जबलगि सकल, तबलगि साधनसार।
तामहँ अमितकलेशकर, तुलसी देखु बिचार ४७

जप, तप, तीर्थ, ब्रतादि कोटिन साधन कीन्हे ते अन्तर मन आदि को मल अर्थात् लोकसुख की चाह नहीं जात कबलागि गोसाईंजी कहत कि जबलगि सतोगुण करि किसीते प्रीति करत तमोगुण करि किसीते क्रोध करत रजोगुण करि सुखके हेतु द्रव्य चाहते लोभ करत स्त्री चाहते कामबश होत इत्यादि सकल प्रकार के गुणन सहित सबासनिक कर्म नहीं नाश होत तबतक बासना बश तौ मन अनेक कर्म देहते करावत तौ अन्तर कैसे निर्मल होइ जो बासना छूटै तब मन स्थिर होइ तब बुद्धि अमल होइ आपनो रूप पहिंचानै तब भगवत् सनेह करै तब जीव सुखी होइ सो तौ होत नहीं याही ते सब जीव दुःखी हैं ४६ स्त्री, पुत्र, धन, धाम, भोजन, बसन, बाहनादि सकल प्रकार सुखकी जबलगि चाह बनी है तबलगि तीर्थ ब्रतादि जो अनेक साधन करत ताको सार कहे फल का है सो कहत कि

तामहँ अमित कहे अनेक प्रकार के क्लेशही हासिल हैं अर्थात् सबासनिक शुभकर्म करत अशुभ आपही होत ताते दुःख सुखमें परेरहे जीवको स्वतन्त्र सुख तौ न भयो तौ परिश्रम वृथाहै ताको गोसाईंजी कहत कि विचार करि देखिले जो समुझ में आवै तौ वासना त्यागि जो साधन करु सो भगवत् सनेह हेतु करु सो अचल सुखको हेतुहै अरु वासना दुःखको हेतुहै सो त्याग ॥ ४७ ॥

दोहा ॥

चाह किये दुखिया सकल, ब्रह्मादिक सब कोय।
निश्चलता तुलसी कठिन, रामकृपा वशहोय ४८

कृमि, कीट, पशु, पक्षी, नर, नाग, देव, ब्रह्मा पर्यन्त जीवः मात्र सब कोऊ अचाहे भये ते सुख है अरु चाह कीन्हेते सकल जीवमात्र दुखिया कहे दुःखमें पीड़ित होत (यथा) नारदजी बिवाहकी चाहमें महादुःख सहे ये स्वाभाविक आनन्दमूर्ति हैं औरनकी कौन कहै सब तौ चाह में पीड़ितै हैं अरु अचाह जो चित्तकी निश्चलता अर्थात् जाको चित्त काहू बातपर चलायमान न होय एक श्रीरघुनाथहीजी में मनु लागरहै (यथा) काक-भुशुण्डि हनुमान्जी ताको गोसाईंजी कहत कि निश्चलता कठिन है काहेते स्वाभाविक जीवको गति नहीं तौ कैसे निश्चलता आवै ताको कहत कि रामकृपाबश होय अर्थात् जापर श्रीरघुनाथजी कृपा करैं तामें निश्चलता आवै तौ रघुनाथजी कौन भांति कृपा करते हैं जब निश्छल ह्वै रघुनाथजी की शरण जाइ तौ अनेकन जन्मके पाप कर्म नाशकरि शुद्ध करिलेते हैं (यथा) "सम्मुख होइ जीव मोहिं जबहीं। कोटि जन्म अघ नाशौं तबहीं" ॥ ४८ ॥

दोहा॥

अपनो कर्मन आपु कहँ, भलो मन्द जेहि काल।
तब जानब तुलसी भई, अतिशयबुद्धिबिशाल४९
तुलसी जब लगि लखिपरत, देह प्राण को भेद।
तब लगि कैसेकै मिटै, करम जनित बहु खेद ५०

जेहिकाल जौनेसमयमें आपनो कीनो कर्म तामें मेरा भला होइ वा मन्द कहे बुरा होइ यह न आवै अर्थात् अशुभ कर्म तो करबै न करै जो स्वाभाविक होत तिनके निवारण हेतु शुभ कर्म करै तामें फलकी चाह न होइ कि याको फल हमको सुख मिलै स्वाभाविक भगवत्प्रीति अर्थ करै जब ऐसी रीति मनमें आवै ताको गोसाईंजी कहत कि तब जानब कि अतिशय कहे अत्यन्त करिकै बिशाल कहे बड़ीबुद्धि अब भई अब आपनो स्वरूप पहिंचान परैगो देहादि द्वैत नाश होइगो ४९ गोसाईंजी कहत कि जब लगि देह अरु प्राणको भेद लखि कहे देखि परत तहां देह क्षेत्र है प्राण क्षेत्रज्ञ हैं (क्षेत्र यथा) मूलप्रकृति १ बुद्धि २ अहंकार ३ भूमि ४ जल ५ अग्नि ६ वायु ७ आकाश ८ दशइन्द्रिय १८ मन १९ शब्द २० स्पर्श २१ रूप २२ रस २३ गन्ध इति २४ चौबिसतत्त्व की देह (पुनः) सुखकी इच्छा, द्वेप, सुख, दुःख, देहाभिमान (पुनः) चेतना अर्थात् ज्ञानात्मक जो अन्तःकरण की बृत्ति बुद्धि औ धैर्य ये आत्मा के धर्म नहीं हैं अन्तःकरणही के धर्म हैं याते शरीर धर्मही इनको कहिये (यथा श्रुतिः) "कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धाधृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वं मनएवेति" इति क्षेत्र अर्थात् देहहै (यथा गीतायाम्) "महाभू-

तान्यहंकारो बुद्धिरव्यक्तमेव च। इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचराः १ इच्छा द्वेषः सुखं दुःखं संघातश्चेतनाधृतिः। एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् २ " (पुनः) प्राण जो अन्तरात्मा सो हर्षशोकरहित सबको प्रकाशक ज्योतिरूप अन्तर्यामी ज्ञानगम्य अज्ञान तमसों परे है (यथाश्रुतिः) " आदित्यवर्णस्तमसः परस्तात् " इति प्राण अर्थात् क्षेत्रज्ञ है (यथा गीतायाम्) " ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमसः परमुच्यते। ज्ञानं ज्ञेयं ज्ञानगम्यं हृदि सर्वस्यधिष्ठितम्" ॥ इत्यादि देह अरु प्राणको भेद यथा मेरे प्राण अरु मेरी देह अर्थात् प्राण तौ सत्यही है देहकोभी सत्य मानना (यथा) हम ब्राह्मण, हम क्षत्रिय, हम वैश्य, हम पण्डित, हम राजा, हम धनी, हम बुद्धिमान् इत्यादि देह को भी सांचु माने यही प्राण देह को भेद है सो जबतक देखात तौ सब भूतमें समता काहे को आई विषमतावश काहूसों वैर काहूसों प्रीति तौ शान्ति कैसे आई ताते हर्ष, शोक, अज्ञानतावश सवासनिक कर्म जो कुछ करी तिनते जनित कहे उत्पन्न जो बहुत भांतिको खेद नाम दुःख सोतौ स्वाभाविकै होयँगे सो जबतक यही रीति है तबतक कर्मन के फलरूप दुःख कैसे मिटैं सदा बाढ़त जायँगे ॥ ५० ॥

दोहा ॥

जोई देह सोइ प्राणहै, प्राण देह नहिं दोय।
तुलसी जो लखि पाय है, सो निर्द्दय नहिं होय ५१

जोई देह सोई प्राण है देह अरु प्राण द्वै नहीं हैं कौन भांति (यथा) सोने के कङ्कण कुण्डलादि दूसरा नाम कहावत परन्तु वामें बाहर भीतर विचारकरि देखो तो सोनही है कङ्कणादि नाम उपाधिमात्रहै (पुनः) यथा जलमें तरङ्ग दूसरी नहीं केवल जलै

है (पुनः) आकाश यथा सबके भीतर बाहर है तथा ब्रह्म को कार्यस्वरूप चराचर भूतमात्र में सोई स्वरूप बर्तमान है अर्थात् बाहर भीतर परिपूर्ण है काहे ते कार्य को आदि कारणरूप सोई है परन्तु ऐसा ह्वैकै भी रूपरहित हेतु सो यह इतने ऐसे कर स्पष्ट-रूप जानिबे योग्य नहीं हैं अज्ञानिन को अत्यन्त दूर है काहेते प्रकृति बिकारते परे है ताते क्षेत्र में क्षेत्रज्ञरूप भगवद्भक्त पावते हैं (यथा गीतायाम्) "बहिरन्तश्च भूतानामचरं चरमेव च। सूक्ष्मत्वात्तदविज्ञेयं दूरस्थं चान्तिके च तत् १ इति क्षेत्रं तथा ज्ञानं ज्ञेयं चोक्तं समासतः। मद्भक्त एतद्विज्ञाय मद्भावायोपपद्यते" ॥ इत्यादि प्राण देह एकही है ताको गोसाईंजी कहत कि ताको जो कोऊ लखि पाई है वाके जानबे की गति जाके है सो निर्दय कहे दयारहित नहीं होत काहेते सब में भगवत्रूप व्याप्त देखत ताते काहू जीव को दुःख नहीं देत यह गति हरिभक्तनै में है और में नहीं ॥ ५१ ॥

दोहा ॥

तुलसी तैं झूठो भयो, करि झूठे सँग प्रीति।
है सांचो होय सांचु जब, गहै रामकी रीति ५२
झूठी रचना सांच है, रचत नहीं अलसात।
बरजतहूं झगरत बिहठि, नेकु न बूझत बात ५३

(यथा) कुण्डलादि भूषणन में सोना सांचाईते भूषण भी सांचे हैं अर्थात् ये सोने के हैं अरु सोना को त्यागि कङ्कणादिक यही सांचु मानो तौ ये झूंठे हैं तथा आत्मा को त्यागि देहही को सांचु मानना अर्थात् ये देव हैं ये नर हैं ये ब्राह्मण हैं ये शूद्र हैं यह कहनूति झूंठी है सो गोसाईंजी कहत कि हे जीव! सब में व्याप्त भगवत्रूप ताको त्यागि देहव्यवहार झूंठे के संग प्रीति करि

तैं भी झूंठो भयो काहेते जब सबकी देहैं सांचु मानै तौ आपनी भी देह सांचु मानि काहू सों राग काहू सों द्वेषकरि हर्ष शोक की वासना करि शुभाशुभ कर्म करत ताही को फल दुःख सुख भोगत इत्यादि झूंठे के संग देह के साथ प्रीतिकरि तू झूंठा भयो अरु हँसि सांच सों सांचा तू कब होय जब राम की रीति गहै अर्थात् राग, द्वेष छांड़ि सब में समता मानि श्रीरघुनाथजी की प्राप्ति की रीति जो शुद्ध शरणागती गहै तब तू सांचा होइ अर्थात् आपनो रूप जानै ५२ झूंठी रचना चराचरादि देहन को व्यवहार ताको रचत अर्थात् चौरासी लक्ष रूप धारण करत में अलसात नहीं कि यह रचना अब न करी भाव जीवके यह आलस्य कबहूं नहीं आवत कि चौरासीको अब हम न जाई काहेते यह रचना सांची माने है भाव देहव्यवहार सांचु माने है ताही सुखकी वासना में सब जीव बांधे हैं तिनमें जो काहूसों मनेकरौ कि देहादिक झूठी है ताको सांचु मानि तेहि सुखके वासनावश अनेक कर्म करत ताही बन्धन में फिरि परौगे ताते देहसुखकी वासना त्यागि सब में समता मानि श्रीरघुनाथजीकी शरण गहौ देहसुख वृथा में न परौ इत्यादि बरजत हूं अर्थात् मनेकरतसन्ते बात कहिबे को प्रयोजन तौ नेकहू कहे थोरहू नहीं समुझत कि बात के भीतर क्या अभिप्रायहै यह नहीं विचारत सब जाति विद्यामहत्त्वादि के मानवश विशेष हठकरिकै झगरत एकबात पर अनेक उत्तर कल्पित करत ॥ ५३ ॥

दोहा ॥

करमखरी करमोह थल, अङ्क चराचर जाल ।
हरत भरत भर हर गनत, जगतज्योतिषीकाल ५४

जा भांति ज्योतिषी पण्डित जन्मपत्री व तिथिपत्रादि रचत में पटरापर गर्द बिछाइ व भूमिमें लोहकी कलमते अङ्क लिखि गणित करत अङ्कन गुणत (पुनः) भाग देत जो शेषरहत तिन को (पुनः) गुणत इसीभांति अङ्कलिखिगुणि (पुनः) बिगारत इत्यादि रचना खेलवार सम झूठीही है ताहीभांति पल, दण्ड, दिन, मास, बर्षादि जो काल है सोई ज्योतिषी है सो मोहरूपी थल कहे भूमिपै अर्थात् मोहै में सब जगत् रचा है ताते थल कहे पुनः कर कहे हाथ में करमरूपी खरी कहे कलम लिहे भाव कर्मै करि अनेक देहैं धरत याते कर्म को कलम कहे तेहि कलमते चराचर देहरूप अङ्कनके जाल तिनको रचत अर्थात् सबको उ-त्पन्न करत (पुनः) गनत कहे पालन करत (पुनः) हरत कहे नाश करत अर्थात् सुख बासनाते अनेक कर्म करत ताके फल भोग हेत समय पाय उत्पन्न होत मोहमें फँसे अनेक दुःख सुख भोगत (पुनः) काल पाय नाश होत याही भांति चराचर लोकरचना देखनमात्र याते झूठहीहै ताको सांचुमानेतेजीव झूठभयो॥ ५४॥

दोहा॥

कहतकालकिलसकलबुध, ताकर यह व्यवहार।
उतपति थिति लय होतहै, सकलतासुअनुहार ५५

बुध जो ज्ञानी हैं ते सकल कहत कि पल, दण्ड, दिन, मास, बर्ष, युग, कल्पपर्यन्त यह जो कालहै ताहीको यह जग व्यवहार है ताही कालकी अनुहार अर्थात् जब जैसा काल कहे समय आवत तब वा समय के कार्य किल कहे निश्चय करिकै होत (यथा) समय पाय प्रलय होत (पुनः) जब समय आयो तब फिरि संसार उत्पन्न भयो तब सतयुग में धर्म पूरणरहा जब त्रेता

लाग कुछ धर्म खण्डित भयो द्वापर में अर्ध रह्यो कलियुग में एकचरण रह्यो ऐसेही होतजात (पुनः) कल्पान्त भयो ऐसेही कल्पान्त बीतत बीतत जब (पुनः) समय आयो तब महाप्रलय ह्वैगई कुछ न रहा (यथा) रात्रिको अन्धकार, दिनको प्रकाश, वर्षामें वृष्टि, शरद् में जाड़, ग्रीष्म में गरमी आदि निश्चय होत याते सब कालको व्यवहार है ॥ ५५ ॥

दोहा ॥

अंकुर किसलयदलविपुल, शाखायुत वरमूल।
फूलिफरत ऋतुअनुहरत, तुलसी सकलसतूल ५६

अब समय अनुकूल वृक्षादिकन को देखावत तहां बनस्पती काहूकी बीजते उत्पत्ति (यथा) आम्रादि काहू की मूलते उत्पत्ति (यथा) जमींकन्दादि काहूकी बीज डारादि दोऊ सों उत्पत्ति (यथा) पाकरि आदि तहां वृक्षन के अंकुर, किसलय, दल, डार, फूल, फल, मूलादि सर्वाङ्ग समय अनुकूल होत (यथा) अनेक तृणादि के अंकुर बीज व मूलते वर्षा पाय होत अरु बथुई आदि कार्त्तिक में होत (पुनः) पीपरादि वृक्षनके दल फागुनमें गिरि जात चैतमें अंकुर वैशाखमें पल्लव ज्येष्ठमें अनेकन दल हरित होत (पुनः) तिन वृक्षादिकन के शाखायुत कहे डारैं सहित अरु वर कहे श्रेष्ठ मूल तेऊ समय पाय सफल होन (यथा) आम्रादि शिशिर में फूलत वसन्तमें फलत बजुर श्रावणमें फूलत चैतमें फलत (पुनः) सकरकन्द वर्षा में लगावत शरद्तक मूलै लघु रहत हेमन्तमें वेई मूलैं श्रेष्ठ अर्थात् सकरकन्द मोटी होत इत्यादि मूल, फल, फूल, अन्न, फलादि वृक्षन को यावत् व्यवहार है ताको गोसाईंजी कहत कि सकल प्रकार के मूल, जीव, धातुआदि यावत्

ब्रह्माण्डहै सो ऋतु अनुहरत अर्थात् आपनो समय पाय सब होत सतूल कहे सहित तौल जावस्तुकी जौन मौताज सो उतनही होत अथवा तूल कहे रुई सहित अन्न फल फूल आपने समय पर होत ॥ ५६ ॥

दोहा ॥

कहतब करतब सकलतेहि, ताहिरहित नहिं आन।
जानन मानन आनबिधि, अनूमान अभिमान ५७

(यथा) समय पाय सब बस्तु होत तथा देहादि समय पाय होत तथा जब समय आवत तब देहो नाश होत ताते देह को व्यवहार झूंठही है अरु देह मुख करिकै पढ़ना पढ़ावना निन्दा स्तुति बाद बिबाद प्रश्नोत्तरादि यावत् बचन व्यवहार हैं (पुनः) यज्ञ, तप, तीर्थ, ब्रत, दान, दयादि सुकर्म (पुनः) हिंसा, ईर्षा, परहानि, बैर, बिरोध, परधन, परस्त्री, पर अपबादादि अशुभ इत्यादि यावत् कर्म को व्यवहार है सो देह की कर्तव्य नहीं है जो देह में चैतन्य पुरुष है तेही को सकल करतब है ताहि जीवात्मा ते रहित आन कुछ नहीं है ताते देह में आत्मा को सारांश जानना यह तो उचित बिधि है ताको त्यागि देह सुखद कर्म सांचु अनुमान करि जाति, बिद्या, महत्त्वादि देहही को अभिमान करि कि हम उत्तमक्रिया के अधिकारी हैं यह अभिमान बश ते जानन मानन आनबिधि को है गयो अर्थात् सर्वव्यापक भगवत्रूप ताके जानबे की बिधि त्यागि आनही बिधि जानत अर्थात् यज्ञ, तपस्या, तीर्थ, ब्रत, दानादि देह सुखद कर्मनै को सांचु जानत ताते सुख की बासनाते देव तीर्थादिनै को सांचा

करि मानत तेहि शुभाशुभ कर्मन के फल में वद्ध होत द्वैद्वै पद की आवृत्तियां ते छेकानुप्रासालंकार है ॥ ५७ ॥

दोहा ॥

हानिलाभजयबिधि बिजय, ज्ञान दान सन्मान ।
खानपानशुचिरुचिअशुचि, तुलसीबिदितविधान ५८
शालक पालक सम बिषम, रमभ्रमगमगतिगान ।
अटघट लट नटनादि जट, तुलसीरहितनजान ५९

देहाभिमानवश लोक प्रपञ्च में अनेक विधान करत ताको कहत सो शुभकर्म कीन्हेते होत अरु अशुभ आपही होत ताते दुःख सुखको प्रचार कहत तहां लोभवश लाभहेतु उपाय करत हानि आपही होत (पुनः) क्रोधवश जय विशेषि जय के हेतु उपाय करत पराजय आपही होत (पुनः) चैतन्य है ज्ञानके हेतु विवेक विरागादि साधन करत मोहवश अज्ञान आपही होत (पुनः) सुखहेतु दानादिधर्म करत हिंसा असत्यादि अधर्म आप ही होत (पुनः) रागवश काहू को मित्र मानि सन्मान करत (पुनः) द्वेषवश काहू सों शत्रुता मानि निरादर करत (पुनः) स्वाद हेतु खान पान उत्तम चाहत अभाग्यवश कुत्सित भोजनको मिलना दुर्घट शुचि कहे पावनताकी रुचि करत अशुचि अपावनता सहजही होत इत्यादि अनेक विधि के विधान हैं ताको गोसाईंजी कहत कि, कहां तक वर्णन करी लोक में विदित है ५८ काहूको हित मानि तासों सम कहे सीधा स्वभाव है पालक होत भाव रक्षा करत काहूको अनहित मानि तासों विषम कहे टेढ़ा स्वभाव है साल कहे दुखदायक होत (पुनः) रमआदि

यावत् शब्द हैं ते नकार के आदि लगाय ताको अर्थ समझो (यथा) रम के अन्त नकार लगाये ते रमनभये अर्थात् काहू समय सुखी है रमन कहे अनेक क्रीड़ाकरन काहू समय दुःखित है जगमें भ्रमना (पुनः) जहांतक गति है तहांतक गमनकरना आना जाना कबहूं सुखित है गावना (पुनः) दुःखित है रोवना तीर्थादिकन में अटन कहे घूमना घटन कहे शोभित अर्थात् काहू समय एक जगह स्थिर है रहना लटन कहे काहूसमय रोगादि दुःख में दुर्बल होना नटन कहे मनोरथबश अनेक नाच नाचना जटन कहे जटित अर्थात् काहू बस्तु में चित्त लगाय आसक्त होना गोसाईंजी कहत कि जौन ढंग पूर्व कहि आये हैं तिनते रहित काहू जीवको न जानना सब इनही में परे हैं शब्दान्त-बृत्तानुप्रासालंकार है ॥ ५९ ॥

दोहा ॥

कठिन करम करणी कथन, करता कारक काम।
काय कष्ट कारण करम, होत काल समसाम ६०

यज्ञ, तीर्थ, ब्रत, जप, तप, दानादि शुभकर्म हैं हिंसा, परस्त्री-गमन, परहानि, चोरी, ठगी इत्यादि अशुभकर्म तिनकी करणी कहे शुभाशुभ कर्मन की कर्तव्यता तेहिको कथन कहे बिधिपूर्बक कर्मन को व्यवहार कहना सो कठिन है कोऊ कहि नहीं सकत काहेते कर्मनको करता जो है जीव ताको कारक कहे करा-बनहार है काम सो ऐसा प्रबल है कि शुभकर्म में भी अशुभकर्म प्रकट करायदेत (यथा) तीर्थस्नान को गये तहां सुभग स्त्री को देखे नेत्र मन उसीमें आसक्त भये ऐसेही सर्बत्र जानिये अथवा

काम कहे कासना अर्थात् वासना सहित जीव कर्मकरत ताको फल कहत कि काय जो देह ताके कष्ट के कारण हेतु कर्म होत सो काल जो समय तासों साम कहे मिलाप सहित कालही को सम कर्म होत अर्थात् शुभसमय में शुभकर्म होत अशुभसमय में अशुभकर्म होत ते दोऊ दुःख के कारण हैं काहेते शुभकर्म तौ पृथक् ही कायक्लेश करि होत तामें कामादि की प्रेरणा ते अशुभ स्वाभाविक होत सो जहां शुभकर्म को फल सुख मिलत तहां स्वाभाविक अशुभको फल दुःखभी साथही होत (यथा) दक्ष यज्ञकरतमें क्रोधवश शिवजीसों विरोध कीन्हे को फल दुःख पाये (यथा) नृग दान करतमें भूलि एक गऊ द्वैबार संकल्पि गये ताको फल शापवश गिरगिट भये अरु जब शुभको फल सुखभोग में ऐश्वर्य वश (पुनः) शुभकर्म तौ होतही नहीं जब सुकृत चुकि गई फिर दुःख के पात्र भये अरु अशुभ तौ सदा दुःखदाता सब जानत ताते कर्मन को जाल बड़ा कठिन है ताको को कहि सकै अरु जो कामको कारक कहे तहां आदि कारण कामहीहै (यथा गीतायाम्) ध्यायतो विषयान् पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते । संगात्सं-जायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते १ क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात् स्मृतिविभ्रमः । स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात् प्रणश्यति " ॥ शब्दादिवृत्तानुप्रासालंकार ॥ ६० ॥

दोहा ॥

खबर आतमा बोध बर, खर बिन कबहुं न होय ।
तुलसी खसम बिहीन जे, ते खरतर नाहिं सोय ६१

आत्मबोध कहे देहव्यवहार लोकसुख असार जानि त्यागि आत्मरूप सारांश जानि ताको पहिंचानना अर्थात् हर्ष विषाद

रहित मेरो आत्मरूप आनन्दमय सदा एकरस है ऐसा बर कहे श्रेष्ठ बोध उत्तम ज्ञान सो बिसरिगयो है कौनभांति सों प्रमाणके श्लोक ऊपर लिखे हैं अर्थात् बुद्धिद्वारा शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि बिषयन को ध्यान करत में मन बिषयासक्त भयो बिषय संग ते प्रतिदिन कामना बढ़ती गई (पुनः) काहूभांति कामना नष्ट भई तौ क्रोध भयो क्रोधते मोह भयो अर्थात् कार्य अकार्य को बिचार नहीं रहो (पुनः) सम्पूर्ण मोह होनेसे शास्त्र आचार्य गुरु आदिकन को उपदेश भूलि जात उपदेश भूलेते बुद्धिकी चैतन्यता गई बुद्धिनाश होनेते मृतक तुल्य जीव जड़ होत है (पुनः) आत्मरूप को श्रेष्ठ बोध चाहै तौ बिना जीवके खर भये पूर्व आत्मरूपको खबर कबहूं नहीं होय है तहां जीव खर कैसे होय (यथा) घृत में छांछ मिले रहे ते स्वाद सुगन्ध स्वरूपता जात रहत जब अग्नि पै चढ़ाय तप्त करि खर करि डारिये वाको मैल भस्मभयो तब घृत अमल भयो (तथा) कामादि विषय बासनारूप मैल मिले आत्मरूप जात रहो सो शुभाशुभ कर्म ईंधनकरि बैराग्य योगादि अग्नि में तप्तकरै तब सब बिकार भस्म ह्वैजाय तब जीव खर कहे शुद्ध होय तब आत्मरूपकी खबर होय ताहूमें गोसाईंजी कहत कि जे खसम कहे स्वामी अर्थात् सेवक स्वामी भाव करके हीन हैं भाव श्रीरघुनाथजीकी शरणागती नहीं गहे हैं केवल आत्मबोधही को भरोसा राखे हैं ते खरतर कहे अत्यन्त खरे अर्थात् बिशेषि शुद्ध नहीं होत आत्मबोध है (पुनः) चूकेपर उसी अज्ञानदशा को प्राप्त होते हैं (यथा) "जे ज्ञान मान बिमत्त तव भयहरणि भक्ति न आदरी। ते पाय सुर दुर्लभ पदादपि परत हम देखे हरी"॥ (भागवते) "श्रेयःश्रुतिं भक्ति-

मुदस्य ते विभो क्लिश्यन्ति ये केवलबोधलब्धये । तेषामसौ क्लेशल एव शिष्यते नान्यद्यथा स्थूलतुषावघातिनाम् " ॥ ६१ ॥

दोहा ॥

चितरतिबितव्यवहरितबिधि, अगमसुगमजैमीच ।
धीर धरम धारण हरण,तुलसीपरत नबीच६२

अब जीवन के जय पराजय के कारण कहत तहां लोक में प्रसिद्ध शत्रु परलोक में कामादि शत्रु हैं तहां आपनी जय तौ सब चाहत अरु जा बात से जय होत सो नहीं करत करत काहें कि वित्त जो द्रव्य ताही में चित्तकी रति कहे प्रीति है ताते वित्तपायबे की विधि में व्यवहरत अर्थात् लोभवश अनेक अनीति करत तेहि अधर्म का फल यह कीजिये जो शत्रु सो जीति सो तौ अगम है अर्थात् जय तौ होतही नहीं अरु मीच जो मृत्यु अर्थात् पराजय सो सुगमही होत काहेते लोभवश अधर्म कीन्हें को यही फल है अरु जय होनेका उपाय का है सो कहत कि धर्म अर्थात् सत्य शौच, तप, दानादि करै अरु धीरज धारण कियेरहै ताकी जय होय अरु जो धीरज धर्मादिको हरण कहे त्यागकरै ताकी पराजय होय इत्यादि दोऊ बातन गोसाईंजी कहत कि बीच नहीं परत बिशेषि करिकै अधर्मी अधैर्यवान् की पराजय धर्मवान् धैर्यवान् की जय निश्चय करिकै होत है 'इति लौकिक' अब परलोक में कामादि शत्रुन सों जय पराजय कहत तहां वित्त जो शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि ताही में चित्तरत रहत ताते देह इन्द्रिन के सुखकी विधि में व्यवहरत अर्थात् विषयसुखके व्यवहारहीमें सदा आसक्त रहत ताते मोहादिते जय होना अगम है क्राहेते एक तौ विषयते धीरज नहीं दूसर हरिभक्तिरूप धर्म नहीं तिनको काम-

दिकन सो मीचु पराजय होना सुगम है अरु जे श्रीरामसनेहरूप धर्ममें रत हैं अरु बिषयसुख त्यागिबेमें धीरज धारण किहे हैं भाव बिषयते बिरक्त रहत ताकी मोहादिकनसों जय होत अरु जे धीरज धर्म को हरण किहे त्यागे हैं तिनहीं की पराजय होत काहेते बिना भगवत् सनेह सब साधन वृथा है (यथा रुद्रयामले) "ये नरोऽधमलोकेषु रामभक्तिपराङ्मुखाः। जपस्तपो दयाशौचं शास्त्राणामवगाहनम्॥ सर्वं वृथा विना येन शृणु त्वं पार्वतिप्रिये"॥६२॥

दोहा॥

शब्दरूप बिबरण बिशद, तासु योग भवनाम।
करतानृप बहुजाति तेहि, संज्ञा सब गुणधाम ६३

शब्द कहिबेते स्पर्शभी आइगयो काहेते शब्द आकाश को सूक्ष्मरूप है पवन भी आकाशते सम्बन्ध राखेहै पवन को सूक्ष्म रूप स्पर्श है (पुनः) रूप कहिबेते रस गन्ध भी आइगयो काहेते जब रूप भयो तब रसगन्धहू होइगो सो शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादिते बिबरण कहे बिलग जबतक है तबतक आत्मरूप बिशद कहे उज्ज्वल अमल रहत (पुनः) तासु कहे तिनही शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि के योग कहे लीन भयेते स्थूलरूप अर्थात् आकाश, बायु, अग्नि, जल, पृथिवीआदि पाई स्थूल देह भव नाम उत्पन्न भई तहां पवनको योग ज़्यादाते स्वर्गमें रहे देव नाम भयो पृथिवीयोग ज़्यादाते भूमिमें रहे मनुष्य नाम भयो जलयोग ज़्यादाते पाताल में रहे नागादि नाम भयो तहां कर्ता जीवात्मा नृप कहे इन्द्रियदेवादिकन को प्रेरक स्वतन्त्र एकही है सोई जीवात्मा तेहिके देह धारण कीन्हें ते ब्राह्मण, क्षत्रिय, बैश्य, शूद्रादि कर्मानुसार जाति भई तिनकी शर्मा, बर्मा, गुप्त,

दासादिसंज्ञा भई अथवा संज्ञा कहे प्रति देह न्यारे नाम भये (पुनः) सत रज तमादि गुण वा सुशील कुलादि गुण वा रूप रङ्गादि (यथा काव्यनिर्णये) "रूप रङ्ग रस गन्ध गनि, और जो निश्चल धर्म। इन सबको गुण कहत हैं, गुनिराखे यह मर्म" ॥ तहां चारि प्रकार ते नामसंज्ञा होत प्रथम जाति ब्राह्मणादि दूसर यदृच्छा (यथा) भैयादि तीसर गुण यथा श्यामादि चतुर्थ क्रिया यथा परिडतादि इत्यादि क्रिया गुणन को धाम कहे अनेकन धारण करि अनेकन नाम ह्वै गये तिनको सांचु मानिबो यही जीवकी भर्म है ॥ ६३ ॥

दोहा ॥

नाम जाति गुण देखिकै, भयो प्रबल उर भर्म।
तुलसी गुरु उपदेश बिन, जानिसकै को मर्म ६४

जाति, ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, शूद्रादि तामें अनेक भेद हैं गुण कहे रूप रङ्ग गन्धादि देह के गुण हैं सौशील, उदारतादि सुभाव के गुण हैं नम्रतादि वचन के गुण हैं विद्या धर्मादि यावत् क्रिया हैं ते बुद्धिके गुण हैं तहाँ जाति अरु गुणन के जो नाम हैं (यथा) जाति ब्राह्मण सनकादि ये जय विजय को दैत्यकरे नारद ये भगवान्हीको शाप दिये रामायण में प्रसिद्ध वशिष्ठजी कन्या ते पुत्र करिदिये अगस्त्य समुद्र पानकरिगये क्षत्री मनु जिन परमात्मा को आत्मज बनाये विश्वामित्र बरबस ब्राह्मणत्व लीन्हे प्रियव्रत रात्रिको दिनकरे सप्त समुद्र बनाये वैश्य सरवन लोक प्रसिद्ध भये शूद्र पूर्वजन्म में काकभुशुरिड प्रसिद्ध हैं निषाद, शबरी, श्वपचादि प्रसिद्ध हैं इत्यादि जाति नाम लोकविख्यात हैं (पुनः) गुणन के नाम (यथा) कामरूपवान् गौर हिमगिरि मलयगिरि

में गन्ध चन्द्र शीतल हरिश्चन्द्र उदार भूमिमें नम्रता सरस्वती में विद्या मोरध्वजमें धर्म अम्बरीष में क्रिया इत्यादि जाति गुणादि के नामन में सचाई देखिकै जीवन के उरमें प्रबल कहे अतिबली भर्म भयो अर्थात् आत्माकी सचाई दृष्टित्यागि देहकी सत्यता मानिलियो तहां बिचार कीन्हेंते सब आत्मैकी प्रकाश है बिना आत्मा की प्रकाश देह कुछ नहीं करिसकत ताको गोसाईंजी कहत कि बिना गुरुके उपदेश यहि भ्रमको मर्म जो सांचाहाल ताको को जानिसकै जब गुरु कृपाकरि लखावैं कि यह देहको व्यवहार देखनेमात्र है सांचा एक आत्मा है ताकी सचाईते सून झूठी देहभी सांची देखात यह मर्म तब जानिपरै (यथा) मुनिकी भर्म हनुमान्‌जी को अप्सरा बतायो तब कालनेमि को जाना कि राक्षस है छल करि मुनिबन्यो बिलमायबे को ॥ ६४ ॥

दोहा ॥

अपन कर्म बरमानिकै, आप बधो सब कोय।
कारजरत करता भयो, आपन समुझत सोय ६५

जाति गुणादिके नाम देखिकै जीव के उरमें कौन प्रबलभर्म भयो सो कहत कि आपनो कीन्हो जो कर्म ताही को वर कहे श्रेष्ठ मानिकै जगमें सबजीव आपही बधो कौन भांतिते सो कहत कि सब जगके आदि कारण भगवत् हैं ताको भूलि कर्ता जो जीव सो मनोरथ बशते कारज जो देह को व्यवहारकृत यावत् कर्म हैं ताही व्यापार में रतभयो काहेते सोई कर्मन को आपन करि समुझत अर्थात् मेरे कीन्हे जो कर्म हैं ताहीमें मोको सुख होइगो ऐसा जानि आपनी कर्तव्यता सांची मानि सुखके वासना हेतु अनेक देवनको इष्टमानि यज्ञ, पूजा, पाठ, जप, तप, तीर्थ,

व्रतादि सुखफल हेतु शुभकर्म करत तामें अशुभकर्म स्वाभाविक होत तिनके फल भोगहेतु अनेकन योनिन में जन्मत, मरत अनेक दुःख सुख भोगत याही कर्मवासना में सब जीव बँधे चौरासी में भरमत हैं ॥ ९५ ॥

दोहा ॥

को करता कारण लखै, कारज अगम प्रभाव।
जो जहँ सो तहँ तर हरष, तुलसी सहज सुभाव ९६

काहेते सबजीव भूले परेहैं कि कारज जो देह व्यवहारकृत अनेकन जो कर्म हैं तिनको प्रभाव अगम है अर्थात् भक्तिज्ञानादि सब में कर्म व्याप्त है तामें कारण यह कि जो जग में भगवत्रूप व्याप्त जानि सबमें समभाव राखै अशुभकर्म त्यागे रहै अरु सत्कर्म वासनाहीन करि भगवत् को अर्पण करि भगवत् सनेह शरणागती में मनराखै सो कर्मबन्धन में न परै अरु जे वासना सहित कर्म करत तेई बंधन में परत काहेते जो वासना सहित कर्म करत सो तौ आपन प्रयोजन सिद्ध चाहत ताको अशुभ त्यागिबे की सुधि कहां है ताते अशुभ बहुत होत सोई शुभाऽशुभ को फल सुख दुःख भोग यही बन्धन है ताते वासना यही कारज जो कर्म ताको अगम प्रभाव है ताही में सब भूले हैं सो को ऐसा करता जो जीव है जो देह व्यवहाररूप कारज त्यागि भगवंतरूप कारण को लखै जो बन्धन में न परै ऐसा नहीं है काहेते स्वर्ग, भूमि, पातालादि लोकन में सुर, नर, नागादि जो जहां पर हैं सो तहैं पर कैसा रहत ताको गोसाईंजी कहत कि सहज स्वभावते जहां रहत तहां तर कहे अत्यन्त हरषसहित रहत भाव जौनी योनि में जो है तहैं देह, पुत्र, स्त्री, परिवार, धामादि आपनो मानि

अत्यन्त हर्ष सहित रहत परलोक की सुधि काहू को नहीं है ॥६६॥

दोहा ॥

तुलसी बिनुगुरुको लखै, बर्त्तमान बिबि रीत।
कहुकेहि कारण ते भयो, सूर उष्ण शशिशीत ६७

लोक परलोक दोऊ कर्मकरि बनत तहां सबासिक कर्म लोक हेतु निर्बासिक कर्म परलोक हेतु है (यथा) निर्बासिक यज्ञकरि पृथु भगवत्को प्राप्त भये सबासिक यज्ञ करि दक्ष की दुर्देशा भई निर्बासिक तपस्या करि ध्रुव भगवत् को प्राप्त भये सबासिक तपस्या करि रावण पापभाजन भये निर्बासिक क्रियाकरि अम्बरीष भगवत्को प्राप्त भयो सबासिक क्रिया दानकरि नृग कृकलास भयो इत्यादि सर्बत्र जानिये सो इत्यादि बिबि कहे दोऊ प्रकार की रीति बर्तमान लोक में प्रसिद्ध है तदपि गोसाईंजी कहत कि बिना गुरु के उपदेश कोऊ जीव कैसे लखि पावै अर्थात् बिना गुरु के उपदेश नहीं कोऊ जानि सकत है कौन भांति (यथा) सूर्य चन्द्रमा लोक में प्रसिद्ध हैं अर्थात् सूर्य तापकर कहावत चन्द्रमा शीतकर कहावत तिनको कहौ कौने कारण ते सूर्य उष्ण कहे तप्त भये अरु चन्द्रमा कौन कारण ते शीतल भयो याको कारण बिना गुरु के लखाये लोक जीव नहीं जानि सकत तहां लोक में ब्रह्मादिक आचार्य आदिगुरु हैं तिनके उपदेश वेद संहिता पुराणादि में प्रसिद्ध हैं तहां यह कारण है कि श्रीरघुनाथजी जौने रूप में जो शक्ति स्थापित करि दियो सोई क्रिया वा रूपते प्रकट होत (यथा) "बिधि हरि हर शशि रबि दिशिपाला। माया जीव कर्म कलिकाला॥ अहिप महिप जहँलगि प्रभुताई। योग सिद्ध निगमागम गाई॥ करि बिचारि जिय देखहु नीके। राम

रजाय शीश सबही के" (स्कन्दपुराणे) ब्रह्मविष्णुमहेशाद्या यस्यांशे लोकसाधकाः । तमादिदेवं श्रीरामं विशुद्धं परमं भजे" (पुनर्वैशिष्ठसंहितायाम्) "जयमत्स्याद्यसंख्येयावतारोद्भवकारण। ब्रह्मविष्णुमहेशादिसंसेव्यचरणाम्बुज ॥ ६७ ॥

दोहा ॥

करता कारण कर्म ते, पर पर आतमज्ञान ।
होत न बिन उपदेश गुरु, जो षट वेद पुरान ६८

करता जीव कारण आदि प्रकृति कारण माया कर्म कहे कार्यरूप माया अर्थात् देहेन्द्रिय आदि यावत् व्यवहार हैं इत्यादिकन ते परात्पर आत्मतत्त्व को ज्ञान है काहेते आत्मतत्त्व अकर्ता आनन्दरूप सदा एकरस है वाही के जब इच्छा भई तब कर्ता भयो सोई इच्छाते आदि प्रकृति कारण मायावश ह्वै आत्मरूप भूलि बुद्धि के वशपरि जीवत्व को प्राप्त भयो अर्थात् हर्ष, विषाद, ज्ञान, अज्ञान, अहमिति अभिमानी भयो सो अभिमान सतोगुण मिलि ताते मन अरु दशेन्द्रिय भई अरु तामस अहंकार ते शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध तिनते क्रमते आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी भई तब कार्यरूप माया वश ह्वै शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि की चाहते कामना बढ़ी कामना न होने से क्रोध भयो क्रोध ते मोह अर्थात् हानिलाभ की सुधि न रही तब बुद्धिभ्रम भयो तब गुरु शास्त्रादि उपदेश भूलेते जीव जड़ ह्वै गयो (पुनः) जो आत्मतत्त्व को ज्ञान चहै ताहेतु चारिउ वेद छहो शास्त्र अठारहो पुराणें सब पढ़े आपुते आत्मज्ञान न होइगो बिना सद्गुरु के कृपा उपदेश दीन्हे जब सद्गुरु कृपा करि उपदेश करि मार्ग लखावें तापर आरूढ़ होइ तब आत्मतत्त्व को ज्ञान होई ॥ ६८ ॥

दोहा ॥

प्रथम ज्ञान समुझै नहीं, बिधिनिषेध व्यवहार।
उचितानुचितै हेरि धरि, करतब करै सँभार ६९

कारज जो स्थूलशरीर व्यवहार इन्द्रियसुख विषय कामादिकन में आसक्ति देहाभिमान ताते पर कारण शरीर आदि प्रकृति कारण माया जो आत्मदृष्टि भुलाय जीव बनायो ताते पर करता जीव जो आत्मदृष्टि त्यागि अकर्ता ते करता ह्वै प्रकृति में लीन होने की इच्छा करी अर्थात् सूक्ष्मरूप ताते पर आत्मज्ञान है तहां जबलग स्थूल शरीर को अभिमानी जबलग कारण शरीर में आसक्त जबले सूक्ष्म शरीर में बासना बनी तबलग ज्ञान कहा है ताते कहत कि प्रथमही ज्ञानको न समुझै कि इन्द्रिय तौ विषयमें आसक्त मनकामादिकन में धावत मुखते ज्ञान कथनीकरै (यथा) "अहंब्रह्म द्वितीयं नास्ति" इत्यादि फाल्गुन के बालकन सम बृथा न बकै (यथा) (शङ्कराचार्येणोक्तं) "वाक्योच्चार्यसमुत्साहात्कर्मकर्तुमक्षमाः। कलौ वेदान्तिनो भान्ति फाल्गुने बालका इव"॥ ताते प्रथम बिधि निषेध व्यवहारमय कर्म करै तहां बिधि कहे जो कर्म करिबेको उचित है निषेध कहे जो कर्म करिबे कों अनुचित है ते उचित अरु अनुचित हेरि कहे बिचार दृष्टिते देखि लेवै कि ये कर्म करिबे योग्य हैं अरु ये कर्म त्यागिबे योग्य हैं ऐसा बिचारि दृढ़करि हृदय में धरिलेइ तब मनते सँभारिकै करतब जो कर्म तिनको करै (यथा) (सिद्धान्ततत्त्वदीपिकायाम्) "कर्म सुवेद बिहितनिष्काम। भगवत् हित करिये बसुयाम॥ ते गनि तीरथ गमन स्नान। सत्य शौच जप दान विधान॥ स्वाध्यायरुशमदमतपत्याग। शीलस्वधर्मयोग ब्रतयाग॥ देहा-

ध्यास त्यागितिहि करिये । हिय महि निज कर्तृत्व न धरिये ” ॥ इत्यादि उचित है तिनको सँभारिकै करिये (पुनः) अनुचित कर्म (यथा) “काम क्रोध मद लोभरुमोहा । वैर विरोध रागपरद्रोहा ॥ दम्भ कपट परधन परदारा । हिंसा निरदय पुनि अहंकारा ॥ निंदा इरषा झूठकुसंगा । पर अपमानरु पोषन अंगा ” ॥ इत्यादि अनुचित जानि त्याग करै अरु शुभकर्म भगवत् प्रीति अर्थ करि भगवत् को अर्पण करै कछु काल याहीभांति करते करते इन्द्रिय मन बिषयत्यागि भगवत् की सम्मुख होइगी श्रवण कीर्तनादि करि हरि सनेह प्रकट होइगो तब देहाभिमान नाश होइगो ॥ ६९ ॥

दोहा ॥

जब मनमहँ ठहराय बिधि, श्रीगुरुबर परसाद ।
यहि बिधि परमात्मालखै, तुलसी मिटै बिषाद७०
बरबस करत बिरोध हठि, हान चहत अकहीन ।
गहि गति बकबृकश्वानइव, तुलसी परमप्रबीन७१

बर कहे श्रेष्ठ श्रीसद्गुरु के परसाद कहे कृपाते जब बिधि मन में ठहराय अर्थात् अनुचित कर्म बिषयआशा त्यागि शरणागती की बिश्वास आवै तब बिधि जो है उचित कर्म तिनमें मन लागै तब मन्त्र जाप भगवत् पूजादिकरि बिकार नाश होइ क्षमा दया शील संतोषादि गुण होइ तब भगवद्भजन करत सन्तें बिबेक बैराग्य शम दमादि मुमुक्षुता आवै मन शुद्ध बुद्धि अमल होय तब आपनो आत्मरूप जानै कैसा है आत्मरूप स्थूल सूक्ष्म कारण तीनिउ देहनते भिन्न पञ्चकोश ते अतीत तीनिउ अवस्था को साक्षी सच्चिदानन्द सदा एकरस है गोसाईंजी कहत कि यहि

बिधि ते जब आपन आत्मरूप को ज्ञान होइ तब परमात्मा श्री रघुनाथजीको रूप लखै तब जीव को बिषाद जो भवबन्धन सो मिटिजाय सुखी होय ७० अरु जे बिधि अर्थात् उचित कर्म नहीं करत निषेध कर्मन में रत हैं ते बिषयबश हानि लाभ की चाहते जग में बरबस कहे जोरावरी ते हठ करिके विरोध करत अर्थात् राग द्वेष में लीन हैं ते मुखते ज्ञान कथनीकरि अक जो दुख ताते हीन होन चाहत अर्थात् भवसागर पार होन चाहत सो बृथा मनोरथ हैं काहेते बक जो बगुला बृक जो भेड़हा श्वान जो कुत्ता इव कहे इनहींकीसी गति जो चाल तेहिको गहे तहां बककी कैसी गति है कि देखाउ में साधु भीतर छली तथा साधुता देखाय बिश्वास कराय परस्त्रीधनादि छलि कै लेत (पुनः) बृककी कैसी गति छली बली निर्दयी (तथा) छलबल करि परबस्तु लेबे में निर्दयी है श्वान लोभी अभिमानी अकारणबादी बिषयी (तथा) लोभबश लोक में अपमान सहत अकारणबाद करत फिरत बिषय में ऐसे रत होत कि अपमान के भाजन होत इत्यादि रीति धारण कीन्हे तिनको गोसाईंजी कहत कि ते ज्ञान में प्रवीन बनत तिनको मनोरथ बृथा है ॥ ७१ ॥

दोहा ॥

आककर्म भेषज बिदित, लखत नहीं मतिहीन।
तुलसीशठअकबशाबिहठि, दिनदिनदीनमलीन७२

अकं दुःखं विद्यते यस्यासौ 'आकः' अक जो दुःख बिद्यमान होइ जिहिके तेहिका कही आक अर्थात् दुःखी सो कहत कि आक जे हैं दुःखी अर्थात् भवरोग पीड़ित तिनको कर्मरूप भेषज जो औषध सो बिदित है अर्थात् अशुभकर्म त्यागिके भगवत् प्रीति

अर्थबासना रहित आपनो कर्तृत्व त्यागि सत्कर्म करै ताको हरि अर्पण करै ऐसेही कुछ दिन करत सन्ते मन शुद्धहोइ तब विषयते वैराग्य होई भगवत् चरणारबिन्दनमें प्रीति प्रकट होइ तब भजन करि भगवतकृपाते संसार दुःख नाश ह्वै जाई इत्यादि रीति रामायण भागवत गीतादि में बिदित है (यथा) " प्रथमहि बिप्रचरण अति प्रीती। निज निज धर्म निरत श्रुतिनीती॥ ताकर फल पुनि विषयबिरागा। तब मम चरण उपज अनुरागा "॥ इत्यादि विदित सब जानत है ताको मतिहीन दुर्बुद्धी लखत नहीं वा रीति पर दृष्टि नहीं करत ताते गोसाईंजी कहत कि तेई शठ मूर्ख विकहे विशेषि हठ करिकै कुमार्ग करत ताते अककहे दुःख के बश ते दिन दिन प्रतिदिन नाम दुःखी होत जात दीनताबशते मलीन होत जात॥ ७२॥

दोहा॥

कर्ताही ते कर्म युग, सो गुण दोष स्वरूप।
करत भोग करतब यथा, होय रङ्क किन भूप ७३

कर्ता जो जीव ताही के कीन्हेते युग कहे दुइप्रकार के कर्म होत हैं एकशुभ एकअशुभ सो दोऊकर्म गुणदोष स्वरूप हैं अर्थात् शुभकर्म गुणस्वरूप है अशुभकर्म दोषस्वरूप है तिनको जीव जो करतब कहे कर्म शुभ अथवा अशुभ यथा कहे जा भांति करतब करत तैसेही भोगत अर्थात् अशुभ कर्म करत तिनको प्रथम तौ कुनाम अपमान होत (पुनः) ताको फल दुःख भोगत अरु जे शुभकर्म करत ते प्रथम तौ यश पावत पाछे वाको फल सुख भोगत तामें सबासिकको भोग भूमि सुखते ब्रह्मलोक पर्यन्त भोगकरि चुकिजात अरु निर्बासिक करि भगवत् पदप्राप्त पर्यन्त

अखण्ड है इत्यादि कर्मन को फल सबको भोगै को परी चहै रङ्क कहे दरिद्री होइ चहै राजा होइ ॥ ७३ ॥

दोहा ॥

बेद पुराण शास्त्रहु यतत, निजबुधि बल अनुमान ।
निजनिजकरिकरिहैंबहुरि, कहतुलसी परमान ७४
बिबिध प्रकार कथन करै, जाहि यथा भवमान ।
तुलसी सुगुरुप्रसादबल, कोउकोउकहतप्रमान ७५

चारिउ बेद अठारहौ पुराणैं छहौंशास्त्र सब प्रसिद्ध कहिरहेहैं कि आत्मरूप जानिबो भगवत् सनेहसार है अरु देह ब्यवहार असार है ताते देह सुखकी बासना त्यागि शुभकर्म करै हरिसनेह हेतु कर्मन को हरि अर्पण करै इत्यादि बेद पुराण शास्त्रादिकन में प्रसिद्ध है ताको सब आपनी बुद्धिबलके बिद्या बुद्धि के अनुमान यततनाम पढ़त कहत सबको सुनावत कि बेद पुराण शास्त्रादि ऐसा कहतहैं यह तौ मुखते कहत (पुनः) करते काहैं कि निज निज कहे आपन आपनकरि अर्थात् हमारी देह है (पुनः) धन, धाम, स्त्री, पुत्र, परिवारादि हमारे हैं हम शुभकर्म करते हैं हमको सुखलाभ होइगो इत्यादि सब आपना करि बहुरि देहहीं को ब्यवहार सब करि है आत्मतत्त्व हरि सनेह कोऊ नहीं देखत सब देहाभिमानी हैं यह गोसाईंजी प्रमाण बार्त्ता सांची कहत हैं प्रसिद्धलोक में देखिलेउ ७४ काह कहत अरु काकर (यथा) बेदन की श्रुती शास्त्रन के सूत्र भाष्य पुराणन के श्लोकन करि बिबेक बैराग्य षट्सम्पत्ति मुमुक्षुतादि आत्मतत्त्व बिबिधकहे अनेक प्रकारते कथन करत मुखते अरु मनते वाही बस्तुको मान अर्थात्

सांचु करि मानते हैं कौनी प्रकार यथा कहे जौनी प्रकार करिकै भवसागर को जाहिंगे का करते हैं कि देहव्यवहार को सांचु माने ताही सुख मनोरथ में सब जग लीन है तिनमें जापर गुरुकी दया भई सारासार को विवेक आयो ते सुगुरु के प्रसाद बलते कोऊ २ प्रमाण कहत (भाव) जो बात कहत ताही कर्तव्यतामें आरूढ़ है अर्थात् देहव्यवहार असार जानि ताको त्यागि आत्मज्ञान अरु भगवत्स्नेह के ढंगमें लगे हैं तिनका कहनाभी सांचाहै ॥ ७५ ॥

दोहा ॥

उरडरअति लघुहोनकी, भवलघु सुरति भुलानि।
स्वर्णलाहुलखिपरतनहिं, लखतलोहकी हानि ७६

जे जाति विद्या महत्त्वरूप यौवनादि के मानवश आपनी बड़ाई की चाह में परे हैं ताते लघु कहे आपनी निन्दा होने का उर में अत्यन्त डर है (भाव) सिवाय बड़ाई की हमारी कोऊ थोड़ी न कहै यही मानवश ते भव जो चौरासी में जन्म जरा मरण तीनिउ ताप नरकादि सांसति आदि दुःखरूप लघुता में जानेकी सुरति भुलाय गई यह सुधि नहीं कि अन्तकाल कहां को जायँगे क्या दशा होयगी यह सुधि भुलाय सबका देहैं की मान बड़ाई की सुधि है कौन भांति (यथा) स्वर्ण जो सोना ताका लाभ आगे है सो तो नहीं लखि परत इहां लोहकी हानि लखत नाम देखत कि हमारा लोह न जाता रहै इहां सोनारूप आत्मतत्त्व ताकी प्राप्ति लाभ सो तो जीवको नहीं सूझत देहमान रूप लोहा की हानि देखत कि हमारो मान बड़ाई न जाइ सोना को ज्यों २ तपावो त्यों २ अमल कान्ति होय याते एकरस है तथा आत्मा आनन्दरूप अविनाशी सदा एकरस है अरु लोहा जो

अग्नि में तपावाकरो तौ सब भवां ह्वैकै चुकिजाय तथा देह अ-सार नश्यमान है (पुनः) एक तोला सोना में पोल्ता तीनि मन लोहा आइ सकत तथा आत्मतत्त्वज्ञाता हरिस्नेहिन को मान बड़ाई भी अपार मिलत अथवा देह लोहा की हानि देखत सत्-गुरु पारस को नहीं देखत जो आत्मा सोना लाभ है ॥ ७६ ॥

दोहा ॥

नैनदोष निज कहत नहिं, बिबिध बनावत बात ।
सहतजानितुलसीबिपति, तदपि न नेकु लजात ७७

(यथा) काहूके नेत्रनमें दृष्टि दोषादिरोग ते मार्ग साफ़ नहीं देखात ते लाजबश काहूते कहत नहीं जो बैद्यादि औषध करि दृष्टि साफ़ करिदेइ सो नहीं बतावत अन्दाज ते मार्ग में चलत जब कुछ बाधालगी तब अरबराय कै गिरे तब जो काहू ने पूछा तौ मर्याद बनावने हेतु बिबिध प्रकार की बातें बनावत अनेक बहाना करि समुझाइ देत अरु गिरिबे की चोटादि अनेक बिपत्ति सहत ताहूपर लजात नहीं तैसेही ज्ञानरूप नेत्र तौ साफ़ है नहीं पढ़ि पढ़ाय कै बहुती बातें जानि लीन्हे ताही अन्दाज ते चलत परन्तु बिना ज्ञानदृष्टि परमार्थपथ कैसे सूझै मानबश सतगुरु आदिकन तें तौ कहत नहीं जो बिबेक बैराग्यादि औषध करि ज्ञानदृष्टि साफ़ करिदेइ आपनी चातुरी ते चलत तेई कामादि बाधाते अरबराय कै गिरत ताके छिपायबे हेतु बिबिध प्रकार के बचन बनाइकै कहत तिनको गोसाईंजी कहत कि ते जानिके बिपत्ति सहत ठोकर खाइ गिरत तामें नेकहू नहीं लजात अरु चातुरी मान ते सतगुरु बैद्यसों औषध पूछत लजात हैं ॥ ७७ ॥

दोहा॥

करत चातुरी मोहबश, लखत न निज हित हान।
शुक मर्कट इव गहत हठ, तुलसी परम सुजान ७८

बिषयसंग ते कामना बढ़त कामनाहानिते क्रोध होत क्रोध ते मोह होत जब हित हानि नहीं सूझत सो कहत कि मोहबश ते हित जो परलोक ताकी हानि जीव को नहीं सूझत राग द्वेषादि अज्ञान ताते ज्ञानदृष्टिहीन पढ़ि लिखि मानवश चातुरी करि ज्ञान कथत सुजान बनत अरु कैसे मोह में बँधे हैं गोसाइंजी कहत कि शुक मर्कट इव हठ करिकै आपही विषयको गहत ताही बन्धन में बँधे परे हैं शुकबन्धन (यथा) बीताभरे की ऊंची द्वैलकरी ठाढ़ी गाड़त तिनमें ऊपर खड्डा राखत अरु एक सिरकी में चोंगली पहिनाय उसी खड्डा पर बेंड़ी धरिदेत तरे भूमि में चारा धरिदेत ताको देखि सुवा वाही पर बैठ चारा लेबे हेतु वह चोंगली घूमिगई सुवा वाही में लटकिगा तब बधिक पकरि पींजरा में बन्द कियो इहां शुभाशुभ कर्म द्वै लकरी हैं सूक्ष्म बासना सिरकी स्थूल बासना चोंगली विषय सुख चारा हेतु बासना पर बैठे बासनाने घूमि जीव को उलटा लटकाय दियो तब काल बधिक पकरि चौरासीरूप पिंजरा में बन्द कीन्हों (पुनः मर्कट यथा) संकीर्ण मुख को मृत्तिकादि पात्र अर्थात् छोटे मुख की मलिया में अन्न करि भूमि में गाड़ि दिये बांदर आइ वामें हाथडारि अन्न गहे तब मूठी न निकरी तबलग नटादि बांधिलियो (तथा) धामरूप मलिया का पदार्थ अन्नहेतु जीव पकरे स्त्री पुत्रादि की ममता मूठी बँधि नहीं छांड़त तब मोहरूप नट बांधि अनेक नाच नचावत है॥ ७८॥

दोहा ॥

दुखिया सकल प्रकार शठ, समुझि परत तेहि नाहिं।
लखत न कण्टक मीन जिमि, अशन भखत भ्रम नाहिं ७९

ताही मोहबश परे शठ भूख, प्यास, रोग, दरिद्रता, प्रिय, वियोग, जन्म, जरा, मरण, चौरासीमें दुःख भोग नरकादि इत्यादि सकल प्रकार ते दुखिया है अर्थात् सुख काहूभांति नहीं सो मोह करि ऐसे अन्ध हैं कि सकल भांतिको दुःख उनको एकहू नहीं समुझि परत कौनभांति (यथा) लोग मछली पकरिबे हेतु कांटा में चारा लगाय जल में डारिदेत तेहि कांटा को तौ मछली लखत कहे देखत नहीं अशन जो भोजन जौन चारा वामें लाग है ताकें भखत कहे खात में कुछ भ्रम नहीं करत बेभ्रम खाय जात तब खेलार खैंचि लियो उसी कांटा में नाथी चली आई (तथा) विषय सुख भोगरूप चारा को जीव बेभ्रम खायगयो पीछे ममतारूप कांटा में नाथि मोह खेलार खैंचिकै अनेक योनिरूप व्यञ्जन बनाय सो दुःख नहीं सूझत विषयभोगही में परे हैं ॥ ७९ ॥

दोहा ॥

तुलसी निज मनकामना, चहत शून्य कहँ सेय।
बचन गाय सबके बिबिध, कहहु पयस केहि देय ८०
बातहि बातहि बनिपरै, बातहि बात नशाय।
बातहि आदिहि दीपभव, बातहि अन्त बताय ८१

गोसाईंजी कहत कि आपने मनकी कामना सब शून्य को सेयकै आपनो मनोरथ पूर्ण कीन चाहत अर्थात् साधनहीन सिद्ध होन चाहत बैराग्य बिबेक शम दमादि रहित स्वाभाविक वार्त्ता

करि ज्ञानी होन चाहत कौनी भांति (यथा) बचन कहे वार्त्तामात्र गाय सबके बिबिध प्रकार कहे अनेक रङ्गकी सब बनाये है अरु है एकहू नहीं तामें कहहु पयस जो दूध केहिके होइ काहू के न होइ (यथा) बचनमात्र गाई (तथा) बचनमात्र दूध (तथा) ज्ञानकी वार्त्ता कीन्हे वार्त्तामात्र ज्ञानी है ८० कोऊ संदेह करै कि गुरुको उपदेश सत्संग कथाश्रवण कीर्तनादि सब वार्त्ताही में सिद्ध होत ताते वार्त्ता को काहेते शून्य कहत हौ तापै कहत कि वार्त्ता में फेर है सो कहत कि बातहि बातहि बनिपरै अर्थात् वार्त्ता कीन्हे ते सकल कार्य बनिजात (यथा) ध्रुव माताते वार्त्ता करतेही बनि गये (पुनः) वार्त्ताही करत में नशाय भी जात (यथा) सनकादिक ते वार्त्ता करि जय बिजय की नशाय गई तामें फेर यह कि ध्रुव तौ आर्त ताते सुक्षेत्र है अरु माता के बचन हरिस्नेहवर्धक उपदेश बीज परिगयो नारद उपदेश जल पाय जामि आयो सेवा करत में कुछही काल में सफल भयो अरु जय बिजय की वार्त्ता क्रोधबर्धक ताते बिगरिगई ताते अभिप्राय लैके वार्त्ता सफल शून्य वार्त्ता अफल (यथा) आगि को लैके बात जो बयारि सो आदि में दीपभव नाम उत्पन्न भयो (पुनः) अन्त में शून्य बात वाही दीप को बुझाय डारत ॥ ८१ ॥

दोहा ॥

बातहि ते बनि आवई, बातहि ते बनि जात।
बातहि ते बरबर मिलत, बातहि ते बौरात ८२
बात बिना अतिशय बिकल, बातहि ते हर्षात।
बनत बात बर बात ते, करत बात बर घात८३

बातै करिकै हित बस्तु बनिकै आवत है (यथा) अंशुमान् बिना परिश्रम कपिलदेव के समीप गये प्रेमपूर्बक दण्डवत् कीन्हे आपन हाल कहे तिन आशीर्बाद दियो अरु यज्ञ को बाजीदियो इत्यादि बस्तु बनिकै सुखपूर्बक आपने धाम को आये यज्ञ पूर्ण भई इत्यादि बनिकै आई (पुनः) बातहिते अनहित बनिकै हित बस्तु जात रहत (यथा) साठि हज़ार पुत्र सगर के कपिलदेव को कुबचन कहे तिनकी मृत्यु बनिगई हित कुशल यज्ञपूर्णता जात रही (पुनः) बातैते बर नाम श्रेष्ठ बरदान मिलत और बातै ते बौरात चित्तभ्रम होत (यथा) काकभुशुण्डि यही बात मनमें लाये कि कैसा चरित्र करत इतने में बौराने रहे (पुनः) जब शुद्ध ह्वै त्राहि त्राहि करे तब श्रीरघुनाथजी अनेक बरदान महाश्रेष्ठ अथवा बातनै ते बर बर नाम चतुर कहावत अरु बातै दोषते बौरात उन्माद होत ८२ (पुनः) जाकी बात लोक में जातरही है ते पुरुष बात बिना अत्यन्त करिकै व्याकुल होत (यथा) काल ते रक्षा ब्राह्मण के बालक को अर्जुनने प्रतिज्ञा कीन्हों सो न पूर परो तब प्राण त्यागबे को इच्छा कीन्हे जब भगवान् वा बालक को आनि दीन्हे तब आपनी बात रही जानि हर्षाने (पुनः) बातै ते बर नाम श्रेष्ठ बात बनत (यथा) निषाद, शबरी, जटायु आदिकनकी थोड़ीबात रहै सोई बात करते बनिपरी तिनकी महाश्रेष्ठ बात बनिगई अरु जब बात नहीं करते बनत तब बर कहे श्रेष्ठ बातकी घात कहे नाश करत (यथा) सतीजीकी सब भांति उत्तम बात रहै तिनते बात नहीं करत बनी अर्थात् प्रभुकी परीक्षा लेने हेतु जानकीजी को रूप धरयो तिनकी उत्तमता नाश भई ॥ ८३ ॥

दोहा॥

तुलसी जाने बात बिन, बिगरत हर इक बात।
अनजाने दुख बात के, जानि परत कुशलात ८४

गोसाईंजी कहत कि बातको विना जाने बिना बिचारे जो कोऊ करत तामें हर एक बात बिगरत है (यथा) विना बिचारे शिवजी भस्मासुर को वरदान दै आपुही को बिपत्ति बिसाहे (पुनः) परशुराम बिना बिचारे श्रीरघुनाथजी से वार्त्ताकरि पराजय सहे ताते यह निश्चय जानिये कि अनजाने जे बात करत तिनको विशेष दुःख होत अरु जिनको बात जानि परत अर्थात् विचारिकै करत तिनको कुशलात कहे कुशल सहित रहत (यथा) बालि सुग्रीव रावण विभीषण इत्यादि अनेक हैं॥ ८४॥

दोहा॥

प्रेम वैर औ पुण्य अघ, यश अपयश जय हान।
बात वीच इन सबन को, तुलसी कहहिं सुजान ८५

प्रेम अरु वैरादि सबके वीच में बात है (यथा) बात करते वनै तौ प्रेमप्रीति होइ न करते वनै वैर ह्वै जाय (यथा) बालि को प्रभु शत्रु मानि वध कीन्हे सोई जब शुद्धवार्त्ता कहे तब प्रसन्न ह्वै प्राण राखने को कहे (पुनः) सुग्रीव मित्र हैं तिनते बात करते नहीं वनी विषय भोग में भूलि प्रभु कार्य की खबरि न राखे तिनपै प्रभु क्रोध वचन कहे कि काल्हि मूढ़ सुग्रीव को मारोंगो (पुनः) पुण्य अरु अघ पाप के वीचमें बातहै (यथा) नृग महापुण्य करते रहे सोई जब न करते वनी कि एक गऊ दै ब्राह्मणन को संकल्पि गयो सोई पाप ह्वै गयो अर्थात् ब्राह्मण के

शाप ते गिरगिट भये (पुनः) जटायु, अजामिल, यवनादि पापभाजन रहे तिनते बात करते बनिपरी ते महासुकृती ह्वै हरि धाम पाये (पुनः) यश अपयश के बीच में बात है (यथा) यशके पात्र दशरथ जीते करते न बना तिनको अपयश प्रसिद्ध है (पुनः) अपयशपात्र ब्रजगोपिका परपुरुषरति सो करते बनी भगवत् में रतभईं तिनको यश भयो (पुनः) जय कहे जीति हानि पराजय ताहू के बीच में बात है (यथा) जयके पात्र परशुराम बालि तिनते करत न बनी ताते प्रभुते पराजय पाये (पुनः) हानिके पात्र सुग्रीव तिनते बात करत बनी ते जय लाभ को प्राप्त भये इत्यादि गोसाईंजी कहत कि बात बीच इन सबको है ऐसा सुजानजन भी कहते हैं ॥ ८५ ॥

दोहा ॥

सदा भजन गुरु साधु द्विज, जीव दया सम जान।
सुखद सुनै रत सत्य व्रत, स्वर्ग सप्त सोपान ८६

सदा जे हरिभजन करत (पुनः) गुरुकी अरु साधुन की अरु ब्राह्मणन की जे सदा सेवा करत तहां गुरु उपदेश करत साधुजन सुमार्ग की रीति सिखावत ब्राह्मण बेद पुराणादि सुनाय अनेक सुधर्म की बातैं बतावत (पुनः) जीवन पर दया करना अर्थात् आपनी चलत काहू जीव को दुःख न होने पावै (पुनः) जग में सबको समभाव ते जानै राग द्वेष काहू ते न करै (पुनः) सुखद आपनी चलत सबको सुखै देइ दुःख काहू को न देवै (पुनः) नय कहे नीति तामें सुनीति में जो रत हैं अनीतिकी बातैं भूलिकै नहीं करत (पुनः) जे सत्य को व्रत धारण कीन्हे अर्थात् सिवाय सत्य के झूठ सपनेहू में नहीं बोलत ताते भजन

करना १ गुरु साधु द्विजन की सेवा करना २ (पुनः) जीवन पै दया ३ लोक में समदृष्टि रखना ४ सबको सुख देना ५ सुनीति पर चलना ६ सत्यव्रत धारणा ७ इत्यादि ये सातहू क्रिया स्वर्गलोक जाने की सातहू सोपान नाम सीढ़ी हैं अर्थात् इनहीं में जो लाग हैं ताको जानिये कि ऊर्ध्वलोकगामी है तामें जे सवासनिक हैं ते ब्रह्मलोक पर्यन्त जायँगे अरु जे निर्वासनिक हैं सो भगवत् को प्राप्त होंगे ॥ ८६ ॥

दोहा ॥

बञ्चकविधिरत नर अनय, विधि हिंसा अतिलीन।
तुलसी जगमहँ बिदितवर, नरक निसेनी तीन ८७
जे नर जग गुण दोष युत, तुलसी वदत बिचार।
कबहुँ सुखी कबहूँ दुखित,उदय अस्त व्यवहार ८८

अब नरक जाने की रीति देखावत (यथा) वञ्चक कहे छल की जो विधि है अर्थात् पाखण्ड करि वा चोरी ठगी करि जे लोभवश अनेक छल बल करि परधन हरते हैं (पुनः) जे नर अनय कहे अनीति में रत हैं अर्थात् परस्त्री में रत होना पर अपवाद परहित हानिको करना मदपान युवा वेश्यन सों प्रीति कुटिलता ईर्षादि (पुनः) जे हिंसाकी विधि में रत अर्थात् आपने सुख हेतु वा क्रोधवश अनेक जीवन को घात करते हैं दयारहित ताते वञ्चकविधि जो छलक्रिया १ अरु अनीति में रत होना २ (पुनः) हिंसा में लीन होना ३ इत्यादि गोसाईंजी कहत कि ये तीनिहू वर नाम श्रेष्ठ नरक जाने की निसेनी नाम सीढ़ी हैं ते लोक विदित सब जानत हैं कि इन बातन को करने

वाला अवश्य नरक को जाइगो यामें सन्देह नहीं है ८७ प्रथम स्वर्गजाने की सब गुणमय बार्त्ता कहे (पुनः) नरक जाने की दोषमय बार्त्ता कहे अब दोउन में बिचारिकै गोसाईंजी बदत नाम कहत हैं कि जग में जे नर गुण अरु दोष दोऊ युत हैं अर्थात् स्वर्ग जाने की जो क्रिया हैं तिनहूं को करत अरु नरक जानेकी जो क्रिया हैं तिनहूंको करत तिनकी जब सुकृति उदय भई तब सुख पावत जब दुष्कृति उदय भई तब दुःख पावत ताते कबहूं सुखी होत अर्थात् धन पुत्रादि समूह होत अरु कबहूं दुःखित होत अनेक आपदा परती हैं कौन भांति (यथा) उदय अस्त व्यवहार अर्थात् जब सूर्य उदय भयो प्रकाश पाय सब सुखद बातें होत जब सूर्य अस्त भयो तब अन्धकार में चौरादि अनेक आपदा होत ताते जो सुकृत करै सो पापकर्म त्याग करै तौ शुद्ध परमार्थ बनै ॥ ८८ ॥

दोहा ॥

कारज जगके युगलतम, काल अचल बलवान।
त्रिबिध बिबलते तेहठहि, तुलसी कहहिं प्रमान८९

जग के कारज जो शुभाशुभ कर्म हैं ते दोऊ जीवको अन्ध करिबे को तम कहे अन्धकाररूप हैं काहे ते अशुभ तौ स्वाभाविकै पापरूप है अरु लोकसुख की वासना सहित शुभकर्म भी अशुभ के संगी हैं ताते दोऊ मोह तमरूप हैं अरु पल, दण्ड, दिन, बर्षादि जो काल है सो अचलबल बलवान् है काहेते जा समय में जो बात होनहार है सो निश्चय होत अरु कर्मनको फल क्रियमाण कारण पाय घटिउ बढ़िजात (यथा) नृग को शुभ में अशुभ भयो अरु यवनको अशुभ में शुभ भयो अरु काल

में (यथा) सतयुग में सर्व धर्मात्मा कलि में सर्व अधर्मी ताते शुभाशुभ द्वैभांति के जगके कार्य अरु काल इन त्रिविधते अथवा रजोगुणी सतोगुणी तमोगुणी इत्यादि त्रिविध को, जो स्वभाव है ताके वि कहे, विशेष बलते अरु काल के बलते तेकहे ताहीते हठहि गहि जीव शुभाशुभकर्म करत अर्थात् सतोगुण स्वभाव-वाले शुभकाल पाय स्वर्गादि सुख वासनाते शुभकर्म करत अरु नष्टकाल आये अशुभ वंचकतादि करत (पुनः) जे रजोगुण स्वभाववाले हैं ते शुभसमय पाय शुभकर्म नाम होने हेतु करत नष्टकाल पाये सुखहेतु अनीति करत (पुनः) तमोगुण स्वभाव-वाले शुभकाल पाय शुभकर्म करत सो अभिमान ते करत अरु नष्टकाल पाय अशुभकरत सो हिंसादि करत इत्यादि काल स्व-भाव वशते जीव शुभाशुभ कार्य करत ते दोऊ महामोहतम हैं इत्यादि वार्त्ता गोसाईजी प्रमाण कहे सांची कहत हैं ॥ ८९ ॥

दोहा ॥

अनुभव अमलअनूपगुरु, कछुक शास्त्र गतिहोय ।
बचै कालकर्म दोषते, कहहि सुबुध सबकोय ९०

अब काल कर्मनके दोषते बचवेका उपाय कहतहैं कि श्रीगुरु जब अनूप होय जिनके कृपा उपदेशते स्वभाव की हठ नाश होइ सारासार को विचार होय तब विषयवासना त्यागि भजन करै ताके प्रभावते अमल अनुभव होइ तब कालके वेगमें न भुलाय अरु कछुक शास्त्र में गति होइ ताके चिन्तन ते शुभाशुभ कर्मन में सवासनिक निर्वासनिक को ज्ञान होइ तब अशुभकर्म त्याग करै शुभकर्म वासनाहीन हरिसनेह हेतु करै तब काम अरु कर्मन के दोषनते बचै अरु भगवतमें सनेह उपजै तब जीव बन्धनते छूटै

ऐसा सुबुद्धिवाले जन सब कोऊ कहत हैं शास्त्र प्रमाण है॥ ६०॥

॥ दोहा ॥

सब विधि पूरणधाम बर, राम अपर नहिं आन।
जाकी कृपा कटाक्षते, होत हिये दृढ़ज्ञान ६१

जप, तप, बलि, पूजादि कुछ नहीं चाहत ताते सबविधि ते पूरणधाम इच्छारहित बर कहे श्रेष्ठ स्वामी एक श्रीरघुनाथैजी हैं इनकी सम अपर दूसरा कोऊ आन स्वामी नहीं है और सब पूरा-चरण बलि पूजादि चाहत अरु श्रीरघुनाथजी एक शुद्धप्रेम में प्रसन्न होत कैसे प्रसन्न होत अत्यन्त करिकै कृपा करत जाकी कृपाकटाक्ष ते जीवन के उरमें दृढ़ज्ञान होत है तहां कृपा गुणको क्या लक्षण है कि प्रभु में सदा यह दृढ़ है कि हम सब प्रकार सब लोकन के रक्षक हैं और दूसरा नहीं है (यथा भगवद्गुणदर्पणे) "रक्षणे सर्वभूतानामहमेव परोविभुः। इति सामर्थ्यसंधानं कृपा सा पारमेश्वरी"॥ अथवा आपनी सामर्थ्यताके अधीन जीवमात्र को बन्ध मोक्षादि कार्यसमूह को मनमें जानना सदा (यथा) "स्वसामर्थ्यानुसंधानाधीनकालुष्यनाशनः। हार्दोभावविशेषोयः कृपा सा जागदीश्वरी"॥ कृपू सामर्थ्ये धातु है याते परम समर्थ-वाचक कृपापद को अर्थ है (यथा) "कृपूसामर्थ्य इतिसंपन्न-त्वात् कृपाशब्दस्यायमर्थो निष्पन्नः" ताते स्वर्ग नरक अपवर्गा-दिक सब ताहीके अधीन हैं यह मुख्यरूप कृपा गुणकोहै जो बड़े बड़े साधनादि अतिश्रम कीन्हे ज्ञानादि पदार्थ घुणाक्षरन्याय करिकै लाभ होतहै सो समूह दिव्यपदार्थ केवल कोसलेशकुमार की कृपाकटाक्ष कणमात्र ते शीघ्रही लाभ होत है अनायास संशय रहित (यथा भारते) "या वै साधनसंपत्तिः पुरुपार्थचतुष्टयम्।

तया विना तदाप्नोति नरोनारायणाश्रयः" (भागवते) "किं दुरापादनं तेषां पुंसामुद्दामचेतसाम्। यैराश्रितस्तीर्थपदश्चरणो व्यसनात्ययः" (पुनस्तथाचार्यैः) "यस्य कृपा भवेत्पुंसो रामस्यामिततेजसः। तस्यैवाचार्यसंगः स्यात् साध्यसाधनभेदकृत्" (श्रीरामायणे) "सतं निपतितं भूमौ शरण्यः शरणागतम्। वधार्हमपि काकुत्स्थः कृपया पर्यपालयत्॥ ६१॥

दोहा॥

सो स्वामी सो तरसखा, सो वर सुखदातार।
तात मात आपदहरण, सो असमय आधार ६२

सो जो श्रीरघुनाथजी तेई स्वामी अर्थात् निर्हेतु रक्षक हैं अरु सेवाकरिवे में सुलभ हैं (यथा अध्यात्म्ये) "को वा दयालुः स्मृतकामधेनुरन्योजगत्यां रघुनायकादहो। स्मृतो मया नित्यमनन्यभाजा ज्ञात्वा स्मृतिं मे स्वयमेव यातः" (पुनः) तर कहे अत्यन्त सखा सो श्रीरघुनाथैजी हैं यह सौहार्दगुण श्रीरघुनाथैजी में है याको क्या लक्षण है कि ब्राह्मण क्षत्रिय आदि वर्णाश्रम विना तथा योग ज्ञानादि साधन शुभगुणादि के अपेक्षा विना केवल शरणमात्र सों प्रसन्न होकै अपन्यावना यही सौहार्द है (यथा भागवते हनुमद्वाक्यम्) न जन्म नूनं महतो न सौभगं न वाङ्न बुद्धिर्नाकृतिस्तोषहेतुः। तैर्यद्विसृष्टानपि नो वनौकसश्चकार सख्ये वत लक्ष्मणाग्रजः" (पुनः) सोई श्रीरघुनाथजी जीवमात्र के वर कहे श्रेष्ठ सुखके देनहार हैं सो निर्हेतु जीवनको सुख देना यह दयागुण है जिनको नामलेत स्वाभाविक सब भयनाश होत (आदिपुराणे श्रीकृष्णवाक्यम्) "श्रद्धया हेलया नाम वदन्ति मनुजा भुवि। तेषां नास्ति भयं पार्थ रामनामप्रसादतः" (पुनः)

आपद जो बिपत्ति ताको हरने हेतु तात मात कहे माता पिताके सम प्रभु हैं (यथा अध्यात्म्ये) " सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम " (पुनः) सोई श्री रघुनाथजी असमर्थ परे के आधार हैं (यथा भरद्वाजस्तोत्रे) " रामरामेतिरामेति वदन्तं विकलं भवान् । यमदूतैरनाक्रान्तं वत्सं गौरिव धावति ॥ ६२ ॥

दोहा ॥

सुखद दुखद कारज कठिन, जानतको तेहि नाहिं ।
जानेहुपर बिन गुरुकृपा, करतव बनत न काहि ६३

सुखद कहे सुखके देनहार कारज जो शुभकर्म (यथा) यज्ञ, तप, पूजा, जप, तीर्थ, ब्रतादि यावत् सत्कर्म हैं (पुनः) दुःखद दुःख देनहार कार्य (यथा) छल अनीति हिंसादि यावत् अशुभकर्म हैं तिनको जगमें को नहीं जानत है अर्थात् भलेको भला बुरेको बुरा होत यह सब संसार जानत परन्तु शुभाशुभ कर्म ऐसे कठिन हैं कि जानेहु पर बिना श्रीगुरुकी कृपा भये वाको करतव काहि कहे कासों करत बनत है अर्थात् काहूसों नहीं बनत ताते गुरु की शरण जाय जब कृपाकरि राह बतावैं तब बिचार आवै तब अशुभकर्म त्यागि निर्बासनिक शुभकर्म करै तब विषयते बिराग आवै हरिभक्ति में मन लागै तब भजन करते करते सुखपद भगवत् को प्राप्तहोइ जीवको दुःख छूटिजाय ॥ ६३ ॥

दोहा ॥

तुलसी सकल प्रधान है, बेद बिदित सुखधाम ।
तामहँ समुझब कठिनअति, युगलभेद गुणनाम ६४

सुखधाम कहे विशेष सुखदेनहारे यावत् पदार्थ हैं तिनको गोसाईंजी कहत कि यज्ञ तपस्यादि सकल जो शुभकर्म हैं ते प्रधान कहे सब मुख्य हैं अरु वेदमें विदित हैं अर्थात् सब जानत कि सत्कर्म सब सुख के धाम हैं तामेंहूँ कहे तिन सुकर्मन में जो समुझब है अर्थात् कौन कारण ते सुखद होत कौन कारण ते दुःखद होत यह समुझब अत्यन्त करिकै कठिन है काहेते नाम में जो गुण है तामें युगल कहे दुइभांति को भेद है अर्थात् जग में यावत् नामधारी हैं तामें सुखद दुःखद दोऊभांति के गुण सब में हैं (यथा) चन्द्रमा सम्मुख शुभयात्रादि को सुखद युद्ध को दुःखद घृत दुग्धादि पुष्टता को सुखद ज्वरादि में दुःखद (यथा) मिश्री आदि को शरबत पित्तवालेको सुखद कफवाले को दुःखद ताहीभांति सत्कर्म यावत्हैं सवासनिक दुःखद होत निर्वासनिक सुखद होत याहीं भांति सबमें द्वै भांति के गुण हैं॥ ९४॥

दोहा॥

नाम कहत सुख होत है, नाम कहत दुख जात।
नाम कहत सुख जात दुरि, नाम कहत दुखखात ९५

नाम कहत सुख होत है अर्थात् नाम कहत अद्भुत सुख होत अर्थात् जे वासनाहीन प्रेमसहित श्रीराम नाम कहत तिनको अद्भुत सुख होत (यथा) शिवजी (पुनः) नारद अगस्त्य इत्यादि (पुनः) नाम कहत दुःख जात अर्थात् जे आरतजन सबको आशभरोसा त्यागि श्रीरामनाम कहत तिनको दुःखनाश ह्वैजात (यथा) गजराज (पुनः) कुत्सितकर्म की वासना राखि जे नाम कहत तिनको स्वाभाविक सुख दुरि कहे जात रहत (यथा) कैकेयीजी कहे (यथा) "तापसवेष बिशेष उदासी।

चौदह बर्ष राम बनबासी " तिनको बिधवापन पुत्रकी बिमुखता लोक में अयश आदि दुःख भयो (पुनः) नाम कहत दुःख प्राणन को खाइ जात अर्थात् कुत्सितकर्म बासना वालेन की संगति में जे नाम कहत तिनके प्राणै जात (यथा) दशरथ महाराज कैकेयी की संगति में नाम कहे (यथा) " भामिनि राम शपथ है मोहीं " यतेरेही नाम कहेते ऐसा दुःख भयो जो प्राणै खाइ गयो (पुनः) प्राकृत राजादिकन को यशरूप नाम लिये ते अद्भुतलोक सुखपावत (यथा) हरिनाथ केशवदासादि (पुनः) जे काहूकरि पीड़ित हैं ते राजा की दुहाईरूप नाम लेत तिनको दुःख छूटि जात (यथा) बिक्रमादित्यादि अनेकन को दुःख छुड़ाये (पुनः) सबल को निन्दारूप नामलेत ताको सुख जात (यथा) परशुराम श्रीरामजी को कुबचन कहे ताको मान-रूप सुखजात रहो (पुनः) शिशुपाल श्रीकृष्ण की निन्दारूप नाम कहे ताको दुःख प्राणै खाय गयो ॥ ९५ ॥

दोहा ॥

नाम कहत बैकुण्ठसुख, नाम कहत अघखान।
तुलसी ताते उर समुझि, करहु नाम पहिंचान ९६

नाम कहत बैकुण्ठबासरूप सुख मिलत (यथा) अजामिल यवनादि मरत समय श्रीरामनाम लेने ते बैकुण्ठवास सुख पाये (पुनः) नाम कहत अघ जो पाप ताकी खानि होत अर्थात् श्रीरामनाम ते मारणादि षट्प्रयोग सिद्ध होत है परन्तु जो कर्ता है ताको महापाप अर्थात् नरकी होत है यह अगस्त्यसंहिता में लिखा है ऐसा बिचारिकै गोसाईंजी कहत कि ताते उरमें समुझि कै सबभांति ते बिचार करिकै श्रीरामनाम ते पहिंचान करौ तहां

श्रीरामनाम जपने में जो दशभांति को अपराध होत ताको श्री रामनाम नहीं सिद्ध होत सो (यथा) संतन की निन्दा १ शिव में श्रीराममें भेद २ वेदपुराण की निन्दा ३ श्रीसद्गुरु की अवज्ञा ४ नाममाहात्म्य में तर्क ५ नामबल पाप करना ६ नाम को अन्य साधन सम मानना ७ अश्रद्धा में नामोपदेश ८ नाम माहात्म्य सुनि हर्ष न होना ९ नामजपते कामादि वासना १० इत्यादि त्यागि नाम जपै तब सिद्ध होइ (यथा पद्मपुराणे) " दशापराधयुक्तानां न भवेत्सौख्यमुत्तमम् । तस्माद्धेयं विशेषेण सर्वावस्थासु सर्वदा " ॥ इत्यादि विचारि नाम जपै ॥ ९६ ॥

दोहा ॥

चारौ चौदह अष्टदश, रस समुझब भरिपूर।
नामभेद समुझे बिना, सकल समुझ महँ धूर ९७

ऋग् यजु साम अथर्वण इति चारो बेद चौदह विद्या (यथा) ब्रह्मज्ञान १ रसायन २ ताल स्वर राग ३ बेद विद्या ४ ज्योतिष् ५ व्याकरण ६ धनुर्विद्या ७ जलतरण ८ छन्दपिङ्गल ९ कोकसार १० सालिहोत्र अश्वशिक्षा ११ नृत्य १२ सामुद्रिक १३ काव्यादि चातुरी १४ इति चौदह विद्या (पुनः) अष्टादश पुराणै यथा मत्स्य १ भविष्य २ शिव ३ बाराह ४ वामन ५ ब्रह्म ६ ब्रह्माण्ड ७ गरुड़ ८ मार्कण्डेय ९ पद्म १० विष्णु ११ नारदीय १२ लिङ्ग १३ ब्रह्मवैवर्त्त १४ अग्नि १५ कूर्म १६ स्कन्द १७ भागवत १८ इति अठारहौ पुराणैं (पुनः) रस कहे छः शास्त्र (यथा) मीमांसा १ वैशेषिक २ न्याय ३ सांख्य ४ योग ५ वेदान्त ६ इति षट्शास्त्र इत्यादिकनको पढ़िके जो समुझब है (यथा) बेदन में वर्णाश्रमादि के धर्म कर्मादि विधिवत् जानना चौदहविद्या में यावत्

चोतुर्यता सब है अठारहो पुराणन में कर्म, ज्ञान, उपासना लोकन की व्यवस्था युगनमें धर्माधर्मादि अवतारनके चरित्रादि जानना षट्शास्त्रन में मत मतान्त जानना इत्यादिकन को भरिपूर जो समुझदारी है सो सब समुझे होइ तामें नाम को भेद समुझे बिना अर्थात् कौन भांति नाम लेने से भलाई कौन भांति ते बुराई इत्यादि समुझे बिना सब समुझदारी में धूर कहे बृथा है॥ ६७॥

दोहा॥

बार दिवस निशि मास सित, असित बरष परमान।
उत्तर दक्षिण आश रवि, भेद सकल महँ जान ६८

बार कहे दिन तामें रवि, चन्द्र, गुरु, बुध, शुक्र, शुभकार्य को शुभ हैं अशुभ कार्य को नहीं शुभ हैं भौम, शनि अशुभ कार्य को शुभ हैं अरु शुभ कार्य को नहीं शुभ तामें दिशाशूलादि भेद सब में शुभाशुभ तामें दिवस प्रकाशमय रात्री अन्धकारमय (पुनः) मास तामें अगहन, फाल्गुन, ज्येष्ठ, भाद्र ये शुभ हैं अपर अशुभ हैं ताहू में सितपक्ष प्रकाशमय शुभ असितपक्ष अन्धकारमय अशुभ (पुनः) बरष तामें कौनौ शुभ कौनौ संवत् अशुभ तामें उत्तरायण शुभ दक्षिणायन अशुभ इति उत्तर दक्षिणादि जो द्वै आश कहे दिशा येई रविके अयन हैं इत्यादि सकल बस्तुन में परमान कहे यथार्थभेद सब में है इत्यादि नामन के भेद बिना जाने काहू नाम ते कुछ कार्य कीन चाहै सो सिद्ध न होइगो (यथा) मित्रता हेतु कुछ पुरश्चरण करै तामें अगहनादि शुभमास शुक्लपक्ष तामें उत्तम सप्तमी आदि तिथि पुष्यादि शुभनक्षत्र सम्मुख चन्द्र पीछे योगिनी शुभ बलीलग्न

में प्रारम्भ करै तौ निर्विघ्न कार्य सिद्ध होइ (पुनः) उच्चाटनादि अशुभ कार्यहेत कार्त्तिकादि अशुभमास कृष्णपक्ष अमादि तिथि भरणीआदि नक्षत्र भौमादिवार सम्मुख योगिनी पीछे चन्द्रमा अशुभलग्न में प्रारम्भ करै तौ कार्य सिद्ध होइ इत्यादि सब में भेद है॥ ९८॥

दोहा॥

कर्म शुभाशुभ मित्रअरि, रोदन हसन बखान।
और भेद अति अमितहै, कहँलगि कहिय प्रमान९९

कर्मनाम एक तामें शुभाशुभ द्वै भेद हैं (पुनः) सम्बन्ध अर्थात् (भाव) नाम एक तामें मित्रभाव शत्रुभाव द्वै भेद हैं (पुनः) चेष्टा नाम एक तामें उदासचेष्टा अर्थात् रोदन प्रसन्नचेष्टा अर्थात् हँसन इत्यादि बखान कीन परन्तु इनमें अमित भेद हैं (यथा) कर्म एक भगवत्कर्म एकै देवादिकन को कर्म तामें सवासनिक निर्वासनिक तामें भगवतकर्म सवासनिक भी भला है अर्थात् आर्त्त अर्थार्थी येभी भक्त हैं अरु देवादिक सवासनिक कर्म बन्धन हैं काहेते वासना हेत कीन्हे वाहीमें बहुत अशुभ प्रकट ह्वै जात (यथा) यज्ञ करत में इन्द्र विश्वरूप को वध कीन्हे तिन दोऊ को फल दुःख सुख भोग बन्धन है (पुनः) निर्वासनिक जे हरि अर्पण हैं वे मुक्तिदायक हैं (यथा) पृथुकी यज्ञ ध्रुवकी तपस्या विना हरिअर्पण कीन्हे पाप कर्मन में खण्डित ह्वै जात (पुनः) मित्रता में भेद है सुजनन की मित्रता मुक्तिदायक कुमार्गिन की मित्रता भवदायक है (पुनः) शत्रुता में भेद है धर्महेत शत्रुता भी यश मुक्तिदायक है (यथा) रावण ते शत्रुता करि जटायु यश मुक्ति दोऊ पाये अरु स्वारथ हेत शत्रुता लोकव्यवहार है (पुनः)

रोदन में भेद है एक मङ्गलीक एक अमङ्गलीक मङ्गलीक में भगवत् में प्रेम आये को रोदन मुक्तिदायक है पुत्रोत्सवादि में प्रेमाश्रु वा स्त्रीन को संयोग बियोग में स्वाभाविक रोदन सो लोकव्यवहार है (पुनः) अमङ्गलीक रोदन में भेद है (यथा) अमङ्गलीक प्रभु बनगमन में अवधबासिन को रोदन मुक्तिदायक (पुनः) निज दुःख को रोदन लोकव्यवहार है इत्यादि अनेकन भेद प्रकट हैं तिनको प्रमाण कहां तक कहिये ॥ ९९ ॥

दोहा ॥

जहँलगि जनदेखब सुनब, समुझब कहब सुरीत।
भेद बिना कछु है नहीं, तुलसी बदहिं बिनीत १००

रूपमात्र नेत्रनको बिषय जहांतक देखना है (पुनः) शब्दमात्र श्रवण को बिषय जहांतक सुनना है (पुनः) बिचारमात्र बुद्धि को बिषय जहांतक समुझना है (पुनः) बचनमात्र मुख को बिषय जहांतक कहना है इन आदि दै जहांतक सुरीति जग में बिदित है तिन सबमें भेद है (यथा) एक देखना भगवत्रूप लीला सन्तादिक के दर्शन सोऊ में (भाव) प्रेम सहित देख्यो मुक्तिदायक है अभाव ते देखना अपराध होत (पुनः) परस्त्री आदि को देखना ताहूमें भेद पापदृष्टि ते देखना नरकदायक अभाव ते देखना निरपराध है (पुनः) सुनब भगवत् यशादि को श्रवण ताहूमें भेद भाव सहित मनदै श्रवण मुक्तिदायक है परस्त्री आदिकन में मन राखि श्रवण अपराध है (पुनः) कुमार्गी वार्त्ता मनदै सुनेते नरकदायक अभाव ते सुनों निरपराध है (पुनः) समुझबे में भेद है भगवत् तत्त्वादि को समुझब मुक्तिदायक है (पुनः) अनहित को हित समुझिलेना दुःखदायक (यथा)

सरस्वती प्रेरित मन्थरा के वचन सुनि कैकेयी अनहितको हित समुझे ताको फल विदित है (पुनः) कहनेमें भेद एक सत्य शुभ है असत्य पाप है तहां सत्य में भेद है स्वाभाविक सत्य धर्म को अंगै है परन्तु काहू भयातुर को देखे अरु दण्डदायक के पूछे सत्य कहै कि इहां लुका है उसने ढूंढ़िकै मारिडारयो यह सत्य अधर्म को अंग है इहां झूठही धर्मांग है स्वाभाविक असत्य अधर्मै है इत्यादि अनेक भेद सब में हैं ताते यावत् जग में विदितरीति हैं ते सब भेद रहित कछु नहीं हैं इत्यादि वार्त्ता विशेष नीति गोसाईंजी वदत नाम कहत ताको सुजन समुझो ॥ १०० ॥

दोहा ॥

भेद याहिविधि नाम महँ, बिनगुरु जान न कोय।
तुलसी कहहिं विनीतिबर, जोबिरंचिशिवहोय १०१

इति ज्ञानसिद्धान्तयोगोनामषष्ठस्सर्गः ॥ ६ ॥

यथा पूर्व सर्व वस्तुनमें भेद कहि आयेहैं याही भांति श्रीराम नाम में भी भेद है तामें जपादि की विधि अरु दश नामापराध इत्यादि भेद इसी सर्ग में पञ्चान्नवे के दोहा में कहि आये हैं अरु नाम के अन्तर्गत जो भेद हैं ते दूसरे सर्ग के चौविस दोहाते अरु पैंतालिस दोहातक सबभांति नामके भेद कहिआये याते इहां नहीं लिखा सो जो भेद है ताको जो कोऊ जाना चाहै सो सद्गुरु की शरण जाइ जब कृपाकरि बतावैं तब जानि पावै अरु विना गुरु के बताये कोऊ नहीं जानि सकत इत्यादि वचन गोसाईंजी विशेष नीतिके वर नाम श्रेष्ठ वचन कहत हैं कि और की कौन गिनती है जो विरञ्चि कहे ब्रह्मा अरु शिव नाम को

भेद जानाचाहे सोऊ बिना गुरु नहीं जानि सकत और की कौन गिनती है ॥ १०१ ॥

पद ॥ सजनी री साजु शृंगार नैहरमा ॥ फिरिना बनाव बनी पियघरमा १ उबटन सुकृतसुप्रेम शुद्धजल मज्जनमनगत मैलकुकरमा ॥ कटिपटधर्मशीलचूनरनवश्रवणादिकभूषणअँगबरमा २ बन्धनभावमाँग समतादम सेंदुरनेहसनेह बिभरमा ॥ बुद्धिसुनैन ज्ञान अञ्जनदै सज्जनताचूरीबरकरमा ३ बेसरिशान्तिदयांश्रुतिभूषण हरिगुणसुक्तमालमयगरमा ॥ नूपुरमीठबयनगुणजावक घूंघुटध्यान त्यागचादरमा ४ ममतामातु मोहपितुछूटो पराभक्तिपावनसासुरमा॥ तुरियासेजशयन करु सुन्दरि बैजनाथपीतमभरि गरमा ॥ ५ ॥

इति श्रीरसिकलताश्रितकल्पद्रुमसियवल्लभपदशरणागत
बैजनाथविरचितायां सप्तशतिकाभावप्रकाशिकायां
ज्ञानसिद्धांतयोगोनामषष्ठप्रभा समाप्ता ॥ ६ ॥

दो० ॥ जीवसहजगति अनयरत, नयमारगसतकारि । श्री गुरुकृपावारिधर, चरणकमल बलिहारि १ सीतावल्लभसुलभ नित, बुधि विद्यादातार। तावलही अर्थहि करौं, प्रभुपदरज शिरधार २ यासर्ग में नीतिप्रस्ताव वर्णन है तहां राजनीति तौ मुख्य यह है (यथा) "मुखिया मुखसों चाहिये, खानपान को एक। पालै पोषै सकलअँग, तुलसी सहित बिवेक" (पुनः) धर्मनीति जो सदा जीवमात्र को चाही (यथा) "जननी सम जानहि परनारी। धन परार विषते विषभारी ॥ शम दम नेम नीति नहिं डोलहिं। परुष वचन कबहूं नहिं बोलहिं ॥ काम क्रोध मद मान न मोहा। लोभ न क्षोभ न राग न द्रोहा ॥" इत्यादि सबको नीति चाही इति भूमिका ॥

दोहा ॥

तिनहिं पढ़े तिनहीं सुने, तिनहिं सुमति परगाश।
जिन आशा पाछे करे, गहे अलंम निराश १

दो० ॥ सीता सीतानाथ पद, माथ नाय पुटहाथ। शरण गहत लखि कल्पनय, हैं सागरनय पाथ १ अथ वार्त्तिक तिलक (यथा) प्रथम जीवमात्र के नीति मूल निराशा है काहेते जो काहूकी आशा न राखै तो अनीति काहेको करै सो कहत कि जे जन निराशा आलम गहे हैं हृदय में दृढ़ करि निराशा पकरे अरु आशा को पाछे करे अर्थात् इन्द्रिय सुखादि विषयबासना को पीठि दीन्हे भाव बिषय ते बिरक्त हैं तिनहीं पढ़े हैं अर्थात् विरक्तन को मन शुद्ध रहत ताते वेद पुराणादि जो पढ़त ताको गूढ़ तत्त्व समुझत हैं (पुनः) तिनहीं सुने अर्थात् गुरु को अरु शास्त्र को वचन जो सुनत सो चित्त में भासत तब उर में बिचार आवत तिनहीं के उर में सुन्दरि मति को परगाश होत अर्थात् भगवत्तत्त्व निरूपण करनेवाली अमल बुद्धि होत तब भक्ति को अधिकारी होत ॥ १ ॥

दोहा ॥

तब लगि योगी जगत गुरु, जब लगि रहै निरास।
जब आशा मन में जगी, जग गुरु योगी दास २

जो लोकआशा त्यागि हरिपद में मनयुक्त करिवे की युक्ति जाननेवाला ऐसा जो है योगी सो तबलगि जगत् को गुरु उपदेश-दायक बना है अर्थात् जाको उपदेश देइ ताके लागै कबलक जब तक विषयसुख शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धादि विषयते निराश

रहे अरु जब इन्द्रिय सुखादि की आशा मन में जगी तबै जगतौ गुरु भयो अर्थात् उपदेशदायक अरु योगी दास ह्वै गयो कौन भांति कि जब बिषय की चाह इन्द्रिन में आई तब मन में अनेक कामना भई जब काहू भांति कामना पूरण न भई तब क्रोध करने लगे तब सब जगके लोग उपदेश करने लगे कि बाबाजी आप महात्मन को लोभ हेत क्रोध करना न चाहिये ताते सन्तोष अरु शान्ति मन में लावो (पुनः) क्रोध भयेते मोह आयो अर्थात् हिताहित नहीं सूझत तब बुद्धिबिभ्रम भयो बुद्धि नाश भये ते शास्त्र गुरु उपदेश भूलि गयो महाबिषयिन की भांति परस्त्री-रतादि अनेक भांति की अनीति करने लगे तब सब जग के लोग (पुनः) उपदेश करने लगे कि आप महात्मा हौ काम मोहबश होना न चाहिये ताते मनमें बिबेक लावो ब्रह्मचर्य ते रहौ इत्यादि जग गुरु भयो योगी दास ह्वै गयो जगको उपदेश सुनै लगो॥ २॥

दोहा॥

हितपुनीतस्वारथ सबहि, अहितअशुचि बिनचाड़।
निजमुख माणिक सम दशन, भूमि परत भौहाड़ ३

जगकी स्वाभाविक यह रीति है कि जापदार्थ में जबतक कुछ आपनो स्वारथ देखते हैं तबतक वाको हितकार अरु पुनीत कहे पवित्र करि मानते हैं (यथा) गऊ भैंसी आदि शिशु प्रसव समय वाको कोऊ घृणा नहीं करत दुग्ध को स्वारथ जानि उसी के मरेपर कोऊ छूता नहीं (पुनः) रोग मिटावन समय वैद्य युद्ध समय बीर इत्यादि अनेक बस्तु स्वारथ हेतु हितकार पीछे कुछ नहीं तैसे जामें अपावनता भी देखात अरु वामें स्वारथ देखत वाको पवित्रसम ग्रहण करत (यथा) किसान मैलाको संग्रह करत

खेत में डारिवेहेतु इत्यादि चाड़ कहे स्वारथ बिना अहितकरि मानत (यथा) युवा स्त्री को पति नपुंसक ह्वै गयो ताको शत्रुसम जानत (यथा) गज, वाजि, भैंस, गऊ, वृषभादि स्वारथहीन भये उदरभरि भोजन नहीं पावत अन्नादि पावत हैं जब भोजन के योग्य न रहो ताको अपावनसम फेंकिदेते हैं (पुनः) देखौ निज कहे आपने मुख में दशन जो दांत जबतक भोजन करिवे योग्य हैं तबतक मणिकसम अमोलकरि मानत सोई दांत भूमि परे अर्थात् मुखते गिरिगये हाड़ सम अपावन ह्वैगयो यहीभांति जगके यावत् सम्बन्धी हैं ते सब स्वारथ के साथी हैं याते लोक व्यवहार झूठा जानि त्यागकरि सांचापद भगवत्सनेह में मन लगावो ॥ ३ ॥

दोहा ॥

निजगुणघटत न नागनग, हर्षि न पहिरत कोल ।
गुञ्जा प्रभु भूषण करे, ताते बढ़े न मोल ४

सांचीवात में सदा गुण एकरस रहत (यथा) नाग नग गजमुक्ता ताको बनमें कहूं कोलभिल्ल पायगये ताको गुण नहीं जानत ताते हर्ष सहित नहीं पहिरत तिन कोलभिल्लन के अनादर कीन्हे ते गजमुक्ता निज कहे आपनो गुण जो मोलादि सो कुछ घटि नहीं जात जब जवाहिरीके पास जाइ तब वाको मोल खुलि जाई (तथा) जो भगवत् अनुरागी हैं तिनको विषयी जनन के अनादर कीन्हे ते कुछ हरिदासन की महिमा घटि नहीं जाती जहां सन्त सभामें जायँगे तहां उनकी महिमा प्रकट होइगी कैसी महिमा है (यथा) " सुनु मुनि साधुन के गुण जेते । कहि न सकहिं शारद श्रुति तेते ॥ " अथवा भक्तिही को विषयीजन अरु

बिमुख अनादर करत ताते कुछ भक्ति को माहात्म्य घटि नहीं जात बेद पुराण सर्वोपरि भक्ति को माहात्म्य कहत (पुनः) गुञ्जा जो घुंघुची ताको भूषण माला प्रभु श्रीकृष्णचन्द्रजी धारण करे ताते वाको कुछ मोल बढ़ि नहीं गयो (तथा) गुञ्जावत् देहव्यवहार है ताहू को प्रभु भूषणकरे अर्थात् यावत् अवतार भये सब देह धारणकरि लोक व्यवहार करे तेहि करिकै देहव्यवहार को मोल नहीं बढ़ो अर्थात् बेद पुराण देहव्यवहार को झूंठही कहत हैं सो प्रसिद्ध है ॥ ४ ॥

दोहा ॥

देइ सुमनकरि बासतिल, परिहरि खरि रसलेत।
स्वारथ हित भूतल भरे, मन मेचक तन सेत ५
अँसुवनपथिक निराशते, तटभुइँ सजलस्वरूप।
तुलसी किन बंचे नहीं, इन मरुथल के कूप ६

जगमें स्वारथ के हेतु बहुत मित्र हैं जब जब प्रयोजन निसरिगे तब वाके लग भूलिहू कै नहीं जात (तथा) फुलेल लेबे हेतु तिलन को सुगन्धित फूलन करि बास देते हैं जब तिल फुलेल योग्य ह्वैगये तब स्वारथहित उनको कोल्हूमें पेरिडारते हैं पेरिकै वाको रस जो फुलेल ताको लै लेत अरु वाकी खरी परिहरी कहे त्यागिदेत इत्यादि स्वारथ हित के मित्र भूतल कहे भूमि पै भरे कहे बहुत हैं कैसे जिनको मनमेचक कहे काला अर्थात् मनके मैले अरु तन देह श्वेत कहे उज्ज्वल भाव स्वारथहेतु मुखते मीठी बातैं करत अरु कुछ देतहू हैं भीतर मनमें कपट धारण कीन्हे ५ बहुत जगमें ऐसेहैं जो मुँहते सब कुछ आसरा दीन्ह करते समयपर कुछ नहीं देते तिनके फन्द में परिकै बहुतेरे छलेजाते कौनभांति

(यथा) मरुथल मरुदेश पछाहँ में ता भूमि में जल नहीं है अरु जो दूरि तक कूप खँदे तौ कहूं दशबीस में एकमें जल आवत सोऊ अतिदूरि तहां हैतौ जल नहीं पर कूप देखि पथिक पियासे लोटाडोरि डारे जल न पाये तब प्यासते अरु परिश्रमते आरत है रोवत तिन निराश पथिकन के आँसुनके जलकरि कूपके तट कहे किनारे की भूमि सजल सरूप देखात अर्थात् ओदि तिनको गोसाईंजी कहत कि इन मरुदेश के कूप किनको वंचे कहे छले नहीं अर्थात् आँसुनते तटभूमि ओदी देखि बहुत खराब भये (तथा) झूठे दानिन के मीठे वचनन के विश्वास में बहुत याचक खराब होत इति स्वारथ ॥ अथ परमारथपक्ष ॥ (यथा) मरुभूमि संसार कूपरूप देह सो सारांशरूप जल रहित है तहां पथिकरूप ध्रुव प्रह्लाद अम्बरीषादि हैं प्राकृतदेह धरिबे की इच्छा सोई प्यास ते देह धारण कूप समीप आवना है तिनको अनेक क्लेश (यथा) पिता करि प्रह्लाद को माता दूसरी करि ध्रुव को दुर्वासा करि अम्बरीष को इत्यादि चरित विदित सोई आँसु जल है ता करिकै संसाररूप भूमि ओदि देखात अर्थात् देहमें जो कुछ सारांश न होत तौ ऐसे मुक्तजीव क्यों देह धरते अरु प्रह्लादादिकन को रोदन भागवतादिकन में प्रसिद्ध है कि देह असार है इत्यादि जग में को नहीं छलागयो सब याही में परे हैं ॥ ६ ॥

दोहा ॥

तुलसी मित्र महासुखद, सबहि मित्रकी चाड़।
निकटभये बिलसतसुखप, एक छपाकर छाड़ ७

सदा सम समप्रीति हित करता ऐसा जो है मित्र ताको गोसाईंजी कहत कि मित्र महासुखद कहे महासुख देनहार होत

ताते मित्रकी चाड़ कहे चाह सबहीको होत काहे ते मित्र के निकट भये पर सुखप कहे उत्तम सुख बिलसत कहे भोग करत भाव मित्रके निकट उत्तम सुख भोग मिलत यह स्वाभाविक लोक की रीति है एक छपाकर छांड़िकै तहां छपाकर नाम चन्द्रमा अरु मित्र नाम सूर्य (पुनः) इनते मित्रता भी है तहां अमावस को चन्द्रमा सूर्य एकही राशि पर आवत तहां चन्द्रमा अत्यन्तक्षीण ह्वैजात (तथा) लोकमें भी जे छपा जो छल ताके करनहार अर्थात् जे मित्र ते छपाय करि कार्य करते हैं तेई दुःख पावते हैं ॥ ७ ॥

दोहा ॥

मित्रकोप बरतर सुखद, अनहित मृदुल कराल।
द्रुमदलशिशिरसुखात सब, सहनिदाघ अतिलाल ८
खल नर गुणमानै नहीं, मेटहि दाता ओप।
जिमि जल तुलसी देत रबि, जलद करत तेहि लोप ६

मित्रलाभ देखावत कि जो मित्र कोप करै सोऊ बर कहे श्रेष्ठ तर कहे अत्यन्त अर्थात् मित्रको कोपै अत्यन्त उत्तम सुख कों देनहार है भाव जो मित्र कोपौ करिहै तौ कुछ भलाई के हेतु करिहै वामें कुछ बुराई न प्रकटी अरु अनहित जो शत्रु है सो मृदुल कहे अत्यन्त नम्रता करै ताहू को करालकरि जानना चाहिये कि काहू घातमें है कौन भांति कि शिशिर ऋतु बृक्षनको अनहित है सो यद्यपि शीतलता सहित है परन्तु द्रुम जो बृक्ष तिनके दल जो पत्ता ते सब सूखिजात अरु बसन्तऋतु बृक्षनको हित करता है सो यद्यपि निदाघकहे कठिन घाम सहत है ताहूपर बृक्षनके पत्ता अति लाल कहे नवीन दल पल्लववत् हैं ८ खल नरन

के साथ जो सुजन भलाई करत ताको गुण दुष्टजन नहीं मानते हैं और उलटिकै दाता जननको ओपलोप करते तहां ओप कहत रूप के प्रकाश को तहां प्रकाश द्वैभांतिको होत एक रूपकी प्रभा प्रकाश एक यश कीर्तिको प्रकाश तहां दातनको यशरूप ओप ताको खल मेटि देते हैं अर्थात् जहां कोऊ यशके चरित कहैलागै तहां अयशको बखानकरि यश मेटिदिये कौन भांति गोसाईंजी कहत कि जिमि जाभांति रबि जो सूर्य ते आपनी किरणनकरि मेघन को जलदेत अरु जलद जो मेघ ते सूर्यनको लोप करत कौन भांति एकतौ सघन आकाशमें छाय जात ताते सम्पूर्णरूप प्रकाशको लोपकरत कि देखातै नहीं दूसरे जल तौ देते हैं सूर्य तिनकी दातव्यको जो यश ताको लोपकरि जलद आपु कहावते हैं याको प्रयोजन यह कि दुष्टन को सदा त्यागकरो ॥ ९ ॥

दोहा ॥

बर्षत हर्षत लोग सब, कर्षत लखत न कोय।
तुलसी भूपति भानु इव, प्रजा भागबश होय १०
माली भानुकृशानुसम, नीतिनिपुण महिपाल।
प्रजा भागबश होहिंगे, कबहिंकबहिंकलिकाल ११

मेघद्वारा जासमय सूर्य जल बर्षै लागत तब सर्वत्र जलधारही देखात ताको देखि जगपालन हेतु समुझि सबजग हर्षत है अर्थात् दातव्य प्रकट देखात हैं (पुनः) कर्षत कहे जब सूर्य आपनी किरणनकरि जल शोषै लागत तब कोऊ नहीं देखत कि कब जल शोषिगयो सो गोसाईंजी कहत कि भानुइव कहे सूर्यनकी समान भूपति जो राजा सो प्रजा की भाग के बशते होतहैं अर्थात् जब प्रजाको जीविकादि देनेलागत सो तौ सब प्रसिद्ध देखत ताते

सब हर्षित होत (पुनः) जब कुछ काहू ते लेत तब ऐसी युक्तिते लेत कि कोऊ नहीं देखत (यथा) जल (तथा) दयाकरि रक्षा करत (यथा) घाम (तथा) प्रतापकरि दण्ड देत जामें कोऊ कुपथ न चलै १० माली बागवान् भानु सूर्य कृशानु अग्नि इसकी सम नीतिमें निपुण कहे चतुर महिपाल जो राजा सो कलिकालबिषे कबहुँ कबहुँ होयँगे कब जब प्रजा भाग्यवान् होयँगे तिनकी भाग्यबशते ऐसे राजा होवैंगे सदैव नहीं तहां माली में क्या गुण है कि फुलवारीमें समयपर वृक्ष लगावत समयपर सींचत समयपर काटत छांटत इसी भांति राजाभी रक्षादि अर्थात् जहां देश उजारि होय तहां कुछ दैकै आबादकरै (पुनः) खातिर करै सदा प्रजा बृद्धि की उपाय करै जो बेराह चलै ताको न्यायते दण्ड देइ (पुनः) भानुको गुण पूर्व दोहा में कहिआये हैं कृशानु में क्या गुण है अग्नि स्वाभाविक सबको कार्यकरत परन्तु प्रताप ऐसा राखत कि सदा सब डराते रहत (पुनः) सत्यासत्य को न्याय ऐसा करत कि सौगन्दसमय सांचेको शीतल ह्वैजात अरु झूंठेको जराय देत (यथा) राजा स्वाभाविक सबसों सुलभ ह्वै सबको कार्य करै प्रताप ऐसा राखै जामें सब डरत रहैं (पुनः) सांचेको शीतलरहै अरु झूंठेको छलीको दण्ड देइ॥ ११॥

दोहा॥

समयपरे सुपुरुष नरन, लघुकरि गनिय न कोय।
नाजुक पीपर बीज सम, बचै तो तरवर होय १२

सुपुरुष उत्तमपुरुष तिनको समय परे अर्थात् नष्टकर्म उदय भये आपदावश दीनक्षीण भये तिनको कोऊ लघु करि छोटाकरि न गनिये (यथा) प्रचेता के पुत्र अर्थात् सुपुरुष के पुत्र समय

परे भाग्यवश व्याधन को संग पाय व्याधन कीसी रीति ह्वैगई (पुनः) जब भाग्य उदयभई सप्तऋषिन को संग पाय पूर्व सुपुरुषता को बीज जामि आयो महामुनि ह्वैगये देखो पीपर को बीज जाकी सम दूसरा नाजुक नहीं है कि बहुत नाजुक होत परन्तु जो चोटादिकन ते बचै तो जलभूमि को योग पाय जो जामि आवै तो तरु जो बृक्ष वर नाम श्रेष्ठहोइ एकतो भारी वृक्ष (पुनः) लोकपूज्य (यथा) पूर्ववाल्मीकि को कहिगये तहां प्रचेता को अंश बीज है सप्तऋषिन को सत्संग भूमि है उपदेश बचन जल पाय जामिकै महान् ऋषीश्वररूप वृक्षभये ॥ १२ ॥

दोहा ॥

बड़े रामरत जगत में, कै परहित चित जाहि।
प्रेमपैज निवही जिन्हैं, बड़ो सो सबही चाहि १३

बड़े रामरत जे सबको आशभरोसा त्यागि अनुराग बश श्रीरघुनाथजी में आसक्त हैं अर्थात् पराभक्ति जिनको प्राप्त है ऐसे श्रीरामानुरागी भक्त जग में बड़े हैं भाव सब के भक्तन ते श्रीरामभक्त उत्तम हैं (यथा शिवसंहितायाम्) "इन्द्रादिदेवभक्तेभ्यो ब्रह्मभक्तोधिकोगुणैः। शिवभक्ताधिकोविष्णुभक्तः शास्त्रेषु गीयते ॥ सर्वेभ्यो विष्णुभक्तेभ्यो रामभक्तो विशिष्यते। रामादन्यः परोध्येयो नास्तीति जगतां प्रभुः॥ तस्माद्रामस्य ये भक्तास्ते नमस्याः शुभार्थिभिः॥" अथवा कै परहित चित जाहि कै कहे कीतो जे निजस्वारथ त्यागि मन बचन कर्मकरि परारेहितै में चित्त राखत तेऊ उत्तम हैं (यथा) जटायुप्रति श्रीरघुनाथजी कहे॥ "परहित बस जिनके मनमाहीं। तिन कहँ जग दुर्लभ कछु नाहीं" (यथा) शिवि दधीच्यादि अथवा प्रेम की पैज कहे प्रतिज्ञा जिन्हैं निवही अर्थात्

भगवत् में प्रेम करि जो प्रतिज्ञा कीन्हें सो पूरी भई (यथा) ध्रुव प्रतिज्ञा कीन्हें कि हम भगवत्की गोद में बैठेंगे तिनकी पूरी निबही (पुनः) प्रह्लाद प्रतिज्ञा कीन्हें कि खम्भा में भगवान् हैं तिनकी प्रतिज्ञा पूरी निबही ताते प्रभुमें दृढ़ प्रेमकी प्रतिज्ञा जिनकी निबही है तिनको सर्वोपरि बड़ाकरि जानना चाहिये भाव दृढ़ प्रेम प्रभुको अत्यन्त प्रिय है॥ १३ ॥

दोहा॥

तुलसी सन्तन ते सुनै, सन्तत यहै बिचार।
तनधन चञ्चल अचल जग, युगयुग पर उपकार १४
ऊँचहि आपद बिभव वर, नीचहि दत्त न होय।
हानिवृद्धि द्विजराज कहँ, नहिं तारागण कोय १५

गोसाईंजी कहत कि हम सन्तन के मुखते संतत कहे सदा यह बिचार सुनते हैं अर्थात् सन्तनको यही सम्मत है क्या सम्मत है कि तन कहे देह को यावत् सम्बन्ध है अर्थात् स्त्री, पुत्र, पतोहू, पौत्र, बन्धु, सखादि यावत् हैं (पुनः) धन कहे भोजन, बसन, भूषण, बाहन, राज्यादि यावत् बिभव हैं सो सब चञ्चल हैं कबहूं सब कुछ कबहूं कुछ नहीं ताते स्थिर एकरस काहूके नहीं रहत अरु परउपकार को जो है यश कीर्ति सो युगयुग कहे कल्पान्त लौं जग में अचल है (यथा) बलि, रघु, हरिश्चन्द्र और मोरध्वजादिको यश पुराणन में प्रसिद्ध है ताको सब जग जानत है (यथा) "शिबि दधीचि बलि जो कुछ भाखा। तन धन तजे बचन प्रण राखा॥" इत्यादि सब जानत हैं १४ ऊंचहि कहे जे काहू भांतिके ऐश्वर्य के ऊंचे जन हैं (यथा) प्रतापमें सूर्य प्रकाश में चन्द्र धनमें कुबेर तपमें विश्वामित्र राज्यमें बलि इत्यादिकन

को जो प्रारब्धवश कुछ आपद परै ऐश्वर्य क्षीण ह्वैजाय तिनको काहू नीच पुरुषके दत्त नाम दीन्हेंते (पुनः) ऊंचेजननको विभव जो ऐश्वर्य वर नाम श्रेष्ठ नहीं ह्वैसकत कौनभांति (यथा) द्विज-राज जो चन्द्रमा ताकी कृष्णपक्ष की जो हानि क्षीणता ताकी बृद्धि जो तारागण नक्षत्र कीन चाहैं सो कोऊ नक्षत्र ऐसा नहीं जो निज प्रकाशते शुक्लपक्ष करिसकै ताते जो संगकरै तौ बरा-बरिवालेको करै नीचते सनेह कबहूं न करै॥ १५॥

दोहा॥

बड़े रतहि लघुके गुणहि, तुलसी लघुहि न हेत।
गुञ्जा ते मुक्ता अरुण, गुञ्जा होत न श्वेत १६

काहेते नीचन को संग न करै सो कहत कि जो बड़े जन नीचजनन की संगति करैं तौ वड़ेजन छोटेनके गुण में रत होत हैं अर्थात् नीचन की संगति कीन्हें बड़ेन में नीचन को गुण लागिजात (पुनः) गोसाईंजी कहत कि लघुहि कहे लघुजनन को बड़ेनको गुण नहीं होत छोटेनमें बड़ेनको गुण नहीं लागत कौनभांति (यथा) मुक्ता कहे मोती अरु गुञ्जाकहे घुंघुची दोऊ एकत्र राखिये तौ गुञ्जा की ललाई की प्रतिबिम्ब समाय गयेते मुक्ता अरुण कहे लाल होत अरु मुक्ताकी श्वेतता पाय गुञ्जा श्वेत नहीं होत इहां गुञ्जारूप देह है अर्थात् विषय व्यवहार झूठी ल-लाई ऊपरही झलकत है ताहू में मुख श्याम अनेक भांति के दुःख अरु मुक्तारूप आत्मा अमल सो उत्तम है सो नीचदेह की संगति पाय देहके गुणनमें आत्मारत भयो अर्थात् पञ्चतत्त्व की देह तिनके सूक्ष्मरूप शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध तिनही की वासना में इन्द्रियन की द्वारा इनहीं को धारण करि आत्मा जड़वत्

ह्वैगयो अरु आत्मा के संग पाय देहमें आत्माके गुण नहीं लागे कि विकाररहित अमल ह्वैजाय इत्यादि छोटे में बड़े को गुण नहीं लागत ॥ १६ ॥

दोहा ॥

होहिं बड़े लघुसमय सह, तौ लघुसकहि न काढ़ि।
चन्द्र दूबरो कूबरो, तऊ नखत ते बाढ़ि १७
उरग तुरग नारी नृपति, नर नीचो हथियार।
तुलसी परखत रहबनित, इनहिं न पलटतबार १८

बड़े जे जन हैं ते समय सह कहे समयसहित अर्थात् जा समय में कुभाग्य उदय भई ताके बशते बड़े जन सोऊ लघु होत हैं ता लघुता को कोऊ लघुजन काढ़ा चाहै तौ लघु नहीं काढ़ि सकत अर्थात् बड़ेनकी बिपत्ति छोटा नहीं मिटाय सकत कौनभांति (तथा) कृष्णपक्षरूप कुसमय परि चन्द्रमा क्षीण परत कहे अति-दुर्बल होत ताते कूबर अर्थात् देह नैजात सो यद्यपि चन्द्रमा दूबरा अरु कूबरा है तऊ नखत ते बाढ़ि है तथा बड़े जो अत्यन्त लघु होइँ ताहू छोटेनते उनकी प्रतिष्ठा बड़ी बनी रही जहां जा-यँगे तहां मर्यादासहित जीविका पावैंगे ताते बड़ेन को छोटेन ते मित्रता करना न चाहिये १७ उरग सर्प तुरंग घोड़ा नारी स्त्री नृपति राजा नर नीचो नीची प्रकृतिवाले नर अरु कृपाणादि या-वत् हथियार हैं इत्यादि यावत् बस्तु गनाई हैं तिनको गोसाईं जी कहत कि इन सबको सदाही परखत रहिये कि जाते शुद्ध बनी रहैं अरु नाहीं तौ इन बस्तुन को पलटत अर्थात् अनहित ह्वैजात बार कहे बिलम्ब नहीं लागत तुरतही अनहित ह्वैजात भाव इन सबको तीक्ष्ण स्वभाव है इति स्वार्थपक्ष ॥ अथ परमार्थ

पक्ष ॥ (यथा) उरग मोह है ताको लागिजात वार नहीं लागत सोई काटि खाना है विषरूप विष चढ़ि जीवको नाश करत तुरंग है मन सो बिगरिकै न मालूम कौनी योनि में डारि देइ (पुनः) नारी है मति जो कुमति ह्वैजात तौ न मालूम कौन कर्म करावत नृपति है ईश्वर तासों शुद्ध मन कीन्हे रहो तौ खैर नाहीं तौ पलटते वार नहीं देखो नारदादिकनको अनेक नाच नचाये (पुनः) नर नीचो मनोरथ है जो कुमनोरथ आइ जाय न मालूम कौन कर्म करावै (पुनः) हथियार शील सन्तोष विवेक वैराग्यादि पलटि जाय तौ जीव को नाश करिदेइ इत्यादिकन को मुमुक्षु सदा परखत रहैं ॥ १८ ॥

दोहा ॥

दुरजन आप समान करि, को राखै हितलागि।
तपत तोय सहजाहि पुनि, पलटिबुतावतआगि १६
मन्त्र तन्त्र तन्त्री त्रिया, पुरुष अश्व धन पाठ।
प्रतिगुण योग वियोगते, तुरित जाहिं ये आठ २०

दुरजन कहे दुष्टजन तिनको आपनी समान करि को राखै अर्थात् दुष्टनको आपनी समान ऐश्वर्य देकै हित मानि समीप न राखै नाहीं तौ वही लौटिकै आपनो काल ह्वै जाइगो कौनभांति (यथा) तोय जो जल सो अग्नि को संग पाइकै तप्तहोत है सोई जाहि सह कहे जिहिकै साथ ह्वै तप्तभयो पुनः पलटिकै ताही आगिको बुताय डारत यह जानि दुष्टन को आपस में ऐश्वर्य दै हितकर्ता जानि समीप राखे वह शत्रु होई जरूर ताते परमार्थ स्वार्थ दोऊ पक्ष में दुष्टनको संगही त्याज्य है १६ मन्त्र जामें आदि प्रणवादि बीज अन्त में नमः वा दुहाई आदि (पुनः)

तन्त्र जो औषध वा कहूंकी मिट्टी पुष्यार्कादि मुहूर्तनमें लाय धूप दीपादि पूजन करि कार्य सिद्ध पावत तन्त्री बीणा सितारादि बाजा को बजावना त्रिया स्त्री पुरुष अश्व घोड़ा धन द्रव्य पाठ बिद्या ब्याकरणादि पढ़ना इत्यादि को योग कहे इनके व्यापार सहित मिलेरहौ तौ प्रतिदिन गुण बढ़ै यथा मन्त्र तन्त्रते सिद्धि बढ़त बिद्याबाजामें अभ्यास साफ़ इल्म बढ़त जात स्त्री पुरुष संयोगते प्रीति बढ़त पुत्रादि लाभ होत घोड़ा फेरेते राह पर रहत मार्ग चले थकत नाहीं भूख बढ़त धन रोजगारादिते नफ़ा होत चोरादिते बचत (पुनः) बियोगभये ये आठहू जात कहे हानि होत मन्त्र तन्त्र की सिद्धाई जात बिद्या बाजा भूलि जात स्त्री पुरुष अपर में रत होत घोड़ा बिगरिजात धन चौरादि लैलेत याते इनको संयोग राखै ॥ २० ॥

दोहा ॥

नीच निचाई नहिं तजै, जो पावहि सतसंग।
तुलसी चन्दन बिटपबसि, बिनबिषभयनभुवंग २१
दुरजन दरपण सम सदा, करि देखो हिय दौर।
सम्मुखकी गति और है, बिमुख भये कुछ और २२

जे नीच प्रकृतिवाले नीचजन हैं ते जो ऊंचनको भी सत्संग करैं तबहूं आपनो दुष्टस्वभाव नहीं त्यागते हैं कौन भांति (यथा) गोसाईंजी कहत कि देखो महाशीतल सुगन्धित चन्दनको बिटप कहे बृक्ष तामें सदा बसते हैं परन्तु भुवंग जो सर्प ते बिनबिष न भये भाव चन्दनकी शीतलता ग्रहण नहीं करे आपनो विष नहीं त्यागे (तथा) दुष्टजन सन्तजनों को संग कीन्हे दुष्टता नहीं त्यागत ताते सज्जन दुष्टन को संग कबहूं न करैं नाहीं उनके दोषते सन्तौं

दुःख पावैंगे (यथा) रावण ढिगते समुद्र बांधो गयो २१ दुर्जनन को स्वभाव कौन भांति को है (यथा) दर्पण को स्वभाव (तथा) दुष्टनको सदा स्वभाव है ताको हिय में दौर कहे विचार करिकै देखिलेउ कैसी गति है कि सम्मुख भये की कुछ और गति है अर्थात् दर्पण के सम्मुख देखो तो देखनहार को स्वरूप आपने उरमें धरे है (पुनः) विमुख भये कुछ और गति है अर्थात् जब दर्पणते मुख अलग करौ तौ सून है तैसेही रीति दुष्टन की है कि जबतक सामने रहत तबतक बातन ते बड़े हितकार बनेरहत पीछे कुछ नहीं अर्थात् मुखदेखी प्रीति झूठी राखते हैं उरमें कुछ नहीं याते उनका विश्वास न राखै ॥ २२ ॥

दोहा ॥

मित्र क अवगुण मित्रको, पर यह भाषत नाहिं ।
कूपछांह जिमि आपनी, राखत आपहि माहिं २३
तुलसी सो समरथ सुमति, सुकृती साधु सुजान ।
जो विचारि व्यवहरतजग, खरचलाभ अनुमान २४

मित्रक कहे मित्रवर्ग अर्थात् दोऊ दिशिते जे मित्र हैं ते आपने मित्रको अवगुणपर यह कहे परारे पास नहीं कहत अपनेही उरमें राखत कौन भांति (यथा) कूप आपनी छांह परछाहीं आपही में राखत अर्थात् सुमित्र की स्वाभाविक यह रीति चाही (यथा) "कुपथ निवारि सुपन्थ चलावै । गुण प्रकटै अवगुणहिं दुरावै ॥ देत लेत मन शङ्क न धरहीं । बल अनुमान सदा हित करहीं" ॥ इत्यादि २३ सुमति जो सुन्दरी मतिवाला सुकृती जो शुभकर्म करनेवाला साधु जो भगवत्तत्त्वप्राप्ति की साधना करने वाला सुजान जो लोक परलोक के व्यवहार जानवे में चतुर

इत्यादि में सोई समर्थ है गोसाईंजी कहत कि वही सदा समर्थ बना रहैगो कौन जो लाभ अरु खर्चको अनुमानकरि अर्थात् चारि पैसा लाभ है इसकी अनुमान अर्थात् तीनिहीं पैसा खर्च करिये जो एक बचत रहैगो सो अवसर पर काम देइगो (यथा) सुकृती यज्ञ, जप, तप, पूजा, तीर्थ ब्रतादि करैं अरु कुत्सित कर्म त्याग करैं नाहीं तौ कुकर्म सुकर्म को नाशकरि देइँगे ताते इनको त्यागि सुकर्म करे तौ लाभ होइ तामें सुखकी बासनारूप खर्च न करै सब भगवत् को अर्पण करे तौ सुकृती समर्थ बनारहे (पुनः) साधु जे श्रवण, कीर्तन, भजनादि करते हैं ते बिषय बासनारूप खर्च न करैं तौ साधु समर्थ बनेरहैं (पुनः) सुमतिवालेन के कुमतिरूप खर्चा है सुबुद्धिवाले सुजानके कुबुद्धिरूप खर्चा है सो न करै तौ सुमति सुजान समर्थ बनेरहैं (तथा) लोक में लाभ अनुमान खर्च करिये लोकव्यवहार करते हैं तेऊ समर्थ बनेरहे ते भाव द्रव्यवान् बनेरहते हैं ऐसा जे नहीं करत ते बिगरि जाते हैं ॥ २४ ॥

दोहा ॥

शिष्य सखा सेवक सचिव, सुतिया सिखवन सांच।
सुनि करिये पुनि परिहरिय, पर मनरञ्जन पांच २५

शिष्य चेला सखा कहे मित्रबर्ग सेवक आज्ञा करनहार सचिव दीवानादि सुतिय सुमतिवाली तिया इत्यादिकन को जो सिखवन है सो सांच कहे सुनबे योग्य है काहेते उनको सिखावन सुनिकै मनते बैठे तौ करिये जो न मनते बैठे तौ परिहरिये नाम त्याग करिये तामें लोक बेद करिकै बिरोध नहीं है अथवा जो सांचा सिखावन देइ ताको सुनिकै करिये (पुनः) परिहरिये अर्थात् प्रसिद्ध में त्यागे रहिये जामें डरत रहै जो ढीठे होइँ तौ

राह पर न रहैं या रीतिते ये शिष्यादि पांचहू पर मनरञ्जन कहे आनन्द देनहार हैं तहां शिष्य गुरु को सखा मन्त्री राजा को सेवक स्वामी को स्त्री पति को ॥ २५ ॥

दोहा ॥

तुष्टहिनिजरुचि काजकरि, रुष्टहि काज विगारि।
तिया तनय सेवक सखा, मनके कण्टकचारि २६
नारि नगर भोजन सचिव, सेवक सखा अगार।
सरस परिहरे रङ्गरस, निरस विषाद बिकार २७

स्त्री, पुत्र, सेवक, सखादि ये चारिहू ढिठाय गयेते मन के कण्टक होते हैं भाव क्षणप्रति खलते हैं काहेते निज कहे अपनी रुचिको कार्यकरै तौ तुष्टै कहे खुशरिहै अरु अपने मनको कार्य न करै पावै तौ कार्य विगारिदेइ (पुनः) जो उनको कुछ कहौ अर्थात् तुम कार्य विगारि दिहेउ तौ कार्य विगारवै भै (पुनः) लौटिकै रुष्टै कहे रिसाइ अर्थात् शत्रुन कैसो व्यापार करै तहां स्त्री (यथा) कैकेयी पुत्र (यथा) कंस सेवक सखा (यथा) सुरथ के इत्यादि समुझि इनको स्वतन्त्र न करिये सदा शिक्षा दण्ड राखिये २६ नारी अरु नगर ग्राम अरु भोजन के पदार्थ अरु सचिव दीवानादि अरु सेवक दासादि सखा मित्रवर्ग (पुनः) अगार मन्दिर इत्यादि सात वस्तुइ परिहरे कहे विलगरहे (पुनः) ग्रहण कीन्हेते सरस व रङ्ग व रस इत्यादि की वृद्धि होत अरु सदा ग्रहण किहेते निरस व विशाद व विकार होत तहां नारि अरु सचिव सेवक सखा इत्यादिकन ते कछुकाल अन्तर करि मिले ते सरस रहत (पुनः) जो रोज संग्रह राखै तौ निरस ह्वै जाइ या हेतु राजालोग व्याह वहुत करत सेवक सखादि वहुत

राखत (पुनः) नगर अरु धाम में कुछकाल अन्तरकरि आइये तौ नगरबासी अरु घर के लोगनते प्रीति रङ्ग बढ़त सदा योगरहे ते घर ग्रामजनन ते बिषाद बढ़त (पुनः) भोजन कुछ बार अन्तर दै भोजन करौ तौ वाको रस स्वाद मिलै अरु जो बारम्बार पावा करौ तौ अजीर्णादि बिकार होत ॥ २७ ॥

दोहा ॥

दीरघ रोगी दारिदी, कटुबच लोलुप लोग।
तुलसी प्राणसमान जो, तुरित त्यागिबे योग २८
घावलगे लोहा ललकि, खैंचिबलेइय नीच।
समरथ पापी सों बयर, तीनि बेसाही मीच २९

दीरघ कहे बड़े रोगवाला अर्थात् असाध्य रोगी (पुनः) दारिदी कहे तनमें व मनमें जाके अतिदर्द नाम पीड़ा है (पुनः) कटुवचन कहे जो सदैव कटुबचन बोलै (पुनः) लोलुप कहे लम्पट अर्थात् परस्त्रीरत इत्यादि प्रकार के जो लोग हैं तिनको गोसाईंजी कहत कि जो प्राणन की समान इसतरह के लोग होइँ तेऊ तुरतही त्यागिबे योग्य हैं काहेते इनके संग रहे स्वाभाविक दुःख बना रहत ताते व्याधि प्रकट होत याते इनते बिलग रहै २८ जाके तन में घाव लगा है (पुनः) लोहाकी ललक अर्थात् युद्ध करिबे की खुशी है जहां युद्ध में आरूढ़ भयो एक तौ घाव बृद्धि ह्वै जाइगो दूसरे परिश्रम परे मूर्च्छित ह्वै गिरिजाई शत्रु मारिडारैगो अथवा घायल जन धनुष् की पनच रोदा खैंचै तबौ जोर परे घाव फटि जाइगो अथवा जो समर्थ है (पुनः) पापी अर्थात् हिंसारत निर्दयी तासों बैर कीन्हे वह तुरतही प्राण

लेइगो (यथा) रावणप्रति जटायु इत्यादि तीनिहूं मीचु जो मौत सो आपने हाथही वेसाहै॥ २६॥

दोहा॥

तुलसी स्वारथ सामुहे, परमारथ तन पीठि।
अन्ध कहे दुखपाव केहि, दिठिआरे हियदीठि ३०
अनसमुझे नै शोचवर, अवशि समुझिये आप।
तुलसी आपन समुझबिन, पलपल पर परिताप ३१

गोसाईंजी कहत कि ये स्वार्थ के सामुहे हैं अर्थात् इन्द्रिय विषय सुख के वासना में मन लगाये हैं अरु परमार्थ जो परलोक सुख की मार्ग भगवत् स्नेह ताकी दिशि पीठि अर्थात् विमुख हैं ते बुद्धि विचाररूप उरकी दृष्टि रहित अन्धे हैं तिनके कहे जो लागी सो अवश्य कै दुःख पाई अर्थात् आपहू अन्धे अरु अन्धेही की वताई राह में चली सो भवरूप कूप में गिरिवैकरी काहेते राह चलनहार अरु बतावनहार दोउन में दिठिआरे कौनहैं जाके हिये में बुद्धि विचाररूप दृष्टि है अर्थात् द्वै में एकहू के उरमें नेत्र नहीं अर्थात् उपदेशकर्ता जो कुराहो बतावै तौ सुननहार के बुद्धि विचाररूप नेत्र होइँ तौ शास्त्रादिकन ते परमार्थ पन्थ देखिलेइ बतावनहार के नेत्र होइँ तौ शुद्धराह बताइदेइ जो दोऊ आंधर तौ कैसे सुख होइ ३० अनसमुझे अर्थात् जो बात आपनी समुझी नहीं है वाको जाना चाहिये तौ नय नीति मार्ग शास्त्रादिकन में शोचि विचारिकै अवशि करिकै आप समुझि लीजिये (यथा) राजा लोगन के न्याय को मौका पायकै धर्मशास्त्र देखि लेते हैं ऐसेही सबमें जानौ तहां गोसाईंजी कहत कि बिना आपनी समुझदारी हरएक बातमें बिना समुझे विचारे कुछ काम

करौ तामें पलपल भरेपर परिताप नाम दुःख होत अर्थात् जो बात करे अरु पहिले नफ़ा नाहिंन समुझि लिये तौ वामें पीछे अवश्यकै क्लेश होइगो याते समुझिकै काम करना चाहिये ॥३१॥

दोहा ॥

कूप खनहिं मन्दिर जरत, लावहिं धारि बबूर।
बोये लुन चह समय बिन, कुमतिशिरोमणिकूर ३२
निडरअनयकरिअनकुशल, बीसबाहु सम होय।
गयो गयो कह सुमतिजन, भयो कुमति कह कोय ३३

मन्दिरजरत अर्थात् आगिलागि घरतौ बरत ताके बुझायबे हेतु कूप खनत यथा शत्रु शीशपर आयगयो तब फ़ौजकी भरती करै कि सेना भरिलेइँ तब युद्धकरी तबतक वह पकरि लेइगो (पुनः) धारि कहे समूह बबूर के बृक्ष जे लगावते हैं एक तौ संकट आठ पहर भय दूसरे बबूर को बोवना शास्त्र में मने पापवर्धक (पुनः) भूत को बास है अथवा बबूरधारि स्वशत्रु को पालना (पुनः) जा बस्तु को बोये वाके फलबे की समय नहीं आई बीचही में लूना चाहते हैं भाव वाके फल लेन चाहते हैं ते कूर कहे खल कुमति जे निर्बुद्धि तिनमें शिरोमणि कहे महानिर्बुद्धि बुद्धिहीन हैं अर्थात् हानि लाभ प्रथमही बिचारि समय बिचारि कार्य करा चाहिये ३२ निडर डररहित अनय जो अनीति (यथा) कामबश परस्त्री हरिलेना विना अपराध क्रोधबश काहू को दुःखदेना लोभबश दीनन को धन हरिलेना मोहवश हानि लाभ न बिचारना इत्यादि अनीति करि अभय कहे ईश्वर को वा सबलको डर न मानना अभिमानबश अस अशङ्क रहना इत्यादि कर्म करि अनकुशल बीसबाहु रावण सम होय ताहू की

कुशल न होइ राजा वंशसहित नाश होइ ऐसा करनेवाला गयो गयो याकी नाश भई ऐसा सुमति बुद्धिमान् सब कहते हैं अरु अनीति करनेवाले को भयो कहे बना रहैगो ऐसा कोऊ कुमति एक जो वाही को साथी सोई कहैगो और नहीं ॥ ३३ ॥

दोहा ॥

बहुसुत बहुरुचि बहुबचन, बहु अचार व्यवहार ।
इनको भलो मनाइबो, यह अज्ञान अपार ३४
अयशयोग की जानकी, मणिचोरी की कान्ह ।
तुलसी लोग रिझाइबो, करसि कातिबो नान्ह ३५

जाके बहुत सुत नाम पुत्र हैं तिनके आपुस में एकदिन विरोध होवै करैगो (पुनः) जाके बहुत भांति की रुचि है ताही अनुकूल बहुत भांति के काम करैगो काहू में विकार होवै करैगो (पुनः) जो बहुत बचन बोलैगो कोई बिकार बचन निकरवै करैगो (पुनः) जो बहुत भांति के आचार करैगो ताके सरदी गरमी आदि विकार होवै करैगो (यथा) सरदी में स्नानते वायु गरमी में प्यास ते अनेक उपद्रव होते हैं (पुनः) बहुभांति के व्यवहार में सबके अनुकूल काम एकते कैसे होइ याते बिरोध होवै करैगो याते ऐसेन को भला मनाइबो यह भी एक महा-अज्ञान है ताते ये सब बातें समुझिकैं करै नहीं तौ दुःखद होइगो ३४ गोसाईंजी कहत कि संसार बड़ा कठिन है काहेते झूठ सांच कोऊ नहीं विचारत थोड़ीबात सुनि वाकी मर्याद कोऊ नहीं देखत सब बड़ा दोष लगाय देते हैं कौन भांति कि देखौ अयश योग्य की जानकी श्रीजानकीजी अपयश के योग्य रहैं अर्थात नहीं रहैं (पुनः) श्रीकृष्ण मणिकी चोरी योग्यरहैं नहीं रहैं तिन

को संसार कहे तौ और की कौन गनती है ताते संसार के लो-
गन को रिझाइबो अर्थात् राजी राखिबो जामें कोऊ दोष न लगावै
ऐसा जो चहु तौ नान्ह कातिबो करसि अर्थात् यावत् कार्य करै
सो अत्यन्त सफ़ाई के साथ करै (यथा) भरतजी हरिकार्य में
नान्ह काते कि कैकेयी सों बिमुख भाषे जो कोऊ राज्य करने को
नाम लियो ताको अनादर किये पैदर चित्रकूट को गये पादुका
लै सिंहासन पर राखे आपु अवध को पीठि दै भूमि खोदि सनेम
रहे सब बातैं अयश बचायबे हेतु नान्ह काते तेहीते पावन यश
भयो अरु प्रभु तौ अन्तर की जानते रहे तिनके रिझायबे के हेतु
ये ढङ्ग नहीं हैं वे तौ सांचे प्रेम में रीझते हैं सो तौ भरतजी में स्वाभा-
विक परिपूर्ण रहै यामें क्या है ॥ ३५ ॥

दोहा ॥

मांगि मधुकरी खात जे, सोवत पांव पसारि ।
पाप प्रतिष्ठा बढ़िपरी, तुलसी बाढ़ी रारि ३६

यामें गोसाईंजी अपनी व्यवस्था कहत कि मैं श्रीकाशीजीमें
कौन रीति ते रह्यों ये मैं मधुकरी जो साधुन के दये टुकरा ताको
मांगिकै खात अरु पाँव पसारिकै सोवत अर्थात् काहू के भलाई
बुराई के लग नहीं जातरहौं तहाँ पापरूप प्रतिष्ठा बढ़िपरी अर्थात्
श्रीरघुनाथजी की अनन्य उपासना श्रीरामनामकी टेककरि जो
कुछ करे सो पूरी परी सो प्रतिष्ठा गोसाईंजी की देखि न सहिसके
ताते शिवउपासक पण्डितन ते रारि बढ़ी तब अनेक उपद्रव करन
लागे जब एकहू न बिसानो तब गोसाईंजीते बिनती करि कह्यो
कि हमको यह माँगन देहु कि तुम काशीजी से चलेजाउ तब
गोसाईंजी यह कवित्त बनाये (यथा) " देवसरिसेवौं बामदेव

गांवरावरेही, नाम रामही के मांगि उदर भरत हौं । दीबेयोग तुलसी न लेत काहू को कछुक, लिखी न भलाई भाल पोच न करत हौं ॥ येते परहूं कोऊ जो रावरे ह्वै जोर करै, ताको जोरदेव दीन द्वारे गुदरत हौं । पाइकै उरहनो उरहनो न दीजै मोहिं, कालिकदा काशीनाथ काहे निवरतहौं " ॥ यह शिवमन्दिर में लगाय चित्रकूट को चले जब पण्डित शिवमन्दिर को गये तब पट बन्द भीतरते बाणी भई कि तुमने भागवतापराध कर्यो है सब मरिजाहुगे तब सब दौरि गोसाईंजी को लाये सो गोसाईंजी कहत कि ऐसी दशा में तौ रारि बढ़वैभई औरकी का कहैं इहां प्रतिष्ठा देखि न सहिसके याते लोक की सबलता जनाये अरु प्रतिष्ठाको पापरूप याते कहे कि प्रतिष्ठा भी एक भक्ति को कांटा है (यथा नारदपञ्चरात्रे) " जातिर्विद्यामहत्त्वं च रूपं यौवनमेव च । यत्नेन परिवर्ज्यन्ते पञ्चैते भक्तिकण्टकाः " ॥ इत्यादि ॥ ३६ ॥

दोहा ॥

लही आंखि कब आंधरहि, बांझ पूत कब पाय ।
कब कोढ़ी काया लही, जग बहरायच जाय ३७

तहाँ लोकमें जे ईर्षा, क्रोध, मानादि के वश खल हैं ते सांची प्रतिष्ठा में दोष लगावत अरु जे कामना लोभ मोह वश गर्जवन्दे हैं ते शूद्रादि विवेक नहीं करत गली की भूमि कबुरैं पूजत ताहेते कहत कि सबजग अनेक मनोरथ करि बहरायच में सैयद सालार को रौजा पूजन हेतु सैदहालोग जाते हैं तामें समुझिकै देखो कि कब बहरायच में आंधरेने आंखी पायो अरु कब बांझ ने पुत्र पायो अरु कोढ़ी ने कब शुद्ध काया पाई यह कोऊ नहीं देखत सब मनोरथ करि जाते हैं इत्यादि जग आंधर है ॥ ३७॥

दोहा ॥

या जगकी बिपरीतगति, काहि कहौं समुझाय।
जलजलगो झषबांधिगो, जनतुलसीमुसकाय ३८
कै जूझिबो कि बूझिबो, दान कि काय कलेश।
चारि चारु परलोक पथ, यथायोग उपदेश ३९

गोसाईंजी कहत कि, भ्रमबशते या जग की बिपरीत कहे उलटी गति है पूर्बको जाना चाहिये ते पश्चिम को जाते हैं ताते काहि कहे किहिका किहिका समुझायकै कहिये कि जब अतिवृष्टि होत तब भूमि जल ते परिपूर्ण ह्वैजात तब मछरी उलटी चढ़ि आवत जब यहां अगाध जल न पाये तब फिरि घूमी मार्ग में लोग जाल लगाये हैं तहाँ जल तौ बहिकै नदी आदिकन को चलागयो झष जो मछरी ते जाल में बँधिगयो (यथा) अगाध जल सुख भगवत्रूप ताको त्यागि संसार देहसुख हेतु जीवकी बासना जगमें ह्वै रही सुखरूप जल तौ भगवत्रूप को गयो जीव मायाजालमें बँधिगयो इत्यादि तमाशा देखि जन तुलसी मुसकात हैं कि क्या संसार आंधर है ३८ अब परलोक की राह देखावत कि जूझिबो अर्थात् संग्राम में सम्मुख मरण की तौ असत्य सत्य का बूझिबो सत्यमार्ग पै चलिबो अथवा श्रद्धासमेत यथाशक्ति दान देनो अथवा काय कहे देहको क्लेश करनो अर्थात् जप, तप, तीर्थ, ब्रतादि चारि चारुनाम सुन्दरी परलोक जाने की पथ नाम रास्ता हैं ते चारिहु वर्णन को यथायोग्य उपदेश हैं तहाँ क्षत्रिय को संग्राम में जूझिबो परलोक बनिबे की रास्ता है (पुनः) सत्यासत्य बूझिबो सत्यपर चलनो बैश्य को परलोकपथ है (पुनः) बिधिवत् दान देनो शूद्र को (पुनः)

तपादिक क्लेश ब्राह्मण को परलोक को पथ है इत्यादि मार्गन पर आरूढ़ होना परलोक गति को आदिसाधन है ॥ ३६ ॥

दोहा ॥

बुध किसान सर बेदबन, मते खेत सब सींच।
तुलसी कृषिगति जानिबो, उत्तम मध्यम नीच ४०

अब सुकृतरूप कृषि को रूपक देखावत (यथा) यहां बुद्धिमान् जन तेई सब किसान हैं तिनके कर्म ज्ञान उपासनादि यावत् मत हैं तेई खेत हैं इष्ट मन्त्रादि बीज हैं सब साधन कृषि को व्यापार है तहाँ बिना सींचे कृषि होतही नहीं ताहेतु कहत कि तड़ागरूप वेद है बेदन को सिद्धान्त वाक्य सोई बन कहे जल है तेहि करिकै सब मतरूप खेत सींचते हैं तामें जे परिश्रम करत ते सब साङ्गोपाङ्ग सब विधिसहित करत तिनकी उत्तम किसानी है अरु जे आप परिश्रम नहीं करत मजूरन के साथ बने रहत तिनकी मध्यम है जे मजूरनै के माथे आप जानतही नहीं खेत कहाँ तिनकी नीच किसानी है सो गोसाईंजी कहत कि उत्तम, मध्यम, नीच जो कृषी की गति है तिहिको जानिबो समुझिबो उचित है तहाँ जे उत्तम सुकृती हैं ते प्रारब्धरूप घन वर्षने को आसरा नहीं करते वेद सिद्धान्तरूप जल श्रवण द्वारे उलचि आपनो मत सींचिकै अनेक सुकृतरूप ज्योति इष्ट मन्त्र जापरूप बीज बोय निषेध कर्मरूप खर निराय साफ़करि उपजावते हैं जो नेकहू मुरझात देखे (पुनः) वेदवाक्य जलसों सींचि हरित करिदेते हैं तिनको पूर्ण सुकृत उपजत है (पुनः) जे प्रारब्धरूप घनकी आश राखे विवेक वैराग्यादि मजूरन के साथ रहे ते आप बरबस विषय त्यागरूप परिश्रम नहीं करते जैसा

बिबेक बढ़ता गया ताही अनुकूल सुकृत भई सो मध्यम है (पुनः) जे बिबेकादि मजूरनै के भरोसे हैं अर्थात् बैराग्यता आवतही नहीं हम कैसे बिषय त्यागैं मन तौ मानतही नहीं हम कैसे सुकृत करैं प्रारब्धरूप घन बरषतै नहीं कृषी कैसे उपजै तिनको बीजौ बेसारगये अर्थात् इष्ट मन्त्र भी भूलिगया यह नीच सुकृती है इत्यादि समुझौ ॥ ४० ॥

दोहा ॥

सहि कुबोल सांसति असम, पाय अनट अपमान।
तुलसी धर्म न परिहरहिं, ते बर सन्त सुजान ४१

अब उत्तम सुकृतरूप कृषीकारी को व्यापार की रीति देखावत कि दुष्टन के कहे जो कुबोल हैं तिनको सहिलेईं अर्थात् क्षमा धारणकरै (पुनः) सांसति कहे अनेक भांति के जो क्लेशपरैं तिनको न मानै अर्थात् असम कहे बिषम संकटपरै ताहूपर धैर्यवान् बनारहै (पुनः) अनट कहे अन्याय पाय अर्थात् जो उचित नहीं सो दण्ड मिलै ताहूको सहिलेइ (पुनः) कोऊ अपमान करै ताको न मानै अर्थात् निन्दा स्तुति बराबरि समुझै इत्यादि सब बिघ्न लागैं ताहूपर धर्म न त्यागै सो बर कहे श्रेष्ठ सन्त हैं सुजान ॥ ४१ ॥

दोहा ॥

अनहित ज्यों परहित किये, आपन हिततम जान।
तुलसी चारु बिचार मति, करियकाज सममान ४२
मिथ्या माहुर सुजन कहँ, खलहि गरल सम सांच।
तुलसी परसि परात जिमि, पारद पावक आंच ४३

जगत् जननकी स्वाभाविक यह रीति है कि परारो हित करै

तौ ज्यों आपनो अनहित मानते हैं अरु आपन हित जामें होइ ताको हिततम मानते हैं अर्थात् अत्यन्त हितकरि मानतेहैं जीव में यही बिषमता है अरु समता से कैसा चाहिये सो गोसाईंजी कहत कि चारु कहे सुन्दर बिचार सहित मतिकरिकै सो काज करिये कि जैसा आपन हित तैसाही परारो हित दोऊ सम मानिकै करिये अर्थात् सबमें समभाव राखना सुजनकी यही रीति है ४२ (पुनः) सुजनन की कैसी रीति है कि जाके खाने से जीव देह को त्याग करत ऐसा जो है माहुर सो सुजनन को मिथ्या देखात अर्थात् झूठकरि मानत काहेते माहुर को वेग देहही में रहत कुछ जीव में नहीं व्यापत याते माहुर को मिथ्या जानत अरु खल जो दुष्ट हरिबिमुख बिषयी तिनहिं सांचा गरल कहे माहुर सम सुजन मानते हैं काहेते दुष्टता वा विषयरूप विष लगाय देते हैं ताको वेग जीवमें अनेकन जन्म बनारहत ताते गोसाईंजी कहत कि खलन को परसि कहे उनके संगते सुजन कैसे परात नाम भागत जिमि पावक जो अग्नि ताकी आंच पायकै पारद जो पारा उड़ि जात तैसे दुष्टन के संगते सुजन भागते हैं॥ ४३॥

दोहा॥

तुलसी खलबाणी बिमल, सुनि समुझबहियहेरि।
राम राज बाधक भई, मन्द मन्थरा चेरि ४४
दान दयादिक युद्ध के, बीर धीर नहिं आन॥
तुलसी कहहिं बिनीतिइति, ते नरबर परिमान ४५

गोसाईंजी कहत कि खलकी वाणी जो बिमल भी होइ अर्थात् उत्तम बचन कहे जाके सुनत में कुछ बिकार न प्रसिद्ध होइ ताहूको सुनिकै हियमें हेरि कहे बिचार करि वाको हेतु समुझि

लेब काहेते खल भीतर बाहेर ते शुद्धबाणी कबहूं न कहैंगे याते यह निश्चय जानै कि या बाणीके भीतर कुछ बिकार होई जरूर कौनभांति कि देखो मन्थरा चेरी है अर्थात् कुछ उत्तम नहीं (पुनः) मतिमन्द अर्थात् कुछ बुद्धिमान् नहीं सोऊ श्रीरघुनाथजी की राज्यको बाधक भई भाव ऐसी मीठी बाणी हित देखाइकै कहिसि जामें कैकेयी को बिश्वास आइगयो ४४ युद्धके समय धैर्यवान् बीर आन भांति कोऊ नहीं है केवल दान दयादिक धारणहारही युद्ध में धीर बीर होते हैं अर्थात् दयादिक कहे सत्य, शौच, दया, दानादि जो धर्माङ्ग करि परिपूर्ण धर्मात्मा हैं तेई युद्ध में धैर्यवान् ह्वै बीरताकरि यश पावते हैं तेई परिमाण कहे सांचे बर नाम श्रेष्ठ नर हैं इत्यादि बचन गोसाईंजी बिशेष नीति कहते हैं (भाव) सदा धर्मात्मा ही को जय होतहै बिशेष नीति यही है सोई ग्रहण करना उचित है॥ ४५॥

दोहा॥

तुलसी साथी बिपति के, बिद्या बिनय बिबेक।
साहस सुकृत सत्य ब्रत, राम भरोसो एक ४६
तुलसी असमय के सखा, साहस धर्म बिचार।
सुकृत शील स्वभाव ऋजु, रामशरण आधार ४७

बिपत्ति परे के समय कौन सहायक साथी है सो गोसाईंजी कहत कि एक तो बिद्या साथी है अर्थात् बिद्या करि जीविका अरु सन्मान दोऊ मिलते हैं (पुनः) दूसरा साथी बिनय कहे नम्रता वा बिशेष नीति है अर्थात् नम्रता व नीतियुत रहे मर्यादा बनीरही (पुनः) बिपत्ति भी कुछ काल में नाश ह्वैजायगी (पुनः) बिवेक साथी है बिवेकते अनीति न होइ और दुःख न

व्यापी (पुनः) साहस कहे पराक्रम साथी क्योंकि जीविका करिलेइगो (पुनः) सुकृत सत्यव्रत साथी क्योंकि याके प्रभावते शीघ्र बिपत्ति नाश होइगी (पुनः) श्रीरघुनाथजी को भरोसा एक निश्चय साथी है जाके निकट बिपत्ति आवतही नहीं ४६ (पुनः) बिपत्ति के साथी सखा गोसाईंजी कहत कि असमय को सखा साहस नाम पराक्रम है जो जीविकादि करिसकत (पुनः) धर्म सखा है जाते असमय को दुःख शीघ्रही नाश होत (पुनः) बिचार सखा है याते कुमार्ग न चली (पुनः) सुकृति किहे असमय को दुःख नाश ह्वैजाइगो (पुनः) शील अरु ऋजु कहे कोमल स्वभाव सखा है याते असमयमें भी कोऊ अनादर न करी (पुनः) श्रीरघुनाथजीकी शरणकी आधारविशेष सहायक है जिनकी शरण होतही असमय रहतही नहीं (यथा ब्रह्मवैवर्ते) आधयो व्याधयो यस्य स्मरणान्नामकीर्तनात्। शीघ्रं वै नाशमायान्ति तं वन्दे जानकीपतिम् ॥ ४७ ॥

दोहा ॥

बिद्या बिनय बिबेक रति, रीति जासु उर होय।
रामपरायण सो सदा, आपद ताहि न कोय ४८
बिनप्रपञ्चलखुभीखभलि, नहिं फल किये कलेश।
बावनबलिसों लीन छलि, दीन्ह सबहि उपदेश ४९

बिद्या जो भगवत् तत्त्व जाननेवाली ऐसी बिद्या होइ बिनय कहे नम्रता वा विशेष नीतिपथ के चलनेवाले (पुनः) संसार सुख देहादि असार भगवत्पद सार ऐसा जो है बिवेक तामें है रति कहे प्रीति ऐसी रीति जाके उरमें होइ सो सदा रामपरायण कहे श्रीरामस्नेह में सदा तत्पर है ऐसे जननको काहू भांति की आपद

जो दुःख सो कबहूं होतही नहीं कदाचित् कोऊ दुष्ट दुःखद उपाय करै ताको प्रभु मेटिदेते हैं यथा अम्बरीष पै दुर्बासा ४८ प्रपञ्च नाम छल बिना कीन्हे शुद्धस्वभाव मांगेपर श्रद्धा सहित जो कोऊ देइ तौ भिक्षा अर्थात् अन्नादिकी चुटकी सो अत्यन्त भली है ऐसा मनते बिचारिकरि देखु अर्थात् यह निर्विघ्न जीविका है ऐसेही समुझि सब कार्य करना भला है अरु क्लेश करिकै जो अर्थादि फल मिलै तौ नहीं भलो है कौन भांति (यथा) बावन महाराज बलिसों छल करि तीनिहूं लोक लीन्हे एक तो छली कहाये दूसरे जन्म कनौड़े भये अर्थात् उनके हाथ बिकायगये सो लोकको उपदेश दीन्हे कि छल को यही फल है ऐसा बिचारि निश्छल रहिबो सदा सुखद पथ है ॥ ४६ ॥

दोहा ॥

बिबुधकाजबावन बलिहि, छलो भलो जियजानि ।
प्रभुता तजि बश भे तदपि, मनते गइ न गलानि ५०

और कर्मन को फल भोगेते काल पाय छूटि जात छल फल को दुःख अचल है चाहै काहू भांति करै सो कहत कि बिबुध जो देवता तिनको काज कुछ आपनो काज नहीं अर्थात् परस्वार्थ लोक बेद दोऊ मत ते भलो है ऐसा जियसों जानि बावनजी महाराज बलिहि छलो अर्थात् छल करि सब लोक लैकै जीविका जानि देवन को दैदिये भाव दीन देवतन की जीविका सबल बलि ने छीन लई रहै सोई मांगि उनको दीनी जामें अनुचित काहू भांति नहीं ताहू छलको फल यह कि प्रभुता ऐश्वर्य तजिकै परवश भये अर्थात् स्वतन्त्रता त्यागि परतन्त्रता धारण करे भाव ब्रह्मादिक पै आज्ञा देनहार ते बलि की आज्ञा करनहार भये

तदपि कहे ताहूपर छल करिबे की जो ग्लानि सो मनते कबहूं न मिटिगई भाव वेद पुराणादि हमको सर्व विकाररहित समदर्शी कहत रहो सोई अब हमको छली नाम कहेंगे. वा अपनी भूल मानते हैं॥ ५०॥

दोहा॥

बड़े बड़ेनते छल करै, जनम कनौड़े होंहि।
तुलसी श्रीपति शिर लसै, बलि बावनगति सोहि ५१

वड़े बड़ेनते छल करहि अर्थात् जे प्रतिष्ठित उत्तम पुरुष हैं ते जो उत्तम पुरुषनते छल करते हैं तो जन्म भरिके कनौड़े होते हैं अर्थात् जन्मभरि वाके हाथ बिकाय जाते हैं कौन भांति यथा श्रीपति के शीश पर तुलसी लसै कहे सदा विराजमान है अर्थात् तुलसी बृन्दानाम जलन्धर दैत्य की स्त्री है इनके पतिव्रत तेजते जलन्धर युद्ध में शिवजी का मारा न मरा तब भगवान् छलकरि जलन्धर को रूप धरि वाको पतिव्रत भङ्ग करे तब जलन्धर मरा सोई कानि मानि भगवान् तुलसीरूप बृन्दा को सदैव शीश पर राखते हैं (पुनः) सोहि कहे ताही भांति बलि बावन की गति है कि जबते बलि को छले तबते बावनजी सदा बलि के निकट ही रहत यह भागवतमें प्रसिद्ध है बृन्दा को चरित शिवपुराण में युद्धसंहिता के तेइस अध्याय में प्रसिद्ध है अरु जो वड़े वड़ेन ते छल करिबेको कहे ताको यह हेतु कि सफ़ेद वसन में दाग लागत मैले में का दाग लागै वह तौ स्वाभाविकही मैला है तथा दुष्टन को कौन यश अयश उनको तौ छल बलादि यावत् अवगुण हैं सो करने को दुष्टन की स्वाभाविक रीतिही है ते छल करि कनौड़े नहीं होते हैं तिनकी गनती नहीं है॥ ५१॥

दोहा॥

खल उपकार बिकार फल, तुलसी जान जहान।
मेढ़क मर्कट बणिक बक, कथा सत्य उपखान ५२

खल जो दुष्ट तिनको उपकार अर्थात् दुष्टन के साथ जो कोऊ भलाई करत सो बिकार फल पावत अर्थात् वही दुःखदायक है जात ताके अनेक इतिहास प्रसिद्ध हैं ताते गोसाईंजी कहत कि याको हाल सब जहान जानत है काहेते मेढ़कको चरित्र (पुनः) मर्कट को चरित्र (पुनः) बणिक् को चरित्र (पुनः) बक को चरित्र इनके सत्य कथा उपाख्यान मसला कहनूनि सो हितोपदेश राजनीति में प्रसिद्ध है (यथा) एक मेढ़क कुटुम्ब में बैर मानि तिनके नाश हेतु एक सर्पको उपकार करि बोलायो सो प्रथम तौ वाके शत्रुनको खाये पीछे वाके पुत्रादि खाये तब मेढ़क पछिताय भागो (पुनः) मर्कट बांदर एक मगरको उपकार करि अनेक फल गिराय खवाये पाछे वही याके जीव को गाहक भयो सोऊ पछिताय बहाना ते जीव बचायो (पुनः) एक बणिक् ने राजकुमारको उपकार कीन्हों अर्थात् वाके पूजा सिद्धि हेतु आपनी स्त्रीको पठायो तासों राजपुत्र भोग करो यह जानि बणिक् पछितायो (पुनः) बगुला ने एक नेउर को पुकार कियो अर्थात् एक सर्पके निमित्त बोलायो नेउर ने सर्पको खायें पीछे बगुला के अण्डा भी खाये इत्यादि हितोपदेश राजनीति में प्रसिद्धहै ॥५२॥

दोहा॥

जो मूरुख उपदेश के, होते योग जहान।
दुर्योधन कहँ बोध किन, आये श्याम सुजान ५३

हितपर बढ़त बिरोध जब, अनहित पर अनुराग।
रामबिमुख बिधिबामगति,सगुनअघाय अभाग ५४

मूर्खजन काहूको हितोपदेश नहीं सुनते हैं काहेते जो मूर्ख के उपदेश करने योग्य जहान कहे संसार में और कोऊ होतो तौ देखौ जासमय कौरव पाण्डवन ते विरोध भयो सब राज्य दुर्योधन ने लैलीन्हीं तब सब समुझायो कि पाण्डवन को कुछ जीविका देउ सो न माना तब श्याम सुजान श्रीकृष्णजी आये ये भी बहुत समुझाये तबहूं न मान्यो सो कहत कि जो मूर्ख काहू के समुझाये ते समुझै तौ औरकी को कहै श्रीकृष्ण के समुझायबे ते दुर्योधन के बोध किन भयो काहे न समुझिगये अर्थात् हम न देयँगे तौ ये बरबस देवायबे योग्य जो विरोध करैंगे तौ प्राण लेवे योग्य यह एकहू न समुझे आखिर प्राण धन सब गँवाये ताते मूर्ख को हित अनहित नहीं देखात ५३ मूर्खता विनाश की मूल है सो कहत कि जा समय हितकार पर विरोध बढ़त अरु अनहित करने वालों पर अनुराग बढ़त तब यह जानिये कि यह श्रीरघुनाथजी सों बिमुख ताके ये आचरण हैं (पुनः) ताको फल यह कि विधि की वाम कहे उलटी गति होत अर्थात् जो भलाई मानि करत सोई लौटिकै बुराई ह्वै जात (पुनः) जो सगुन भये तौ आपने भाग्य का उदय जाने अर्थात् सगुन भये अब हमारो कार्य सिद्ध होइगो तामें अघायकै अभाग्य को फल पावत अर्थात् ऐसा कार्य नशात कि दुःखते आसूदा ह्वै जात इत्यादि में सब दुःखी हैं॥५४॥

दोहा॥

साहसही सिख कोपबश, किये कठिन परिपाक।
शठ संकटभाजन भये, हठिकुयती कपिकाक ५५

जे जन काहू हितको सिख कहे सिखाव न माने आपने कोपबश विचारहीन ह्वै साहसही कहे सहसाकरि अर्थात् आपने बलके मानबश शीघ्रही परिपाक कहे अन्तफल दुःखदायक ऐसे कठिन कर्म किये ते जन शठ हठकरिकै महासंकट के भाजन नाम दुःखके परिपूर्ण पात्र भये भाव जे हठबश काहूको सिखावन नहीं माने सहसा कर्म करि डारे ते अन्तमें महादुःख पाये कौन भांति (यथा) कुयती अरु कपि (पुनः) काक तहां एक तौ कुयती रावण मारीच को सिख नहीं मान्यो कुयती बनि जानकी जीको हरि लैगयो ताको बंशसहित नाश भयो दूसर एक राज-पुत्र ते गन्धर्बीते स्नेह भयो वाने कह्यो कि यह चित्रलिखी विद्या-धरी है याको कबहूं मति छुयो ताको सिखावन न मान्यो वाको छुइ लियो वाने एक लात मारी कि जाय मगधदेश में गिरो तब ते वा गन्धर्बी के बिरह ते संन्यासी ह्वै भर्मने लगो यह हितोपदेश राजनीति में प्रसिद्ध है (पुनः) कपि बालि तारा को सिखावन न मान्यो सो प्राण गँवाये दूसर बन्दर बिचार सिखावनहीन अध-चीरी लकरीकी कील उखारि अण्डकोष दबिमरो (पुनः) काक जयन्त बेद पुराणादि को सिखावन न मानो परब्रह्म प्रभुसों बैर करि महादुःख पाये ॥ ५५ ॥

दोहा ॥

मारि सौंहकरि खोजलै, करि मत सब बिन त्रास।
मुये नीच बिन मीचते, ये इनके बिश्वास ५६

रीझ आपनी बूझ पर, खीझ विचार बिहीन।
ते उपदेश न मानहीं, मोह महोदधि मीन ५७

मारि कहे प्रथम जापै काहू भांति की चोट करे जब वह बचि के भागिगयो ताको (पुनः) खोज लै ढुंढ़ाय वासों सौंह कहे सौगन्द करि मिलाप कीन्हें अरु आपने सब हित के मत कहे सलाह वार्त्ता करि (पुनः) बिन त्रास कहे वाको विश्वास करि निर्भय रहे ते जन नीच कुबुद्धि जे पूर्वशत्रु के विश्वास में रहे ते नीच बिना मीचु बिना मृत्युही आये मरे भाव आपने हाथे ज़हर खाये तौ क्यों न मरै ताते जापै कुछ चोट करिये तासों कबहूं गाफ़िल न परिये अरु जो प्रथम चोटकरि पाछे गफ़लत करी सो बेशक मृत्युवश होइ यामें सन्देह नहीं ५६ जिन जनन को आपनी बूझपर रीझ है अर्थात् काहू के कहे सुने ते नहीं जो बात आपने मन में आई सोई करते हैं (पुनः) खीझ कहे जापर क्रोध करते हैं सो सब विचारविहीन करते हैं अर्थात् साधु असाधु गुण दोष को विचार नहीं करते हैं जैसा मनते बैठि गयो तैसेही क्रोध करि होते हैं भाव औरको अपराध औरको दण्ड देते हैं ऐसे जे जन हैं ते मोहरूप महोदधि कहे समुद्र के मीन कहे मछली ह्वै रहे हैं अर्थात् मोह में ऐसे मग्न हैं कि जिनको हित अहित नहीं सूझत ते काहूको उपदेश नहीं मानते हैं अर्थात् मोहते बुद्धि भ्रमित है ताते सन्त गुरु शास्त्रादि उपदेश पर विश्वास नहीं आवत तौ कैसे उपदेश मानैं ॥ ५७ ॥

दोहा ॥

समुझिसुनीतिकुनीतिरत, जागतही रह सोय ।
उपदेशिवो जगाइबो, तुलसी उचित न होय ५८
परमारथपथ मत समुझि, लसत विषय लपटानि ।
उतरि चिताते अधजरी, मानहुँ सती परानि ५९

जे जन सुनीति की यावत् रीति हैं तिनको पढ़ि लिखि सुनि बनाय समुझे हैं (यथा) रावण सरीखे बिद्वान् जो बेदन को भाष्यकर्ता इत्यादि सुनीति को समुझिके (पुनः) कुनीतिही में रत अर्थात जीवहिंसा परस्त्रीहरण बिना अपराध दण्ड सन्तन की निन्दादि व बेदबिरुद्ध धर्ममें आरूढ़ रहति ते जन जागतही में सोइ रहे हैं (यथा) लोक में काहू सों बिमुख है वाको देखि न बोलिबे हेतु सोवनको बहाना करि पौढ़ो है तैसेही जे धर्महीन हरिबिमुख हैं ते सब जानत अरु अनीति करते हैं तिनको उपदेशिबो कैसा है सोवन को बहानावाला जागत मनई ताको जगावना बृथाहै सोई भांति हरिबिमुख अधर्मिनको उपदेश करनो उचित नहीं है ५८ परमार्थ जो परलोक ताको पथ कर्म ज्ञानोपासनादि ताके मत (यथा) ज्ञान के बेदान्तादि पढ़ि बिबेक, बैराग्य, शम, दमादि षद्सम्पत्ति मुमुक्षुतादि जाने हैं (पुनः) श्रवण कीर्त्तनादि नवधा प्रेमापरादि भक्तिके सब आचरण जाने हैं (पुनः) मीमांसादि कर्मकाण्ड बिधि निषेध जानन इत्यादि मत समुझि (पुनः) बिषय जो शब्दादि ताही में तनकरि लपटान रहत (पुनः) लसत कहे मन बिषय रसही में चभकत अर्थात् परस्त्रीरत में मन चभकत ताते उनकी बार्त्ता शब्द में कान लपटात मन लगाय सुनत (पुनः) त्वचा स्पर्श में लपटात (पुनः) परस्त्री आदि के रूप देखिबे में नेत्र लपटान रहत (पुनः) मीठे स्वाद में मन चभकत ताते अनेक रसखानेमें रसना लपटान रहत (पुनः) सुगन्ध में नासिका लपटात इत्यादि के लोभते कामना बाढ़त जब कामना की हानिभई तब क्रोध भयो ताते मोह आयो अर्थात् हिताहित नहीं देखात तब बुद्धि में भ्रम आयो तब शास्त्र

सन्त गुरु आदिकन के उपदेश को बिश्वास गयो तब सब काम जड़वत् करनेलगे ते कैसे भये ज्यों अथज़रत ते सती चिताते उतरि परानि नाम भागि सो काहू दिशि की न भई देखो प्रथम वाको देव धन्यकहत अरु सबजग माथ नवावत जब वा पद ते च्युत भई तब चाण्डालसम जानि कोऊ मुख नहीं देखत॥ ५९॥

दोहा ॥

तजतअमिय उपदेशगुरु, भजत बिषय बिषखान।
चन्द्रकिरण धोखेपयस,चाटतजिमिशठश्वान९०

जीवको मुक्तिरूप अमरपद देनहार अमृतरूप जो श्रीगुरुको उपदेश कि बिषयसुख आशा त्यागि प्रेम ते भगवत् शरण गहो ऐसा गुरुको उपदेश ताको मूर्ख तजत अर्थात् नाहीं ग्रहण करते अरु करते क्या हैं विषय को भजते हैं अर्थात् शब्द में श्रवण लगाये स्पर्श में त्वचा लगाये रूप में नेत्र लगाये रस में जिह्वा लगाये गन्ध में नासिका लगाये इत्यादि की कामना में मन लगाये सो बिषय कैसे हैं कि विषकी खानि हैं अर्थात् विष तो देहही में व्यापत विषयरूप विष जीव में व्यापत जो जन्मान्तरन में चढ़ारहत ताको ग्रहण करनेवाले कैसे हैं सो कहत कि यथा शठ श्वान चन्द्रकिरण के धोखे पयस जो है जल ताको चाटत अर्थात् जलमें चन्द्रमा की परछाहीं देखात ताकी किरणें अमृत जानि पानीको चाटत (यथा) यह झूंठही है (तथा) भगवत् सांचा ताकी परछाहीं संसारसुख में जीव भूला परा है यद्यपि बृथा परन्तु सांचाही माने हैं सोई भ्रम भूल है ॥ ६० ॥

दोहा ॥

सुरसदनन तीरथपुरिन, निपटि कुचाल कुसाज।

मनहुँ मवासे मारिकलि, राजत सहितसमाज ६१

सुरसदन जहां देवनके स्वरूप स्थापित मन्दिर तिनके पूजा दर्शनमात्र को माहात्म्य (यथा) बैद्यनाथादि तीर्थ जहां स्नान दर्शनादि को माहात्म्य (यथा) प्रयाग, पुष्कर, नैमिषारण्य, कुरुक्षेत्रादि पुरी (यथा) अयोध्या, मथुरा, हरद्वार, द्वारका, काशी, कांची, उज्जयिन्यादि इत्यादि सुरसदनन में और तीर्थनमें पुरिन में निपट करिकै कुचाल है अर्थात् स्त्री परपुरुषरत पुरुष परस्त्रीरत प्रतिष्ठित जन नीची स्त्रीन में रत चोरी ठगी पाखण्ड परधन हरणादि अनेक छल कपट ह्वै रहा है (पुनः) कुसाज कहे जो जन कहे हैं तिनकी संगतिते व यावत् जगत् की व्यभिचारिणी स्त्री लोक में फिरते फिरते तीर्थन को चली आवती हैं तिन को समागम सदा इत्यादि कुसाज में परि प्रतिष्ठित जन भी खराब होते हैं ताकी उत्प्रेक्षा गोसाईंजी कहत कि तीर्थादि पाप ते बचबे हेतु जीवन के मवास स्थान हैं अर्थात् तीर्थन में पाप नाश ह्वै जात इत्यादि जानिकै कलिकाल ने प्रथम मवास स्थानही को मारा अर्थात् कुचालरूप सेना पठाय आपनो थाना बैठारदीन्हा सोई कुमार्गरूप सेना समाज जो कामादि भट तिनसहित कलिकाल बिराजमान है भाव तीर्थनमें कुमार्ग नहीं है कलिकाल को अमल है (यथा) राजालोग प्रथम शत्रु को किला लैलेत॥ ६१ ॥

दोहा ॥

चोर चतुर बटपार भट, प्रभु प्रिय भरुवा भण्ड।
सब भक्षी परमारथी, कलि सुपन्थ पाखण्ड ६२

अब सब संसार की रीति कहत कि जग में जे चोरी करते हैं अथवा आपनो कार्य चोरायकै साधते हैं अरु प्रसिद्ध में बेपरवाही

की वार्त्ता मीठी कहते हैं भाव भीतर लोभ लिये मुँहते प्रसिद्ध नहीं करत तिन को लोग चतुर कहत (पुनः) बटपार जे मार्ग में पथारी वस्तु बरबस छीनि लेते हैं अर्थात् डाकू ते भट कहे वीर कहावते हैं (पुनः) भरुवा जे स्वस्त्री ते व्यभिचार करावते हैं अरु भांड़ जे मसकरी करते हैं ते प्रभु जो राजालोग तिनको प्रिय रहते भाव राजालोग भी अनीति में रतहैं (पुनः) मद मांसादि जे सर्वभक्षी हैं अर्थात् कौल कपाली आदि ते परमार्थी अर्थात् महात्मा कहावते हैं (पुनः) जिन में पाखण्ड है अर्थात् वेदविरुद्ध धर्म तेई कलियुग में सुपन्थ कहावते हैं ॥ ६२ ॥

दोहा ॥

गौड़ गँवार नृपाल कलि, यवन महामहिपाल ।
साम न दाम न भेद कलि, केवल दण्ड कराल ६३
काल तोपची तुपक महि, दारू अनय कराल ।
पाप पलीता कठिन गुरु, गोला पुहुमीपाल ६४

गौड़ अन्त्यज व नीच जाति गँवार बुद्धि विद्याहीन ऐसे तौ कलियुग में राजा हैं अरु यवन म्लेच्छादि महामहिपाल मण्डलेश्वर हैं ताते राजनीति हीन हैं साम जो परस्पर मिलाप सो नहीं दाम कछुदै वा लैकै मिलना भेद काहूसे विग्रह कराय काहू सों संधि करावना इत्यादि राजालोग जानतही नहीं ताते इनकी जिक्र नहीं केवल एक दण्ड सोऊ कराल रहिगयो अर्थात् क्रोध वश किसीको मारना लोभवश किसीको लूटिलेना यही राजनीति कलियुग में रही ६३ काल कलियुग सोई तोपची कहे गोलन्दाज हैं महि जो पृथ्वी सोई तुपक तोपादि है तहां तुपक तोपादि छोटी बड़ी को फेर है रीति एकही है छोटी राज्य तुपक

है बड़ी राज्य तोप है तामें भरिबे को दारू कहे बरूद चाहिये सो अनय कहे अनीतिरूप बारूद भूमिमें भरी है कैसी कराल कहे महातीक्ष्ण तामें गोला चाहिये सो पुहुमीपाल जो राजालोग तेई गुरुनाम गरू गोला हैं तामें पलीता चाहिये जासों बरूद में आगि लगाई जात सो कठिन जो है पाप सोई पलीता है जाको पाइ अनीति प्रचण्ड परत ता बल राजारूप गोला चोट करत ताते प्रजालोग पीड़ारूप घायल होत यामें रूपक है ॥ ६४ ॥

दोहा ॥

राग रोष गुण दोष को, साक्षी हृदय सरोज।
तुलसीबिकसतमित्रलखि, सकुचतदेखिमनोज ६५
बैर सनेह सयानपहि, तुलसी जो नहिं जान।
तेकिप्रेममग पग धरत, पशु बिन पूछ बिषान ६६

यामें अबिबेकरूप सूर्य ताकी किरणैं राग अर्थात् प्रीति (पुनः) रोष कहे बिरोध (पुनः) गुण अरु दोषादि यावत् अबिबेक के अङ्ग हैं इत्यादि को साक्षी कहे सुहृद् सो सरोज नाम कमलरूप हृदय है तहां सूर्यनको देखि कमल फूलत तथा गोसाईंजी कहत कि अबिबेकरूप मित्र जो है सूर्य तिनको लखि कहे देखिकै हृदयरूप कमल बिकसत है अर्थात् राग द्वेषादि में हृदय प्रसन्न होत (पुनः) सोई हृदयकमल मनोज जो चन्द्रमा ताको देखि सकुचत कहे संकुटित होत यहां चन्द्रमा है बिबेक ताकी किरणैं संतोष, क्षमा, दया, शान्ति, बैराग्यादि ताको देखि हृदय अप्रसन्न होत अर्थात् अनीति में मन खुशी नीति में न खुशी ६५ काहूसे बैरनाम शत्रुता किहे रहत काहूसों सनेहनाम मित्रता किहे रहत अर्थात् क्रोध, ममतादिबश ते मोहान्ध है ताते जो जन सयानपहि नहीं जानते

हैं अर्थात् जिनके उरमें विवेक नहीं है तिनको गोसाईंजी कहत कि ते कैसेहैं बिषान कहे सींग अर्थात् विना सींग पूछके पशु भी कुरूप हैं तेकि प्रेम मग पग धरत अर्थात् वे कैसे प्रेमकी राहपर चलैंगे विवेकरूपनेत्र तौ हैंही नहीं मार्ग कैसे देखै जामें चलै॥ ६६॥

दोहा ॥

रामदास पहँ जायकै, जो नर कथहि सयान।
तुलसी अपनी खांड़महँ, खाक मिलावतश्वान ६७
त्रिबिधिएकबिधिप्रभुअगुण, प्रजहि सँवारहि राउ।
करते होत कृपाण को, कठिन घोर घन घाउ ६८

जे श्रीरघुनाथजीके सांचे दास हैं तिनके पास जायकै जो नर सयानता कथहि अर्थात् बहुत भांतिकी चातुरी कथते हैं ते श्वानसम हैं भाव मतबादकरि अकारण भूकना चातुरी बल मुख ते जोरावर सबको निरादररूप हिंसक ऐसे श्वान समान नर श्री रामदासनके पास जो चतुरता कथतेहैं तामें कौन लाभ पावतेहैं आपनी खरी खांड़में खाक राख माटी मिलावते हैं भाव चातुरी गुण में मानरूप अवगुण मिलाय सदोषित बनावत जाको कोऊ आदर नहीं करत ६७ राउ जो राजालोग ते प्रजहि सँवारहि अर्थात् यथाराजा तथा प्रजा भी ह्वैजाती है जो राजा धर्मवन्त होइ ताको देखि प्रजा महाधर्मवन्त ह्वैजाय जो राजा अधर्मी होइ तौ प्रजा महाअधर्मी होइ कौनभांति कि प्रभु जे मालिक हैं ते जो एक विधि को अवगुण करैं तौ प्रजा त्रिबिधिको अवगुण करै तहां अधर्म के चारिचरण हैं असत्य, अशुद्धता, हिंसा, कुटिलता तामें कलियुग राजा ने एक असत्य करी ताते मोहान्धकार वढ़ो तब प्रजा जो जीव ताने तीन विधि अवगुण करन लगे (यथा)

अशुद्धता तेहिते काम बढ़ो (पुनः) हिंसादि ताते क्रोध बढ़ो (पुनः) कुटिलतादि ताते लोभ बढ़ो (पुनः) जे भूमि पै राजा हैं ते एक बिधिको अवगुण करत अर्थात् परधनहरण ताको देखि प्रजा तीनि बिधि करत अर्थात् कामी ह्वै परस्त्री हरत क्रोधी ह्वै पर अपकार करत लोभी ह्वै परधन हरत इत्यादि में सब अवगुण आइ जात तहां राजा को अवगुण एकबिधि प्रजन में तीनबिधि कौन प्रकार होत यथा कर कहे हाथ ते मारे कृपाण जो है तरवारि ताको कठिन दुःखदायक घोर कहे भयंकर घन कहे बड़ा भारी घाउ होत भाव जस तरवारि ते होत तैसा घाउ हाथ ते नहीं ह्वै सकत ॥ ६८ ॥

दोहा ॥

काल बिलोकत ईशरुख, भानु काल अनुहारि ।
रबिहि राहु राजहि प्रजा, बुधब्यवहरहिबिचारि६९

काल जो है समय सो ईश को रुख बिलोकत नाम देखत तहां प्रथम तौ ईश है ईश्वर ताको जैसा रुख देखत तैसेही काल ह्वैजात अथवा सतयुगादि ईशन को रुख देखि अथवा ईश राजा लोग धर्मी अधर्मी जैसे होत तैसेही काल होत यथा बेणु की राज्य में दुकाल भयो (पुनः) पृथुकी राज्य पाय सुकाल भयो अरु भानु जो हैं सूर्य ते काल के अनुहार बर्तत यथा प्रलयकाल पाय बारहो कला तपि सबलोक भस्म करिदेते हैं शीतकाल में मन्द आतपकाल में प्रचण्ड बर्षा में जल देते प्रभातकाल उदय सायंकाल अस्त दुपहर में प्रचण्ड पुनः समय पाय और और नवीन ढंग करते हैं (यथा) "भयो पर्ब बिन रबि उपरागा" (पुनः) रबि तप जेतनहिं काज इत्यादि तिनको फल देखावत कि देखो

रवि को दुःखदायक राहु है ता करि सूर्य दुःख पावते हैं तथा प्रजा लोग कुमार्गी ह्वै अनेक उपद्रव करते यथा चोरी ठगी डकाही आदि तेहि करिकै राजा दुःखित होत अर्थात् बुरे कर्मन को फल दुःख भले कर्मन को फल सुख यह सबको निश्चय करि मिलत ताते जे बुद्धिमान् हैं ते भलेबुरे विचारि व्यवहार करते हैं अर्थात् बुरे त्यागि भले कर्म सदा करते हैं तिनको दुःख कबहूं नहीं होत वे सदा सुखी रहत (यथा) विभीषण रावणमें प्रसिद्धहै ॥ ६९ ॥

दोहा ॥

यथा अमल पावन पवन, पाय सुसंग कुसंग ।
कहिय सुवासकुवास तिमि, कालमहीशप्रसंग ७०

(यथा) पवन जो बयारि सदा अमल है जामें काहू भांति को मल नहीं है (पुनः) परमपावन कहे अत्यन्त पवित्र हैं जामें कुछ अशुद्धता नहीं है सोऊ सुसंग कुसंग पायकै सुवास कुवास कहिये अर्थात् सुन्दर फुलवारी आदि सुगन्धित वस्तु को संग पायकै आवत ताको सुगन्धित पवन कहत (तथा) विष्ठादि कुसंग पाय आवत ताको दुर्गन्धित पवन कहत तिमि कहे ताही भांति महीश जो राजा ताको प्रसंग पायकै काल बदलि जात अर्थात् सुधर्मी राजा को संग पायकै सुकाल होत (यथा) "जनु सुराजमङ्गल चहुँ ओरा" (पुनः) अधर्मी राजा पाय अकाल ह्वै जात सो वर्तमान प्रसिद्ध है (यथा) "कलि बारहि बार दुकाल परै । बिन अन्न दुखी सब लोग मरै" ॥ ७० ॥

दोहा ॥

भलउ चलत पथ शोचभय, नृपनियोग नय नेम ।
कुतिय सुभूषण भूषियत, लोह नेवारित हेम ७१

तहां कोऊ कहै कि धर्मवन्त राजा पाय जे प्रजा स्वाभाविक अधर्मी हैं ते कैसे सुमारग चलैंगे तापर कहत कि जो सुधर्मी राजा होत ताकी यह आज्ञा रहत कि नियमसहित नीतिमारग पर सब जन चलैं अरु जो नियमते बाहेर अनीति चली ताको कशल दण्ड होइगो (यथा) प्रह्लाद की राज्य में यह आज्ञा रहै कि जो झूंठ बोली ताको प्राणघात दण्ड होई इत्यादि नृप जो राजा ताको नियोग नाम आज्ञा ताके दण्डकी भय कहे डर करिकै मन में सोचि कि जो अनीति करैंगे तो राजा दण्ड देइगा ऐसा बिचारि जे दुष्टौ हैं तेऊ भले पथपर चलते हैं ताते दुष्टता भीतरपरी रहत सुराह चले ते सुमार्गी देखात कौन भाँति (यथा) कुतिय कुरूप स्त्री सोऊ सुन्दरे भूषण बसन पहिराइये तो सुन्दरि देखात तथा लोहकी कुरूपता हेम जो सोना तेहि करिकै नेवारियत अर्थात् लोह की बस्तु (यथा) बन्दूक अथवा तरवारिको कबुजादि ताके ऊपर सोनेको काम बेलि बूटा अथवा लिपौवा काम करिदीन्हेते लोह की कुरूपता जात रहत सुन्दर शोभायमान लागत तथा सुराज में सुमारग चले ते खल भी सुमार्गी देखात ॥ ७१ ॥

दोहा ॥

सुधा कुनाज सुनाजफल, आम अशन समजान।
सुप्रभु प्रजाहित लेहिकर, सामादिक अनुमान ७२
पाके पकये बिटप दल, उत्तम मध्यम नीच।
फलनरलहहिं नरेशतिमि, करिबिचारमनबीच ७३

जे धर्म नीतिमान् राजालोग जब राज्य देखने हेत बहिराते हैं जहां जहां बिश्राम होत तहां तहां प्रजालोग भेंट भोजनादि अनेक उपहार देते हैं सो कहत कि कुनाज कुत्सित अन्न मोटी

रीति के चाउर पिसानादि व पशुनके रातिब हेत चना मोठादि (पुनः) सुनाज (यथा) इस्तेमाल चावल, कांड़ादि, दालि, मैदा, घृत, शक्करादि पलामिष आमादि यावत् फल हैं इत्यादि जो कोऊ देत ताकी प्रसन्नता हेत सब सुधाअशन कहे अमृत भोजन सम जानत अर्थात् सबको भलै समुझत यह स्वाभाविक सुप्रभुकी रीति है अर्थात् जे सुधर्मी राजा हैं ते सामादिक जो है राजनीति ताके बिचार ते प्रजाकी प्रीति व शक्ति अनुमानि ताके अनुकूल कर जो है भेंटादि सो लेते हैं प्रजा के हित के हेत अर्थात् भेंटादि पाये राजा प्रसन्न रहत ताते प्रजाकी वृद्धि होत भाव एक दिन भोजन लैकै जन्मभरेको भोजन देत व कर दीन्हे ते प्रजन को स्वाभाविक अपराध मिटत है ७२ बिटप जो बृक्ष हैं तिनके दल फलादि तिनको तीनि प्रकार ते नर लहहिं नाम पावते हैं तिमि कहे ताही भांति नरेश जो राजा सो प्रजा सों भेंटादि पावने को हेतु मन में विचारिलेइ (यथा) जा बृक्ष की भलीभांति रक्षा करत तामें लागे रहे जब पाके आपहीसों गिरे ते फलादि उत्तम हैं (तथा) प्रजाको पालनकरै जो भेंटादि आपनी खुशीते देइ सो राजा उत्तम भेंट बिचारै अरु जो फलादि पाकिरहे हैं परन्तु गिरे नहीं किञ्चित् कसरिलिहे हैं तिनको तूरि दुइ दिन धरि पकै लीन्हे ते मध्यम हैं (तथा) प्रजा लोगन के श्रद्धा है परन्तु वहां तक पहुँचै न पाये बीचही सिपाही गोहरावत कि राजाको भेंटदेने चलतजाउ इत्यादि को मध्यम बिचारै (पुनः) फल पाकने योग्य जानि तूरिलेय पाल धरि पकै लीन्हे सो नीचफल है तथा प्रजा के श्रद्धामात्र है परन्तु पदार्थ को उपाय नहीं करने पाये कि हुक्म आइगयो कि भेंट देनेचलो तब प्रजनको वन्दिश करने में संकेत

परा इत्यादि को नीच देना बिचारै अब देखिये प्रजाको देना वही राजा को लेना वही केवल बातही बातमें राजा की उत्तमता, मध्यमता, नीचता प्रकट ह्वैगई सो नीति धर्म ते विचार करना चाहिये ॥ ७३ ॥

दोहा ॥

धरणिधेनु चरि धर्मतृण, प्रजा सुवत्स पन्हाय।
हाथ कछु नहिं लागि है, किये गोष्ठ की गाय ७४

तहां नीति धर्मपर चलने में क्या फल है ? सो कहत कि धरणि जो है भूमि सोई धेनुनाम गऊ है ताको चारा चाहिये सो कहत कि जो धर्मवन्त राजा होइ ताको जो धर्म सोई तृण है ताको चरिकै धरणीरूप गऊ पुष्ट परे तब प्रजारूप वत्स कहे बछड़ा है ताको देखि पन्हाय अर्थात् खेतादि थनन में अन्नादि दुग्ध परिपूर्ण होवै ताको पाय राजा अरु प्रजा दोऊ जीविका पाय प्रसन्न रहत अर्थात् जब अन्न परिपूर्ण उपजत तब सुकाल रहत ताते सब खुशी रहत अरु जो गोष्ठ की गाय कीन्हे अर्थात् धर्मरूप चारा रहित अधर्मरूप गोष्ठ में भूमि गाँसी परी है तौ कुछ न हाथ लागि है अन्नादि होवै न करी तौ राजा प्रजा सबै दुःखित होइँगे ॥ ७४ ॥

दोहा ॥

कण्टकण्ट ह्वै परत गिरि, शाखा सहस खजूरि।
मरहि कुनृपकरिकरि कुलै, सोकुचालिसुनिसूरि ७५
भूमि रुचिर रावण सभा, अङ्गद पद महिपाल।
धर्म रामनयसीमबल, अचल होत तिहुँकाल ७६

देखिये खजूरि में सहस कहे हजारन शाखा होते तिनकी पातीपाती प्रति कांटा होत हैं ताते सब शाखा कण्ट कण्टरूप अनीति करि गिरि जाते हैं ताही भांति कुनृप जे अधर्मी राजा हैं ते कुनै कहे अनीति करिकरि गरहि कहे नष्ट होहिं तहां वैतौ नाशै भये उनकी कुचाल सों भुविनाम भूमिविषे भूरि कहे वहुत ह्वै गई ताते प्रजा भी अनीति करने लगे ताते अकालादि होने लगे ताते सब प्रजा दुःखित होत है ७५ जे धर्मवन्त राजा हैं ते सदा अचल रहतेहैं कौन भांति सो कहत कि रुचिर कहे सुन्दरि भूमि सो रावण कीसी सभा है अरु धर्मवान् जे महिपाल हैं ते अङ्गद को पद हैं उहां पदटारनहार अनेक राक्षस हैं जिनके उठाये ते न उठिसका पाँव अचल रहा तैसे इहां अनीति व शत्रु आदि अनेक विघ्न लागत परन्तु धर्म अरु नीतिरूप श्रीरघुनाथै हैं तिनके सीम कहे मर्यादरूप वलते भूत, भविष्य, वर्तमानादि तीनिहूं काल में धर्मवन्त राजा अचल होत अर्थात् एकहू विघ्न नहीं व्यापत ॥७६॥

दोहा ॥

प्रीतिरामपद नीतिरत, धर्मप्रतीति स्वभाय ।
प्रभुहि न प्रभुता परिहरै, कवहुँ वचन मन काय ७७
कारके कर मनके मनहि, वचन वचन जियजान ।
भूपतिभलहिनपरिहरहिं, विजै विभूति सयान ७८

प्रीति रामपद अर्थात् छल छांड़िकै सत्यभाव से श्रीरघुनाथजी के चरणारविन्दन में प्रीति एकरस वनीरहै (पुनः) नीतिरत सदा नीतिमारग में चलत अनीतिमें भूलिकै नहीं पाँव धरत (पुनः) धर्मविषे प्रतीति राखे रहत अर्थात् सत्य, शौच, तप, दानादिविषे विश्वास ऐसा स्वाभाविक स्वभाव वना रहत ऐसे जे प्रभु हैं राजा

तिनहिं प्रभुता जो है ऐश्वर्य सो बचन मन काय जो देह ताको कबहूं नहीं परिहरत भाव सेवाय हर्ष दीन बचन कबहूं नहीं कहने को परत (तथा) मन देहते प्रसन्न रहत कबहूं संकट नहीं परत ७७ बचनादिते प्रभुता कौन भांति नहीं जाती है सो कहत कि भूपति जो राजा भले कहे धर्मवान् तिनहिं बिजय, बिभूति सयानतादि-नहीं परिहरत नहीं त्यागत कौन भांति सो कहत कि कर जो है हाथ ताको ऐश्वर्य हाथहीमें रहत क्या रहत बिजय सदा हाथही में रहत बिजय हाथते कबहूं नहीं जात कि कबहूं काहूते युद्ध करिकै पराजय पावै (पुनः) मनको ऐश्वर्य मन में सदा बनैरहत अर्थात् मनमें प्रसन्नता उदारता बनी रहत सेवाय उदारता की कबहूं मनमें दीनता नहीं आवत (पुनः) बचनको ऐश्वर्य बचनमें बनारहत कौन सयानता अर्थात् सेवाय चातुर्यता के कबहूं निर्बुद्धिता बचन नहीं आवत ॥ ७८ ॥

दोहा ॥

गोली बान सुमन्त्रसुर, समुझि उलटिगतिदेखु।
उत्तम मध्यम नीच प्रभु, बचन बिचारु बिशेखु७९
शत्रु सयाने सलिलइव, राख शीश अपन्याव।
बूड़तलखिडगमगतअति, चपरि चहूंदिशि धाव८०

तुपककी गोली अरु बाण अरु मात्रा स्वर इत्यादिकी उलटी गति समुझिकै देखिले जैसी इनकी उलटी गति है तैसे प्रभु जो है राजा ताके वचनमें विशेष विचारु अर्थात् जे उत्तम राजा हैं तिनके वचन उलटबेमें गोलीकी ऐसी गति है जबते गोली चली तबते न मालूम कहां गई (तथा) उत्तम राजा जो बचन मुखते निकारे ताको पलटते नहीं अरु मध्यमनके वचन बाणसम

हैं अर्थात् चलाये पर देखात ताते उठाय लावत परन्तु विना चोट किहे बीचते नहीं लौटत (तथा) जे वचन कहि पूरा कर दिये (पुनः) बदलिगये ते मध्यम राजा हैं अरु नीचनके वचन मात्रास्वरकी समान हैं अर्थात् देखनेमात्र को मात्रा स्वर में मिलत हैं जाय परन्तु उच्चारण करेपर पूर्वको चलाजात अर्थात् वाको अर्थ पूर्वही में आवत (तथा) जे वचन कहत में सब कुछ देत प्रयोजन के वक्त कुछ नहीं देत याते सब झूठही कहत ते नीच राजा हैं ७९ जे राजा सयाने हैं ते शत्रुके हेत सलिलइव कहे जलके समान वनेरहत अरु शत्रुको नावके सम आपने शीशपर राखि अपन्यायलेत अर्थात् अन्तरमें शत्रुता राखेरहत वेअख्त्यार जानि मुखते आदर करत (पुनः) जब नाव डगमगायके बूड़ै लागत तब अत्यन्त चपरिकै चारिहु दिशिते जलवाही के बोरिबे हेत धावत तथा जब घात बैठिजाय तब शत्रुको जरते उखारिडारै स्वाभाविक आदरदेइ ॥ ८० ॥

दोहा ॥

रैयत राज समाज घर, तन धन धर्म सुबाहु।
सत्यसुसचिवहिसौंपिसुख,विलसहिनिजनरनाहु८१
रसना मन्त्री दशन जन, तोष पोष सब काज।
प्रभु कैसे नृपदानदिक, बालक राज समाज ८२

रैयत जो प्रजालोग राजसमाज जो यावत् अवला हैं अरु घर राजाको वासस्थान तन जो देह धन जो खजाना इत्यादि को रक्षक काको करै सो कहत कि सुन्दर धर्म जो है ताही बाहुबल ते सब वस्तु की रक्षा जानै अरु सत्य जो है सोई सुन्दर सचिव है ताको सब राजकाज सौंपि आपु स्वतन्त्र ह्वै नरनाह जो

है राजा सो निज कहे आपनी इच्छापूर्वक सुख बिलसाहि निर्बिघ्न स्वतन्त्र आनन्द करै भाव सत्यधर्म को धारण करै ताके एकहू बिघ्न न निकट आवैं सदा आनन्द रहे ८१ अब मुखको उत्तम राजा करि देखावते हैं कि रसना जो जिह्वा है सो मन्त्री कैसा है जो करू मीठ स्वाद मुख को बताय देत आपको कुछ नहीं राखत है (पुनः) दशन जो दांत ते जन कारबारी कैसे हैं जो भोजनरूप कार्य सिद्धकरि मुख को दैदेते हैं आप कुछ नहीं राखते हैं (तथा) प्रभु जो मुख सो सर्बाङ्गन को तोष पोषादि सब काज कैसे करत कि सब देह के अङ्गनको संतोष अरु पुष्टता एकरस करत कुछ आपही नहीं पुष्ट होत ताही भांति मन्त्री तौ ऐसा होइ कि हानि लाभ सब राजा को सुनायदेवै अरु राजसमाज के यावत् जन हैं ते सब कार्य सिद्धकरि राजा को दै देवैं आप कुछ न राखैं (पुनः) नृप जो राजा सो क्या करै कि बालकादि सेवक पर्यन्त यावत् राजसमाज है ताको दानादि दैकै सबको एकरस पालन पोषण करै ॥ ८२ ॥

दोहा ॥

लकड़ी डौवा करछुली, सरस काज अनुहारि।
सुप्रभुसंग्रहहिंनपरिहरहिं, सेवक सखा बिचारि ८३
प्रभु समीप छोटे बड़े, अचल होहिं बलवान।
तुलसी बिदित बिलोकही, करअंगुलीअनुमान ८४

लकड़ी इंधन डौवा कहे चिमचा अरु करछुली आदि यावत् बस्तु हैं ते सब काज के अनुहारि कहे कामलागे पर सब सरस हैं (यथा) रसोईं बनावत समय अग्नि प्रचण्ड हेतु लकड़ी प्रिय लागत दालि तरकारी आदि चलाइबे हेतु चिमचा प्रिय लागत

चाउर पूरी आदि बनावते समय करछुलि प्रिय लागत बटुई उतारतमें संसी रोटी सेंकत में चिमटा इत्यादि समय पाय सब प्रिय लागत ताते सबको राखना योग्य है ऐसा विचारि जे सुप्रभु कहे सुमार्गी राजा हैं ते सखा अथवा सेवकादि यावत् जन हैं तिनको जबते गहत तबते परिहरत नहीं त्यागत नहीं प्रयोजन कि समयपर कार्य करैंगे अरु जे आपनेको त्यागत ते शत्रुको मिलि बाधक होत ८३ प्रभु जो राजा ताके समीप रहेते सेवकादि जे छोटे जन सचिव सखादि जे बड़ेजन ते सब अचल होत अर्थात् कोऊ काहू को टारि नहीं सकत (पुनः) प्रभुके बलते सब बलवान् बने रहत कोऊ काहूको डरत नहीं कौन भांति ताको गोसाईंजी कहत कि लोकमें विदित विलोकही कहे देखियत है कौन भांति (यथा) कर जो हैं हाथ तामें अंगुली की अनुमान अर्थात् कर प्रभुके समीप रहेते छोटी बड़ी अंगुली सब अचल एकरस बलवान् बनी रहती हैं (तथा) प्रभु समीप सब छोटे बड़े जन रहत ॥ ८४ ॥

दोहा ॥

तुलसी भल बरणत बढ़त, निजमूलहि अनुकूल।
सकलभांति सबकहँ सुखद, दलनसहित फलफूल ८५
सधन सगुणसधरमसगण, सजन सुसबल महीप।
तुलसी जे अभिमान बिन, ते त्रिभुवनके दीप ८६

गोसाईंजी कहत कि निज कहे आपनी मूल जो है जर ताको भला सब वर्णन करत अर्थात् आपनी जर को सब भला चाहत काहे ते मूलैकी भलाई ते सर्वाङ्ग बढ़त देखो दल जे हैं पत्ता तिन सहित फल फूल इत्यादि सबकहँ निजमूलही की अनुकूल सकल भांति ते सुखद है अर्थात् जरके भले ते वृक्ष हरित ह्वै फूलत फलत

मूलके सूखे कुछ नहीं होत (तथा) प्रजा राजसमाजादि सब दलादि हैं अरु राजा मूल है राजा की भलाई ते सबको भला है राजा की बुराई ते सबको बुरा है याते सबको उचित है कि राजा की भलाई मनावैं ताहीमें आपनी भी भलाई जानैं ८५ अरु राजा सबल कौन भांति होत सो कहत कि सधन सुन्दर धन सहित (पुनः) सगुण शील उदारतादि सुन्दरे गुणनसहित सधर्म सत्य, शौच, तप, दानादि अङ्गनयुत सुन्दर धर्मसहित सगण सुन्दर सुभटसहित सजन सेवक सखा सचिवादि सुन्दरे जननसहित अर्थात् सुन्दर खज़ाना सुन्दर गुण सुन्दर धर्म सुन्दर सिपाह सचिव सखादि सुन्दरे जन इत्यादिसहित होइ तौ महीप जो है राजा सो सबल कहे सदा सब प्रकारते बली बनारहै अर्थात् काहू सों पराजय न पावै सदा जयवान् बनारहत ताहूमें गोसाईं जी कहत कि जे सब भांति सबल राजा हैं तिनमें जे अभिमान-रहित हैं जिनमें काहू भांति को अभिमान नहीं आवत ऐसे जे हैं ते त्रिभुवनके दीप कहे तीनिउँ लोक के प्रकाशकर्ता उत्तम करि बिदित होत॥ ८६॥

दोहा॥

साधनसमयसुसिद्धलहि, उभय मूल अनुकूल।
तुलसी तीनौ समय सम, ते महि मङ्गलमूल ८७

साधन कहे प्रयोजन सिद्ध करने हेतु उपाय करने ही समय जाको सिद्ध लही नाम प्राप्त भई (पुनः) उभय कहे दोऊ अर्थात् लोक परलोक ताको सुख ताकी मूल कहे जर सो जाको अनु-कूल कहे स्वाभाविक प्राप्त है तहां लोकसुख की मूल सप्ताङ्ग राजश्री (यथा) राजा मन्त्री मित्र खज़ाना राज्यकी भूमि क़िला

फ़ौज (यथा) "स्वाम्यमात्यसुहृत्कोषराष्ट्रदुर्गबलानि चेत्यमरः" ॥ अथवा भाग्य के अष्टाङ्ग (यथा भगवद्गुणदर्पणे) "सुगन्धं वनिता वस्त्रं गीतं ताम्बूलभोजनम्। भूषणं वाहनं चेति भाग्याष्टकमुदीरितम्" ॥ इत्यादि लोकसुख की मूल है ते सदा जाको अनुकूल रहै अर्थात् स्वाभाविक इच्छापूर्वक प्राप्तरहत (पुनः) परलोक सुखकी मूल सत्संग गुरुकृपा विषयते विराग स्वधर्मसहित भगवत् में प्रीति इत्यादि जाको अनुकूल होइ अर्थात् स्वाभाविक जाको प्राप्त होइ सो गोसाईंजी कहत कि कार्यसिद्ध लोक परलोक सुख ये तीनों जाको समय सम कहे जैसा समय आवै ताकी समान जाको प्राप्त हैं ते राजा मही विषे मङ्गल के मूल हैं जिनके नाम लीन्हे मङ्गल प्राप्त होत है (यथा) ध्रुव प्रह्लाद जिनके साधन समयमें सिद्धि पाये अर्थात् बाल्यही अवस्था में प्रसिद्ध है भगवत् दर्शन दै कृतार्थ कीन्हें (पुनः) जन्मभरि सर्वाङ्ग सुख परिपूर्ण रहा (पुनः) अन्तसमय भगवत्पद को प्राप्त भयो ताते सब समय की समान भयो याते इनको नाम मङ्गलमूल पुराणन में प्रसिद्ध है ॥ ८७ ॥

दोहा ॥

रामायण अनुहरत सिख, जग भौ भारत रीति।
तुलसी शठकी को सुनै, कलिकुचालिपरप्रीति ॥ ८८ ॥

रामायण द्वारा गोसाईंजी सब जगको सिखावन दीन्हे हैं तहां वर्णाश्रमादि सबके धर्म कर्म विधिनिषेध सहित कहे हैं (यथा) चौ० ॥ " शोचिय विप्र जो वेदविहीना। तजि निजधर्म विषय लवलीना ॥ शोचिय नृपति जो नीति न जाना। जेहि न प्रजा प्रिय प्राणसमाना ॥ शोचिय वैश्य कृपण धनवाना। जो न अतिथि

शिवभक्ति सुजाना॥ शोचिय शूद्र बिप्र अपमानी। मुखर मानप्रिय ज्ञानगुमानी॥ शोचिय पुनि पतिबञ्चक नारी। कुटिल कलहप्रिय इच्छाचारी॥ शोचिय बटु निजब्रत परिहरई। जो नहिं गुरु आयसु अनुसरई॥ दो० ॥ शोचिय गृही जो मोहबश, करै धर्मपथ त्याग। शोचिय यती प्रपञ्चरत, बिगतबिबेक बिराग॥ चौ० ॥ बैखानस सोइ शोचनयोगू। तप बिहाय जेहि भावत भोगू॥ शोचिय पिशुन अकारण क्रोधी। जननि जनक गुरु बन्धुबिरोधी॥ सबबिधि शोचिय पर अपकारी। निजतनपोषक निर्दय भारी॥ शोचनीय सबही बिधि सोई। जो न छांड़ि छल हरिजन होई"॥ (पुनः) जिन श्रीरघुनाथजीको चरित बर्णनकरे तिनकी रीति देखो चौ० ॥ "सत्यसिन्धु पालकश्रुतिसेतू। रामजन्म जगमङ्गल हेतू॥ गुरु पितु मातु बचन अनुसारी। खलदल दलन देव हितकारी॥ नीति प्रीति परमारथ स्वारथ। कोउ न रामसम जान यथारथ"॥ ताते रामायण में जो युद्ध है सोऊ धर्म के हेतु है ताते रामायण अनुहरत कहे रामायण के अनुसार जो चलै तौ बिग्रह त्यागि स्वधर्म की रीति ते भगवत् में प्रीति करै तौ सब सुखी रहै भाव जो श्रीरघुनाथजी की राज्य की चाल चलै तौ दुःखरहित सुखी होइ (यथा) "बर्णाश्रम निज निज धरम, निरत वेद पथ लोग। चलहिं सदा पावहिं सुखहिं, नहिं भय शोक न रोग"॥ इत्यादि सिखावन सो गोसाईंजी कहत कि शठ तुलसी की कही बाणी को सुनै काहेते कलि जो कलियुग ताकी चलाई जो कुचाल है (यथा) जीवहिंसा परस्त्री परधनहरण परहानि परनिन्दादिकन पर प्रीति भई ताते सब जग महाभारत की रीति पर आरूढ़ भयो (यथा) कौरव पाण्डव परस्पर बिरोध करे तामें पाण्डवन को

अनेक क्लेश प्रथमही भयो पीछे युद्धमें कौरव सबंश नाश भये (तथा) सब जग बिग्रहकरि अनेक दुःख सहत ॥ ८८ ॥

दोहा ॥

सुहित सुखद गुणयुत सदा, कालयोग दुख होय।
घरधनजारतअनलजिमि,त्यागे सुख नहिं कोय८९

सुहित कहे जो सदा सुन्दर हित करनेवाला (यथा) कमल को रवि (पुनः) सुखद जो सदा सुख देनहार (यथा) कृषि को जल (पुनः) जो वस्तु सदा गुणयुत कहे गुणसहित होइ (यथा) घृत दुग्धादि भोजन इत्यादिक सब बस्तुइं सोऊ काल कहे समय योग पाय दुःखदायक होत (यथा) जल सूखिगयें सूर्यं कमल को भस्म करत (तथा) अतिवृष्टि भये कृषि नाश होत ज्वरादि में घृत दुग्धादि दुःखदायक होत इत्यादि हित सुखद गुणयुतनहूं ते समययोगते दुःख होत कौन भांति (यथा) अनल जो अग्नि सो रसोईं प्रकाशादि को हित है (पुनः) हिमऋतु में सुखद है (पुनः) देह पीड़ादि सेंकने में लौकिकगुण यज्ञादि में पारलौकिकगुण सोऊ समय पाय जब अग्नि लागत तब धन जो अन्न बसनादि अरु घर सो सब जराय देत परन्तु वाके त्याग कीन्हे काहू भांतिको सुख नहीं होत याते हितकर्ता कबहूं बुराई भी करै तबहूं वाको त्याग न करै ॥ ८९ ॥

दोहा ॥

तुलसीसरवरखम्भजिमि, तिमि चेतन घटमाहि।
सूखन तपन हुतन सो,समुभ सुबुधजन ताहि९०
तुलसी झगरा बड़ेन के, बीचपरहु जनि धाय।

लड़ै लोह पाहन दोऊ, बीच रुई जरिजाय ९१

तहाँ कसूरबन्द को न त्यागिये यामें शान्ति चाहिये सो कौन भांतिते आवे सो कहत कि (यथा) सरवर जो तड़ाग मध्यजल में जिमि कहे जाभांति खम्भा गाड़े हैं सो जलकी शरदीते सदा रसीले बने रहते हैं ताते तपन जो सूर्य तिनकी हुत जो घाम ताहू करि खम्भ सूखते नहीं हैं तिमि कहे ताही भांति घट जो हृदय ताके मध्यमें चेतन कहे चैतन्यता है ताही बलते जे बुद्धिमान् जन हैं ते हित अनहित बिचारि समुझि जाते हैं ताते अपराध अनुकूल कुछ दण्ड देत अरु त्यागते नहीं का समुझि (यथा) रावण बिभीषण को त्यागे कौन फल पाये ९० गोसाईंजी कहत कि जहां बड़े बलवानन को झगरा युद्धादि होइ ताके बीच में धायके जनि परो अर्थात् बलिनके युद्धके बीच निर्बल ह्वैकै न परै नाहीं तौ आपही पीसि जाइगो कौनभांति (यथा) लोहा अरु पाहन कहे पत्थर ते दोऊ लड़ते हैं ताके बीचमें परि रुई जरिजाती है अर्थात् चकमक पथरी ते जब आगि प्रकट कीन चाहत तब सोराकी रँगी रुई पथरीपर लगाय चकमकते ठोंकि देत तामें चिनगी उठत सो रुई में लागि जरि उठत याते जो बीच परै तो सबल ह्वै परै निर्बल ह्वै बीच न परै॥ ९१॥

दोहा॥

अर्थआदि हन परिहरहु, तुलसी सहित बिचार।
अन्तगहन सबकहँ सुने, सन्तन मत सुखसार ९२
गहु उकार बिबिचारपद, माफल हानि बिमूल।
अहो जान तुलसी यतन, बिन जाने इव शूल ९३

अर्थ, धर्म, काम, मोक्षादि चारिफल हैं तिनके साधन राजा को करना उचित है ताको उपाय (यथा) "अर्थचातुरी ते मिलै, धर्म सुश्रद्धा जान। काम मित्रता ते मिलै, मोक्ष भक्तिते मान"॥ इत्यादि उपायकरि चारिउ फल प्राप्त होयँ सो कहत कि अर्थादिके साधन करते में हन जो हिंसा आदि कुकर्मन को परिहरहु कहे त्याग करौ कौन भांति सो गोसाईंजी कहत कि बिचारसहित अर्थात् धर्मनीति विचारिकै दण्डरक्षादि करै (पुनः) अन्तसमय कहे चौथेपनमें गहन जो वन तामें जानेको चाहिये सबको ऐसा हम सुनेहैं (यथा) "चौथेपन जाइय नृप कानन" तहां तीनि पनले तो धर्म करै अर्थ बढ़ावै स्वस्त्रीविषे रति करै तामें कामसुख (पुनः) वंश होय चौथेपन में वनमें जाय भगवत्भक्ति करै जामें मुक्ति होइ यह लोकहु परलोक के सुखको सारांश सन्तन को मत है ६२ गहु उकार तहां उ इति वितर्के यह 'उ' अव्यय वितर्के अर्थ को प्रकटकरत अर्थात् विशेष तर्क सो कहत कि उकार जो विशेष तर्कणा ताको गहु कौनभांति विविचार विशेष विचारपद सहित तर्कणा करु तौ गोसाईंजी कहत कि विचार तर्कणारूप यत्न करिकै अहो कहे जो आश्चर्य बात ताहूको जानु अर्थात् विचार करि अनजानतको जानिले तब क्या करु सो कहत कि मा जो प्रतिषेध (यथा) "अमानोनाः प्रतिषेधे" ताते मा जो है प्रतिषेध अर्थात् निषेधकर्म तिनके फलकी निर्मूल हानि करै बिना जरकरि देउ भाव विचार करि जानिलेउ सो बुरे कर्म करवै न करो तौ जो कुकर्मरूप जर होवै न करी तौ दुःखफल काहेमें लागेंगे अरु जो बिना जाने करो तौ अनेक अशुभ कर्म ह्वैजायँगे सोई शूल इन कहे दुःखकी समान होयँगे अर्थात् विनाजाने जे भले करौ

तेऊ बुरे सम ह्वैजात (यथा) राजा नृग बिना जाने एक गऊद्वै ब्राह्मणन को संकल्पि गये सो भलाभी कर्म बुरेकी समान ह्वैगयो सो प्रसिद्ध है ॥ ६३ ॥

दोहा ॥

नीच निरावहिं निरसतरु, तुलसी सींचहिं ऊख।
पोषत पयद समान जल, बिषय ऊखके रूख ६४

जो लोकको छुड़ावत सो निरस है जो लोकही सुख को बढ़ावत सो सरस है सो गोसाईंजी कहत कि जे बिचारहीन नीचजन हैं ते क्या करते हैं कि जगतरूप खेत में कर्मरूप किसानी है तामें लोक सुखरूप रस है जामें ऐसी बासनारूप ऊखको सींचते हैं अर्थात् बासनाको बढ़ावते हैं अरु बिबेक, बैराग्य, त्याग, संतोषरूप जो निरस तरु हैं तिनको निरावत अर्थात् खोदिकै जरते बहाय देत अरु बिषय बासनारूप ऊखके रूखनको कैसे सींचिकै पोषत नाम पालन करत (यथा) पयद जो हैं मेघ ते जौन भांति ते जल बर्षिकै भूमिको परिपूर्ण करि देत जाते ऊख अत्यन्त करि उपजत अर्थात् बिषयिन के संगादि ऐसी बार्त्ता करत जामें बिषय बासना बढ़तजात ॥ ६४ ॥

दोहा ॥

लोक बेदहूं लौंदगी, नाम भूल को पोच।
धरमराज यमराज यम, कहत सकोच न शोच६५
तुलसी देवल रामके, लागे लाख करोर।
काक अभागे हगिभरे, महिमा भयउ न थोर६६

बात वही करते बनिपरै भलाई होइ न करते बनै बुराई ह्वैजाय सो कहत कि पोच कहे नीच को ऐसा संसार में है जाको धर्मराज

के नाममें भूल है अर्थात् को नहीं जानत है काहेते लोक कहनूतिं ते लगाय भाषा अरु पुराणन में संहिता स्मृति उपनिषद् वेद पर्यन्त लौदगी कहे यही आवाज प्रसिद्ध सुनि परत कि धर्मराज नाम है तहां जे उत्तम पुरुष हैं ते धर्मराज ऐसा नाम कहत जे मध्यम पुरुष हैं ते यमराज ऐसा नाम कहत जे नीच पुरुष हैं ते यम ऐसा नाम कहत इत्यादि दुष्टजन सबको अनादरही नाम कहत तहाँ अनादर नाम कहिवे में नामीको मन मैल होनेको सकोच चाहिये (पुनः) बड़ेको अनादर नाम कहे ते अपराध लागत ताको फल दुःख भोगिवे को शोच चाहिये सो दुष्टनके शोच सकोच एकहू नहीं होत ६५ खलनके अनादर कीन्हें कुछ बड़ेन को माहात्म्य नहीं घटत खल आपुही अपराध लादिलेत कौनभांति सो गोसाईंजी कहत कि देखो देवल जो श्रीरघुनाथ जीके मन्दिर तामें लाखन करोरिन रुपया लगे सुन्दर विचित्र बना है तापर अभागे काक कौवा हगिहगि विष्ठा भरिदीन्हें तिहि करिकै कुछ मन्दिरकी महिमा थोरी नहीं भई जैसी महिमा रहै तैसीही बनीरही तैसेही खलनके अनादर कीन्हें बड़ेनको माहात्म्य नहीं घटत (यथा) गङ्गाजी के तटपर दुष्ट मल मूत्र करिदेते हैं तिनहिनको सब अपराधी कहत कुछ गङ्गाजी की महिमा नहीं घटत ॥ ६६ ॥

दोहा ॥

भलो कहहिं जाने बिना, की अथवा अपवाद।
तुलसी गाँवर जानि जिय, करब न हरष बिषाद ६७
तन धन महिमा धर्मजेहि, जाकहँ सहअभिमान।
तुलसी जियत बिडम्बना, परिणामहु गतिजान ६८

जे जन अज्ञान हैं जिन्हैं यह समुझ नहीं कि कौन भला है कौन बुरा है ते जन बिना जाने जो अपना को भलो कहैं अर्थात् स्तुति करैं अथवा अपबाद करैं अर्थात् अनादर व निन्दा करैं तिनको गाँवरकहे गँवार बुद्धि विद्याहीन पशुवत् जानि आपने जीव में हरष बिषाद कुछ न करै अर्थात् जब भलाकहैं तामें हरष न करै काहेते जो हरष करिहौ तौ जब अपबाद करिहैं तब बिषाद होइगो ताते खलन की स्तुति निन्दा दोऊ व्यर्थ जानै ६७ जेहि जननको धर्म तन धन महिमै के निमित्त है अर्थात् जो कुछ धर्म कर्म करत सो देहसुख के हेत (पुनः) धन पायबे हेत (पुनः) महिमा बढ़िबेके हेत अरु जाकहँ अभिमान सहित है अर्थात् जो कुछ धर्म कर्म करत सो अभिमानसहित करत भाव देहाभिमानी जे पुरुष हैं तिनको गोसाईंजी कहत कि उनकी जीवतमें तौ विडम्बना कहे निन्दा होइगी अर्थात् उनके आचरण देखि लोक जन निन्दा करैंगे अरु परिणाम कहे अन्तकाल में भी ऐसीही गति जानौ अर्थात् बासना बश भवसागरको जायँगे ताते देहाभिमानिन को लोक परलोक कहौं सुख नहीं है ॥ ६८ ॥

दोहा ॥

बड़ो बिबुध दरबार ते, भूमि भूप दरबार।
जापक पूजक देखियत, सहत निरादर भार ६६
खग मृग मीत पुनीत किय, बनहु राम नयपाल।
कुनयबालि रावणघरहि, सुखदबन्धु किय काल १००

बिबुध जो हैं देवता तिनके दरबारतें जे भूमि परके भूप जो राजा हैं तिनको दरबार बड़ाहै काहेते जगतजन देवादिको स्वाभाविक कुबचन कहा करते तिनको निरादर दण्ड प्रसिद्ध कोऊ

नहीं देखत अरु लोकराजन के दरबारमें क्या देखियतहै कि जापक जे जापकरनेवाले अरु पूजक जे पूजा करनेवाले तेऊ राज़ दरबारन में निरादरको भार कहे अत्यन्त निरादर बचन व दण्ड सहत हैं (यथा) प्रह्लादादि हिरण्यकशिपुके अनेक २ अनादर भार सहे (तथा) वर्तमानकालमें अनेकन देखि लीजै ६६ नीतिमार्गी बनहूमें सुखी रहत अनीतिमार्गी घरही में नाश होत सो कहत कि नीतिमार्गी खग जटायु ताको नीति के पालनहार श्री रघुनाथजी पुनीत कीन्हें अर्थात् मुक्ति दीन्हें (पुनः) मृग बाँदर सुग्रीवादि तिनको मीत कहे सखा बनाय इत्यादि सुख बनमें बसि कै पाये अरु कुनय कहे कुनीतिके करनेवाले बालि अर्थात् भाईहू की स्त्री करि लीन्हें (पुनः) रावण कुनीति कीन्हें अर्थात् श्री जानकीजीको हरिलायो ते दोऊ घरही में रहे तिनको सुखद कहे सुख देनहार बन्धु बालिको सुग्रीव रावण को विभीषण तिनहीं काल किये अर्थात् मारि डारने की युक्ति बाँधि दीन्हें ॥ १०० ॥

दोहा ॥

राम लषण बिजयी भये, बनहु गरीब नेवाज।
मुखर बालि रावण गये, घरही सहित समाज १०१
द्वारे टाट न दै सकहिं, तुलसी जे नरनीच।
निदरहिंबलिहरिचन्दकहँ, कहुकाकरणदधीच १०२

नीतिमान् दीनस्वभाव के जन जो बनौ में रहैं तौ जयवान् रहत अरु अनीति करैया तीक्ष्णस्वभाववाले घरही में नाश होत कौन भांति सो कहत कि देखो दीन शबरी निषाद सुग्रीवादिकन के पालनहार ऐसे गरीबनेवाज लषणलाल सहित श्रीरघुनाथजी बनहू में रहे तहाँ रावणादि को जीतिकै लोकविजयी भये अरु

जे अनीति करनेवाले मुखर कहे साभिमान बचन प्रलापी ऐसे बालि अरु रावण घरही में रहे ते घरही में रहे दुष्टता को फल पाये कि सहित समाज गये अर्थात् नाश भये तहां बालिके संग दूसरा युद्ध करबै नहीं कीन्हे सो तौ समाज सुग्रीवकी ह्वै गई रावणकी समाज में जे युद्ध करे ते नाश भये ताते अनीति त्यागिबे योग्य है १०१ जे दुष्टजन हैं ते शुभआचरण तौ जानतही नहीं हैं अरु अशुभ तौ स्वाभाविकही करते हैं सो कहत कि जे नीच जन हैं ते आप तौ दान देने कें निमित्त द्वारे पर टट्टा नहीं दै सकत अर्थात् टट्टा बन्दकरी ऐसा सेवाइ टाटा देई ऐसा बचन नहीं बोलत सो गोसाईंजी कहत कि उनके आगे कर्ण दधीच कहौ का हैं अर्थात् कर्ण धनै दान कीन्हे दधीच देहै दान कीन्हे तिन दानिनकी कौन गिनती जे धन अरु देह दोऊ दान कीन्हे ऐसे बलि अरु हरिश्चन्द्र महादानी तिनको निदरते हैं अर्थात् दुष्ट उनको अहमक बनावते हैं ॥ १०२ ॥

दोहा ॥

तुलसीनिजकीरतिचहहिं, पर कीरति कहँ खोय।
तिनकेमुँहमसिलागिहै, मिटिहिनमरिहैंधोय १०३
नीचचङ्ग सम जानिबो, सुनि लखि तुलसी दास।
ढीलिदेतमहिगिरिपरत, खैंचत चढ़त अकास १०४

गोसाईंजी कहत कि जे जन परारी कीरति धोय कहे मिटाय कै निज कहे आपनी कीरति होना चाहते हैं अर्थात् कीर्तिमाननकी निन्दाकरत अरु आपनी बड़ाई चाहत कि हमारी सब प्रशंसा करैं तिनकी बड़ाई न होई तिनके मुख में मसि कहे स्याही लागिहै अर्थात् ऐसे कलंक लागैंगे धोवतकहे अनेकन उपाय

वाके मिटावनको करते करते जन्म बीति जाई एक दिन मरि जायँगे मरेउ पर न मिटी (यथा) बदरीनारायण में काहू स्वर्णकार को कलङ्क लगो न मालूम कबतक बना रहैगो इत्यादि अनेकन हैं १०३ नीचजन कैसे हैं (यथा) चङ्ग पतङ्ग की रीति है सो सुनिकै अरु देखिकै जानिलेउ कौन भांति की रीति है सो गोसाईंजी कहत कि जो पतङ्ग को ढीलिदेव अर्थात् डोरि छांड़त जाउ तौ उतरत उतरत भूमि में गिरिपरत अरु खैंचत चढ़त आकाश ज्यों ज्यों डोरि खैंचौ त्यों त्यों आकाश को चढ़त चली जात तैसे नीचन को सनेहरूप डोरि ढीलिकरौ तौ गिरि परते अर्थात् दुष्टता करत में धीरा परिजात दण्डादि को डरत हैं अरु जो सनेहरूप डोरि को खैंचौ अर्थात् सनेह ज्यादा करौ तौ ढिठाय कै आसमान को चढ़त अर्थात् सनेह ते अभय होत ताते अनेकन उपद्रव करत याते नीचपै सनेह दुःखद है ॥ १०४ ॥

दोहा ॥

सहवासी काचो भषहिं, पुर जन पाक प्रवीन।
कालक्षेपकेहिविधिकरहिं,तुलसीखगमृगमीन १०५
बड़े पाप बाढ़े किये, छोटे करत लजात।
तुलसी तापर सुख चहत,विधिपरबहुतरिसात १०६

सदैव सुलभ स्वभाववालेनको संसार में निर्बाह नहीं है काहे ते उनके सबै ग्राहक होत कौन भांति सो कहत कि देखौ खग कहे पक्षी मृगा अरु मीन कहें मछरी इत्यादि में जिनके सुलभ स्वभाव हैं तिनको सहवासी कहे संग के रहनेवाले ते कचै मारिकै खाइलेते पक्षिनमें बाजादि मृगनमें व्याघ्रादि मीननमें तौ सजातीयही बड़ी छोटी को खाइजाती हैं इत्यादि हाल तौ संग-

बासिनको है (पुनः) पुर के जन जे मनई हैं ते पक्षी मृगादि मारिकै प्रबीण जो चतुर ते पाक नाम रसोई में व्यञ्जनवत् बनाय कै खात सो गोसाईंजी कहत कि खग, मृग, मीनादि कालक्षेप कैसे करहिं आपनी ज़िन्दगानी के दिन कैसे निर्बाह करैं याते लोकमें सदा सुलभ स्वभाव नहीं भला है १०५ जे हरि बिमुख बिषयी जीव ऐसे जे जन हैं ते अत्यन्त बड़े पाप ताहूमें बाढ़े कहे वढ़िकै किये (यथा) परस्त्रीरत बड़ा पाप तामें बरबश कीन्हें पर धन छीनि लेना बड़ा पाप तामें मारिकै लेना जीवहिंसा बड़ा पाप तामें साधु ब्राह्मणादि मारना (पुनः) छोटे पाप करत लजात अथवा जाते पाप छोटे होत (यथा) सुकृति आदि ताको करत लजात नहीं करिसकत तिनको गोसाईंजी कहत कि ताहूपर आप को सुख चाहत जब सुख नहीं पावत तब बिधि जो ब्रह्मा तापर रिसात गारी देत कि हमको काहेको दुःख देत आपने कर्म नहीं बिचारते ॥ १०६ ॥

दोहा ॥

सुमतिनेवारहि परिहरहि, दल सुमनहु संग्राम।
संकुल गये तन बिनभये, साखी यादव काम १०७
कलह न जानब छोटिकरि, कठिन परम परिणाम।
लगतअनलअतिनीचघर, जरतधनिकधनधाम १०८

सुमतिकहे सबकी सुन्दरि एकमति परस्पर जनन में संधि ताको नेवारत नाम मिटाय कुमतिकरि सबको परिहरत आपने सहायकन को त्यागिदेत ऐसे जे जनहैं ते अवश्य संग्राम में पराजय पावैंगे ताको कहत कि अस्त्रधारी संग्रामकी को कहै कुमतिवाले जो दल कहे पत्ता सुमन कहे फूल अर्थात् पत्तनसों अरु फूलनसों संग्राम

करे तौ पराजय पावै ताको प्रमाण देखावत कि देखो यादवकुल अरु काम या बात को साखी है अर्थात् जलकेलि में कुमतिकरि त्रिधारापत्रन सों मार कीन्हेंते सकुलकहे सहित कुल गये यदुबंशी कुलसहित नाश भये (पुनः) कामकुमति करि अकारण शिवजी के फूलन को बाण मारे ताते अतनभयो देहरहित भयो याते सुमति राखा चाहिये १०७ कलह परस्पर विग्रह ताको छोटकरि न जानब काहे ते कलह को परिणाम जो है अन्त सो परम कठिन है अर्थात् कलह के पीछे बड़ी हानि जानब कौन भाँति सो कहत कि अनल जो है अग्नि सो नीचन के घरमें लागत ताके पीछे धनिक जो हैं धनवान् तिनके धन कहे अनेकन तरहको असबाब अरु सुन्दर धाम जो घर सो जरिजात (तथा) नीचजन कलह करिदेत तामें बड़े जूझि मरत याते कलह बरावना चाहिये ॥ १०८ ॥

दोहा ॥

जूझेते भल बूझिबो, भली जीति ते हारि।
जहांजाय जहँडायबो, भलो जुकरिय बिचारि १०९

जूझेते कहे बिना बिचारे युद्धकरि पाछे पछितावेते पहिले को बूझिबो भला है अर्थात् बिनाबिचारे काहूसों युद्ध न करिये युद्ध के पीछे की हानि बूझि बिचारि गम खाइजानो भला है (यथा) "बड़ि हितहानिजानिबिनजूझे"। देखो सरवन को बिना बिचारे बाण मारे पीछे हानि मानि श्रीदशरथजी पछिताने तथा हनुमान्जी के बाण मारि पीछे भरतजी पछिताने अरु अस्त्र उद्यत करि परशुराम अनेक बार प्रचारे ताहूपर युद्ध पीछे की हानि बिचारि किये हमारी समता के नहीं मानवश ज्ञात है ताते कुवचन कहते हैं जब हमको जानैंगे तबतौ अपराध क्षमा करायबे हेतु अनेकभांति

स्तुति करैंगे ताते एक तौ ब्राह्मण दूसरे अज्ञात तिनसों युद्ध करना अपराध है ताते इस जीतने ते हारि भलो है ऐसा बिचारि श्रीरघुनाथजी बीरशिरोमणि सोऊ नम्रता भाषे सोई कहत कि जीतिबे ते हारि भलो है (पुनः) जो कुछ नीच ऊँच काम करिये तामें हित अनहित बिचारिकै करिये तामें जो ऐसहू होय कि हितसम्बन्धी आदि के पास जहां जाइये तहां जहँडाइबो कहे हितकारण की फजिहत ख्वारी उठाइबो भलो है (यथा) बलि महाराज आपनो सत्य धर्मरूप हित बिचारि बावन को भूमिदान कीन्हे तामें शुक्राचार्यादि को जहड़िबो भलो मानि सहिलीन्हे बचन न त्यागे ॥ १०६ ॥

दोहा ॥

तुलसी तीनि प्रकार ते, हित अनहित पहिंचान।
परबश परे परोस बश, परे मामला जान ११०

संसार में हित अनहित स्वाभाविक नहीं प्रसिद्ध होते हैं काहे ते जे हित हैं तेतो झूठा व्यवहार भाषते नहीं याते उनकी बार्त्ता रूखी देखात अरु जे अनहित हैं ते झूठा व्यवहार प्रसिद्ध भाषते हैं याते उनकी बार्त्ता सरस मीठी देखात ताते हित अनहित कैसे जानो जाय सो कहत कि हित अनहित तीनि प्रकारते पहिंचाने जातहैं कौन कौन प्रकार एक तौ परबश परे लोक व्यवहार नौकरी आदि व काहू भांतिकी गर्जराखि व बँधुआई आदि में जो पराधीन होने को परो तामें जो संकट परो तब हित होत सो सहाय करत अरु अनहित अधिक संकट होनेका उपाय करत अथवा परनाम है शत्रुता की बश परे हित सहायक होत (पुनः) परोस के बसेते जो अन्न धनादि बिना समयपर मर्यादा में बाधा लागत तब

परोसको हित सहायक होत अथवा अग्नि, चौर, शत्रु आदि की वाधा में सहायक होत अरु जे अनहित हैं ते अधिक बिगारि देत (पुनः) तीसरे जब काहू भांति लोकव्यवहार को मामला परो तब हित अनहित जाना चाहिये अर्थात् देना लेनादि में कोऊ अनीति करी अथवा राजदरबार में काहू भांतिको न्याय परो व लोक मर्यादा आदि की लघुता पक्षन में आनिपरी तहां हितकार होत तौ ऐसी वार्त्ता करत जामें आपने हितकी बात लघुताको नहीं जाने पातीं अरु जे अनहितहैं ते मर्याद बिगारने का उपाय बांधतेहैं या भांति हित अनहितको पहिंचाने रहै ॥ ११० ॥

दोहा ॥

दुरजन वदन कमान सम, बचन बिमुञ्चत तीर।
सज्जन उर वेधत नहीं, क्षमा सनाह शरीर १११
कौरव पाण्डव जानिवो, क्रोध क्षमा को सीम।
पांचहि मारि न सौ सके, सबौ निपाते भीम ११२

दुर्जन जो शत्रु अथवा दुष्टजन तिनके वदन जो मुख सोई कमानसम हैं तेहि करिकै वचनरूप तीर विमुञ्चत नाम छांड़त हैं अर्थात् सदा कुवचनही बोलत सो बचनरूप बाण सज्जनन के उरमें वेधत नहीं अर्थात् दुष्टजन के वचन उरमें लागत न जो क्रोध व दैन्यता व मान मर्षतादि पीर उरमें होय काहेतो नहीं वेधत सो कहत कि क्षमारूप सनाह जोहै बख्तर सो सदा मनरूप शरीर में धारण किहें रहत ताते वचन बाण की चोट वृथा जात अर्थात् मनमें क्षमा राखत ताते दुष्टवचन व्यर्थ मानि सुनत ही नहीं मात्र दुष्टन को स्वाभाविक स्वभाव है याते इनके बचन सुनना न चाहिये यही ते सज्जन सदा प्रसन्न रहते हैं १११ क्रोध

अरु क्षमा के सींवनाम मर्यादा सो कौरव अरु पाण्डव को जानिबो चाहिये अर्थात् क्रोध के सींव कौरव हैं जो क्रोधबश अनेक भांतिकी दुष्टता दुर्योधन ने करी (यथा) लाक्षाभवन को फूंकिदेना द्रौपदी को चीर खैंचना राज्य लेलेना घरते निकारि देना इत्यादि (पुनः) क्षमा के सींव पाण्डव हैं कि कौरवकी करी अनेक दुष्टता तिनको युधिष्ठिर ने सब क्षमाकरी ताको फल देखावत कि देखो सौ भाई कौरव रहे अरु पांच भाई पाण्डव रहे तिन पांच पाण्डवनको भी सौ कौरव मिलिके मारि न सके अरु पाण्डव अकेले भीम सबै कौरवन को निपाते नाम मारिडारे याते क्षमावन्त सदा जयवान् रहत दुष्ट नाश होत ताते क्षमा करना उचित है ॥ ११२ ॥

दोहा ॥

जो मधु दीन्हे ते मरै, माहुर देउ न ताउ।
जगजिति हारे परशुधर, हारि जिते रघुराउ ११३
क्रोध न रसना खोलिये, बरु खोलब तरवारि।
सुनतमधुरपरिनाम हित, बोलबबचनबिचारि ११४

मधु कहे शहद अर्थात् जो मिठाई दीन्हेते मरै ताउ कहे ताहि माहुर न देउ तहां मधु माखन मिलेते ये भी माहुर है सो मीठा स्वादिष्ठ इसीके दीन्हे जो मरै तौ हलाहल, संखिया, सींगिया, बत्सनाभ, हरदिहा, मुर्झी इत्यादि तीक्ष्ण करू काहेको देइ भाव क्षमारूप मधु है मधुर बचन माखन है दुष्टजन शत्रु हैं तिनके मारनेको यही मीठा जहर दीजै अर्थात् उनकी दुष्टता को क्षमा करि आपु मधुर बचन कहिये तौ दुर्जन आपनेही कर्मते जायँगे याते क्रोधरूप बचन करू जहर काहेको दीजै ताको प्रमाण

देखावत कि देखो सब जगके जीतनहारे परशुराम तेऊ कठोर वचन कहिके जनकपुर में हारिगये काहे ते जो कोमल वचन कहिकै वाग्विलास करि प्रभुको प्रभाव जानिलेते तब स्तुति करते तौ हानि न होती जब अस्त्र उठाय कुवचन कहि (पुनः) अस्त्र दै विनय कीन्हेते पराजय सूचित भई अरु रघुराउ जो श्री रघुनाथजी ते परशुराम ते हारिकै जीते सक्रोध वचन त्यागि मधुर वचननते आपनी हारि भाषत रहे तेई अन्त में जीते अर्थात् एकही वाणते भृगुपतिकी गति रुद्ध करे याते कुवचन न भाषिये ११३ रसना जो जिह्वा ता करिकै क्रोध न खोलिये अर्थात् क्रोध के वचन शत्रु को भी न कहिये काहेते क्रोध तौ स्थायी है रौद्ररस को अरु रौद्र रसनीति को रूप है नीति के चारि अङ्गहैं (यथा) साम, दाम, दण्ड, विभेद जबतक इनकी वासना उरमें बनी है तबतक रौद्ररस है तबतक याकी स्थायी क्रोध है तौ जो क्रोध प्रकट करि कुवचन कहे पीछे संधि भई तब आपने कुवचनन को पछितावं करि मनमें हारि मानना यह भी एक पराजय है याते जबतक रौद्ररस तबतक क्रोध स्थायी रहैगी सो अन्तर में गुप्तराखै वचन में प्रकट न करै सो कहत कि क्रोध रसनाते न खोलिये वरु खोलब तरवारि जब रौद्ररस जाति रहै वीररस आइ जाय ताकी स्थायी उत्साह जब आवै ता समय तरवारि खोलै सो वीरको उत्तम धर्म है ताते क्रोध न प्रकट करिये वचन मधुर भाषिये वरु कुसमय पाय शत्रुको वध कीजै सो यशदायक है अरु क्रोध वचन अयशदायक है ताते जो उरमें विचारिकै मधुर वचन बोलब तौ सुनिबे में मधुर अरु परिणाम कहे अन्त में हित है अर्थात् कोऊ ईर्षा नाहीं करत शीलवान् कहि सब प्रशंसा करत ॥ ११४ ॥

दोहा॥

तुलसी मीठो समयते, मांगी मिलै जो मीच।
सुधा सुधाकर समय बिन, कालकूट ते नीच ११५

गोसाईंजी कहत कि स्वइच्छित जो मीचु नाम मौत मांगेते मिलै तौ समयते काल होना भी मीठो है (यथा) पति परित्याग दुःख में सतीजी ने मृत्यु मांगी (यथा) " छूटै बेगि देह यह मोरी "। अथवा जो अत्यन्त वृद्ध व अतिरोग पीड़ित व इष्ट हानिको शोक व प्रतिष्ठित को अपयश लाभ इत्यादि सब हर्षते मृत्यु मांगत जो पावै तौ समय ते मीठी है (पुनः) सुधा जो है अमृत सुधाकर जो चन्द्रमा ये यद्यपि सदा सबको सुखद हैं परन्तु बिना समय अमृत चन्द्रमा कालकूट जहरते अधिक नीच है (यथा) ज्वर व अजीर्ण में सुधा स्वादभोजन बिरहवन्त को चन्द्रमा जहरने अधिक लागत है॥ ११५॥

दोहा॥

पाही खेती लगन बड़ि, ऋण कुब्याज मगखेतु।
बैर आपुते बड़ेन ते, कियो पांच दुख हेतु ११६
रीझ खीझ गुरुदेव शिव, सखहि सुसाहेब साध।
तोरिखाय फलहोय भल, तरु काटे अपराध ११७

पाहीखेती आदि पांच बातैं जाने कियो सोई आपने दुःखको हेतु नाम कारण बनायो (यथा) पाही में खेती पांसि हर बीजादि लैजाने में दुःख उहांते अन्नादि लावने में दुःख इत्यादि अनेक हैं (पुनः) लगनबाड़ि बहुतन में मन लगावना सो लगन प्रीतिको एक अङ्ग है (यथा) " प्रणयप्रेम आसक्ति पुनि, लगन

लाग अनुराग। नेहसहित सब प्रीतिके, जानब अङ्ग विभाग॥ प्रतिछिन सुमिरण मित्रको, बिन कीन्हे जब होय। टरै न टारे सहजचित, लगनजु कहिये सोय"॥ अरु याकी उत्कण्ठादृष्टि है सो जो बहुतन में मन लाग तौ वाको सुख कहांहै (पुनः) ऋण है तामें कुव्याज बेकरीने को कबहूं तौ काहेको उऋण होइगो जो लाभ सो व्याजही में जाई तब सुख कहां है (पुनः) मग कहे राह में खेत पशु जुदा चरिलेत छीमी आदि भई तौ राहगीर तूरि खात (पुनः) आपुते जो बड़ा है अर्थात् सबल ते बैर कीन्हे उहु रगरिडारैगो इत्यादि पांचहूं दुःख को बीज बोये ११६ शिष्यन को गुरु सखा को सखा सु कहे धर्म नीतिमान् साहेब अरु साधु सब जगको सिखावन देत तहां जो सुमार्गी हैं ताको रीझिकै सिखावन देत जो कुमार्गी हैं ताको खीझिकै सिखावत कि बृक्षन में जो फल लागे हैं तिनको तोरिकै खाइये तामें भला होत अर्थात् फल पाये आपनो भला बृक्ष बना रही फिरि फल लागैंगे अरु जो बृक्ष काटि डारिये तौ अपराध है (पुनः) फल न मिलैंगे इसी भांति राजादि प्रजनते स्वाभाविक उपहारादि लेइ उनको बिगारै ना ऐसी रीति सबको चाहिये॥ ११७॥

दोहा॥

चढ़ो बघूरहि चङ्गजिमि, ज्ञानतें शोक समाज।
करम धरम सुख संपदा, तिमि जानिबो कुराज ११८
पेट न फूटत बिन कहे, कहे न लागत ढेर।
बोलब बचन बिचारयुत, समुझि सुफेर कुफेर ११९

बघूर जो बौंड़र जो वायुकी गांठि बांधिकै घूमत चलत है तामें

परेते जिमि जाभांति चङ्ग जो पतङ्ग परिकै चढ़ी सो फिरि हाथ नहीं आवत बिशेष टूटि फाटि जाई अरु ज्ञान उदय भयेते शोक जो दुःख ताकी समाज राग द्वेषादि जाभांति मिटि जात तिमि कहे ताहीभांति कुराज कहे अनीति करनेवाले राजनकी राज्य में पूजा यज्ञादि सुकरम, सत्य, शौच, तप, दानादि धरम अरु सुख (यथा) आरोग्य देह पुत्र पौत्र स्त्री आदि अनुकूल होना (पुनः) संपदा, अन्न, धन, बसन, बाहनादि सो कुराज में कुछ नहीं होत यह निश्चय जानब ११८ किसीको पाप निन्दा कुबचनादि बिना कहे कुछ पेट नहीं फूटत अरु कुबचनादि कहेते कुछ द्रव्यादि को ढेर नहीं लागि जात अर्थात् बिना कहे कुछ हानि नहीं कहेते कुछ लाभ नहीं तौ सुफेर कुफेर उरमें समुझिकै बिचारयुत बचन बोलब अर्थात् जो बात उरमें आवै ताको समुझि लेइ कि यह बात कहेते पीछे भलाई होइगी सो बात कहै (यथा) आपनी भलाई हेतु भरतजी बशिष्ठादिकन को निरादर बचन कहे अरु जामें समुझै कि पीछे बुराई है सो बचन न भाषै (यथा) कैकेयी जबलग जियतरही तबलग बात मातु सो मुहँ भरि भरत न भूलि कही ॥ ११९ ॥

दोहा ॥

प्रीति सगाई सकल बिधि, बनिज उपाय अनेक।
कलबलछलकलिमलमलिन, डहकतएकहिएक १२०
दम्भ सहित कलि धर्म सब, छल समेत व्यवहार।
स्वारथ सहित सनेहसब, रुचि अनुहरत अचार १२१

स्वामी, सेवक, सखा, राजा, प्रजा, माता, पिता, पुत्र, श्वशुर, जामातृ, पुत्रबधू, स्त्री पुरुषादि यावत सकल प्रकार प्रीतिकी

सगाई सम्बन्धहैं अरु वनिज व्यापारकी जो अनेक उपाय हैं ते एकहू धर्म शुद्ध नहीं हैं क्योंकि छलका जो वल सो कल नाम सुन्दर मीठा अर्थात् उर में शत्रुता मुखसों हितकार प्रयोजन हेतु अनेक मीठी २ बार्त्ता करि कार्य साधि लये पीछे वात नहीं करत काहेते कलि जो कलियुग ताको मल जो है पाप तेहि करिकै सबके मन हैं मलिन ताते एकको एक डहकत अर्थात् जो जापर सबल सो ताको घुरकि रहा सुमति काहूमें नहीं विग्रह सबमें ताते सब राजालोग क्षीण भये देशांतरियोंने राज लै लीन्ही १२० सत्य, शौच, तप, दानादि व वर्णाश्रम के धर्म व स्त्री, पुत्र, सेवक, प्रजादिके यावत् धर्म हैं सब कलियुगमें दम्भ पाखण्ड सहितहैं अर्थात् देखाउ में धर्म भीतर अधर्म है (पुनः) क्रय विक्रय व देना लेना व परस्पर मानदारी इत्यादि यावत् लोकव्यवहार हैं सब छल कपटसहित अर्थात् मुखते उज्ज्वलता मनमें मलिनता (पुनः) स्त्री पुरुष सेवक सखादि यावत् सनेह हैं ते सब स्वारथ सहित हैं जबलग स्वारथ तबलग सनेह बिना स्वारथ कोऊ सनेह नहीं करत (पुनः) जाकी जैसी इच्छा रुचि होत तैसेही आचार कहे आचरण अनुहरत नाम करत अर्थात् जैसी इच्छा होत तैसेही करतब करत तहां धर्म बेद की आज्ञा है व्यवहार लोकरीति है सनेह सुमति है ये तीनिहूं जब शुद्ध नहीं तौ जैसी इच्छा भई तैसेही कर्म करनेलगे ॥ १२१ ॥

दोहा ॥

धातुबधी निरुपाधि वर, सद्गुरु लाभ सभीत ।
दम्भदरश कलिकाल महँ, पोथिन सुनिय सुनीत १२२

जीव मूल धातु तीनिही हैं अरु उपाधि कहे दैवी उपद्रव सो

क्षुधा पिपासा रोगादि उपाधि जीवों में है अरु मूलों में है अरु धातु में उपाधि नहीं है जो मैल मुर्चादि लागत सो मांजे व औटेते छूटि जात सो कहत कि कलियुग में सर्बथा उपाधि है एक धातुमात्र में निरुपाधि बँधी है (पुनः) बरनाम श्रेष्ठ कोऊ नहीं है एक सद्गुरु के नाम में श्रेष्ठता है (पुनः) मित्रता काहूमें नहीं एकलाभ जहां है ताही में मित्रता रही अरु दर्शन काहूके नहीं काहेते देवादि तौ अन्तर्धानही हैं जे महात्मा ते छिपे रहत अरु प्रतिमादि है तामें किसीको श्रद्धा बिश्वास नहीं ताते जहां शुद्ध प्रतिष्ठित स्वरूप तहां कोऊ कुछ नहीं देत अरु जहां मृत्तिका आदि कुछ कृत्रिम मूर्ति बनायके बन्द राखै तहां सब पैसा दैकें दर्शन करत (पुनः) शुद्ध महात्मन को कोऊ नहीं मानत जे पुजायबे हेत बेष बनाय अनेक वार्त्ता करत तिनके सब दर्शन करत ताते कलिकाल में दम्भमात्र दर्शन है अरु नीति और काहू में नहीं केवल पोथिन में सुनीति सुनि परत जहां एक जगह बर्जित करि दूसरी जगह वर्णन करै तहां परिसंख्यालंकार होत (यथा चन्द्रावलोके) परिसंख्यानिषिध्यैकमेकस्मिन्यत्तु यन्त्रणम्। स्नेहक्षयः प्रदीपेषु न स्यात्तेषु नतभ्रुवाम्॥ १२२॥

दोहा॥

फोरहि मूरुख शिलसदन, लागे अढुक पहार।
कायर कूर कपूत कलि, घरघर सरिसउहार १२३

कैसे उपद्रवीलोग हैं कि सदन जो मन्दिर तामें जो पत्थर लगे हैं सो अपने प्रयोजन हेत मूर्ख मन्दिरनके शिला फोरि लेते हैं अरु अढुकि कहे फूटे ढनगे पहारन ते शिलन के ढेर लगे हैं तहां ते नहीं लावत जहां काहूको नुक्सान नहीं है अर्थात् परारी हानि

करिबे में खुशी है काहेते कायर जो है कुटिल कूर कहे कठोरचित्त व कपटी कपूत कहे कुलधर्म के द्रोही इत्यादि जन घर घरप्रति उहार सरिस हैं अर्थात् घर में जो कुछ भलाई भी है ताको आपनी कुटिलता ते झापे हैं ॥ १२३ ॥

दोहा ॥

जो जगदीश तो अति भलो, जो महीश तो भाग।
जन्म जन्म तुलसी चहत, रामचरण अनुराग १२४

एक समय ब्रजबासियों ने तरक करी कि श्रीकृष्णचन्द्र षोड़श कला के अवतार हैं तिनकी उपासना करौ श्रीरघुनाथजी तौ बारह कला के अवतार हैं यद्यपि या बात को उत्तर गोसाईंजी बेद पुराणन ते सर्वोपरि श्रीरघुनाथजी को कहि सक्के रहें सो बात वे प्रयोजन समुझि यही उत्तर दीन्हे कि श्रीकोसलकिशोर चित्त-चोर के अनूपरूप की माधुरी पर हमारो मन आसक्त ह्वै गयो है ताते जन्म जन्म श्रीरघुनाथजी के चरणकमलन में हम आपने मन को अनुराग होना चाहते हैं सो महीश कहे भूमिही के मण्डलेश्वर राजाधिराज जानि आपनी अहोभाग्य मानि राज-कुमार को यश कीरति प्रताप गान करते हैं अब आपलोगन के कहे सों जाना कि जगदीश है तौ अत्यन्त भलो है अब आपनी भाग्य की हम कहांतक प्रशंसा करैं यह कही तामें आपनी अन-न्यता सूचित करे अरु श्रीरामचरणन में अनुराग जन्म जन्म तुलसी चाहत यामें वाल्मीकि को अवतार आपुका सूचित करे सो गीतावली में भी कहे है (यथा) जन्म जन्म जानकीनाथ के गुणगण तुलसिदास गाये । सो वाल्मीकिहूजी राजकुमारै करि सुयश गान करे तथा गोसाईंजी भी रघुवंशनाथ कहि नामरूप

लीला धामादि बर्णन करे (नाम यथा) "बन्दौं राम नाम रघुबर को" (रूप यथा) "रघुकुलतिलक सुचारिउ भाई" (लीला यथा) "स्वान्तस्सुखाय तुलसी रघुनाथगाथाभाषानिबन्धमतिमञ्जुलमातनोति" (धाम यथा) "सुर ब्रह्मादि सिहाहिं सब, रघुबरपुरी निहारि" ॥ १२४ ॥

दोहा ॥

का भाषा का संस्कृत, बिभव चाहिये सांच।
काम जो आवै कामरी, का लै करिय कमाच १२५

कोऊ कहै कि गोसाईंजी भाषाकाव्य का कीन्हे संस्कृत क्यों न कीन्हे? सो कहत कि का भाषा आइ का संस्कृत आइ वामें बिभव साँचा चाहिये वामें चरित्र उत्तम बिचित्र चाहिये जो संस्कृतै काव्य है वामें बस्तु भली नहीं तौ कोऊ आदर नहीं करत अरु जो भाषै है अरु वामें बस्तु अच्छी बर्णन ताको सब आदर करत (यथा) कञ्चनको पात्र है तामें नष्ट जल अथवा बिना स्वाद का कुछ पदार्थ भरा है ताको कोऊ ग्राहक नहीं अरु जो मट्टीको पात्र है तामें गङ्गाजल अथवा घृत, दुग्ध, दधि, मिठाई आदि है ताको सब चाहत कौन भांति सो कहत कि जो कामरी काम आवै तौ कमाच जो है रेशमीजामा ताको लैकै का करिये अर्थात् हेमन्तऋतु में जलबृष्टि होत तामें कामरी ओढ़ि मारग में चले जाइये तौ सुखपूर्बक पहुँचिजाइये अरु जो रेशमी जामा पहिरि चलिये तौ जाड़ा पानी ते रक्षा न होइगी गलिही में मरिगये तौ जामा क्या काम आयो इहां कलियुग हिमऋतु है विषय प्रबल वर्षा में भाषा रामचरित कामरी अर्थात् सबको बाँचिबे को सुलभ प्रेमबर्द्धक स्वाभाविक हरिधाम को प्राप्त होत

अरु संस्कृत सबको सुलभ नहीं तौ कैसे विषयी मूर्खन को भला करिसकै ताते प्रयोजन भगवत् सनेह ते सो भाषाहीते होत तौ संस्कृत का करिये कमास शब्द अरबी है अपभ्रंश ह्वैकै कमाच भयो ॥ १२५ ॥

दोहा ॥

वरन विशद मुक्ता सरिस, अर्थसूत्र सम तूल।
सतसैया जग बर विशद, गुणशोभासुखमूल १२६
वर माला वाला सुमति, उर धारै युत नेह।
सुखशोभा सरसाय नित, लहै रामपति गेह १२७

अब काव्यरूप माला वर्णन करत सो कहत कि वरण जो है अक्षर विशद कहे उज्ज्वल अर्थात् उत्तम शब्द सोई सुन्दर मुक्ता सरिस कहे मोतीसम है ताको गूहने को सूत्र चाहिये सो कहत कि यामें जो अर्थ है सोई तूल नाम रुई ताके सूत्रसम है कवि-बुद्धि करि गुही जो यह सतसैया है सो जग विषे वर नाम श्रेष्ठ है काहे ते विशद नाम उज्ज्वल जो गुण है (यथा) शील संतोष क्षमा दयादि (पुनः) शोभा अरु सुखकी मूल है अथवा सुखरूप शोभादि विशद गुणन की मूल है १२६ यह जो सत-सैयारूप वर नाम श्रेष्ठमाला है ताको सुमतिरूप वालानाम स्त्री उर में धारण करै कौन प्रकार युतनेह प्रीतिपूर्वक अर्थात् जो सुमति-मान् आपनी बुद्धिरूप स्त्री के उरमें सतसैयारूप माला को प्रीति सहित धारण करै तौ परम सुखरूप शोभा नित्यही सरसात अरु राम श्रीरघुनाथ जो हैं पति तिनके गृह को प्राप्त होइ अर्थात् जो प्रीतिपूर्वक बुद्धि विचार सहित सतसैया सदा पढ़ै तौ सदा आनन्द रहै श्रीरामभक्ति उत्पन्न होइ तेहि करि श्रीरामधाम को वास

पावै यामें शब्द बरण मुक्ता अर्थ सूत्र सतसैयारूप माला बुद्धि स्त्री मुख शोभा पति श्रीरघुनाथजी की अनुकूलता ॥ १२७ ॥

दोहा ॥

भूप कहहिं लघुगुणिन कहँ, गुणी कहहिं लघुभूप।
महिगिरितेदउलखतजिमि,तुलसीखरबसरूप १२८

भूप जे राजा ते गुणिनको लघु कहते हैं अर्थात् आसरा राखि अनेकन गुणवान् राजा के द्वारपै आवते हैं अरु गुणीजन जे हैं ते भूपनको लघु कहते हैं अर्थात् कुछ कला की रचना हेत अथवा कुछ गुण सिखने हेत अथवा यश कीरति प्रताप बढ़ावने हेत अथवा कर्मसिद्धि हेत राजालोग अनेक कर्तव्यता करि गुणिन को बोलावत सन्मान करत (यथा) शृङ्गीऋषिको श्रीदशरथजी बुलाये तब श्रीरघुनाथजी पुत्र है प्राप्त भये परीक्षित शुकदेवजीको बुलाये तब भवसागर ते बचे इत्यादि अनेकन होत आवत तातें गुणी अरु भूप दोऊ परस्पर लघुकरि देखात कौन भांति (यथा) महि जो भूमि गिरि जो पर्बत ते दोऊ परगत नाम प्राप्त तिनको गोसाईंजी कहत कि ते दोऊ परस्पर खरबनाम छोटासा रूप देखते हैं अर्थात् जे भूमि में हैं ते पर्बत पर के जनन को छोटे देखते अरु जे पर्बत पर हैं ते भूमि के जनन को छोटे देखत तहां राजालोग भूमि के जन हैं काहेते राज्य की प्राप्ति भाग्यबश राजकुमार भये ते स्वाभाविक राज्य मिलती है अरु गुणीजन पर्बत परके हैं काहेते (यथा) चढ़िबे में पर्बत् के परिश्रम (यथा) गुणकी प्राप्ति बिना परिश्रम नहीं होत तहां पर्बत के जन जब भूमिपै देखत तब नीची दृष्टि होत (तथा) गुणी जब आशा राखि राम-जन को यांचे तबै मानभङ्ग होत ताते गुणवान् जो लोभबश न

होइ तौ वाको सब बड़ाकरि मानै याते लोभ गुण में दूषण है अरु भूमिके जन जब पर्वत के जननको देखत तब उनकी दृष्टि ऊंची होत (तथा) राजालोग जब गुणिन पर दृष्टि करत तब दान मानसहित करत याते उनको मानभङ्ग नहीं होत इतनीही विशेषता है ॥ १२८ ॥

दोहा ॥

दोहा चारु विचारु चलु, परिहरि वाद बिवाद।
सुकृत सीम स्वारथ अवधि, परमारथ मर्याद १२

इति श्रीमद्गोस्वामितुलसीदासविरचितायां सप्तशतिकायां राजनीतिप्रस्ताववर्णनन्नाम सप्तमस्सर्गस्समाप्तः ॥ ७ ॥

यह जो सतसैया ग्रन्थ है तामें चारु नाम सुन्दर जो सातसै चालिस दोहाहैं तिनको अर्थ विचारि ताहीरीति पर चल अर्थात् मन वचन कर्म करि इसी रीति पर आरूढ़ हो कैसी है यह सतसैया जो सुकृतकी सींव नाम मर्यादा है जो याकी आज्ञानुकूल चलौगे तौ परिपूर्ण सुकृति के भाजन होउगे (पुनः) स्वारथ जो है लोक-सुख ताकी अवधिहै सम्पूर्ण सुख प्राप्त होइगो (पुनः) परमारथ जो परलोक ताकी मर्याद है अर्थात् याकी रीति पर चलेते मुक्ति भक्ति के अधिकारी होउगे यह दोहा इस ग्रन्थ को माहात्म्य भी है अरु समान लोक शिक्षात्मक है ताते कहत कि वाद जो निज जयहेत मानसहित प्रश्नोत्तर करना अरु विवाद कहे क्रोधवश विचारहीन वार्ता को करना सो परिहरि अर्थात राग द्वेष मानापमान त्यागि या ग्रन्थकी आज्ञानुकूल चलौ तहां लोकजीव अज्ञान होन प्रथमही समुझदारी कैसे आवै तिनके हेत ग्रन्त के सर्ग में नीति वर्णन करे सो प्रथम नीतिमार्ग पर चले तो वाद विवादादि

रागद्वेष स्वाभाविक छूटि जाय (पुनः) छठयें सर्ग में ज्ञानबर्णन सो समुझै तौ जीव में ज्ञान उपजै तौ बिषय आशा नाश भई तब कर्मसिद्धान्तकी रीति पर चलै बासनाहीन सुकृत कीन्हेते पाप नाश भयो (पुनः) आत्मतत्त्व की रीतिते आत्मज्ञान होइ अज्ञान नाश होइ (पुनः कूटबर्णन) जो सर्ग ताकी रीतिते कूटस्थ जो भगवत् रूप ताको ढूंढै जब हरिरूप जानि पावै तब प्रेमापरा भक्ति की रीति ते श्रीरघुनाथजी को प्राप्त होय इति सात सर्गन को हेतुहै॥ १२६॥

पद॥ नीतिनिधान सुजानशिरोमणि राम समान आन नहिं पाये॥ बेद पुराण बिदित पावन यश ज्यहि अनीतिपथ भूलि न भाये १ स्वानदादि द्विजराज यती करि गज चढ़ाय मठनाथ बनाये॥ गृद्ध उलूक न्यायकरि तुरताहि शूद्र मारि द्विजसुवन जियाये २ बंधुत्रास बन जरत बिषमज्वर अभयनिवास शरण तकि आये॥ कपिकुलतिलक सुकण्ठराजकै स्वभुज छांह करि सुबस बसाये ३ अनय गर्व लखि हत्यो एक शर मरत शुद्धमन शरण सिधाये॥ बालिराज इत प्राकृत बदिदय दिव्यबिभव निज सदन पठाये ४ दिय निकारि दशशीश बिभीषण ध्याय चरण ज्यहि शीश नवाये॥ बैजनाथ सोइ कृपानाथ की तुरत सराज अभय पद पाये॥ ५॥

छं०। पूर्ब लखनऊ बारावंकी नवाबगंज जिला दश कोस। ग्राम मानपुर बैजनाथ बसि उत्तरडेहवा ग्रामपरोस॥ ऊनविंशशत अधिक बयालिस मार्गशीर्ष पूनव शशि बार। गुरुकी कृपा राम सतसैया भावप्रकाशिक भयो तयार॥

इति श्रीबैजनाथविरचितायां सप्तशतिकाभावप्रकाशिकायां राजनीतिप्रस्तावबर्णनन्नाम सप्तमप्रभा समाप्ता॥ ७॥

अथ श्रीरघुनाथजीका नखशिखवर्णन ॥

कवित्त ॥ चारि फल जगके सफलके करनहार, जनम सफलके अफल अघ बनके । हरमन अमलमें अमलकमलदल, दलन समल तम तोम सतजनके ॥ साखिरहे बेदगाथ भाखिरहे बैजनाथ, आँखिरहे हेरि साथ आखिर के पनके । जानिकै शमन डर आनकी न मनआश, जानकी अमन पद जानकीरमनके १ लहलहे ललित ललाम लपलप होत, पोत भवसागर के तारक सबल है । अंकुश कुलिश ध्वज कमल यवादि चिह्न, रङ्ग रङ्ग ऋक्षकैधौं ज्योति रविथल है ॥ चीकने चमक चटकीले चोखे बैजनाथ, बटके गुलाबनके आबदारदल है । अमल कमल है कि मञ्जु मखमल है कि, माखन से कोमल कि रामपगतल है २ चरणारबिन्द दश दलनपै कुरबिन्द, इन्दुकी अमन्दवास इन्दीबर धाम की । बिद्रुम प्रभासी प्रेमफाँसी हरिदासन की, खासी पञ्चबाणन की गांसी है द्वि काम की ॥ बैजनाथ बक्ष स्वच्छ सूक्ष्म सुलक्षणी है, रक्षक सभीत जीव थल बिसराम की । पांगुरी करत बुद्धि बांगुरीसी मन मृग, लांगुरी सुरति नख आंगुरी सराम की ३ नख मुनिजासी तल बाणी यमुनासी आगु, महिमा कि रासी थलतीरथ के नाथ की । भक्ति मुक्ति खानिदास पूरण सुक्षेत्र आस, सुखद बिलास कै दिगीशन के माथ की ॥ शोकसरितारि भूरि आनँद सुपूरिभूरि, धूरि जाकी जीवन की मूरि बैजनाथ की । दृष्टि की निवास ब्रह्मसृष्टि की अरम्भभूमि, वृष्टि मन कामपद पृष्टि रघुनाथ की ४ लहलही ज्योति कर पावक अधूम ताय, कुन्दन कटोरी धरी तापै दीप्तिजाल की । कोहर को हरतरु दलन दलनहार, हारत फटिक पात्रबीच रङ्गलाल की ॥ सुरँगरँगीन समनारँगीन बैजनाथ, रतिनाथ माथ

परी लालिमा गुलाल की। अघओघढाल किधौं संपुट प्रबाल किधौं, शोभित बिशाल लाल एँड़ी रामलाल की ५ गोल गोल गुम्मज गिरिन्द नीलमणि चारु, सिद्धिगुटिका है गोप्यगमन स्वछन्द के। दारिद दुसह दोष दुरितदलन यन्त्र, दरशद्विरूपदीप्त आनँद सुकन्द के॥ बैजनाथ कामकर कन्दुक प्रकाशकार, लहलहे आबये गुलाब द्युति मन्द के। उलफति पोटरी कि कोठरी सुचिह्नलाल, कुलुफ सुलुफकी गुलफ रामचन्द के ६ खम्भहै सुधर्म के कि रम्भ है अनन्दधाम, कामखम्भ भूलन लजाने मानिहीश के। ओढ़े ऐसे अम्बर अधार अवनीके दोय, असम अराम धाम दीपक दिगीश के॥ बैजनाथ प्रबल बलिष्ठ बृक्ष बिक्रम के, सफल सुछांह दानि द्विजन अनीश के। जनशोक भङ्ग रङ्ग लावत सुढङ्ग भाव, लावमन सङ्ग युग जङ्घ जानकीश के ७ ढारीसी सुदरचारु चीक्नी चमकदार, खण्डमरकतकला दोय की दिनेश की। केतकी कली की भलि समिता न बैजनाथ, भाथ रतिनाथ साजि जैत सब देश की॥ कामखेल दोरी धूरी चक्र है नितम्ब पीठि, पूरीभावदायरति बेलनसुबेश की। सिद्धिदा शुरुहै बलबिक्रम द्विरूपगोल, गौरता गुरू है कै उरू है कौसलेश की ८ कटि बेद अक्षर के रक्षिबे प्रत्यक्ष चक्र, चक्री काम चक्र है कि रूप है दुचन्द के। कक्ष पक्षमाके छोर छाजत छबीलीछटा, घटापट ओट भानु भासत अमन्द के॥ जगत अधारखम्भ पृष्टपुष्ट बैजनाथ, जगमग ज्योति जाल आनँद सुकन्द के। मोदकारि अम्बमोहतम के हरनहार, करन सितम की नितम्ब रामचन्द के ९ सज्जन कुशीलता सुशीलता कुसज्जन में, कञ्जन कठोर बैजनाथ धूरि पाथ की। सूमनको दान जैसे मुगुधतियानमान, विषयी के ज्ञान बस्तु बाजीगरहाथ की॥ कञ्जनाल पङ्क

ही सशाङ्कभृङ्गी औ निवास, समिता कलङ्कमानि भाग्यो मृगनाथ की। चारि कैसोअङ्क शङ्क है कि बीरता के चित्त, वित्त है सुरङ्ग कीधौं लङ्क रघुनाथ की १० नीलम शिखर घेरि बैठी किधौं हंस पांति भांति अवलीसीके नक्षत्रनकी भीर की। कञ्जकीसी पांतिनते उन्नत कि कामधाम, झालरिरचित चित हरत सुधीर की॥ रागिनी ललित किधौं कञ्चन सो बैजनाथ, जगमगजागिरही ज्योतिजाल हीर की। पच्छूतर प्राचीयामलोकतीनि यांची विधि, समिता न सांची मिल कांची रघुवीर की ११ रुचिर तमालतेह बैठोकरि कामभृङ्ग, दासमनमीनन विलास शोभासर की। आनँदअगारको झरोखा बैठि झांके मैन, भौंरसी परत सरिसुता दिनकर की॥ बैजनाथदासनके नैनचैन दैनहार, हारी देखि गति सुर मुनि नागनर की। अतलतलाभी ढूंढ़ि स्वर्गउपमाभी बुद्धि, रहत न थांभी देखि नाभी रघुवर की १२ कटिपतली है ताहि बन्धनबली है की, तरङ्गपटली है अमलीहै शोभसर की। कामकी गली हैं वीचि यमुनाजली है कीधौं, लहरिढलीहै श्यामली है जलधर की॥ सुखद थली है गति जनकलली है बैजनाथ रचली है तचली है काहनर की। सुबुधि छलीहै दृष्टिदेखि अचलीहै जाकी, सुषमा भली है त्रिवली है रघुवर की १३ सरितासिंगारकी सेवाररूपधार किधौं, ताने रसराजतार काममहराज की। नाभरूप बामते कढ़ी है श्यामनागिनीसी, रागिनी ललीकी अनुरागिनी समाज की॥ वीनतारलाजी रस वेलिमैन साजी किधौं, यन्त्रसी विराजी जग मोहनके काजकी। बैजनाथ ताजी गिरिधारि यमुनाजी देखि, रोम रोम राजी रोमराजी रघुराज की १४ चीकनी चमक चटकावनी अनङ्गरङ्ग, खेलि चौगान मान भानि सुरनर को। तापर भली है त्रिवली है कि

त्रिपथगासि, लीकसी ललितपन्थ रथ पञ्चशर को ॥ नाभीनवकूप सींचि उलही बढ़ाईबेलि, बैजनाथ बावलीकिसोहशोभसर को। रङ्गजलधर चलदल सो सुधरकिधौं, सुन्दर सुधरकी उदर रघुबर को १५ उन्नत बिशाल बर पीनता सुढर तासु, ललित लोनाई धाम जीवन अराम के। नेह नव चोटलागि होत लोट पोट लोक, मोहन उचाटहेत पाट है दिकाम के ॥ तुष्टकरि दास आस दुष्ट दलन कीधौं, पुष्टहै कपाट बल बिक्रम के धाम के। बैजनाथ बक्षस्वक्ष सुखदानि अक्षनको, रक्षक अपक्षनकी बक्षथल रामके १६ पाट कल कलित जटित जरतारभार, सोह सुकुमार तन जगत ललाम के। तड़ितबिशाल की गिरिन्द दण्डनीलमणि, घेरि श्यामघन भास की प्रभातघाम के ॥ झलक झलाझल झपाकचकचौंधि कौंधि, औचट परत दृष्टि बैजनाथ श्याम के। अम्बक अपट होत चित में उचट कीधौं, दामिनी सघट पीतपट कटि राम के १७ सीपी सुन्दरी के मणिमाणिक दरीके मुक्त, मञ्जुल करीके सफरी के छराछोर के। श्यामलहरीके बैजनाथ शूकरी के स्वक्ष, सुढर प्रबाल लाल ज्योति ये अथोर के ॥ सघन नक्षत्रमुक्त जीवकी मक्षत्र मोह, दलकै अक्षत्र अत्र जागे भवमोर के। दीपन की माल कल यमुन के जालदीस, कीधौं दिव्यमाल उर कोसलकिशोर के १८ कान्ति द्युति माधुरी स्वरूप लावनीरमणि, छबि सुकुमार मृदु सुन्दरी स्वरूप धर। शोभादिशि सुन्नदशगुन्नभै दशाङ्गनपै, हेम कैसे हुन्न पञ्चशरपञ्चशरकर ॥ कमल सनालदशदलन प्रबाल चारु, बैजनाथ लालकी बिशाल ज्योति जालकर। हरषवरष चष लखतसुमुखजीव, अलख सलख किधौं नख रामचन्द्रकर १९ केसरि कली है कीधौं माणिक फली है द्युति, बिद्रुम दली है अमली है ज्योति जागुरी।

दल देवतरु पञ्चदेवन को घरु पञ्च, शक्तिरूप धरु पञ्चफरु किधौं जागुरी ॥ कर्ष मोह मारण उचट वश कारण की, बैजनाथ धारण की पञ्चतत्त्वसागुरी । कञ्जदल वगरी सुतापै लाल नगरी सु, दानन कि अगरी कि रामकर आँगुरी २० जन कै सुजन कै उवारन कै वारन कै, वारन कुवारन सुवारन दमन के । रन कै सुरन के ओरावन कै रावन कै, पावन अपावन कै जावन समन के ॥ भव कै सुभव कै विभव कै पराभव कै, बैजनाथनाथ एकनाथन सवन के । सुकृत क्षमानि जानि खानि अणिमादिकानि, चारिफल दानि पानि जानकीरमन के २१ नाग मनुजाकी देव पालक प्रजा की पुष्ट, वास साधु जाकी ओट खोटन को खीश की । पूज्य अम्बुजा की लोक मण्डनकी जाकी ज्योति, खण्डन भुजा की वीस खीस दशौ शीश की ॥ पालक सृजाकी पाय आज्ञा जाकी बैजनाथ, जगत कजाकी शक्ति दायक है ईश की । पूषण सुजाकी कीधौं भूषण कुजाकी ग्रीव, धीरज ध्वजा की ढैभुजा की जानकीश की २२ सोहत चमकदार नीलक ललित भूमि, तापर सरित पूर सुषमा के पाथकी । मोहन उचाट मन्त्र लिखन सचिक्कन या, मट्टिका तमाल रचि राखी रतिनाथकी ॥ समतादली है केदली के दल बैजनाथ, मैनकी रमन औनि रची निज हाथ की । सुषमाकी सृष्टि दृष्टि दुर्लभ जगत जीव, इष्टकर सींवचारु पृष्टि रघुनाथ की २३ सुन्दर वृषभ कन्ध उन्नत अजानु भुज, दुष्टन भुजङ्गदानि दासन उदार है । कलप लतासी फलिफूलि कल भूषणनि, बैजनाथ हित युग आनँद अगार है ॥ श्याम तन शैलते धसी है वल वारि भर, कीरति कलोलजाई सरिता शृंगार है । गावै नित कवि दवि उपमा न आवै फनि, छवि जाकी अमल कि रविजा की धार है २४ मुख

अरबिन्द की मृणाल सुख तालबीच, नीलगिरि शृङ्गगङ्गचाल माल हीर की। समता न होतहै कपोतन के गोतहारि, अजहूं लुकाने धाम बन्दद्वार खीरकी॥ शोभा तीनि लोकन की रेखा तीनि बैजनाथ, उदर बिदारो दर समता अधीर की। सींव रूप निधिकी अनन्द धाम नींव चारु सुषमा अतीव शुभ ग्रीव रघुबीर की २५ कञ्ज मूल राजित बिचित्र मकुलार्द्ध आबदार की गुलाब फूल तूलतनसन्दकर। रूप कैसी राशि बशकरन सुयन्त्र एक, नीलमणि चौकी मैन राजत अमन्दकर॥ आनँद के कन्द की सुपुत्रिका है बैजनाथ, संपति बटोरि धारि बैठरह चन्दतर। चपरि गहतधीय सुछबि निबुकि जात, सुबुकसुठारकी चिबुक रामचन्द कर २६ ललित चमकसह लहकलहसुबास, जासु रस रसराज राजत सुधर के। पल्लव बिशाल दल अमल कमल लाल, आल-बालबीजबीजबीचसुधाधर के॥ रुचिर प्रबाल द्युति हिंगुलकी बैजनाथ, जपाबार बिम्बबिन्दुली के मान हर के। सरस सुगन्धरङ्ग बंधुक सुधर चारु, शोभाधरमधुर अधर धनुधर के २७ चपलाके बुन्द कीधौं कुन्द अरबिन्द माहिं, जागत नक्षत्र बृन्द कीधौं मध्य चन्द के। सोहत स्वछन्द ओसबुन्दलाल पल्लवमें, कुरबिन्दसंपुट कीसीपजअमन्दके॥ दाड़िमके बीज मञ्जु माणिक प्रबाल माहिं, बैजनाथ बत्तिस कला कि सुखचन्द के। सुषमा सदन हीरहार की मदनधारि, बदन कमलमें रदन रामचन्द के २८ कञ्जकोष भांति मञ्जु कान्ति के नक्षत्रन की, दीपसी दिपाति कै दिपाति दीप्त हीरकी। चन्द्रकी कलासी चन्द्रिकासी द्युति बैजनाथ, चञ्चलात खासी ज्योति जूगुन के भीरकी॥ ब्रह्मबारि बीचिकासी पूषण मरीचिकासी, झड़पपनीचिकासी, पञ्चशरधीरकी। मणिगण खान थिर

चपला समान कैधौं, ओपी किरपान मुसक्यान रघुबीरकी २६
विद्रुम अगार देवशक्ति द्विज सेवताहि, कमल अमल सेजकमला सँवारी है। अक्ष रक्षमानि नाद वेदनकी खानि शुद्ध, वचन की दानि रस परखन हारी है॥ आनँद प्रभूती उर अन्तरकी दूती स्वर, सातहूकरोती वैजनाथ गति हारी है। रसना हमारी एक तसना बखानी जाय, यशनामरूप राम रसना तिहारी है ३०
नीलमणि जटित विराजत अवनि चारु, तापर सुपथ पन्थ रथ पञ्चशर के। वैजनाथ बदत है राका मुखआस पास, चौदसि परेवालौं द्विरूप सुधाकरके॥ आरसी अनङ्ग किधौं मीनकेतुमीनदोय, खेलत अनूपम सुहाये सुधासर के। कुण्डल विलोलतर राजत हैं गोल गोल, अमल अमोल कि कपोल रघुवरके ३१ चन्द्रद्वै कला से ज्योति होत चपला से नीलमणि के थलासे रूपपाणिपशुभर के। शोभा सुकुमार मृदु माधुरी उदारभरे, लावनी अपार कान्तिरमनीय घर के॥ वैजनाथ प्यासै हेत आनँदजलासैदृग, होत अपलासै पाय शुद्ध सुधाधर के। मैनधरे खोल युग आदरसगोल किधौं, अमल अमोल हैं कपोल रघुवर के ३२ कन्द है सजीवन की जीवन के जीवनको, जीवनकेजीवजेवै जीवत स्वछन्द है। छन्द है अधीर धीर धीरज धरैको देखि, शेषदय अशेषनकी शेखी भई मन्द है॥ मन्द है कि हास भासतड़ित की कञ्जवास, दासन चकोरन को सितपूरो चन्द है। चन्द है समन्द अरविन्द है सदण्ड रैनि, रामचन्द जीको मुख आनँद को कन्द है ३३ कन्द है सुधा कोवसुधा को रसदा है प्रेम, भक्तिमुक्तिदाहै दासदासदा अनन्द है। नन्द है महीपदशरथको समर्थ अर्थ, अर्थिनको दानिकादि आरत के फन्द है॥ फन्द है सुवन्द अरविन्द अनुरागी भृङ्ग, वैजनाथ

अम्बक चकोरन को चन्द है। चन्द है जड़न्ध मन्दरङ्क है कलङ्क धाम, रामचन्दजी को मुख आनँदको कन्द है २४ कन्द है कि आनँद को मन्द मुसक्यान युत, रुचिर बिलोकिये कि नील अरबिन्द है। बृन्द है कि अलिक कि केशसर्प शिशुसम, किधौं यह राजित विशेष मैनफन्द है॥ फन्द है कि प्रेम के परे सुगरे बैजनाथ, कीधौं यह शरदनिशाकोपूरोचन्द है। चन्द है कलङ्क सहरङ्कउपमा न योग्य, रामचन्दजी को मुख आनँदको कन्द है २५ कन्द है कि आनँद स्वछन्दबन्द है कि छवि, कुण्डलअनूपफबिरबिछबिमन्द है। मन्द है कि हास फाँस है कि खास दासन के, कीधौं कञ्जबास भास तड़ित स्वछन्द है॥ छन्द है सभीत कौनरीति कहै बैजनाथ, शीतै निशि पूरण बिराजै चारु चन्द है। चन्द है सकाम अघधाम गुरु बाम रत, रामचन्दजीको मुख आनँदको कन्द है २६ कीधौं मुखकञ्ज बीच गुञ्जत मलिन्द बृन्द, अमृत फुहारबीच छूटत तमीशकी। फूल भरिहाल बैन मोतिन की माल दैन, सप्तस्वर चाल बीचि आनँद नदीशकी॥ जाकीसुनिबाणीकलकण्ठहु लजानी बैज, नाथ जानिपानी स्वातिचातक अनीशकी। सानीसी सुधर्म प्रेम अमृत नहानीचारु, यन्त्रस्वर बाणीकीधौं बाणी जानकीशकी २७ केवड़ा करावमैं न केतकी सुतावमैं न, सुमन गुलाब मैंन आबहू अमन्दमैं। पारिजात अङ्गमैं न माधवी लवङ्गमैं न, मृग मद सङ्गमैं न बैजनाथ चन्दमैं॥ जूहीमैं न एलन मैं चम्पन चँमेलन मैं, सेवती न बेलनमैं मलयाहु मन्दमैं। अतर सबन्दमैं न नील अरबिन्दमैं न, जैसी है सुगन्ध रामचन्द मुखचन्दमैं २८ तुलन अगस्ति फूलतिलतुलितिलहून, किंशुक शुकादि तुण्ड मण्डित न कामकी। भरी ऋद्धिसिद्धकी दरी है श्वास सिद्धिनकी,

परम हरीहै अङ्कतीनितीनिधामकी॥रूपकलिकासि सरबदनप्रना- लिकासि, बैजनाथमुक्तबासिकासिका किबामकी। कोष है सुबा- सिका कि सोहै छबिरासिका कि, माधुरी बिलासिका कि नासिका सुरामकी ३६ सोहत सुरङ्गअरविन्द मकरन्दवुन्द, कैधौं ओसबुन्द प्रातकञ्जपैस्वछन्दमैं। आनँद को कन्द फूल सूंघतहै चन्दकैधौं, खेलत अनन्दचन्द नन्द उरचन्दमैं॥ कैधौंचन्दमध्य अरविन्द मैं कविन्दबैठ, बैजनाथ रङ्गकी अनङ्गको अमन्दमैं। अम्बक अ- वन्द उरअन्तर अनन्ददेखि, सुन्दरखुलाकरामचन्दमुखचन्दमैं ४० अजब रसीले समशीले हैं सुशीलेकञ्ज, खञ्जनहँसीले मीनमञ्जुल मरोरके। सुजन अशीले उरअन्तर बसीले प्रेम, मोदकनशीले हैं यशीले त्रित्तचोरके॥ कबिनके बैन तन उपमा बनै न दैन, बैज नाथ नैन चैन दैन दयाकोरके। और हैं न नैन लोकहेरे निज नैन जैसे, हेरे हम नैन नैन कोसलकिशोरके ४१ खरकत बात पत्र भभकि उचकि जात, सबरस फन्द कबि उपमाकरोर के। चोकड़ीकटाक्ष मुखचन्द्रसाग्र कचरैन, नैनवन्त नैननके तारेतारे भोर के॥ बैजनाथ सुखमासवैनिन के नाथमान, काननसिधारे पलचलपगदोर के। भृङ्गपैनकोर के समय न जोरतोर के, सुस- मता न ऐननैन कोसलकिशोर के ४२ सिन्धु पै गोविन्द की मलिन्द अरविन्दमाहिं, है अमन्द माणिक सुरिन्द इन्दु धाम के। श्वेतप्रतिबिम्बी प्रतिबिम्बकी अनङ्ग ये, कलिन्दजा तरङ्गबीच गङ्ग बिसराम के॥ मेटनखतारे अघभारे भवतारे दास, बैजनाथ बास देनहारे निज धाम के। सुकवि न तारे नहिं लागत पतारे सम, सुखमा भतारे हैं सनारे दृगराम के ४३ अरुण असित सित डेरे रतनारे चारु चमकन चटक बिचित्ररङ्गलीखे हैं। मोहन उचाटन

करवशकारनके, मारनप्रयोग सिद्धदक्षमन्त्र सीखे हैं॥ बैजनाथ नासिका सकोर भौंहजोर फोंक, बरुणीसपक्ष चारि प्रेमबिषचीखेहैं। अच्छत सुलक्ष उर गड़त प्रत्यक्ष गच्छ, राघव भटाक्षन कटाक्षबाण तीखे हैं ४४ रङ्गअवनीकीबारिसोह सुघनीकीरूंधि, दृगपैंधनीकी छाँह सहस फनीकी है। शोभकमनीकी पखकोर कमनीकी स्वच्छ, अच्छद्युमनीकी ज्योति ऊपर शनीकी है॥ बैजनाथही की प्रीति पटजोरनीकी नेह, तारसूचनीकी नैन दीपक अनीकी है। रूप मोहनीकी जनजीकी हरनीकीचारु, नीकी सघनीकी बरुनीकी सीयपीकी है ४५ चमकछटाकी बीच कुन्तलघटाकी तम, निकरकटाकी भोरभानुज्योतिजाल है। बाद शुक्रजीव मेरु क्षीरधि सजीव की, प्रसिद्ध मुक्तजीव श्रुतिमारग रसाल है॥ मकर मनोजध्वज ओजभरे बैजनाथ, खोजत सुकबि छबि समता न भाल है। सुखमा सुतालमीन डोलतरसाल किधौं, कौसला के लाल कान कुण्डल बिशाल है ४६ सीयगुण आसन सरोजके सिंहासन हैं, खास दासबासन सनेह बेपिधान के। बैनजलकूप रथ चक्रमैंन भूपसह, कुण्डल अनूपरूप बिधि के बिधान के॥ सीयं स्वातिजल बैन सीपिकायुगल बैजनाथ बुन्द कल मोद मुकुताबिधान के। मन दरबान रागतान थिर थान दानि, दानसुख कान राम करुणानिधान के ४७ कुहूतमसार मृदु पन्नगीकुमार धार, द्रवत शृँगार मन मीनन को जाल की। तमगुणहार मरकतमणितार मोह, लतिका पसार कैसे बार रूपलाल की॥ पोतरूपलङ्गर की कामको कमङ्गर की, बैजनाथ कंजरत अलिक रसाल की। उरमें ललक दृग होत अपलकदेखि, अलक झलक मुख कौसिला के लाल की ४८ पटकीकुटीकी नाच पलकनटीकीनैन, दीपक जुटीकी कजरूटकी अनन्द

की। अहमतुटीकी जग सुखमा लुटीकीकाम, जेहसों खुटीकीधनु छूटी की अमन्द की ॥ कञ्ज अगुटीकी नैन पक्ष्म जुटीकी खोलि, भृङ्ग लैघुटी की बैजनाथ मकरन्द की । प्रेमसम्पुटी की सिद्धि आनँद वुटीकी पट, चन्दपै कुटीकी भृकुटी की रामचन्द की ४९ सुखमा विलास कीट भानुको निवास चारु रसराज वासकर अजिर वि- शाल है । यौवन अगाररूप माधुरी को द्वार भक्ति, मुक्ति को भँडार भव भीतनको ढाल है ॥ नाथनको नाथकै अनाथन को नाथ जीव, करन सनाथ बैजनाथ प्रतिपाल है । कीरतकोशाल यशतरु आलवाल कैधौं, सोहै रामलालको विशाल गोल भाल है ५० भृकुटी कमानमैंनधारे हेमवानयुग, केशसामियान चोप कुन्दन की भाल है । नीलगिरि ऊपर परी की चपलाकी लीक, कामकी गली की द्वै विराजत रसाल है ॥ सुन्दर कसौटीपर मोटी रेख कञ्चन की, रञ्चकनिहारे बैजनाथ से निहाल है । सींवरूप ताल मैंन बाँधी कि रसाल किधौं, कौसला के लाल भाल तिलक विशाल है ५१ अवनि अकाश लोक लोकन प्रकाश दिव्य, मन हरिदास भास अन्तर अतुटकी । विधि चतुराई शिव योगिश कमाई किधौं, हरि की भलाई ज्योतिवन्तन की जुटकी ॥ चन्दशिरभानु रतिकामरती मानु बैजनाथमन आनु मन्त्रवीजनकी पुटकी । चपला सजटभानु भ्राजत सघट आदि, ज्योतिकी प्रकट छटा राम के मुकुटकी ५२ कोमल शरीर श्याम सजल घटाके वीच, चमकछटा सों पटपीत जरकोर को । सघन नक्षत्रइव जटित सुरत्नकीट, कुण्डल तिलक भाल भृकुटी मरोर को ॥ कौंधा कैसी ज्योति चकचौंधासी करत नैन, बैन क्यों बखानै बैजनाथ चित्तचोर को । रूप मैं निहारे नहिं रूप मे निहारे जैसो, रूप में निहारे रूप कोसल किशोर

को ५३ कुन्दन कसौटी रेख तिलक अलिक भौंह, कमल अमल नैन सुधाधरकुण्डकी । मीन मृग खञ्जनके दृग मान भञ्जन ये, नासिका अनूपछबि वारौं कीरतुण्डकी ॥ बिम्बबन्धु बिद्रुम अधर पर बैजनाथ, कञ्जबास तड़ितकी रामचन्द्रतुण्डकी । नीलघन चन्द्र शीश मुकुट त्रिखण्डकच, मण्डि ब्यालभुण्डनप्रभाकी मारतण्ड की ५४ झलकविचित्र हेममाणिक त्रिखण्ड कीट, गण्डनकर-निकार मण्डि रबिभोर को । अलकअलीकी रेख आलिक प्रसस्थल पै, हरत हठी की हीय हेरन्य क्षकोर को ॥ कोहैरी कलेशकोरि क-लितकपोलकाभ, कनकसचैल कटि काशमीर ओर को । बैजनाथ गाये ऊपमा ये काक बिन नाक, नागभूरिता ये रूप कौसलाकि-शोर को ५५ सजलाभ्रकाय श्याम कटिप छटासों पट, जटित जवाहिर ते किरीटि भा पसरिगै । तिलक प्रशस्त भाल भृकुटी क-टाक्षबङ्क, अलक झलाकल कपोलन बिथरिगै ॥ नक्षत्रिनक्षत्रपास्य अवलि नक्षत्रनसी, रावप्रभासबैजनाथ अक्षपरिगै । अच्छत प्रत्यक्ष गच्छ तक्षण दबायहीय, माधुरी उमंगि अङ्ग अङ्गनमों भरिगै ५६ कञ्जपरकवि छबि मञ्जुल बुलाककुन्द, कलिकाल-जातबैजनाथभारदनकी । कीन्हो जगदण्डमण्डिभूषण श्रवण किधौं, गाड़ोहै निशान मारद्वारपै सदनकी ॥ ताकी प्रतिबिम्ब भानु भानुजाकलोलन की, अमल कपोल किधौं आरसीमदन की । चन्ददिन दुखमा कमल निशि मुखमा पियूषमान सुखमा जो रामके बदनकी ५७ श्याम श्याम भालपर तिलक बिशालदेखि, कीटबनमालकञ्जगजमणिझलकै । चारु मुसक्यानमें प्रकाशअहि-दल द्विज, दृगनकीसमता न आवै कञ्जदलकै ॥ तैसे गोलचञ्चल कपोलनपरशकरि, कुण्डलसमीपछुटी छबिमानअलकै । पीतपट

आदिदै कहांलौं कहै बैजनाथ, देखि रघुनाथ छवि लागत न पलकै ५८ श्याम श्याम गात फहरात तापै पीतपट, घट को सुघेरि मानौं दामिनि सी झलकै । कुण्डल विशाल लाल पुरटमुकुटभाल, तिलक अनूपहै कपोलनपै अलकै ॥ नासिका बुलाक मुसक्यान युत अक्षनकी, लक्षनकेमणिमाल वक्षनपैहलकै । बैजनाथ थकित बखानि न सकत आजु, देखि रघुनाथछवि लागत न पलकै ५९ मैनचाप शर वारौं भृकुटी तिलक देखि, नैनदेखि दुरेमीन मृगबारि वनमें । कीरतुण्ड नासिका कपोतदर कन्धर पै, बिम्बबन्धु बिद्रुम लै वारौं अधरनमें ॥ रामचन्द्रजी की क्यों बखानै छवि बैजनाथ, श्यामघनवपुषपै तड़ित बसन में । तुण्डपर चन्द मारतण्ड वारौं मुकुटपै, दन्तनपै कुन्दवारौं दाड़िम दशनमें ६० चञ्चरीक पुञ्जवारौं कुन्तल कुटिलदेखि, खञ्जरीट अम्बक सुधाकर कपोलमें । बाँहुकरबारन बलाहक बपुषलखि, बालहंसवारौं श्रुति भूषण बिलोलमें ॥ रामचन्द्रजीकी क्यों बखानै छवि बैजनाथ, करिरिपुलङ्कपै सुचञ्चला निचोल में । रक्तबीज रदन पै मदनस्वरूप लखि, वदनपै वारिज पियूष मृदुबोल में ६१ नखमणि कञ्जपद जङ्घ कदली नितम्ब, चक्र लङ्कसिंहनाभि त्रिवली सुकुण्डकी । वीचिकासेवार रोमराजी चल दलोदर, वक्षसकपाटकरकञ्ज भुजशुण्डकी ॥ कम्बुकण्ठ अधर प्रबाल ज्योतिजालरद, बदनारबिन्द नैन नासा कीरतुण्ड की । बैजनाथ रामकान कुण्डल तिलक भाल, भौंहधनु कच व्याल कीटमारतुण्ड की ६२ करुणा उदार शीलक्षमादया धारनीति, प्रीतिको अगार ज्ञान चातुरीसुधरे हैं । सुलभ गँभीरथिर सुहृदसधीरकृत, ज्ञानजनपीर जु शरणपाल करे हैं ॥ लोकनप्रसिद्ध वात्सल्यता को निधि एकरस जगवृद्ध रघुवंशकुलखरे हैं । दीननउवार बैजनाथ

निराधारइमि, कौसलकुमार में अपार गुण भरे हैं ६३ रूप सुकुमार नवयौबनउदार मृदु, माधुरी अपार सो छबीले छैलछरे हैं। लावनी सुगन्ध भाग्यवान सत्यसंध तेज, वीर्य दीनबन्धु बीरता सुबेषकरे हैं॥ व्यापक रमनसौम्य सांचेशत्रुहन हैं, अनन्त बशकरन सुबाणी वेद परे हैं। प्रेरक अधार बैजनाथ जगसारइमि, कौसलकुमार में अपार गुणभरे हैं ६४ ज्योति यशपावन सों भानुभा प्रभावनसों, बैजनाथ पावनसों कञ्जदलगीर है। आरसी कपोलन पियूष मृदुबोलनसों, कुण्डल बिलोकनसों मीनछपिनीर है॥ रङ्ग सम्भराननसों पूर्णचन्द्रआननसों, सब उपमानन के अङ्गनअधीर है। दीनजन दाननसों गुरुजन माननसों, बीरजन बाननसों जीते रघुबीर है ६५ इति नखशिख॥

अथ राजतिलकसमय की शोभा॥

देवनकी भीति सह लोकन अनीति मेटि, आये रणजीति लियसाथ खास दासनै। बाजत निशानपुर धूम आसमान देव, साजिकै बिमान आय अग्रपाकशासनै॥ छत्र चमर व्यजन अनुज लिये बैजनाथ, बेदगान सोहत सुदीप बृक्षबासनै। राजन के राज महाराज राजारामचन्द्र, जानकी समेत आजु राजत सिंहासनै १ बेद धुनि मुनि मनि चौक चित्रदीप दधि, दूब रोचनाक्षत सबालगान बासनै। अंकुर सघटरोम पटक्षौम हेमजट, नटत सुनट भट कटक सदासनै॥ बन्दीसूत मागध सबैजनाथ गान तान, बदत प्रताप यशकीर्ति अघनाशनै। राजनके राज महाराज राजारामचन्द्र, जानकी समेत आजु राजत सिंहासनै २ बाहनीश जग जग मग मग राज राज, राजत सनाह नाह तास आसपासनै। घुर्मित निशान सानदार सरदारनकी, रनकी सुसज्ज

सज्ज शायकशरासनै ॥ सज्जित द्विरद रद उतँग सुतँगतङ्ग, खैंचि जीन बाजिनकी जिनकी समासनै । वैजनाथलोकनाथनाथन के नाथ राम, जानकी समेत आजु राजत सिंहासनै ३ फैलि चन्द्रिकासी फोरि फटिक तमारि भास, दीप्ति दीप बरनकी ऋक्ष ज्योति जासनै । झालरि मयूखद्र परदा वितानतान, फबित फरससम क्षीरफेन तासनै ॥ चामर व्यजन अनुजनकर आतपत्र, चौघड़े चँगेर गन्ध पात्र पानबासनै । भाषि वैजनाथ लोकनाथन के नाथ राम, जानकी समेत आजु राजत सिंहासनै ४ पूगफल सफल कदलदल फूलमाल, मालदीप दीपत पतन तनफासनै । नृत्य बारनारि नारि ग्राम ग्राम धूमधाम, धाम धाम मङ्गलाङ्ग अङ्गनाः सङ्गासनै ॥ मूकुराज्ञ सात सात सातकुम्भ कुम्भवेदि, सर्व सर्व भद्रकादिसान मोदकासनै । वैजनाथ लोक शोक जीवन अराम राम, जानकी समेत आजु राजत सिंहासनै ५ सूरभू विलासकृत चकृत शतक्रतलौ, प्रतिबृद्ध कृतकेतु सुकृत सुगाप भो । दुष्कृत दिवान्धप्रति घासमर कुमुदहत, जीव मन्यु दुष्कृमाघ मोचक सन्ताप भो ॥ मण्डल अखण्ड पृथु धौत खण्ड वैजनाथ, सुहृद मनाञ्ज हृष्ध्वान्त परदाप भो । अनृत तम्पूषपुर पूर्वआस रामभद्र, आसनो दयाद्रिभान उदित प्रताप भो ६ कुचलान्धकारी छपि सुचलप्रकाशभास, लुकिदघ चौर क्षपाचरहत दापभो । सुजनाम्बुजात से प्रकाशमान वैजनाथ, नाथ लोकलोक चक्रवाकसे मिलाप भो ॥ आरशीशभानु हिमि भानु जेहि थारशीश, हारसी बृहदभानु आरशीश मापभो । अनृत ततम्पुपपुर पूर्व आस रामभद्र, आसनो दयाद्रिभानु उदित प्रतापभो ७ बैठे भद्रआसनै समाज राजशीशताज, भ्राज अङ्ग अङ्ग मणिभूषणभलकहै ।

मुनिन समाजसह मुनिराजकञ्जकर, कलित ललितकृत हियमें ललकहै ॥ बैजनाथ सीतानाथमाथपै बिराजै स्वक्ष, अक्षत नि-शाक्षत सअक्ष अपलकहै । सुयश झलककी सुकीर्ति लकालक की, प्रतापकी फलककीधौं राजसीतिलकहै ८ बिभ्रदद्भ्रांशु मूर्ध्नि हाटकसरत्न क्रीट, मण्डन करणिकार गण्डन सुदेशको । बिलसि कचानन बिभूषित सुकम्बुग्रीव, दन्तज समीरहीर हारसुप्रबेशको ॥ अंशुकजरीके झला बोरकोर छोररश्मि, बैजनाथ अच्छतै सचक्र मन शेशको । ससिंहसंहननमहोक्षभद्रआसन स्वरस्थितअनूपभूप रूप कोसलेशको ६ मण्डितकोदण्डशर आत्तप समाग्रखण्ड, दुष्कृमाघहतछोनि हरुताद शेश को । भवति दविष्टखल व्यस्तका-न्दीशीक क्षिति, बैजनाथमोद मुनिशाश्वतसुरेशको ॥ धीर धुरधार शुभ्र सत्तम अदभ्रयश, बिस्तृत समाग्र लोकलोक मण्डलेशको । अगुण सगुणरूप व्यूहपर आदिसब, रूपन अनूप भूप रूपको-सलेश को १० चण्ड मारतण्ड क्रीट कुण्डल करनमुत, बृत्तगण्ड-मण्डल बिशाल भानुभोर को । बिस्तृत प्रकाश पुञ्ज सजल घटासों तन, बिज्जुल छटास पटपीत ज्वरकोरको ॥ द्रुत अलकावली सृतानन शरदचन्द, बैजनाथ बिदित सुयश चित्तचोरको । हेरे सबरूप ऐसो दूसरो न रूप जैसो, हेरे मैं अनूपरूप कोसलकि-शोरको ११ सघन नक्षत्र नभ तनश्यामहीर हार, छहरि छटासी ज्योति पटपीतबोरको । दीपत प्रताप व्योम बिदिशि दिशान क्षिति, मण्डित मुकुट मौलि माणिक अथोरको ॥ कुण्डल मकर गण्ड मण्डितकंचाननपै, पूरितसअग्रद्रुतद्विजनतमोरको । हेरे सबरूप ऐसो दूसरो न रूप जैसो, हेरे मैं अनूपरूप कोसलकि-शोरको १२ मण्डल धराग्तिमखण्डदोरदण्डचण्ड, दण्डित अदण्ड

वरिवण्डहूसमलभो। कूरचक्रकातर निदाघहत दैविकादि, मोखके नलकि मुद्रिता सर कमलभो॥ स्रवत कृपामृतोत्क जीव जीव मुक्तमोद, बैजनाथ कुमुद बिकासित बिमलभो। मुनि मान सान-दाब्धि वृहतोर्मि पूर्णपश्य, रामचन्द्रचन्द्रयश उदित अमलभो १३ भानुदीप्ति घामैं पृथुद्वादश कलामैं द्युति, चन्द्रचन्द्रिकामैं रत्नसागर मुदितहै। शरदघटामैंनभ विद्युतछटामैं स्वच्छ, शंकरजटामैं गङ्गधारसी कुदितहै॥ बैजनाथ नारद मैं धातुरस पारद मैं, कहिवे को शारद मैं सुबुधिरुदितहै। दिवस निशामैं एकरस भोरसामैं व्योम, विदिशि दिशामैं यश रामैंको उदितहै १४ कीरति अपार बैजनाथ कोसलेन्द्रजी की, धरापै हिमाद्रि शृङ्ग गङ्ग उर्मिकासी है। गङ्गपै सुकर्म कर्म ऊपर दयासो दान, दान सनमानपर धर्म-शीलतासी है॥ धर्मशील पर शमदमपै विराग त्याग, त्याग पर शुद्धरूप ज्ञानदीपिकासी है। ज्ञानदीप परमुक्ति चतुरमशाल ऐसी, मुक्तिपरदीप्तिभक्ति प्रेमलक्षनासी है १५ विभ्रत सुकीर्ति बैजनाथ राघवेंद्रजीकी, क्षोणिशीश क्षीरधिपै कुमुद विलासी है। कौमुदी कुमुदपैसो तापर शरदघन, घनपै सुभूरि भाव दीप्तिचपलासी है॥ चपलापै चन्द्रपूर्ण षोड़श कलासीरूप, चन्द्रपै समृद्धितप विधि विमलासी है। विधितपपै सुहरि हर के प्रभासी हरिहर पै ज्वलित आदिज्योति की कलासी है १६ भानुरामचन्द्र भद्रआसन उदोत होत, बैजनाथ विस्तृत प्रताप ठामठामही। चलचलदलनकुचाल सरितानरही, कूररह्यो वागन मलीन धूमसामही॥ भीरुउपनीत हीनलाजफागुखेल हारि, मारशर लक्षनि सतापमहि घामही। काम निज वामही सुलोभ यशनामही, सक्रोध क्रूरकामही रह्योहै मोहरामही १७ साधुयशनीति धर्म लाजभाग्य कीर्तिज्ञान, आदि

की अकार बरजोरछोरलीनी है। सोई मद काम क्रोध लोभ मान मोह द्रोह, बैरदोषदूषण के पूर्बयुक्त कीनी है ॥ हरिबिधि लोक सुरलोकन के बैजनाथ, खोलिकै किवाँर लै निरय के द्वार दीनी है। बीरवान मान गुरुदान दीनजनन को, रामचन्द्र राज्य में अ-पूर्ब रीति कीनी है १८ धर्मधुरधार आपु बैठे भद्र आसन पै, दासन सुखद धर्मबद्ध भो अथाहिये। पाप ताप तिमिर अधर्म कर्म नाश पाय, हरू सागरांबरा अनन्त मुदिताहिये॥ नाग मुनि नाह दिग-नाह लोकनाह नर, चाह सुरताव के पनाह बांहछाहिये । राज शिरताज रघुराज महाराज तव, समाज साजराज श्रीसदैवराज चाहिये ॥ १९ ॥

इति श्रीतुलसीसतसईसटीकासमाप्तिंपफाणेतिशम् ॥

विज्ञापनपत्र ॥

प्रकट हो कि इस पुस्तक का व गीतावली व कवित्त रामायण का ज़िलअ बारहवंकी नव्वावगंज डाकखानह सतरिख मौजे डेहवामानपुर के नम्बरदार द्विजराजचरणोपासक परमभक्त वैजनाथ कुर्मी ने अत्यन्त परिश्रम से अनेक प्रकार के भागवतादि पुराणों के प्रमाणोंसे अलंकृत भाषामें सरल वार्तिक टीका कियाहै वही पूर्वोक्त तीनों किताबें बड़े स्पष्ट मनोहर अक्षरों में ऊपर मूल और नीचे टीका करके अतिपरिश्रम से बड़ी शुद्धता के साथ इस यंत्रालय में छापी गई हैं और सर्वाधिकार इसी प्रेस को है इस लिये कोई महाशय इनके छापने का इरादा न करें ॥